मृच्छकटिकम्

(महाकवि शूद्रक विरचितम् प्रकरणम्)

व्याख्याकार

डा० कृष्णकान्त त्रिपाठी

एम ए पी एच डी, डी लिट्

अध्यक्ष, संस्कृत विभाग

बी०एस०एस०डी० कालेज, कानपुर

सुभद्रा त्रिपाठी ★ जयमनोहर मिश्र

एम ए एम ए

दो शब्द

मृच्छकटिकम् का यह चिर नवीन सस्करण प्रकरण के प्रेमियो को अभीप्सित सब कुछ दे सकेगा, यह हमारी घोषणा नहीं है, किन्तु सुन्दर पाठ, पाठानुसारी अनुवाद, सरल सस्कृत टीका, समास, व्याकरण एव विवृति की व्यवस्था से यह सस्करण महनीय है। इस सस्करण का प्रामाणिक आधार—पृथ्वीधर की टीका (निर्णयसागर प्रेस) जीवानन्द विद्यासागर का, गोडबोले का, पराञ्जपे का, डा० राइडर का, प्रो० काले का सस्करण तथा प्रो० तैलग, डा० देवस्थली, प्रो० चन्द्रबली पाण्डेय, प्रो० रैची, प्रो० कानो और डा० विन्टरनित्ज की कृतियाँ हैं। विवृति म-कोष, नाट्य, छन्द, अलङ्कार, रस, ध्वनि आदि पर विस्तृत टिप्पणियाँ है। यद्यपि प्रयत्न पूर्वक कार्य किया गया है, फिर भी त्रुटियाँ सभव एव विद्वज्जन क्षन्तव्य होगी। प्रकाशन मे ग्रन्थम्, रामबाग कानपुर के श्री कैलाशनाथ त्रिपाठी एव प्रो० शिवबालक द्विवेदी (सस्कृत-विभाग, डी० ए० वी० कालेज, कानपुर) का श्लाघ्य प्रयास रहा है। आशा है, पाठक इस कृति को अपनाकर कृतार्थ करेंगे।

३० ८ ७६ —लेखक

दो शब्द

मृच्छकटिकम् का यह चिर नवीन संस्करण प्रकरण के प्रेमियों को अभीप्सित सब कुछ दे सकेगा, यह हमारी घोषणा नहीं है, किन्तु सुन्दर पाठ, पाठानुसारी अनुवाद, सरल संस्कृत टीका, समास, व्याकरण एवं विवृति की व्यवस्था से यह संस्करण महनीय है। इस संस्करण का प्रामाणिक आधार—पृथ्वीधर की टीका (निर्णयसागर प्रेस) जीवानन्द विद्यासागर का, गोडबोले का, पराञ्जपे का, डा० राइडर का, प्रो० काले का संस्करण तथा प्रो० तैलंग, डा० देवस्थली, प्रो० चन्द्रबली पाण्डेय, प्रो० लेवी, प्रो० कोनो और डा० विन्टरनित्ज की कृतियाँ हैं। विवृति में—कोष, नाट्य, छन्द, अलङ्कार, रस, ध्वनि आदि पर विस्तृत टिप्पणियाँ हैं। यद्यपि प्रयत्न-पूर्वक कार्य किया गया है, फिर भी त्रुटियाँ संभव एवं विद्वज्जन क्षन्तव्य होंगी। प्रकाशन में ग्रन्थम्, रामबाग कानपुर के श्री कैलाशनाथ त्रिपाठी एवं प्रो० शिवबालक द्विवेदी (संस्कृत-विभाग, डी० ए० वी० कालेज, कानपुर) का श्लाघ्य प्रयास रहा है। आशा है, पाठक इस कृति को अपनाकर कृतार्थ करेंगे।

३० ८ ७६ —लेखक

प्रथम विवेक

संस्कृत साहित्य में शूद्रक

संस्कृत-साहित्य का विश्व-साहित्य में अद्वितीय स्थान है। भारतीय विद्वानों ने ही नहीं, अपितु अनेक पाश्चात्य आलोचकों ने भी सर्व सम्मत रूप से संस्कृत-साहित्य की उत्कृष्टता की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है। संस्कृत साहित्य जीवन के केवल लौकिक अथवा भौतिक पक्ष का ही चित्रण नहीं करता अपितु आध्यात्मिक-पक्ष को भी समान रूप से चित्रित करता है। संस्कृत-साहित्य में सत्य, शिव और सुन्दर का अद्भुत समन्वय एवं सामंजस्य उपलब्ध होता है। समष्टि में व्यष्टि के विलोप की प्रतिष्ठा संस्कृत-साहित्य की प्रमुख विशेषता है। संस्कृत-साहित्य में आत्म-दर्शन तथा आध्यात्मिकता को स्पष्ट एवं निष्पक्ष रूप से अभिव्यक्त किया गया है। ऐसे उत्कृष्ट तथा अलौकिक साहित्य के अध्ययन से जन्म-जन्मान्तर के पाप कालुष्य धुलकर जीवन पवित्र हो जाता है। संस्कृत में साहित्य एवं काव्य प्रायः समानार्थक शब्द माने जाते हैं। काव्य के विविध अंगों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग नाटक है। नाटक-रचना को कवित्व की चरम सीमा माना गया है नाटकान्तं कवित्वम्। यह संस्कृत-साहित्य का सर्वाधिक समृद्ध अंग माना गया है।

संस्कृत-साहित्य में अनेक ग्रन्थरत्न ऐसे हैं जिनके कर्त्ता एवं काल के विषय में प्रामाणिक रूप से कुछ भी कहना असंभव है। संस्कृत नाटकों के प्रारम्भ में प्रस्तावना में यद्यपि नाटककार अपने जीवन वृत्त एवं नाटक की कथावस्तु पर कुछ प्रकाश डालता है, किन्तु कुछ नाटक ऐसे हैं जिनमें या तो रचयिता के जीवन से सम्बन्धित सामग्री का पूर्णरूपेण अभाव है अथवा उसका संकेतमात्र में अपर्याप्त वर्णन किया गया है, जिसके आधार पर आलोचक निश्चित रूप से कुछ नहीं कह पाते। संस्कृत में सहस्रों नाटकों की रचना की गई है, किन्तु उनमें से अनेक आज अनुपलब्ध हैं। बहुत से नाटक ऐसे भी हैं, जिनके रचयिताओं के विषय में निर्विवाद रूप से कुछ भी ज्ञात नहीं हो सका है। कुछ नाटककारों के तो नाम भी अज्ञात हैं। इसी प्रकार मृच्छकटिक के रचयिता के सम्बन्ध में भी बड़ा मतभेद है। प्रकरण की प्रस्तावना के

अनुसार इसके कर्ता शूद्रक हैं, किन्तु कुछ आलोचक उन्हे एक कल्पित व्यक्ति ही मानते हैं। कुछ विद्वानो का विचार है कि 'मृच्छकटिक' भास-रचित है तथा कुछ उसे दण्डी रचित स्वीकार करते हैं।

मृच्छकटिक का कर्तृत्व

मृच्छकटिक के कर्तृत्व का प्रश्न संस्कृत-साहित्य का एक बडा रोचक एव विवाद ग्रस्त प्रश्न है। मृच्छकटिक के रचयिता के सम्बन्ध मे विद्वानो मे बडा मतभेद है। प्रकरण की प्रस्तावना के अनुसार इसके कर्ता शूद्रक हैं, किन्तु कुछ आलोचक उन्हे एक कल्पित व्यक्ति ही मानते हैं। कुछ आलोचको के अनुसार मृच्छकटिक भास की रचना है, कुछ आलोचक यह स्वीकार करते हैं कि मृच्छकटिक दण्डी रचित है तथा अन्य इसे किसी अज्ञात कवि की रचना मानते हैं, किन्तु भारतीय परम्परा के अनुसार शूद्रक मृच्छकटिक के रचयिता हैं।

मृच्छकटिक के कर्त्ता के विषय मे जो विभिन्न मत है, उन्हें हम चार भागो मे विभक्त कर सकते हैं। प्रस्तुत विवेचन मे उन चारो मतो का वर्णन कर हम इस विषय मे शूद्रक सम्बन्धी ऐतिहासिक एव साहित्यिक उल्लेखो के आधार पर अपना अभिमत भी प्रकट करेंगे।

मृच्छकटिक के कर्त्तृत्व के सम्बन्ध मे चार मत

१ मृच्छकटिक का रचयिता कोई अज्ञात कवि है।
मुख्य समर्थक—(१) डा० सिल्वा लेवी
(२) डा० कीथ तथा
(३) कान्तानाथ शास्त्री तैलग।
२ मृच्छकटिक के कर्ता दण्डी हैं—डा० पिशेल, मैकडोनल तथा करमरकर।
३ मृच्छकटिक के रचयिता भास हैं—नेरूरकर।
४ मृच्छकटिक शूद्रक की रचना है—डा० देवस्थली, भट तथा बलदेव उपाध्याय।

(१) डा० सिलूवा लेवी का विचार है कि मृच्छकटिक की रचना शूद्रक ने नही अपितु किसी अन्य अज्ञात कवि ने की। उस कवि ने अपना नाम शूद्रक ही क्यो चुना, इस विषय मे उनका विचार है कि वह कवि स्वयं कालिदास के आश्रयदाता विक्रमादित्य का परवर्ती था और अपनी कृति को विक्रमादित्य के पूर्ववर्ती राजा से सबद्ध करके उसे पुरातनता का आभास देना चाहता था। लेवी के इस विचार के विषय मे कीथ का मत है कि उनका यह अनुमान स्पष्ट रूप से क्लिष्ट कल्पना है। वे शूद्रक को पौराणिक व्यक्ति मानते हैं। उनके अनुसार शूद्रक का यह विचित्र नाम, जो सामान्य राजा के लिए हास्यास्पद है, इस तथ्य का समर्थन करता है। 'चारुदत्त'

नाटक को विस्तृत रूप देकर 'मृच्छकटिक' के रूप मे रचना करने वाले कवि ने काल्पनिक शूद्रक के नाम पर अपनी रचना को प्रसिद्ध किया ।[1] कीथ ने अपने इस मत को पुष्ट करने के लिए कोई युक्ति नही दी है । कान्तानाथ शास्त्री तैलग का भी विचार है कि मृच्छकटिक शूद्रक की रचना नही है । किसी अन्य कवि ने अपूर्ण 'दरिद्रचारुदत्त' को पूर्ण करने के लिए उसकी कथा मे गोपालदारक आर्यक की कथा जोडकर उसे 'मृच्छकटिक' रूप दिया । तैलग महोदय का कथन है कि प्रस्तावना मे शूद्रक नाम से पूर्व कवि ने 'एतत्कवि किल' तथा पचम श्लोक मे 'क्षितिपाल किल शूद्रको बभूव' और सप्तम मे 'चकार सर्वं किल शूद्रको नृप' आदि उक्तियो मे 'किल' अव्यय का प्रयोग किया है जो 'ऐतिह्य' 'अलीक' अथवा समाख्य का सूचक है अत इसका रचयिता शूद्रक के अतिरिक्त कोई अन्य कवि है । चतुर्थ श्लोक म कवि ने स्वय 'शूद्रकोऽग्नि प्रविष्ट' लिखकर अपनी मृत्यु का वर्णन किया है, जो सर्वथा असम्भव है । उस कवि न अपना नाम क्यो नही दिया, इस विषय मे तैलग महोदय के विचार है कि नाटक का आधा भाग भासकृत है । अत अपना नाम देकर मैं कवि चोर कहलाऊँगा । इसके अतिरिक्त कवि ने इसमें कुछ क्रान्तिकारी घटनाओं जैसे—चारुदत्त एव शर्विलक ब्राह्मणो का वेश्याओ के साथ विवाह, ब्राह्मण का चोर होना, चन्दनक एव वीरक सदृश शूद्रो का राज्य के उच्च पदो पर आसीन होना आदि का चित्रण किया है । अपना नाम देन पर शायद तत्कालीन राजा उसकी दुर्गति कर देते अत उसने उसे शूद्रक रचित प्रसिद्ध किया ।[2]

(२) पिशेल महोदय का विचार है कि 'मृच्छकटिक' दण्डी की तृतीय रचना है । उनकी प्रथम दो रचनायें 'दशकुमारचरित' एव 'काव्यादर्श' हैं । अपने मत की पुष्टि के लिए उन्होंने दो युक्तियाँ दी हैं—दण्डी के 'काव्यादर्श' मे तथा मृच्छकटिक म 'लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जन नम' पद्य समान रूप से प्राप्त है तथा मृच्छकटिक' एव 'दशकुमारचरित' मे वर्णित सामाजिक दशा समान है । किन्तु इन सारहीन युक्तियो के आधार पर हम पिशेल का यह मत स्वीकार नही कर सकते । 'लिम्पतीव' इत्यादि पद्य 'काव्यादर्श' तथा 'मृच्छकटिक' दोनो मे चारुदत्त से लिया गया है तथा जिन कृतियो म समान सामाजिक दृश्य का चित्रण हो वे एक ही कवि की हो यह आवश्यक नही । इसके अतिरिक्त विद्वानो ने 'अवन्तिसुन्दरीकथा' को दण्डी की तीसरी कृति के रूप मे स्वीकार कर लिया है । अत पिशेल का यह मत सर्वथा भ्रान्त है । मैकडोनल महोदय ने पिशेल के इस मत को स्वीकर कर

१– कीथ—सस्कृत नाटक (हि०)—पृ० १२६–१२८ ।
२– तैलग—मृच्छकटिक समीक्षा (भूमिका)—पृ० ५–७ ।

लिया है ।[1] किन्तु पीटर्सन महोदय ने इस मत का खण्डन किया है । कुछ समय पूर्व करमरकर महोदय ने 'मृच्छकटिक' तथा 'काव्यादर्श' और 'दशकुमार चरित' में भावों एव विचारो के साम्य पर पिशेल के मत का समर्थन किया था[2] किन्तु उनका मत भी पुष्ट प्रमाणो के अभाव मे सर्वथा अग्राह्य है ।

(३) नेरूरकर महोदय का विचार है कि 'मृच्छकटिक' की रचना भी भास ने की है । जाति से शूद्र होने के कारण भास शूद्रक नाम से प्रसिद्ध हुए । स्वरचित 'चारुदत्त' का विस्तृत एव परिवर्धित रूप ही भास ने 'मृच्छकटिक' मे प्रस्तुत किया ।[3] किन्तु नेरूरकर की यह उक्ति भी तर्कसगत नही है । यहाँ प्रश्न यह उठता है कि भास ने 'मृच्छकटिक' को भास नाम से ही क्यो नही प्रसिद्ध किया, शूद्रक नाम से क्यो किया तथा उन्होंने अपने अन्य नाटको को भी शूद्रक नाम से क्यो प्रसिद्ध नही किया । 'मृच्छकटिक' की प्रस्तावना के अनुसार शूद्रक तो राजा है किन्तु भास नही, अत यह मत भी त्याज्य है ।

(४) भारतीय परम्परा के अनुसार शूद्रक मृच्छकटिक के रचयिता हैं । सस्कृत के अन्य नाटको के समान 'मृच्छकटिक' की प्रस्तावना मे शूद्रक के नाम का उल्लेख किया गया है । शूद्रक के स्वय अग्निप्रवेश का वर्णन एव 'किल' आदि शब्दो का प्रयोग इस विषय मे शका उत्पन्न करता है, किन्तु भारतीय विद्वानो ने इनका समुचित समाधान किया है । हो सकता है प्रस्तावना के कुछ श्लोक प्रक्षिप्त हो । डा० देवस्थली का विचार है कि जब तक प्रबल प्रमाणो के द्वारा शूद्रक के कृतित्व सम्बन्धी प्रचलित परम्परा का खण्डन नही हो जाता तबतक शूद्रक को ही मृच्छकटिक का कर्ता मानना चाहिये । इस विषय मे उनका कथन है कि—

We, therefore, take it for granted that the author of the play is Sudrak a king untill any thing is proved to the Contrary

इस विषय मे बलदेव उपाध्याय का मत है कि शूद्रक ऐतिहासिक व्यक्ति थे और वे ही मृच्छकटिक के यथार्थ लेखक थे ।[5] जी० के० भट महोदय ने शूद्रक के विषय मे अपने विचार प्रकट करते हुए लिखा है कि वे एक ऐतिहासिक पुरुष है । 'मृच्छकटिक' किसी राजकवि की रचना नही है—उसे हम विश्वस्त रूप से राजा शूद्रक की कृति के रूप मे स्वीकृत कर सकते है । शूद्रक दाक्षिणात्य थे । इस सबध मे वे स्वय लिखते हैं—

१— मैकडोनल—हिस्ट्री आफ सस्कृत लिट्रेचर (१९६५) पृ० ३०५ ।
२— करमरकर—इन्ट्रोडक्शन टु मृच्छकटिक–पृ०
३— नेरूरकर—इन्ट्रोडक्शन टु मृच्छकटिक—पृ० १५-१९
४— डा० देवस्थली—इन्ट्रोडक्शन टु दि स्टडी आफ मृच्छकटिक—पृ० ३ ।
५- बलदेव उपाध्याय—सस्कृत साहित्य का इतिहास ।

"King Sudrak is not mythical, but is an historical figure Mrakshakatic is not the work of a Court-poet The royal authorship of the play can be accepted as a plawsible fact. The auther is a southerner"

कुछ विद्वान् यह सन्देह करते हैं कि 'मृच्छकटिक' सम्भवत शूद्रक के आश्रित किसी कवि की रचना है जिसने इसे अपने आश्रयदाता शूद्रक के नाम से प्रसिद्ध कर दिया। भट महोदय ने इस विषय में स्पष्ट कर दिया है कि यह किसी राजकवि की रचना नही है। वस्तुत संस्कृत साहित्य के अनेक ग्रथो मे शूद्रक का एक प्रसिद्ध रचयिता के रूप में उल्लेख हुआ है। अत मृच्छकटिक को निश्चित रूप से शूद्रक की रचना ही मानना चाहिए।

शूद्रक का ऐतिहासिक एव साहित्यिक उल्लेख

सस्कृत साहित्य के अनेक ग्रथो मे शूद्रक का उल्लेख प्राप्त होता है जिसके अनुसार शूद्रक निश्चित रूप से एक ऐतिहासिक व्यक्ति हैं, कल्पित नही। किन्तु इन ग्रथों में शूद्रक का विभिन्न कालो एव प्रसगो मे उल्लेख होने के कारण यह निश्चित नही कहा जा सकता कि कौन सा शूद्रक 'मृच्छकटिक' का रचयिता है।

स्कन्दपुराण के कुमारिकाखण्ड में शूद्रक नामक राजा का उल्लेख है जिसका समय १९० ई० है। विल्सन महोदय इन्हे आन्ध्र वश के सस्थापक शिमुक (शिशुक, शिप्रक अथवा सिधुक) से अभिन्न मानते हैं।[1] डा० स्मिथ के अनुसार शिमुक का समय २४० ई० पू० है। डा० कोनो के अनुसार आभीर वश के राजा शिवदत्त का ही दूसरा नाम शूद्रक था। डा० साल्टोर महोदय ने मृच्छकटिक मे प्राप्त व्यक्तिगत सूचना के आधार पर शूद्रक को राजा शिवमार प्रथम से अभिन्न माना है जो प्रतापी राजा भूविक्रम के छोटे भाई थे तथा जिन्होंने सन् ६७० से ७२५ ई० तक राज्य किया।[2] चन्द्रबली पाण्डेय के अनुसार आन्ध्रवश के वासिष्ठी पुत्र पुलुमावि का दूसरा नाम शूद्रक है। वासिष्ठी पुत्र पुलमावि ही इन्द्राणि गुप्त है। अत. पुलुमावि ही शूद्रक है। उनके अनुसार इसमे दूर की उड़ान नही, हाँ दुराव की पकड़ अवश्य है।[3] दण्डी की 'अवन्तिसुन्दरीकथा' के अनुसार शूद्रक उज्जयिनी के ब्राह्मण राजा थे, जिन्होने आंध्र वश के स्वाति नामक राजा को परास्त किया। इस आधार पर कुछ आलोचक शूद्रक को विक्रमादित्य से अभिन्न मानते हैं। राजशेखर के अनुसार धमिल

१- जी० के० भट—प्रिफेस टु मृच्छकटिक—पृ० १८८।
२- प्रिफेस टु मृच्छकटिक—पृ० १७७।
३- प्रिफेस टु मृच्छकटिक—पृ० १८३।
४- चन्द्रबली पाण्डेय—शूद्रक—पृ० ८।

तथा सौमिल कवियो ने 'शूद्रककथा' नामक एक ग्रन्थ लिखा था 'तौ शूद्रक कथा कारौ रम्यौ रामिलसोमिलौ'। कुछ आलोचको के अनुसार ये वही 'सौमिल' कवि हैं जिनका उल्लेख कालिदास ने 'मालविकाग्निमित्र' की प्रस्तावना मे किया है।[1] इसके अतिरिक्त कल्हण ने 'राजतरगिणी' मे तथा सोमदेव ने 'कथासरित्सागर' मे शूद्रक का उल्लेख किया है। 'कथासरित्सागर' मे शोभावती का तथा 'वेतालपचविंशति' मे शोभावती अथवा वर्धमान नगरी का शूद्रक की राजधानी के रूप मे वर्णन हैं। बाण ने 'कादम्बरी' मे विदिशा का शूद्रक की राजधानी के रूप मे उल्लेख किया है तथा 'हर्ष-चरित मे शूद्रक का वर्णन चन्द्रकेतु के शत्रु के रूप मे किया है। दण्डी ने 'दशकुमारचरित' मे शूद्रक का उल्लेख किया है। वामन के 'काव्यालकारसूत्र' के अनुसार शूद्रक एक प्रसिद्ध कवि था, जिसकी रचनाओ मे श्लेष गुण के अनेक उदाहरण उपलब्ध होते है। 'शूद्रकादिरचितेपु प्रबन्धेपु अस्य भूयान् प्रपचो दृश्यते।' शूद्रक के नाम पर 'विक्रान्तशूद्रक' नामक नाटक, 'शूद्रकवध' नामक परिकथा तथा 'शूद्रकचरित' आदि ग्रथो का भी उल्लेख प्राप्त होता है। ये ग्रथ अनुपलब्ध हैं। उपर्युक्त ऐतिहासिक एव साहित्यिक उल्लेखो के आधार पर मेरा यह दृढ अभिमत है कि शूद्रक एक कला प्रेमी एव साहित्यप्रेमी राजा थे। वे निश्चित रूप से कोई कल्पित व्यक्ति नही थे। वे कवि भी थे। यह सम्भव है कि विभिन्न कालो एव स्थानो मे शूद्रक नाम के अनेक राजा हुए हो, किन्तु मृच्छकटिक के रचयिता शूद्रक कौन थ तथा उनका स्थिति काल एव निवास स्थान आदि क्या था इस विषय पर हम आगे विचार करेंगे।

निष्कर्ष

मृच्छकटिक के रचयिता निश्चित रूप से शूद्रक ही हैं। दण्डी, भास अथवा अन्य किसी अज्ञात कवि ने इसकी रचना नही की है।

शूद्रक का स्थितिकाल

सस्कृत के अनेक कवियो के सदृश शूद्रक का भी काल अनिश्चित बना हुआ है। प्राय विद्वान यह मानने लगे हैं कि भास-कृत 'चारुदत्त' 'मृच्छकटिक' की अपेक्षा अधिक प्राचीन है। 'मृच्छकटिक' का निर्माण 'चारुदत्त' के आधार पर हुआ है, अत भास निश्चित ही शूद्रक के पूर्ववर्ती हैं किन्तु वे कालिदास के पूर्ववर्ती हैं अथवा नही इस विषय में सदेह है। कीथ का विचार है कि भास के 'चारुदत्त' की उपलब्धि से 'मृच्छकटिक' के रचनाकाल पर अप्रत्याशित प्रकाश पडा है, परन्तु यह बात सन्देहास्पद है कि उसके रचयिता को कालिदास का पूर्ववर्ती मानना चाहिए अथवा नही।[2] वामन (८०० ई०) ने अपनी काव्यालकार सूत्रवृत्ति' मे 'शूद्रकादि रचितेपु प्रबन्धेपु' लिखकर शूद्रक का उल्लेख किया है तथा 'मृच्छकटिक' के द्यू प्रशसा-परक वाक्य

१- कालिदास—मालविकाग्निमित्र—पृ० २।
२- कीथ—सस्कृत नाटक (हि०)—पृ० १२५।

'द्यूत हि नाम पुरुषस्य असिंहासन राज्यम्' तथा एक पद्य 'या बलिर्भवति' आदि को उदधृत किया है।[1] अत हम भास को शूद्रक की पूर्व सीमा तथा वामन को अवर सीमा मान सकते हैं, किन्तु प्रश्न यह है कि शूद्रक कालिदास के पूर्ववर्ती हैं अथवा परवर्ती। जैकोबी तथा अन्य कुछ आलोचकों का विचार है कि शूद्रक कालिदास के पूर्ववर्ती हैं।[2]

इन आलोचकों का विचार है कि—

(१) कालिदास के नाटकों पर 'मृच्छकटिक' का अभाव है।

(२) परांजपे महोदय का विचार है कि मृच्छकटिक' में 'राष्ट्रीय' शब्द 'पुलिस अधिकारी' के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है किन्तु परवर्ती साहित्य में और यहाँ तक कि 'शाकुन्तल' में भी उसका अर्थ 'राजा का साला' है। अत शूद्रक कालिदास के पूर्ववर्ती हैं।[3]

(३) इसके अतिरिक्त 'मृच्छकटिक' की सात प्रकार की प्राकृतें व्याकरण नियमों के प्रतिकूल अपने विकास की कालिदास की अपेक्षा पूर्वावस्था को प्रकट करती हैं। अत उनके विचार में शूद्रक का काल भास (४००ई०पू०) के पश्चात् तथा कालिदास (१०० ई०पू०) के पूर्व ३००–२०० ई० पू० के लगभग है। निम्नलिखित वाह्य एव अन्त प्रमाणों के आधार पर शूद्रक के काल का निर्धारण करने का प्रयत्न किया जा सकता है।

वाह्य प्रमाण

(अ) धनिक (दशम शताब्दी) ने 'दशरूपक' की अवलोक वृत्ति में 'मृच्छकटिक' एव उसके नायक चारुदत्त का नाम लिया है तथा 'मृच्छकटिक' के एक श्लोक को भी उद्धृत किया है।

(ब) वामन (८०० ई०) ने अपनी 'काव्यालकारसूत्रवृत्ति' में शूद्रक का श्लेष गुण में जयुत कवि के रूप म उल्लेख किया है तथा 'मृच्छकटिक' के उद्धरण भी प्रस्तुत किये हैं।

(स) दण्डी (७०० ई०) ने 'मृच्छकटिक' के 'लिम्पतीव तमोऽङ्गानि' पद्य का अपने 'काव्यादर्श' में उद्धृत किया है।

(द) डा० देवस्थली के अनुसार पचतन्त्र म 'मृच्छकटिक' के दो श्लोक तथा एक पक्ति प्राप्त होती है। उनके अनुसार पचतन्त्र का समय पचम शताब्दी है।[4]

१– जी० के० भट—प्रिफेस टु मृच्छकटिक—पृ० १९२।

२– कीथ—सस्कृत नाटक (हि०)—पृ० १२८।

३– पराजपे—इन्ट्रोडक्शन टु मृच्छकटिक—पृ० २३।

४– डा० जी० वी० देवस्थली—इन्ट्रोडक्शन टु दि स्टडी आफ मृच्छकटिक—पृ० ४।

किन्तु कुछ विद्वान् अभी पचतन्त्र का समय निश्चित नही मानते ।

(य) 'मुद्राराक्षस' एव 'मृच्छकटिक' मे भी डा० देवस्थली के अनुसार अनेक समानतायें हैं जिनसे यह प्रतीत होता है कि शूद्रक विशाखदत्त के पूर्ववर्ती हैं, किन्तु विशाखदत्त का भी समय अभी निश्चित नही है ।[1]

(र) 'मृच्छकटिक' एव 'दशकुमारचरित' तथा 'कथासरित्सागर' मे अनेक स्थलो पर विचार साम्य है ।

(ल) कालिदास ने भास, सौमिल, कविपुत्र आदि का उल्लेख किया है किन्तु शूद्रक का नहीं ।

आभ्यन्तर प्रमाण

(१) 'मृच्छकटिक' के नवम अक मे धर्माधिकारी मनु को प्रमाण मानते हुये चारुदत्त को निर्वासित करने की प्रार्थना करता है—

'अय हि पातकी विप्रो न वध्यो मनुरब्रवीत् ।
राष्ट्रादस्मात् निर्वास्यो विभवैरक्षतैः सह ।'[2]

यद्यपि राजा इस निर्णय को नही मानता किन्तु मनु को प्रमाण मानने के कारण शूद्रक का काल मनु के पश्चात् है । मनु का काल लगभग ई० पूर्व २०० माना गया है ।

(२) मृच्छकटिक के नवम अङ्क म ही बृहस्पति का अङ्गारक अर्थात् मगल का विरोधी बतलाया गया है ।[3] किन्तु वराहमिहिर और उनके परवर्ती ज्योतिषी बृहस्पति को मगल का मित्र मानते हैं । अत शूद्रक वराहमिहिर के पूर्ववर्ती हैं । वराहमिहिर की मृत्यु ५८९ ई० म हुई थी ।

(३) डा० सालटोर के अनुसार मृच्छकटिक म वर्णित बौद्धधर्म की स्थिति सप्तम शताब्दी ई० की ओर सकेत करती है जबकि बौद्धधर्म दक्षिण म उन्नत अवस्था को प्राप्त था । किन्तु यह स्मरण रखना चाहिये कि शकार सवाहक को आदर की दृष्टि मे नहीं देखता तथा चारुदत्त भी उसके दर्शन को अशुभ मानता है उस समय बौद्धो का चारित्रिक पतन नहीं हुआ था किन्तु वे सम्मान दृष्टि मे देखे जाते थे । अत बौद्धधर्म की स्थिति लड़खड़ा रही थी । यह दशा छठी शताब्दी ई० की ओर सकेत करती है ।[4]

(४) 'मृच्छकटिक' के अनुसार शूद्रक सेंधकी कला में निपुण थे । इससे

१- डा० जी० वी० देवस्थली—इन्ट्रोडक्शन टु दि स्टडी आफ मृच्छकटिक—पृ० ४ ।
२- मृच्छकटिक—९-३९ ।
३- मृच्छकटिक—९-३३ ।
४- जी० के० भट—प्रिफेस टु मृच्छकटिक—पृ० १९५ ।

प्रतीत होता है कि 'मृच्छकटिक' की रचना से पूर्व वात्स्यायन ने अपने 'कामसूत्र' की रचना कर ली थी। वात्स्यायन का समय चतुर्थ शताब्दी ई० के लगभग है।

(५) उस समय राजनीतिक दशा अस्तव्यस्त थी। देश मे अराजकता थी। राजाओं का चारित्रिक अध पतन हो चुका था। राजा विलासी थे और राजमहिषियो के अतिरिक्त रखैलें भी रखते थे।

(६) राजा ही न्याय का एक मात्र अधिष्ठाता होता था। राजा के सम्बन्धी न्यायाधीशों को अपदस्थ करा सकते थे तथा उनसे स्वेच्छा से न्याय करा सकते थे। राज्य मे विप्लव भी हो सकते थे। जनता द्वारा विद्रोह कर राजा को च्युत भी किया जा सकता था।

(७) ब्राह्मण धर्म राजधर्म था। ब्राह्मणो का समाज म सम्मान था किन्तु चोर-जुआरी आदि दुर्जनो का बाहुल्य था। शाम को भले घर की बहू बेटियाँ घर से बाहर निकलने का साहस नही करती थी।

(८) दास प्रथा प्रचलित थी। रुपया चुकाने पर दासता से मुक्ति भी प्राप्त की जा सकती थी।

(९) व्यापार की दशा उन्नत थी। समुद्र मार्ग से भी व्यापार होता था। वेश्याओं का समाज मे आदरणीय स्थान नही था। गणिकायें कुल-वधुयें भी बन सकती थीं। उपर्युक्त राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, एव आर्थिक स्थितिया गुप्त साम्राज्य के पतन और हर्ष के राज्य के उदय की पाचवी अथवा छठी शताब्दी की ओर सकेत करती हैं।

(१०) 'मृच्छकटिक' म प्रयुक्त शौरसेनी तथा मागधी प्राकृतें एव चाण्डाली शकारी, ढक्की, अवन्तिका आदि विभाषायें भी उसी समय की स्थिति बतलाती हैं।

(११) कुछ विद्वान् नाटक रचना की कला एव नियमो का पालन तथा भाष्य विधान के आधार पर भी 'मृच्छकटिक' का काल निर्धारण करने का प्रयत्न करते हैं।

उपर्युक्त प्रमाणो के आधार पर सस्कृत साहित्य के अधिकाश आलोचकों का मत है कि 'मृच्छकटिक' पाचवी अथवा छठी शताब्दी की रचना है।

बलदेव उपाध्याय का कथन है कि इन सब प्रमाणो का सार यही है कि शूद्रक दण्डी (सप्तक शतक) और वराह मिहिर (षष्ठ शतक) के पूर्ववर्ती थे अर्थात 'मृच्छकटिक' की रचना पचम शतक म मानना उचित है।[1] डा० भोलाशकर व्यास का मत है कि सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक स्थितिया को ध्यान म रखते हुये हम 'मृच्छकटिक' को ईसा की पाचवी शती के उत्तरार्ध या छठी शती के पूर्वार्ध

१— सस्कृत साहित्य का इतिहास—पृ० ५१९

की रचना कह सकते हैं।[1] वाचस्पति गैरोला का विचार है कि 'मृच्छकटिक' की इन सभी स्थितियो का विश्लेषण करके यह सिद्ध होता है कि उसकी रचना पाचवी-छठी शताब्दी के लगभग हुई थी।[2] कान्तानाथ शास्त्री तैलग कहते है कि मृच्छकटिक का काल ई० पचम सभवत षष्ठ शतक है।[3] भट महोदय का इस विषय मे यह कथन है कि 'मृच्छकटिक' तृतीय-चतुर्थ तथा अष्टम शताब्दी ई० के मध्य की रचना है।

MrikshaKatic Cannot be put later than the eight Century A D The eternal evidence brings us somewhere to the third or fourth Century A D, The date of MrakshaKatic should fall between these two limits[4]

डा० देवस्थली का विचार है कि शूद्रक कालिदास के पूर्ववर्ती हैं—

Sudrak must be later than Bhas nnd earlier than Vaman. Very likely he is earlier than even Vishakhadatta The lower limit of Sudrak may be pushed upto the fourth century A D on the strenght of the astronomical and legal ideas occurring in it, and lastly linguistic considerations justify us in making Sudrak a predecessor of Kalidas also but he cannot be much earlier than the beginning of the Christian Pura[5]

पराजपे महोदय के अनुसार शूद्रक का समय तृतीय शताब्दी ई० है।[6]

चन्द्रशेखर शास्त्री महोदय का विचार है कि 'मृच्छकटिक' की रचना तृतीय शताब्दी ई० पूर्व मे हुई होगी।[7]

सम्भवत शूद्रक के काल के विषय मे विद्वानो के परस्पर विरोधी विचारो के कारण ही कीथ शूद्रक का कोई निश्चित काल-निर्धारण नहीं कर पाते। वे कहते हैं कि हम केवल कुछ धारणायें बना पाते हैं जो उस कुशल लेखक के काल-निर्धारण के लिए बिल्कुल अपर्याप्त है।[8] दासगुप्ता तथा डे महोदय भी यह तो कहते हैं कि

१– संस्कृतकविदर्शन—पृ० २८४।
२– संस्कृत-साहित्य का संक्षिप्त इतिहास, पृ० ५८०।
३– मृच्छकटिक समीक्षा, पृ० १०।
४– प्रिफेस टु मृच्छकटिक, पृ० १९६।
५– इन्ट्रोडक्शन टु दि स्टडी आफ मृच्छकटिक, पृ० ८।
६– प्रिफेस टु मृच्छकटिक, पृ० १९५।
७– संस्कृत साहित्य की रूपरेखा, पृ० १०३।
८– कीथ—संस्कृत नाटक, पृ० १२८।

हम मृच्छकटिक को बहुत प्राचीन नहीं मान सकते किन्तु वे उसकी कोई निश्चित तिथि देने में असमर्थ हैं।[1]

शूद्रक का जीवन परिचय

संस्कृत साहित्य की महान् विभूतियों ने प्राय अपने व्यक्तिगत जीवन के विषय में अधिक प्रकाश नहीं डाला है। शूद्रक ने भी इस विषय में अपनी वाणी को मौन ही रखा है। पौराणिक अथवा साहित्यिक ग्रंथों में भी उनके विषय में कोई विश्वस्त सूचना नहीं प्राप्त होती। अपने जन्म-स्थान, स्थिति-काल तथा जीवनचरित पर शूद्रक ने स्वयं भी अपनी लेखनी से विशेष-प्रकाश नहीं डाला है। 'मृच्छकटिक' की प्रस्तावना में स्थित तीन श्लोकों के आधार पर हमें केवल यह सूचना प्राप्त होती है—

मृच्छकटिक' के रचयिता राजा शूद्रक गजराज के समान गति से युक्त, चकोर के समान नेत्र वाले, पूर्णचन्द्र के सदृश मुख वाले, सुन्दर शरीर से युक्त, द्विजों (क्षत्रियों) में श्रेष्ठतम तथा अगाध बलयुक्त थे। उन्होंने ऋग्वेद, सामवेद, गणित, कलाओं, नाट्यशास्त्र तथा हस्तिपालन की शिक्षा प्राप्त करके, शिवजी की कृपा से अज्ञानरूपी अन्धकार से मुक्त ज्ञान चक्षुओं को प्राप्त कर अपने पुत्र को राजा देखकर, अश्वमेध यज्ञ करके सौ वर्ष दस दिन की आयु प्राप्त कर अग्नि में प्रवेश किया। वे युद्ध प्रेमी प्रमाद रहित, वेद ज्ञाताओं में प्रवीण, तपस्वी तथा शत्रुओं के हाथियों के साथ बाहु युद्ध करने वाले थे।[2] इस सूचना के अनुसार 'अग्नि प्रविष्ट' के आधार पर यह सन्देह उत्पन्न हो जाता है कि शूद्रक ने स्वयं अपनी मृत्यु (अग्नि प्रवेश) का वर्णन कैसे किया। इस सन्देह का निवारण करते हुये कुछ समालोचक कहते हैं कि ये श्लोक प्रक्षिप्त हैं, कुछ का विचार है कि शूद्रक ज्योतिषी थे अतः भविष्य की बात को जानते थे, कुछ विद्वानों का विचार है कि हमें इसका लाक्षणिक अर्थ लेना चाहिये अर्थात् मृत्यु पर्यन्त वे अग्निहोत्र करते हैं।

विद्वता—'मृच्छकटिक' के आधार पर यह दृढ़तापूर्वक कहा जा सकता है कि शूद्रक के ज्ञान का भंडार विशाल था। वे महान् विद्वान् तथा बहुज्ञ थे। उन्होंने वेद, वेदांग, स्मृतिग्रंथ, धर्मशास्त्र, गणित, ज्योतिष, कलाओं तथा हस्ति-शिक्षा आदि का पर्याप्त ज्ञान प्राप्त किया था। वे स्वयं को 'वेद विदां वरद्' कहते हैं। नवम अंक में अधिकरणिक के द्वारा 'अङ्गारकविरुद्धस्य प्रक्षीणस्य बृहस्पते'[3] श्लोक में बृहस्पति को मङ्गल का शत्रु माना गया है अतः प्रतीत होता है कि उन्हें ज्योतिष का विशेष

१— दास गुप्ता एण्ड डे—हिस्ट्री आफ संस्कृत लिटरेचर—वाल्यूम प्रथम, पृ० २४२।
२— मृच्छकटिक—१/३-६।
३— मृच्छकटिक—९/३३।

ज्ञान था। वे तत्कालीन न्याय व्यवस्था तथा दण्ड व्यवस्था से भी पूर्ण परिचित थे। मनुस्मृति आदि स्मृति ग्रंथो का उन्होने प्रमुख रूप से अध्ययन किया था। मनुस्मृति के अनुसार पापी ब्राह्मण भी अवध्य है, उसे सम्पत्ति के साथ केवल राष्ट्र से बहिष्कृत कर देना चाहिए। नवमअङ्क मे अधिकरणिक भी चारुदत्त को यही दण्ड देने के लिए राजा से सिफारिश करता है।[1] धर्मशास्त्र मे वर्णित न्यायाधीश के कर्त्तव्यो और गुणो का शूद्रक ने गहन अध्ययन किया था। नवम अङ्क उनके कानून और न्याय विषयक ज्ञान पर पर्याप्त प्रकाश डालता है। शूद्रक के ज्योतिष एव न्याय व्यवस्था सम्बन्धी ज्ञान के विषय मे डा० देवस्थली के विचार इस प्रकार हैं—

He has shown his acquaintance with astrology (and astronomy also perhaps) and a very sound knowledge of the legal procedure Act I has been so cleverly managed and the pieces of evidence have been so brought out one after another that one Cannot but admire the legal acumen possessed by our author[2]

शूद्रक शकुन—विज्ञान से भी परिचित थे, यह बात नवम अक मे न्यायालय की ओर प्रस्थान करते समय चारुदत्त के द्वारा वर्णित विविध अपशकुनो एव उनके कुफल से प्रतीत होती है। शूद्रक को नृत्य, सगीत, द्यूतकला तथा चौर्यकला का भी विशेष ज्ञान था।

महान् कलाकार—शूद्रक एक सफल और विख्यात कवि तथा नाटककार थे। उन्होने अनेक प्रकार के छन्दो और अलकारो का बडा मनोहर प्रयोग किया है। सस्कृत एव प्राकृत भाषाओ का उन्हें प्रौढ ज्ञान था। मृच्छकटिक मे उन्होने जितनी प्रकार की प्राकृतो का प्रयोग किया है, उतना किसी अन्य नाटककार ने नही। नाट्यकला सम्बन्धी उनका पाडित्य बडा गम्भीर था। धनजय ने अपने 'दशरूपक' मे नाटक की अवस्थाओ, अर्थप्रकृतियो, सन्धियो तथा सन्ध्यङ्गो से सबधित अनेक उदाहरण 'मृच्छकटिक' से दिये हैं। वामन उन्हे श्लेष गुण के प्रयोग में चतुर मानते हैं। इस विषय मे देवस्थली महोदय कहते हैं—

His general Knowledge of the language (Sanskrit as well as the large number of Prakrats) and abundant sprinkling of mythological references and also figures of speech, and use of different metres short as well as long with good ease or enough to show his general equipment as a poet, while his equipment as a dramatist can easily

१- इन्ट्रोडक्शन टु दि स्टडी आफ मृच्छकटिक—पृ० ८।
२- इन्ट्रोडक्शन टु दि स्टडी आफ मृच्छकटिक—पृ० ८-९।

be guessed from the skill he has displaced in managing his raw-Materials and infusing life into them.

धार्मिकता — शूद्रक सदाचारी और धर्मपरायण क्षत्रिय थे। सम्भवत वे शिव जी के भक्त थे। यह बात नान्दी पद्यो मे प्रयुक्त 'शम्भोर्व पातु समाधि' तथा 'पातु वो नीलकण्ठस्य कण्ठ' एव दशम अङ्क मे प्रयुक्त 'जयति वृषभकेतु' इत्यादि वाक्यो से प्रतीत होती है। वे वैदिक धर्म के अनुयायी थे। देवपूजा एव बलिकर्म को वे ग्रहस्थ की नित्यविधि के रूप म मानते थे।[1] वे अग्निहोत्र करते थे और तपस्वी थे। वे योगाभ्यासी थे। उन्होने अश्वमेध यज्ञ भी किया था। वेदान्त के ब्रह्म-तत्व मे वे विश्वास करत थे। भरत वाक्य से यह स्पष्ट विदित होता है कि वैदिक वर्णाश्रम व्यवस्था मे उनकी आस्था थी। वे कहते है 'सततमभिमता ब्राह्मणा सन्तु सन्त:' तथा 'श्रीमन्त. पान्तु पृथिवी प्रशमितरिपवो धर्मनिष्ठाश्च भूपा।' वे गौ के भी भक्त थे— यह बात उनके इस कथन से स्पष्ट हैं 'क्षीरिण्य सन्तुगावो।' शूद्रक दैव पर भी विश्वास करते थे यह दशम अङ्क के ६०वें श्लोक (काश्चित्तुच्छयति विधि) से स्पष्ट है।

निवास स्थान— 'मृच्छकटिक' के रचयिता शूद्रक दाक्षिणात्य (महाराष्ट्र निवासी) प्रतीत हाते हैं। विल्सन महादय उन्हें आन्ध्रवश का प्रथम राजा स्वीकार करते हैं। आन्ध्रवश का राज्य भी दक्षिण म था, अत वे स्वाभाविक रूप से दाक्षिणात्य प्रतीत होते हैं। वामन के 'काव्यालकारसूत्र' के एक टीकाकार शूद्रक को 'राजा कोमति' लिखते हैं। काले महोदय के अनुसार कोमति एक मद्रास प्रदेश की जाति विशेष है। अत वे दाक्षिणात्य ही प्रतीत होते हैं। 'मृच्छकटिक' के कुछ अन्त प्रमाण भी इस मत को ही पुष्टि करते हैं। द्वितीय अङ्क मे कर्णपूरक वसन्त सेना के हाथी के लिए 'खुण्टमोडक, शब्द का प्रयोग करता है। यह शब्द दक्षिण मे ही प्रचलित है। दशम अङ्क म चाण्डाल दुर्गा देवी के लिये 'सह्यवासिनी' शब्द का प्रयोग करता है 'भगवति सह्यवासिनि, प्रसीद प्रसीद'। उत्तर के कवि दुर्गा को 'विन्ध्यवासिनी' नाम से सम्बोधित करते हैं, किन्तु दक्षिण के 'सह्यवासिनी' नाम से। षष्ठ अङ्क म चन्दनक दाक्षिणात्यो की भाषा सम्बन्धी विशेषता बतलाते हुए कहता है—

'वय दाक्षिणात्या अव्यक्तभाषिण'[2]

इसके अतिरिक्त वह दक्षिण की खस, खत्ति, खडा, खडह द्रविड, चोल, चीन बर्बर आदि अनेक म्लेच्छ जातियो का भी उल्लेख करता है। इसके अतिरिक्त वह दक्षिण के 'कर्णाटकलह' शब्द का भी प्रयोग करता है। अत शूद्रक को दाक्षिणात्य

---

(१) मृच्छकटिक १/१६।

(२) जी० के भट प्रिफेस टु मृच्छकटिक पृ० १८८।

मानना ही उचित है।

भट महोदय का निश्चित मत है कि शूद्रक दक्षिण के निवासी थे। वे मृच्छकटिक के कर्ता (शूद्रक) के विषय मे स्पष्ट कहते हैं —

The author is a southerner

दक्षिण के अनेक व्यक्ति उज्जयिनी मे राज्य के प्रतिष्ठित पदो पर नियुक्त थे। अत कुछ आलोचको का विचार है कि शूद्रक उज्जयिनी के निवासी थे। दण्डी का भी यही विचार है कि शूद्रक का निवास स्थान उज्जयिनी ही थी।

अपना मत—

उपर्युक्त विवेचन मे दिये गये अन्त प्रमाणो के आधार पर मेरा यह निश्चित मत है कि शूद्रक दक्षिण के निवासी ही थे।

शूद्रक की रचनायें— आधुनिक काल मे हमे शूद्रक की एक मात्र रचना 'मृच्छकटिक' ही उपलब्ध है। दण्डी तथा वामन आदि के उल्लेखो से ज्ञात होता है कि उनकी अन्य रचनायें भी अवश्य रही होगी किन्तु वे आज अनुपलब्ध हैं। 'मृच्छकटिक' दस अङ्का का एक प्रकरण है। इसकी आधिकारिक कथावस्तु मे दरिद्र किन्तु चरित्र सम्पन्न उज्जयिनी के युवक ब्राह्मण चारुदत्त तथा गुणग्राहिणी गणिका वसन्तसेना मे प्रेम का चित्रण है तथा प्रासगिक कथावस्तु मे आर्यक की राज्य प्राप्ति का वर्णन है। आधिकारिक कथावस्तु को महाकवि भासकृत 'चारुदत्त' से अविकल रूप मे ग्रहण किया गया है। प्रथम चार अङ्को की कथावस्तु मे 'चारुदत्त' से पूर्णत साम्य है किन्तु अन्तिम ६ अङ्को की कथावस्तु तथा आर्यक सम्बन्धी प्रासगिक कथावस्तु को शूद्रक ने अपनी उर्वर कल्पना से सफलतापूर्वक विकसित किया है। यद्यपि कथावस्तु का राजनीतिक अश कवि की निजी सम्पत्ति है किन्तु कुछ आलोचक इस अश का प्राचीन ऐतिहासिक घटनाओ पर आधारित ही मानते हैं।

सन् १९२२ ई० म मद्रास म श्री वल्लभदेव ने 'चतुर्भाणी' नामक ग्रन्थ प्रकाशित किया जिसम चार भाण है। इनम से 'पद्मप्राभृतक' नामक एक भाण भी है। वल्लभदेव का विचार है कि इसके रचयिता भी शूद्रक ही हैं, किन्तु इस विषय पर कोई प्रामाणिक वर्णन उपलब्ध न होने से इसे शूद्रक की रचना स्वीकार नही किया जा सकता। आलोचक भी इस विषय मे प्राय मौन ही हैं। वल्लभदेव का कथन है कि शूद्रक की 'वत्सराजचरित (वीणावासवदत्ता) भी तृतीय रचना है तथा इन्होंने 'कामदत्त' नामक एक अन्य प्रकरण की भी रचना की थी किन्तु इसके विषय म भी कोई प्रामाणिक सूचना नही प्राप्त होती।

अपना मत— शूद्रक की रचनाओ के विषय म मेरा यह विश्वास है कि मृच्छकटिक ही उनकी एक मात्र उपलब्ध रचना है। 'पद्मप्राभृतक' की भाषा एवं शैली मृच्छकटिक' की भाषा तथा शैली स भिन्न है। अत 'पद्मप्राभृतक' शूद्रक

की रचना नही है । शकर इसे भास की ही रचना मानते है । 'वीणा वासवदत्ता' भी भाषा एव शैली मे मृच्छकटिक से भिन्न है । अत वह भी शूद्रक की रचना नही है । कुन्हन राजा उसे भास की रचना मानते हैं, किन्तु वस्तुत 'पद्मप्राभृतक' एव 'वीणा वासवदत्ता' दोनो न तो शूद्रक की रचना है और न भास की । 'कामदत्ता तो निश्चित रूप से शूद्रक की रचना नही है । यह केवल वल्लभदेव की ही कल्पना है कि शूद्रक इसके रचयिता हैं ।

द्वितीय विवेक

सस्कृत नाट्य–साहित्य मे मृच्छकटिक

सस्कृत नाट्य–साहित्य का महत्व

नाट्य–सिद्धान्त के प्राचीनतम ग्रन्थ भरत मुनि रचित नाट्यशास्त्र मे परिरक्षित भारतीय परम्परा नाट्य की दैवी उत्पत्ति तथा ईश्वरीय वेदो से उसका घनिष्ठ सम्बन्ध मानती है । 'नाट्य' शब्द वस्तुत रूपक की अभिव्यजना करता है । ललित कलाओ मे सर्वश्रेष्ठ स्थान–काव्यकला को तथा काव्य-कला मे भी श्रेष्ठतम स्थान नाटक को दिया गया है । काव्य मे नाटक के इस उत्कृष्ट स्वरूप को दृष्टि मे रखते हुए ही हमारे प्राचीन सहृदय काव्य मर्मज्ञो ने यह घोषणा की —

'काव्येषु नाटक रम्यम्'

नाटक सस्कृत-साहित्य का अत्यन्त प्राचीन काल से ही एक अतिशय गौरवपूर्ण अग रहा है । काव्य की अपेक्षा नाटक की प्रतिष्ठा सदा अधिक रही है । नाटक आनन्दोपलब्धि का एक प्रमुख साधन है । ब्रह्मा ने ऋग्वेद से पाठ्य (सवाद), सामवेद से सगीत, यजुर्वेद से अभिनय तथा अथर्ववेद से रस नामक तत्वो को ग्रहण कर नाट्यवेद नामक पचम वेद का निर्माण किया ।[1] इसे सार्ववर्णिक पचम वेद' की सज्ञा दी गई है । काव्य श्रवण मार्ग से हृदय को आकृष्ट करता है किन्तु नाट्य श्रवण मार्ग के अतिरिक्त नेत्र मार्ग से हृदय को विशेष चमत्कृत करता है । नाट्य, अभिनय, सगीत वेशभूषा तथा सवाद आदि के माध्यम से दर्शको के हृदय पर स्थायी प्रभाव डालता है । मनुष्यो की रुचिया भिन्न होती हैं— भिन्नरुचिर्हि लोकः । किन्तु नाट्य भिन्न रुचि रखने वाले सभी व्यक्तियो को समान रूप से आनन्द प्रदान करता है । अवस्थाओ की अनुकृति ही नाट्य कहलाती है—

'अवस्थानुकृतिर्नाट्यम्'

नाट्य मे लोक वृत्त का अनुकरण होता है । नाट्य धर्म, यश, आयु, हित तथा बुद्धि की वृद्धि करता है । जीवन के स्तर को उदात्त एव आदर्श बनाना ही नाट्य का उद्देश्य है । नाट्य मे कही धर्म कही क्रीडा, कही अर्थ कही श्रम, कही हास्य, कही

युद्ध, कहीं काम तथा कहीं वध होता है।[1] इसीलिये नाटक को कवित्व की चरम और उत्कृष्टम सीमा माना गया है।

'नाटकान्त कवित्वम्'

दृश्य एव श्रव्य भेद से काव्य दो प्रकार का होता है। दृश्य काव्य दो प्रकार के होते हैं — रूपक और उपरूपक। रूपक को रस, भाव आदि का आश्रय माना जाता है। रूपक दस प्रकार के होते हैं और उपरूपक अठारह प्रकार के। वस्तुत साहित्य शास्त्र की दृष्टि से नाटक' रूपक का ही एक प्रकार है, किन्तु हिन्दी मे सभी दृश्य काव्यो (रूपको) को सामान्यतया नाटक कह दिया जाता है।

प्रकरण के रूप मे 'मृच्छकटिक' की समीक्षा

साहित्य शास्त्रियो ने 'मृच्छकटिक' को नाट्य साहित्य के एक विभेद 'प्रकरण' की श्रेणी म रखा है। अपने नाट्यशास्त्र मे प्रकरण की विशेषताओ के सम्बन्ध मे अपना मत प्रकट करते हुए भरत मुनि लिखते हैं —

"यन्नाटके मयोक्त वस्तुशरीर रसाश्रयोपेतम्।
तत् प्रकरणेऽपि योज्य केवलमुत्पाद्यवस्तु स्यात्॥
विप्रवणिक्सचिवाना पुरोहितामात्यसार्थवाहानाम्।
चरित यदनेकविध तज्ज्ञेय प्रकरण नाम॥
दासविट श्रेष्ठियुत वेशस्त्र्युपचारकारणोपेतम्।
मन्दकुलस्त्रीचरित कार्यं काव्य प्रकरणे तु॥
यदि वेशयुवतियुक्त न कुलस्त्रीसगमो भवेत्तत्र।
अथ कुलजनप्रयुक्त न वेशयुवतिर्भवेत्तत्र॥"[2]

प्रकरण की परिभाषा देते हुए दशरूपककार धनञ्जय ने अपने विचार इस प्रकार प्रकट किये है —

"अथ प्रकरणे वृत्तमुत्पाद्य लोकसश्रयम्।
अमात्यविप्रवणिजामेक कुर्याच्च नायकम्॥
धीरप्रशान्त सापाय धर्मकामार्थतत्परम्।
शेष नाटकवत्सन्धिप्रवेशक रसादिकम्॥
नायिका तु द्विधा नेतु कुलस्त्री गणिका तथा।
क्वचिदेकैव कुलजा वेश्या क्वापि द्वय क्वचित्॥

(१) भरत नाट्यशास्त्र काशी सस्कृत सीरीज बटुकनाथ शास्त्री १/१७।
(२) भरत नाट्यशास्त्र २०/५१–५५ काशी सस्कृत सीरीज।

कुलजाभ्यन्तरा, वाह्या वेश्या, नातिक्रमोऽनयोः ।
आभिः प्रकरण त्रेधा, संकीर्णं धूर्त संकुलम् ॥[1]

साहित्य दर्पण मे प्रकरण का लक्षण देते हुए विश्वनाथ कविराज ने लिखा है :—

भवेत्प्रकरणे वृत्तं लौकिकं कविकल्पितम् ॥
श्रृंगारोऽङ्गी नायकस्तु विप्रोऽमात्योऽथवा वणिक् ।
सापायधर्मार्थकामार्थपरो धीरप्रशान्तकः ॥
नायिका कुलजा क्वापि वेश्या क्वापि द्वय क्वचित् ।
तेन भेदास्त्रयस्तस्य तत्र भेदस्तृतीयकः ॥
कितवद्यूतकारादिविट चेटकसकुलः ।"[2]

प्रकरण मे वृत्त लौकिक एवं कवि कल्पित होता है । श्रृंगार इसका मुख्य रस होता है । ब्राह्मण, अमात्य अथवा वणिक इनमे से कोई एक प्रकरण का नायक होता है, वह धीर प्रशान्त प्रकृति होता है तथा विघ्न आने पर भी धर्म, अर्थ एवं काम मे तत्पर रहता है । इसकी नायिका कुल-स्त्री अथवा वेश्या होती है । किसी प्रकरण मे दोनो ही नायिका हो सकती है, किन्तु इनका परस्पर मिलन नही होना चाहिए । इन नायिकाओं के कारण प्रकरण तीन प्रकार का होता है । तीसरे प्रकार के प्रकरण मे जिसमे कुलजा एव वेश्या दोनो नायिका होती है, धूर्त, जुआरी, विट तथा चेट आदि भी होते हैं । प्रकरण वस्तुतः नाटक के सदृश होता है । अत. इसमे सन्धि आदि नाटक के समान ही होते हैं ।

प्रकरण के लक्षणो के अनुसार यदि हम 'मृच्छकटिक' की आलोचना करें तो हमे ज्ञात होगा कि 'मृच्छकटिक' का वृत्त लौकिक है । यद्यपि उसका आधार बृहत्कथा को स्वीकार किया गया है किन्तु मुख्यतया उसे कल्पित ही माना गया है । उसका प्रधान रस श्रृगार है । यद्यपि विभिन्न अको मे करुण, हास्य एव वीभत्स आदि रसो का भी समावेश किया गया है किन्तु वे अग रूप मे ही आये हैं । इसका नायक चारुदत्त ब्राह्मण है । साहित्य दर्पण मे विश्वनाथ कविराज भी इस सम्बन्ध मे कहते हैं :—

'विप्रनायकम् यथा मृच्छकटिकम्'[3]

---

(१) दशरूपक……३/३९—४२……चौखम्बा ।
(२) साहित्य दर्पण…६/२२४-२२७…हिन्दी०…डा० सत्यव्रत सिंह ।
(३) व (३) साहित्य दर्पण ६/२२५ व ६/२२७ क्रमशः हिन्दी डा०सत्यव्रत सिंह ।

उसकी प्रकृति धीर प्रशान्त है । वह यद्यपि बडा दरिद्र है किन्तु धर्म, अर्थ एवं काम की सिद्धि म निरन्तर रत रहता है । मृच्छकटिक मे कुलजा एव वेश्या दोनो नायिका हैं । कुलजा चारुदत्त की पत्नी धूता है तथा दूसरी गणिका वसन्त सेना है । विश्वनाथ इस विषय मे कहते हैं —

'द्वेऽपि मृच्छकटिके'[1]

अत तृतीय श्रेणी का प्रकरण होने के कारण इसमे धूर्त (शकार), द्यूतकार, विट एव चेट आदि का भी समावेश किया गया है । धनजय के अनुसार मृच्छकटिक एक सकीर्ण प्रकरण है, क्योकि ''सकीर्णं धूर्तसकुलम्''[2] सन्धियाँ, अर्थ प्रकृतिया एव अवस्थाएँ आदि इसमे नाटक के समान ही हैं ।

मृच्छकटिक की रचना के समय नाट्यशास्त्र के नियमो का समुचित रूप से निर्धारण नही हुआ था, अत इसमे लक्षण–ग्रन्थो के नियमो का पूर्ण-रूपेण पालन नही हुआ है, क्योंकि नाट्य के नियमो का निर्माण उस समय हुआ तथा उन्हे साहित्यिक रूप तब दिया गया जब अनेक नाटको की रचना हो चुकी थी । लक्षण–ग्रन्थो की रचना सदा बाद मे होती है और लक्ष्य ग्रन्थो की पहले ।

मृच्छकटिक एक अत्यन्त प्राचीन रचना है । अत इसमें समस्त नियमो का अक्षरश पालन नही किया गया । अत प्रकरण की कुछ विशेषताए मृच्छकटिक मे प्राप्त नही होती ।

(१) विश्वनाथ कविराज के अनुसार प्रकरण का नाम नायक अथवा नायिका के नाम पर रखना चाहिए :—

'नायिकानायकाख्यानात्सज्ञा प्रकरणादिषु'

मृच्छकटिक का नाम नायक एव नायिका किसी के नाम पर नही है । वह एक घटना विशेष पर आधारित है जिसम मिट्टी की गाडी (मृच्छकटिक) का विशेष स्थान है ।

(२) दशरूपक एव साहित्य दर्पण दोनो के अनुसार नायक को प्रत्येक अक मे उपस्थित रहना चाहिए[2], किन्तु मृच्छकटिक के द्वितीय चतुर्थ, षष्ठ तथा अष्टम अको म चारुदत्त अनुपस्थित रहता है ।

(३) नाट्यशास्त्र एव दशरूपक दोनो के अनुसार कुलजा एव वेश्या दोनो नायिकाओं का रगमच पर मिलन नही होना चाहिए किन्तु मृच्छकटिक मे दोनो

(१) साहित्य दर्पण ६/२२५ व ६/२२७ क्रमश हिन्दी डा सत्यव्रत सिह ।
(२) दशरूपक ३/४२ चौखम्बा ।
(३) साहित्य दर्पण ६/१२ तथा दशरूपक ३/३० ।

मिलती हैं तथा परस्पर एक-दूसरे का स्वागत भी करती हैं। इन अनियमितताओं के होने पर भी संस्कृत साहित्य में 'मृच्छकटिक' के समान सकीर्ण प्रकरण का अन्य कोई सुन्दर उदाहरण नहीं प्राप्त होता।

चारुदत्त एवं मृच्छकटिक का पूर्वापरक सम्बन्ध

टी० गणपतिशास्त्री, सुखथंकर, बेलवल्कर, पराजपे, प्रो० ध्रुव, विण्टरनित्ज, कोनो तथा कीथ आदि विद्वानो का स्पष्ट मत है कि चारुदत्त की रचना पहले हुई तथा मृच्छकटिक उसके आधार पर रचा गया एक एक परिवर्धित एवं संशोधिक प्रकरण है। प्रो० कीथ का विचार है कि मृच्छकटिक के प्रथम चार अक किंचित् परिवर्तन के साथ भास-कृत चारुदत्त की प्रतिकृति हैं।

शूद्रक को इस बात की मौलिकता का श्रेय दिया जा सकता है कि उन्होंने राजनैतिक वैदग्ध्य प्रयोग और काम चरित्र का सम्मिश्रण किया है, जिन्होंने रूपक को विशेष महत्व प्रदान किया है। इसके गुण अत्यन्त उत्कृष्ट हैं। वे पर्याप्त रूप इस बात को उचित सिद्ध करते हैं जो अन्यथा साहित्यिक चोरी समझी जाती।[1] प्रो० काणे, पिशरोती तथा देवधर इस मत का विरोध करते हैं। डा० कुन्हन राजा तथा नेरूरकर का मत है कि चारुदत्त तथा मृच्छकटिक एक ही नाटक के दो प्रतिरूप हैं तथा चारुदत्त को साभिप्राय अपूर्ण रखा गया है। सुखथकर तथा पराजपे ने दोनों प्रकरणो की भाषा, शैली आदि का आलोचनात्मक अध्ययन कर चारुदत्त को मृच्छ-कटिक का मूल घोषित किया। सुखथकर वे चारुदत्त तथा मृच्छकटिक के मूल पाठ का प्रविधि, प्राकृत, पद्य रचना तथा नाटकीय घटना-सविधान की दृष्टि से विशेष अध्ययन किया है।

मृच्छकटिक की अपेक्षा चारुदत्त की प्राकृत अधिक प्राचीन है। मृच्छकटिक के पद्य अपने समान चारुदत्त के पद्यो की भाषा भाव एवं व्याकरण के दोषो से अधि-कांश रूप में मुक्त हैं। यदि चारुदत्त बाद की रचना होती तो उसमें उन दोषों का परिहार होना चाहिए था। यद्यपि यत्र-तत्र चारुदत्त में मृच्छकटिक की अपेक्षा अधिक सुन्दर प्रयोग प्राप्त होते हैं किन्तु वे केवल अपवाद रूप में ही हैं। चारुदत्त की अपेक्षा मृच्छकटिक का घटना-सविधान भी अधिक श्रेष्ठ है। चारुदत्त के दोषो का उसमें निराकरण करने का प्रयत्न किया गया है। अद स्पष्ट है कि कि चारुदत्त की रचना पहले हुई और मृच्छकटिक की बाद में। बेलवल्कर महोदय ने नाट्यशास्त्र के नियमो के आधार पर भी चारुदत्त की प्राचीनता का समर्थन किया।

डा० मोरगेंन्सटर्न (Morgens–tiesrne) ने चारुदत्त तथा मृच्छ-

(१) कीथ·· संस्कृत नाटक (हि०) पृ० १२९—१३२।

कटिक के मूलपाठ की तुलनात्मक अध्ययन कर चारुदत्त की प्राचीनता को ही सिद्ध किया है।

देवधर तथा अन्य आलोचकों के मत की समीक्षा—

देवधर महोदय का यह स्पष्ट मत है कि चारुदत्त वस्तुत रंगमंच पर अभिनय की उपयोगिता की दृष्टि से किया गया मृच्छकटिक का संक्षिप्त रूपान्तर है। इस विषय मे वे कहते हैं —

From the foregoing discussion, in the absence of any direct testimony I feeel inclined to believe that the Charudatta represents a very Crude abridgement possibly made for stage performance of that best speciman of the Indian theatre the Mrikshakatic and naturally, therfore, the author of the Charudatta must have been postarier to Sudrak

पुसालकर महोदय ने चारुदत्त तथा मृच्छकटिक के तुलनात्मक अध्ययन को चार भागों मे विभक्त किया है —

१—शब्द भंडार,
२—प्रविधि,
३—प्राकृत तथा
४—पद्य रचना।

उनका मत है कि चारुदत्त तथा मृच्छकटिक मे अनेक भिन्नतायें हैं। अत वे एक समय की रचनायें नहीं हैं। उनका यह स्पष्ट मत है कि दोनों प्रकरण एक ही मूल के दो प्रतिरूप नहीं हैं। पुसालकर मृच्छकटिक की अपेक्षा चारुदत्त के पूर्ववर्तित्व को स्वीकार करते हैं।

डा० कुन्हन राजा कुछ शब्दों के आधार पर 'चारुदत्त' पर मालाबार का प्रभाव मानते हैं। मृच्छकटिक म शूद्रक ने सूत्रधार के वक्तव्य को चारुदत्त मे ही लिया है। चारुदत्त में वह प्राकृत में बोलता है किन्तु मृच्छकटिक मे वह संस्कृत का प्रयोग करता है। वह केवल कार्य और प्रयोग के वशीभूत होकर प्राकृत बोलता है— 'एषोऽस्मि भो, कार्यवशात्प्रयोगवशाच्च प्राकृत भाषी संवृत्त) 'चारुदत्त' मे ऐसा कोई कारण नहीं दिखाया गया है। अत चारुदत्त मृच्छकटिक से पूर्व की रचना है। चारुदत्त का भरतवाक्य मविधान-नान्दी एवं भरत वाक्य का अभाव और प्रस्तावना के स्थान पर स्थापना आदि भी उसकी प्राचीनता को ही प्रदर्शित करते हैं। चारुदत्त की प्राकृत भी मृच्छकटिक से प्राचीन है। इस विषय मे पुसालकर का कथन

(१) देवधर प्लेज एट्रीब्यूटेड टु भास इत्यादि पृ० ४०।

है कि —

It is shown that the charudatta in common with otoer works of Bhas retains old Prakrat forms against the Mrakshakatic which contains invariably the middle Prakrat.

चारुदत्त में महाराष्ट्री प्राकृत का प्रयोग नहीं हुआ है किन्तु मृच्छकटिक में हुआ है। महाराष्ट्री प्राकृत भास की प्राकृत से बाद की है। अतः मृच्छकटिक की रचना चारुदत्त से बाद मे हुई।

मृच्छकटिक के पद्य अपने समान चारुदत्त के पद्यों के भाष्य एवं व्याकरण सम्बन्धी अनेक दोषों से मुक्त हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि शूद्रक ने मृच्छकटिक की रचना करते समय उन दोषो को दूर कर दिया। इस विषय मे सुखथंकर का कथन है कि:—

The text of the Mrikshakatic makes an advance upon the other play in the following directions--Rectification of grammatical mistakes, elimination of redundencies and awkward constructions, and introduction of other changes which may be claimed to be improvements in the form and substance of the verses.

सुखथंकर का मत.—चारुदत्त एवं मृच्छकटिक की प्रविधि, प्राकृत, पद्य रचना तथा नाटकीय घटनाओं की दृष्टि से आलोचना करने पर सुखथंकर का स्पष्ट मत है कि चारुदत्त से मृच्छकटिक का विकास हुआ है। इसके विपरीत नहीं इस विषय मे वे कहते हैं:—

Taking all things into account, we conclude, we can readily understand the evolution of a Mrikshakatic version from a charudatta version, but not vice-versa.

इसी विषय मे सुखथंकर आगे कहते हैं कि मैंने ऐसे कुछ कारण प्रस्तुत कर दिये हैं जिनके आधार पर यह विश्वास किया जा सकता है कि 'चारुदत्त' 'मृच्छकटिक' से अधिक प्राचीन है तथा यदि 'चारुदत्त' 'मृच्छकटिक' का मूल नहीं है तो इसने बहुत अधिक मात्रा मे उस मूल को सुरक्षित रखा है जिस पर मृच्छकटिक आधारित है:—

I merely claim that I have furnished here some prima faci reasons for holding that the charudatta is on the whole older than the Mrikshakatic version : hence (as a corollary) if our Charudatta is not itself the original of the Mrikshakatic, then we must assume,

it has a great deal of the original upon which the Mrikshakatic is based

वेलवलकर का मत—वेलवल्कर का यह दृढ मत है कि अब यह एक सर्वमान्य तथ्य है कि शूद्रक ने भास के दरिद्र चारुदत्त मे कुछ परिवर्तन करके उसे मृच्छकटिक मे पूर्णता प्रदान की है । इस विषय मे वे कहते हैं —

That Sudrak's *Mrikhakatic completes* (*with* certain deliberate modifications) the Daridra charudatta of Bhas is now a generally accepted priosition

मृच्छकटिक विषयक आधुनिक विचारधारा——

भास के चारुदत्त एव शूद्रक के मृच्छकटिक के विषय म आधुनिक समय मे अनेक लेख प्रकाशित हुए हैं जिनसे दोनो प्रकरणो के पारस्परिक सम्बन्ध पर पर्याप्त प्रकाश पडता है ।

शिवराम शास्त्री का विचार है कि चारुदत्त मृच्छकटिक का मूल है तथा मृच्छकटिक चारुदत्त के कठिन स्थलो की व्याख्या करने के लिए सर्वश्रेष्ठ भाष्य है ।

एस० पी० भटटाचार्य का मत है कि मृच्छकटिक के रचयिता शूद्रक ने चारुदत्त नामक नाटक को परिवर्धित किया है ।

भट महोदय का विचार है कि चारुदत्त भास की ही अपूर्ण रचना है तथा यह उनके रचनाकाल की अन्तिम परिपक्व अवस्था से सबधित है ।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर मेरा अभिमत है कि चारुदत्त की रचना पहले हुई है और मृच्छकटिक की बाद मे ।

तृतीय विवेक

'मृच्छकटिक' की कथावस्तु का समालोचनात्मक अध्ययन

मृच्छकटिक' का नायक चारुदत्त एव नायिका वसन्त सेना है । इन नायक एव नायिका की कल्पित प्रेम कथा ही रूपक का आधार है । चारुदत्त उज्जयिनी (अवन्तिपुरी) का एक दरिद्र एव चरित्र सम्पन्न ब्राह्मण युवक है जिसे समाज मे बडा आदरणीय स्थान प्राप्त है । वसन्त सेना उज्जयिनी की एक रूपवती, गुणवती तथा धन सम्पन्न गणिका है । वह चारुदत्त के गुणो से आकृष्ट होकर उससे वास्तविक प्रम करती है, साधारण वेश्याओ के समान धन से आकृष्ट होकर नही । मृच्छकटिक प्रकरण है । मृच्छकटिक मे दस अक हैं तथा शूद्रक ने 'मृच्छकटिक के प्रत्येक अक को उसकी मुख्य घटना के आधार पर एक विशेष नाम दिया है । मृच्छकटिक की कथावस्तु पूर्ण है ।

कथासार

प्रथम अंक

प्रस्तावना–

'मृच्छकटिक' मे नान्दी के दो श्लोकों के अनन्तर सूत्रधार रंगमंच पर प्रवेश करता है वह प्रेक्षकों को शूद्रक, उसकी कृति, चारुदत्त एवं वसन्तसेना का परिचय देता है। वह प्रारम्भ मे संस्कृत बोलता है, किन्तु बाद मे कार्यवश प्राकृत। अपने घर मे भोजन का असाधारण प्रबन्ध देख कर वह चकित हो जाता है। नटी उसे बताती है कि यह 'अभिरूप पति' नामक व्रत के लिए है। नटी के कहने पर वह किसी ब्राह्मण को निमंत्रित करने जाता है। मार्ग मे मिले हुए मैत्रेय (विदूषक) को वह निमन्त्रित करता है, किन्तु वह उत्तम भोजन और दक्षिणा के प्रलोभन दिये जाने पर भी निमन्त्रण स्वीकार नही करता। तब सूत्रधार किसी अन्य ब्राह्मण को निमंत्रित करने जाता है और प्रस्तावना समाप्त हो जाती है। शूद्रक ने प्रस्तावना को 'आमुख' नाम दिया है।

'मृच्छकटिक' के प्रथम अंक के प्रथम दृश्य में मैत्रेय, चारुदत्त के मित्र जूर्ण-वृद्ध का दिया हुआ जातीकुसुम से सुगंधित उत्तरीय लेकर चारुदत्त के घर जाता है। चारुदत्त विदूषक से मातृदेवियो को बलि अर्पित करने के लिए चतुष्पथ पर जाने की प्रार्थना करता है किन्तु वह अकेला नही जाना चाहता। चारुदत्त उससे कुछ देर रुकने के लिए कह कर समाधि के निमित्त चला जाता है।

द्वितीय दृश्य मे शकार, विट और चेट के साथ वसन्तसेना का राजमार्ग पर पीछा करता है। शकर की मूर्खतापूर्ण उक्ति से उसे समीप स्थित चारुदत्त के भवन का ज्ञान हो जाता है, किन्तु द्वार बन्द है। शकार अपनी विचित्र उक्तियों से अपनी मूर्खता का परिचय देता है, किन्तु विट अपनी बुद्धिमत्ता एव वसन्त सेना के प्रति सहानुभूति को प्रदर्शित करता है।

तृतीय दृश्य मे चारुदत्त विदूषक से पुनः मातृ देवियों को बलि प्रदान करने का अनुरोध करता है। चारुदत्त अपनी दरिद्रता का स्मरण कर दुःखी होता है। वह रदनिका के साथ बाहर आता है। वसन्तसेना दीपक बुझा देती है। विदूषक दीपक जलाने अन्दर जाता है तो अंधकार में वसन्तसेना भी प्रविष्ट हो जाती है। बाहर शकार रदनिका को वसन्तसेना समझ कर पकड़ लेता है। विदूषक बाहर आकर उसे पीटने दौड़ता है किन्तु विट के समझाने पर शान्त हो जाता है। अन्त मे शकार वसन्तसेना को न लौटाने पर चारुदत्त को मरणान्तिक वैर की धमकी देकर चला जाता है।

चतुर्थ दृश्य मे चारुदत्त वसन्तसेना को रदनिका समझ कर अपने पुत्र रोहसेन को अन्दर ले जाने को कहता है। उसे वह अपनी उत्तरीय भी देता है। कुछ समय बाद विदूषक और रदनिका प्रवेश करते हैं तब चारुदत्त वसन्तसेना को पहचानता है। जाने से पूर्व वसन्तसेना अपने आभूषण जमानत के रूप मे चारुदत्त के पास रख देती है। चारुदत्त और विदूषक वसन्तसेना को उसके घर पहुँचा देते हैं। इस अंक का नाम 'अलङ्कार न्यास है।

द्वितीय अंक

मृच्छकटिक के द्वितीय अक के प्रथम दृश्य में मदनिका के साथ चारुदत्त विषयक वार्तालाप करती हुई वसन्तसेना से एक चेटी आकर कहती है कि माता की आज्ञा से आप स्नान करके पूजा करें किन्तु वह मना कर देती है। मदनिका द्वारा उद्विग्नता के विषय मे पूछने पर वसन्तसेना अपना चारुदत्त विषयक प्रेम प्रकट करती है। मदनिका द्वारा चारुदत्त की दरिद्रता का स्मरण दिलाने पर भी वसन्तसेना का प्रेम कम नही होता।

द्वितीय दृश्य मे सवाहक जुए मे हारकर एक शून्य देवालय मे शरण लेता है। माथुर और द्यूतकार उसे खोजते हुए वहाँ आकर जुआ खेलने लगते है। सवाहक भी बीच मे आ जाता है। माथुर और द्यूतकर उसे पकड कर पीटते है। तभी दर्दुरक वहाँ आकर सवाहक की रक्षा करता है। वह माथुर से झगडा करता है और उसकी आखो मे धूल डाल देता है। सवाहक और दर्दुरक वहाँ से भाग जाते हैं।

तृतीय दृश्य मे सवाहक वसन्तसेना के घर मे शरण लेता है। वह चारुदत्त का सेवक रहा है, यह जानकर वसन्त सेना बहुत प्रसन्न होती है। यह जानने पर कि जुए मे हारे हुए धन के लिए माथुर और द्यूतकर उसका पीछा कर रहे हैं, वह उन्हे आभूषण भिजवा देती है। सवाहक शाक्यश्रमण होने की इच्छा प्रकट करता है।

चतुर्थ दृश्य मे कर्णपूरक प्रवेश करता है। वह वसन्त सेना को उसके खुण्टमोडक नामक मस्त हाथी से एक परिव्राजक की प्राण रक्षा के अपने शौर्य का समाचार सुनाता है। चारुदत्त से प्राप्त एक प्रावारक को वह वसन्त सेना को देता है वसन्त सेना उसे ओढकर बडी प्रसन्न होती है और चारुदत्त को देखने के लिए चेटी के साथ भवन की छत पर जाती है। इस अक का नाम 'द्यूतकरसवाहक' है।

तृतीय अंक

'मृच्छकटिक' के तृतीय अक के प्रथम दृश्य मे चारुदत्त का चेट रंगमच पर प्रवेश करता है। अर्ध रात्रि व्यतीत होने पर भी चारुदत्त के घर न लौटने पर वह चिन्तित होता है।

द्वितीय दृश्य मे चारुदत्त और विदूषक रेभिल के घर मे सगीत सुन कर आते हैं। चारुदत्त सगीत और वीणा की प्रशसा करता है। घर आकर पैर धोकर वे सोना चाहते हैं। चेट वसन्तसेना का सुवर्ण भूषण का पात्र रक्षा करने को विदूषक को दे देता है। दोनो सो जाते हैं।

तृतीय दृश्य मे ब्राह्मण–चोर शर्विलक सेंध लगा कर चारुदत्त के घर मे प्रवेश करता है। विदूषक नीद मे बर्राता है। और स्वप्न में भी चारुदत्त को सौगन्ध देकर सुवर्ण भाण्ड दे देता है जिसे शर्विलक ले लेता है। तभी रदनिका जाग जाती है। शर्विलक भाग जाता है।

चतुर्थ दृश्य मे रदनिका शोर करती है। चारुदत्त और विदूषक जागते हैं। चारुदत्त सेंध की आकृति की प्रशसा करता है। विदूषक कहता है अच्छा हुआ मैंने सुवर्णभाड तुम्हें दे दिया था। चारुदत्त चकित होता। यह जानकर कि चोर निराश नहीं गया है, वह प्रसन्न होता है। उसे इसका दु ख है कि लोग वास्तविकता पर विश्वास नही करेंगे और उसकी अपकीर्ति होगी। चारुदत्त की पत्नी धूता यह जान कर पति के यश की रक्षा के लिए अपनी अमूल्य रत्नावली दे देती है। चारुदत्त उसे विदूषक से वसन्तसेना के घर भेज देता है और वर्धमानक का सेंध बन्द करने का आदेश देकर सध्या करने चला जाता है इस अ क का नाम 'सन्धिच्छेद' है।

चतुर्थ अ क

'मृच्छकटिक' के चतुर्थ अ क के प्रथम दृश्य मे वसन्तसेना स्वरचित चारुदत्त के चित्र को मदनिका को दिखाती है। एक चेटी वसन्तसेना को सूचित करती है कि राजा के साले शकार की गाडी आ गई है माता की आज्ञा है कि वह जाये, किन्तु वसन्तसेना जाना अस्वीकार कर देती है।

द्वितीय दृश्य मे शर्विलक वसन्त सेना के घर मे प्रविष्ट होता है। वह मदनिका को दासता से मुक्त कराने के लिए चुराये हुए अलकार देता है। मदनिका उन्ह पहचान जाती है। वह उसे उन्ह वसन्तसेना को देने की सलाह देती है। दोनो के वार्तालाप को वसन्तसेना सुन लेती है। शर्विलक चारुदत्त के प्रतिनिधि के रूप मे अलकार वापस कर देता है। वसन्तसेना मदनिका को उसकी वधू बना कर मुक्त कर देती है।

तृतीय दृश्य मे शर्विलक राजा पालक के द्वारा अपने मित्र गोपालदारक आर्यक की कैद की घोषणा सुनता है। वह मदनिका को रेभिल के घर भेज देता है और स्वय अपने मित्र को कैद से मुक्त कराने चला जाता है।

चतुर्थ दृश्य मे विदूषक मैत्रेय वसन्तसेना के घर जाता है। वह कहता है कि चारुदत्त ने यह रत्नमाला भेजी है, क्योकि वह उसके समस्त आभूषण जुए मे हार गया है। वसन्तसेना रत्नमाला ले लेती है और सन्देश भेजती है कि वह सायकाल

उससे मिलने आयेगी तत्पश्चात वह उससे मिलने जाती है। इस अंक का नाम 'मदनिका शर्विलक' है।

पंचम अंक

'मृच्छकटिक' के पंचम अंक के प्रथम दृश्य में विदूषक वसन्तसेना के भवन से लौटकर चारुदत्त को सूचित करता है, कि वसन्तसेना ने रत्नावली स्वीकार कर ली है और वह सायंकाल उससे मिलने आयेगी।

द्वितीय दृश्य में वसन्तसेना का चेट चारुदत्त के समीप जाकर वसन्तसेना के आगमन की सूचना देता है।

तृतीय दृश्य में वसन्तसेना और विट चारुदत्त के घर की ओर वर्षा में जाते हुए दिखाई देते हैं। दोनों वर्षा तथा मेघ का सुन्दर वर्णन करते हैं। चारुदत्त की वाटिका में प्रवेश करने के पूर्व वसन्त सेना विट को वापस भेज देती है।

चतुर्थ दृश्य में चारुदत्त वसन्तसेना का स्वागत करता है। विदूषक के द्वारा वसन्तसेना के आगमन का कारण पूछे जाने पर वसन्तसेना की चेटी बताती है कि मेरी स्वामिनी वह रत्नावली अपनी समझ कर जुएँ में हार गई है, उसके बदले में यह सुवर्ण भाण्ड ले लें। चारुदत्त और विदूषक उसे देखकर चकित हो जाते हैं। अन्त में सुवर्ण भाण्ड की प्राप्ति की वास्तविकता का पता चलने पर सब प्रसन्न होते हैं। रात्रि में वसन्तसेना चारुदत्त के घर में ही निवास करती है। इस अंक का नाम 'दुर्दिन' है।

षष्ठ अंक

प्रथम दृश्य में चेटी वसन्तसेना को जगाकर सूचित करती है कि चारुदत्त पुष्प करण्डक जीर्णोद्यान गये हैं और वहां आपको भी बुलाया है। वह प्रसन्न होती है। वसन्तसेना रत्नावली को धूता के समीप भेजती है, किन्तु वह उसे वापस कर देती है।

द्वितीय दृश्य में रदनिका चारुदत्त के पुत्र रोहसेन के साथ प्रवेश करती है। वह उसे खेलने के लिए मिट्टी की गाडी देती है किन्तु वह सोने की गाडी मांगता है और रोता है। वसन्तसेना सोने की गाडी बनवाने के लिए अपने आभूषण दे देती है।

तृतीय दृश्य में चारुदत्त का चेट वर्धमानक वसन्तसेना को ले जाने के लिए गाडी लेकर आता है। वह बिछौना भूल गया है अतः उसे लेने चला जाता है। तभी शकार का चेट स्थावरक भी गाडी लेकर आता है। भीड़ के कारण वह चारुदत्त की वाटिका के समीप गाडी रोक देता है और दूसरी गाडी का फंसा हुआ पहिया निकालने में सहायता देता है। तभी वसन्तसेना आकर भूल से उस गाडी में बैठ जाती है और स्थावरक उसे ले जाता है। उसी समय कारागृह से भागा हुआ आर्यक

चारुदत्त की गाड़ी मे बैठ जाता है। वर्धमानक समझता है कि वसन्तसेना इसमे बैठ गई है और गाडी लेकर पुष्पकरण्डक उद्यान चला जाता है।

चतुर्थ अंक मे नगर रक्षक चन्दनक और वीरक चारुदत्त की गाडी को रोकते हैं वीरक के कहने से चन्द्रनक गाड़ी के भीतर देखता है। आर्यक उससे जीवन की भिक्षा माँगता है। चन्दनक उसे अभयदान देता है। वह वीरक से कहता है इसमें वसन्तसेना जा रही है। वीरक उस पर विश्वास नही करता। दोनो मे झगडा होता है। चन्दनक वीरक को पीटता है और वर्धमानक को गाडी ले जाने का सकेत कर देता है। वह आर्यक को रक्षा के निमित्त एक तलवार भी देता है। आर्यक चन्दनक को विश्वास दिलाता है कि वह राजा होने पर उसका स्मरण रखेगा। इस अंक का नाम 'प्रवहणविपर्यय' है।

सप्तम अंक

सप्तम अंक अपेक्षाकृत बहुत छोटा है इसमे केवल एक अंक है। चारुदत्त और विदूषक वसन्तसेना की प्रतीक्षा करते हैं। गाड़ी आने पर विदूषक उसके अन्दर किसी पुरुष को देखकर डर जाता है। चारुदत्त के देखने पर आर्यक शरण की प्रार्थना करता है। चारुदत्त उसे अभयदान देकर बन्धन मुक्त कर देता है और स्वय भी राजा पालक के भय से विदूषक के साथ वहाँ से शीघ्र चला जाता है। इस अंक का नाम 'आर्यकापहरण' है।

अष्टम अंक

प्रथम दृश्य में भीगा हुआ चीवर लेकर भिक्षु प्रवेश करता है। शकार और विट भी वहाँ आते हैं। शकार भिक्षु पर जीर्णोद्यान की पुष्करिणी मे चीवर धोने तथा जन्म से ही भिक्षु न होने का अपराध लगाकर पीटता है। विट उसकी रक्षा करता है। भिक्षु शकार की प्रशसा करता हुआ भाग जाता है।

द्वितीय दृश्य मे स्थावरक गाड़ी लाता है। शकार उस पर चढकर वसन्तसेना को उसमे देखकर डर जाता है। विट के देखने पर वह उससे शरण की याचना करती है। विट शकार से कहता है कि गाड़ी मे राक्षसी है अत. पैदल नगर चलना चाहिए। शकार के सहमत न होने पर विट बता देता है कि गाडी मे वसन्तसेना है। शकार विट से वसन्तसेना को मारने को कहता है किन्तु उसके मना करने पर वह चेट से कहता है। चेट के भी न मानने पर वह उसे पीटता है। चेट के चले जाने पर वह विट से कहता है कि उसके सामने वसन्तसेना उसे स्वीकार नही करेगी, अतः वह चला जाए और चेट को खोजे। विट के चले जाने पर वह वसन्तसेना के समक्ष प्रेम-प्रस्ताव रखता है, किन्तु उसके अस्वीकार करने पर वह उसे गला दबाकर मूर्छित कर देता है।

तृतीय दृश्य मे विट और चेट शकार के समीप आते हैं। शकार विट के पूछने पर बताता है कि मैंने वसन्तसेना को मार दिया। वह उसे मूर्छित वसन्तसेना को भी दिखाता है। विट दुखी होकर शकार को छोडकर शर्विलक के समीप चला जाता है। शकार वसन्तसेना के मूर्छित शरीर को सूखे पत्तो में ढककर चारुदत्त पर मिथ्या हत्या का अभियोग लगाने न्यायालय चला जाता है।

चतुर्थ दृश्य मे भिक्षु उद्यान मे अपना चीवर फैलाते समय पत्तों में ढके वसन्तसेना के हाथ को देखकर पत्ते हटाता है और वसन्तसेना को पहचान लेता है। उसके होश में आने पर वह उसे विहार मे लाता है। इस अक का नाम 'वसन्त-सेना मोटन' है।

नवम अक

नवम अक मे न्यायालय का दृश्य है शकार यह सूचित करता है कि वसन्त-सेना की पुष्पकरण्डक जीर्णोद्यान मे किसी के धन के लिए गला घोट कर हत्या कर दी है। वसन्तसेना की मा के यह सूचित करने पर कि वह चारुदत्त के घर गई थी, अधिकरणिक चारुदत्त को बुलाते हैं। वह सूचित करता है कि वसन्तसेना तो अपने घर गई।

द्वितीय दृश्य मे क्रुद्ध वीरक प्रवेश करता है। वह चन्दनक से हुए झगड़े की सूचना देता है और बताता है कि चारुदत्त की गाडी से वसन्तसेना जीर्णोद्यान जा रही थी। अधिकरणिक के आदेश से वह जीर्णोद्यान जाता है और आकर सूचित करता है कि वहाँ एक मृत स्त्री पडी है।

तृतीय दृश्य मे विदूषक वसन्तसेना के आभूषण लेकर न्यायालय मे आता है। शकार के साथ उसका झगडा होता है और उसकी बगल से आभूषण गिर पडते हैं। शकार कहता है कि इन आभूषणो के लिए ही चारुदत्त ने वसन्तसेना की हत्या की है। चारुदत्त यह स्वीकार करता है कि वे आभूषण वसन्तसेना के है किन्तु वह यह नहीं बता पाता कि ये उससे अलग कैसे हुए। न्यायाधीश अभियोग सिद्ध मान लेते है और चारुदत्त को धन-सहित नगर से निकालने की राजा से अनुशसा करते हैं किन्तु राजा पालक उसे प्राण दण्ड देता है। इस अक का नाम 'व्यवहार' है।

दशम अक

दशम अक के प्रथम दृश्य मे चाण्डाल चारुदत्त को वध-स्थान ले जाते हैं। विदूषक रोहसेन के साथ वहा आता है। दोनों चाण्डालो से कहते हैं कि चारुदत्त को छोड दो और उसके स्थान पर हमारा वध कर दो। तभी शकार का चेट आकर कहता है कि वसन्त सेना को चारुदत्त ने नहीं शकार ने मारा है किन्तु शकार कहता है कि

इसने मेरा सुवर्ण चुराया था और मैंने इसे मारा था, अत यह झूठ बोल रहा है। अधिकरणिक उसकी बात मान लेते हैं।

द्वितीय दृश्य मे चारुदत्त के घर जाते हुए भिक्षु और वसन्तसेना चारुदत्त के अपराध और दण्ड की घोषणा सुनते हैं । दोनो शीघ्र वध-स्थान जाते हैं। एक चाण्डाल के हाथ से तलवार गिर पडने पर वे चारुदत्त को शूली पर चढाना चाहते हैं। वसन्तसेना के वहाँ पहुँचने पर वे चारुदत्त को छोड देते हैं। शकार भाग जाता हैं। चारुदत्त, वसन्तसेना और भिक्षु को पहचान कर प्रसन्न होता है।

तृतीय दृश्य में शर्विलक प्रवेश करके चारुदत्त को गोपालदारक आर्यक के द्वारा पालक के वध की सूचना देता है। तभी शकार को भी कुछ व्यक्ति पकड कर लाते हैं। वह चारुदत्त से शरण याचना करता है और चारुदत्त उसे अभयदान दे देता है।

चतुर्थ दृश्य मे चन्दनक सूचित करता है चारुदत्त के वध के कारण दुखी होकर धूता चिता सजा कर आत्म हत्या करना चाहती है। चारुदत्त शीघ्रता से वहा जाकर उसे रोकता है। धूता और वसन्त सेना परस्पर प्रेम से आलिंगन करती हैं। राजा आर्यक वसन्तसेना को वधू शब्द से अलकृत करते हैं। भिक्षु को समस्त विहारों का कुलपति बना दिया जाता है। दोनो चाण्डालो को चाण्डालो का अधिपति बना दिया जाता है। चन्दनक को पृथ्वी दण्डपालक का पद प्राप्त होता है। भरत वाक्य के साथ ही 'मृच्छकटिक' की समाप्ति होती है। इस अक का नाम 'सहार' है।

मृच्छकटिक की कथावस्तु का स्रोत

सन् १९१२ मे भास के नाटको के प्रकाशित होने से तथा मृच्छकटिक के प्रथम चार अको मे अत्यधिक समानता होने मे अब संस्कृत के विद्वान प्राय मृच्छकटिक को मूल मानते हैं, किन्तु देवधर, जागीरदार तथा परान्जपे आदि कुछ विद्वानो का मत है कि रगमच पर अभिनय की दृष्टि से अधिक उपयोगी बनाने के लिए यह मृच्छकटिक का सक्षिप्त रूप है। देवधर महोदय का कथन है—

I need only assert here my views that the Charudatta is abrrdged form the first four acts of the Mrikshakatic, with a few additions and numerous alterations particularly in the verse portions—[1]

करमरकर महोदय का कथन है कि—

Charudatta or Dridra Charudatta bears such a close resem

1—सी० आर० देवधर—'चारु दत्त'—इन्ट्राडक्शन—पृ० ५।

blance to the Mrikshakatic that there is no doubt that either the Mrikshakatic is an elaboration of the Charudatta, or the Charudatta is an abridged version of the Mrikshakatic

किन्तु भास निश्चित रूप से शूद्रक के पूर्ववर्ती हैं तथा भाषा, भाव और शैली की दृष्टि से भी मृच्छकटिक से पहले की रचना प्रतीत होती है। अतः यह मानना ही उचित है कि मृच्छकटिक की कथा का स्त्रोत है तथा कथा का मूल सम्भवत बृहत्कथा है।

जहाँ तक मृच्छकटिक की कथावस्तु का प्रश्न है, मृच्छकटिक की कथावस्तु के दो भाग है —

१–प्रथम चारुदत्त एव वसन्त सेना की प्रणय कथा तथा,

२–द्वितीय आर्यक की राज्य प्राप्ति।

द्वितीय भाग का 'चारुदत्त' मे सर्वथा अभाव है। दोनो प्रकरणो मे शब्द एव अर्थ दोनो प्रकार का साम्य है। अनेक वाक्य, पद्य एव सवाद दोनो मे समान हैं। 'मृच्छकटिक' के प्रथम चार अक 'चारुदत्त' के चारो अको के रूपान्तर मात्र हैं। 'चारुदत्त' का वर्णन सरल और सक्षिप्त शैली मे है किन्तु मृच्छकटिक' का अपेक्षाकृत विस्तृत एव अलकृत शैली मे। अत विद्वानो का विचार है कि 'चारुदत्त' मूल है और 'मृच्छकटिक' इसका परिवर्द्धित रूप। इस विषय मे सुकथन्कर महोदय का विचार है कि—

'मृच्छकटिक की अपेक्षा चारुदत्त की प्राकृत प्राचीन है। मृच्छकटिक' के पद्य अधिक सुन्दर है। यदि हम 'चारुदत्त' को मृच्छकटिक पर आधारित मानें तो यह बड़े आश्चर्य की बात है कि 'चारुदत्त' के पद्य एव गद्य अपेक्षाकृत अधिक निकृष्ट क्यों हैं। 'चारुदत्त' के लेखक ने मृच्छकटिक' के सुन्दर वाक्यो एवं भाषा का प्रयोग क्यो नही किया। व्याकरण सम्बन्धी अनेक अशुद्धियाँ 'चारुदत्त' मे हैं किन्तु 'मृच्छकटिक' मे नही। अत. हम सुकथन्कर महोदय के ही शब्दो मे कह सकते हैं—

It is easy to understand–the evolution of a Mrikshakatic version from a Charudatta version, but not vice versa

जी० के भट्ट महोदय का भी यही विचार है—

It appears to be more probable, therefore, that Sudrak based his play on Bhas's Charudatta

१–आर० डी० करमरकर–'इन्ट्रोडक्शन टु मृच्छकटिक'—पृ०–८।
२–जी० के भट्ट 'प्रिफेस टु मृच्छकटिक पृ०–३१।
३–जी० के भट्ट–प्रिफेस टु मृच्छकटिक पृ०–३२।

डा० श्री निवास शास्त्री इस विषय मे कहते हैं—

अत यही युक्तिसंगत है कि 'चारुदत्त' नाटक 'मृच्छकटिक' से प्राचीन है और वही 'मृच्छकटिक' की कथा का आधार है ।[1]

कान्तानाथ शास्त्री तैलग भी 'चारु दत्त' को मृच्छकटिक' का आधार मानना ही उचित समझते हैं ।[2]

अत यह निश्चित है कि 'मृच्छकटिक' का स्रोत 'चारुदत्त' है तथा 'चारुदत्त' के स्रोत के रूप मे हम 'बृहत्कथा' को स्वीकार कर सकते हैं।

मूल कथानक मे परिवर्तन

यह तो निश्चित ही है कि शूद्रक के 'मृच्छकटिक' का आधार भासकृत 'चारु दत्त' ही है किन्तु नाटकीय तत्त्व को अधिक प्रभावशाली एव रुचिकर बनाने की दृष्टि से शूद्रक ने 'चारुदत्त' के कथानक मे अपनी उर्वर कल्पनाशक्ति से कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तन किये हैं, जिन पर दृष्टिपात करना परम आवश्यक है—

१—'चारुदत्त' के प्रथम अक के प्रारम्भ मे यह निर्दिष्ट नहीं किया गया है कि विदूषक चारुदत्त के घर किस अभिप्राय से जाता है किन्तु 'मृच्छकटिक मे यह स्पष्ट निर्देश है कि वह चारुदत्त के मित्र चूर्णवृद्ध के द्वारा दिये गये उत्तरीय को लेकर ही जाता है ।

२—'मृच्छकटिक' के प्रथम अक के प्रथम दृश्य के अन्त मे चारुदत्त को समाधि मे लीन दिखाया गया है, जो द्वितीय दृश्य मे भी चलती है, किन्तु 'चारुदत्त' मे ऐसा नहीं है ।

३—'मृच्छकटिक' के प्रथम अक के अन्त मे चारुदत्त और विदूषक दोनो वसन्तसेना को उसके घर पहुँचाने जाते हैं, किन्तु 'चारुदत्त' मे केवल विदूषक ही जाता है ।

४—'मृच्छकटिक' के द्वितीय अक मे द्यूतकर, माथुर और सवाहक के द्यूत का बडा रोचक और विशद वर्णन है कि 'चारुदत्त' मे इसका अभाव है ।

५—'चारुदत्त' के चतुर्थ अक मे शर्विलक वसन्तसेना के भवन मे प्रवेश कर मदनिका को उच्च स्वर से बुलाता है, किन्तु 'मृच्छकटिक' मे वसन्तसेना मदनिका को पंखा लेने भेज देती है । और शर्विलक अवसर पाकर उसी समय मदनिका को देखकर बुलाता है ।

६—'चारुदत्त' के चतुर्थ अक मे पहले विदूषक वसन्तसेना को रत्नावली समर्पित करके चला जाता है । तत्पश्चात् शर्विलक चुराये गये आभूषणो को उसे देता है,

१—डा० श्री निवास शास्त्री–मृच्छकटिक भूमिका पृ०–२४ ।

२—कान्तानाथ शास्त्री तैलग–मृच्छकटिक समीक्षा पृ०–११ ।

किन्तु 'मृच्छकटिक' में पहले शर्विलक आभूषण देकर मदनिका के साथ चला जाता है और बाद में विदूषक आकर रत्नावली वसन्तसेना को देता है। परिणामस्वरूप चारुदत्त की उदारता का वसन्तसेना के हृदय पर अच्छा प्रभाव पड़ता है और वह अभिसरण के लिए तत्काल चल देती है।

७–'मृच्छकटिक' में तिथि आदि की कोई सूचना नहीं दी गई है, किन्तु 'चारुदत्त' में उसका स्पष्ट निर्देश है। 'चारुदत्त' का प्रथम अंक षष्ठी तथा तृतीय 'अष्टमी' को होना है।

८–'चारुदत्त' में गोपालदारक आर्यक एवं पालक के राजनीतिक कथानक का कोई संकेत नहीं है, किन्तु 'मृच्छकटिक' में मुख्य कथानक की प्रगति में इसका विशेष स्थान है।

९–'मृच्छकटिक' में वसन्तसेना के भवन एवं उसके अनेक प्रकोष्ठों का विस्तृत एवं रोचक वर्णन विदूषक के द्वारा किया गया है किन्तु 'चारुदत्त' में केवल चार पंक्तियों में ही उसका वर्णन है। कथानक के इन मुख्य परिवर्तनों के अतिरिक्त भी शूद्रक ने कुछ परिवर्तन किये हैं किन्तु वे उतने महत्त्वपूर्ण नहीं हैं।

मृच्छकटिक का नामकरण

प्रत्येक नाटककार को अपनी कृति को ऐसा नाम देना चाहिए जो उसकी कथा वस्तु का परिचायक हो अर्थात् उसके गर्भित अर्थ को प्रकट करता हो। साहित्यदर्पणकार विश्वनाथ का भी यही मत है—

'नाम कार्यं नाटकस्य गर्भितार्थ प्रकाशनम्।'[1]

'मृच्छकटिक' प्रकरण है तथा लक्षण ग्रन्थों के अनुसार प्रकरण का नाम नायक नायिका के नाम पर आधारित होना चाहिए जैसे–मालतीमाधवम्।

साहित्यदर्पणकार विश्वनाथ का इस सम्बन्ध में यह कथन है—

'नायिकानायकाख्यानात् संज्ञा प्रकरणादिषु'।[2]

अतः वस्तुतः नियमानुसार इन प्रकरणों का नाम 'वसन्तसेना चारुदत्तम्' होना चाहिए था, किन्तु ऐसा नहीं है। 'मृच्छकटिक' का नाम प्रकरण के षष्ठ अंक में वर्णित एक प्रमुख घटना पर आधारित है तथा 'चारुदत्त' का उसके नायक के नाम पर। नायक नायिका के मिश्रित नाम पर दोनों प्रकरणों में से एक का भी नाम नहीं है।

'मृच्छकटिक' के षष्ठ अंक में चारुदत्त का पुत्र रोहसेन अपने एक पड़ोसी के पुत्र को सोने की गाड़ी से खेलता हुआ देखकर स्वयं भी सोने की गाड़ी से खेलने की

१–विश्वनाथ साहित्यदर्पण–६।१४२।

२–विश्वनाथ साहित्यदर्पण–६।१४२।

जिद करता है और रोता है। चारुदत्त की दासी रदनिका उसे वसन्तसेना के समीप ले आती है। रोहसेन के रोने का कारण ज्ञात होने पर वसन्तसेना अपने आभूषणो से उसकी गाडी भर देती है जिससे वह सोने की गाडी बनवा सके। इस घटना मे प्रयुक्त होने वाली मिट्टी की गाडी (मृत-शकटिका के आधार पर ही इस प्रकरण का नाम 'मृच्छकटिकम्' पडा है। वस्तुत इस घटना का 'मृच्छकटिक' मे अत्यन्त महत्व-पूर्ण स्थान है। चारुदत्त इन आभूषणों को वसन्तसेना को वापस करने को विदूषक को देता है। न्यायालय के दृश्य में ये आभूषण शकार से झगडा करते हुए विदूषक की बगल से गिर जाते हैं तथा चारुदत्त के द्वारा वसन्तसेना की हत्या के अपराध को पुष्ट कर देते हैं। अत इस घटना का कथानक के विकास मे अत्यधिक महत्व है। अत प्रकरण का 'मृच्छकटिक' नाम यद्यपि नायक नायिका के सयुक्त नाम पर नही है, किन्तु गर्भित अर्थ का प्रकाशक तो है ही साथ ही प्रकरण की कथा जानने के लिए सहृदय सामाजिकों के हृदय में औत्सुक्य भी उत्पन्न कर देता है। जहाँ तक 'चारुदत्त' के नाम का प्रश्न है यह नायक-नायिका के सयुक्त नाम पर न होकर केवल नायक के नाम पर ही है।

कुछ आलोचकों का विचार है कि शूद्रक को अपने प्रकरण का नाम 'मृच्छ-कटिक' नही, अपितु 'सुवर्णशकटिक' रखना चाहिए था। उनका कथन है कि वस्तुत उन सुवर्णाभूषणो से वसन्तसेना चारुदत्त के हृदय मे अपने प्रति आकर्षण उत्पन्न करना चाहती थी तथा उन आभूषणो को सुवर्णशकटिका बनवाने के लिए दिया था, अत प्रकरण का नाम 'सुवर्णशकटिका' ही होना चाहिए, किन्तु वस्तुत मिट्टी की गाडी के स्थान पर ही सोने की गाडी की याचना की जाती है, अतः मूल मृत्शक-टिका ही है, सुवर्ण शकटिका नही, अतएव 'मृच्छकटिकम्' नाम ही उपयुक्त और उचित है, 'सुवर्णशकटिक' नहीं।

कुछ विद्वानो का विचार है कि इस नाम के द्वारा शूद्रक हमें एक नैतिक शिक्षा देना चाहते हैं कि हमे अपनी परिस्थिति से सतुष्ट रहना चाहिए तथा दूसरो की उन्नति से ईर्ष्या नही करनी चाहिए। रोहसेन अपनी स्थिति (मिट्टी की गाडी) से सन्तुष्ट नहीं है और अपने पडोसी के बच्चे की उच्च अवस्था (सुवर्णशकटिका) से ईर्ष्या करता है और स्वय उसकी कामना करता है। परिणामस्वरूप उसे विपत्ति को सहना पडता है। इसी प्रकार चारुदत्त अपनी धर्मपत्नी धूता से सतुष्ट नहीं है और वसन्तसेना की कामना करता है। फलस्वरूप उसे कष्ट सहन करना पडता है। अत मृच्छकटिक' को हम असन्तोष का प्रतीक मान सकते हैं और यह नाम ही अधिक उपयुक्त है। कुछ अन्य समालोचकों का मत है कि नियति भविष्य मे होने वाली शुभ अथवा अशुभ घटनाओ को हमे किसी न किसी रूप में सूचित कर देती है रोहसेन के द्वारा अपनी मिट्टी की गाडी को सोने की गाडी से बदलने की घटना

भविष्य मे घटित होने वाली प्रवहण विपर्यय की घटना का सकेत करती है। जो प्रकरण की एक प्रमुख घटना है। इसके कारण ही नायक तथा नायिका को अनेक कष्टो को सहन करना पडता है। अत इसकी सूचना देने के कारण तथा मिट्टी की गाडी के परित्याग के कारण अनेक दु खो को सहन करने के कारण ही इसका नाम 'मृच्छकटिकम्' है।

इसके अतिरिक्त प्रकरण का नाम 'मृच्छकटिक' यह भी सकेत करता है कि हमे ससार मे किसी भी वस्तु को उसके बाह्य साधारण रूप के कारण ही हेय और त्याज्य नही मान लेना चाहिए और न उसके बाह्य सुन्दर रूप के कारण उत्कृष्ट एवं उपादेय मानना चाहिए। हमे वस्तु के वास्तविक गुणो एव दोषो का विवेचन करके ही उनका मूल्याकन करना चाहिए। अत 'सुवर्णशकटिक' के स्थान पर 'मृच्छकटिक' ही अधिक सुन्दर नाम है।

'मृच्छकटिक' की नाट्यशास्त्र की दृष्टि से तुलनात्मक समीक्षा

नाट्यशास्त्र के आचार्यों के अनुसार रूपक की कथावस्तु दो प्रकार की होती है—आधिकारिक तथा प्रासङ्गिक। अधिकारिक कथावस्तु मुख्य होती है तथा प्रासगिक अङ्गरूप। यथा—

'तत्राधिकारिक मुख्यमङ्ग प्रासङ्गिक विदु।"[1]

रूपक मे फल का स्वामित्व ही अधिकार कहलाता है तथा अधिकारी उस फल का स्वामी होता है। अधिकारी से सम्बद्ध कथावस्तु ही आधिकारिक होती है तथा प्रासगिक कथावस्तु आधिकारिक की सहायक एव उससे सम्बद्ध होती है—

'अधिकार फलस्वाम्यमधिकारी च तत्प्रभु ॥
तस्येतिवृत्त कविभिराधिकारिकमुच्यते च ॥
अस्योपकरणार्थं तु प्रासङ्गिकमितीष्यते।'[2]

'मृच्छकटिक' मे चारुदत्त एव वसन्तसेना के प्रेम की कथा आधिकारिक है तथा शर्विलक से सम्बन्धित कथा एव 'मृच्छकटिक' मे राजा पालक तथा गोपालदारक आर्यक से सम्बन्धित कथावस्तु प्रासगिक है।

अर्थ प्रकृतियाँ— नाट्यशास्त्र के आचार्यों के अनुसार रूपक मे बीज, बिन्दु, पताका, प्रकरी तथा कार्य ये पाँच अर्थ प्रकृतियाँ होती हैं—

'बीजबिन्दुपताकाख्यप्रकरी कार्यलक्षणा।
अर्थप्रकृतय पच ता एता परिकीर्तिता।'[3]

इनमे से बीज, बिन्दु तथा कार्य प्रत्येक रूपक के लिए आवश्यक एव अनिवार्य

(१) दशरूपक १। ११।
(२) साहित्य दर्पण ६। ४३–४४।
(३) दशरूपक १।१८

हैं, किन्तु पताका एव प्रकरी अनिवार्य नहीं हैं। रूपक के आरम्भ मे अल्परूप मे साकेतिक वह तत्त्व जो रूपक के फल का कारण होता है तथा कथानक मे अनेक रूप से विकसित होता है, बीज कहलाता है—

स्वल्पोद्दिष्टस्तु तद्धेतुर्बीज विस्तार्यनेकधा।[1]

+ + +

'अल्पमात्र समुद्दिष्ट बहुधा यद्विसर्पति।

फलस्य प्रथमो हेतुर्बीज तदभिधीयते।[2]

'मृच्छकटिक' के प्रथम अङ्क मे शकार का वसन्तसेना के विषय मे यह कथन 'एषा गर्भदासा कामदेवायतनात् तस्य प्रभृतिदरिद्रचारुदत्तस्य अनुरक्ता, न मां कामयते"[3] ही रूपक का बीज है। इससे वसन्तसेना का चारुदत्त के प्रति प्रेम प्रकट होता है तथा यह प्रकरण के प्रारम्भ मे अल्परूप मे सकेतित है, वसन्तसेना तथा चारुदत्त के मिलनरूप कार्य फल का कारण है एव अनेक प्रकार से प्रकरण मे विकसित होता है। इसी प्रकार 'चारुदत्त' मे भी शकार की यह उक्ति— 'आ कामदेवानुयानात प्रभृति नयनमात्र सस्थल दरिद्रसार्थवाहपुत्र चारुदत्तबटुक कामयत एषा।"[4] ही बीज है।

किसी अवान्तर घटना के द्वारा विच्छिन्न होती हुई कथा को जोडने वाला वृत्त ही विन्दु कहलाता है— "अवान्तरार्थविच्छेदे विन्दुरच्छेद कारणम।[5] 'मृच्छकटिक' के द्वितीय अङ्क मे द्यूतकर, माथुर सवाहक एव दर्दुरक के झगडे से मूलकथा विच्छिन्न होने लगती है किन्तु उसके बाद ही कर्णपूरक वसन्तसेना को चारुदत्त से पारितोषिक में प्राप्त प्रावारक देता हैं। वसन्तसेना उसे प्राप्त कर अत्यधिक प्रसन्न होती है तथा द्यूतकारो की घटना से विच्छिन्न होती हुई वसन्तसेना एव चारुदत के प्रणय की मूलकथा फिर प्रारम्भ हो जाती है। अत कर्णपूरक का दृश्य ही प्रकरण का विन्दु है। 'चारुदत्त' मे भी द्वितीय अङ्क के अन्त मे स्थित कर्णपूरक का दृश्य ही विन्दु है।

प्रासङ्गिक कथावस्तु दो प्रकार की होती है — पताका एव प्रकरी। जो प्रासङ्गिक कथा अनुबन्ध सहित होती है तथा रूपक मे दूर तक चलती है, वह पताका कहलाती है—

'सानुबन्ध पताकाख्यम्' —[6]

'व्यापि प्रासङ्गिक वृत्त पताकेत्यभिधीयते।[7]

'मृच्छकटिक' के तृतीय अङ्क मे शर्विलक चारुदत्त के घर चोरी करता है

१— दशरूपक १।१७

२— साहित्यदर्पण ६।६५—६६

३— मृच्छकटिक पृ० ५२

४— चारुदत्त पृ० २९

५— दशरूपक १।१७ तथा साहित्यदर्पण ६।६६

६— दशरूपक १।१३

७— साहित्यदर्पण ६।६७

किन्तु बाद मे वह स्वय चारुदत्त का सहायक हो जाता है। शर्विलक की कथा का मदनिका प्राप्तिरूपी फल चतुर्थ अङ्क मे ही प्राप्त हो जाता है। किन्तु यह वृत्तान्त मूलकथा के अन्त तक चलता है और शर्विलक ही अन्त मे यह घोषणा करता है कि राजा आर्यक ने वसन्तसेना को चारुदत्त की वधू के रूप मे स्वीकार कर लिया है। शर्विलक का यह वृत्त ही 'मृच्छकटिक' की मूलकथा की पताका है। 'चारुदत्त' के तृतीय अङ्क मे भी प्रस्तुत शर्विलक का वृतान्त मूलकथा की पताका है।

जो प्रासगिक कथा छोटी होती है तथा केवल एक ही प्रदेश तक सीमित रहती है प्रकरी कहलाती है—

प्रकरी च प्रदेशभाक्—[1]

+ + +

प्रासङिगक प्रदेशस्थ चरित प्रकरी मता।[2]

'मृच्छकटिक' के अष्टम अङ्क मे भिक्षु की कथा है जो वसन्तसेना की प्राणरक्षा करता है। द्वितीय अङ्क म यही भिक्षु सवाहक के रूप मे हमारे समक्ष आता है। इसने कुछ समय तक सवाहक के रूप मे चारुदत्त की सेवा की थी। पृथ्वी पर स्थित समस्त विहारो का कुलपति रूप फल उसे प्राप्त होता है। भिक्षु का यह वृत्तान्त ही 'मृच्छकटिक' की प्रकरी है। इसी प्रकार चन्दनक के वृत्तान्त को भी हम 'मृच्छकटिक' की प्रकरी मान सकते हैं। चन्दनक को भी पृथ्वी दण्डपालक रूप फल की प्राप्ति होती है। 'चारुदत्त' के द्वितीय अङ्क मे सवाहक वसन्तसेना के यहा शरण लेता है। वसन्तसेना उसकी रक्षा करती है एव उसे द्यूतकरो के ऋण से मुक्त कर देती है। सवाहक के इस वृत्त को हम 'चारुदत्त' की प्रकरी मान सकते हैं।

धर्म, अर्थ तथा काम रूप त्रिवर्ग की सिद्धि ही कार्य नामक अर्थ प्रकृति होती है। यह सिद्धि कभी तो एक ही वर्ग की, कभी दो वर्ग की तथा कभी तीनो वर्ग की हो सकती है। अथवा कार्य का अभिप्राय उस साध्य से होता है जिसके उद्देश्य स नायक अपने कृत्यो का आरम्भ करता है तथा जिसकी सिद्धि मे ही उसके कृत्यों की समाप्ति निहित होती है।

कार्य त्रिवर्गस्तच्छुद्धमेकानेकानुबन्धि च।[3]

+ + +

अपेक्षित तु यत्साध्यमारम्भो यन्निबन्धन ।

समापन तु यत्सिद्ध्यै तत्कार्यमिति समतम्।[4]

---

(१) दशरूपक १।१३ (२) साहित्यदर्पण ६।६८

(३) दशरूपक १।१६ (४) साहित्यदर्पण ६।६९-७०।

'मृच्छकटिक' में चारुदत्त का वसन्तसेना से मिलन नहीं, अपितु उसे वधूरूप में स्वीकार करना ही कथावस्तु का कार्य है, क्योंकि वसन्तसेना एक गणिका है और स्वतन्त्र है। वह चारुदत्त से प्रेम करती है चारुदत्त भी उससे प्रेम करता है। ऐसी स्थिति में उनका मिलन किसी भी समय सुलभ है। मिलन के अनेक अवसर सुलभ होने पर भी वसन्तसेना उनका लाभ नहीं उठाती। उसे तो चारुदत्त की वधू बनना ही अभीष्ट है और यह दशम अंक में ही सिद्ध होता है अतः यह प्रकरण का कार्य है। जहाँ तक 'चारुदत्त' का प्रश्न है, वह एक अपूर्ण प्रकरण है अतः उसमें कार्य नामक अर्थप्रकृति नहीं होती।

अवस्थाएं — भारतीय आचार्यों के अनुसार कथावस्तु के विकास की दृष्टि से कार्य की पाँच अवस्थाएं होती हैं— आरम्भ, यत्न प्राप्त्याशा, नियताप्ति तथा फलागम—

अवस्था पञ्चकार्यस्य प्रारब्धस्य फलार्थिभिः।[1]
आरम्भयत्नप्राप्त्याशानियताप्तिफलागमाः॥

मुख्य फल की सिद्धि के लिए जो नायक नायिका में उत्सुकता मात्र ही आरम्भ नामक अवस्था होती है—

भवेदारम्भ औत्सुक्यं यन्मुख्यफलसिद्धये।[2]

औत्सुक्यमात्रमारम्भः फललाभाय भूयसे।[3]

'मृच्छकटिक' के प्रथम अंक में वसन्तसेना की यह उक्ति अहो। जाती कुसुमवासितः प्रावारकः। अनुदासीनमस्य यौवनम् प्रतिभासते।[4] चारुदत्त के प्रति वसन्तसेना की उत्सुकता प्रकट करती है तथा चारुदत्त के द्वारा कहा गया यह श्लोक—

प्रविश गृहमिति प्रतोद्यमाना न चलति भाग्यकृता दशामवेक्ष्य।
पुरुषपरिचयेन च प्रगल्भं न वदति यद्यपि भाषते बहूनि।[5]

वसन्तसेना के प्रति चारुदत्त उत्सुकता प्रकट करता है अतः यहाँ आरम्भ अवस्था है। इसी प्रकार 'चारुदत्त' के प्रथम अंक में भी गणिका की यह उक्ति— 'अनुदासीनं यौवनमस्य पटवासगन्धः सूचयति।' कार्य की आरम्भ अवस्था है।

फल की प्राप्ति न होने पर उसे प्राप्त करने के लिये अत्यन्त शीघ्रता से जो उद्योग किया जाता है वह प्रयत्न अथवा यत्न नामक अवस्था होती है—

(१) दशरूपक १।१९ तथा साहित्यदर्पण ६।७०-७१
(२) साहित्यदर्पण ६।७१
(३) दशरूपक १।२०
(४) मृच्छकटिक पृ० ८१
(५) मृच्छकटिक पृ० ८६

किन्तु बाद मे वह स्वय चारुदत्त का सहायक हो जाता है। शर्विलक की कथा का मदनिका प्राप्तिरूपी फल चतुर्थ अङ्क मे ही प्राप्त हो जाता है। किन्तु यह वृत्तान्त मूलकथा के अन्त तक चलता है और शर्विलक ही अन्त मे यह घोषणा करता है कि राजा आर्यक ने वसन्तसेना को चारुदत्त की वधू के रूप मे स्वीकार कर लिया है। शर्विलक का यह वृत्त ही 'मृच्छकटिक' की मूलकथा की पताका है। 'चारुदत्त' के तृतीय अङ्क मे भी प्रस्तुत शर्विलक का वृत्तान्त मूलकथा की पताका है।

जो प्रासगिक कथा छोटी होती है तथा केवल एक ही प्रदेश तक सीमित रहती है प्रकरी कहलाती है—

प्रकरी च प्रदेशभाक्–[1]

\+ \+ \+

प्रासङि्गक प्रदेशस्थ चरित प्रकरी मता।[2]

'मृच्छकटिक' के अष्टम अङ्क मे भिक्षु की कथा है जो वसन्तसेना की प्राणरक्षा करता है। द्वितीय अङ्क मे यही भिक्षु सवाहक के रूप मे हमारे समक्ष आता है। इसने कुछ समय तक सवाहक के रूप मे चारुदत्त की सेवा की थी। पृथ्वी पर स्थित समस्त विहारो का कुलपति रूप फल उसे प्राप्त होता है। भिक्षु का यह वृत्तान्त ही 'मृच्छकटिक' की प्रकरी है। इसी प्रकार चन्दनक के वृत्तान्त को भी हम 'मृच्छकटिक' की प्रकरी मान सकते हैं। चन्दनक को भी पृथ्वी दण्डपालक रूप फल की प्राप्ति होती है। 'चारुदत्त' के द्वितीय अङ्क मे सवाहक वसन्तसेना के यहा शरण लेता है। वसन्तसेना उसकी रक्षा करती है एव उसे द्यूतकरो के ऋण से मुक्त कर देती है। सवाहक के इस वृत्त को हम 'चारुदत्त' की प्रकरी मान सकते है।

धर्म, अर्थ तथा काम रूप त्रिवर्ग की सिद्धि ही कार्य नामक अर्थ प्रकृति होती है। यह सिद्धि कभी तो एक ही वर्ग की, कभी दो वर्ग की तथा कभी तीनो वर्ग की हो सकती है। अथवा कार्य का अभिप्राय उस साध्य से होता है जिसके उद्देश्य मे नायक अपने कृत्यो का आरम्भ करता है तथा जिसकी सिद्धि मे ही उसके कृत्यो की समाप्ति निहित होती है।

कार्य त्रिवर्गस्तच्छुद्धमेकानेकानुबन्धि च।[3]

\+ \+ \+

अपेक्षित तु यत्साध्यमारम्भो यन्निबन्धन।

समापन तु यत्सिद्ध्यै तत्कार्यमिति समतम्।[4]

---

(१) दशरूपक १।१३ (२) साहित्यदर्पण ६।६८

(३) दशरूपक १।१६ (४) साहित्यदर्पण ६।६९-७०।

'मृच्छकटिक' में चारुदत्त का वसन्तसेना से मिलन नहीं, अपितु उसे वधूरूप में स्वीकार करना ही कथावस्तु का कार्य है, क्योंकि वसन्तसेना एक गणिका है और स्वतन्त्र है। वह चारुदत्त से प्रेम करती है चारुदत्त भी उससे प्रेम करता है। ऐसी स्थिति में उनका मिलन किसी भी समय सुलभ है। मिलन के अनेक अवसर सुलभ होने पर भी वसन्तसेना उनका लाभ नहीं उठाती। उसे तो चारुदत्त की वधू बनना ही अभीष्ट है और यह दशम अंक में ही सिद्ध होता है अतः यह प्रकरण का कार्य है। जहाँ तक 'चारुदत्त' का प्रश्न है, वह एक अपूर्ण प्रकरण है अतः उसमें कार्य नामक अर्थप्रकृति नहीं होती।

अवस्थाएँ — भारतीय आचार्यों के अनुसार कथावस्तु के विकास की दृष्टि से कार्य की पाँच अवस्थाएं होती हैं— आरम्भ, यत्न प्राप्त्याशा, नियताप्ति तथा फलागम—

अवस्था पञ्चकार्यस्य प्रारब्धस्य फलार्थिभिः ।[1]
आरम्भयत्नप्राप्त्याशानियताप्तिफलागमाः ॥

मुख्य फल की सिद्धि के लिए जो नायक नायिका में उत्सुकता मात्र हो आरम्भ नामक अवस्था होती है—

भवेदारम्भ औत्सुक्य यन्मुख्यफलसिद्धये ।[2]

+ + +

औत्सुक्यमात्रमारम्भः फललाभाय भूयसे ।[3]

'मृच्छकटिक' के प्रथम अंक में वसन्तसेना की यह उक्ति 'अहो। जाती कुसुमवासित प्रावारकः। अनुदासीनमस्य यौवनम् प्रतिभासते।'[4] चारुदत्त के प्रति वसन्तसेना की उत्सुकता प्रकट करती है तथा चारुदत्त के द्वारा कहा गया यह श्लोक—

प्रविश गृहमिति प्रतोद्यमाना न चलति भाग्यकृता दशामवेक्ष्य।
पुरुषपरिचयेन च प्रगल्भं न वदति यद्यपि भाषते बहूनि ।[5]

वसन्तसेना के प्रति चारुदत्त उत्सुकता प्रकट करता है अतः यहाँ आरम्भ अवस्था है। इसी प्रकार 'चारुदत्त' के प्रथम अंक में भी गणिका की यह उक्ति— 'अनुदासीनं यौवनमस्य पटवासगन्धः सूचयति।' कार्य की आरम्भ अवस्था है।

फल की प्राप्ति न होने पर उसे प्राप्त करने के लिए अत्यन्त शीघ्रता से जो उद्योग किया जाता है वह प्रयत्न अथवा यत्न नामक अवस्था होती है—

(१) दशरूपक १।१६ तथा साहित्यदर्पण ६।७०–७१
(२) साहित्यदर्पण ६।७१
(३) दशरूपक १।१२०
(४) मृच्छकटिक पृ० ८१
(५) मृच्छकटिक पृ० ८६

'प्रयत्नस्तु तदप्राप्तौ व्यापारोऽतित्वरान्वितः ।'[1]

\+ \+

'प्रयत्नस्तु फलावाप्तो व्यापारोऽतित्वरान्वित ।'[2]

वसन्त सेना का अभीष्ट चारुदत्त की वधू बनना ही है किन्तु अपने इस अभीष्ट फल की प्राप्ति मे सफलता न देखकर वह चारुदत्त के घर मे अलकारन्यास से अपना प्रयत्न, आरम्भ करती है। अत 'मृच्छकटिक' के प्रथम अक मे वसन्त सेना की—'भवतु एव तावत् भणिष्यामि । आर्य । यद्यैवमहमार्यस्यानुग्राह्या, तदिच्छाम्यह-मिममलङ्० कारकमार्यस्य गेहे निक्षेप्तुम् । अलङ० कारस्य निमित्तमेते पापा अनु-सरन्ति'[3] यह उक्ति यत्न नामक अवस्था का प्रारम्भ है। यह अवस्था पचम अक के अन्त तक चलती है। पचम अक मे वह अपने अलकार तथा धूता की रत्नावली लेकर चारुदत्त के घर जाती है और उसकी चेटी यह कह कर कि मेरी स्वामिनी जुए मे आपकी रत्नावली हार गई है अत यह अलकार स्वीकार कर लीजिये, अलकार देती है। यह वसन्त सेना का अपने अभीष्ट फल की प्राप्ति के लिए दूसरा प्रयत्न है। अत पचम अक के अन्त तक यत्न अवस्था है। 'चारुदत्त' मे भी प्रथम अक मे वसन्त सेना की—'तदेव करिष्यामि । यदि मे आर्य प्रसन्न अय मे अलकार इहैव तिष्ठतु । अलकार निमित्त पापा मामनुसरन्ति ।'[4] इस उक्ति से यत्न अवस्था का प्रारम्भ है, जो चतुर्थ अक के अन्त तक चलती है जहा वसन्त सेना अभिसरण के निमित्त चारुदत्त के घर जाने को प्रस्तुत है।

जहा उपाय एव विघ्नो की आशका के मध्य भी फलप्राप्ति की सम्भावना होती है वहा 'प्राप्त्याशा', नामक तृतीय अवस्था होती है—

'उपायापायशङ्०काभ्या प्राप्त्याशा प्राप्तिसम्भवः ।'[5]

'मृच्छकटिक' मे षष्ठ अक के आरम्भ मे अन्तिम अक के उस दृश्य तक जहा चारुदत्त का वध करने को उद्यत चाण्डाल के हाथ से खड्ग छूट जाता है तथा उसी समय वसन्तसेना प्रवेश कर कहती है—'आर्या एषा अह मन्दभागिनी यस्या कारणा देव व्यापाद्यते'—प्राप्त्याशा अवस्था है। कथानक के इस अश मे फलप्राप्ति आशा एव निराशा अथवा उपाय एव विघ्न के मध्य दोलायमान रहती है। षष्ठ अक मे वसन्त-सेना को चेटी से यह ज्ञात कर कि चारुदत्त पुष्पकरण्डक उद्यान गया है तथा उसे भी वहा भेजने के लिए कहा गया है, चारुदत्त से मिलने की आशा हो जाती है, किन्तु

१—दशरूपक—१/२० २—साहित्यदर्पण—६/७२ ।

३—मृच्छकटिक—पृ०—८८ ४—

५—दशरूपक—१/२३ तथा साहित्यदर्पण—६/७२

रथ—परिवर्तन के कारण जब वह शकार के समीप पहुँच जाती है तो आशा निराशा मे परिणत हो जाती है इसी प्रकार चारुदत्त को भी उद्यान मे वसन्तसेना से मिलने की आशा थी किन्तु रथ मे आर्यक को देखकर तथा न्यायालय मे फासी का आदेश सुन कर उसकी आशा निराशा मे परिवर्तित हो जाती है। अन्त मे चाण्डाल के हाथ से खड्ग छूट जाने पर तथा भिक्षु के साथ वसन्तसेना के वध-स्थल पर आ जाने से फिर निराशा आशा मे बदल जाती है। अत. यहा प्राप्त्याशा है।

विघ्नो के अभाव के कारण जहा फलप्राप्ति सुनिश्चित हो जाती है वहा नियताप्ति' नामक चतुर्थ अवस्था होती है।

'अपायाभावतः प्राप्तिर्नियताप्तिः सुनिश्चिता'।[1]

'मृच्छकटिक' के दशम अक मे वसन्तसेना के वध-स्थल पर आ जाने के पश्चात् चाण्डाल की इस उक्ति से—

'का पुनरेषासंपतता चिकुरभारेण।
मामेति व्याहरन्त्युत्थितेत एति ॥'[2]

शकार की—'हन्त। प्रत्युज्जीवितोऽस्मि'[3] इस उक्ति पर्यन्त कार्य की 'नियताप्ति' अवस्था है। वसन्तसेना के आ जाने के कारण चारुदत्त की जीवन रक्षा एवं उसका वसन्त सेना से मिलन प्रायः निश्चित हो जाता है। तत्पश्चात् चारुदत्त को वध दण्ड देने वाले राजा पालक की आर्यक द्वारा हत्या तथा दुष्ट शकार का चारुदत्त की शरण मे जाना भी कार्य सिद्धि की आशा को निश्चित कर देते हैं अतः यहा नियताप्ति है।

समस्त फल की प्राप्ति ही फलागम नामक कार्य की अन्तिम अवस्था होती है—

'समग्रफलसंपत्ति. फलयोगो यथोदितः।'[4]

\+ \+

'सावस्था फलयोगः स्याद्यः समग्रफलोदयः।'[5]

मृच्छकटिक के दशम अक के अन्त मे चारुदत्त यथा समय पहुँच कर धूता को अग्नि प्रवेश से बचा लेता है तथा शर्विलक यह घोषणा करता है कि नवीन राजा आर्यक ने वसन्त सेना को चारुदत्त की वधू के रूप मे स्वीकार कर लिया है। वस्तुत. यह ही वास्तविक फल की प्राप्ति होने के कारण फलागम नामक अन्तिम अवस्था है।

१—दशरूपक १/२१ तथा साहित्यदर्पण—६७३।
२—मृ०क० (चौ०) पृ० ५६९ ३—मृ०क० पृ० ५८९।
४—दशरूपक—१/२२ ५—साहित्यदर्पण—६/७३।

सन्धिया—नाट्यशास्त्रियो के सिद्धान्तो के अनुसार अर्थप्रकृतियो एव अवस्थाओं के योग से पाच सन्धिया उत्पन्न होती है–

'अर्थप्रकृतय पच पचावस्थासमन्विताः ।
यथासख्येन जायन्ते मुखाद्या पचसन्धय ॥'[1]

वस्तुत किसी एक प्रयोजन से परस्पर सम्बद्ध कथाशो को जब किसी अन्य प्रयोजन से सम्बद्ध किया जाता है तो वह सम्बन्ध ही सन्धि कहलाता है–'अन्तरैकार्थ सम्बन्ध सन्धिरेकान्वये सति ।'[2]

सधियो को हम कथावस्तु के स्थूलखण्ड के रूप मे ग्रहण कर सकते हैं। मुख प्रतिमुख, गर्भ विमर्श (अवमर्श) तथा उपसहृति (निवहण) ये पाच सन्धियाँ होती है– मुखप्रतिमुख गर्भ सावमर्शोपमहृति ।' बीज नामक अर्थप्रकृति तथा आरम्भ अवस्था के योग से मुखसन्धि तथा बिन्दु और यत्न के योग से प्रतिमुख सन्धि उत्पन्न होती है इसी प्रकार पताका तथा प्राप्त्याशा के योग से गर्भ सन्धि तथा प्रकरी एव नियताप्ति के योग से विमर्श सन्धिया उत्पन्न होती है किन्तु गर्भ सन्धि के लिए पताका का तथा विमर्श सन्धि के लिए प्रकरी का होना अनिवार्य नही है, कार्य नामक अर्थप्रकृति तथा फलागम नामक अवस्था के योग से उपसहृति नामक सन्धि उत्पन्न होती है।

मुखसन्धि मे नाना प्रकार के रस को उत्पन्न करने वाली बीजोत्पत्ति प्राप्त होती है। बीज और आरम्भ के समन्वय से इसके उपक्षेप, परिकर, परिन्यास, विलोभन, युक्ति, प्राप्ति, समाधान, विधान, परिभावना, उमेद, भेद तथा करण ये बारह अग होते है–

'मुखं बीजसमुत्पत्तिर्नानार्थरससम्भवा ।
अङ्गानि द्वादशैतस्य बीजारम्भसमन्वयात् ।'[3]

\+ \+

'यत्र बीजसमुत्पत्तिर्नानार्थरसम्भवा ।
प्रारम्भेण समायुक्ता तन्मुख परिकीर्तितम् ।'[4]

'मृच्छकटिक' के प्रथम अक मे प्रारम्भ से वसन्त सेना–'चतुरो मधुरश्चाय मुपन्यास ।' न युक्तमद्य ईदृशेन इह आगतया मया प्रतिवक्तुम् । 'भवतु एव तावत् भणिष्यामि ।' इस स्वगत उक्ति पर्यन्त मुखसन्धि है।

जहा बीज कभी स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो तथा कभी अपरिलक्षित हो,

१–दशरूपक–१/२२–२३ २–दशरूपक–१/२३ तथा साहित्यदर्पण ६/७५
३–दशरूपक–१/२५ ४–साहित्यदर्पण – ६/७६–७७

बहा लक्ष्यालक्ष्यरूप से बीज के प्रवर्टित होने को प्रतिमुख सन्धि कहते हैं। बिन्दु अर्थ-प्रकृति तथा प्रयत्न अवस्था के योग से उत्पन्न प्रतिमुख सन्धि के विलास, परिसर्प, विधूत, शम, नर्म नर्मद्युति प्रगमन, निरोध पर्युपासन, वज्र, पुष्प उपन्यास तथा वर्ण-संहार ये तेरह अग होते हैं।

'लक्ष्यालक्ष्यतयोद्भेदस्तस्य प्रतिमुख भवेत् ।
बिन्दुप्रयत्नानुगमादङ्गान्यस्य त्रयोदश।"[1]

मृच्छकटिक' के प्रथम अक मे वसन्त सेना—'आर्य। यद्येवम् अहमार्य-स्यानुग्राह्या तदिच्छाम्यहमिममलङ्० कारकमार्यस्य गेहे निक्षेप्तुम् ।' इत्यादि उक्ति से पचम अक के अन्त तक प्रतिमुख सन्धि है।

गर्भ सन्धि—मे देखने के पश्चात् नष्ट हुए बीज का बार बार अन्वेषण किया जाता है। यह पताका नामक अर्थ प्रकृति तथा प्राप्त्याशा नामक अवस्था के योग से उत्पन्न होती है किन्तु पताका का होना अनिवार्य नही है। प्राप्त्याशा का होना आवश्यक होता है। गर्भ सन्धि मे अमृताहरण, मार्ग रूप, उदाहरण, क्रम, सग्रह, अनुमान, ताटक। अधिबल, उद्वेग, सभ्रम तथा आक्षेप ये बारह अग होत हैं—

'गर्भस्तु दृष्टनष्टस्य बीज स्यान्वेषण मुहु ।
द्वादशाङ्ग पताका स्यान्न वा स्यात्प्राप्तिसभव ।।[2]

'मृच्छकटिक' मे षष्ठ अक के प्रारम्भ से लेकर दशम अक मे चाण्डाल के हाथ खड्ग छूट जाने पर वसन्त सेना की—'आर्या। एषा अह मन्दभागिनीयस्या कारणा देव व्यापद्यते।' इस उक्ति पर्यन्त गर्भ सन्धि है।

जहा क्रोध, व्यसन अथवा लोभ से फलप्राप्ति के विषय म विचार किया जाय तथा जहाँ गर्भ सन्धि के द्वारा बीज को प्रकट कर दिया गया हो वहा विमर्श सन्धि होती है। यह प्रकरी नामक अर्थ प्रकृति तथा नियताप्ति नामक अवस्था के योग से उत्पन्न होती है। विमर्श अथवा अवमर्श सन्धि मे अपवाद, सफेट, विद्रव, द्रव, शक्ति द्युति, प्रसग, छलन, व्यवसाय, निरोचन, प्ररोचना, विचलन, तथा आदान ये तेरह अग होते हैं—

'क्रोधेनावमृशेद्यत्र व्यसनाद्वा विलोभनात् ।
गर्भनिर्भिन्नबीजार्थ· सोऽवमर्श इति स्मृत ।"[3]

'मृच्छकटिक' के दशम अक में ही चाण्डाल की—'का पुनस्त्वरितमेपासपतता चिकुरभारेण। मामेति व्याहरन्त्युरियतहस्तेत एति ।।' इस उक्ति से शकार की—'आश्चर्यं प्रत्युज्जीवितोऽस्मि।' इत्यादि उक्ति विमर्श सन्धि है।

१–दशरूपक—१/३० २–दशरूपक—१/३६।
३–दशरूपक—१/४३

जहा रूपक की कथावस्तु के बीज से युक्त मुख आदि अर्थ जो अब तक इधर उधर बिखरे हुए पड़े रहते हैं, जब उन्हे एक अर्थ की प्राप्ति के लिए एकत्रित किया जाता है तो वहा उपसहृति अथवा निर्वहण सन्धि होती है । यह कार्य नामक अर्थ-प्रकृति तथा फलागम नामक अवस्था के सयोग से उत्पन्न होती है । निर्वहण मे सन्धि, विबोध, ग्रथन, निर्णय, परिभाषण, प्रसाद, आनन्द, समय, कृति, भाषा, उपगूहन । पूर्वभाव, उपसहार तथा प्रशस्ति ये चौदह अग होते है–

'बीजवन्तो मुखाद्यर्था विप्रकीर्णा यथायथम् ।
एकार्थ्यमुपनी यन्ते यत्र निर्वहण हि तत् ॥'

'मृच्छकटिक' के दशम अ क मे—'नेपथ्ये कलकल' इत्यादि से अक के अन्त मे भरतवाक्य तक निर्वहण सन्धि है ।

'मृच्छकटिक के सम्बन्ध मे यह ध्यान रखना चाहिए कि इनकी रचना नाट्यशास्त्र लक्षण ग्रन्थो से बहुत पूर्व की गई थी । आचार्यों ने 'मृच्छकटिक' आदि ग्रन्थो के आधार पर ही नाटयशास्त्र के सिद्धान्तो का प्रतिपादन किया, अत 'मृच्छ-कटिक मे अर्थप्रकृतियो, अवस्थाओ सन्धियो तथा सन्ध्यगो आदि से सम्बन्धित नियमो के पूर्ण परिपालन की आशा हम कैसे कर सकते हैं । जहा तक सिद्धान्तो का प्रश्न है तो मृच्छकटिक मे इन सिद्धान्तो का पालन किया गया है ।

चतुर्थ-विवेक

पात्र एव चरित्र-चित्रण

भारतीय नाट्य-साहित्य मे नेता अथवा नायक को रूपको के तीन विभेदक तत्त्वो मे से एक माना गया है । दशरूपककार धनजय ने स्पष्ट कहा है—'वस्तु नेता रसस्तेषा भेदक' ।[1] लक्षण ग्रथो मे हमे नायक नायिका भेद, उनके सहायक, प्रतिनायक और विदूषक आदि का बडा विशद और विस्तृत विवेचन प्राप्त होता है । आधुनिक रूपक अथवा नाट्य की समालोचना करते समय हम इस विभेदक तत्त्व का पात्र एव चरित्र चित्रण के रूप मे अध्ययन करते हैं । सस्कृत के पूर्ण उपलब्ध रूपको मे 'मृच्छ-कटिक' ही एक मात्र चरित्रचित्रण प्रधान प्रकरण है । सस्कृत मे 'मृच्छकटिक' एक अद्वितीय रूपक है जिसमे शूद्रक ने बडी कुशलतापूर्वक प्रेम कथा को राजनीतिक घटनाओ से सम्बद्ध किया है । सस्कृत के अन्य रूपको तथा 'मृच्छकटिक' मे एक मौलिक भेद है । अन्य रूपको मे हमारे समाज के उच्च, सभ्य एव सम्भ्रान्त समाज का ही चित्रण किया गया है । उस समय नाटककार उच्च वर्ग के पात्रो के चित्रण,

१– दशरूपक—१/४८–४९ ।

उनके अनुकूल वातावरण की सृष्टि तथा कथानक के गुम्फन मे ही अपनी नाट्य कुशलता की चरम सीमा मानते थे किन्तु शूद्रक ने इसके विपरीत एक नवीन मार्ग को अपनाकर रूपक साहित्य को एक नवीन दिशा प्रदान की—अथवा यदि हम यह कहें कि शूद्रक से पूर्व महाकवि भास ने यह नवीन प्रयोग प्रारम्भ करने का प्रयत्न किया था तो कोई अत्युक्ति नही होगी । शूद्रक ने अपनी इस रचना मे उच्च, मध्यम तथा साधारण सभी वर्गों के पात्रो की सृष्टि कर तथा उनके चरित्र का यथार्थ निरूपण कर तत्कालीन समाज का वास्तविक एव सजीव चित्र उपस्थित किया है किन्तु इसमे प्रधानता मध्यम वर्ग के पात्रो की है । यदि इसमे एक ओर द्विज सार्थवाह चारुदत्त राजा पालक और न्यायाधीश आदि उच्च वर्ग के सभ्य और सम्मानित पात्र हैं तो दूसरी ओर धूर्त, चोर, जुआरी, चेट, चाण्डाल आदि निम्न वर्ग के पात्र भी । यदि इसमे धूता के समान पतिव्रता नारी को उपस्थित किया गया है तो साथ ही वेश्याओ और गणिकाओ को भी । इसके पात्र सजीव हैं । हम किसी भी समय और किसी भी स्थान पर दैनिक जीवन मे उनके सम्पर्क मे आ सकते हैं । वे साधारण व्यक्तियो के समान रक्त और मांस से निर्मित हैं । किसी भावुक और कल्पनाशील कवि के कल्पना लोक के प्राणी नही । उनमे कही अमानवीय अथवा अति मानवीय गुण दृष्टिगोचर नही होते । 'मृच्छकटिक' मे शूद्रक ने आदर्शवादी नही यथार्थवादी दृष्टिकोण को अपनाया है । उसका वातावरण पूर्णत नैसर्गिक एव स्वाभाविक है ।

'मृच्छकटिक' के पात्रो की एक विशेषता यह है कि वे किसी वर्ग-विशेष का प्रतिनिधित्व नही करते, अपितु उनके चरित्र की कुछ मौलिक और व्यक्तिगत विशेषतायें हैं अत वे 'प्रतिनिधि' न होकर 'व्यक्ति' है अथवा 'टाइप' न होकर 'इन्डिविजुअल' है । चारुदत्त साधारण सेठो के समान ब्राह्मण श्रेष्ठी नही हैं, अपितु उसकी चारित्रिक विशेषतायें उसे आदर्श तथा सामान्य व्यक्तियो से सर्वथा पृथक् सिद्ध करती हैं । इसी प्रकार वसन्तसेना भी धन की लोभी एक सामान्य गणिका नहीं, अपितु एक गुण-ग्राहिणी आदर्श-प्रेमिका है जो विवाह कर सुखी पारिवारिक जीवन व्यतीत करने की आकाक्षा रखती है । इसी प्रकार शर्विलक, विदूषक, मैत्रेय, सवाहक, विट तथा चेट आदि सभी पात्रो के कार्यों, विचारों, व्यवहार तथा आचरण मे उनकी व्यक्तिगत विशेषतायें परिलक्षित होती हैं किन्तु हैं सभी यथार्थ जगत के सजीव प्राणी । डा० कीथ इन्हे पूर्णत 'भारतीय' मानते हैं किन्तु वस्तुत उनके समान व्यक्तियों के हमें केवल भारत के ही नगरो मे नही, अपितु ससार के किसी भी नगर मे किसी भी समय दर्शन हो सकते हैं । अत अमेरिका के प्रख्यात विद्वान डा० राइडर, जिन्होंने 'मृच्छकटिक' का अनुवाद भी किया है, इसके पात्रो को 'सार्वभौम' (कौसमोपोल्टिन) मानते हैं—तात्पर्य यह है कि उनके समान पात्र हमे विश्व के किसी भी देश के किसी भी नगर मे दृष्टिगोचर हो सकते हैं । 'मृच्छकटिक' के समस्त पात्रो का परिचय

इस प्रकार है—

मृच्छकटिक के पात्र

प्रस्तावना—सूत्रधार : प्रधान नट

१ अंक चारुदत्त : नायक, निर्धन द्विज सार्थवाह ।

मैत्रेय : विदूषक–चारुदत्त का मित्र

संस्थानक . शकार–प्रतिनायक, राजा पालक का साला ।

विट . शकार का सहचर ।

चेट . शकार का दास ।

वर्धमाक : चारुदत्त का दास ।

२ अंक— संवाहक चारुदत्त का भूतपूर्व सेवक–जुआरी–बाद मे भिक्षु

माथुर : सभिक–प्रधान द्यूतकर ।

द्यूतकर . जुआरी

दर्दुरक . जुआरी

कर्णपूरक . वसन्तसेना का सेवक

३. अंक— शर्विलक मदनिका का प्रेमी ब्राह्मण चोर

४ अंक— चेट . वसन्तसेना का दास

५ अंक— वन्धुल : वसन्तसेना का आश्रित वेश्या पुत्र

कुम्भीलक : बसन्तसेना का दास

विट बसन्तसेना का सेवक

६. अंक— रोहसेन . चारुदत्त का पुत्र

स्थावरक चेट : शकार का दास

आर्यक : गोपालक—राजा पालक का बन्दी, बाद मे राजा

वीरक : राजा पालक का बलपति (नगर रक्षक)

चन्दनक · सेनापति

९. अंक— शोधनक . न्यायालय का सेवक

अधिकरणिक : न्यायाधीश

श्रेष्ठी : एक प्रतिष्ठित सेठ, न्याय करने में अधिकरणिक का सहायक ।

कायस्थ : न्यायालय का लेखक (पेशकार)

१०. अंक—चाण्डालद्वय : फाँसी देने वाले जल्लाद ।

रंगमंच पर अनुपस्थित पात्र

चूर्णवृद्ध . चारुदत्त का मित्र

पालक : अवन्ती का राजा ।
रेभिल : चारुदत्त का गायक मित्र
सिद्ध : आर्यक की राज्य प्राप्ति का भविष्य वक्ता ।

स्त्री पात्र

प्रस्तावना— नटी : सूत्रधार की पत्नी ।
१. अंक— वसन्तसेना : नायिका—गणिका ।
रदनिका : चारुदत्त की दासी ।
२. अंक— मदनिका : वसन्तसेना की दासी, शर्विलक की प्रेमिका ।
३. अंक— धूता : चारुदत्त की पत्नी ।
५. अंक— छत्रधारिणी : वसन्तसेना की दासी ।
६. अंक— चेटी : चारुदत्त की दासी ।
९. अंक— वृद्धा : वसन्तसेना की माता ।

चारुदत्त

'मृच्छकटिक' रूपक का नायक चारुदत्त है। वह एक प्रियदर्शन, धार्मिक, सत्यवादी, सच्चरित्र, उदार, दयालु, दानी, कलाप्रिय, लोकप्रिय तथा शरणागतवत्सल आदर्श नायक है। एक प्रकरण के नायक के लिए आवश्यक समस्त गुण उसमे विद्यमान हैं। दशरूपककार धनंजय के अनुसार नायक को विनीत, मधुर, त्यागी, दक्ष, प्रियवद, लोकप्रिय, पवित्र, चतुरवक्ता, उत्तम कुलोत्पन्न, स्थिर, युवक, बुद्धि-उत्साह-स्मृति-प्रजा-कला और मान से युक्त-शूर, दृढ, तेजस्वी, शास्त्रविहित कार्य करने वाला तथा धार्मिक होना चाहिए।[1] शास्त्रीय दृष्टि से धीरोदात्त, धीरललित, धीरप्रशान्त तथा धीरोद्धत इन चार प्रकार के नायको मे से चारुदत्त धीरप्रशान्त नायक है। धनजय ने धीरप्रशान्त की परिभाषा देते हुए कहा है—

'सामान्यगुणयुक्तस्तु धीरशान्तो द्विजादिक:'[2]

जन्मना द्विज होने के साथ ही चारुदत्त नायक के प्राय. इन समस्त सामान्य गुणों से युक्त है।

चारुदत्त उज्जयिनी का निवासी एक दरिद्र ब्राह्मण युवक है। यह जन्मना तो द्विज है किन्तु कर्मणा वैश्य है। 'मृच्छकटिक' की प्रस्तावना मे सूत्रधार उसके विषय मे कहता है—

'अवन्तिपुर्यां द्विजसार्थवाहो युवा दरिद्रः किल चारुदत्तः।'[3]

१— दशरूपक—२/१—२।
२— दशरूपक—२/४।
३— मृच्छकटिक—१/६।

दशम अक मे चारुदत्त स्वय अपने को ब्राह्मण कहते हुए अपने पुत्र को उत्तराधिकार के रूप मे यज्ञोपवीत देते हुए कहता है—'अमौक्तिकमसौवर्णम् ब्राह्मणाना विभूषणम्'। वह स्वय सार्थवाह (व्यापारियो के काफिले का नेता) तथा सार्थवाह पुत्र भी है।

धार्मिकता—चारुदत्त एक धार्मिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। रगमच पर सर्वप्रथम उसके दर्शन गृह देवताओ को बलि देते हुए होते हैं। विदूषक उसके विषय मे कहता है—

'एष आर्यचारुदत्त सिद्धीकृतदैवकार्यो
सहदेवताना वलि हरन्नित एवागच्छति।'[१]

\+ \+ \+

वह नित्य नैमित्तिक रूप से सन्ध्यावन्दनादि धार्मिक कृत्य करता है, समाधि लगाता है, देवताओ की पूजा करता है और बलि प्रदान करता है। विदूषक को देवपूजा का महत्व समझाते हुए वह बलि प्रदान करने के लिए प्रेरित करता है।[२]

दानशीलता—चारुदत्त एक धार्मिक एव प्रतिष्ठित व्यक्ति था। उसने अपने पूर्वजो से अपार धन सम्पत्ति प्राप्त की थी, किन्तु अपनी अतिशय दानशीलता तथा अत्यधिक उदारता के कारण वह निर्धन हो गया। दानशील चारुदत्त की तुलना एक शुष्क सरोवर से करते हुए विट कहता है—

'निदाघकालेष्विव सोदको ह्रदो नृणा स तृष्णामपनीय शुष्कवान्।'[३]

चारुदत्त ने अपने 'धन सम्पन्न होने पर अपने किसी भी प्रणयी को धन याचना करने पर निराश नही किया—

किन्तु अपने इस धन-वैभव के नष्ट हो जाने की चारुदत्त को किंचितमात्र भी चिन्ता नही है क्योकि वह यह विश्वास करता है कि भाग्य के अनुसार ही धन आता है और जाता है। उसे चिन्ता केवल यह है कि धन नष्ट हो जाने पर मित्र भी विमुख हो जाते हैं।[४] चारुदत्त को इस बात की विशेष चिन्ता है कि उसके घर को धन हीन समझकर अतिथियो ने भी आना छोड दिया है।[५] वह यह भलीभांति जानता है कि निर्धनता ही प्रत्येक प्रकार के दुख का कारण है—'अहो निर्धनता सर्वापदामास्पदम्' अत वह दरिद्रता की अपेक्षा मृत्यु का वरण करना अधिक श्रेयस्कर

१—मृच्छकटिक पृ० २३
२—मृच्छकटिक, पृ० ३३
३—मृच्छकटिक १।४६
४—मृच्छकटिक १।१३
५—मृच्छकटिक १।१२

समझता है ।[1]

चारुदत्त की दानशीलता, परोपकार, उदारता एव दयालुता की प्रशसा करते हुए विट कहता है—

'दीनाना कल्पवृक्ष: स्वगुणफलनत सज्जनाना कुटुम्बी
आदर्श: शिक्षिताना सुचरितनिकष. शीलवेलासमुद्र. ।
सत्कर्ता नावमन्ता पुरुषगुणनिधिर्दक्षिणरोदारसत्वो ।
ह्येक श्लाघ्य स जीवत्यधिकगुणतया चौच्छ्वसन्तीव चान्ये ॥'[2]

सच्चरित्रता—चारुदत्त यद्यपि एक गणिका से प्रेम करता है किन्तु फिर भी उसका चरित्र दृढ एव पवित्र है । वह परनारी पर दृष्टि डालना उचित नही समझता तथा अनजाने मे ही अपनी शरण मे आयी हुई हुई वसन्त सेना के वस्त्रो का स्पर्श हो जाने पर वह दुखी होता है ।[3] वह अपनी पत्नी धूता से वास्तविक प्रेम करता है और उस पतिव्रता पर गर्व करता है । स्वय दरिद्र होते हुए भी अपनी पतिव्रता पत्नी को पाकर वह अपने आपको दरिद्र नही मानता तथा पत्नी का बडा सम्मान करता है ।[4]

प्रियदर्शी—चारुदत्त एक स्वस्थ और सुन्दर युवक है । उसका व्यक्तित्व आकर्षक है । 'मृच्छकटिक' मे संवाहक उसके विषय मे कहता है – 'यस्तादृश प्रियदर्शन' । आर्यक भी सप्तम अक मे उसके शारीरिक सौन्दर्य के विषय मे कहता है–न केवल श्रुतिरमणीय दृष्टिरमणीयोऽपि । वसन्त सेना की चेटी चारुदत्त को साक्षात् कामदेव मानते हुए कहती है—'परमार्थत एव प्रशस्यते, ननु कामदेव' उज्जयिनी मे चारुदत्त के उज्जवल एव पवित्र चरित्र की अत्यधिक प्रसिद्धि है । वह सभ्य समाज मे एक प्रतिष्ठित और यशस्वी युवक के रूप में विख्यात है । विदूषक मैत्रेय उसको उज्जयिनी का अलकार–'उज्जयिन्या अलकार भूत मानता है तथा सवाहक 'भूतलमृगाङ्क' । चारुदत्त के परोपकार, दान, शरणागतवत्सलता आदि गुणो की प्रशसा सवाहक मुक्त कण्ठ से करता है ।[5]

गुण सम्पन्नता–वसन्त सेना चारुदत्त को एक वृक्ष के रूप मे देखती है । जिसके पुण्य तथा फल केवल परोपकार के लिए हैं तथा मित्र रूपी पक्षी जिसका सुखपूर्वक आश्रय लेते हैं—

१–मृच्छकटिक १।११
२–मृच्छकटिक १।४८
३–मृच्छकटिक १।५४
४–मृच्छकटिक ३।२८
५–मृच्छकटिक १२८

'गुण प्रबाल विनयप्रशाख विस्रम्भमूल महनी यपुष्पम् ।
त साधुवृक्षं स्वगुणे. फलाढ्य सुहृद्विहङ्गा. सुखमाश्रयन्ति ॥'[1]

न्यायाधीश से लेकर चाण्डाल तक तथा विट चेट और चन्दनक आदि सभी चारुदत्त के गुणो की मुक्त कण्ठ से 'प्रशसा करते हैं। चन्दनक उसे गुणारविन्द, शील-मृगाङ्क तथा चतु सागरसाररत्न मानता है।[2]

चाण्डाल के शब्दो मे चारुदत्त—'सुजनशकुनाधिवास सज्जनपुरुषद्रुमम् है। चेट के शब्दो मे वह—'प्रणयिजनकल्पपादपम्' है। न्यायाधीश को चारुदत्त के द्वारा अकार्य किये जाने का विश्वास नही होता। चारुदत्त के उज्जवल चरित्र को कलकित करने वाले शकार की भर्त्सना करते हुए वह कहता है—

'चारित्र्याच्चारुदत्त चलयसि, न ते देह हरति भूः।' तथा
'आर्य चारुदत्तः कथमकार्य करिष्यति।'

+ + +

सत्यप्रियता—निर्धन होने पर भी चारुदत्त को अपने चरित्र और कीर्ति की विशेष चिन्ता है। वह एक कर्तव्यपरायण, सत्यवादी युवक थे जो किसी भी परिस्थिति मे दूसरो को धोखा नही देना चाहता। वह स्वय अपने विषय मे कहता है—

भैक्ष्येणाप्य र्जयिष्यामि पुनर्न्यासप्रतिक्रियाम् ।
अनृत नाभिधास्यामि चारित्र्यय शकारणम् ।[3]

किन्तु यदा-कदा वह अपने चरित्र, कीर्ति और विश्वास की रक्षा के लिये, परोपकार करने के लिए तथा स्वय दूसरो की दया का पात्र न बनने के लिए असत्य का भी प्रयोग करता है। वह विदूषक के द्वारा वसन्त सेना के पास अपनी पत्नी की बहुमूल्य रत्नावली भेजता है और कहलाता है कि वह उसे जुएं मे हार गया है। अपने विश्वास की रक्षा के लिए बहुमूल्य रत्नावली को भी वह सहर्ष वसन्तसेना को समर्पित कर देता है।[4] चारुदत्त को अपनी मृत्यु की भी चिन्ता नही, चिन्ता तो केवल यही कि उसका यश दूषित न हो। इस विषय मे वह स्वय कहता है—

'न भीतो मरणादस्मि केवल दूषित यश.।
विशुद्धस्य हि मे मृत्युः पुत्रजन्मसमो भवेत् ॥'[5]

१—मृच्छकटिक ४।३१
२—मृच्छकटिक ६।१३
३—मृच्छकटिक ३।२६
४—मृच्छकटिक ५।२७
५—मृच्छकटिक १०।२७

उदारता—चारुदत्त एक अत्यन्त उदार एव शरणागतवत्सल युवक है । अपनी शरण मे आये हुये आर्यक की रक्षा करने का वचन देते हुए वह कहता है—'अपि प्राणान्, न तु त्वां शरणागतम्' । उसकी यह उदारता एव शरणागतवत्सलता उस समय चरम सीमा पर पहुँच जाती है जब वह अपने यश एव चरित्र को दूषित करने वाले, मिथ्या अभियोग लगाने वाले एव प्राणदण्ड दिलाने वाले शकार को भी शरण मे आने पर अभयदान देकर क्षमा करते हुए कहता है—

'शत्रु कृतापराध शरणमुपेत्य पादतो पतित ।
शस्त्रेण न हन्तव्य, उपकारहतस्तु कर्तव्य ॥'[1]

दयालुता तथा परदु ख कातरता—चारुदत्त अत्यधिक दानशील एव दयालु है । जब भी कोई श्लाघनीय कार्य करता है अथवा उसे कोई शुभ समाचार देता है तब वह उसे कुछ पुरस्कार अवश्य देता है । कर्णपूरक को वह दुपट्टा देता है, किन्तु निर्धनता के कारण पुरस्कार देने मे असमर्थ होने पर उसे दु ख होता है । वह अपने सेवको के प्रति दयालुता का व्यवहार करता है । सोई हुई रदनिका को न जगाने के लिये वह कहता है–'अल' सुप्तजन प्रबोधयितुम्' । अत स्पष्ट है कि वह अपने सेवको की सुख-सुविधा का कितना ध्यान रखता है । अपने सेवको के दु ख एव अपमान से चारुदत्त को भी दु ख होता है । अत विदूषक रदनिका से कहता है कि वह शकार के द्वारा किये गये अपमान की घटना को चारुदत्त से न कहे जिससे उसे दु ख हो ।[2]

पशु पक्षियो के प्रति भी उसका व्यवहार बडा करुण है । पचम अक मे कबूतर को न मारने के लिए विदूषक को समझाते हुए वह कहता है—

'वयस्य । उपविश ।' निष्ठतु दयिता महितस्तस्वीपारावत' केवल मनुष्य और पशु-पक्षियो के प्रति ही नहीं, अपितु वृक्षो और लताओ के प्रति भी उसका व्यवहार बडा कोमल है । लता को दु ख न हो अत वह पुष्पचयन भी नही करता ।[3]

कलाप्रियता—चारुदत्त एक कलाप्रिय युवक है । वह अपने मित्र रेभिल के वीणावादन की विशेष रूप से प्रशसा करता है । वीणा के विषय मे वह कहता है—वीणा हि नाम असमुद्रोत्थित रत्नम् ।' उसे सगीत की ताल, लय, मूर्च्छना आदि का विशेष ज्ञान है । अपने ही घर मे शर्विलक के द्वारा लगाई गई सेंध की कलात्मकता की प्रशसा करते हुए वह कहता है–'हृदयमिव स्फुटित महाग्रहस्या ।

चारुदत्त अपने गुण, चरित्र एव सौन्दर्य सभी दृष्टि से वसन्तसेना के अनुरूप

१—मृच्छकटिक १०।५४
२—मृच्छकटिक ।८१
३—मृच्छकटिक ९।२८

है विट उन दोनों के प्रेम के विषय में कहता है–'कथं वसन्तसेनार्यचारुदत्तमनुरक्ता ? सुष्ठु खल्विदमुच्यते–'रत्नं रत्नेन सङ्गच्छते' इति ।' विदूषक भी इस विषय में चारुदत्त से कहता है—'एवमेवैता कलहंसगामिनी मनुगच्छतु राजहंस इव शोभते ।' जिस समय वसन्तसेना रथ परिवर्तन के कारण शकार के समीप पहुँच जाती है तब विट चारुदत्त और शकार की तुलना करते हुए कहता है–'हँसी हंसं परित्यज्य वायसं समुपस्थिता ।'

चारुदत्त एक भाग्यवादी युवक है। वह यह विश्वास करता है कि धन भाग्य से ही प्राप्त होता है—'भाग्यक्रमेण हि धनानि भवन्ति यान्ति ।'[1]

आर्यक की रक्षा के विषय में भी वह उससे कहता है—स्वैर्भाग्यैः परिरक्षितोऽसि' वह शकुन और अपशकुन पर विश्वास करता है। न्यायालय को जाते हुए मार्ग में अनेक अपशकुन होते हैं जिन्हें देखकर वह दुःखी होता है।[2]

चारुदत्त युवक है अतः यह स्वाभाविक है कि युवकोचित विलासिता की प्रवृत्ति उसमें हो। वह सुगन्धित दुशाले का प्रयोग करता है। इस विषय में वसन्तसेना कहती है—

'आश्चर्यम् जाती कुसुमवासित प्रवारक
अनुदासीनमस्य यौवन प्रतिभासते ।'

वह एक पुत्रवत्सल पिता है। रोहसेन शीत से पीडित न हो अतः वह वसन्तसेना को रदनिका मानकर कहता है।

'रदनिके । मारुताभिलाषी प्रदोषसमयशीतार्तो रोहसेनः । ततः प्रवेश्यतामभ्यन्तरमयम् । अनेन प्रावारकेण छादयैनम् । रोहसेनं गृहीत्वाऽभ्यन्तरं प्रविश ।'[3]

चारुदत्त के चरित्र में केवल एक स्थान पर उसका व्यवहार अनुचित प्रतीत होता है। न्यायालय के दृश्य में जब न्यायाधीश उससे पूछता है कि 'क्या वसन्तसेना उसकी मित्र है, तब वह उत्तर देते हुए कहता है—

'भो अधिकृता । मया कथमीदृशं वक्तव्यं, यथा गणिका मम मित्रमिति ।
अथवा यौवनमत्रापराध्यति । न चारित्र्यम् ।'[4]

वस्तुतः यह वसन्तसेना के साथ अन्याय है और चारुदत्त के चरित्र का एक दोष है, किन्तु जैसा कि महाकवि कालिदास ने कहा है कि 'एको हि दोषो गुणसन्निपाते निमज्जतीन्दोः किरणेष्विवाङ्कः'। चारुदत्त के चरित्र का यह दोष गुणों के सागर में सर्वथा निमग्न हो जाता है। संक्षेप में हम केवल यह कह सकते हैं कि प्रकरण

१—मृच्छकटिक १।१३
२—मृच्छकटिक ९।१०
३—मृच्छकटिक ८२।८३
४—मृच्छकटिक ४०।८३

के नायक के योग्य समस्त गुण चारुदत्त के चरित्र में समाविष्ट हैं और वह एक आदर्श नायक है तथा उसका चरित्र सर्वथा उदात्त, महान एव अनुकरणीय है।

वसन्तसेना

दशरूपककार धनजय के अनुसार प्रकरण की नायिका कुल स्त्री अथवा गणिका होती है। किसी किसी प्रकरण मे दोनो नायिकायें होती हैं—

'नायिका तु द्विधा नेतुः कुलस्त्री गणिका तथा ।
क्वचिदेकैव कुलजा वेश्या क्वापि द्वय क्वचित् ॥'[1]

मृच्छकटिक मे कुल स्त्री एव गणिका दोनो नायिकाएँ हैं। चारुदत्त की पत्नी ब्राह्मणी धूता कुल स्त्री है तथा वसन्तसेना गणिका (दोनो प्रकरणो मे मुख्य रूप से वसन्तसेना का ही चरित्र चित्रित किया गया है। गणिका को साधारण स्त्री भी कहते हैं। वह कलाओ मे प्रगल्भ होती है तथा उसका व्यवहार धूर्ततापूर्ण होता है। वह प्रकरण मे नायक पर अनुरक्त होती है।

'साधारणस्त्री गणिका कलाप्रागल्भ्य।

+ + +

रक्तैव त्वप्रहसने'[2]

वसन्तसेना उज्जयिनी की एक गुण-ग्राहिणी, उदात्त चरित्र सम्पन्न, उदार-हृदया, आदर्श प्रेम युक्त एक वैभवशालिनी नायिका है। प्रत्येक सुख-सुविधा सम्पन्न कुबेर भवन के तुल्य भवन म वह निवास करती है। उसके गृह-वैभव को देखकर विदूषक कहता है—

'किं तावद्गणिकागृहम्' अथवा 'कुवेरभवनपरिच्छेद इति'। वसन्तसेना अद्वितीय सौन्दर्यशालिनी युवती है। उसका सौन्दर्य अकृत्रिम है। चेटी के शब्दो मे अलकार धारण न करने पर भी वह सुन्दर प्रतीत होती है—'अनलकृतामप्यज्जुका मण्डितामिव पश्यामि' वस्तुत वह उज्जयिनी का आभूषण है। (नगरस्य विभूषणम्)। चारुदत्त को वह शरतकालीन मेघ से ढकी हुई चन्द्रकला के सदृश दिखाई देती है।[3]

विट के शब्दो मे वह कमल से रहित लक्ष्मी के समान है, कामदेव का सुकुमार अस्त्र है, कुलवती रमणियो का शोक है तथा कामदेवरूपी सुन्दर वृक्ष का मनोहर पुष्प है—

१–दशरूपक, ३।४१
२–दशरूपक, २।२१—२३
३–मृच्छकटिक, १।५४

'अपद्मा श्रीरेषा प्रहरणमनङ्गस्य ललित,
कुलस्त्रीणा शोको सदनवरवृक्षस्य कुसुमम् ।'[1]

पुष्प करण्डक उद्यान मे वसन्तसेना को मृत देखकर विट मूर्च्छित हो जाता है और चेतनता प्राप्त करने पर वसन्तसेना के गुणो की प्रशसा करते हुए कहता है कि उदारता रूपी जल की नदी लुप्त हो गई और रति मानो फिर स्वर्ग चली गई है। वह वसन्तसेना को अलकार सौजन्य की सरिता तथा कामदेव की दुकान के रूप मे सम्बोधित करता है।[2]

किन्तु वेश्याकुल मे उत्पन्न होने के कारण समाज की दृष्टि मे उसका अत्यन्त निम्न स्थान है। वह मार्ग मे उत्पन्न एक लता के समान है, जिसके फल का प्रयोग कोई भी पथिक कर सकता है, उसके शरीर का एक मूल्य है—

'विगणय गणिकात्व मार्गजाता लतेव, वहसि हि 'धनहार्य पण्यभूत शरीरम्' वह सरोवर, लता और नौका के सदृश है, जिनका उपयोग सभी समानरूप से कर सकते है—'त्व वापीव लतेव नौरिव जन वेश्यासि सर्व भज। किन्तु वेश्याकुल मे उत्पन्न होकर भी वह कुल स्त्री के सदृश आदर्श प्रेम से युक्त है—'वेश्यामवेशसदृश प्रणयामचाराम।

वसन्तसेना वेश्या होते हुए भी एक आदर्श प्रेमिका है। वह चारुदत्त से सच्चा प्रेम करती है। उसके प्रेम का आधार चारुदत्त के गुण हैं—'अहं श्री चारुदत्तस्य गुण निर्जिता दासी'। वह स्वय कहती है—'गुण खल्वनुरागस्य कारणम्'। वह जानते हुए भी कि चारुदत्त दरिद्र है वह उससे प्रेम करती है। वह चेटी से स्पष्ट कहती है—

'अतएव काम्यते। दरिद्रपुरुषसङ्क्रान्तमना खलु गणिका लोकेऽवचनीया भवति।'[3] वह चारुदत्त के लिये अपूर्व त्याग एव बलिदान करने को भी प्रस्तुत है। अत वह शकार के प्रणय-प्रस्ताव को निष्ठुरता से अस्वीकृत कर देती है।[4]

शकार अपने प्रणय-प्रस्ताव के साथ दशसहस्र मूल्य के सुवर्णभूषणो को भेजता है। वसन्तसेना की माता भी उसे शकार के साथ अभिरमण की आज्ञा देती है, किन्तु वह दृढतापूर्वक इस प्रस्ताव को अस्वीकृत कर अपनी माता से स्पष्टरूप से कहती है—

१—मृच्छकटिक, ४।१२
२—मृच्छकटिक, ८।३८
३—मृच्छकटिक, पृ०-९९
४—मृच्छकटिक, पृ०-४९

'यदि मां जीवन्तीमिच्छसि, तदा एव न पुनरह माता आपज्ञापयितव्या।'—[1] वह माता से यह भी कहलवा देती है कि मैं शकार के लिए अपना शृंगार नहीं कर सकती। मैं शृंगार तभी करूँगी जब चारुदत्त के समीप अभिसार के लिए जाऊँगी।

पुष्पकरण्डक उद्यान मे शकार के वसन्त की हत्या करने को तत्पर होने पर भी वह मृत्यु-भय से शकार का स्वीकार नहीं करती, अपितु चारुदत्त का नाम लेते हुए मरने को प्रस्तुत हो जाती है—'नम. आर्य चारुदत्ताय।' वसन्तसेना वस्तुत चारुदत्त की वधू बन कर उससे स्थायी संबंध स्थापित करने की कामना करती है। वह यह नहीं चाहती कि निर्धनता के कारण प्रत्युपकार करने मे असमर्थ होने से चारुदत्त के हृदय मे कोई हीनता की भावना उत्पन्न हो और फिर वह मिलना ही छोड दे। अत. चेटी के यह पूछने पर कि यदि वह चारुदत्त से प्रेम करती है तो सहसा अभिसार क्यों नहीं करती,वसंतसेना कहती है कि है कि सहसा अभिसार करने पर प्रत्युपकार न कर सकने के कारण वह दुर्लभ-दर्शन हो जायेगा।[2]

उसे चारुदत्त से उत्कृष्ट प्रेम है, अत वह उसकी प्रत्येक वस्तु से प्रेम करती है। जब उसे कर्णपूरक से चारुदत्त का उत्तरीय प्राप्त होता है तब वह प्रिय मिलन के सदृश आनन्द का अनुभव करती है। जब उसे यह ज्ञात होता है कि संवाहक ने चारुदत्त के यहाँ रहकर उसकी सेवा की है तो वह उसका अत्यधिक आदर करती है। विदूषक के साथ भी वह सम्मानपूर्ण व्यवहार करती है। उसके हृदय मे वेश्या-सुलभ ईर्ष्या अथवा द्वेष की रचमात्र भी भावना नहीं है। वह चारुदत्त की पत्नी धूता से बहन के सदृश प्रेम करती है तथा उसके पुत्र रोहसेन के प्रति माता के सदृश वात्सल्यपूर्ण व्यवहार करती है। उसका मनोरथ है कि चारुदत्त उसे अपनी पत्नी के रूप मे प्राप्त करे और इसके लिए वह अपूर्व त्याग भी कर सकती है तथा बडे से बडे कष्टों को भी सहन कर सकती है। चारुदत्त से मिलने के लिए वह दुर्दिन मे भी अभिसार करती है और भयंकर वर्षा, मेघ-गर्जन अथवा तीव्र विद्युत की भी चिन्ता नहीं करती। वह इन्द्र को चिनौती देते हुये कहती है कि वह चाहे जितनी भयंकर वर्षा करे, गर्जना करे अथवा सैंकडो वज्रो को छोडे किन्तु उसे प्रिय-मिलन से विचलित नहीं कर सकता है।[3] अन्त मे चारुदत्त की पत्नी बनने की उसकी उत्कृष्ट अभिलाषा पूर्ण होती है और वह 'कुलवधू' के पवित्र पद को प्राप्त होती है। दशम अंक मे शर्विलक आकर वसन्तसेना को सूचित करता है—राजा आर्यक प्रसन्न होकर उसे वधू का पद

१—मृच्छकटिक, पृ०—१९४
२—मृच्छकटिक, पृ०—१०१
३—मृच्छकटिक, ५।१६,३१

प्रदान करते हैं—

'आर्ये वसन्तसेने। परितुष्टोराजा त्वा वधूशब्देनानुगृह्णाति।'

और यह सुन कर वह कृतार्थ हो जाती है—'आर्य कृतार्थास्मि।' वह सच्चे प्रेमियों के मार्ग में भी कभी बाधा नहीं पहुँचाती, अपितु उनकी सहायता करती है। मदनिका और शर्विलक को प्रेमपूर्ण वार्तालाप करते हुए देख कर वह कहती है—'तद्र मता रमताम्, मा कस्यापि प्रीतिच्छेदो भवतु। न खल्वाकारयिष्यामि।' यह जानने पर कि शर्विलक और मदनिका प्रेम करते हैं। वह मदनिका को दासता से मुक्त कर देती है और उनका विवाह भी कर देती है।

वसन्तसेना बड़ी व्यवहार कुशल एवं विनम्र है। जब चारुदत्त भ्रमवश उसमे परिचारिका के सदृश व्यवहार करने के अपराध की क्षमा याचना करता है तो वह भी स्वयं उसके घर में बिना आज्ञा के प्रवेश रूपी अपराध की क्षमा याचना करती है।[1] वह उदार हृदया एवं शरणागतवत्सला नारी है। अपनी शरण में आये हुए संवाहक से अपरिचित होते हुए भी वह उसे अभयदान देती है और अपने आभूषण देकर उसे ऋणमुक्त करती है। अपनी उदारता के कारण ही वह रोते हुए रोहसेन का सुवर्णशकटिका बनवाने के लिये आभूषण देती है। चारुदत्त के द्वारा भेजी हुई रत्नावली भी लौटा देती है। वह उपकार करके न तो उसका प्रतिदान चाहती है और न उसे स्मरण करना चाहती है,उसे स्मरण करने की अपेक्षा वह मृत्यु को श्रेयस्कर समझती है।

वसन्तसेना एक विदुषी, सुशिक्षिता और बुद्धिमती स्त्री है वह यद्यपि, प्राकृत भाषा बोलती है किन्तु संस्कृत भी भलीभाँति जानती है और 'मृच्छकटिक' के चतुर्थ अङ्क में विदूषक से संस्कृत में वार्तालाप करती है। राजमार्ग पर शकार के द्वारा पीछा की जाती हुई वह विट के संकेत को समझ जाती है और अपने आभूषणों तथा पुष्पों को उतार लेती है। चारुदत्त के पास न्यास रूप में आभूषणों को वह केवल इसलिए रखती है कि जिससे उसके दर्शन वह बार-बार कर सके। शर्विलक जब चारुदत्त के यहाँ से चुराए हुए आभूषणों को उसे समर्पित करता है तो वह सब बात समझ जाती है और मदनिका का हाथ उसके हाथ में देते हुए कहती है

'अहमार्यचारुदत्तेन भणिता—य इममलङ्कारं समर्पयिष्यति तस्य त्वया मदनिका दातव्या।'[2]

वसन्तसेना कलाओं में भी कुशल है। वह चित्रकला में विशेष प्रवीणा है। वह कामदेव के समान सुन्दर स्वयं चित्रित चारुदत्त के चित्र को मदनिका को

१–मृच्छकटिक—पृ०—८७

२–मृच्छकटिक, पृ०—१४८

३–मृच्छकटिक, पृ०—२२१

दिखाती है,

वह कविता करने मे भी निपुण है । 'मृच्छकटिक' के पचम अक मे वह स्वरचित पद्यों में वर्षा का बडा मनोहर वर्णन करती है । एक पद्य इस प्रकार है—

यदि गर्जति वारिधरो गर्जतु, तन्नाम निष्ठुरा पुरषा ।
अयि विद्युत्प्रमदाना, त्वमपि च दु खं न जानमि ॥[1]—॥

वह नृत्य कर्म में भी बडी चतुर है । राजमार्ग पर उसका पीछा करते हुए विट कहता है—'नृत्य प्रयोग विशदौ चरणौ क्षिपन्ती' । वसन्तसेना ने अपने उद्यान को बडी कलात्मकरीति से सजाया है । विदूषक भी उसकी वाटिका की कलात्मकता एव शोभा की प्रशसा करते हुए कहता है—

'अहा वृक्षवाटिकाया सुश्रीकता ।'[2]—।

वसन्तसेना को वस्त्रो एव आभूषणो से विशेष प्रेम है । अत वह सदा उनस सुसज्जित रहती है । अपने केशो को सजाने के लिए वह सुगन्धित पुष्पो का भी प्रयोग करती है । भोजन में सम्भवत उसे मछली विशेषप्रिय है । अत शकार उसे 'मत्स्याशिका' कह कर सम्बोधित करता है । उसकी तर्कशक्ति एव व्यवहार कुशलता से सभी प्रभावित हो जाते हैं । उसे धन का किञ्चिन्मात्र भी लोभ नही है । धन की अपेक्षा वह गुणो का अधिक महत्व देती है । अत वेश्याकुल म उत्पन्न होते हुए भी वह शील एव स्वभाव से वेश्या नही है । जब वह सवाहक से अपना परिचय देते हुए कहती है कि 'गणिका खल्वहम्' तो वह ठीक ही ही उत्तर देता है—'अभिजनेन, न शीलेन ।' वसन्तसेना के चरित्र का मूल्याकन करते हुए श्री जी० के० भट महोदय कहते हैं—

Vasantsena does not bear any comparison She is different from the sighing and languishing youug damsels that are Called the heroines of the Sanskrit plays

शकार (सस्थानक)

शकार 'मृच्छकटिक' प्रकरण का प्रतिनायक है । प्रतिनायक नायक की फलप्राप्ति मे विघ्न उत्पन्न करता है तथा उसका शत्रु होता है । दशरूपककार धनंजय के शब्दो मे वह—

'लुब्धो धीरोद्धत स्तब्ध पापकृद् रिपु ।'[3]

अर्थात लोभी, धीरोद्धत, अभिमानी, पापी एव व्यसनी होता है । इन सब दुर्गुणो के अतिरिक्त शकार मूर्ख क्रूर, कपटी एव कायर भी है । विट उस 'काणेलीमात' कह कर सम्बोधित करता है अत वह किसी व्यभिचारिणी स्त्री का पुत्र है ।

१—मृच्छकटिक—५।३२
२—मृच्छकटिक—पृ०—२४८
३—दशरूपक, २।९

वह राजा पालक का साला है, अत ऐसा प्रतीत होता है कि वह उसकी अविवाहिता स्त्री (रखैल) का भाई है । वह सस्थानक भी है । सम्पूर्ण सस्कृत नाटक साहित्य में उसके समान विचित्र और धूर्त पात्र हमें नही प्राप्त होता । प्राकृत बोलने के कारण वह सकार का शकार के रूप में उच्चारण करता है । सम्भवत इसी कारण उसका नाम शकार है । शकार बडा अस्त-व्यस्तभाषी होता है तथा निरर्थक आलाप करता है । उसके वाक्यो में कोई क्रम नही होता । पुनरुक्ति होती है, व्यर्थ की उपमाएँ होती हैं तथा वह लोक न्याय विरुद्ध वचन बोलता है । उसके विषय में कहा गया है–

'अपार्थ क्रम व्यर्थ पुनरुक्त हतोपमम् ।
लोक-न्याय-विरुद्ध च शकार वचन विदु ।'

विट के शब्दो मे वह पुरुष रूप मे पशु का एक नया अवतार है, उसका व्यवहार निन्दित एव वाक्य प्रतिभाशून्य हैं ।

इस प्रकरण में वसन्त सेना के प्रेम को बलपूर्वक प्राप्त करने के इच्छुक एव चारुदत्त के प्रतिद्वन्द्वी के रूप मे शकार का चरित्र चित्रित किया गया है, किन्तु वस्तुत वह चारुदत्त की तुलना मे इसी प्रकार है, जिस प्रकार हस की तुलना मे कौआ । पुष्पकरण्डक उद्यान मे रथ विपर्यय के कारण शकार के समीप आई हुई वसन्त सेना को देख कर विट शकार की चारुदत्त से तुलना करते हुए कहता है–

हँसी हँस परित्यज्य वायसं समुपस्थिता ।[1]

शकार के चरित्र के विषय में जी० के० भट्ट महोदय के विचार इस प्रकार हैं–

The outstanding traits of his characterization are his perverted speech, his gluttonous instincts, his loath some taste and his delight in destruction

वह स्वय न्यायालय मे जाकर चारुदत्त पर वसन्तसेना की हत्या का मिथ्या अभियोग लगाता है ।[2] किन्तु शकार की इस धूर्तता के विपरीत चारुदत्त अपनी स्वाभाविक उदारता एव शरणागतवात्सल्य के कारण अपनी शरण मे आये हुए धूर्त एव प्राण घातक शकार को भी क्षमा कर देता है । केवल शकार को छोडकर न्यायशोधक, कायस्थ, शोधनक, चन्दनक, चाण्डाल विट, भिक्षु आदि सभी चारुदत्त की मुक्त कण्ठ से प्रशसा तथा शकार की निन्दा करते हैं । शोधनक शकार को देखकर कहता है–

कथमेष राष्ट्रियश्यालो दुष्ट–दुर्जन–मनुष्य इत एवागच्छति ? तद् दृष्टि

१–मृच्छकटिक, ८।१६
२–मृच्छकटिक पृ० ४४३ ।

पथ परिहृत्यगमिष्यामि ।'[1] शकार के सेवक भी स्वय उसकी निन्दा करते हैं ।

शकार मे अभिमान की मात्रा अत्यधिक है । राजा पालक का साला होने का उसे बहुत अभिमान है । न्यायालय मे वह शोधनक से कहता है—

'अह वरपुरुष मनुष्य वासुदेव राष्ट्रियश्याल राजश्याल कार्यार्थी ।'[2]

अपने इस सम्बन्ध का अनुचित लाभ उठाकर वह अपने मनोनुकूल न्याय करा कर चारुदत्त को मृत्यु दण्ड दिलाना चाहता है । वह न्यायाधीश को धमकी देता है कि वह अपने जीजा राजा पालक, बहिन तथा मा से कह कर इस न्यायाधीश को हटाकर दूसरे न्यायाधीश की नियुक्ति करा देगा—

"किं न दृश्यते मम व्यवहार । यदि न दृश्यते, तदावुत्त राजान पालक भगिनीपति विज्ञाप्य भगिनी मातर च विज्ञाप्यैतमधिकरणिक दूरी कृत्यात्रान्यमधिकरणिक स्थापयिष्यामि ।"[3]

उसे अपने धन का भी बहुत अभिमान है, अत वह वसन्त सेना के प्रेम को प्राप्त करने के लिए उसके पास दस सहस्र मूल्य के आभूषण भेजता है । उसे अपने शारीरिक सौन्दर्य का भी अभिमान है, अतएव वह वसन्तसेना से कहता है कि वह उसकी कामना करे—'अह वरपुरुषमनुष्यो वासुदेव कामयितव्य'। यद्यपि वह कायर एव भीरु प्रकृति का है, किन्तु उसे अपने बल का अभिमान है । वह स्वय कहता है—

"स्त्रीशत मारयामि शूरोऽहम् ।'

शकार मे अपने पद का मिथ्या अभिमान एव राजा के साले के रूप मे स्वय का प्रदर्शित करने की प्रवृत्ति है । वह रथ पर बैठकर ही नगर म जाना चाहता है जिससे लोग उसकी प्रशसा करें—

'नहि नहि प्रवहणमधिरुह्य गच्छामि, येन दूरतो मा प्रेक्ष्य भणिष्यन्ति एष स राष्ट्रियश्यालो भट्टारको गच्छति ।'

शकार को अपने स्वर का भी बड़ा अभिमान है । वह विट से पूछता है कि क्या उसने उसका सुन्दर गीत सुना । विट उसका उपहास करते हुए कहता है—'किमुच्यते ? गन्धर्वो भवान् ।'

शकार महामूर्ख तथा अशिक्षित है । उसे किसी से शिष्टाचारपूर्ण वार्तालाप करने का भी ढग नही है किन्तु वह अपने ज्ञान का मिथ्याभिमान करता है । ऐसा प्रतीत हाता है कि उसने महाभारत अथवा पुराणो की कथा सुनी है किन्तु उसे

१—मृच्छकटिक, पृ० ४५२ ।

२—मृच्छकटिक, पृ० ४५९ ।

३—मृच्छकटिक, पृ० ४६१ ।

उनका वास्तविक एवं यथार्थ ज्ञान नहीं है, अतः वह विभिन्न पौराणिक पात्रों एवं घटनाओं का स्वेच्छा से बड़ा निरर्थक एवं तर्कहीन अर्थ करता है एवं इतिहास विरुद्ध उपमायें देता है। वह अन्धकार में वसन्त सेना को खोजते हुए कहता है कि क्या अब मेरे साथ अभिरमण करती हुई तुझको क्या जमदग्नि पुत्र भीमसेन अथवा कुन्ती पुत्र दशकन्धर (रावण) भी छुड़ा सकता है? मैं तेरे केश पकड़ कर अभी दुःशासन का अनुकरण करता हूँ।[1] वह बसन्त सेना से कहता है कि तू मेरे वश में इस प्रकार आ गई है जिस प्रकार रावण के वश में कुन्ती—

"मम ,वशमनुयाता रावणस्येव कुन्ती"

वसन्तसेना के स्थान पर रदनिका को पकड़ कर वह कहता है मैंने तुझे केशों से इस प्रकार पकड़ लिया है जिस प्रकार चाणक्य ने द्रौपदी को —'केशवृन्दे परामृष्टा चाणक्येनेव द्रौपदी।" पुष्पकरण्डक उद्यान में उसके प्रेम प्रस्ताव को स्वीकार न करने पर वह वसन्तसेना से कहता है कि जिस प्रकार भारत युग में चाणक्य ने सीता को तथा जटायु ने द्रौपदी को मारा था, उसी प्रकार मैं भी तुझे गला दबा कर मार दूँगा—

चाणक्येन यथा सीता मारिता भारते युगे।
एवं त्वां मोटयिष्यामि जटायुरिव द्रौपदीम्॥[2]

शकार जड़-बुद्धि है अतः वह अनेक अनर्थक, प्रलाप करता है। वह माला की गंध को सुन सकता है किन्तु आभूषणों के शब्दों को अन्धकार के कारण स्पष्ट रूप से नहीं देख सकता।[3] रथ जब दीवाल के ऊपर चढ़ जाता है तब वह चेट से कहता है न तो बैल टूटे, न रस्सियाँ मरी—

'न छिन्नो वृषभो ? न मृता रज्जवः।'

अपनी मूर्खता के कारण वह अन्धकार में वसन्तसेना का पीछा करते हुए कहता है कि वह अपने आभूषणों का 'झन झन' शब्द करती हुई राम से डरी हुई द्रौपदी के समान भाग कर कहाँ जा रही है।[4] इसका परिणाम यह होता है कि वह अपने आभूषण उतार देती है और शकार को यह पता नहीं चल पाता कि वह कहाँ गई। इसी प्रकार चारुदत्त का घर समीप आने पर वह स्वयं बता देता है कि यही आर्य चारुदत्त का घर है, परिणाम यह होता है कि वसन्तसेना चारुदत्त के घर में

१—मृच्छकटिक १।२९।
२—मृच्छकटिक, ८।३५।
३—मृच्छकटिक, पृ० ५९।
४—मृच्छकटिक, १।२५।

प्रविष्ट हो जाती है और शकार उसे नही पकड पाता ।

शकार इतना मूर्ख है कि अपने प्रेम-प्रस्ताव के उत्तर मे वसन्तसेना के द्वारा कहे गये 'शान्त' शब्द को 'श्रान्त' समझता है और वह समझता है कि वह उससे प्रेम करती है ।[1] वह रदनिका और वसन्तसेना के स्वर की भिन्नता को भी नहीं समझ पाता और रदनिका को ही वसन्तसेना समझ कर पकड लेता है ।

एक अर्थ के द्योतक अनेक शब्दों का प्रयोग करना उसे विशेष रुचिकर है। वह एक शब्द के स्थान पर समान अर्थसूचक तीन-तीन शब्दो का प्रयोग करता है—

'एपासि वासु । शिरसि गृहीता केशेपु वाल्पेपु शिरोरुहेपु ।
+ +
आक्रोस विक्रोस लपाधिचण्ड शभु शिव शकरमीश्वर वा ।।[3]

वह कामी है और वसन्तसेना को प्राप्त करने के लिए दस सहस्र मूल्य के सुवर्णाभूषणो के भेजन के अतिरिक्त वह वसन्तसेना से क्षमायाचना करता है, उसके हाथ जोडता है, उसके पैरो पर गिर पडता है और उससे प्रार्थना करता है कि वह उसका अपराध क्षमा कर दे और प्रसन्न हो जाय । किन्तु वसन्तसेना के उसे ठोकर मारने पर और यह जानने पर कि वह गल्ती से रथ बदल जाने के कारण यहाँ आ गई है, स्वेच्छा से नही ? शकार क्रोध मे अधा हो जाता है और उसका गला दबाकर उसे मूर्छित कर देता है ।

शकार यद्यपि मूर्ख है किन्तु पापपूर्ण योजना बनान मे बडा चतुर है । अष्टम अक मे पहले विट से वसन्तसेना को मारने के लिए कहता है किन्तु उसके इन्कार करने पर चेट से कहता है, चेट के भी अस्वीकार करने पर उसे पीटता है और वहाँ से हटा देता है । तदनन्तर वह विट को भी कपटपूर्वक यह कहकर हटा देता है कि वसन्तसेना तुम्हारी उपस्थिति मे मुझे स्वीकार करने मे लजाती है । विट के वहाँ से हटने पर वह वसन्तसेना का गला दबा देता है और वह मूर्छित हो जाती है । विट के लौटने पर और शकार के इस कुकृत्य की भर्त्सना करने पर वह विट पर ही हत्या का आरोप लगा देता है—विट के तलवार निकालने पर वह भयभीत हो जाता है । चेट को ले जाकर वह अपने घर मे हाथ-पैर बांध कर डाल देता है । वसन्तसेना को मारकर वह उसे अपने दुपट्टे से इसलिए नही ढकता क्योंकि वह नामाकित है, अत कोई यह जान न ले कि शकार ने इसका वध किया है, वह उसे सूखे पत्तो से

१—मृच्छकटिक, पृ० ५२ ।
२—मृच्छकटिक—४९ ।
३—मृच्छकटिक, १।४२ ।

ढक देता है ।

कपटी होने के साथ ही वह बडा क्रूर और निर्दय भी है। चेट के किसी प्रकार बन्धनमुक्त होकर न्यायलय मे पहुँचकर उसके पाप का उद्घाटन करने पर वह उसे अपना सोने का कडा देता है किन्तु उसके स्वीकार न करने पर वह यह कह देता है कि इसने मेरा यह सुवर्णभूषण चुराया था और मैंने इसे पीटा था अत यह मुझ पर असत्य अभियोग लगा रहा है। न्यायाधीश उसके इस कथन पर विश्वास कर लेते हैं। वह इतना क्रूर है कि चाण्डालो से कहता है कि चारुदत्त को इसके पुत्र सहित मार डालो। डा० देवस्थली उसके विषय मे कहते हैं—

Outwardly he appears to be a fool, but he is in fact a combination of a fool and a naive

शकार बडा दुराग्रही एव अस्थिरबुद्धि है। उसके चचल स्वभाव के विषय मे विट और चेट भी सदा शकित रहते हैं। अष्टम अङ्क मे पहले तो वह विट को गाडी पर चढने के लिये कह देता है किन्तु जब वह चढने लगता है तो उसका अपमान करते हुए कहता है कि तुम रुक जाओ क्या यह तुम्हारे बाप की गाडी है जो पहले चढते हो, इस गाडी का स्वामी मैं हूँ, अत पहले मैं चढूँगा।[1] इसी प्रकार वह चेट को दीवाल के ऊपर से गाडी लाने का आदेश दे देता है और इस बात की चिन्ता नहीं करता कि बैल मर जायेंगे, गाडी टूट जायेगी अथवा चेट भी मर जायेगा।

वह अत्यधिक कायर और भीरु प्रकृति का है। भीरु तो इतना है कि अपनी गाडी मे वसन्तसेना को देख कर ही भयभीत हो जाता है और उसे राक्षसी अथवा चोर समझता है। प्रथम अक मे चेट के द्वारा तलवार देने पर वह उसे उल्टा पकडता है। अपनी वीरता के विषय मे स्वय घोषणा करते हुए वह कहता है कि मैं कोष में रखी हुई निर्मल और रक्तवर्ण की तलवार को कन्धे पर रखकर—जिस प्रकार भूँकते हुए कुत्ते और कुत्तियो के पीछे लगने पर गीदड घारण के लिये भागता है, उसी प्रकार अपने घर की ओर भागता हूँ।[2] पुरुषो को देखकर वह भयभीत भले ही हो जावे किन्तु स्त्रियो पर तो अपनी वीरता दिखा ही सकता है। अन्धकार मे वसन्तसेना के स्थान पर रदनिका को पकडकर वह कहता है—'दास्यापुत्र्या शीर्षं तावच्छित्वा पश्चान्मारयिष्यामि।'

इस प्रकार 'मृच्छकटिक' मे अपनी शूरता के विषय मे वह घोषणा करता

१—मृच्छकटिक पृ० ४४३।
२—मृच्छकटिक पृ० ३९५।
३—मृच्छकटिक, १।५२।

है कि मैं अकेला सैकड़ो स्त्रियो को मार सकता हूँ।

'स्त्रीणा शत मारयामि शूरोऽहम्'

शकार भिक्षुओ का कट्टर शत्रु है। एक भिक्षु के द्वारा अपराध किये जाने पर जिस भिक्षु को भी देखता है उसे ही दण्ड देता है।

अत स्पष्ट है कि शूद्रक ने प्रतिनायक के रूप मे शकार के चरित्र का बडा सफल और यथार्थ चित्रण किया है। उसमें दुष्टजनोचित प्राय समस्त दुर्गुण विद्यमान हैं। वह मूर्ख, अशिक्षित, अभिमानी, क्रूर, कायर, कपटी, धूर्त, स्त्री लम्पट, अस्थिरमति, दुराग्रही, दिर्दय और भीरु है। हम उसे मानव रूप मे दानव कह सकते हैं।

जी० के भट्ट उसके विषय मे उचित ही कहते हैं—

In his speech and behaviour, in his physical and passionate lust and in his criminal disposition which has no scruples on mark, Sakar is the most in human of humans Rather it will be more Correct to say that he is sub human

विदूषक मैत्रेय

सस्कृत नाटक साहित्य मे विदूषक प्राय नायक का मित्र एव प्रेम व्यापारो मे उसका विश्वस्त सहायक होता है। वह एक हास्य प्रधान पात्र होता है तथा अपनी वेश भूषा, कथनोपकथन तथा हाव-भाव से हास की उत्पत्ति करता है। प्राय उसका हास खाद्य-पदार्थों के प्रसगो पर आश्रित रहता है। दशरूपककार धनजय ने विदूषक का लक्षण देते हुए कहा है—'हास्यकृच्च विदूषक'। किन्तु 'मृच्छकटिक' का विदूषक परम्परागत विदूषक से स्वभाव म भिन्न है। मृच्छकटिक का विदूषक मैत्रेय है, जो एक वास्तविक सुहृद, मित्रनिष्ठ, विदग्ध, विनोदी, निपुण, भीरु क्रोधी एव मूर्ख है।

मैत्रेय जन्मना ब्राह्मण है तथा चारदत्त का घनिष्ठ, अतरग और विश्वस्त मित्र एव प्रधान सहायक है। चारुदत्त स्वय उसे 'सर्वकालमित्र' कहता है।[1] वह दरिद्रावस्था मे भी चारुदत्त का साथ नहीं छोडता। जब चारदत्त श्री सम्पन्न था तब वह उसके यहाँ प्रसन्नतापूर्वक भोजन करता था एव आनदपूर्वक जीवन व्यतीत करता था। किन्तु चारुदत्त की उदार प्रवृत्ति एव दानशीलता के कारण दरिद्रावस्था को प्राप्त हो जाने पर वह पक्षियो के सदृश अन्यत्र अपनी उदरपूर्ति कर चारुदत्त के यहाँ केवल निवास के हेतु उपस्थित होता है।[2] उसे यह विश्वास है कि चारुदत्त के

१—मृच्छकटिक पृष्ठ ३७५।

२—मृच्छकटिक पृष्ठ २१-२२।

सुख समृद्धिपूर्ण दिवस फिर आयेंगे और वह प्रसन्नतापूर्वक अपना जीवन व्यतीत करेगा। सच्चा मित्र होने के कारण वह यह नही चाहता कि चारुदत्त को कभी किसी प्रकार का मानसिक अथवा शारीरिक कष्ट हो। अत वह रदनिका से प्रार्थना करता है कि वह शकार के द्वारा किये गये अपने अपमान की बात चारुदत्त से न कहे।[1]

वह यह जानता है कि वेश्यायें स्वार्थी, लोभी एव कुटिल होती है, अत वह अपने परम मित्र चारुदत्त को वसन्तसेना के प्रति आसक्ति से हटाना चाहता है। अतएव चारुदत्त से कहता है—

'निवर्त्यतामात्माऽस्माद् बहुप्रत्यवायाद् गणिकाप्रसङ्गात्।'

चारुदत्त को उसकी निर्धनता एव दुरवस्था के कारण दुख न हो अत वह उसे निरन्तर आश्वस्त करता रहता है कि धन के विषय मे स्मरण कर दुखी नही होना चाहिए। मैत्रेय सुख एव दुख दोनो मे समानरूपेण चारुदत्त का मित्र है। वह एक स्वार्थी एव अर्थ लोलुप मित्र नही है जो अपने मित्र का केवल समृद्धि मे ही साथ देता है। चारुदत्त स्वय मैत्रेय की प्रशसा करते हुए कहता है।

' सुख दुख सुहृद्भवान्।' मृच्छकटिक।

वह चारुदत्त से निश्चल एव निस्वार्थ प्रेम करता है। अत जब उसे यह ज्ञात होता है कि शकार न चारुदत्त पर वसन्तसेना की हत्या का मिथ्या अभियोग लगाया है तो वह न्यायालय म ही शकार से लडने लगता है, यद्यपि इसका दुष्परिणाम होता है। इसी प्रकार चाण्डाल चारुदत्त के मृत्यु दण्ड की घोषणा करते हैं और चारुदत्त मैत्रेय से अपनी माता को अन्तिम अभिवादन करने के लिए तथा रोहसेन का पालन करने की प्रार्थना करता है तो मैत्रेय कहता है कि क्या मैं आपके बिना अपने प्राण धारण कर सकूँगा? 'भो वयस्य, अह ते प्रियवयस्यो भूत्वा त्वया विरहितान्प्राणान्धारयामि।' वह यह नही चाहता कि चारुदत्त की दरिद्रावस्था के कारण कही भी बदनामी हो अत वह प्रथम अक म दीपक जलाने के लिए तेल के अभाव की बात चारुदत्त के कान म कहता है। अत वह वास्तव मे चारुदत्त का सर्वकाल-मित्र है। आर० डी० करमरकर महोदय उसके चरित्र का चित्रण करते हुए कहते है—

Maitra is shown in our play as a loyal and devoted friend sticking to Charudatta through thick and thin Other friends leave Charudatta when his fortune declines, not so this old Brahmin, he follows Charudatta like a faithful dog its master First to be hono-

---

१—मृच्छकटिक पृ० ८१।

ured at festive occasions, he is prepared to be the first to give up his life for Charudatta, if need be

विदूषक कट्टर धार्मिक व्यक्ति नहीं है। वह देवी देवताओ पर विश्वास नही करता। उसके अविश्वास का मुख्य कारण यह है कि वे फल नही देते। यत 'एव पूज्यमाना अपि देवता न ते प्रसीदन्ति'। तत् को गुणो देवेषु अर्चितेषु'।[1] चारुदत्त से वह स्पष्टरूप से कह देता है कि मुझे वलिकर्म मे श्रद्धा नही है अत किसी अन्य व्यक्ति को भेज दो—

वह एक सासारिक व्यवहार कुशल व्यक्ति के सदृश कुछ स्वार्थी भी है। अत वह झूठ बोलने मे भी नही हिचकिचाता। आभूषणो की चोरी हो जाने पर वह चारु-दत्त से कहता है कि डरने की कोई आवश्यकता नही है। वसन्तसेना ने हमारे यहाँ आभूषण रखे थे इसका कौन साक्षी है।

'अहं खलु अपलपिष्यामि, केन दत्तम्' ? केन गृहीतम् ? को वा साक्षी ? इति।[2] वह अल्पमूल्यों वाले आभूषणो के बदले मे बहुमूल्य रत्नावली देने की चारुदत्त को सलाह नही देता। मैत्रेय की इस सासारिक व्यावहारिकता के विषय मे डा० देवस्थली कहते हैं—

Like a practical man of the world, he does not care much for integrity and is prepared for any falsehood if that would save him from some calamity

मैत्रेय बडा भीरु प्रकृति का है। वह अन्धकार के कारण चतुष्पथ पर जाने से मना कर देता है और जब रदनिका उसके साथ जाती है, तब वह स्वय भी जाने को उद्यत होता है।[3]

इसी प्रकार जब चारुदत्त विदूषक से वसन्तसेना को उसके घर पहुँचाने के लिए कहता है तो वह मना कर देता है और चारुदत्त के साथ ही जाने को तैयार होता है। भीरु होने के साथ ही वह कुछ क्रुद्ध प्रकृति का भी है। एव उसमे वीरता की भावना भी निहित है। प्रथम अक मे वह शकार के द्वारा रदनिका का अपमान किये जाने पर शकार एव विट दोनो के मारने के लिए उद्यत हो जाता है।[4]

नवम् अक मे वह चारुदत्त पर मिथ्या अभियोग लगाने के कारण शकार को

१—मृच्छकटिक पृ० ३३।
२—मृच्छकटिक पृ० १८१।
३—मृच्छकटिक पृ० ६१।
४—मृच्छकटिक पृ० ६७।

क्रोध में मारने के लिए प्रस्तुत हो जाता है। मारपीट में वसन्तसेना के आभूषण उसकी बगल में गिर पड़ते हैं और चारुदत्त पर अभियोग सिद्ध हो जाता है। विदूषक को जितनी जल्दी क्रोध आता है। उतनी ही जल्दी समाप्त भी हो जाता है। मद-निका के अपमान के पश्चात् विट के प्रार्थना करने पर उसका क्रोध शीघ्र ही शान्त हो जाता है।

विदूषक को प्राय भोजन अत्यधिक प्रिय होता है, मैत्रेय को भी भोजन प्रिय है किन्तु हम उसे पेटू अथवा भुक्खड़ नही कह सकते। दोनो प्रकरणो की प्रस्तावना मे ही वह सूत्रधार के निमन्त्रण को अस्वीकार कर देता है किन्तु जिस समय वह वसन्त-सेना के भवन में पचम प्रकोष्ठ मे घूमता है, उस समय रसोइयो के द्वारा बनाये जाते हुए लड्डू और पुओ को देखकर उसके मन मे पानी भर आता है और वह सोचने लगता है कि क्या कोई उससे भोजन की प्रार्थना नही करेगा।[1]

विदूषक को अपने ब्राह्मणत्व का अभिमान है। वह अपनी श्रेष्ठता की घोषणा करते हुए कहता है—'यथा सर्व नागाना मध्येडुण्डुम, तथा सर्व ब्राह्मणाना मध्येऽह ब्राह्मण' जब चारुदत्त के पैर धोने के लिए चेट विदूषक से कहता है कि मैं पानी का पात्र ले लूँ और तुम आर्य चारुदत्त के पैर धोओ, तब वह चारुदत्त से कहता है—'भो वयस्य। एष इदानी दास्या पुत्रो भूत्वा पानीय गृह्णाति। मा पुनर्ब्राह्मण पादौ धाव-यति।' इसी प्रकार चारुदत्त के पैर धोने के पश्चात् चेट को अपने पैर धोने की आज्ञा देता है—'वर्धमानक ममापि पाद प्रक्षालय।'

विदूषक वस्तुत नाटक म प्रधानरूप से हास्य की सृष्टि करता है। 'मृच्छ-कटिक' म भी मैत्रेय विभिन्न स्थलो पर हास्य की उत्पत्ति करता है। 'मृच्छकटिक' मे जब चेट मैत्रेय को आभूषणो का पात्र देता है तब वह कहता है—

'अद्याप्येनत्तिष्ठति ? किमत्रोज्जयिन्या चौरोऽपि नास्ति ? य एत दास्या पुत्र निद्राचौर नापहरति ?[2]

जिस समय शर्विलक रात्रि मे सेंध लगाकर सुवर्णपात्र चुरा ले जाता है और रदनिका विदूषक को आकर जगाती है और बताती है कि हमारे घर मे सेंध लगाकर चोर निकल गया है उस समय विदूषक कहता है कि क्या कहती हो चोर फोडकर सेंध निकल गई।[3]

वसन्तसेना की मोटी माता को देखकर विदूषक कहता है कि यदि यह मर जायें तो हजारो गीदडो की उदरपूर्ति के लिये पर्याप्त होगी—'यदि म्रियतेऽत्र माता

१—मृच्छकटिक पृ० २३७।
२—मृच्छकटिक पृ० १५४।
३—मृच्छकटिक पृ० १७४।

भवति शृगालसहमुपर्याप्तिका ।" पचम अक में वसन्तसेना विषयक चेट और विदूषक का वार्तालाप विशेष रूप से हास्य रस की सृष्टि करता है ।

विदूषक कुछ मूर्ख भी है । यदि हम उसे बुद्ध कहे तो अधिक अच्छा होगा । उसमे मनोवैज्ञानिक रूप से मनुष्य के चरित्र को परखने की बुद्धि नही है । वह वसन्तसेना को साधारण कोटि की स्वार्थी एव अर्थलोलुप वेश्या समझता है । उसके विचार से वह केवल दुष्ट विलासिनी है । रत्नावली लेने के पश्चात् जब वसन्तसेना उससे कहती है कि मैं प्रदोप समय मे चारुदत्त से मिलने आऊँगी तो वह समझता है कि सभवतया वह रत्नावली से सन्तुष्ट नही है, अत और धन चाहती है । वह इतना बुद्ध है कि पचम अक मे चेट क साधारण प्रश्नो का भी उत्तर नही दे पाता और बार बार चारुदत्त से उनका उत्तर पूछने जाता है । यद्यपि मैत्रेय कुछ मूर्ख है किन्तु अनेक स्थलो पर बडी बुद्धिमत्तापूर्वक अलकारिक भाषा का प्रयोग करता है । प्रात कालीन मन्द-समीर के द्वारा फुरफुराते (काँपते) हुए दीपक को देख कर वह कहता है कि यह इस प्रकार फुरफुराता है जिस प्रकार वध्यस्थान पर लाये हुए बकरे का हृदय ।[१]

अत यह स्पष्ट है कि यद्यपि विदूषक मे चारुदत्त के सदृश महान एव उदात्त गुण नही है, फिर भी वह एक सच्चा और निष्कपट मित्र है, सासारिक रूप से व्यवहार कुशल है तथा उसमे अन्य अनेक गुण हैं जिन्होने विट के हृदय को जीत लिया है—

"गुणशस्त्रैर्वय येन शस्त्रवन्तोऽपि निर्जित ।[२]

शर्विलक

'मृच्छकटिक' का शर्विलक ही सज्जलक है । वह जाति का ब्राह्मण है तथा वसन्तसेना की दासी मदनिका का प्रेमी है । वह किसी चतुर्वेदी ब्राह्मण का पुत्र है । वह गणिका मदनिका को वसन्तसेना की दासता से मुक्त कराना चाहता है । अत चोरी भी करता है ।[३] वह स्वय दरिद्र है, अत धन प्राप्ति के लिए चोरी करता है, किन्तु चौर्य कर्म की स्वय निन्दा करता है । वह अपने विषय म कहता है कि मेरी इस निर्धनता, पौरुष और यौवन को धिक्कार है जो मैं इस निन्दित और नीचकर्म की निन्दा करते हुए भी इसे करता हूँ ।[४]

यद्यपि वह यह कहता है कि मैं केवल मदनिका के कारण यह निन्दनीय चौर्य

१—मृच्छकटिक, पृ०—६५ ।
२—मृच्छकटिक—१।४५
३—मृच्छकटिक, पृ०—१६९
४—मृच्छकटिक ३।१९

कर्म कर रहा हूँ किन्तु दोनो प्रकरणो के अध्ययन से यह प्रतीत होता है कि वह चौर्य कर्म मे अत्यन्त प्रवीण है और उसने योगाचार्य नामक किसी आचार्य से इस विद्या को ग्रहण किया है जिन्होने उसे प्रसन्न होकर योग रचना दी है जिसके परिणामस्वरूप उसे रक्षक देख नही सकते और यदि सयोगवश उसके शरीर पर किसी अस्त्र का आघात हो तो भी उसे चोट नही लगती। चोरी करने से पहले वह अपने आचार्य को प्रणाम करता है। आचार्य से पहले भी वह कुमार कार्तिकेय कनकशक्ति को नमस्कार करता है अत ज्ञात होता है कि वह देवताओ पर आस्था रखता है।[1] चौर्य कर्म मे वह अत्यन्त कुशल है। वह कूदने मे बिल्ली के समान, भागने मे भेड़िये के समान, घर की वस्तुओ को देखने मे बाज के समान, सोते मनुष्य के बल जानने मे निद्रा के समान और रेंगने मे सर्प के समान है। वह रात्रि मे दीपक, स्थल पर घोडा और जल मे नौका के सदृश है।[2] वह चोरी के लिए आवश्यक समस्त उपकरणो से सुसज्जित होकर ही चोरी करने जाता है। वह पृथ्वी मे गड़े हुए गुप्त धन का पता लगाने के लिए कुछ बीज ले जाता है तथा जलते हुए दीपक को बुझाने के लिए वह आग्नेय कीट ले जाता है।[3] वह चोरी करते हुए भी कार्य और अकार्य का विचार करता है अत अलकार धारण करने वाली स्त्री के अलकार नही चुराता है, ब्राह्मण के सुवर्ण अथवा यज्ञ की सामग्री को भी नही, धाय की गोद से बालक को भी नही छीनता। वह स्वय कहता है—

> "नो मुष्णाम्यबला विभूषणवती फुल्लामिवाह लता
> विप्रस्व न हरामि कान्चनमथो यज्ञार्थमभ्युद्धृतम्।
> धात्र्युत्सङ्गगत हरामि न तथा बाल धनार्थी क्वचित्।
> कार्याकार्यविचारिणी मम मतिश्चौर्येऽपि नित्य स्थिता।।"[4]

वह स्वतन्त्रता प्रेमी है, अत स्वाधीन रहना चाहता है। पराधीन नहीं। निन्दनीय होते हुए भी वह स्वाधीनतापूर्वक चोरी करना अधिक अच्छा समझता है। वह स्वय कहता है—"स्वाधीनावचनीयतापिहि वर बद्धो न सेवाञ्जलि।"[5]

शर्विलक एक आदर्श मित्र है। वह अपने मित्र आर्यक को अपने प्राणो से भी अधिक प्रेम करता है। अपने एक मित्र की रक्षा के लिए वह सैकडो स्त्रियो का भी

१—मृच्छकटिक—पृ० १६२
२—मृच्छकटिक, ३।२०
३—मृच्छकटिक, पृ०—१६७-१६९
४—मृच्छकटिक, ४।६
५—मृच्छकटिक, ३।११

चारुदत्त की प्रशंसा करने के कारण मदनिका के चरित्र पर सन्देह करने लगता है और सम्पूर्ण नारी जाति पर चचलता तथा विश्वासघात का आरोप करता है।[1]

संक्षेप में हम कह सकते हैं कि यद्यपि शर्विलक अथवा सज्जलक चोर है तथा अन्य व्यक्ति के चरित्र को समझने में मनोवैज्ञानिक रूप से अधिक चतुर नहीं, किन्तु फिर भी वह एक सच्चा प्रेमी, कर्मनिष्ठ, मर्यादावादी, कर्ममार्गी, शूरवीर एवं आदर्शमित्र है।

संवाहक–भिक्षु

संवाहक के जीवन में हमें जो बहुरूपता तथा विविधता दृष्टिगोचर होती है वह नाटक के अन्य पात्रों में नहीं। गृहपतिदारक, संवाहक, द्यूतकर, बौद्धभिक्षु तथा विहार कुलपति—ये क्रमश: उसके जीवन के विविध रूप हैं अत: वह साक्षात् बहुरूपता की मूर्ति है। संवाहक वस्तुत: हमारे समक्ष चारुदत्त के सेवक के रूप में प्रस्तुत होता है। द्वितीय अंक के माथुर और द्यूतकर के भय से वसन्तसेना के यहाँ शरण लेने पर उसका पूर्ण परिचय हमें प्राप्त होता है। वह पाटलिपुत्र का निवासी है। जन्म से वणिक् है तथा एक गृहपति का पुत्र है। भाग्य की विपरीतता के कारण उसने संवाहक वृत्ति को अपनाया।[1]

देश-दर्शन के कौतूहल से वह उज्जयिनी आया था। उसने आगन्तुकों से सुना था कि यहाँ उदार और धनी सम्पन्न व्यक्ति सुलभ हैं अत: यहाँ आकर उसने आर्य चारुदत्त के घर सेवक पद को प्राप्त किया। उसने कला समझ कर जिस संवाहकवृत्ति को सीखा था वह दुर्दैव के कारण कालान्तर में उसकी जीविका का साधन बन गई—

"कलेति शिक्षिता। आजीविकेदानीं संवृत्ता"।[1]

वसन्तसेना के सेवक कर्णपूरक के राजमार्ग में जाते हुए इस सन्यासी को ही एक उन्मत्त हाथी से रक्षा कर चारुदत्त से उपहारस्वरूप एक प्रावारक (दुपट्टा) भी प्राप्त किया था।

संवाहक में यद्यपि द्यूतक्रीडा की दुष्प्रवृत्ति है किन्तु वस्तुतः वह एक सज्जन पुरुष तथा सत्स्वभाव का व्यक्ति है। वह स्पष्टवक्ता है अतः द्यूतक्रीडा में दस सुवर्ण मुद्राओं के हारने की बात वसन्तसेना से स्पष्टरूप से कह देता है। वह अपने शरीर को भी बेंच कर जुएँ में हारी दस सुवर्णमुद्राओं को अदा करना चाहता है जो वस्तुतः उसके सत्स्वभाव का ही प्रतीक है—

"आर्यः क्रीणीष्व मा अस्य सभिकस्य हस्तात् दशभिः सुवर्णैः। गेहेते कर्मकरो भविष्यामि।"[1]

वह गुणों का आदर करता है तथा चारुदत्त के गुणों से आकृष्ट होकर ही वह उसके यहाँ सेवकत्व स्वीकार करता है तथा उसके निर्धन हो जाने पर भी उसके साथ ही रहता है। वसन्तसेना से मिलने पर वह चारुदत्त के गुणों की भूरि भूरि प्रशंसा करता है। वह एक कृतज्ञ व्यक्ति है तथा कृतघ्नता से घृणा करता है। उसमें प्रत्युपकार की प्रवृत्ति है अतः वसन्तसेना के द्वारा ऋणमुक्त किये जाने पर वह उसके सेवकों को अपनी संवाहन कला सिखाना चाहता है—

"आर्ये यद्येव तदिय कला परिजनहस्तगत क्रियताम्।"[2]

अन्त में जब वह वसन्तसेना की प्राणरक्षा करके प्रत्युपकार करता है तभी उसकी आत्मा को सन्तोष होता है। वह बड़ा सहनशील है तथा इन्द्रियसंयमी है। शकार उसे अत्यधिक अपमानित करता है किन्तु वह उस पर क्रोध नहीं करता। वह एक सच्चा बौद्ध भिक्षु है तथा निरन्तर बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए इन्द्रियों का दमन करने के लिये और धर्माचरण करने के लिए उपदेश देता रहता है :—

"अज्ञाः कुरुत धर्मसंचयम्।
संयच्छत निजोदरं नित्यं जागृत ध्यानपटहेन।
विषमाः इन्द्रियचौराः हरन्ति चिरसंचितं धर्मम्।"[3]

वह बौद्ध धर्म के नियमों का कठोरता से पालन करता है। बौद्ध धर्म में स्त्रियों का स्पर्श वर्जित है अतः वह पुष्पकरण्डक उद्यान में मूर्छित वसन्तसेना के चेतनता प्राप्त करने पर अपने हाथ का आश्रय देकर उसे खड़ा नहीं करता, अपितु एक लता

१—मृच्छकटिक, पृ० १३२
२—मृच्छकटिक, पृ० ११२
३—मृच्छकटिक पृ० १३५
४—मृच्छकटिक, ८।१

को झुका देता है और वसन्तसेना से कहता है कि वह उसका सहारा लेकर खडी हो जाये।[1] एक सच्चा बौद्धभिक्षु होने के कारण उसे ससार की सासारिकता तथा भोग-विलासो मे बिल्कुल आसक्ति नही है। वह माया-मोह और लोभ से सर्वथा परे रहना चाहता है। चारुदत्त के सदृश उदार, सहृदय और दयालु व्यक्ति के ऊपर लगाये गये मिथ्या आरोपो एव उसके दुःखो को देखकर तो उसे ससार से और अधिक विरक्ति हो जाती है तथा ससार की इस अनित्यता के कारण प्रव्रज्या मे ही उसका मन अधिक रमता है। वह स्वय कहता है—

'इदमीदृशमनित्यत्व प्रेक्ष्य द्विगुणो मे प्रव्रज्यायां बहुमानः सवृत.'।[2]

वह दृढ निश्चयी है। वह जो निश्चय कर लेता है उस पर अटल रहता है। उसने प्रव्रज्या ग्रहण करने का निश्चय कर लिया है जिससे उसे कोई विचलित नही कर सकता। उसके इस दृढ निश्चय को ही देखकर चारुदत्त उसे पृथ्वी के समस्त बौद्धमठो का कुलपति बना देता है—

'सखे दृढोऽस्य निश्चय । तत्पृथिव्या सर्वे विहारेषु कुलपतिरय क्रियताम्'।[3]

अत यह स्पष्ट है कि जो विविधता एव वहुरूपता सवाहक के जीवन मे दृष्टिगोचर होती है, वह अन्य पात्रो मे जीवन मे नही।

धूता

धूता चारुदत्त की परिणीत भार्या है। वह एक आदर्श भारतीय गृहिणी है। वह एक पतिव्रता आर्य महिला का प्रतिनिधित्व करती है। वह चारुदत्त के प्रतिपूर्ण निष्ठावान् है। तथा एक भारतीय पत्नी के समस्त कर्तव्यो का उत्तरदायित्वपूर्ण निर्वाह करती है। वह चारुदत्त के सुख मे सुखी और दुःख मे दुःखी रहती है। शर्विलक के द्वारा घर मे चोरी की बात सुनकर वह सबसे पहले चारुदत्त की शारीरिक सुरक्षा के विषय मे पूछती है—

'अयि । सत्यमपरिक्षतशरीर आर्यपुत्र आर्य मैत्रेयेण सह ?'[4]

किन्तु शारीरिक सुरक्षा एव धन की अपेक्षा वह अपने पति के सुयश एव चरित्र की अधिक चिन्ता करती है—

'वरमिदानी स शरीरेण परिक्षत. न पुनश्चारित्रेण।'[5]

चारुदत्त के यश एव चरित्र की रक्षा के लिए वह स्वेच्छा से अपने मातृगृह

१—मृच्छकटिक पृ० ४४८।
२—मृच्छकटिक पृ० ५९९।
३—मृच्छकटिक पृ० ५९९।
४—मृच्छकटिक पृ० १८२।
५—मृच्छकटिक पृ० १८३।

से प्राप्त हुई अत्यधिक प्रिय एवं मूल्यवान् 'चतुः सागररत्नभूता' रत्नावली को वसन्तसेना के आभूषणों के बदले में देना चाहती है, किन्तु उसे यह सन्देह है कि चारुदत्त स्वयं स्वाभिमानी होने के कारण इसे स्वीकार नहीं करेंगे।[1] अतः वह बड़ी चतुरता से 'रत्नषष्ठी' के व्रत के बहाने दानस्वरूप उस रत्नावली को विदूषक को दे देती है और चारुदत्त उसे ऋण मुक्त होने के लिए वसन्तसेना के पास भेज देता है।

धूता को आभूषणों के प्रति मोह एवं लोभ नहीं है। उसका वास्तविक एवं अमूल्य आभूषण तो उसका पति ही है। अतः वसन्तसेना के द्वारा रत्नावली लौटाये जाने पर वह उसे स्वीकार नहीं करती और विनम्रता से यह कहकर वापस कर देती है कि आर्य चारुदत्त ने इसे आपको दिया है, अतः मेरे द्वारा इसे स्वीकार करना उचित नहीं है। मेरे आभूषण तो मेरे स्वामी ही हैं—

'आर्यपुत्रेण युष्माकं प्रसादीकृता न युक्तं ममैतां ग्रहीतुम्। आर्यपुत्र एव ममाभरण विशेष इति जानातु भवती।'[2]

चारुदत्त के सदृश वह भी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला है। रत्नषष्ठी का व्रत और दान इस बात का प्रमाण है। वह गुणों में सर्वथा चारुदत्त के अनुरूप है और उसकी पत्नी होने के योग्य है। जब विदूषक मैत्रेय रत्नावली चारुदत्त को देता है, तब वह पूछता है कि यह क्या है तब उत्तर देते हुए विदूषक कहता है कि आपके द्वारा गुणों में अपने अनुरूप पत्नी प्राप्त करने का फल है—

'भोः यत्तेसदृशदारसंग्रहस्य फलम्'·· ·· · ··· मृच्छकटिक।

चारुदत्त को धूता के समान गुणवती पत्नी प्राप्त करने का अभिमान है, अतः वह दरिद्र होते हुए भी स्वयं को दरिद्र नहीं मानता।[3]

धूता अत्यन्त उदार है। वह अपनी सपत्नी गणिका वसन्तसेना से किंचित् मात्र भी ईर्ष्या नहीं करती, अपितु उसे अपनी बहन मानती है। वसन्तसेना को सकुशल देखकर वह कहती है—'दिष्ट्या कुशलिनी भगिनी।' वह वसन्तसेना से प्रेम करने वाले अपने पति चारुदत्त पर भी क्रोध नहीं करती किन्तु उसे अत्यधिक प्रेम करती है। अपने पति की मृत्यु का समाचार प्राप्त करने के पूर्व ही वह स्वेच्छा से चिता में कूद कर प्राण त्याग कर देना चाहती है और अपने पातिव्रत्य धर्म के समक्ष अपने पुत्र की भी चिन्ता नहीं करती। वह अपने पालन-पोषण की प्रार्थना करते हुए अपने पुत्र रोहसेन से स्पष्ट कह देती है।

१–मृच्छकटिक पृ० १८३।
२–मृच्छकटिक पृ० ३१७।
३–मृच्छकटिक, ३।२८

'जात । मुञ्च माम् मा विघ्न कुरु । बिभेमि आर्यपुत्रस्यामङ्गलाकर्णनात् । वरे पापाचरणम्, न पुनरार्यपुत्रस्यामङ्गलाकर्णनम् ।

वह इतनी उदार एव धर्मशील है कि पचम अक मे वसन्तसेना के रात भर चारुदत्त के साथ रहने पर भी इसका विरोध नहीं करती।

अत निश्चित रूप से धूता एक अत्यन्त उत्तम कोटि की भारतीय गृहिणी एव एक आदर्श धीरा नायिका है। वसन्तसेना से उसके चरित्र की तुलना करते हुए नरमस्कर महोदय कहते हैं—

Both Dhoota and Vasantsena love Charudatta dearly, both are prepared to die for him without a moment's notice. Dhoota, who is older in years, strikes the reader as being more dignified and possessing greater self Control, while Vasantsena is more jonious, full of order and given to greater display of her emotions

धूता की प्रशसा करते हुए देवस्थली महोदय कहते हैं—

धूता—

Dhoota is an ideal Hindu wife who would Care for her husband before any thing else and would look more to his name and reputation than to his physical safety For it she would part with even her most Valuable treasure and would look upon her husband as her most precious and proud ornament.

मदनिका

मदनिका वसन्तसेना की एक विश्वासपात्र दासी है। दासी से भी बढ़ कर वह उसकी प्रिय सखी है। वे परस्पर एक दूसरे को अत्यधिक स्नेह करती है। वसन्तसेना अपने प्रत्यक रहस्य को उस पर प्रकट कर देती है। चारुदत्त के साथ अपने प्रणय को भी वसन्तसेना ने मदनिका को पूर्णरूप से बता दिया है। दूसरों के और विशेष-रूप से अपनी स्वामिनी और सखी वसन्तसेना के हार्दिक भावो को समझने मे मदनिका बड़ी चतुर है। वसन्तसेना को शून्य हृदय देखकर वह समझ जाती है कि वह किसी हृदय स्थित जन को चाहती है। अत वसन्तसेना ने उसे 'परहृदयग्रहण-पण्डिता' की उपाधि प्रदान की है जो सर्वथा उचित है।[1] वसन्तसेना से उसे इतना प्रेम है कि यह जानकर कि शर्विलक ने उसके प्रेमी चारुदत्त के घर चोरी की है, वह मूर्छित हो जाती है।

१–मृच्छकटिक पृ० २९२।
२–मृच्छकटिक पृ० ९९।

मदनिका एक बुद्धिमती तथा चतुर नारी है। गणिका की दासी होने पर भी वह सत्स्वभाव की महिला है। शर्विलक के द्वारा चारुदत्त के घर से वसन्तसेना के आभूषणो के चुराये जाने का पता लगने पर वह एक सदगृहिणी की भाति शर्विलक को परामर्श देती है कि इन आभूषणो को आर्या वसन्तसेना को दे दो। शर्विलक के यह पूछने पर कि इससे क्या होगा—वह कहती है कि इससे तुम चोरी के अपराध से मुक्त हो जाओगे, चारुदत्त उऋण हो जायगे तथा वसन्तसेना को अपने आभूषण मिल जायेंगे।

'एव तावदचौर सोऽपि आर्य अनृण, आर्याया स्वक अलकारक उपगतो भवति।'[1]

मदनिका के समान बुद्धिमती तथा पथ-प्रदर्शिका प्रेमिका को प्राप्तकर शर्विलक का अत्यधिक प्रसन्नता है। तभी तो वह गर्व से कहता है—

'मयाप्ता महती बुद्धिर्भवतीमनुगच्छता।
निशाया नष्टचन्द्राया दुर्लभो मार्गदर्शक.॥'[2]

अपनी स्वामिनी वसन्तसेना के एक गणिका होने के कारण वह उसे भी सत्परामर्श देती है कि निर्धन पुरुष की वेश्यायें कामना नही करती जैसे कुसुमहीन रसाल के वृक्ष को भ्रमरियां नही चाहती अर्थात् जिस आम वृक्ष म मजरी निकल आई हैं उसकी ही उपासना मधुकर करते हैं।[3]

मदनिका बौद्धिकरूप म ही चतुर नही है, अपितु शारीरिक रूप से भी वह अत्यधिक सुन्दर है। वह साक्षात् मूर्तिमती रति है। उसके सौन्दर्य का वर्णन करते हुए शर्विलक स्वय कहता है—

'मदनमपि गुणैर्विशेषयन्ती रतिरिव मूर्तिमती विभाति येयम्'।[4] वह भीरु अथवा कायर नही है, अत शर्विलक अथवा सज्जलक जैसे वीर एव साहसी व्यक्ति की पत्नी होने के सर्वथा योग्य है। वह शर्विलक के उचित एव साहसपूर्ण किसी भी कार्य मे बाधा नहीं डालना चाहती। पाणिग्रहण होने के पश्चात् वसन्तसेना के घर से निकलते ही यह पता लगने पर कि राजा पालक ने आर्यक को बन्धनागार में डाल दिया है, शर्विलक उसे बन्धन मुक्त कराने के लिए जाना चाहता है। उस समय मदनिका उसे रोकती नही है। वह उससे केवल इतना ही चाहती है कि वह पहले उसे गुरुजना के समीप सुरक्षित पहुँचा दे— नयतु मामायपुत्र समीप गुरुजनानाम्'

१—मृच्छकटिक पृ० २१७।
२—मृच्छकटिक, ४।२१।
३—मृच्छकटिक पृ० १००।
४—मृच्छकटिक, ४।४।

वह शर्विलक से अपने कार्य मे अप्रमत्त होने की भी प्रार्थना करती है—

'अप्रमत्तेन तावदार्यपुत्रेण भवितव्यम् ।'

अत स्पष्ट है कि वह एक आदर्श पत्नी, वीरवधू, बुद्धिमती, दूरदर्शी तथा अवसर के अनुसार कार्य करने वाली नारी है। यद्यपि वह एक गणिका की दासी है, किन्तु उसम एक कुलीन वधू के समस्त गुण विद्यमान है। चतुर्थ अक मे विवाह होने के उपरान्त वह रगमंच पर नही आती, इससे पाठको को कुछ क्षोभ होता है।

पञ्चम विवेक

मृच्छकटिक की भाषा एव शैली का अध्ययन

'मृच्छकटिक' प्रकरण भाषा एव शैली की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जितने प्रकार की प्राकृत का प्रयोग "मृच्छकटिक" मे किया गया है, उतना सस्कृत के किसी अन्य रूपक में नही। प्रकरण की भाषा सरल, प्रभावोत्पादक एव मुहावरेदार है तथा शैली अनलकृत है। शूद्रक की भाषा (सस्कृत तथा प्राकृत) एव शैली की कुछ व्यक्तिगत विशेषताये हैं।

सस्कृत—शूद्रक की सस्कृत सरल, सरस, स्वाभाविक एव स्पष्ट है। कृत्रिमता का प्राय दोनो प्रकरणो में अभाव है। भाषा में नाटकीयता है उसमें अभीष्ट गति एव प्रवाह है। काल की दृष्टि से 'मृच्छकटिक' की भाषा 'चारुदत्त' के कई शताब्दी बाद की है। भाषा मे माधुर्य एव प्रसाद का पूर्ण विकास हुआ है। शूद्रक की भाषा मे यत्र-तत्र ओज प्राप्त होता है। भाषा पर कवि का पूर्ण अधिकार है भाषा सुन्दर, परिष्कृत एव प्रांजल है। मृच्छकटिक मे उपयुक्त एव उचित शब्दो का प्रयोग किया गया है। प्रकरण के कुछ शब्दो के विवेचन से यह स्पष्ट है। शूद्रक ने 'सुस्निग्धा' का प्रयोग किया है अर्थात् दरिद्रता के कारण घनिष्ट मित्र भी विमुख हो जाते हैं[1]। शूद्रक ने 'नरो' का प्रयोग किया है जो अधिक उचित है। 'यो याति नरो दरिद्रता। इसी पद्य में उन्होने दुःख के पश्चात् सुख की शोभा का वर्णन करते हुए लिखा है कि यह अन्धकार के पश्चात् दीप-दर्शन के सदृश सुशोभित होता है-'यथा न्धकारादिव दीपदर्शनम्' यहां 'यथा' और 'इव' दोनो का प्रयोग अनावश्यक है अत शूद्रक ने यथा का प्रयोग नहीं किया-'घनान्धकारेष्विव दीप दर्शनम्'[2]। वसन्तसेना का रात्रि म पीछा करते हुए विट उसके चरणो के लिए 'नृत्योपदेशविशद

१-मृच्छकटिक १/३६।
२-मृच्छकटिक १/१०।

विशेषण का प्रयोग करता है। नृत्य भावों पर आश्रित होता है तथा नृत्त ताल और लय पर। इसके अतिरिक्त वेश्यायें उसके उपदेश मे नही अपितु प्रयोग में दक्ष होती हैं। अत: शूद्रक ने 'नृत्तोपदेशविशदौ' का प्रयोग किया है, जो अधिक उचित है[1]। 'मृच्छकटिक' मे विट कहता है कि हम एक 'सकामा' स्त्री का पीछा कर रहे हैं, वसन्तसेना चारुदत्त के प्रति अनुराग रखने के कारण सकामा है[2]। चारुदत्त वसन्त सेना का रदनिका समझ कर अपना प्रावारक देता है। वह ज्ञात होने पर कि वह रदनिका नही है वह दुःख से कहता है कि मैंने किसे अपने वस्त्र से दूपित कर दिया शूद्रक का 'दूपिता' अधिक अच्छा प्रयोग है[3]। शूद्रक ने 'अर्थसिद्धि' का प्रयोग किया है ·········"स्यादर्थसिद्धिश्च मे"[4]। चतुर्थ अक मे यह ज्ञात कर कि शर्विलक ने चारुदत्त के यहा कुछ अकार्य किया है। मदनिका बहुत उद्विग्न होती है और मूच्छित हो जाती है उस समय शर्विलक कहता है कि शरविद्ध मृगी के समान मूच्छित हो रही हो, इस समय वह अपने प्रिय—मिलन मे विलम्ब कर उस पर दया नही करती है। अत. शूद्रक ने 'नानुकम्पसे का उचित ही प्रयोग किया है[5]। मदनिका के समक्ष अपने कुल की प्रशंसा करते हुए शर्विलक कहता है कि उसके पूर्वज सन्तुष्ट थे, किन्तु सन्तोष तो दुर्जनो को भी हो सकता है, अत: शूद्रक ने 'सद्वृत्त पूर्व पुरुषे' का प्रयोग किया है जो अधिक श्रेष्ठ है[6]। शूद्रक की कवि सुलभ कल्पना अधिक सुन्दर एव कोमल है। प्रथम अक मे उदित होते हुए चन्द्रमा की शुभ्रता की उपमा कामिनियो के कपोलस्थल से की है—"कामिनीगण्ड पाण्डुः" शूद्रक की सस्कृत मे भी हमें अनेक दोष प्राप्त होते हैं 'उन्होने 'मृच्छकटिक' के प्रथम अक मे 'मम रोचते' का प्रयोग किया है। पाणिनी—व्याकरण के अनुसार 'मह्यं रोचते' होता है। प्रथम अक के २१ वें श्लोक मे प्रयुक्त 'भयभीता' मे 'भय' शब्द निरर्थक है। पैंतीसवें श्लोक मे 'काम' का 'यद्यपि' के अर्थ में प्रयोग होने के कारण 'तु' का प्रयोग होना चाहिए, किन्तु शूद्रक ने ऐसा नही किया है। द्वितीय अक के १० वे श्लोक में 'अय पट.' का बार बार प्रयोग किया गया है—'यहां अनवीकृतत्व दोष है। तृतीय अंक में शर्विलक पुस्तक शब्द के नपु सकलिंग होने पर भी उसका पुल्लिंग में 'अमी पुस्तका:' प्रयोग करता है। इन कुछ दोषों के होते हुए भी शूद्रक की सस्कृत सरल और स्वाभाविक है। उसमें कृत्रिमता का पूर्णरूपेण अभाव है। पात्रों एव परिस्थितियों के अनुसार भाषा का प्रयोग शूद्रक ने किया है। लोकोक्तियो तथा मुहावरो के प्रयोग से भाषा को सजीव बनाने का प्रयास किया गया है।

१—मृच्छकटिक— १/१७
२—मृच्छकटिक, १/४४
३—मृच्छकटिक, १/५४
४—मृच्छकटिक, ३/१२ .

प्राकृत भाषा प्रयोग

प्राकृत के प्रयोग की दृष्टि से 'मृच्छकटिक' एक अद्वितीय रूपक है, जितनी प्रकार की प्राकृत का प्रयोग इस प्रकरण में किया गया है, उतना अन्य किसी रूपक में नही। प्राचीन भारतीय भाषाओ के तीन प्रमुख वर्ग हैं–संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश। 'मृच्छकटिक' के संस्कृत टीकाकार पृथ्वीधर ने इस प्रकरण की प्राकृत भाषाओं का विस्तृत विवेचन किया है। प्राकृत भाषाएं मुख्यरूप से सात वर्गों में विभक्त की गई हैं—मागधी, अवन्तिजा, प्राच्या, शौरसेनी, अर्धमागधी, वाल्हीका तथा दक्षिणात्या (महाराष्ट्री)। अपभ्रंश भी सात भागो में विभक्त की गई है।—शकारी, आभारी, चाण्डाली, शाबरी, द्राविडी, उड्जा तथा ढक्की (वनेचरो की भाषा)। प्राकृत को भाषा तथा अपभ्रंश को विभाषा भी कहते हैं। इनमें से सात प्रकार की भाषाओं अथवा विभाषाओ का 'मृच्छकटिक' में प्रयोग हुआ है, जिनमे शौरसेनी, अवन्तिका, प्राच्या तथा मागधी ये चार प्राकृत हैं और शकारी, चाण्डाली तथा ढक्की ये तीन अपभ्रंश। इनमे मुख्यरूप से शौरसेनी और मागधी का ही विशेषरूप से इस प्रकरण मे सुन्दर प्रयोग हुआ है। अन्य पाच प्रकार की प्राकृत और अपभ्रंश के प्रयोग को देखकर आलोचको ने यह अनुमान लगाया है कि उस समय तक प्राकृतो और अपभ्रंशों का पूर्ण विकास नही हो पाया था। 'मृच्छकटिक' में जो पात्र जिस प्राकृत अथवा अपभ्रंश का प्रयोग करता है उसका वर्णन इस प्रकार है –

शौरसेनी	– सूत्रधार, नटी, वसन्तसेना तथा उसकी माता, मदनिका, रदनिका, चेटी कर्णपूरक, धूता, शोधनक तथा श्रेष्ठी।
अवन्तिका	– वीरक तथा चन्दनक।
प्राच्या	– विदूषक।
मागधी	– संवाहक (बाद मे भिक्षु), स्थावरक, कुम्भीलक, वर्धमानक, रोहसेन।
शकारी	– शकार।
चाण्डाली	– दोनो चाण्डाल।
ढक्की	– द्यूतकर तथा माथुर।

वस्तुत शौरसेनी तथा मागधी ही 'मृच्छकटिक' की प्रमुख प्राकृत हैं तथा उनका परिनिष्ठित रूप हम इस प्रकरण मे प्राप्त होता है। ऐसा प्रतीत होता है कि इन पर वररुचि आदि प्राकृत वैयाकरणो का प्रभाव है। इन सात प्रकार की भाषाओं और विभाषाओ का विवरण संक्षेप मे इस प्रकार है —

शौरसेनी–'मृच्छकटिक' मे कुल 11 पात्र शौरसेनी प्राकृत बोलते हैं। इनमें

सूत्रधार केवल 'कार्यवश' प्राकृत बोलता है, अन्यथा वह संस्कृत का ही प्रयोग करता है। इसमें श, 'ष' तथा 'स' इन तीनों के स्थान पर केवल 'स' का ही प्रयोग किया जाता है। उदाहरणार्थ संस्कृत के 'प्रविशामि', 'मर्षतु' 'सर्वं', 'सुकुमारा', 'शिक्षिता तथा अपेयेषु तडागेषु' के स्थान पर क्रमशः 'पाविसामि', मरिसेदु', 'सव्वं,' 'सुउमारा', 'सिक्खिदा' तथा ओएसु तडाएसु' रूप प्राप्त होते हैं।

अवन्तिका—अवन्तिका और शौरसेनी में बहुत कम अन्तर है। इसमें भी 'श' 'ष' और 'स' के स्थान पर 'स' होता है। पृथ्वीधर के अनुसार यह रेफवती तथा लोकोक्तिबहुला होती है। रेफवती का अर्थ यहाँ स्पष्ट नहीं है। यदि इसका अर्थ 'ल' के स्थान पर 'र' पाया जाना है तो वीरक और चन्दनक की प्राकृत के अनुसार यह लक्षण ठीक नहीं घटता। उदाहरण के लिए संस्कृत के 'अवलोकित', 'प्रतोलीद्वारे' 'पालकेन' के स्थान पर 'अवलोइद 'पदोलीदुआरे' और 'पालएण' इन शब्दों में 'ल' का 'र' नहीं होता। कहीं कहीं तो इसके विपरीत 'र' के स्थान पर ही'ल'प्राप्त होता है जैसे—'आरूढो' के स्थान पर 'आलूढो' तथा 'आरूढो' दोनों प्रयोग प्राप्त होते हैं। इसमें 'रे'तथा'अरे' शब्दों का प्रयोग अधिक है। यदि रेफावती का यही अर्थ है तो ठीक है। लोकोक्तियों की इसमें प्रचुरता है यह 'मृच्छकटिक' से भी सिद्ध होता है। कीथ के अनुसार चन्दनक स्वयं को दक्षिणात्य कहता है। अतः उसकी भाषा दक्षिणात्य माननी चाहिए जिसे नाट्यशास्त्र के अनुसार योद्धा, राजपुरुष तथा जुआड़ी बोलते हैं।[1]

प्राच्या—विदूषक प्राच्या बोलता है। इसमें भी श, ष और स के स्थान पर 'स' होता है। पृथ्वीधर के अनुसार प्राच्या में स्वार्थिक ककार—बहुत होता है, किन्तु विदूषक की भाषा में ककार की बहुलता नहीं है। कीथ के अनुसार प्राच्या शौरसेनी की ही कोई बोली सम्भवतः पूर्वी बोली है।[2]

मागधी—मागधी में श, ष तथा स के स्थान पर 'श' का प्रयोग किया जाता है। उदाहरणस्वरूप संस्कृत के 'श्वसिति', 'एष.' 'साम्प्रत', 'शरणागत-वत्सल.' के स्थान पर क्रमशः 'शशदि', 'ऐशे', शपद' तथा 'शलणागतवच्छले' हो जाता है। मागधी में शकार बहुलता होती है। संवाहक आदि के संवादों से यह स्पष्ट है।

शकारी—शकारी में भी शकार की बहुलता होती है जैसा शकार की उक्तियों से स्पष्ट है। उदाहरण के लिए हम वसन्तसेना के विषय में कही गई उसकी यह उक्ति ले सकते हैं—

'एशा णाणक-मूशि-काम-कशिका, मच्छाशिका लाशिका,
णीण्णाशा, कुलणाशिका, अवशिका, कामश्श मन्जूशिका।'[3]

(१) संस्कृत नाटक, पृ०—१४०
(२) संस्कृत नाटक, पृ०—१४०
(३) मृच्छकटिक, १/२३।

इसमे 'र' के स्थान पर 'ल' हो जाता है। उदाहरण के रूप मे संस्कृत के 'मारयामि' तथा 'दशकन्धरो' के स्थान मे क्रमश: 'मालेमि' तथा 'दशकन्धले' हो जाते हैं। शकारी का प्रयोग शकार करता है।

चाण्डाली—इसमे भी श, ष और स के स्थान पर 'शकार' हो जाता है तथा 'र' के स्थान पर'ल'हो जाता है। उदाहरणस्वरूप इसमे संस्कृत के'शून्य', 'एष', 'सार्थवाह'तथा 'अरे पौरा' के स्थान पर क्रमश 'शुण्ण', 'एशे', 'शत्थवाह', 'अले पउला' हो जाता है। दोनो चाण्डाल इसका प्रयोग करते हैं।

ढक्की—पृथ्वी धर का मत है कि ढक्की मे वकार की प्रचुरता होती है। जब यह संस्कृतप्राय होती है तो इसमे स तथा श दोनो का प्रयोग होता है—'वकारप्राया ढक्कविभाषा। संस्कृतप्रायत्वे दन्त्यतालव्यसशकारद्वययुक्ता' 'च' किन्तु 'मृच्छकटिक' की ढक्की वकारबहुला नहीं, अपितु उकारबहुला है। इसमे शब्दों के अन्त मे प्राय 'उकार' आता है। जैसे—'पिष्पदीलु थादु। थाडिमाशुण्णु देउलू' तथा 'तुए गदासुवण्णु कल्लवत्तु, मए एसु विहवु।' आदि भरतमुनि के नाट्यशास्त्र के अनुसार ढक्की का नाम नहीं प्राप्त होता किन्तु उन्होने एक उकार बहुला भाषा का उल्लेख किया है—

'हिमवत्सिन्धुसौवीरान् येऽन्यदेशान् समाश्रिताः।
उकारबहुला तेषु नित्य भाषा प्रयोजयेत्॥'[1]

कीथ के अनुसार ढक्की को टक्की' होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। लिपि की अशुद्धता से यह ढक्की लिख दी गई है। पिशेल इसे पूर्वी बोली तथा ग्रियर्सन पाश्चात्य बोली मानते हैं।[2]

इस सात प्रकार की भाषाओ अथवा विभाषाओ मे शकारी तथा चाण्डाली दानो मागधी की ही विभाषाए हैं। यदि हम ढक्की को छोड दे तो 'मृच्छकटिक' की सम्पूर्ण प्राकृतें शौरसेनी और मागधी अथवा इसकी बोलियो के रूप म ही आ जाती है।

शूद्रक की शैली

शूद्रक की शैली भी सरल और स्वाभाविक है। यह संस्कृत साहित्य को अलंकृत शैली नही है। माधुर्य और प्रसाद उसके विशेष गुण है। बड़े-बड़े समासों तथा कृत्रिमता का उसम प्राय अभाव है। अत हम उसे वैदर्भी शैली कह सकते हैं। वैदर्भी शैली का लक्षण देते हुए कहा गया है —

(१) नाट्यशास्त्र—१८/६०
(२) संस्कृत नाटक, पृ०—१८० ।

'माधुर्यव्यजकैर्वर्णे रचना ललितात्मिका।
अवृत्तिरल्पवृत्तिर्वा वैदर्भी रीतिरिष्यते॥'

वैदर्भी शैली के सभी गुणो का समावेश शूद्रक की शैली मे है। मृच्छकटिक के चतुर्थ अक मे वसन्तसेना के भवन का वर्णन करते समय भाषा समास प्रधान होने के कारण ओज (ओज समासभूयस्त्वम्) के दर्शन होते हैं। इस स्थल मे भाषा की कृत्रिमता तथा अलकृत शैली के दर्शन होते हैं।

शूद्रक ने पात्रो एव परिस्थितियो के अनुसार ही सस्कृत एव प्राकृत दोनो का प्रयाग किया है। अवस्था एव अवसर के अनुरूप एक ही पात्र दो भाषाओ का प्रयोग करता है। प्रथम अक म प्रारम्भ मे तो सूत्रधार सस्कृत बोलता है किन्तु बाद मे प्रयोजनवश प्राकृत का प्रयोग कहता है। इस विषय म वह स्वय कहता है—

'एषोऽस्मि भो ' कार्यवशात् प्रयोगवशात् प्राकृतभाषी सवृत्त:'।[1]

'मृच्छकटिक मे यद्यपि प्रारम्भ से अन्त तक वसन्तसेना प्राकृत मे ही बोलती है किन्तु चतुर्थ अक के अन्त म वह विदूषक से सस्कृत म वार्तालाप करती है। सभवत शूद्रक ने इस विषय म भरत के इस निर्देश का पालन किया है—

'योषित्सखी बाल वेश्याकितवाप्सरस' तथा
वैदग्ध्यार्थं प्रदातव्य सस्कृत चान्तरान्तर।'[2]

पदयोजना तथा वाक्य-विन्यास की दृष्टि से शूद्रक की भाषा नाटकीय तथा प्रवाहपूर्ण है। उनके सवाद सूक्ष्म, प्रभावोत्पादक तथा नाटकीय होते हैं। इस विषय म भट्ट महोदय का कथन है—

As regards the author's style, his flare for simplicity and his power of crisp, effective and dramatic dialogue are unmistakable

शूद्रक ने 'मृच्छकटिक' म गद्य तथा पद्य दोनो की अनेक सुन्दर लोकोक्तियो का प्रयोग किया है, जैसे—'अपेयेषु तडागेषु बहुतरमुदक भवति', 'अल्पक्लेश मरण दारिद्रयमनन्तक दु खम्', 'छिद्रेष्वनर्था बहुली भवन्ति' स्वैर्दोषैर्भवति हि शकितो मनुष्य' तथा 'साहसे श्री प्रतिवसति' आदि।

लोकोक्तियो के प्रयोग से भाषा अधिक सजीव एव आकर्षक हो गयी है। कही कही तो सम्पूर्ण श्लोक ही सूक्तिमय प्राप्त होता है। शूद्रक का शब्द भण्डार विशाल था तथा सस्कृत एव प्राकृत दोनो पर उन्हे पूर्ण अधिकार था। इसी कारण 'मृच्छकटिक' में जितनी प्रकार की प्राकृतो का प्रयोग किया गया है उतना सस्कृत के अन्य किसी नाटक मे नही। 'मृच्छकटिक' मे शूद्रक ने भी यद्यपि सभी प्रमुख रसो का

१—मृच्छकटिक—१०
२—भरत नाट्यशास्त्र

प्रयोग किया है, किन्तु शृंगार (सम्भोग तथा विप्रलम्भ दोनो), करुण तथा हास्य के प्रयोग मे ही वे अधिक सफल हैं। उन्होने उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा तथा अर्थान्तरन्यास आदि अर्थालंकारो की सुन्दर योजना की है।

शूद्रक की शैली की एक विशेषता यह है कि विभिन्न पदार्थों का वर्णन उनकी विशेषताओ के साथ करते हैं, उदाहरणस्वरूप—

(अ) 'द्यूत हि नाम पुरुषस्यासिंहासन राज्यम्'

(ब) 'वीणा हि नाम असमुद्रोत्थितं रत्नम्' तथा

(स) (यज्ञोपवीत) अमौक्तिकमसौवर्णं ब्राह्मणाना विभूषणम् आदि।

कही कही उन्होने च, हि, तु आदि अतिरिक्त शब्दो का प्रयोग किया है। शूद्रक को ध्वनि अर्थ के द्योतक कुछ ऐसे शब्दो का प्रयोग प्रिय है जो स्वय ही उस प्रकार की ध्वनि का अभिव्यक्त कर देते हैं, जैसे, खटखटायते, फुरफुरायते, मडमडायिष्यामि तथा घुरघुरायमाणम् आदि। शूद्रक की एक विशेषता यह भी है कि उन्होने एक पात्र के द्वारा पूर्णरूप मे कहे गये एक ही पद्य को 'मृच्छकटिक' मे दो भागो मे विभक्त कर दिया है तथा दोनो भागो के मध्य मे अन्य पात्र के सवाद का समावेश कर दिया है। उदाहरण के रूप म विट के द्वारा कहे गये—

सकामान्विष्यतेऽस्माभि काचित् स्वाधीनयौवना।
साप्रप्ष्टा शङ्कया तस्याः प्राप्तेय शीलवञ्चना॥[1]

वसन्तसेना के विषय म चारुदत्त के द्वारा कहे गये—

'अविज्ञातप्रयुक्तेन घर्षिता मम वाससा।
सवृता शरदभ्रेण चन्द्रलेखेव शोभते॥'[2]

इस पद्य के द्वारा नायक का भाव—

'विभवानुगता भार्या समदु खसुखो भवान्'[3] —इत्यादि

पद्य को शूद्रक ने 'मृच्छकटिक' के तृतीय अक मे स्थान दिया है। अतः अध्याय परिवर्तन भी उनकी एक विशेषता है। अपनी भाषा एव शैली को परिष्कृत एव प्राजल रूप देने के लिये शूद्रक ने गद्य एव पद्य दोनो मे अनेक सशोधन करके उन्हें 'मृच्छकटिक' म प्रस्तुत किया है। इसके अनेक उदाहरण दिये जा चुके है।

'मृच्छकटिक' की भाषा एव शैली निश्चितरूप से अधिक परिष्कृत है किन्तु फिर भी इसम कुछ दोष है। 'मृच्छकटिक' मे यत्र-तत्र भाषा की शिथिलता तथा अनियमित समास-योजना प्राप्त होती है जैसे तृतीय अक म 'कुद्दालोष्टकम्' के स्थान

१—मृच्छकटिक १।४४
२—मृच्छकटिक १।५६
३—मृच्छकटिक ३।२८

पर 'लोप्टकट्टन्दा'।

शूद्रक ने अनेक स्थलो पर अपाणिनीय प्रयोग किये हैं। शूद्रक ने इहलौकिक, निष्कमत नाम्यति, निर्घनता, वेदितवान् तथा मम रोचते के सदृश दाप किये हैं। अनवीकृतत्व भी दोष है। एक ही भाव की पुनरावृत्ति शूद्रक का एक अन्य दोष हैं। *पचम अ क मे वर्षा और दुर्दिन तथा षष्ठ अ क मे स्त्रियों के अवगुणों के वर्णन से* यह स्पष्ट है—[1]। कुछ स्थलों पर शूद्रक ने वर्णन का अनावश्यक विस्तार भी किया है। इस विषय मे भट्ट महोदय का कथन है—

At a few places we do find needless elaboration and verbosity as in Sharvislak's uncalled for outburst against women description of Vasantsena's house in Act IV, and the description of the storm in Act V.

शूद्रक कही कही अभिनय सम्बन्धी निर्देश देना भी भूल गये हैं जैसे षष्ठ अक मे सोने की गाडी के लिए जिद करते हुए रोहसेन को वहलाती हुई रदनिका के द्वारा कहे हुए—'तद्यावद्विनोदयामि' से पूर्व (स्वगतम्) होना चाहिये।

किन्तु वस्तुत ये अवगुण महत्वपूर्ण नही है। शूद्रक की भाषा एव शैली सरस, स्वाभाविक, सुगम और सुबोध है। माधुर्य, प्रसाद और पदलालित्य के विशेष गुण हैं। कृत्रिमता का दोनों मे अभाव है। अपाणिनीयता आदि दोष भी विद्यमान हैं किन्तु फिर भी शूद्रक की शैली परिष्कृत है।

सवाद—सवाद अथवा कथोपकन का रूपक की कथावस्तु के विकास म अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान होता है। पाश्चात्य नाट्यशास्त्र के सिद्धान्त के अनुसार तो यह नाटक का एक प्रमुख तत्व ही होता है। धनजय ने नाट्यधर्म का निरीक्षण कर कथावस्तु को तीन भागो मे विभक्त किया है—

(१) सर्वश्राव्य,
(२) अश्राव्य तथा
(३) नियतश्राव्य।

सर्वश्राव्य नटा तथा सामाजिकों सबके सुनाने योग्य होती है—इसे 'प्रकाश' भी कहते हैं। अश्राव्य किसी पात्र के सुनाने योग्य नही होती, इसे 'स्वगत' अथवा 'आत्मगत' भी कहते हैं। नियतश्राव्य दो प्रकार की होती है—जनान्तिक तथा अपवारित। यह नियत लोगो के सुनाने योग्य ही होती है। अन्य पात्रों की उपस्थिति म दो पात्र परस्पर 'त्रिपताक' हस्तमुद्रा द्वारा अन्य पात्रो को बचाकर कथोपकथन

१—आर० डी० करमरकर—इन्ट्रोडक्शन टु मृच्छकटिक—२१
२—प्रिफेस २—मृच्छकटिक–१७०

हैं वहा जनान्तिक होती है । जहा मुँह को दूसरी ओर कर कोई पात्र दूसरे व्यक्ति की गुप्त बात करता है उसे अपवारित कहते हैं । इनके अतिरिक्त यदि कोई पात्र 'क्या कहते हो' आदि कह कर अन्य पात्र की अनुपस्थिति मे ही उसके कथन को बिना सुने कथनोपकथन करता है, तो आकाशभाषित होता है ।[1]

"मृच्छकटिक मे इन तीनो प्रकार के सवादो का समुचित एव पर्याप्त प्रयोग किया गया है । आकाशभाषित का प्रयोग "मृच्छकटिक" मे उपलब्ध है । उदाहरण के लिए द्वितीय अक मे सभिक के द्वारा अपमानित किए जाते हुए सवाहक को देखकर उसकी रक्षा का निश्चय करने पर दर्दुरक के कथनोपकथन मे आकाशभाषित का प्रयोग है ।[2] शूद्रक सवादकला के विशेषज्ञ हैं । सवादो की योजना अस्वाभाविक नहीं है जिससे सामाजिक ऊब जाय । उनके सवाद पात्रो के चरित्र का पूर्णरूप से परिचय देते हैं । वे कथानक के विकास मे सहायक हैं । सवाद बड़े नपे-तुले, रोचक, व्यवस्थित, प्रभावोत्पादक तथा सक्षिप्त होते हैं । सरलता, सुगमता तथा सक्षिप्तता दोनो के प्रधान गुण हैं । शूद्रक के सक्षिप्त, प्रभावोत्पादक तथा नाटकीय सवादो के विषय मे भट्ट महोदय का कथन सर्वथा उचित है ।

मानव के अन्तर्द्वन्द्व को सरल भाषा मे स्वाभाविक रूप से अभिव्यक्त करने की शूद्रक की क्षमता प्रशसनीय है । 'मृच्छकटिक' के पात्र अपनी योग्यता तथा सामाजिक स्थिति के अनुरूप ही विभिन्न प्रकार की प्राकृत भाषाओं अथवा सस्कृत मे कथोपकथन करते हैं ।

पाश्चात्य आलोचक "आकाशभाषित" को मोनोलोग तथा 'स्वगत' को सालीलुकी' कह कर प्रयोग करते हैं । शूद्रक ने दोनो का ही प्रयोग किया है । शूद्रक ने प्राय बड़े-बड़े सवादो को बचाने का ही प्रयत्न किया है । शूद्रक के 'स्वगत' सवादो के विषय मे भट्ट महोदय का कथन है कि यद्यपि शूद्रक ने 'स्वगत' का अनेक स्थलो पर प्रयोग किया है किन्तु उन्हे विस्तृत नही बनाया है । फिर भी कुछ स्थानो पर लम्बे 'स्वगत' भी दृष्टिगोचर होते हैं ।[3] शूद्रक ने कुछ लम्बे सवादो को रोचक बनाने के लिए उनके मध्य मे अभिनय सम्बन्धी कुछ निर्देश दिये हैं । उदाहरण मे तृतीय अक मे शर्विलक के 'स्वगत' के मध्य चोर्यकला सम्बन्धी निर्देशो के विषय मे भट्ट महोदय कहते हैं —

As regards the author's style, his flare for simplicity and his

१–दशरूपक ।।६१–६७ ।
२–मृच्छकटिक पृ०–११७ ।
३–क्रिटिकल स्टडी ऑफ मृच्छकटिक, पत्र—१७०

power of Crisp, effective and dramatic dialogue are unmistakable.[1]

शूद्रक के सवादो की यद्यपि कुछ व्यक्तिगत विशेषताएँ हैं किन्तु वे समानरूप से सरल, सुबोध, स्वाभाविक, रोचक, प्रभावोत्पादक, व्यवस्थित, एव सक्षिप्त हैं[2]। कथोपकथन नाटक की जान होते हैं। शूद्रक इस कला में अधिक निपुण हैं। उनके सवाद अत्यन्त सजीव हैं। छोटे-छोटे उत्तर-प्रत्युत्तर स्वाभाविकता तो प्रदर्शित करते हैं। व्यग तथा हास्य उन्हे अधिक आकर्षक बना देते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि वे किसी नाटक के नही, अपितु वास्तविक जीवन के वार्तालाप हैं।

अलकार-वैदर्भी रीति का अनुगमन करने के कारण शूद्रक की अलकार-योजना सर्वत्र सरल और स्वाभाविक है। 'मृच्छकटिक मे स्वाभाविक रूप से अनेक अलकारो का प्रयोग हुआ है किन्तु शैली मे कृत्रिमता न होने के कारण कही भी अलकारो को बलपूर्वक अस्वाभाविक रूप मे प्रयुक्त नही किया गया है।

प्रकरण मे प्राय. उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, आदि सरल एव प्रचलित अलकारो का ही आडम्बरहीन प्रयोग किया गया है। अर्थ-सौन्दर्य की वृद्धि के लिए ये अलकार अनायास ही आ गये हैं। 'प्रतिमा नाटक' मे उपमा के प्रयोग का यह सुन्दर उदाहरण है —

'सूर्य इव गतो राम. सूर्य दिवस इव लक्ष्मणोऽनुगत: ।
सूर्यदिवसावसाने छायेव न दृश्यते सीता ॥[3]

'मृच्छकटिक' मे वसन्तसेना का विट सघन मेघो के मध्य मे स्थित विद्युत् की उपमा ऐरावत के वक्ष पर खिंची हुई सुवर्णरेखा पर्वत के शिखर पर स्थित शुभ्र पताका तथा इन्द्र के भवन मे जलती दीपिका से देता है।[4] शूद्रक ने प्रस्तुत पद्य म जो प्रकरण मे प्राप्त है, उपमा एव उत्प्रेक्षा दोनो का समान रूप से प्रयोग किया है।

"लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जन नभ ।
असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्विफलता गता ॥[5]

चारुदत्त के द्वारा प्रदत्त वस्त्र को ओढ कर वसन्तसेना शरत्कालीन मेघ से आच्छन्न चन्द्रमा की रेखा के सदृश प्रतीत होती है।[6] साम्यमूलक इन अलकारो के अतिरिक्त भी दोनो प्रकरण मे अनेक अलकारो का प्रयोग किया गया है। शूद्रक

१–इन्टरोडक्शन टु दि स्टडी आफ मृच्छकटिक, पेज—११०—१११।
२–इन्टरोडक्सन टु दि स्टडी आफ मृच्छकटिक, पेज—१११
३–प्रतिमा नाटक, २।७।
४–मृच्छकटिक—५।३३।
५–मृच्छकटिक—१।३४।
६–मृच्छकटिक—१।५४।

अलकारो के प्रयोग मे अधिक दक्ष हैं । उन्हे अन्योक्ति, अप्रस्तुत-प्रशसा, अर्थान्तरन्यास समासोक्ति तथा दृष्टान्त अलकार विशेष प्रिय हैं । 'मृच्छकटिक' में इन सभी अलकारो का बडा सुन्दर प्रयोग किया है । चारुदत्त के घर से वसन्तसेना के आभूषण चुराने के पश्चात् वास्तविकता का ज्ञान होने पर शर्विलक प्रस्तुत पद्य मे अन्योक्ति का कैसा सुन्दर प्रयोग करता है :—

"छायार्थं ग्रीष्मसन्तप्तो यामेवाह् समाश्रितः ।
अजानता मया सैव पत्रैः शाखा वियोजिता ॥"[1]

"ग्रीष्म से सन्तप्त होकर मैंने छाया के लिए जिस शाखा का आश्रय लिया (मदनिका को प्राप्त करने वसन्तसेना के समीप आया) अज्ञानता से मैंने उसी शाखा के पत्तो को काट दिया (अलकारो को चुरा लिया) अनुपस्थित चारुदत्त के चरित्र की प्रशसा करते हुए वसन्तसेना ने अप्रस्तुत-प्रशसा का यहाँ बड़ा सुन्दर प्रयोग किया है :—

"खलचरित–निकृष्ट ! जातदोषः कथमिह् मा परिलोभसे धनेन ।
सुचरितचरित विशुद्धदेह् न हि कमल मधुपाः परित्यजन्ति ।"[2]

"हे खल ! निकृष्ट चरित्र तथा दोषो को उत्पन्न करने वाले । (शकार) मुझे इस धन से क्यो लुभाना चाहते हो । सुन्दर चरित्र और निर्मल आकृति वाले कमल को भौंरे नही त्यागते ।"

न्यायालय का मनोहर वर्णन वर्णन करते हुए नवम अक मे चारुदत्त ने साङ्गरूपक अलकार का प्रयोग किया है —

"चिन्तासक्त मन्त्री ही जल है, दूत लहरें और शख हैं । गुप्तचर मगर और और घड़ियाल है, हाथी, घोड़े और हिंसक पशु यहाँ है । वादी प्रतिवादी सुन्दर ककपक्षी हैं और कायस्थ (लिखक) सर्प हैं नीतिरूपी भग्न-तट से युक्त न्यायालय हिंसक आचरणो से समुद्र के समान व्यवहार कर रहा है ।'[3]

प्रकरणों मे शब्दालकारो की अपेक्षा अर्थालकारो का अधिक और सुन्दर प्रयोग है । यत्र–तत्र शब्दालकार भी दृष्टिगोचर होते हैं । "मृच्छकटिक" मे प्रतिग्रह शब्द का कैसा श्लेषपूर्ण प्रयोग किया है । चारुदत्त चाण्डालो से कहता है–"इच्छाम्यहं भवन्त. सकाशात् प्रतिग्रहम् कर्तुम् । अर्थात मैं आपसे अनुग्रह प्राप्त करना चाहता हूँ । किन्तु चाण्डाल प्रतिग्रह का अर्थ दमन समझते हैं अतः आश्चर्य से चारुदत्त से पूछते है कि क्या हम (चाण्डालो) के हाथ से दान लेना चाहते हो—

1–मृच्छकटिक, ४।१८ ।
2–मृच्छकटिक, ८।१२ ।
3–मृच्छकटिक, ९।१४ ।

"किमस्माक हस्तात् प्रतिग्रह करोषि" ।[1] "मृच्छकटिक" मे कम्पसे नानुकम्पसे" ।[2] मे अनुप्रास का सुन्दर प्रयोग है ।

"मृच्छकटिक" पूर्ण है । उसमें दस अंक हैं । उसका आकार अधिक विशाल है । उसकी भाषा एव शैली भी अधिक परिष्कृत है ।' 'मृच्छकटिक' मे अधिक अलकारो का सुन्दर और प्रशसनीय प्रयोग किया गया है ।

छन्द

शूद्रक ने अपनी रचनाओं मे सरल एव प्रवाहपूर्ण भाषा मे विभिन्न छन्दों का प्रयोग किया है । इन छन्दो के प्रयोग पर विचार करने से ज्ञात होता है कि पात्रो एव घटनाओं की स्थिति के अनुसार रस-विशेष को अभिव्यक्त करने मे ये पूर्णत उपयुक्त हैं । सस्कृत–छन्दो के अतिरिक्त प्राकृत-छन्दो का भी कवि ने बडा सफल प्रयोग किया है ।

शूद्रक ने अपने 'मृच्छकटिक' मे प्राकृत–छन्दो के अतिरिक्त २१ सस्कृत-छन्दो का प्रयोग किया है । शूद्रक के छन्द-प्रयोग के विषय म कीथ का विचार है कि मृच्छकटिक के रचयिता ने छन्दो के प्रयोग मे बहुत कौशल दिखाया है । स्वभावत. उनका प्रिय छन्द श्लोक है । यह छन्द उनकी क्षिप्र शैली के उपयुक्त है और कथोपकथन की प्रगति को आगे बढाने के लिए अनुकूल पडता है ।[3]

"मृच्छकटिक" के दस अंको मे क्रमश. ५८, २०, ३०, ३२, ५२, २७, ९, ४७, ४३ तथा ६० पद्य हैं । इस प्रकार कुल ३७८ पद्य हैं । जिनमें २७५ सस्कृत के तथा १०३ प्राकृत के हैं । सस्कृत के पद्यों मे २१ छन्दो का प्रयोग किया गया है । कुछ प्रमुख छन्दों के पद्यो की सख्या इस प्रकार है—श्लोक ८३, वसन्ततिलका ४०, शार्दूलविक्रीडित ३२, उपजाति २२, आर्या २१ पुष्पिताग्रा १४, मालिनी १३, प्रहर्षिणी १०, वशस्थ १०, इन्द्रवज्रा ६, उपेन्द्रवज्रा ३, शिखरिणी ५, स्रग्धरा ५, मालभारिणी २, हरिणी २, औपच्छन्दसिक २, गीति १, प्रमिताक्षरा १, विद्युन्माला १, वैश्वदेवी १ तथा सुमधुरा १ । प्राकृत पद्यो के छन्दो में पर्याप्त विविधता है । केवल आर्या मे ही ५३ पद्य हैं । शेष ५० प्राकृत पद्य अन्य छन्दो म हैं ।

अत यह स्पष्ट है कि यह प्रकरण छन्दो के प्रयोग मे पर्याप्त है । सबसे अधिक प्रयोग श्लोक (अनुष्टुप्) का किया गया है, जो प्रकरण की सरल एव स्वाभाविक शैली का प्रतीक है । श्लोक के पश्चात् जो छन्द शूद्रक को प्रिय हैं तथा जिनका प्रकरण मे अधिक प्रयोग किया गया है वे हैं क्रमश वसन्ततिलका, शार्दूलविक्रीडित, उपजाति तथा मालिनी आदि ।

१—मृच्छकटिक पृ० ५३२

२—मृच्छकटिक ४।८

३—सस्कृत नाटक पृ०—१४१ ।

रचना-विधान

संस्कृत के रूपकों की रचना प्रायः नाट्यशास्त्र के नियमों के अनुसार ही की जाती है अतः उनका रचना विधान भी प्रायः समान ही होता है। रंगमंच पर नाटक को प्रस्तुत करने से पूर्व विघ्नों की शान्ति के लिए नान्दीपाठ अनिवार्य होता है। नान्दी से देवता प्रसन्न होते हैं। नान्दी में आठ अथवा बारह पद होते हैं। इसमें देव, द्विज तथा नृप आदि से आशीर्वाद प्राप्त करने की प्रार्थना की जाती है। नान्दी पाठ सूत्रधार करता है। कुछ नाटकों में वह नान्दीपाठ के पश्चात् मंच से चला जाता है तथा स्थापक आकर नाटककार तथा उसकी कृति आदि का परिचय देता है।[1]

"मृच्छकटिक" के प्रारम्भ में आठ पदों की नान्दी है। इसमें आरम्भ के दो पद्य हैं। यह पत्रावली नामक नान्दी है। प्रारम्भ में स्पष्ट निर्देश है—"नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः"। "मृच्छकटिक" में सूत्रधार ही कवि एवं उसकी कृति का परिचय देने के कारण स्थापक का कार्य करता है। उसका यह व्यापार अधिकांश रूप में संस्कृत में होता है। इसे भारतीवृत्ति कहते हैं जिसके प्ररोचना, वीथी, प्रहसन और आमुख ये चार अंग होते हैं। प्ररोचना में कवि एवं उसकी कृति की प्रशंसा तथा काव्यार्थ की सूचना होती है। "मृच्छकटिक" में नान्दी के पश्चात् "एतत्कविः किल" से लेकर "चकार सर्वं किल शूद्रको नृपः" तक प्ररोचना है। आमुख को प्रस्तावना भी कहा जाता है। इसमें सूत्रधार नटी, पारिपार्श्विक अथवा विदूषक के साथ वार्तालाप कर विचित्र उक्तियों द्वारा कथावस्तु का संकेत करता है तथा किसी प्रधान पात्र के प्रवेश की सूचना देता है। "मृच्छकटिक में सूत्रधार नटी से वार्तालाप करके कथावस्तु की ओर संकेत कर विदूषक मैत्रेय के प्रवेश की सूचना देता है। धनंजय के अनुसार प्रस्तावना तीन प्रकार की तथा विश्वनाथ कविराज के अनुसार पाँच प्रकार की होती है यहाँ प्रयोगातिशय नामक प्रस्तावना है। मैत्रेय के मंच पर प्रवेश के पूर्व प्रस्तावना समाप्त हो जाती है। "मृच्छकटिक" में इसका नाम "आमुख" है।

आमुख अथवा स्थापना की समाप्ति के पश्चात् मुख्य कथा वस्तु प्रारम्भ होती है। यह दृश्य एवं सूच्य दो प्रकार की होती है। दृश्य का अभिनय रंगमंच पर किया जाता है। यह अंकों में विभक्त होती है। प्रत्येक अंक में एक प्रयोजन के लिए प्रायः एक ही दिन में किए गए कार्यों का समावेश होता है 'मृच्छकटिक' में कुछ १० अंक हैं सूच्य कथा वस्तु का मंच पर अभिनय नहीं होता किन्तु कथा-प्रवाह का ज्ञान आवश्यक होने के कारण अर्थोपक्षेपकों के द्वारा इसकी सूचना मात्र दी जाती है। अर्थोपक्षेपक पाँच होते हैं—विष्कम्भक, प्रवेशक, चूलिका, अंकावतार तथा अंकास्य।

1—सा० दर्पण, ६।२१-२६।

'मृच्छकटिक' में केवल चूलिका का ही प्रयोग हुआ है अन्य चार का नहीं। चूलिका में कथावस्तु की सूचना नपथ्य में स्थित किसी पात्र के द्वारा दी जाती है।

पताका स्थानकों का संस्कृत के रूपकों में बड़ा महत्वपूर्ण स्थान होता है। इसमें समान वृत्त अथवा समान विशेषण के द्वारा भावी वस्तु की अन्योक्तिमय सूचना होती है।[1] इसमें कथोपकथन के कुछ ऐसे वाक्य अथवा वाक्यार्थ होते हैं जिनका प्रकटरूप में अन्य अर्थ होता है, किन्तु वे अप्रकट रूप से भविष्य में निश्चित-रूप से होने वाली घटनाओं की ओर संकेत करते हैं। शूद्रक ने पताका स्थानकों का अपनी कृतियों में समुचित प्रयोग किया है। उदाहरण के लिए 'मृच्छकटिक' के तृतीय अंक में वसन्तसेना के द्वारा चारुदत्त के समीप न्यास रूप में रखे गये सुवर्णभाण्ड को जब चारुदत्त का चेट विदूषक को देता है तो वह कहता है—

'अद्याप्येतत् तिष्ठति ? किमत्र उज्जयिन्या चौरोऽपि नास्ति ? य एत दास्याः पुत्र निद्राचौरं नापहरति।'[2]— यहां मैत्रेय का यह कथन भविष्य में होने वाली इस सुवर्णभाण्ड की चोरी की ओर निश्चितरूप से संकेत करता है। इसी प्रकार अन्य स्थलों पर भी पताका स्थानकों का प्रयोग किया गया है।

नाट्यशास्त्र के नियमों के अनुसार रूपक के अन्त में भरतवाक्य होना आव-श्यक है। वस्तुत. यह प्रशस्ति अथवा मंगलपाठ होता है। इसका पाठ कोई प्रधान पात्र करता है। इसमें आश्रयदाता राजा के कल्याण एवं निर्विघ्न राज्य संचालन की अथवा समस्त प्रजाजनों के कल्याण की कामना होती है। 'मृच्छकटिक' के भरतवाक्य में यह कामना की गई है कि गौएं प्रचुर दुग्धशालिनी हों, पृथिवी समस्त धान्यों से युक्त हो, मेघ समय पर वर्षा करें, समस्त जनों के मन को आनन्द देने वाली वायु बहे, सभी जीव प्रसन्न हों, ब्राह्मण उत्तम चरित्र वाले हों तथा शत्रुओं का नाश करने वाले ऐश्वर्यशाली और धर्मात्मा राजा पृथ्वी का पालन करें—[3]।

सुभाषित

सुभाषितों अथवा सूक्तियों से भाषा सजीव हो जाती है। शूद्रक ने अपनी रचनाओं में अनेक सुभाषितों का प्रयोग किया है जो संस्कृत साहित्य की अमूल्य निधि हैं। ये सुभाषित गद्य तथा पद्य दोनों में समान रूप से प्राप्त हैं। यद्यपि 'मृच्छकटिक' में अनेक बड़े सुन्दर सुभाषित हैं किन्तु उनमें से कुछ तो भाषा तथा भाव दोनों दृष्टि से बिल्कुल समान ही हैं, जैसे —

मृच्छकटिक

१— सुखं हि दुःखान्यनुभूय शोभते।

१—दशरूपक, १।। १४
२—मृच्छकटिक, पृ०—१५४।
३—मृच्छकटिक, १०। ६०।

२– भाग्यक्रमेण हि धनानि भवन्ति यान्ति।
३– न पुष्पमोषमर्हन्ति उद्यानलता।
४– दरिद्रपुरुषसंक्रान्तमना खलु गणिका लोके अवचनीया भवति।
५– किं हीनकुसुम सहकारपादप मधुकर्य पुन सेवन्ते।
६– विश्वस्तेष्वु च व्रन्चनापरिभवश्चौर्य न शौर्य हि तत्।
७– स्वाधीना वचनीयतापि हि वर बद्धो न सेवान्जलि।
८– शङ्० कनीया हि लोकेऽस्मिन् निष्प्रतापा दरिद्रता।
९– साहसे श्री प्रतिवसति।
१०– स्वैर्दोषैर्भवति हि शङ्कितो मनुष्य।

इनके अतिरिक्त भी प्रकरण मे असमान रूप से प्राप्त होने वाले अनेक सुभाषित हैं जिनमे से कुछ इस प्रकार हैं –

मृच्छकटिक

१– सर्व शून्य दरिद्रस्य।
२–अल्पक्लेश मरण दारिद्र्यमनन्तक दु खम्।
३– छिद्रेष्वनर्था बहुलीभवन्ति।
४– वेश्या श्मशानसुमना इववर्जनीया।
५– न कालमपेक्षते स्नेह।
६– कामो वाम।

अत स्पष्ट है कि शूद्रक सुभाषितो के प्रयोग मे अत्यन्त कुशल हैं।

शूद्रक का युग एवं तत्कालीन देश की दशा

सामाजिक दशा

वर्ण–व्यवस्था– मृच्छकटिक म उपलब्ध वर्णनों के आधार पर निश्चितरूप से कहा जा सकता है कि उस युग म वर्णव्यवस्था का समाज मे अत्यधिक प्रभाव था। सम्पूर्ण भारतीय समाज ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, तथा शूद्र इन चार वर्णों मे विभक्त था। प्रथम तीन वर्णो का अन्तिम वर्ण शूद्र की अपेक्षा समाज म अत्यन्त उच्च स्थान प्राप्त था। उनका कार्य, अध्ययन, अध्यापन तथा यजन याजन था। अत. सम्भवत अपनी बौद्धिक श्रेष्ठता, चरित्र की उत्तमता एव ज्ञान की वरीयता के कारण ही वे समाज म सर्वश्रेष्ठ माने जाते थे एव अन्य वर्णो की अपेक्षा उन्हे कुछ विशेष सुविधायें प्राप्त थी। प्रकरण मे द्वितीय अक म जब मदनिका वसन्तसेना से यह प्रश्न करती है कि क्या वह विद्याविशेष से अलकृत किसी ब्राह्मण युवक से प्रेम करती है तो वसन्तसेना उत्तर देती है कि ब्राह्मण तो पूजनीय होते हैं—

'पूजनीयो मे ब्राह्मणजन'–[1]—

१ –मृच्छकटिक, पृ०-६७

ब्राह्मण तथा गौ का स्थान समान था—'अनतिक्रमणीया भगवती गोकम्य ब्राह्मण-कम्य च' ।—[1]— । गायो के सदृश ही ब्राह्मण भी अवध्य थे । किसी पाप कर्म के करने पर भी ब्राह्मणो को प्राणदण्ड नही दिया जाता था—[2]— । अनेक सामाजिक एव धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अवसरो पर ब्राह्मणो को निमन्त्रित करके स्वादिष्ट भोजन कराया जाता तथा श्रद्धा एव आर्थिक स्थिति के अनुसार उन्हे दान-दक्षिणा भी दी जाती थी, किन्तु कुछ ब्राह्मणो की आर्थिक स्थिति अच्छी थी, अतः वे ऐसे निमन्त्रणो को तथा उपहारो को अस्वीकार कर देते थे । प्रकरण के प्रथम अक के प्रारम्भ मे सूत्रधार के द्वारा भोजन एव दक्षिणा के लिए निमन्त्रण दिय जाने पर विदूषक मत्रेय उसे अस्वीकार कर देता है—

'भो अन्य ब्राह्मणमुपनिमन्त्रयतु भवान्, व्यापृतो इदानीमहम—[3]— प्राय ब्राह्मण विद्वान थे तथा उन्हे वैदिक ज्ञान एव कर्मकाण्ड मे विशेप कुशलता प्राप्त थी । कुछ धनिक व्यक्ति उन्हे पूजा के निमित्त, वैदिक मन्त्रो के उच्चारण के लिये अथवा धार्मिक कृत्यों के सम्पादन के लिए अपने यहां नियुक्ति भी करते थे । वसन्तसेना के यहा भी पूजा के निमित्त ब्राह्मण की नियुक्ति थी—[4]— । शूद्रो को वेदपाठ करने की अनुमति नही थी । 'मृच्छकटिक' के नवम अङ्क मे अधिकरणिक शकार से कहता है—

'वेदार्थान् प्राकृतस्त्व वदसि न च ते जिह्वा निपतिता ।[5]।

सम्भवत कायस्थो को समाज म आदरणीय स्थान प्राप्त नही था । उनकी तुलना सर्पों से की जाती थी—'कायस्थसर्पास्पदम्' । सभी ब्राह्मण विद्वान नही होते थे । अत कुछ ब्राह्मण चोरी आदि निन्दनीय कार्य करते थे । शर्विलक एक चतुर्वेदी ब्राह्मण होते हुए भी चोरी करता है ।

व्यवसाय

ऐसा प्रतीत होता है कि उस समय विभिन्न वर्णों के व्यक्ति अपनी रुचि एव स्थिति के अनुसार विभिन्न व्यवसायों को अपना सकते थे । चारुदत्त एव उसके पिता तथा पितामह भी जन्म से ब्राह्मण होते हुए भी व्यवसाय से वैश्य थे । वह स्वय और उसके पूर्वज सार्थवाह थे । वीरक तथा चन्दनक जो क्रमश नाई तथा चमार हैं, उत्तरदायित्वपूर्ण पद पर हैं । वे सेनापति तथा वलपति हैं । अत ज्ञात होता है कि जाति व्यवस्था अधिक कठोर नहीं थी । जाति व्यक्ति के व्यवसाय को निश्चित नही करती थी । नीच जाति म उत्पन्न होकर भी अपने व्यक्तिगत गुणो एव योग्यता

१—मृच्छकटिक, पृ०—१६८
२—मृच्छकटिक, पृ०—९।३९
३—मृच्छकटिक, पृ०—१९
४—मृच्छकटिक, पृ०—९५
५—मृच्छकटिक ९।२१

के आधार पर कोई भी व्यक्ति उच्चतम पद को भी प्राप्त कर सकता था। वीर तथा चन्दनक एवं आर्यक, जो गोपाल-पुत्र होते हुए भी राजा बन जाता है, इस बात के प्रमाण हैं। प्राय व्यक्ति अपने पैतृक व्यवसाय का ही अनुकरण करते थे, किन्तु यह कोई निश्चित नियम नही था। छुआछूत का प्रचलन प्राय नही था तथा कुछ जातियाँ ऐसी भी थी, जिनमे विद्वान ब्राह्मणो के साथ ही अधम और मूर्ख शूद्र भी स्नान करते थे—

वाप्या स्नाति विचक्षणो द्विजवरो मूर्खोऽपि वर्णाधमः।[1]

उस समय समाज का स्वरूप कुछ छिन्न-भिन्न सा हो रहा था। जाति को जन्म से माना जाने लगा था तथा पुरुषो मे अपना जातिगत अभिमान भी उत्पन्न हो गया था, जैसा कि वीरक एवं चन्दनक के विवाद से स्पष्ट है। जाति की अपेक्षा मानव-गुणो को वरीयता प्राप्त थी। 'मृच्छकटिक' के दशम अङ्क मे चाण्डालो की यह घोषणा इसे प्रमाणित करती है—

'न खलु वयं चाण्डालाश्चाण्डालकुले जातपूर्वा अपि।
येऽभिभवन्ति साधु ते पापास्ते च चाण्डालाः॥'[2]

समाज के सम्माननीय पुरुषो तथा विशेष रूप से ब्राह्मण वर्ग के प्रति अपने आदरभाव को प्रकट करने के लिए उनके नाम के पूर्व किसी आदरसूचक शब्द का प्रयोग करना आवश्यक था। चारुदत्त के नाम के पूर्व ऐसे शब्द का प्रयोग न करने पर एक चाण्डाल दूसरे की भर्त्सना करता है—

'अरे! आर्य चारुदत्त निरुपपदेन नाम्ना आलपसि'

निवास, मार्ग तथा प्रकाश-व्यवस्था दोनो प्रकरणो मे उपलब्ध वर्णनो से ऐसा प्रतीत होता है कि उस समय समान जाति के अथवा समान व्यवसाय करने वाले व्यक्तियो के निवास के लिए उनकी जाति अथवा व्यवसाय के आधार पर अलग अलग मोहल्ले होते थे। मृच्छकटिक' के द्वितीय अङ्क मे चारुदत्त के निवास स्थान का परिचय देते हुए संवाहक तथा 'चारुदत्त' के चतुर्थ अङ्क मे सज्जलक कहता है कि वह सेठो के मोहल्ले मे रहता है—

'स खलु 'श्रेष्ठिचत्वरे' प्रतिवसति'[3]

आधुनिक युग की भाँति उस समय भी नगरो मे बड़े-बड़े 'राजमार्ग होते थे, किन्तु उन पर प्रकाश की उचित व्यवस्था नही थी, अत रात्रि मे प्राय अन्धकार ही

१–मृच्छकटिक, पृ० १।३२
२–मृच्छकटिक १०।२२
३–मृच्छकटिक पृ० १२९

रहता था। कुछ विशेष महत्वपूर्ण स्थानों पर राजमार्गप्रदीप की व्यवस्था थी। रात्रि में प्रायः चोरी आदि अनर्थ हुआ करते थे, अतः रक्षक इधर-उधर घूमते रहते थे—

राजमार्गो हि शून्योऽयं रक्षिणः संचरन्ति च।
वञ्चना परिहर्तव्या बहुदोषा हि शर्वरी ॥[१]

किन्तु फिर भी रात्रि के अन्धकार में गणिका, विट, चेट आदि घूमते रहते थे, जिससे दुर्बल पुरुषों को रात्रि में घर से बाहर निकलने में किसी भी अनिष्ट का भय लगा रहता था। 'मृच्छकटिक' के प्रथम अङ्क में विदूषक रात्रि में घर से बाहर नहीं जाना चाहता।[२] ऐसा प्रतीत होता है कि मार्गों पर सुरक्षा की उचित व्यवस्था नहीं थी, अतः कभी-कभी लोग सड़कों पर आपस में खुले आम मारपीट भी करते थे जैसा कि 'मृच्छकटिक' के द्वितीय अङ्क में संवाहक, माथुर और दर्दुरक की मारपीट से स्पष्ट है।

नारी का स्थान

समाज में स्त्रियों के दो विभाग थे—प्रकाशनारी (गणिका) तथा अप्रकाश नारी (वधू अथवा कुल-वधू)। प्रकाशनारियाँ प्रायः अत्यधिक सम्पत्ति अर्जित कर लेती थी तथा उनके धन-धान्य एवं समृद्धिपूर्ण विशाल भवन होते थे जो स्वर्ग के सदृश प्रतीत होते थे। उनकी रत्नजटिल भित्तियाँ एवं स्वर्णनिर्मित किवाड़ होते थे। विभिन्न प्रकार के पुष्पों एवं फलों के वृक्षों से युक्त उनके विशाल उद्यान होते थे। वे हाथियों को भी रखती थीं। 'मृच्छकटिक' में चतुर्थ अंक में विदूषक के द्वारा किये गये वसन्तसेना के भवन के वर्णन से यह स्पष्ट है। गणिका प्रायः मनुष्यों की अपेक्षा उनके धन से ही प्रेम करती थी और उनका समस्त धन प्राप्त हो जाने पर वे उन्हें अपमानित कर अपने भवन से निकाल देती थी......'अपमानित निर्धन का मुका इव गणिका'। मनुष्य जाति में गणिकाओं और वेश्याओं के प्रति विशेष आकर्षण होता था और एक बार उनकी ओर आकृष्ट होकर फिर उनसे निराकरण प्राप्त करना बड़ा कठिन होता था। मैत्रेय अपने मित्र चारुदत्त को सत्परामर्श देते हुए उचित ही कहता है—

'गणिका नाम पादुकान्तरप्रविष्टेव लेष्टुका दुःखेन पुनर्निराक्रियते।'[३]

वे एक सार्वजनिक सम्पत्ति के सदृश थी जिनका उपभोग कोई भी व्यक्ति धन देकर कर सकता था।[४] अतुल धन-सम्पत्ति की स्वामिनी होते हुये भी समाज में उनका स्थान कुलवधू की अपेक्षा बहुत नीचा था। वे स्वयं और न उनकी कोई वस्तु ही

१–मृच्छकटिक १।५८
२–मृच्छकटिक, पृ०–३४
३–मृच्छकटिक, पृ०–२६३
४–मृच्छकटिक, ४।९

कुलवधुओ के निवासस्थान म प्रवेश कर सकती थी । वसन्तसेना इस विषय म चारु-दत्त से ठीक ही कहती है-- मन्दभागिनी खल्वहं तवाभ्यन्तरस्य'। प्राय सार्वजनिक स्थानो पर कुछ दुष्ट लोग उनका पीछा भी करते थे और उनका अपमान करते थे। वे विभिन्न कलाओ म और विशेषरूप से नृत्य, वाद्य तथा गायन मे निपुण तथा अनेक व्यक्तियो के सम्पर्क मे आने के कारण उन्हे ठगने मे भी बडी चतुर होती थी।[1]

किन्तु कुछ गणिकाए सामान्य गणिकाओं की भाँति धन से आकृष्ट नहीं होती थी। वे धन की अपेक्षा गुणो को अधिक महत्व देती थी। वसन्तसेना अपने विषय मे मदनिका से स्पष्टरूप से कहती है—'गुण खल्वनुरागस्य कारण न पुनर्बलात्कार.'। वसन्तसेना ने दस सहस्र सुवर्ण मुद्राओ को भेजन वाले शकार के प्रणय प्रस्ताव को दृढता से ठुकरा कर अपनी माता से स्पष्ट कह दिया कि यदि मुझे जीवित देखना चाहती हो तो इस प्रकार का आदेश कभी मत देना। मैं तभी अलकार धारण करूँगी जब चारुदत्त के समीप अभिसार के लिए जाऊँगी—

'यदि मा जीवन्तीमिच्छसि तदा एव न पुनरह मात्राज्ञापयितव्या।'

प्रकाशनारी विवाह करके कुलवधू के सम्माननीय पद को भी प्राप्त कर सकती थी। यदि किसी गणिका की दासी भी विवाह कर लेती थी तो वह अपनी स्वामिनी की अपेक्षा अधिक आदरणीय स्थान को प्राप्त कर लेती थी जैसा कि शर्विलक अथवा सज्जलक से विवाह कर लेने के उपरान्त वसन्तसेना की दासी मदनिका की स्थिति से स्पष्ट है। वसन्तसेना उससे कहती है--

'साम्प्रतत्वमेव वन्दनीया सवृत्ता'—[2]

कभी-कभी राजा भी प्रकाशनारी के गुणो से प्रसन्न होकर उसे कुलवधू का पद प्रदान करता था तब वह अपनी इच्छानुसार अपने प्रिय व्यक्ति से विवाह कर सकती थी। वसन्तसेना के गुणो से प्रसन्न होकर राजा आर्यक ने भी उसे वधू' प प्रदान किया था।[3]

दूसरी प्रकार की न वधू अथवा कुलवधू अपेक्षाकृत अधिक सयत होती थी तथा उसका जीवन अधिक पवित्र होता था। उसका स्थान अपने पति के गृह में होता था तथा यदि वह कहीं बाहर जाती थी तो मुख पर अवगुण्ठन डाल कर। आर्थिक दृष्टि से पूर्णत अपने अपने पति पर आश्रित रहती थी। उसके पास अपना निजी स्त्रीधन भी होता था जो प्राय उसे अपने मातृगृह से प्राप्त होता था। वह उसका

१-मृच्छकटिक पृ० १।४२
२-मृच्छकटिक पृ०-१९४
३-मृच्छकटिक, २२३
४-मृच्छकटि ५९८

अपनी इच्छानुसार उपयोग कर सकती थी। चारुदत्त की पत्नी घूता के समीप भी क बहुमूल्य रत्नावली के रूप मे ऐसा ही स्त्री धन था। किन्तु वस्तुतः कुलवधू का ति ही अमूल्य आभूषण होता था। घूता बड़े अभिमान से कहती है—'आर्यपुत्र एव मामरण विशेष इति जानातु भवती—।'[1] वह अपने पति की शारीरिक सुरक्षा एव ख का तो निस्सन्देह अत्यधिक ध्यान रखती थी किन्तु इससे भी अधिक वह उसके रित्र की पवित्रता की चिन्ता करती थी। चारुदत्त के चरित्र एवं यश की रक्षा लिए घूता अपना सर्वस्व भी बलिदान करने को प्रस्तुत है— 'वरमिदानो स शरीण परिक्षतो न पुनश्चारित्रेण'[2] वह अपने पति के विषय मे किसी भी अशुभ समाार की सुनने की अपेक्षा अपनी मृत्यु को अधिक श्रेयस्कर समझती थी। पुत्र-वात्सय की अपेक्षा वह अपने पति प्रेम को अधिक महत्व देती थी। घूता भी अपने पुत्र ोहसेन के भविष्य की ओर उसकी प्रार्थना की चिन्ता न करते हुए चारुदत्त की मृत्यु ा समाचार सुनने से पहले सती हो जाना चाहती है। कुल वधू सुख और दुःख ोनों मे अपने पति का दृढ़तापूर्वक साथ देती थी। अतः उसका समाज मे बड़ा ादरणीय स्थान था और यही कारण है कि कुछ गणिकायें भी कुल वधू के पवित्र ाद को प्राप्त करने को उत्सुक रहती थी और इसके लिए वे सर्वस्व भी बलिदान र सकती थी। वह वस्तुतः उनके लिए एक दुर्लभ पद था।

गणिका तथा कुलवधू इन दो श्रेणियो के अतिरिक्त स्त्री जाति की एक तीसरी श्रेणी भी थी—भुजिष्या। भुजिष्या वस्तुतः दासियाँ होती थी जो अपने स्वामी अथवा स्वामिनी की सेवा करती थी और पूर्णतः उन्ही पर आश्रित रहती थी। समाज मे उनका स्थान बहुत नीचा था, किन्तु उनके साथ परिवार के एक सदस्य के समान ही बड़ा कोमल व्यवहार किया जाता था। स्वामी अथवा स्वामिनी को धन देकर उन्हे दासता से मुक्त भी किया जा सकता था। दासता से स्वतन्त्र होकर वे विवाह भी कर सकती थी और कुलवधू के पवित्र पद को भी प्राप्त कर सकती थी, जिस प्रकार मदनिका वसन्तसेना की दासता से मुक्त होकर शर्विलक से विवाह कर कुलवधू बन जाती है।

सामान्यतया नारियों को समाज मे आदरणीय स्थान प्राप्त था किन्तु नीच कोटि के कुछ क्षुद्र और स्वार्थी व्यक्ति उन्हे सन्देह की दृष्टि से देखते थे और उन पर विश्वास नही करते थे। वेश्याओं को श्मशान के पुष्प के समान त्याज्य समझा जाता था।[3]

पर्दा प्रथा

यद्यपि पर्दा प्रथा उस समय नही थी जैसा कि धूता के बिना पर्दे के हो

१-मृच्छकटिक—पृ० ३१७। २-मृच्छकटिक पृ० १८३।
३-मृच्छकटिक ४।१२ तथा ४।१४।

दशम अंक मे सबके समक्ष आने से सिद्ध होता है, किन्तु साधारणतया लज्जाशीलता तथा शालीनता के कारण वे पुरुषो की उपस्थिति मे स्वय बाहर नहीं आती थी।

विवाह—विवाह का भारतीय जीवन मे अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थान है। यह सोलह सस्कारो मे से एक अत्यधिक महत्वपूर्ण सस्कार है। मृच्छकटिक मे उपलब्ध वर्णनो स तत्कालीन विवाह-पद्धति पर भी कुछ प्रकाश पडता है। प्राय. उस समय सवर्ण विवाह होते थे किन्तु असवर्ण स्त्री से भी विवाह करने पर प्रतिबन्ध नही था। पुरुष कई विवाह कर सकते थे। ब्राह्मण वेश्या से अथवा उसकी दासी के साथ भी विवाह कर सकता था। चारुदत्त का वसन्तसेना से तथा शर्विलक का मदनिका से विवाह इस बात का प्रमाण है। गणिकाये भी अपना पेशा छोड कर कुलवधू हो सकती थी। सम्भवत रखेली की प्रथा भी प्रचलित थी। शकार की बहन राजा पालक की रखेली थी। स्त्रियो मे सती की प्रथा भी प्रचलित थी। 'मृच्छकटिक' मे प्रतिलोम विवाह का वर्णन प्राप्त नही होता। स्त्रिया प्राय: पतिव्रता एव स्वामिभक्त होती थी। दुर्बल व्यक्तियो की पत्नियो के अपहरण का कभी-कभी भय रहता था-'ज्योत्सना दुर्बलभर्तृकेव वनिता प्रोत्सार्य मेघैर्हृता।'[1]

मित्र का स्थान-उस समय समाज मे सच्चे मित्रो एव उनकी प्रगाढ मित्रता को अत्यधिक महत्व प्रदान किया जाता था। आपत्तियो मे फँसे हुए मित्र की रक्षा पत्नी-सुख का बलिदान करके भी की जाती थी। शर्विलक अपनी नववधू को भी छोड कर अपने प्रिय मित्र आर्यक को बन्धनमुक्त कराने के लिये जाता है।[2] — अपने मित्र की रक्षा के लिये व्यक्ति बडे से बडा दु ख सह सकता था एव बलिदान कर सकता था। जीवनदान करके भी अपने मित्र की रक्षा करना बडा पावन कर्तव्य माना जाता था। विदूषक मैत्रेय अपने मित्र चारुदत्त की रक्षा के लिये अपने प्राणो का बलिदान करने को भी प्रस्तुत है। वह चाण्डालो से प्रार्थना करता है—

"भो भद्रमुखौ मुञ्चत पियवयस्य चारुदत्तम् मा व्यापादयतम्।"

कभी कभी मित्र के वियोग–दुःख को सहन करने की अनिच्छा के कारण व्यक्ति आत्म हत्या भी कर लेते थे। ऋषियो ने स्त्रियो को इस अनुसरण की आज्ञा दे दी थी किन्तु पति क मृत-शरीर के अभाव मे पत्नी के लिये चितारोहण करना एक पाप समझा जाता था।

आवागमन के साधन—आवागमन के साधन के रूप मे उस समय बैलगाडी का प्रचलन अधिक था। अपेक्षाकृत अधिक समृद्ध व्यक्ति रथ रखते थे। चारुदत्त

१–मृच्छकटिक–५।२०

२–मृच्छकटिक—४।२५।

और शकार के पास अपना निजी रथ था। 'मृच्छकटिक' के चतुर्थ अंक में शकार दस सहस्त्र मूल्य के आभूषणों के साथ वसन्तसेना को लाने के लिए अपना कमलध्वज से चिन्हित रथ भेजता है–[1]। कुछ रथों अथवा बैलगाड़ियों में पर्दे भी लगे रहते थे। चारुदत्त के रथ में पर्दे लगे थे, जिनके कारण छिपकर आर्यक निकल भागा था। शकार के रथ में भी पर्दे थे। किन्तु इस आधार पर हम पर्दा प्रथा को सिद्ध नहीं कर सकते। कुछ व्यक्ति घोड़े का प्रयोग भी करते थे। 'मृच्छकटिक' के नवम् अंक में अधिकरणिक वीरक को घोड़े पर पुष्पकरण्डक जीर्णोद्यान जाने की आज्ञा देता है–[2]। कुछ धनिक लोग अपना व्यक्तिगत हाथी भी रखते थे। वसन्तसेना के पास भी एक हाथी था जिसका नाम 'खुण्टमोडक' था। 'मृच्छकटिक' के द्वितीय अंक में उसका वर्णन कर्णपूरक करता है।

उत्सव, सती प्रथा एवं श्राद्ध–उस समय भी समाज में अनेक उत्सव एवं त्यौहार प्रचलित थे जो उस युग के पुरुषों की विनोदशीलता के पूर्ण परिचायक थे। विवाह एवं पुत्रोत्पत्ति प्रधान उत्सव थे। इनके अतिरिक्त भी अनेक उत्सव थे। कामदेव के मन्दिर और उद्यान में मनाया गया उत्सव सम्भवतः वसन्तोत्सव की ओर संकेत करता है। एक अन्य उत्सव इन्द्र के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए मनाया जाता था जिसमें एक लम्बे ध्वज स्तम्भ को जुलूस के रूप में निकाला जाता था। मृत्यु से सम्बन्धित कुछ परम्पराओं पर भी 'मृच्छकटिक' में प्रकाश पड़ता है। मृत व्यक्तियों को श्मशान में चिता पर जलाया जाता था। सती प्रथा भी सम्भवतः उस समय प्रचलित थी। मृत व्यक्तियों को काले तिल तथा जल आदि का दान दिया जाता था तथा श्राद्ध किया जाता था।

शिक्षा व्यवस्था–'मृच्छकटिक' तत्कालीन शिक्षा व्यवस्था पर भी प्रकाश डालता है।

वैदिक साहित्य (ब्राह्मणों एवं पुरोहितों की धार्मिक शिक्षा का मूल था।
(यज्ञों के अनुष्ठान में वे विशेष निपुणता प्राप्त करते थे।

धर्मशास्त्र—का अध्ययन आवश्यक था। मनुस्मृति आदि स्मृति-ग्रन्थों का विशेष रूप से सामाजिक नियमों का ज्ञान प्राप्त करने के लिये अध्ययन किया जाता था। सामवेद एवं ऋग्वेद का विशेष स्थान था। संगीत की दृष्टि से भी सामवेद का विशेष महत्व था। इनके अतिरिक्त महाकाव्य, पुराण, दर्शन-ग्रन्थ तथा विशेष रूप से गीता का अध्ययन किया जाता था। रामायण एवं महाभारत भी बहुत लोकप्रिय थे। **गणित एवं ज्योतिष** का विशेष अध्ययन कर मानवजीवन पर ग्रहों एवं नक्षत्रों के प्रभाव को ज्ञात किया जाता था। अश्वों तथा गजों को वश में करने के लिये तथा उनकी गतिविधि को नियन्त्रित करने के लिये अश्वविद्या तथा हस्तिविद्या भी प्रचलित

१–मृच्छकटिक-पृ०–१९३। २–मृच्छकटिक, पृ०–४९३।

थी । शूद्रक स्वय हस्तविद्या मे विशेष निपुण थे ।

कलायें—प्रकरण के अध्ययन से यह भी ज्ञात होता है कि उस समय कलायें बहुत उन्नत अवस्था मे थी । शूद्रक ने 'मृच्छकटिक' की प्रस्तावना मे 'वैशिकी कला' का वर्णन किया है जिन्हे हम आधुनिक युग मे 'फाइन आर्ट' के नाम से पुकारते हैं। सगीत कला का उत्कर्ष अपनी चरम सीमा पर था। नृत्य, गायन एव वाद्य तीनों बहुत उन्नत अवस्था मे थे । वसन्तसेना रगमच पर अभिनय करती थी । उसे विभिन्न कलाओ का प्रशिक्षण दिया गया था । विभिन्न [प्रकार के स्वरो के उच्चारण मे वह अत्यन्त निपुण थी-[१] । नृत्य मे भी वह विशेष कुशल थी-[२] । उसके विशाल भवन मे एक कक्ष केवल विभिन्न प्रकार के वाद्य यन्त्रो से ही सचित था चारुदत्त के घर मे तथा उसके भवन मे जिन विभिन्न प्रकार के वाद्य यन्त्रो से ही सज्जित था। चारुदत्त के घर मे तथा उसके भवन मे जिन विभिन्न प्रकार के वाद्ययन्त्रो का उल्लेख किया गया है, उनके नाम इस प्रकार है—मृदग, दर्दुर, पणव, वीणा, वश (बाँसुरी), कास्यताल (मजीरा), पटह तथा तन्त्री आदि । इन सब मे वीणा का महत्त्व सर्वाधिक था । वीणा की प्रशसा करते हुए चारुदत्त कहता है—"वीणा हि नामासमुद्रोत्थित रत्नम्' ।[३] उस समय लाग सगीत के बडे शौकीन थे । चारुदत्त का मित्रभाव रेभिल सगीत मे बडा निपुण था । उसका स्वर बडा मधुर तथा कण्ठ स्त्रियो के सदृश था[४]। उसे सगीतशास्त्र का अच्छा ज्ञान था । वह स्वरसक्रम, मूर्च्छना, ताल, हेला सयम, काकली तथा स्वरो के आरोह अवरोह आदि मे विशेष निपुण था ।[५] सगीत मे निपुण होने के कारण उसके घर प्राय सगीतगोष्ठी का आयोजन होता था, जिसमे उज्जयिनी के विशिष्ट नागरिक जाया करते थे ।

चित्रकला—का भी उस समय देश मे अत्यधिक विकास हुआ हुआ था। पुरुषो के समान ही स्त्रियाँ भी सुन्दर चित्र बनाया करती थी । बसन्तसेना भी चित्रकला में बडी निपुण थी । वह अपने एक स्व-निर्मित चारुदत्त के सुन्दर चित्र के विषय मे मदनिका से पूछती है कि क्या इस चित्रलिखित व्यक्ति की आकृति चारुदत्त से मिलती है । इसका उत्तर देते हुए मदनिका कहती है कि यह दर्शनीय और अनुपम आकृति बिल्कुल चारुदत्त के सदृश ही है । यह हृदय को बडी मनोहर लगती है । वस्तुत यह कामदेव के सदृश है —

१-मृच्छकटिक १/४२
२-मृच्छकटिक १/१७
३-मृच्छकटिक पृ०-१४७ ।
४-मृच्छकटिक, ३/४
५-मृच्छकटिक, ३/५

सुसदृशी येन आर्यायाः सुस्निग्धादृष्टिरनुलग्ना ।[1]

उस समय सवाहिन भी एक कला थी। सवाहक इस कला में वडा निपुण था। यद्यपि उसके सवाहन को एक कला के रूप मे सीखा था किन्तु यह कालान्तर मे उसकी आजीविका का साधन बन गई। वसन्तसेना उसको इस सुकुमार कला की बडी प्रशसा करती है[2]।

मूर्तिकला भी अपनी उन्नत अवस्था मे थी। अनेक प्रकार की सुन्दर काष्ठ प्रतिमाओं एव शैल प्रतिमाओ का निर्माण किया जाता था। प्राय ये प्रतिमाये मन्दिरो में प्रतिष्ठित करने के लिए निर्मित की जाती थीं। 'मृच्छकटिक' म भी इनका उल्लेख है। एक देवालय मे प्रतिमा के रूप मे स्थित सवाहक का देखकर द्यूतकर और माथुर परस्पर कहते हैं —

'कथ काष्ठमयी प्रतिमा'

\+ \+ \+ \+

'अरे न खलु न खलु। शैलप्रतिमा'[3]

इनके अतिरिक्त वसन्तसेना के विशाल भवन के वर्णन मे भी अनेक कलाओ का उल्लेख प्राप्त होता है। उस समय चौर्य—कर्म भी एक कला ही थी। इसका भी अपना अलग एक शास्त्र था और अनेक आचार्य भी थे। मृच्छकटिक के अनुसार अश्वत्थामा और कनकशक्ति इसके आचार्य थे।

भवन निर्माण कला—भी उस समय अपनी उत्कृष्ट अवस्था को प्राप्त थी। सुन्दर उच्च और विशाल भवनो का निर्माण किया जाता था। अपनी समृद्ध अवस्था मे चारुदत्त ने अनेक मन्दिर, विश्राम गृह, आवास-गृह विहार, वापी तथा कूप आदि का निर्माण कराया था। मन्दिरो मे सुन्दर प्रतिमाये प्रतिष्ठित की जाती थीं। तथा अनेक मनोहर सार्वजनिक एव निजी उद्यान भी थे। वसन्तसेना का भवन तो एक राजमहल के सदृश था, जिसमे राजमार्ग की ओर एक सुन्दर छज्जा (अलिन्दक) भी था। उसम अनेक प्रकोष्ठ एव गवाक्ष भी थे। यह कुबेर के महल के सदृश प्रतीत होता था।

उस समय भी विभिन्न प्रकार के सुन्दर सूती और रेशमी वस्त्रो का निर्माण होता था। कढाई और छपाई का सुन्दर कार्य उस समय भी होता था। चारुदत्त और शकार के प्रावारको पर उनका नाम कढा हुआ था। लेखन-कला तथा पुस्तक

१—मृच्छकटिक, पृ०—१९१

२—मृच्छकटिक, पृ०—१२७

३—मृच्छकटिक, पृ०—१०६

कला का भी उन दिनो पर्याप्त विकास हुआ था। न्यायालयो मे मुकदमो का पूर्ण विवरण तथा वादी प्रतिवादी के बयानो को सुव्यवस्थित रूप मे कायस्थो (पेशकारों) द्वारा लिखा जाता था। द्यूतग्रहो मे भी धन सम्बन्धी हार-जीत का हिसाब लिखित रूप मे रखा जाता था। चारुदत्त के घर मे अनेक सुन्दर पुस्तकें और वाद्य यन्त्र थे, जिन्हे देखकर शर्विलक ने उसके घर को किसी नाट्याचार्य का घर समझा था।

मनोरजन के प्रधान साधन—उस समय नृत्य तथा सगीत के अतिरिक्त नाटको का भी अभिनय होता था। पुरुष और स्त्रियाँ दोनो इन सगीत सभाओ एव नाटको के अभिनय मे भाग लेते थे। कुछ व्यक्ति तोते और तीतर पालते थे तथा उन्हें बोलना सिखाते थे, कबूतरो को पालकर उन्हे सन्देश लाने की शिक्षा दी जाती थी। कुछ विशेष चिड़ियो की लडाई कराना भी मनोरजन का एक साधन था।

वेषभूषा तथा आभूषण—यद्यपि उस समय प्रचलित वेशभूषा का विशेष वर्णन मृच्छकटिक मे नही प्राप्त होता है, किन्तु उस समय प्रचलित कुछ विभिन्न वस्त्रो पर थोडा सा प्रकाश पडता है। उत्तरीय—शरीर के ऊपर के भाग मे धारण किया जाता था। स्त्री और पुरुष दोनो इसका प्रयोग करते थे। विवाहित स्त्रिया अवगुण्ठन का भी प्रयोग करती थी। कर्णपूरक एव शकार अपनी नीच स्थिति के अनुसार रगीन और भडकीले वस्त्र धारण करते थे। दर्दुरक के उत्तरीय मे सैकड़ो छिद्र है, मैत्रेय की स्नान शाटी भी अनेक स्थानो पर फट गई है, किन्तु चारुदत्त के मित्र जूर्णवृद्ध ने उसे जिस प्रावारक को उपहारस्वरूप भेजा है वह बहुमूल्य और जाती कुसुम से सुवासित है। कौशेय (रेशमी वस्त्र) का भी प्रयोग होता है। जिस समय शकार वसन्तसेना का पीछा कर रहा था, उस समय वह लाल रेशमी वस्त्र धारण किये थी। पट्ट प्रावारक का प्रयोग होता था। बौद्ध भिक्षु गेरुए रग के चीवर का प्रयोग करता है। रथो अथवा बैलगाड़ियो मे बिछाने के लिए यानास्तरण का भी प्रयोग किया जाता था। जूतो का भी प्रयोग उस समय किया जाता था। सुगन्धित वस्त्रो का विशेष अवसरो पर प्रयोग किया जाता था। शृगार के लिए पुष्पो के प्रयोग के साथ ही केसर, कस्तूरी और चन्दन के लेप का भी प्रयोग होता था। सुगन्धित द्रव्य डाल कर ताम्बूल (पान) का भी प्रयोग किया जाता था। स्त्रियो को स्वभाव से ही आभूषण प्रिय होते है। वे प्राय कुण्डल, नूपुर करधनी, अगूठी, ककण तथा गले के लिए रत्नावली आदि का प्रयोग करती थी पुरुष भी अँगूठी एव कटक आदि का प्रयोग करते थे। आभूषण प्राय स्वर्ण से बनते थे और उनमे रत्नजटित होते थे। पुष्पो से वेणी को अलकृत करने की प्रथा भी थी। वसन्तसेना के विशाल भवन के पष्ठ प्रकोष्ठ के वर्णन से ज्ञात होता है कि उस समय वैदूर्य, पुष्पराग, इन्द्रनील, पद्मराग, मरकत, मोती तथा मूँगे आदि मणियो का आभूषणो मे प्रचुर मात्रा मे प्रयोग होता था। आभूषण विभिन्न प्रकार की सुन्दर डिजायनो के बनाये जाते थे और उन पर तथा रत्नो

पर सुन्दर पालिश भी की जाती थी। शृंगार के लिए मुख पर पाउडर के सदृश किसी वस्तु का प्रयोग किया जाता था।

भोजन व्यवस्था—जहाँ तक भोजन का प्रश्न है, हमें सूत्रधार के घर में तथा वसन्तसेना के भवन में बनाये जाते हुए कुछ भोज्य पदार्थों के नामों से उस समय की भोजन व्यवस्था का कुछ संकेत प्राप्त होता है। चावल उस समय का प्रिय भोज्य पदार्थ था। इसको अनेक प्रकार से पकाया जाता था। तन्दुल, भक्त, गुडोदन, कल-मोदन, पायस तथा शाल्योदन आदि इसके विभिन्न प्रकार थे। घी, दूध तथा दही का प्रचुर मात्रा में प्रयोग किया जाता था। मोदक और अपूपक मिष्ठानों में अधिक प्रिय थे। शाक-सब्जियों का भी प्रयोग किया जाता था। दाल का भी प्रयोग होता था। मांस तथा मछली का अनेक लोग प्रयोग करते थे। ब्राह्मण भी मांस खाते थे—शकार का विट इसका उदाहरण है। वसन्तसेना की पाकशाला में अनेक प्रकार का मांस पकाया जाता था। मसालों में लवण, हिंगु जीरक, भद्रमुस्ता, वच, शुण्ठी तथा मरिच चूर्ण आदि का प्रयोग किया जाता था। सम्भवतः अचारों का प्रयोग भी होता था। शराब का प्रयोग भी किया जाता था। सुरा, आसव, मधु तथा सीधु आदि इसके विभिन्न प्रकार थे। जल को शीतल करने के लिए घड़े अथवा सुराहियों का प्रयोग होता था।

पशुपक्षी, वृक्ष तथा पुष्प—'मृच्छकटिक' में अनेक प्रकार के पशु पक्षियों, कीड़े मकोड़ों, वृक्षों तथा पुष्पों के भी नाम प्राप्त होते हैं, जो इस प्रकार हैं।

पशु—अश्व, वाजि, बली वर्द, गर्दभ, गौ, हस्ति, वनद्विप, कुक्कुर, शुनक, श्व, मार्जार, मेष, मीन, मृग, मूषक, महिष, शाखामृग, शश, शृंगाल, शूकर, सिंह, वृक, व्याघ्र।

पक्षी—बक, चकोर, चक्रवाक, कपिंजल, कपोत, कोकिल, परभृत, लावक, मयूर, शिखण्डी, पारावत, राजहंस, सारस, शुक, श्येन वायस।

कीड़े मकोड़े—आग्नेय-कीट, भृङ्ग, अहि, भुजङ्ग दुन्दुभ नाम पन्नग, सर्प।

वृक्ष और पुष्प—चम्पक, सहकार, जाती, करवीर, किंशुक, नलिनी, नीप, पलाश, रक्तगन्ध, ताली तथा तमाल।

सामाजिक कुरीतियां — प्रकरण के अध्ययन से ज्ञात होता है कि उस समय समाज म अनेक कुरीतियाँ भी विद्यमान थी। विशेष रूप से 'मृच्छकटिक' में उपलब्ध वर्णनों से यह प्रतीत होता है कि इन कुरीतियों में द्यूत का सर्वप्रथम स्थान था। जुआ खेलना, वैध था। इस पर किसी प्रकार का प्रतिबन्ध नहीं था। द्यूतकारों की एक मण्डली होती थी, जिसका प्रत्येक द्यूतकर पर बहुत अधिक प्रभाव था। संवाहक इस विषय मे कहता है ''''

'कथं द्यूतकरमण्डल्या बद्धोऽस्मि। कष्टम् एषोऽस्माकं द्यूतकराणामलंघनीयः समय.।[1]

१—मृच्छकटिक, पृ०–१०९

जुए मे हारे रुपयो के हिसाब को बही खातो मे लिखा जाता था। द्यूतगृह का स्वामी सभिक कहलाता था, जिसे हारे हुए जुआरी से रुपया वसूल करने का पूर्ण अधिकार था। बेईमानी करने वाले जुआरी को कठोर दण्ड दिया जाता था। हारे हुए जुआरी पर न्यायालय मे भी दावा करके रुपया वसूल किया जा सकता था। 'मृच्छकटिक' के द्वितीय अक मे सवाहक के दस सुवर्ण मुद्रायें हार कर भाग जाने पर द्यूतकर माथुर को परामर्श देता हैं— 'राजकुल गत्वा निवेदयावः।'[1] कभी-कभी हारे हुए जुआरी को पिटना भी पडता था और स्वय को बेचकर भी हारा हुआ रुपया चुकाना पडता था। सवाहक के उदाहरण से यह स्पष्ट है। कुछ साहसी जुआरी हारकर भी सभिक के अधिकार की उपेक्षा कर उससे लड सकते थे जैसे 'मृच्छकटिक' मे दर्दुरक सवाहक की रक्षा करने के लिये माथुर से लडने लगता है। हारे हुए जुआरी को रुपया न देने पर अनेक कष्ट सहने पडते थे, उसे पूरे दिन सिर नीचे कर तथा पैर ऊपर कर लटकना पडता था, कुत्तो द्वारा उसकी जघाए काटी जाती थी तथा उसे भूमि पर घसीटा जाता था। जुआ खेलना कोई दुष्कर्म नही माना जाता था। चारुदत्त यह घोषित कर देता है कि वह जुए मे वसन्तसेना के आभूषण हार गया है किन्तु न तो वह स्वय और वसन्तसेना ही इसे असम्मान की बात समझते हैं। कुछ व्यक्ति तो केवल जुआ खेलकर ही अपनी जीविका चलाते थे। सवाहक भी भिक्षु बनने से पूर्व जुआ खेल कर ही अपनी जीविका चलाता था।

कभी-कभी बहुत अधिक दुखी होकर जुआरी लोग पश्चाताप करके बौद्ध भिक्षु भी बन जाया करते थे। सवाहक ने भी इसी प्रकार दुखी होकर बौद्धधर्म स्वीकार कर लिया था और भिक्षु बन कर प्रव्रज्या ग्रहण कर ली।

समाज की एक अन्य कुरीति थी मद्यपान। अनेक व्यक्ति मद्यपान करते थे। सुरा, आसव, मद्य, सीधु आदि शराब के विभिन्न रूप थे। मद्यपान के लिये पानगोष्ठिया भी हुआ करती थी। 'मृच्छकटिक' के अष्टम अक मे शकार भिक्षु से कहता है—

'आपाणकम यप्रविष्टस्येव रक्तमूलकस्य शीर्षं ते भङ्क्ष्यामि ॥'[2]

यहा आपानक का तात्पर्य मदिरालय मे पानगोष्ठी से ही है।

दास प्रथा— भी उस समय की एक सामाजिक कुरीति थी। पुरुष और स्त्री दोनो ही दास एव दासिया होते थे। वे पूर्णत अपने स्वामी पर आश्रित रहते थे। पशुओ के समान उनका भी क्रय विक्रय होता था। स्वामी को धन देकर भी दासो को स्वतन्त्र नागरिक बनाया जा सकता था। कभी-कभी उनके स्वामी प्रसन्न होकर

१— मृच्छकटिक, पृ० १३२

२— मृच्छकटिक पृ० ३७६

भी उन्हें दासता से मुक्त कर देते थे। राजाज्ञा के द्वारा भी कभी कभी उन्हे मुक्त कर दिया जाता था। 'मृच्छकटिक' के दशम अंक के अन्त म चारुदत्त स्थावरक चेट को मुक्त कर देता है— 'सुवृत्त, अदासो भवतु।' ये दास दासिया अपने स्वामी की सम्पत्ति होते थे। मदनिका वसन्तसेना की दासी थी, जिसे दासता से मुक्त करने के लिये शर्विलक ने चोरी की थी। रदनिका चारुदत्त की दासी थी। चारुदत्त और शकार के चेट भी उनके दास थे। प्राय उनके साथ बडा सहृदय व्यवहार किया जाता था, किन्तु कुछ क्रूर स्वामी निर्दय व्यवहार भी करते थे। अपने स्वामी के विरुद्ध होने पर एक ईमानदार और सत्यवादी तथा निष्ठावान दास की सत्य बात पर भी विश्वास नही किया जाता था और उसे असत्य माना जाता था। शकार का चेट इससे दु खी होकर चारुदत्त से कहता है—

'हन्त ईदृशो दासभाव यत् सत्य न कमपि प्रत्याययति।'[१]

दास-दासिया बडे स्वामिभक्त होते थे। यद्यपि इनके शरीर पर इनके स्वामियो का पूर्ण प्रभुत्व था किन्तु फिर भी वे उनके लिये किसी अनैतिक कार्य को नही करते थे। जब शकार अपने चेट से वसन्तसेना को मारने के लिए कहता है तो वह स्पष्ट कह देता है—

'प्रभवति भट्टक शरीरस्य न चारित्र्यस्य। ताडयतु भट्टक मारयतु भट्टक अकार्यं न करिष्यामि।'[२]

चोरी— भी एक तत्कालीन सामाजिक बुराई थी। मृच्छकटिक मे यह एक कला के रूप म प्रकट होती है। चोरो के भी अपने कार्तिकेय, कनकशक्ति, खरपट आदि देवता और आचार्य होते थे। चोरी करने और सेंध आदि लगाने के विषय म उनके शास्त्रा म विस्तृत प्रकाश डाला गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि उस समय चौर्यकर्म की उचित शिक्षा दी जाती थी। ऊँची जाति के व्यक्ति भी धन प्राप्त करने के लिये चोरी करते थे। प्रकरण म उपलब्ध वर्णनो स ज्ञात होता है कि उस समय चोर सेंध को नापने के लिये एक प्रमाण सूत्र रखते थे, उनके पास कुछ ऐसे बीज होते थे, जिनसे भूमि म गडे हुए धन का पता लग जाता था शर्विलक उस बीज का प्रयोग करता था।[३]

सन्धि म स्वय प्रवेश करने से पूर्व चोर उसमे पहले प्रतिपुरुष (पुरुष की आकृति के समान लकडी आदि की मूर्ति) को प्रविष्ट कराते थे।[४] सन्धिच्छेद करने

१—मृच्छकटिक पृ० ५५२।
२—मृच्छकटिक पृ० ४१४–४१६।
३—मृच्छकटिक पृ० १६७।
४—मृच्छकटिक पृ० १६५।

के निमित्त अनेक प्रकार के औजारो का प्रयोग किया जाता था । विभिन्न प्रकार की आकृतियो की सन्धिया लगाई जाती थी। आत्मरक्षा के लिये चोर अनेक प्रकार के शस्त्रों का प्रयोग करते थे। 'मृच्छकटिक' मे इन सबका बडा रोचक वर्णन किया गया है। सर्प आदि के काट लेने पर चोर तुरन्त चिकित्सा कर लेते थे। चोरो के भी अपने नैतिक नियम होते थे, ब्राह्मणो के अथवा यज्ञ के धन को नही चुराते थे, धाय की गोदी से आभूषण आदि के लिये बालको का भी वे अपहरण नही करते थे। चोरी मे भी वे कार्य और अकार्य का विचार रखते थे।[१] प्राय चोरी अन्धकारपूर्ण रात्रि मे की जाती थी। इस प्रकार हम देखते हैं कि चोरी जैसी सामाजिक बुराई का भी 'मृच्छकटिक' मे एक कला के रूप मे चित्रण किया गया है।

निर्धनता—भी वस्तुत एक सामाजिक अभिशाप थी। यह सभी बुराइयो की मूल थी। समाज के कुछ व्यक्ति 'सर्वेगुणा काचनमाश्रयन्ति' उक्ति पर विश्वास करते थे। अत वे निर्धनो को गुणहीन मानते थे। निर्धनो को अत्यधिक परिश्रम करना पडता था और अनेक कष्ट सहने पडते थे। पाप चाहे अन्य कोई व्यक्ति करे किन्तु सन्देह निर्धन पर ही किया जाता था।

पाप कर्म च यत्परैरपि कृत तत्तस्य सभाव्यते।[२]

चारुदत्त तो ब्रह्म हत्या, सुरापान, चोरी, गुरुपत्नी समागम तथा इनके साथ सम्पर्क इन पांच महापातको के अतिरिक्त निर्धनता को छठा महापाप मानता है।[३] किन्तु सौभाग्य से समाज मे ऐसे भी अनेक व्यक्ति थे जो धन की अपेक्षा मानव के गुणो का अधिक मूल्य समझते थे।

वेश्या वृत्ति—समाज मे बहुत प्राचीन काल से चली आ रही एक कुरीति है। इस समय वेश्याओ के दो वर्ग थे— वेश्या तथा गणिका। वेश्यायें अपने रूप और यौवन का व्यापार कर सम्पत्ति अर्जित करती थी, किन्तु गणिकाओ का कार्य नृत्य एव सगीत तक ही सीमित रहता था। 'दशरूपक' मे वेश्या और गणिका मे अन्तर स्पष्ट करते हुए कहा गया है—

'वेशो भृति सौऽस्या जीवनमिति वेश्या तद्विशेषो गणिका।

समाज मे वेश्या की अपेक्षा गणिका का स्थान उच्च होता था। वसन्तसेना निश्चित रूप से एक गणिका थी। 'मृच्छकटिक' मे कुछ स्थानो को छोडकर अधिकतर उसके लिये गणिका शब्द का ही व्यवहार किया गया है। 'मृच्छकटिक' से यह ज्ञात होता है कि उस समय समाज के कुछ प्रतिष्ठित व्यक्ति भी गणिकाओ अथवा वेश्याओ

१–मृच्छकटिक— ४।६

२–दशरूपक, १।३६

३–दशरूपक, १।३७

से अपना सम्बन्ध रखते थे। इस सम्बन्ध में हम चारुदत्त का उदाहरण दे सकते हैं। चारुदत्त वसन्तसेना से अपना सम्बन्ध रखते हुए भी अपनी चारित्रिक शुद्धता की घोषणा करता है—

'यौवनमत्रापराध्यति न चारित्रम्।'

किन्तु फिर भी समाज की दृष्टि मे वेश्याओं से सम्बन्ध रखना एक अशोभन कार्य था। 'मृच्छकटिक' के दशम अक मे जब न्यायाधीश चारुदत्त से उसके वसन्तसेना के साथ सम्बन्ध के विषय मे पूछता है तो वह समाज के भय से लज्जा के कारण इसका स्पष्ट उत्तर नही देता। वेश्यायें कृत्रिम प्रेम प्रदर्शन कर सम्पूर्ण धन प्राप्त कर व्यक्ति को अपमानित कर छोड देती थी। कुछ लोग रखैली भी रखते थे। शकार की बहन राजा पालक की रखैली थी और वह स्वय एक अविवाहित स्त्री का पुत्र था। अत. स्पष्ट है कि उस समाज मे प्रतिष्ठित व्यक्ति भी अपनी चारित्रिक शुद्धता की अधिक चिन्ता नही करते थे।

आर्थिक दशा—उस समय भारतवर्ष आर्थिक दृष्टि से समृद्धिशाली था। करमरकर महोदय के अनुसार 'मृच्छकटिक' मे उपलब्ध वर्णनो से ज्ञात होता है कि उज्जयिनी उस समय आधुनिक पेरिस की भांति बडी सुन्दर और समृद्ध नगरी थी। उज्जयिनी की समृद्धि और उन्नति से आकृष्ट होकर देश—विदेश से अनेक नागरिक वहा आते थे। कुछ तो वहाँ भ्रमण करने आते थे तथा तथा कुछ व्यापार की दृष्टि से अथवा किसी प्रकार की नौकरी प्राप्त करने के उद्देश्य से। सवाहक वहाँ पाटलिपुत्र से आया था। वहाँ ऊँचे-ऊँचे अनेक मजिलो और प्रकोष्ठो वाले विशाल भवन थे, बड़े-बडे राजमार्ग थे तथा सुन्दर उद्यान थे। उस समय व्यापार बडा समुन्नत था, जल तथा थल दोनो मार्गों से व्यापार होता था। जहाजों (यानपात्रो) से समुद्रपार विदेशो से भी व्यापार होता था। आयात तथा निर्यात दोनो होते थे। उज्जयिनी मे अनेक अपार धनराशि से युक्त धनिक व्यापारी थे। सम्भवत सभी श्रेष्ठिचत्वर नामक मुहल्ले मे रहते थे। उनके पास अपार सुवर्णराशि तथा अनेक प्रकार के सुवर्णभूषण थे। अनेक प्रकार के रत्नो और मणियो का भी वे प्रयोग करते थे। वसतसेना के षष्ठ प्रकोष्ठ के वर्णन से यह ज्ञात होता है। चारुदत्त की पत्नी धूता की मातृगृह से प्राप्त चतु: समुद्रसारभूता अमूल्य रत्नावली तथा वसन्तसेना के रत्न एव आभूषण इस बात के प्रमाण हैं। धनिक व्यक्ति आभूषण भी सुवर्ण भाण्डो मे रखते थे। कुछ व्यक्तियो के पास इतना सुवर्ण था कि वे अपने बालको के लिये खेलने के खिलौने भी सुवर्ण के ही बनवाते थे। चारुदत्त के पड़ोसी का बालक सोने की गाड़ी से खेलता है। धनिक लोग धार्मिक कृत्यो के लिये तथा सार्वजनिक लाभ के लिये बहुत मात्रा मे धन दान देते थे और सार्वजनिक उपयोग के भवनो आदि का निर्माण कराते थे। चारुदत्त ने भी अपनी सम्पन्नावस्था मे अनेक वापियों, कूपो, उद्यानो, विश्रामगृहो, देवालयो तथा विहारो

आदि का निर्माण कराया था—

'येन तावत्पुरस्थापनविहारारामदेवालयतडागकूपयूपैरलङ्कृता नगर्युज्जयिनी'

किन्तु इन धनिकों का धन बहुत अधिकमात्रा में वेश्याओं के यहाँ चला जाता था। परिणामस्वरूप वेश्यायें और गणिकायें उस समय बड़ी सम्पन्न अवस्था में थीं। उनके पास अतुल धन सम्पत्ति तथा अपार रत्नराशि एवं सुवर्णाभूषण थे। अनेक राजा भी इनकी सम्पत्ति से ईर्ष्या करते थे। अपार धन सम्पत्ति होने के कारण नगर में द्यूतकर, चोर तथा विट आदि अनेक अवाञ्छनीय तत्व भी थे जो औरों के धन पर ही आश्रित रहते थे और कभी-कभी नगर में अशान्ति तथा अव्यवस्था भी उत्पन्न कर देते थे। आर्थिक दशा के समृद्ध होने के कारण ही संगीत, नृत्य नाट्य आदि कलाओं का भी उस समय पर्याप्त विकास हुआ।

कृषि—बहुत प्राचीन काल से होती चली आयी है,किन्तु इससे कृषक समृद्ध दशा को प्राप्त नहीं हो पाते थे। हां उनकी जीविका इससे सरलता से चल जाती थी। उस समय भी कृषि-कर्म होता था किन्तु कृषक सम्पन्न नहीं थे। व्यापार और व्यवसाय करने वाला वर्ग अपेक्षाकृत अधिक सम्पन्न था। सार्थवाहों की स्थिति आर्थिकरूप से बहुत अच्छी थी। सम्भवतः उस समय भी आधुनिक काल के जमींदारों अथवा मकान-मालिकों के समान ही गृहपति होते थे। धनिक लोग अपने घर में सेवक भी रखते थे जिन्हें मासिक वेतन दिया जाता था—उन्हें 'सवृत्ति परिचारक' कहा जाता था। कुछ व्यक्तियों का स्थायीरूप से क्रय-विक्रय होता था, जिन्हें दास-दासी अथवा गर्भदास एवं गर्भदासी कहा जाता था।

पेशे—विशेषरूप से 'मृच्छकटिक' में उस समय प्रचलित अनेक पेशों का भी वर्णन किया गया है। कुछ व्यक्तियों की राज्य की ओर से नियुक्ति की जाती थी जो राजकीय सेवक अथवा अधिकारी होते थे—उदाहरण के लिये हम न्यायाधीश, लेखक, पुलिस अथवा सेना के अधिकारी तथा चाण्डाल आदि को ले सकते हैं। कुछ व्यक्ति कलाकार होते थे जो स्वतन्त्र रूप से कार्य करते थे। स्वर्ण और रत्नों के आभूषण बनाने वाले स्वर्णकारों का समाज में बड़ा सम्माननीय स्थान था। आर्थिक दृष्टि से उनकी दशा बहुत समृद्ध थी। उनके अतिरिक्त बढ़ई, मकान बनाने वाले मिस्त्री, मणिकार, जुलाहे, कुम्हार, नाई, चमार, हलवाई, रसोइये आदि व्यक्तियों का भी 'मृच्छकटिक' में वर्णन किया गया है। अतः निश्चितरूप से वह युग आर्थिक दृष्टि से बड़ा [illegible] और समृद्ध युग था।

राजनीतिक दशा—उस समय देश की राजनीतिक स्थिति बड़ी विचित्र थी। देश में कोई सार्वभौम सम्राट नहीं था। सम्पूर्ण देश अनेक छोटे-छोटे राज्यों में विभक्त था। यद्यपि राज्य राजनीतिक एवं आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर थे किन्तु छोटे होने

ारण उनकी शक्ति अधिक नही थी। उनका शासन प्रबन्ध भी सुव्यवस्थित नही था
ान्त और व्यवस्था नही थी। उज्जयिनी सम्भवतः स्वतन्त्र राज्य था। इसके अति-
ि कुशावली भी वेणा नदी के तट पर एक राज्य था जिसे चारुदत्त को उपहार-
रूप दिया गया था। उस समय भी राजाओं मे अन्य राज्यो पर विजय प्राप्त करने
लिये परस्पर युद्ध होते रहते थे। यह विट की उस उक्ति से स्पष्ट हो जाता है जिसमे
कहता है कि मेघ आकाश मे चन्द्रमा की किरणो को इस प्रकार हरण करता है
स प्रकार कोई राजा अपने दुर्बल शत्रु के कर (टैक्स) का अपहरण करता है—

'हरति करसमूहं रवे शशाङ्कस्य मेघो,
नृप इव पुरमध्ये मन्दवीर्यस्य शत्रोः।'[1]

राजा विलासी होते थे तथा रानियो के अतिरिक्त रखैलियां भी रखते थे।
ज्य की समुचित शासन व्यवस्था की वे चिन्ता नही करते थे। अत. उनके शकार के
ान नीच और धूर्त सम्बन्धी प्रजा पर स्वेच्छापूर्वक अत्याचार करते थे। वे राज्य-
र्मचारियो के द्वारा अपने कर्तव्य पालन मे भी विघ्न डाल कर अपने राजा से सम्बन्ध
न का अनुचित लाभ उठाकर अपनी इच्छानुसार उनसे कार्य कराने का प्रयत्न करते
। शकार न्यायाधीश को राजा से कह कर निकलवाने का और दूसरे न्यायाधीश
ी नियुक्ति कराने का भय देकर अपनी इच्छानुसार अपने पक्ष मे और चारुदत्त के
िरोध मे निर्णय कराना चाहता है।

राज्य मे समुचित सुरक्षा का प्रबन्ध नही था, अत. रात्रि के प्रारम्भ मे ही
सम्भ्रान्त नारियो का घर के बाहर निकलना कठिन था। राजमार्गों पर धूर्त विट,
ार जुआरी तथा वेश्यायें आदि घूमते रहते थे।[2] रात्रि मे अनेक प्रकार के अपराध
ी सुलभ होते थे। बहुदोषा हि शर्वरी। राजा के कर्मचारी और पदाधिकारी अपना
र्तव्यपालन उचित रूप से नही करते थे। कुछ कर्मचारी अवश्य अपने कर्तव्य का
ूर्ण निष्ठा के साथ पालन करते थे। वीरक इस सम्बन्ध मे कहता है—'प्राप्ते च
राजकार्ये पितरमप्यहं न जानामि।' किन्तु प्राय. वे छोटी-छोटी बात पर परस्पर लड़ते
था और ईर्ष्याद्वेष भाव रखते थे। उन्हे अपने पद का बडा अभिमान था। वे जब चाहे
तब अपना कार्य छोडकर भाग भी जाते थे। 'मृच्छकटिक' के छठे अङ्क मे वीरक और
चन्दनक के विवाद से उस समय की राज्यकर्मचारियो एव अधिकारियो की दशा पर
पर्याप्त प्रकाश पडता है।

राजा के अत्याचारो के कारण जनता विक्षुब्ध हो जाती थी। शासन-प्रबन्ध
शिथिल था ही। इन अत्याचारों से मुक्ति प्राप्त करने के लिए राजा के विरुद्ध षडयन्त्र

१—मृच्छकटिक ५।१७
२—मृच्छकटिक, पृ० ३४

करने का विद्रोहियो को अच्छा अवसर प्राप्त हो जाता था। षड्यन्त्र करके राज पलट देना भी उस समय सम्भव और सहज था। इस प्रकार के षड्यन्त्रो में चोर जुआरी, असन्तुष्ट अधिकारी विद्रोही कर्मचारी, राजा के द्वारा अपमानित तथा पीड़ित व्यक्ति, धूर्त एव आवारा आदि सम्मिलित हो जाते थे।[1] राजा को इस प्रकार के षड्यन्त्र का सदा भय रहता था और वह इस प्रकार के भय से किसी भी व्यक्ति को अनिश्चितकाल के लिए कारागृह मे डाल देता था। 'मृच्छकटिक' में भी राजा पालक ने आर्यक नामक एक गोपालदारक को केवल इसलिए पकड़वाकर कारागृह मे डाल दिया क्योंकि किसी सिद्धपुरुष ने उसके विषय मे यह भविष्यवाणी की थी कि वह राजा होगा। 'मृच्छकटिक' मे भी षड्यन्त्रकारियो का एक क्रान्तिकारी दल है। शर्विलक नामक चोर इसका नेता है। चन्दनक, विट तथा दर्दुरक आदि उसके सहायक है। नाटक के अन्त मे उनका राजनीतिक षड्यन्त्र सफल हो जाता है और राजा पालक की हत्या कर आर्यक का राज्याभिषेक होता है।

राजा—उस समय राजा ही राज्य का सर्वेसर्वा होता था। राज्य की सम्पूर्ण शासन-सत्ता राजा मे ही निहित थी। राजा प्राय स्वेच्छाचारी, निरकुश एव बलधारी होता था। वह केवल राज्य की शासन-व्यवस्था का ही अध्यक्ष नही होता था, अपितु न्याय-निर्णय का भी अन्तिम निश्चय वही करता था। न्यायाधीश इस विषय मे कहता है—

'निर्णये वय प्रमाण शेषे तु राजा'।[2]

राज्य के लिए कानून बनाने का भी अन्तिम और पूर्ण अधिकार राजा को ही था। राजा आर्यक स्वय एव कानून बनाकर गणिका वसन्तसेना को कुलवधू का पद प्रदान करता है। उसे न्यायाधीश को नियुक्त करने एव निकालने का अधिकार भी प्राप्त था।

सुरक्षा व्यवस्था—राज्य की आन्तरिक विद्रोह एव बाह्य आक्रमण मे सुरक्षा के लिए सेना भी होती थी। वसन्तसेना के चेट तथा विदूषक के पचम अक मे दिविक प्रश्नोत्तरो से भी ज्ञात होता है कि उस समय भी सेना थी—'—। राजा स्वय सेनाध्यक्ष होता था। राजा एक गुप्तचर विभाग भी रखता था। विशेषरूप से राजनीतिक अपराधो का पता लगाने के लिए गुप्तचर ही राजा के नेत्र थे—

'पश्येयुः क्षितिपतयः हि चारदृष्ट्या'।

राज्य की रक्षा के लिए सम्पूर्ण राज्य के चारों ओर एक सुदृढ़ और ऊँची

१—मृच्छकटिक ४।२६।
२—मृच्छकटिक पृ० ४१५।
३—मृच्छकटिक पृ० २०१।

ार (प्राकारक) होती थी । उसमे चार दिशाओ मे मुख्यद्वार (प्रतोलीद्वार) होते कुछ विशेष स्थानो पर चौकिया (गुल्मस्थान) भी होती थीं। राज्य मे अनेक क और पहरेदार होते थे। जो राजमार्गों पर घूमते रहते थे। सेना के अति- त पुलिस विभाग भी था।

अधिकारी—राजा की सहायता के लिये अनेक अधिकारी होते थे, जिनमे ी, न्यायाधीश तथा दण्डाधिकारी और सेनापति आदि मुख्य थे। प्रधान दण्डाधि- ी समवत: पुलिस का सर्वोच्च अधिकारी था। यह पद वीरक को प्राप्त था। वह र-रक्षाधिकारी भी होता था। बलपति रक्षको का प्रधान अधिकारी होता था। के अतिरिक्त राष्ट्रीय नामक एक अधिकारी भी होता था जो आधुनिक पुलिस रिन्टेन्डेन्ट के समान होता था। यह पद राजा के नीच कुलोत्पन्न साले के लिए क्षित होता था। शकार को यह पद प्राप्त था। इनके अतिरिक्त कर (टैक्स) नित करने के लिये भी अनेक अधिकारी और राज पुरुष होते थे।

पुलिस अधिकारी अपना कार्य सावधानी से करते थे। आर्यक के कारागार से ग जाने पर सम्पूर्ण उज्जयिनी मे उसकी सतर्कतापूर्वक खोज की जाती है। एक जकीय घोषणा के द्वारा समस्त अधिकारियो और रक्षको को सतर्क कर दिया गया । नगर के बाहर जाने के सभी दरवाजे बन्द कर दिये गये हैं। राजमार्गो, उद्यानो, जारो आदि सार्वजनिक स्थानो पर उसकी बड़ी सावधानी से खोज की जाती है। गाडियो और रथो आदि का निरीक्षण किया जाता है। राजनीतिक बन्दियो को समय बेड़िया पहनाई जाती थी। आर्यक को भी बेड़ी पहनाई गई थी। राजकुल कोई विवाह अथवा पुत्रोत्सव आदि होने पर अथवा राज्य परिवर्तन होने पर न्दियों को छोड़ दिया जाता था। इस प्रकार हम देखते है कि 'मृच्छकटिक' मे कालीन राजनीतिक दशा का बडा सुन्दर, यथार्थ और रोचक चित्रण किया गया है।

धार्मिक दशा-दोनो प्रकरण तत्कालीन धार्मिक अवस्था पर भी पर्याप्त प्रकाश लते हैं। उस समय वैदिक धर्म उन्नतावस्था मे था। अनेक प्रकार की याज्ञिक ायाओ का अनुष्ठान बडी श्रद्धा से किया जाता था। यज्ञ समाओ एव चैत्यो मे वद ाप किया जाता था। चारुदत्त अपने गोत्र के विषय मे अभिमानपूर्वक घोषणा करते ए कहता है कि मेरा गोत्र सैकड़ो यज्ञो से पवित्र था—

'मखशतपरिपूत गोत्रमुद्भासित मे,
सदसि निबद्धचैत्यब्रह्मघोषः पुरस्तात्' ।[1]

वैदिक—धर्म के साथ साथ बौद्ध धर्म का भी प्रचार था किन्तु बौद्ध धर्म से जनता का विश्वास अधिकतर उठ गया था अत. वह बड़ी जीर्णावस्था को प्राप्त हो

१—मृच्छकटिक-१०।१२ ।

चुका था। वैदिक धर्म के अनुयायी बहुत अधिक सख्या मे थे और ऐसा प्रतीत ह है कि वह राजधर्म भी था। यज्ञो मे पशु-बलि भी दी जाती थी। शूली पर च जाने को ले जाये जाते हुए चारुदत्त अपनी तुलना यज्ञ मे बलि दिये जाने वाले स से करता है——

'आघातमद्याहमनुप्रयामि शामित्रमालब्धुमिवाध्वरेऽज:'।[१]

उस समय नागरिको की पूजा-पाठ, पच महायज्ञ, बलि, तर्पण तथा सम आदि मे विशेष रुचि थी। अनेक स्थानो पर मन्दिर थे जिनमे देवी-देवताओ ह मूर्तियो की पूजा की जाती थी। कामदेव का भी एक मन्दिर उज्जयिनी नगर म तथा एक वसन्त सेना के घर मे। प्रकरण मे प्रारम्भ मे ही हम देखते हैं कि चारु देवकार्य सम्पादित करके गृह देवताओ को बलि अर्पण करता हुआ बाहर आता है[२]

अतिथि यज्ञ – अथवा अतिथियो के सत्कार और सेवा मे सबकी विशेष र थी। अतिथियो का स्वागत करना उस समय परम पवित्र कर्तव्य माना जाता था चारुदत्त को इस बात का बडा दुख है कि वह निर्धन होने के कारण अतिथियो समुचित सेवा नही कर पाता अत उसके घर वे नही आते।[३]

उस समय लोग देवताओ पर अत्यधिक विश्वास करते थे। देव-पूजा गृहस् का नित्यकर्म था। देवियो को बलि दी जाती थी।[४] उस समय लोग समाधि ल लगाते थे। चारुदत्त भी नियमित रूप से समाधि लगाता था-[५]।

व्रत तथा उपवास आदि भी किये जाते थे। ब्राह्मणो को समाज मे ब सम्माननीय स्थान प्राप्त था। वे सभी वर्णों मे अपने ज्ञान और तप के कारण श्रेष्ठ समझे जाते थे। यज्ञोपवीत का विशेष धार्मिक महत्व था। इसे धारण क देवताओ और पितरो को उनकी बलि एव तर्पण दिया जाता था। मोतियो मे सुवर्ण का बना हुआ न होने पर भी यह ब्राह्मणो का विशेष आभूषण था। यज्ञो पवीत के महत्व का वर्णन करते हुए चारुदत्त कहता है—

'अमौक्तिमसौवर्ण ब्राह्मणाना विभूषणम्।
देवतानां पितृणा च भागो येन प्रदीयते ॥'[६]

१—मृच्छकटिक—१०।२१
२—मृच्छकटिक—१०-२३
३—मृच्छकटिक—१-१२
४—मृच्छकटिक—१-१०
५—मृच्छकटिक, पृ०-१४
६—मृच्छकटिक—१०-१८

केवल इसीलिए शूली पर चढने के लिये जाते हुए चारुदत्त अपने पुत्र रोहसेन को अन्तिम उपहार के रूप मे यज्ञोपवीत ही देता है। शर्विलक के सदृश कुछ चोर और दुष्टब्राह्मण यज्ञोपवीत के महत्व को नही समझते थे। किसी भी कार्य मे अभीष्ट सिद्धि प्राप्त करने के लिये ब्राह्मणो को सबसे आगे किया जाता था—

'समीहितसिद्धये ब्राह्मण अग्रे कर्तव्यः'

समाज में ब्राह्मणो के सदृश ही गौ का भी विशेष महत्व था। दोनो अवध्य थे। पूजा तथा यज्ञ इत्यादि धार्मिक कार्यों का अनुष्ठान करना ब्राह्मणों का ही कार्य था। वसन्तसेना के घर मे भी नित्य दैनिक पूजा करने के निमित्त एक ब्राह्मण नियुक्त था। अत प्रतीत होता है कि वेश्यायें और गणिकायें भी उस समय धार्मिक प्रवृत्ति की होती थीं। वेदो का पठन-पाठन करने का अधिकार उच्चवर्णो को ही प्राप्त था, शूद्रो को नहीं।[1] देवी देवताओं पर लोगों को इतना अधिक विश्वास था कि चोर आदि दुष्ट पुरुष भी अपना कार्य इष्ट देवताओं का प्रणाम कर करते थे। शर्विलक भी चोरी करने से पूर्व अपने अभीष्ट देवो और आचार्यों का स्मरण करता है—

'नमो वरदाय कुमारकार्तिकेयाय, नमः कनकशक्तये ब्रह्मण्यदेवाय देवव्रताय, नमो भास्कर नन्दिने, नमो योगाचार्याय।'[2]

यहाँ तक कि चाण्डाल भी अपने इष्ट देवी-देवताओं पर विश्वास करते थे। चारुदत्त का मारते समय हाथ से खड्ग छूट जाने पर चाण्डाल कहता है-'भगवति सह्यवासिनि। प्रसीद प्रसीदे।'

'मृच्छकटिक' में केवल गृहस्थ तथा सन्यास इन दो आश्रमो का ही वर्णन आता है। कुछ दुष्ट व्यक्तियों ने सन्यास स्वीकार करके अपने दुष्कर्मों से इस पवित्र आश्रम को भी कलंकित कर दिया था। जिससे जन-साधारण की श्रद्धा सन्यासियो से हट गई थी-'सन्यास' कुलदूषणैरिव जनैर्मेघै वृतश्चन्द्रमा।'[3] उस समय लोग भाग्य पर विश्वास करते थे तथा किसी भी दैवी आपत्ति को अपने दुर्भाग्य का ही परिणाम मानते थे।

परलोक—लोग परलोक पर विश्वास करने के कारण स्वर्ग और नरक को मानते थे। पुनर्जन्म पर प्राय सबको विश्वास था। इस जीवन मे प्राप्त सुख दुख को अपने पूर्व जन्म का फल ही मानते थे। जन्म और मृत्यु के चक्र पर सबको विश्वास था। जिस प्रकार हमारा वर्तमान जीवन पूर्वजन्म के कर्मों पर आधारित होगा—यह विश्वास प्राय प्रत्येक व्यक्ति के हृदय मे व्याप्त था, अत अकार्य और दुष्कर्म अथवा पाप करने से प्रायः सभी डरते थे। वसन्तसेना को मारने के शकार के आदेश को चेट दृढतापूर्वक अस्वीकार कर देता है और स्पष्ट कह देता है कि आप मेरे शरीर के

१—मृच्छकटिक-पृ ९/२१
२—मृच्छकटिक पृ. १६२
३—मृच्छकटिक—५/१४

स्वामी हूँ चरित्र के नहीं, आप मुझे मारे चाहे पीटें मैं अकार्य नहीं करूँगा, जिन पूर्व-जन्म के कर्मों के कारण मैं इस जन्म मे दास बना हूँ अत और अधिक अकार्य करके पाप मोल न लूँगा। अत. अनर्थ नहीं करूँगा-।[1] इसी प्रकार विट भी परलोक के भय से शकार के इस वसन्तसेना के हत्यारूपी दुष्कर्म मे सम्मिलित होना अस्वीकार कर देता है—

'एनामनागसमहयदि घातयमि, केनोडुपेन परलोकनदी तरिष्ये।—'[2]

चारुदत्त भी परलोक पर विश्वास करता है, अतः परलोक मे शान्ति और सुख प्राप्त करने के निमित्त मृत्यु से पूर्व अपने पुत्र का मुख देखना चाहता है—

'वत्परलोकार्थ. पुत्रमुख द्रष्टुमभ्यर्थये।'[3]

उस समय भी परलोक मे शान्ति के निमित्त पितरों को तिलाजलि तथा उदकदान करके उनका तर्पण किया जाता था। अतः चारुदत्त की पत्नी धूता अपने पुत्र रोहसेन से कहती है कि बेटा तुम हमको तिलाजलि और उदकदान देने के निमित्त रह जाओ—

'जात। त्वमेव पर्यवस्थापय आत्मान अस्माक तिलोदकदानाय'।[4]

अतः धर्म उस समय लोगों के दैनिक कृत्यों को निश्चित और निर्धारित करने में बहुत अधिक भाग लेता था। लोग धर्मभीरु थे। धार्मिक और नैतिक कार्यों को करने में सबकी प्रवृत्ति होती थी। सत्य और शिव की अन्तिम विजय पर सबको विश्वास था। सत्य बोलने से सुख होता है तथा सत्य बोलने से पुण्य होता है पाप नहीं—इस विषय मे मृच्छकटिक के नवम अ क मे श्रेष्ठ और कायस्थ कहते हैं—

'सत्येन सुख खलु लभ्यते सत्यालापी न भवति पातकी।
सत्यमितिद्वे अध्यक्षरे मा सत्यमलीकेन गूहय॥' (मृच्छकटिक—९।३५)

उस समय वैदिक धर्म के साथ ही बौद्ध धर्म का भी प्रचार था। यद्यपि बौद्धधर्म ह्रासोन्मुख था। सासारिक दुःख, क्लेश और अपमान के कारण जीवन से ऊबकर प्राय व्यक्ति बौद्ध भिक्षु हो जाया करते थे। बौद्ध भिक्षु होने पर कोई प्रतिबन्ध नहीं था। 'मृच्छकटिक' के द्वितीय अङ्क में सवाहक भी द्यूतकर के द्वारा किये गये अपने अपमान के कारण जीवन से ऊबकर शाक्यश्रमणक होने की कामना व्यक्त करता है।[5] बौद्ध सन्यासी ही भिक्षु, शाक्यश्रमणक अथवा परिव्राजक कहलाते थे।

१—मृच्छकटिक ८।२५।
२—मृच्छकटिक, ८।२३।
३—मृच्छकटिक, पृ ५३२
४—मृच्छकटिक, पृ० ५९४
५—मृच्छकटिक, पृ० १३६

कुछ व्यक्ति सासारिक अनित्यता के कारण भी प्रव्रज्या स्वीकार कर लेते थे। दशम अक मे भिक्षु कहता है—

'इदमीदृशमनित्यव प्रेक्ष्य द्विगुणो मे प्रव्रज्यायाँ वहुमानः सवृत्तः।'[1]

भिक्षु काषाय वस्त्र धारण करते थे। वे प्रायः इन्द्रियसममी और तपस्वी होते थे।[2] किन्तु कुछ भिक्षु सिर मुन्डा कर भी सासारिक विष वासनाओ मे फँसे रहते थे। सम्भवत. ऐसे भिक्षुओ को लक्ष्य करके भिक्षु कहता है—

'शिरो मुण्डित तुण्ड मुण्डित चित्त न मुण्डित किं मुण्डितम्।'[3]

सम्भवत इसीलिये लोग भिक्षुओं को शकित दृष्टि से देखते और उन्हें लम्पट समझते थे। इसीलिए भिक्षु वसन्तसेना को होश मे लाकर उसे अपने साथ ले जाते हुए अपने चरित्र के विषय में लोगो को विश्वास दिलाता है।[4]

विहार—उस समय लगभग प्रत्येक नगर मे वौद्धो के विहार होते थे। इन विहारों म वौद्ध भिक्षु निवास करते थे। भिक्षुणियों के लिए भी अलग विहार होते थे। 'मृच्छकटिक' के दशम अक के अन्त मे चारुदत्त भिक्षु को सब विहारो का कुलपति बना देता है इसमे ज्ञात होता है कि इन विहारो पर राजा का नियन्त्रण होता था।[5] इन विहारो मे नित्यप्रति धर्माक्षरो का पाठ स्वर्ग प्राप्ति के निमित्त किया जाता था। किन्तु फिर भी वौद्ध धर्म एव भिक्षुओं के प्रति उस समय जनता के हृदय मे आदर की भावना नहीं थी। शाक्यश्रमणक का दर्शन भी अश्रेयस्कर और अनाभ्युदयिक माना जाता था। वौद्ध भिक्षु से लोग दूर ही रहने का प्रयत्न करते थे। दुष्ट व्यक्ति भी उनसे नहीं मिलना चाहते थे। अतः यद्यपि उस समय वौद्ध धर्म भी प्रचलित था किन्तु वैदिक धर्म को ही जनता आदर की दृष्टि से देखती थी और उसका ही जनता पर प्रभाव था।

न्याय व्यवस्था—'मृच्छकटिक' के नवम अक मे चारुदत्त के मुकदमे से सम्बन्धित न्यायालय के दृश्य से तत्कालीन न्याय-व्यवस्था पर पर्याप्त प्रकाश पडता है। उस समय न्यायालय एक विशाल भवन में होता था जिसे 'अधिकरण मण्डप' कहा जाता है। न्यायालय मे एक सेवक होता था जिसका कर्तव्य अधिकरण-मण्डप को साफ करना तथा न्यायालय के अधिकारियो के लिए आसन का प्रबन्ध करना होता था। वह शोधन कहलाता था। वह न्यायाधीश के दूतवाहक के रूप मे भी कार्य

१—मृच्छकटिक—५९९।
२—मृच्छकटिक, ८।४७।
३—मृच्छकटिक ८।३।
४—मृच्छकटिक पृ० ४४९।
५—मृच्छकटिक पृ० ५९९।

करता था तथा मुकदमे से सम्बन्धित व्यक्तियों को बुलाता था।

न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश अधिकरणिक कहलाता था। उसकी सहायता के लिए एक श्रेष्ठी तथा एक कायस्थ होता था। अधिकरणिक आजकल के 'जज' के समान तथा श्रेष्ठी 'जूरेर' अथवा 'असेसर' के समान होता था। कायस्थ को हम आजकल के 'पेशकार' के रूप मे ले सकते हैं। इन्हें राजा नियुक्त करता था। न्यायाधीश वेतन पाने वाला राज्य का स्थायी सेवक होता था। राजा जब चाहे उसे अपदस्थ कर सकता था। वह निर्णय करने मे स्वतन्त्र नहीं था। उस पर राजा, उसके सम्बन्धियो, मित्रो तथा अन्य कृपा भाजन पात्रो का आतक था। नवम् अक मे शकार न्यायाधीश को धमकाता है कि यदि उसका मुकदमा न सुना गया तो वह उसे राजा से कह कर निकलवा देगा और उसके स्थान पर दूसरा न्यायाधीश नियुक्त करा देगा।[1]

अत उचित और निष्पक्ष न्याय होना कठिन था। न्यायाधीश केवल निर्णय देने मे ही स्वतन्त्र था। उसके निर्णय की अन्तिम स्वीकृति राजा देता था। राजा यदि चाहे तो उस निर्णय को बदल भी सकता था। अतः राजा की आज्ञा सर्वोपरि न्याय था।

अधिकरणिक न्यायाधीश की योग्यता पर प्रकाश डालते हुए कहता है कि उसे शास्त्रो का ज्ञाता तथा वादी-प्रतिवादी के कपट को समझने मे कुशल, श्रेष्ठ वक्ता और क्रोध रहित होना चाहिये। उसे मित्र, शत्रु एव स्वजनो मे समान दृष्टि रखने वाला, व्यवहार को देखकर निर्णय देने वाला, दुर्बलो का रक्षक, धूर्तों को दण्ड देने वाला, धर्मात्मा तथा लोभ न करने वाला होना चाहिए। उपाय रहते दूसरो की बात जानने मे दत्तचित्त एव राजा के क्रोध को दूर करने वाला होना चाहिये।[2] वादी प्रतिवादियो के अनेक तथ्यो के छिपा लेने के कारण न्यायाधीश का कार्य बडा कठिन हो जाता था।

न्यायालय मे सभ्य पुरुषो को आसन दिया जाता था। 'मृच्छकटिक' में चारुदत्त को भी न्यायालय पहुँचने पर आसन दिया गया है। मुकदमे को 'व्यवहार' कहा जाता था। उसमे दो पक्ष होते थे—वादी और प्रतिवादी। वादी को 'कार्यार्थी' अथवा 'व्यवहारार्थी' कहते थे तथा प्रतिवादी को 'प्रत्यार्थी, कार्यार्थी न्यायालय मे आकर न्यायाधीश के सम्मुख अपना व्यवहार प्रस्तुत करता था। न्यायाधीश प्रत्यार्थी तथा उस व्यवहार से सम्बन्धित साक्षियो (गवाहो) को बुलाता था। वादी और प्रतिवादी के बयान लिये जाते थे। उन बयानो को श्रेष्ठी तथा कायस्थ लेखबद्ध करते थे।

१—मृच्छकटिक पृ० ४६१
२—मृच्छकटिक पृ० ९।५

ाहों की भी गवाही ली जाती थी। जिस व्यक्ति की भी आवश्यकता होती थी उसे ाही के लिये बुलाया जाता था। उचित न्याय करने के लिए वास्तविकता ज्ञात ने का अत्यधिक प्रयत्न किया जाता था। वादी प्रतिवादियो के बयानो के आधार तथा गवाहो की गवाही के आधार पर अपनी बुद्धि से निर्णय कर न्यायाधीश ठी की सम्मति से न्याय करता था। मुकदमो का निर्णय करने मे अधिक समय नही ाता था। प्राणदण्ड के निर्णय भी शीघ्र कर दिये जाते थे, किन्तु उनकी अन्तिम ोकृति राजा देता था। न्याय उस समय निःशुल्क था।

यद्यपि राजा का कथन सर्वोपरि न्याय था किन्तु न्याय-निर्णय प्राय. मनुस्मृति अनुसार दिया जाता था। ब्राह्मणो को कठोरतम अपराध करने पर भी प्राण-दण्ड ीं दिया जाता था। उन्हें सम्पूर्ण धन वैभव के साथ राष्ट्र से निर्वासित कर दिया ता था।[1] 'मृच्छकटिक' मे निम्नलिखित अपराधो का वर्णन है—(१) जुएँ मे हारे ; धन को न देना, (२) स्त्री हत्या, (३) राजनीतिक अपराधः—

(अ) किसी राज्य कर्मचारी के कर्तव्य पालन मे विघ्न डालना,

(ब) राजनीतिक शत्रु को शरण देना अथवा उसकी सहायता करना।

जुएँ मे हारा हुआ धन न देने पर कठोर दण्ड दिया जाता था। द्यूतकर ण्डली के नियमानुसार भीख माग कर, उधार लेकर, चुराकर अथवा स्वय को बेच र चाहे जैसे भी हो वह धन देना अनिवार्य था। न देने वाले व्यक्ति को सिर नीचे रके और पैर ऊपर कर सारे दिन लटकना पड़ता था, उस भूमि पर पैर बाध कर ींचा जाता था अथवा उसकी जाघ के मास को कुत्तो के द्वारा चबाया जाता था।[2] त्री हत्या बड़ा जघन्य अपराध था। यद्यपि मनुस्मृति के अनुसार के अनुसार ब्राह्मण ो प्राणदण्ड नही दिया जाना चाहिए किन्तु राजा पालक ने इसकी चिन्ता न कर नु के विरुद्ध चारुदत्त को प्राणदण्ड दिया।

चन्दनक ने वीरक के कर्तव्यपालन मे बाधा डाली थी। इस अपराध का दण्ड या होता इसका तो कोई वर्णन नही है, किन्तु वीरक ने चन्दनक को जो धमकी दी ; उससे प्रतीत होता है कि ऐसे अपराधी को चतुरग दण्ड (मस्तक-मुण्डन, बेंत से ारना, अर्थदण्ड अथवा बहिष्कार) दिया जाता था।

'अधिकरणमध्ये यदि तें चतुरङ्ग न कल्पयामि तदा न भवामि वीरकः।'[3]

इसी प्रकार आर्यक को शरण देने के कारण चारुदत्त को भी राजा पालक

१—मृच्छकटिक ९।३९
२—मृच्छकटिक २।१२
३—मृच्छकटिक पृ० ३५३

के दण्ड का भय है। आर्यक को पैर में बेड़ी डालकर बन्धनागार में रखा गया था। अतः स्पष्ट है कि उस समय दण्ड कठोर थे। अपराधियों को सत्य न बताने पर कोड़े की सजा दी जाती थी।[1]

जघन्यतम अपराध में प्राणदण्ड दिया जाता था। यह प्राणदण्ड अनेक प्रकार से दिया जा सकता था—खड्ग से गर्दन काटकर, बाधकर खींचने से, कुत्तों से नुचवाने से, शूली पर चढ़ाकर अथवा आरे से चिरवाकर।[2] प्राणदण्ड श्मशान में चाण्डालों के द्वारा दिया जाता था। चाण्डाल उस अपराधी को रक्तचन्दन और कनेर की माला से सजाकर वध्यपटह बजाते हुए वध्य स्थल को ले जाते थे। अपराधी को शूल स्वयं अपने कन्धे पर ले जाना पड़ता था। मार्ग में अपराधी का परिचय दिया जाता था और तीन स्थानों पर रुककर उसके अपराध और दण्ड की घोषणा की जाती थी जिससे अन्य लोग वैसा अपराध न करें, अन्यथा उन्हें भी इसी प्रकार दण्ड दिया जायगा। कभी कभी धन देकर भी वध्य को छुड़ाया जा सकता था, पुत्रोत्सव आदि होने पर कभी कभी वध्यजनों को मुक्त कर दिया जाता था तथा कभी राज्य परिवर्तन होने पर वध्यजनों की मुक्ति हो जाती थी।[3] अतः स्पष्टतः 'मृच्छकटिक' के दशम अंक में तत्कालीन न्याय व्यवस्था और दण्ड-व्यवस्था पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है।

विश्वास एवं मान्यतायें—इन अवस्थाओं के अतिरिक्त 'मृच्छकटिक' में उस समय प्रचलित कुछ विश्वासों तथा मान्यताओं पर भी प्रकाश पड़ता है। उस समय लोग शुभ एवं अशुभ दोनों प्रकार के शकुनों पर अटूट विश्वास करते थे। अपशकुनों से वे अत्यधिक आतंकित हो जाते थे। चारुदत्त और वसन्तसेना भी इन पर पूर्ण विश्वास करते थे। अपशकुनों से वे अत्यधिक आतंकित हो जाते थे। चारुदत्त और वसन्तसेना भी इन पर पूर्ण विश्वास करते थे। पुरुष के वाम एवं स्त्री के दक्षिण नेत्र का फड़कना, मार्ग में सर्प मिलना, समान और सूखी भूमि में भी पैर फिसलना, बाईं बाहु का फड़कना तथा सूर्य की ओर मुख करके बैठे हुए कौए का बायें नेत्र से देखना और कांव कांव करना आदि बहुत अशुभ शकुन माने जाते थे। चारुदत्त को न्यायालय के मार्ग में जाते हुए प्रायः ये सभी अपशकुन मिलते हैं जो भावी अनिष्ट के सूचक हैं।[4] उस समय लोग ज्योतिष पर भी विश्वास करते थे तथा यह भी विश्वास करते थे कि ग्रह और नक्षत्र आदि भी मनुष्यों की गतिविधि तथा भाग्य को नियन्त्रित करते हैं।[5] पुनर्जन्म, देवपूजा, इन्द्रियसंयम, चारित्रिक दृढ़ता आदि पर प्रायः सब विश्वास था।

१—मृच्छकटिक, ९।३६।
२—मृच्छकटिक १०।५३
३—मृच्छकटिक, पृ० ५५९
४—मृच्छकटिक ९।११
५—मृच्छकटिक ६।१०

सप्तम विवेक

मृच्छकटिक का रस-विवेचन

काव्य मे रस का स्थान—

संस्कृत काव्य मे रस का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है, वस्तुत. रसात्मक वाक्य को ही संस्कृत मे काव्य माना गया है—'वाक्य रसात्मक काव्यम्' ।[1]

भारतीय नाट्यशास्त्र के नियमो के अनुसार तो रस–रूपको का एक मुख्य विभेदक तत्व है–'वस्तु नेता रसस्तेषा भेदक' ।[2]

रस की अभिव्यजना अथवा प्रेक्षको के हृदय मे रसोद्रेक उत्पन्न करना ही दृश्य काव्य का चरम लक्ष्य माना गया है। नाटककार दर्शको के मानस पटल पर रस-सचार के लिए ही अपने नाटक की रचना करता है। दृश्य काव्य मे रस की स्थिति भरत से भी प्राचीनकाल से विद्यमान है काव्य के पठन, श्रवण अथवा दर्शन से जिस अलौकिक आनन्द की अनुभूति होती है, वह रस कहलाता है। रस चर्वण के विषय मे भरत मुनि का यह मत है कि विभाव, अनुभाव तथा व्यभिचार भाव के सयोग से ही रस की निष्पत्ति होती है—'विभावानुभावव्यभिचारि सयोगाद् रसनिष्पत्ति' ।[3]

रस के विषय मे धनजय का मत है कि जब विभाव, अनुभाव, सात्विक, एव व्यभिचारि भाव के द्वारा रति आदि स्थायिभाव आस्वाद्य अथवा चर्वण के योग्य बना दिया जाता है तो वह रस कहलाता है—

"विभावैरनुभावैश्च सात्विकैर्व्यभिचारिभि·
आनीयमानः स्वाद्यत्व स्थायी भावो रस· स्मृतः" ॥[4]

भारतीय रस-शास्त्रियो के अनुसार रस तो वस्तुत. दिव्य एव अलौकिक होता है। विश्वनाथ कविराज तो इस आनन्द को 'ब्रह्मानन्द सहोदर' मानते हैं—'वेद्यान्त-रस्पर्शशून्यो ब्रह्मानन्दसहोदर" ।

वस्तुतः रस तो स्वय ब्रह्म का ही प्रतिरूप है–

'रसो वै ब्रह्म' ।

रति, उत्साह, जुगुप्सा, क्रोध, हास, विस्मय, भय तथा शोक इन आठ स्थायी भावो की क्रमशः शृगार, वीर, बीभत्स, रौद्र, हास्य, अद्भुत, भयानक तथा करुण

(१) विश्वनाथ-साहित्य दर्पण, १/३ ।
(२) धनजय-दशरूपक, १/११ ।
(३) भरत–नाट्यशास्त्र-निर्णयसागर १९४३—पृ० ९३ ।
(४) धनजय-दशरूपक—४/१ ।

रसो मे परिणति होती है । कुछ नवीन रसशास्त्री शम को नवा स्थायी भाव तथा शान्त को नवा रस मानते हैं, किन्तु धनजय आठ रसो को ही मानते हैं । इसके अतिरिक्त विश्वनाथ वात्सल्य रस की तथा रूपगोस्वामी माधुर्य (भक्ति) रस की भी कल्पना करते हैं ।

शृ गार प्रकाश मे भोज केवल शृगार को ही प्रधान रस मानते हैं तथा अन्य रसो को उसका भी प्रतिरूप । इस प्रकार भवभूति करुण को ही मुख्य रस तथा अन्य रसो को करुण का ही विवर्त मानते हैं । वस्तुत चार मुख्य रस शृगार, वीर, वीभत्स तथा रौद्र की विकृति से क्रमश चार गौण रस हास्य, अद्‌भुत, भयानक और करुण की उत्पत्ति होती है ।

रस की प्रतीति कराना ही रूपक का प्रधान प्रयोजन होता है । विश्वनाथ कविराज के अनुसार प्रकरण का प्रधान रस शृगार होता है—'शृङ्गारोऽङ्गी' । अन्यरस उसके अग होते हैं । शृगार रस की उत्पत्ति रति नामक स्थायी भाव से होती है तथा यह उज्ज्वल वेषात्मक होता है– तत्र शृगारो नाम रति स्थायिभावप्रभव उज्ज्वल वेषात्मक' ।[1]

अभिनवगुप्त का विचार है कि आस्वादन की जाती हुई रति ही मुख्य रूप से शृगार शब्द का अर्थ है—'रतिरेवास्वाद्यमानो मुख्य शृ गार' ।[2]

शृ गार रस की दो अवस्थायें होती हैं —

(१) सभोग और (२) विप्रलम्भ ।

'तस्य द्वे अधिष्ठाने, सम्भोगो, विप्रलम्भश्च" ।[3]

अभिनवगुप्त का विचार है कि अधिष्ठान का अर्थ अवस्था होता है । अत सम्भोग और विप्रलम्भ वस्तुत' शृ गार रस के दो भेद नही, अपितु अवस्थायें हैं इन दोना अवस्थाओ म समानरूप स विद्यमान जो आस्वादात्मक रति है उसका आस्वाद्यमान रूप शृ गार रस होता है ।[4]

सम्भोग मे विप्रलम्भ की सम्भावना से भय रहता है और विप्रलम्भ म सम्भोग की कामना का सम्बन्ध रहता है । अत सम्भोग तथा विप्रलम्भ इन दानो दशाओं के मिश्रण स ही विशेष रूप म चमत्कार होता है—

'अतएव एतद्द्वयमेलम एव मातिशयचमत्कार' ।[5]

१—भरत-नाट्य शास्त्र-निर्णय सागर सस्करण—१९४३—पृ० ९४ ।

२—अभिनव गुप्त अभिनव भारती दिल्ली विश्व विद्यालय सस्करण १९६० पृ० ५३

३—१ वत्-सस्करण १९४३—पृ० ९६ ।

४—१ वत् सस्करण १९०३—पृ० ५६३ ।

५—१ वत् सस्करण १९६३-पृ० ५६६ ।

मृच्छकटिक मे रस :—मृच्छकटिक प्रकरण का प्रधान रस शृंगार है तथा ग, हास्य, वीर, वीभत्स, भयानक तथा शान्त आदि उसके अंग हैं। प्रकरण में क मुख्य रसो का संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है :—

सम्भोग शृंगार :—भरत मुनि का विचार है कि सम्भोग शृंगार ऋतु, य, सुगन्धित अंगराग, अलंकार, प्रियजन, गीत आदि रूप विषय, सुन्दर भवन दे का उपभोग, उपवन-गमन का अनुभव अथवा गृह स्थित होकर श्रवण, दर्शन, विहार आदि क्रीडा तथा विलासपूर्ण लीला आदि के द्वारा उत्पन्न होता है।[1]

'अभिनवगुप्त का मत है कि सम्भोगावस्था मे वस्तुतः स्त्री एवं पुरुष (नायक ा नायिका) दोनो एक दूसरे के प्रति आलम्बन विभाव होते हैं :—'तत्रेह वस्तुत. ।—पु सौ परस्पर विभावौ" ।[2]

मृच्छकटिक मे चारुदत्त और वसन्तसेना परस्पर आलम्बन विभाव हैं। छकटिक मे वर्षा ऋतु का बहुत सुन्दर वर्णन है। वसन्त सेना के द्वारा आभूषणो चारुदत्त के समीप न्यास रूप म रखना, उनकी चोरी तथा शर्विलक के द्वारा उन्हे र वसन्तसेना के समीप ले जाना तथा वसन्तसेना द्वारा रोहसेन की मिट्टी की डी को आभूषणो से भर देने के स्पष्ट है कि मुख्य कथावस्तु के निर्वाह मे अलंकार विशेष महत्व है। इष्टजन विदूषक, धूता तथा रोहसेन आदि का कथा मे प्रमुख ान है। वसन्तसेना के सुन्दर भवन एवं उद्यान तथा पुष्पकरण्डकोद्यान के वर्णन ा चारुदत्त और वसन्तसेना की विलासपूर्ण क्रीड़ाओं के द्वारा स्पष्ट है कि मृच्छ-टिक मे सम्भोग शृंगार की प्रधानता है। भरत का विचार है कि सम्भोग शृंगार नेत्रो के चातुर्य से भौंहों के चलाने से, कटाक्षों के संचालन से ललित, मधुर अर्थात् नने मे प्रिय लगने वाले वाक्य आदि रूप अनुभावो के द्वारा अभिनय किया जाना ाहिये—तस्य नयनचातुरी-भ्रूक्षेप—कटाक्षसंचार—ललितमधुरांगहारवाक्यादिभिर नुभा-भिनयः प्रयोक्तव्य' ।[3] प्रकरण की नायिका वसन्तसेना इनका सुन्दर प्रयोग रती है।

मृच्छकटिक नाटक का नायक चारुदत्त एवं नायिका वसन्तसेना है। दोनो के म का वर्णन ही इनकी मुख्य कथावस्तु का आधार है। यद्यपि वसन्तसेना एक णिका है, किन्तु वह एक कुल नारी के सदृश चारुदत्त से आदर्श प्रेम करती है तथा च्छकटिक के अन्त मे कुल वधू के सम्मानित पद को प्राप्त करती है। प्रकरण का ख्य रस शृंगार है। कामदेवायतन उद्यान मे निर्धन किन्तु चरित्र एवं गुण सम्पन्न

—भरत-नाट्यशास्त्र-निर्णसागर—पृ० ९६।
—अभिनव भारती पृ० ५४६।
—भरत—नाट्य शास्त्र-निर्णय सागर संस्करण—पृ०९६।

सुन्दर युवक चारुदत्त को देखकर वसन्तसेना उस पर आसक्त हो जाती है। इस विषय में शकार का यह कथन है—

"एषा गर्भदासी कामदेवायतनोद्यानात् प्रभृति तस्य दरिद्र चारुदत्तस्य अनुरक्ता न मा कामयते"।[1]

निर्धन होने पर भी चारुदत्त से वसन्तसेना प्रेम करती है तथा उसके हृदय में काम–वासना उत्पन्न करती है। चारुदत्त स्वय इस विषय में कहता है—

"अये इय वसन्तसेना।
यया मे जनित. काम. क्षीणे विभवविस्तरे"।[2]

प्रथम अक के इस पारस्परिक आकर्षण के उपरान्त प्रकरण के द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ अको मे विप्रलम्भ शृंगार की अभिव्यजना की गई है। विप्रलम्भ बिना सम्भोग पुष्टि को नही प्राप्त होता—'न विना विप्रलम्भेन सम्भोग पुष्टिमश्नुते।' अत यहाँ समोग शृ गार पुष्ट ही होता है। मृच्छकटिक के पचम अक में वसन्तसेना अभिसारिका के रूप मे चारुदत्त के घर जाती है। मार्ग मे मेघ–गर्जन, वर्षा, विद्युत आदि उद्दीपन के रूप मे सहायता करते हैं। वसन्तसेना दृढतापूर्वक कहती हैं —

'गर्ज वा वर्ष वा शक्र ! मु च वा शतशोऽशनिम्।
न शक्या हि स्त्रियो रोद्धु प्रस्थिता दयित प्रति"।।[3]

अपने घर आने पर चारुदत्त वसन्तसेना के आर्द्र एव शीतल अगो का आलिगन कर अपने जीवन को धन्य मानता है —

"धन्यानि तेषा खलु जीवितानि ये कामिनीना गृहमागतानाम्।
आर्द्राणि मेघोदकशीतलानि गात्राणि गात्रेषु परिष्वजन्ति"।।[4]

वसन्तसेना एक क्षणिक मिलन से सन्तुष्ट नही हैं। वह चारुदत्त की कुल-वधू बन कर स्थायी मिलन एव उसके गृह मे आभ्यन्तर-प्रवेश का अधिकार प्राप्त करने को उत्सुक है, किन्तु दुर्भाग्य वश शकार वसन्तसेना की हत्या के उद्देश्य से उसका गला घाट देता है और न्यायालय म आकर चारुदत्त पर मिथ्या अभियोग चलाता है और राजा पालक उसे मृत्युदण्ड देता है। यहाँ विप्रलम्भ करुण दशा को ही प्राप्त होने वाला होता है कि वसन्तसेना उपस्थित हो जाती है और चारुदत्त को एक नया जीवन मिल जाता है। इस विषय म वह स्वय कहता है—

१–मृच्छकटिक पृ० ५२
२–मृच्छकटिक पृ० १/५५
३–मृच्छकटिक पृ० ५/३१
४–मृच्छकटिक पृ० ५/४९

"अहो प्रभावः प्रियसगमस्य मृतोऽपि को नाम पुनर्धियेत ?"[1]

चारुदत्त को अपनी प्रियतमा प्राप्त हो जाती है—'प्राप्तामूय प्रियेयम् ।' न्तसेना को अपना अभीष्ट कुलवधू पद प्राप्त हो जाता है। इस विषय मे अन्तिम क मे शर्विलक घोषणा करता है—

"आर्ये ! वसन्तसेने ! परितुष्टो राजा भवती वधूशब्दे नानुगृह्णाति ।"[2]

मृच्छकटिक एक सुखान्त रूपक है। प्रारम्भ मे सभोग शृ गार का उदय होता तथा वह विप्रलम्भ के द्वारा पुष्टि को प्राप्त करता है। 'मृच्छकटिक' के अन्त म ायक-नायिका का मिलन होता है। नाट्य शास्त्र के नियमानुसार गणिका अथवा ामान्य नायिका का प्रेम रस की कोटि तक नहा पहुँच पाता वह रसाभास ही हलाता है, किन्तु इन प्रकरणो म वसन्तसेना का कुलनारी के सदृश वास्तविक प्रेम स की कोटि को ही प्राप्त होता है। अत यहा सभोग शृ गार ही अगी रस है कन्तु शकार का वसन्तसेना के प्रति स्वार्थपूर्ण प्रेम उसका अधेरी रात्रि मे अनुसरण व प्रेम प्रदर्शन आदि शृ गाराभास हैं।

विप्रलम्भ शृगार

विप्रलम्भ शृ गार का निर्वेद, ग्लानि, शका, असूया, श्रम, चिन्ता, औत्सुक्य द्रा, स्वप्न, विवोध, व्याधि, उन्माद, अपस्मार, जाड्य तथा मरण आदि अनुभावो ; द्वारा अभिनय किया जाता है। इस विषय मे भरतमुनि का स्पष्ट कथन है—

'विप्रलम्भकृतस्तु निर्वेदग्लानि शकासूयाश्रमचिन्तौत्सुक्यनिद्रासुप्त स्वप्नविब्बो-व्याध्युन्मादापस्मारजाड्यमरणादिभिरनुभावैरभिनेतव्य " ।[3]

अभिनवगुप्त का मत है कि विरह के द्वारा उत्पन्न शृंगार रस के सौन्दर्य को देखाते हुए भरतमुनि यह सूचित करते हैं कि विरह के बिना शृ गार रस न काव्य मे हृदयग्राही होता है और न नाटक मे। अत सम्भोग के साथ विप्रलम्भ का चित्रण भी आवश्यक होता है। इस विषय मे अभिनवगुप्त कहते हैं—

"तेन विरहेण कृता सुष्ठुता दर्शयन् मुनिरनेन विना शृ गारो न प्रयोगे न काव्ये हृद्यतामवलम्बते इति दर्शयति ।"[4]

यहाँ यह शका होती है कि यदि शृगार रति से उत्पन्न होता है तो करुण रस म रहने वाले निर्वेद आदि भाव इसमे कैसे होते हैं ? भरत मुनि स्वय इसका उत्तर देते हुए कहते हैं कि शृगार दो प्रकार का होता है—

१—मृच्छकटिक पृ० १०/४३ ।

२—मृच्छकटिक पृ० ५९८ ।

३—भरत-नाट्यशास्त्र-निर्णय सागर सस्करण पृ० ९६ ।

४—अभिनव भारती दिल्ली विश्वविद्यालय सस्करण—पृ० ५५७ ।

(१) संभोग तथा (२) विप्रलम्भ

विप्रलम्भ में करुणा रस के समान निर्वेद आदि भाव भी होते है। काम शास्त्र के आचार्य वात्स्यायन आदि ने भी काम की दश अवस्थाओ का कथन किया है–

'अत्रोच्यते–पूर्वमेवाभिहित सभोग विप्रलम्भकृत: शृ गार इति। वैशिक शास्त्र कारैश्च दशावस्थोऽभिहित।'[१]

करुणा एव विप्रलम्भ दोनो अलग-अलग रस है। शाप के क्लेश में पड़े हुए इष्ट जन के विभवनाश वध अथवा बन्धन आदि से उत्पन्न निरपेक्षाभाव वाला तो करुणा रस होता है। औत्सुक्य और चिन्ता से उत्पन्न सापेक्ष भाव (आशामय भाव) विप्रलम्भ के कारण होता है। इस प्रकार दोनों रस भिन्न हैं। सुखमय इष्ट सामग्री से सम्पन्न वसन्त आदि ऋतु तथा माल्य आदि उद्दीपक का सेवन करने वाला तथा स्त्री-पुरुष से युक्त रस शृगार होता है। ऋतु, माल्य, अलकार, प्रियजन, सगीत, काव्य के सेवन, उद्यान-गमन और वन-विहार आदि से शृगार रस उत्पन्न होता है। नेत्र अथवा मुख की प्रसन्नता से, मुस्कराहट, मधुर वचन, धृति प्रमोद तथा सुन्दरता के साथ अगो के सचालन के द्वारा शृगार का अभिनय किया जाता है।[२]

सभोग शृगार का चित्रण करते समय विप्रलम्भ का प्रयोग भी प्राय अनिवार्य होता है। 'मृच्छकटिक' म विप्रलम्भ का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। प्रकरण के प्रथम अक म तो सभोग शृ गार का चित्रण हुआ है किन्तु द्वितीय, तृतीय, एव चतुर्थ मे विप्रलम्भ ही मुख्य है। 'मृच्छकटिक' म द्वितीय अक के आरम्भ मे ही वसन्तसेना चारुदत्त से मिलने को बहुत उत्कण्ठित है। वह चारुदत्त के विषय मे ही निरन्तर चिन्ता करती रहती है। उसे स्नान तथा देवपूजा आदि मे भी रुचि नही है। वह चेटी से स्पष्ट कह देती है–

'अद्य न स्नास्यामि। तद् ब्राह्मण एव पूजा निर्वर्तयतु इति।"[३]

मदनिका उसके शून्य हृदय एव विक्षिप्त अवस्था को देखकर समझ जाती है कि वह अपने हृदयस्थ किसी प्रेमी की अभिलाषा कर रही है। वह उससे कहती है–

"आर्याया: शून्यहृदयत्वेन जानामि, हृदयगत कमप्यार्या अभिलषतीति।"[४]

'मृच्छकटिक' के द्वितीय अक के अन्त मे वसन्तसेना के खुण्टमोडक नामक हाथी से संवाहक की प्राणरक्षा करने के कारण कर्णपूरक को दिये गये उत्तरीय को वसन्तसेना स्वय प्रेमपूर्वक ओढ लेती है। तत्पश्चात् वह चेटी से कहती है कि चलो ऊपर छत पर चढ कर जाते हुए आर्य चारुदत्त को देखें–

(१) भरत—नाट्यशास्त्र निर्णयसागर पृ० ९६।
(२) भरत नाट्यशास्त्र निर्णयसागर पृ ९६-९७६।
(३) मृच्छकटिक, पृ ९५।
(४) मृच्छकटिक, पृ० ९६

"हञ्जे ! उपरितनमलिन्दकमारुह्य आर्य चारुदत्त प्रेक्षामहे ।"

प्रकरण के तृतीय अक म चारुदत्त अपने विरही एव उत्कठित मन के विनोद के लिए सगीत का आश्रम लेता है तथा रेभिल के गीत एव वीणा की प्रशसा करता है ।[2]

चतुर्थ अक मे वसन्तसेना स्वचित्रित चारुदत्त के चित्र से मनोविनोद करने का प्रयत्न करती है । मृच्छकटिक मे वह मदनिका से चित्रगत चारुदत्त की आकृति के विषय मे प्रश्न करती है--'चेटि मदनिके । अपि सुसदृशीय चित्राकृति रार्य-चारुदत्त-स्य ।' मदनिका 'सुसदृशी' कहकर उसकी प्रशसा करती है ।

'मृच्छकटिक' के चतुर्थ अक मे यह जान कर कि उसे ले जाने के लिए सजा हुआ रथ तैयार है, वह उत्सुकतापूर्वक चेटी से पूछती है--

'किमार्यचारुदत्तो मा नेष्यति ?'

किन्तु शकार के विषय म ज्ञात कर वह चेटी से क्रोध पूर्वक कहती है--

'अपेहि । मा पुनरेव भणसि'

'मृच्छकटिक' के पचम अक मे अपनी निर्धनता का स्मरण करके तथा वेश्याओं के गुणो के स्थान पर धन से वश मे किये जाने के विषय मे अपनी विरह-वेदना को प्रकट करते हुए चारुदत्त कहता है--'वयमर्थे परित्यक्ता ननु त्यक्तैव सा मया ।'[3]

षष्ठ अक के प्रारम मे वसन्तसेना चारुदत्त के प्रति अपनी उत्कण्ठा अभिव्यक्त करती है तथा दुर्भाग्यवश पुष्पकरडक जीर्णोद्यान म चारुदत्त के समीप जाने के लिए अज्ञानवश उसके रथ के स्थान पर शकार के रथ मे चढ जाती है । यह घटना दोनो के वियोग की दृष्टि से महत्वपूर्ण है ।

सप्तम अक के प्रारम्भ मे पुष्प करडक उद्यान मे चारुदत्त वसन्तसेना से मिलने को अत्यधिक उत्सुक है । वह विदूषक से पूछता है-- 'वयस्य, चिरयति वर्धमानक ।'

अष्टम अक मे तो शकार वसन्तसेना का गला ही घोट देता है । इस प्रकार हम यह देखते हैं कि मृच्छकटिक मे विप्रलम्भ शृगार का पर्याप्त चित्रण किया गया है जो सम्भोग की पुष्टि के लिए सर्वथा आवश्यक है ।

हास्य रस

हास्य रस का स्थायी भाव हास होता है । हास्य रस दूसरे के विकृत वेष, विकृत अलकार, निर्लज्जता, लालचीपन, गर्दन अथवा बगल आदि का स्पर्श, असगत भाषण, अगहीनता देखना तथा दोष कथन आदि विभावो से उत्पन्न होता है--

(१) मृच्छकटिक, पृ० १४४ ।

(२) मृच्छकटिक, ३/३ । (३) मृच्छकटिक ५/९

"अथ हास्यो नाम हास स्थायिभावात्मक । स च विकृतपरवेषालकार धार्ष्ट्य लौल्यकुहकासत्प्रलापव्यङ्ग दर्शन दोषोदाहरणादिभिर्विभावैरुत्पद्यते १।"

ओष्ठ नासिका तथा कपोलो के स्पन्दन, आखो को फैलाना, बन्द करना और थोडा भीचना, पसीना, मुख की लालिमा तथा पेट पकडना आदि अनुभावो के द्वारा उसका अभिनय किया जाता है। आकार-गोपन, आलस्य, तन्द्रा, निन्द्रा, स्वप्न, प्रबोध तथा असूया आदि हास्यरस के व्यभिचारि भाव होते है। हास्यरस दो प्रकार का होता है—

(१) आत्मस्थ तथा

(२) परस्थ [२]।

हास्य रस उत्तम प्रकृति मे स्मित तथा हसित, मध्यम प्रकृति मे विहसित तथा उपहसित और अधम प्रकृति मे अपहसित तथा अतिहसित होता है। इस प्रकार इसके छ भेद हैं।

दूसरे व्यक्ति के आकार, वाणी अथवा वेष के विकार को देखकर ही हास की उत्पत्ति होती है। हास का परितोष ही हास्य कहलाता है। 'मृच्छकटिक' मे हास्य का समुचित समावेश हुआ है। शूद्रक के हास्य का तो एक विशाल क्षेत्र है। इसमे विविधता एव विचित्रता है। हास्य के क्षेत्र मे शूद्रक की तुलना किसी भी पाश्चात्य सुखान्त नाटको के रचयिता से की जा सकती है। डा० राइडर महोदय का इस विषय मे यह विचार है—

Sudraka's humour runs the whole ganmt from grim to farcical, fro n satrical to quaint Its variety and keenness are such that king Sudrak need not fear a Comparison with the greatest of oxidental writers of Comedies [३]

हास्य 'मृच्छकटिक' का एक प्रधान गुण है जो पाठको को अत्यधिक आनन्द प्रदान करता है। यह अरुचिकर नहीं है तथा नित्य नवीन रहता है और सम्पूर्ण प्रकरण मे विद्यमान रहता हैं। इसकी विविधता से हम पूर्ण आनन्द प्राप्त करते हैं। इस विषय म भट महोदय का कथन है—

A very delightful and refreshing feature of Mrakshakatika is its humour It is neither stale nor stereotyped. It pervades about the entire play. It has a swntilating quality It is enjoyable in its keeness as in the richness of its variety [४]

---

(१) भरत नाट्यशास्त्र निर्णयसागर मस्कर पृ० ९७।

(२) भरत नाट्यशास्त्र निर्णयसागर संस्करण पृ० ९७।

(३) जी० क० भट 'प्रिफेस टु मृच्छकटिक' पृ० १२२।

(४) जी० क भट प्रिफस टु मृच्छकटिक पृष्ठ १२२

शूद्रक के हास्य की विविधता के विषय मे अपने विचार व्यक्त करते हुए डा० देवस्थली महोदय कहते हैं--

It may thus be readily admitted that Sudrak is a master of humour in all its varieties and aspects and that our play affords a unique instance of a drama very fervently pervaded by humour of every type.

अत. हास्य की दृष्टि से 'मृच्छकटिक' का सस्कृत नाटक साहित्य मे बडा महत्वपूर्ण स्थान है । शूद्रक ने अनेक प्रकार से अपने प्रकरण मे हास्य रस की सुन्दर अभिव्यजना की है । जैसे—

(१) विदूषक एव शकार के सदृश विनोदी पात्रो की सृष्टि करके,

(२) विनोद पूर्ण परिस्थितियाँ उत्पन्न करके ।

(३) श्लिष्ट व्यग्योक्तियो के द्वारा तथा,

(४) अद्भुत प्रश्नोत्तरो द्वारा ।

विदूषक तो वस्तुत. हास्य रस का अवतार ही है । विदूषक एव शकार के कार्यों तथा सवादो से सम्पूर्ण प्रकरण म हास्य एव विनोद की अद्भुत व्यजना की गई है ।[१] यहाँ यह विशेष स्मरणीय है कि विदूषक के हास्योत्पादक कार्य उतने तथा मूर्खतापूर्ण नही हैं जितने शकार के । विदूषक के प्रथम अ क मे शकार के साथ तथा पचम अ क मे कु भीलक के साथ प्रश्नोत्तर बड़े विनोदपूर्ण हैं । उसके मूर्खतापूर्ण शब्दो के विपरीत क्रम पाठको को अत्यधिक प्रसन्न करते है—

किं भणसि——चोर कल्पयित्वा सधिर्निष्क्रान्तः ।

\+ \+ \+

स्वय की गधे से तुलना करते वह कहता है —

भूम्यामेव मया ताडितगर्दभेनेव पुनरपि लोठितव्यम्[२]

\+ \+ \+

वसन्तसेना की मोटी माता के बड़े पेट को देख कर वह कहता है कि यदि यह मर जाय तो सहस्त्रो श्रृगालो की उदर पूर्ति के लिए पर्याप्त होगी—

'अहो अस्या. कदर्पकडाकिन्या. उदरविस्तार । यदि म्रियतेऽत्र माता भवति श्रृगालसहस्त्रपर्याप्तिका, ।[४]

(१) डा० जी० वी० देवस्थली-इन्ट्रोडक्शन टु द स्टडी आफ मृच्छकटिक-१३१

(२) मृच्छकटिक, पृ० १७४ ।

(३) मृच्छकटिक, पृ० १५३ ।

(४) मृच्छकटिक, ४/३० ।

संस्कृत पढती हुई स्त्री एवं काकली गायन करते हुए पुरुष को देख कर वह अत्यन्त प्रसन्न होता है[1]।

शकार के पौराणिक अज्ञान की सूचक उक्तियाँ तो अत्यधिक हास्य की सृष्टि करती हैं। यथा—

'किं भीमसेनो जमदग्निपुत्रः कुन्तीसुतो वा दशकन्धरो वा।
एषोऽहं गृहीत्वा केशहस्ते दुःशासनस्यानुकृतिं करोमि॥'[2]

शकार की मूर्खतापूर्ण हास्य योजना का दशम अंक मे कैसा सुन्दर उदाहरण है। चारुदत्त को वध्य-स्थान ले जाते समय वह कहता है—

'एतस्य दरिद्रचारुदत्तस्य वध्यं नीयमानस्य एतावान् जनसमर्दः या वेला अस्मादृश प्रवरो वरमनुष्यो वध्यं नीयते ता वेला कीदृशो भवेत्'।[3]

विनोदपूर्ण परिस्थितियों की उद्भावना करके भी दोनों नाटककारों ने पर्याप्त हास्य प्रस्तुत किया है। 'मृच्छकटिक' के द्वितीय अंक मे संवाहक तथा माथुर और द्यूतकार का झगड़ा तथा दर्दुरक के द्वारा माथुर की आँख मे धूल डालकर संवाहक की रक्षा करना हास्यपूर्ण घटनायें हैं। इसी प्रकार पंचम अंक मे चन्दनक एवं वीरक के द्वारा परस्पर जाति सूचक संकेत देने की घटना भी विनोद उत्पन्न करती है। चन्दनक वीरक को नाई जाति का तथा वीरक चन्दनक को चमार जाति का संकेत करता है।[4]

व्यंग्योक्तियों द्वारा भी शूद्रक ने हास्य की उद्भावना की है। चतुर्थ अंक मे वसन्तसेना की चेटी के स्तन, नितम्ब तथा जघन स्थलों पर व्यंग्य करते हुए विदूषक कहता है—

'भवति किं युष्माकं यानपात्राणि वहन्ति'।[5]

इसी प्रकार अद्भुत प्रश्नोत्तरों एवं प्रहेलिकाओं के माध्यम से भी शूद्रक ने बड़े सुन्दर हास्य को प्रकट किया है। पंचम अंक मे वसन्तसेना के चेट एवं विदूषक के मूर्खतापूर्ण एवं विचित्र वार्तालाप को सुन कर तो सहृदय दर्शक हँसी से लोट-पोट हो जाते हैं—

चेट :—अरे! द्वे अपि एकस्मिन् कृत्वा शीघ्रं भण।
विदूषक :—सेना वसन्ते।

---

(१) मृच्छकटिक, ४/३०
(२) मृच्छकटिक, १/२९
(३) मृच्छकटिक, ५८७
(४) मृच्छकटिक, ६/२२-२३।
(५) मृच्छकटिक, पृ०—२४६।

चेटः–ननु परिवर्त्य भण ।
विदूषकः–(कायेन परिवर्त्य) सेनावसन्ते ।
चेटः–अरे मूर्ख वटुक । पदे परिवर्तय ।
विदूषकः–(पादौ परिवर्त्य) सेनावसन्ते ।
चेटः–अरे मूर्ख ! अक्षर पदे परिवर्तय ।
विदूषकः–(विचिन्त्य) वसन्तसेना ।[1]

शकार अपने पदो की पुनरुक्तियों से मूर्खताजन्य हास्य की भी उत्पत्ति करता है। वह वसन्तसेना का अनुकरण करते हुए उससे कहता है—

कि यासि धावसि, पलायसे, प्रस्खलन्ती[2]

\+ \+ \+

वसन्तसेना के स्थान पर अन्धकार मे रदनिका के केशो को पकड़ कर वह कहता है— "एषासि वासु । शिरसि गृहीता केशेषु वालेषु शिरोरुहेषु ।"[3]

अतः अनेक समालोचक हास्य–रस की अभिव्यंजना मे 'मृच्छकटिक' को संस्कृत नाटक साहित्य का सर्वश्रेष्ठ नाटक मानते हैं, जिसका बीज हमे चारुदत्त मे ही प्राप्त होता है ।

वीर रस

वीर रस का स्थायी भाव उत्साह होता है। वह असम्मोह, अध्यवसाय, नीति, विनय, सेना, पराक्रम, शक्ति, प्रताप तथा प्रभाव आदि विभावों से उत्पन्न होता है—

"अथ वीरो नामोत्तमप्रकृतिरुत्साहात्मकः । स चासंमोहाध्यवसाय नयविनय-वलपराक्रमशक्तिप्रतापप्रभावादिभिर्विभावैरुत्पद्यते ।"[4]

स्थिरता, धैर्य, शौर्य, त्याग, निपुणता आदि अनुभावों के द्वारा उसका अभि-नय किया जाता है। धृति, मति, गर्व, आवेग, उग्रता, अमर्ष, स्मृति, रोमांच तथा प्रतिबोध उसके व्यभिचारि भाव होते हैं ।[5]

वीर रस के चार भेद हैः—

(१) दानवीर
(२) धर्मवीर

---

(१) मृच्छकटिक, पृ० २७१—२७२ ।
(२) मृच्छकटिक १/१८
(३) मृच्छकटिक १/४१
(४) भरत—नाट्यशास्त्र...निर्णयसागर...पृ० १०० ।
(५) भरत नाट्यशास्त्र...निर्णयसागर...पृ० १००

(३) युद्धवीर तथा (४) दयावीर ।

इस विषय मे साहित्यदर्पणकार विश्वनाथ कविराज स्पष्ट कहते है—

"सच दानधर्मयुद्धैर्दयया च समन्वितश्चतुर्धा ।"[१]

'मृच्छकटिक' मे इन चारो भेदो के उदाहरण स्पष्ट रूप से प्राप्त होते हैं। चारुदत्त के त्याग एव उसकी दानशीलता के वर्णन मे दानवीरता की ही झलक मिलती है। चारुदत्त स्वय अपने विषय मे कहता है कि मेरी सम्पत्ति प्रमीजनो के कार्यो मे ही नष्ट हुई है, मैने किसी याचक को असन्तुष्ट नही किया, समस्त सम्पत्ति नष्ट कर देने पर भी मेरा मन क्षयभाव को नही प्राप्त होता—

"क्षीणा समार्था प्रणयिक्रियासु विमानित नैव पर स्मरामि ।
एतत् मे प्रत्ययदत्त मूल्य सत्व सखे ! न क्षयमभ्युपैति ॥"[२]

मृच्छकटिक मे चारुदत्त की दानशीलता की प्रशसा करते हुए विट कहता है —

"सो अस्मद्विधाना प्रणयै कृशीकृतो न तेन कश्चिद्विभवैर्विमानित ।
निदाघकालेष्विव सोदको ह्रदो नृणा स नृष्णामपनीय शुष्कवान् ॥"[३]

चारुदत्त की धार्मिक प्रवृत्ति मे हमे धर्मवीरता की झलक देखने को मिलती है। मृच्छकटिक मे रगमच पर सर्वप्रथम उसके दर्शन गृहदेवताओ को बलि देते हुए होते हैं। वह नित्य नियम से सन्ध्या वन्दन आदि धार्मिक कृत्य करता है, समाधि लगाता है, देवताओ की पूजा करता है और बलि प्रदान करता है। वह विदूषक को भी देव पूजा का महत्व समझाता है और बलि प्रदान करने को प्रेरित करता है। उसका कुल विविध यज्ञों के अनुष्ठान से पवित्र है तथा धार्मिक सभा एव निमन्त्रित मनुष्यो से आकीर्ण यज्ञ शालाओं मे वेद ध्वनियो से प्रकाशित हो चुका है। इस विषय म चारुदत्त स्वय कहता है —

"मखशतपरिपूत गोत्रमुद्भासित मे,
सदसि निबिडचैत्य ब्रह्मघोषै पुरस्तात् ।"[४]

चारुदत्त को अपनी धार्मिकता पर इतना अधिक विश्वास है कि वह कहता है कि मेरे भाग्य के दोष से राजपुरुषो के वाक्यो से कलकित आज मेरे धर्म मे यदि कुछ प्रभाव है तो इन्द्र के भवन म स्थित अथवा अन्य कही भी स्थित वसन्तसेना

(१) विश्वनाथ कविराज–साहित्यदर्पण–हिन्दी डा० सत्यव्रतसिंह ३/२३४

(२) भास–चौखम्बा–१९६०–१/४

(३) मृच्छकटिक चौखम्बा—१९६२–१/४६ ।

(४) मृच्छकटिक, १०/२२ ।

अपने स्वभाव को प्रकट कर मेरे कलंक को दूर करे।[1] कुछ समय पश्चात् वसन्तसेना वास्तव में प्रकट होकर उसकी निर्दोषता और निष्कलंकता सिद्ध करती है।

चतुर्थ अंक मे नेपथ्य में राजपुरुषों के द्वारा घोषित यह सूचना प्राप्त करने पर कि किसी ज्योतिषी के द्वारा कही गई इस बात पर कि 'गोपाल दारक आर्यक राजा होगा' भयभीत होकर राजा पालक ने उसे कठोर कारागार मे डाल दिया है, शर्विलक अपने मित्र आर्यक को मुक्त कराने के लिए अपनी नव-विवाहिता वधू को भी छोड़ कर चल देता है और घोषणा करता है कि मैं राहु के मुख मे पड़े हुए चन्द्र बिम्ब के सदृश उसे शीघ्र ही मुक्त करूँगा—

"प्रियसुहृदमकारणे गृहीत रिपुभिरसाधुभिराहितात्मशंकैः।
सरभसमभिपत्य मोचयामि स्थितमिव राहुमुखे शशांक बिम्बम् ॥[2]

यहाँ वस्तुतः युद्धवीर का ही आभास मिलता है।

चारुदत्त की दयालुता तथा शरणागतवत्सलता मे हमे दयावीरता की ही झलक देखने को मिलती है। चाण्डालो के शब्दो मे चारुदत्त 'सुजनशकुनाधिवास' तथा 'सज्जनपुरुषद्रुम' है। चेट उसे प्रणयिजन-कल्पपादप' कहता है।

चारुदत्त इतना अधिक दयालु है कि वह निर्जीव कुसुमित लता को झुका कर पुष्पचयन इसलिए नही करता कि कहीं उसे कष्ट न हो—

"योऽहं लता कुसुमितामपि पुष्पहेतोः
आकृष्य नैव कुसुमावचयं करोमि।"[3]

चारुदत्त की दयाशीलता उस समय तो पराकाष्ठा पर पहुँच जाती है जब वह अपने विरुद्ध षड्यन्त्र करने वाले और प्राणदण्ड दिलवाने वाले शकार को भी अभयदान देकर क्षमा कर देता है।

अद्भुत रस

अद्भुत रस का स्थायी भाव विस्मय है। वह दिव्यजनो के दर्शन, अभीप्सित मनोरथ की प्राप्ति, उपवन देवमन्दिर आदि मे गमन, सभा, विमान माया, इन्द्रजाल आदि की सम्भावना आदि विभावो से उत्पन्न होता है। भरत मुनि इस विषय मे कहते हैं—

"अथाद्भुतो नाम विस्मयस्थायि भावात्मकः। स च दिव्यजन दर्शनेप्सित-मनोरथावाप्त्युपवन देवकुलादिगमन सभा विमान मायेन्द्र जाल सम्भावनादिभिर्विभावैः-

१—मृच्छकटिक चौखम्बा—१०/३४।
२— " " ४/२७।
३— " " ९/२८।

उत्पद्यते ।"[1]

नयन विस्तार, निर्निमेष दृष्टि, रोमाच, अश्रु, स्वेद, हर्ष, साधुवाद, दान, निरन्तर हटाकर, बाहु, मुख, वस्त्र अंगुली आदि के घुमाने आदि अनुभावों से उसका अभिनय किया जाता है। स्तम्भ, अश्रु, स्वेद, गद्‌गद्, रोमाच, आवेग, सभ्रम, प्रहर्ष, चपलता, उन्माद, धृति, जड़ता तथा मूर्च्छा आदि उसके व्यभिचारि भाव होते हैं।[2]

परिव्राजक की प्राणरक्षा के विषय मे कर्णपूरक कहता है कि विन्ध्याचल के शिखर के समान विशाल उस क्रुद्ध हाथी को लोह-दण्ड से मार कर, उसके दांतों के बीच मे स्थित उस सन्यासी को मैंने बचा लिया—

"आहत्य सरोष त हस्तिन विन्ध्यशैलशिखराभम् ।
मोचितो मया स दन्तान्तरसस्थित. परिव्राजकः ॥"[3]

उपर्युक्त स्थलो मे कर्णपूरक द्वारा अद्वितीय वीरता का कार्य करने से तथा उपस्थित जन-समुदाय के आश्चर्यचकित होने तथा साधुवाद करने के कारण अद्‌भुत रस ही है। नाटक के अन्त मे अद्‌भुत रस होना चाहिये—'सर्वत्रान्तेऽद्‌भुत'। इस विषय मे विश्वनाथ कविराज अपना मत प्रकट करते हुए कहते हैं—'कार्यो निर्वहणेऽद्‌भुत ।' नाटक और प्रकरण मे अनेक समानतायें होती है। अत अन्तिम अक मे आर्यक के द्वारा राज्य प्राप्ति, चारुदत्त की प्राणरक्षा तथा धूता को अग्नि प्रवेश से रोका जाना तथा वसन्तसेना के कुलवधू पद की प्राप्ति से ईप्सित मनोरथ की प्राप्ति होती है। अत यहा अद्‌भुत रस ही है।

बीभत्स रस

बीभत्स रस का स्थायि भाव जुगुप्सा होता है। वह अहृद्य, अप्रिय, अपवित्र, तथा अनिष्ट वस्तुओं को देखने, सुनने, उद्वेजन तथा परिकीर्तन आदि विभावों से उत्पन्न होता है—"अथ बीभत्सो नाम जुगुप्सास्थायिभावात्मक । स चाहृद्याप्रशस्ताप्रियवेक्षानिष्टश्रवणदर्शनोद्वेजनपरिकीर्तनादिभिर्विभावैरुत्पद्यते ।"[4]

समस्त अगो का संकोचन, मुख के अवयवो का सिकोड़ना, उल्लेखन, थूकना और उद्वेजन आदि अनुभावो के द्वारा उसका अभिनय होता है। अपस्मार, उद्वेग, आवेग, मूर्च्छा, व्याधि और मृत्यु आदि उसके व्यभिचारि भाव होते है।[5]

अष्टम अक मे शकार के प्रस्ताव को वसन्तसेना के द्वारा अस्वीकृत कर दिये जाने

(१) भरत नाट्यशास्त्र ..निर्णयसागर . पृ० १०२ ।
(२) भरत .नाट्यशास्त्र निर्णयसागर...पृ० १०२ ।
(३)—मृच्छकटिक, २।२०
(४) भरत .नाट्यशास्त्र...(निर्णयसागर) पृ० १०२ ।
(५) भरत.. नाट्यशास्त्र...(निर्णयसागर) .पृ० १०२ ।

वह उसे मारने को उद्यत हो जाता है। वसन्तसेना अपनी माता तथा आर्य रुदत्त को पुकारती है तथा मरने से, पूर्व भी अपने प्रेमी को ही नमस्कार रती है। शकार उसका गला घोट देता है और वह मूर्च्छित होकर निश्चेष्ट गिर ती है।

वसन्त सेना — नम आर्य चारुदत्ताय।

शकार — म्रियस्व गर्भदासि म्रियस्व। नाट्येन कण्ठे निपीडयन् मारयति।

(वसन्तसेना मूर्च्छिता निश्चेष्टा पतति)[1]

इस दृश्य मे वीभत्स रस का चित्रण हुआ है।

भयानक रस

भयानक रस का स्थायिभाव भय होता है। भयानक रस अट्टहास आदि कृत शब्द से पिशाच आदि के दर्शन से, शृगाल उलूक आदि के त्रास से, घबराहट , सूने मकान अथवा वन मे जाने से, अपने सम्बन्धियो के बध, बन्धन आदि के र्शन श्रवण अथवा चर्चा आदि विभावो से उत्पन्न होता है। इस विषय मे भरतमुनि ा यह कथन है —

"अथ भयानको नाम भयस्थायिभावात्मक । स च विकृतरवसत्वदर्शनशिवोलूक ासोद्वेगशून्यागारारण्यगमनस्वजनवधबन्धदर्शनश्रुति कथादिभिर्विभावैरुत्पद्यते।"[2]

कापते हुए हाथ-पैर, नेत्रो की चचलता, रोमाञ्च, मुख की विवर्णता तथा वर भेद आदि अनुभावो से उसका अभिनय होता है। हाथ पैर आदि का जकडना सीना, गद्गद् होना, रोमाच, कम्पन, स्वरभेद, विवर्णता, शका, मोह, दीनता, आवेग चञ्चलता, जडता, त्रास, अपस्मार तथा मरण आदि उसके व्यभिचारिभाव होते है।[3]

द्वितीय अक मे वसन्तसेना के हाथी खुण्टमोडक के उन्मत्त होने तथा उपस्थित जनसमुदाय की भगदड के वर्णन म भयानक रस का ही परिपाक हुआ है। दुष्ट हाथी के भय से भागती हुई स्त्रियो के नूपरो के झकृत होने तथा मेखला एव ककणो के टूटने का शद्रक ने कैसा सुन्दर और सजीव वर्णन किया है—

"विचलित नूपुरयुगल छिद्यन्ते च मेखला मणिखचिता ।
वलयाश्च सुन्दरतरा रत्नाङ्कुरजाल प्रतिबद्धा ।[4]

दुष्ट हाथी को सामने आता हुआ देख कर लोग बच्चो को हटाते हैं तथा स्वय पेड पर चढ जाते हैं।[5]

१– मृच्छकटिक चौखम्बा १९६२ पृ० ४२९।
२– भरत, नाट्यशास्त्र, निर्णय सागर सस्करण, पृ० १०१।
३– भरत, नाट्यशास्त्र, निर्णय सागर सस्करण, पृ० १०१।
४– मृच्छकटिक, २/१९।
५– मृच्छकटिक, २/१८।

करुण रस

करुण रस की उत्पत्ति शोक नामक स्थायिभाव से होती है। वह शाप-क्लेश में पतित प्रियजन के वियोग, विभवनाश, वध, बन्धन, देश-निर्वासन (विद्रव) अग्नि आदि में (जलकर) मर जाना अथवा व्यसनों में फस जाने आदि विभावों से उत्पन्न होता है—

"अथ करुणो नाम शोकस्थायिप्रभव। स च शापक्लेशविनिपतितेष्टजनविप्रयोगविभवनाशवधबन्धविद्रवोपघातव्यसन सयोगादिभिर्विभावैः समुपजायते।'[1]

नायक चारुदत्त निर्धनावस्था के कारण क्लेश में पड़ा है, उसके वैभव का नाश हो गया है। शकार वसन्तसेना का गला घोट देता है। चारुदत्त को उसकी हत्या के अभियोग में बन्धनागार में डाल दिया जाता है। उसे अपने प्रियजनों का वियोग प्राप्त होता है।

इस प्रकार करुण रस के प्रायः सभी विभाव मृच्छकटिक में प्राप्त होते हैं। अश्रुपात, विलाप, मुख सूखना, विवर्णता, अङ्गों की शिथिलता, लम्बी सांसें मरना तथा स्मृति लोप आदि अनुभावों के द्वारा इसका अभिनय किया जाता है। निर्वेद, ग्लानि, चिन्ता, औत्सुक्य, आवेग, भ्रम, मोह, श्रम, भय, विषाद, दैन्य, व्याधि, जड़ता, उन्माद, अपस्मार, त्रास, मरण, स्तम्भ, कम्पन, विवर्णता, अश्रु तथा स्वरभेद आदि करुण रस के व्यभिचारि भाव हैं।[2]

महाकवि भवभूति के अनुसार तो करुण रस ही नाटक साहित्य का एकमात्र प्रधान रस है। उन्होंने उत्तर रामचरित में स्पष्ट घोषणा की है—

"एको रस करुण एव निमित्त भेदात्।
भिन्न पृथक् पृथगिवाश्रयते विवर्तान्॥
आवर्तबुद्बुद् तरगमयान् विकारा
नम्भो यथा सलिलमेव हि तत्समग्रम्॥[3]

अनिष्ट की प्राप्ति एव इष्ट की हानि से ही करुणा प्रकट होती है। करुण के चित्रण से ही सहृदय करुण रस का आस्वाद लेते हैं। प्रथम अक में चारुदत्त वैभव के विनाश एव निर्धन दशा का बड़ा कारुणिक वर्णन है।

उपर्युक्त अनुभवों तथा व्यभिचारिभावों में से अनेक मृच्छकटिक में प्राप्त होते हैं। इष्ट जन के वध के दर्शन से अथवा अप्रिय वचनों के सुनने से भी करुण रस

१– भरत, नाट्यशास्त्र, निर्णय सागर सस्करण, पृ० ९९।
२– भरत नाट्यशास्त्र निर्णय सागर सस्करण पृ० ९९।
३– भवभूति उत्तर रामचरित ३/४७

उत्पत्ति होती है। बहुत जोर से रोना, मूर्च्छित होना, कोसना, विलाप करना, शरीर को गिराना तथा छाती पीटना आदि के द्वारा करुण रस का अभिनय किया जाता है।[1]

'मृच्छकटिक' में चारुदत्त दरिद्रता के विषय मे कहता है—

'सुखात्तु यो याति नरो दरिद्रता।
धृत. शरीरेण मृतः स जीवति ॥'[2]

दरिद्रता के कारण चारुदत्त इतना दु खी है कि वह मरण को अच्छा समझता , दरिद्रता को नही—

'दारिद्रयान्मरणाद्वा मरण मम रोचते न दारिद्र्यम्।
अल्पक्लेश मरण दारिद्रयमनन्तक दु.खम् ॥'[3]

उसे इस बात का दु ख है कि धनरहित होने के कारण अतिथियो ने उसका ार त्याग दिया है।[4]

प्रथम अक में ही द्यूतकर एव माथुर के द्वारा सवाहक को पीटे जाने तथा उसके भूमि पर गिर जाने के दृश्य मे भी करुण रस का ही वर्णन है। तृतीय अक ने वसन्तसेना के आभूषणो की चोरी के विषय मे चेटी से सूचना प्राप्त कर चारुदत्त की पत्नी धूता मूर्च्छित हो जाती है।[5]

प्रकरण के चतुर्थ अंक मे शर्विलक के द्वारा चुराये गये आभूषणो को देखकर मदनिका एव वसन्तसेना अत्यधिक दुःखी होती हैं दोनो मूर्च्छित भी हो जाती हैं।

'मृच्छकटिक' के अष्टम अक मे शकार वसन्तसेना का अपने प्रणय प्रस्ताव को स्वीकार न करने पर गला घोट देता है जिससे वह मूर्च्छित हो जाती है। विट उसे मृत समझ कर स्वय मूर्छित हो जाता है तथा आश्वस्त होकर बडा कारुणिक विलाप करता है।[6] करुण रस की जैसी सुन्दर अभिव्यजना इस दृश्य मे हुई है वैसी अन्यत्र दुर्लभ है।

दशम अक मे चारुदत्त के मृत्युदण्ड की घोषणा के अनन्तर उसको वध्यस्थल से जाते समय मार्ग मे विदूषक एव चारुदत्त के पुत्र का विलाप तथा स्वयं चारुदत्त

१– भरत नाट्यशास्त्र निर्णयसागर सस्करण" पृ० ९९।
२– मृच्छकटिक, १/१०
३– मृच्छकटिक १।११
४– मृच्छकटिक, १/१२
५– मृच्छकटिक, पृ०–१८२
६– मृच्छकटिक, ८/३८

का रुदन तथा रोहसेन की चाण्डालो से पिता के स्थान पर स्वय उसे मार डालने की प्रार्थना तो मानो मूर्तिमान करुण रस है—

'दारक — व्यापादयत माम्, मुचत आवुकम् ।'[1]

दशम अक मे ही धूता के अग्नि प्रवेश के विषय मे सूचना पाकर चारुदत्त करुणापूर्वक विलाप करता है :—

'हा प्रिये ! जीवत्यपि मयि किमेतत् व्यवसितम्'[2]

वह मूच्छित भी हो जाता है । अतः करुण रस का मार्मिक चित्रण हुआ है।

शान्त रस

शान्त रस का स्थायिभाव शम होता है । वह तत्वज्ञान, वैराग्य और चित्तशुद्धि आदि विभावो से उत्पन्न होता है—

'अथ शान्तो नाम मस्थायि भावात्मको मोक्षप्रवर्तक । स तु तत्वज्ञान वैराग्य शयशुद्धयादिभिर्विभावै समुत्पद्यते ।'[3]

यम, नियम, अध्यात्मध्यान, धारणा, उपासना, सब प्राणियो पर दया, सन्यास धारण आदि अनुभावो से उसका अभिनय किया जाता है । निर्वेद, स्मृति, धृति, शौच, स्तम्भ तथा रोमाच आदि शान्तरस के व्यभिचारिभाव होते हैं ।[4]

अष्टम अक के प्रारम्भ मे बौद्ध धर्म के निदेशक तत्वो का विवेचन करते हुए भिक्षु की उक्तियो मे सहृदय शान्त रस का ही आस्वाद ग्रहण करते हैं । इन्द्रिय दमन एव अविद्या तथा अहकार का विनाश कर आत्मा की रक्षा के विषय में भिक्षु कहता है—

'पञ्चजना येन मारिता' स्त्रिय मारयित्वा ग्रामोरक्षितः
अवलश्च चाण्डालो मारित अवश्य स नरः स्वर्गं गाहते ।।'[5]

जो मनुष्य चोर रूपी पाँच ज्ञानेन्द्रियो का दमन कर देता है, स्त्री रूपी अविद्या का नाश कर ग्रामरूपी आत्मा की रक्षा कर लेता है तथा शिथिलीभूत चाण्डालरूपी अहकार को मार देता है, वह निश्चित ही स्वर्ग जाता है ।

इस प्रकार 'मृच्छकटिक' मे प्राय सभी रसो का सुन्दर परिपाक दृष्टिगोचर होता है ।

१— मृच्छकटिक पृ० ५३८ ।
२— मृच्छकटिक पृ०
३— भरत नाट्यशास्त्र-निर्णय सागर··· पृ० १०३
४— भरत नाट्यशास्त्र-निर्णय सागर··· पृ० १०३ ।
५— मृच्छकटिक ८/२ ।

मृच्छकटिक म प्रत्येक अक की दृष्टि से रस योजना इस प्रकार है—

प्रस्तावना

'मृच्छकटिक' मे नान्दीपाठ के पश्चात् सूत्रधार प्रवेश करता है। वह प्रेक्षको का नाटककार शूद्रक का परिचय देने के पश्चात् अपने घर म ' वेश करता है। बुभुक्षा से पीडित होने के कारण वह पत्नी से भोजन के विषय म पूछता है, किन्तु पत्नी उससे परिहास करती है—

सूत्रधार — किं किमस्ति ?
नटी — तद्यथा गुडौदन घृत दधि तण्डुलान,
आर्येणातव्य रसायन सर्वमस्तीति। एव तव देवा आशसन्ताम।
सूत्रधार — किमस्माक गेहे सर्वमस्ति ? अथवा परिहससि ?
नटी — (स्वगतम्) परिहसिष्यामि तावत्।
(प्रकाशम्) आर्य, अस्त्यापणे।[1]

एक अन्य स्थल पर नटी के उपवास के विषय म यह ज्ञात होने पर कि यह व्रत परलोक म प्राप्त होने वाले यथेच्छ पति के लिए है— नट कहता है सज्जना ! देखिये मेरे भात क व्यय पर यह पारलौकिक पति ढूढ रही है—

'सूत्रधार — प्रेक्षन्ता प्रेक्षन्तामार्यमिश्रा। मदीयेन भक्त परिव्ययेन पारलौकिको भर्तान्विष्यते।[2]

अत यहां हास्य रस का ही पुट है।

प्रथम अक — प्रथम अक के प्रारम्भ म चारदत्त अपनी निर्धन दशा के कारण अत्यधिक चिन्तित दिखाई पडता है। विदूषक उससे पूछता है 'भो किमिद चिन्त्यते।' इसका उत्तर देते वह निर्धनता के विषय म कहता है कि जो व्यक्ति सुख से दरिद्रता को प्राप्त करता है वह जीवित रहते हुए भी मृत के सदृश है।[3]

इसी प्रकार अनेक श्लोकों म दोनो प्रकरणो म चारुदत्त के द्वारा अपनी धन सबधी चिन्ता अभिव्यक्त करने के कारण यहा चिन्ता रूप सचारी भाव का आस्वाद होता है।

इसके आगे के दृश्य म व्याध के द्वारा अनुसरित भयभीत हरिणी के सदृश, (व्याधानुसार चकित हरिणीव) विट शकार एव चेट के द्वारा पीछा की गई वसन्तसेना रगमच पर प्रवेश करती है। 'मृच्छकटिक' म अभिनय सम्बन्धी निर्देश में कहा गया है – 'तत प्रविशति विटशकारचेटैरनुगम्यमाना वसन्तसेना' इस

१– मृच्छकटिक पृ० १४
२– मृच्छकटिक पृ० १५–१६
३– मृच्छकटिक, १/१०

दृश्य में वस्तुतः शृंगाराभास ही है। वसन्तसेना का पीछा करते हुये शकार अपने पौराणिक कथाओं सम्बन्धी अज्ञान को ही प्रकट करता है तथा हास्य की पर्याप्त सामग्री उपस्थित करता है। वह माल्य-गन्ध को तो सुनता है तथा आभूषणों के शब्दों को नासिका से स्पष्ट नहीं देख पाता है—'श्रृणोमि माल्यगन्धम्, अन्धकार पूरितया पुनर्नासिकया न सुव्यक्त पश्यामि भूषणशब्दम्।'[1] वह वसन्तसेना के द्वारा कहे गये 'शान्तोऽसि' को 'श्रान्तोऽसि' समझता है। अतः यहां भी हास्य का पुट है।

तत्पश्चात् शकार वसंतसेना के स्थान पर रदनिका को केशों से पकड़ लेता है। रदनिका भयभीत होकर अपना दैन्य प्रकट करती है—

'किमार्यमिश्रैर्व्यवसितम्।' रदनिका के बलात्कार का पता लगने पर विदूषक क्रोध से कहता है— भो स्वके गेहे कुक्कुरोऽपि तावत् चण्डोभवति, किं पुनरहं ब्राह्मण। तदेतेन अस्मादृश जनभागधेय कुटिलेन दण्डकाष्ठेन दुष्टस्येव शुष्क वेणुकस्य मस्तक ते प्रहारै कुट्टयिष्यामि।'[2] यहाँ क्रोध प्रकट होने के कारण रौद्र ही प्रतीत होता है। बाद में विट के द्वारा क्षमा प्रार्थना करने पर क्रोध की शान्ति हो जाती है।

प्रथम अंक के अन्तिम दृश्य में वसन्तसेना एवं चारुदत्त के प्रथम साक्षात्कार में दोनों की पारस्परिक उत्सुकता प्रकट होती है। वसन्तसेना चारुदत्त के उत्तरीय को देखकर उसके यौवन के विषय में कहती है —

'आश्चर्यम् जातीकुसुमवासित प्रावारक। अनुदासीनमस्य यौवन प्रतिभासते।'[3] वसन्तसेना चारुदत्त के हृदय में अपने प्रति कामना उत्पन्न करती है।'[4] चारुदत्त से विदा होते हुए वसन्तसेना भविष्य में भी उससे अपना सम्बन्ध रखने के लिए अपने आभूषणों को उसके समीप ही धरोहर के रूप में रख जाती है। अतएव यहाँ वस्तुतः सम्भोग शृंगार का उदय होता है।

द्वितीय अंक

प्रकरण के प्रथम दृश्य में वसन्त सेना तथा मदनिका का वार्तालाप है। वसन्तसेना चारुदत्त के प्रति रागात्मक विचारों में मग्न है। मदनिका उससे कहती है—

'आर्यया. शून्यहृदयत्वेन जानामि हृदयगत कमप्यार्याभिलषतीति'[5]

मदनिका वसन्तसेना से कहती है कि चारुदत्त तो दरिद्र है। अतः आपके द्वारा

(१) मृच्छकटिक पृ० ५६

(२) मृच्छकटिक, पृ० ६७।

(३) " पृ० ८२।

(४) " १/५५।

(५) " पृ० ९६।

म करने के योग्य नही है' किन्तु वसन्त सेना उससे स्पष्ट कह देती है कि दरिद्रता कारण ही वह उससे प्रेम करती है, अतएव उसका प्रेम सच्चा है—

अतएव काम्यते ! दरिद्रपुरुषसङ्क्रान्तमनाः खलु गणिका लोके अवचनीया भवति ।'[2]

मदनिका उससे पूछती है,'यदि तुम उससे प्रेम करती हो तो फिर तुरन्त अभिसार क्यों नही करती हो' ।'[3] वसन्तसेना उत्तर देते हुए कहती है—

'सहसा अभिसार्य्यमाणः प्रत्युपकारदुर्बलतया स जनो दुर्लभदर्शनः पुनर्भविष्यति ।'[4]

मदनिका के द्वारा यह पूछने पर कि क्या तुमने पुनर्मिलन के लिए ही अलकार धरोहर के रूप मे उसके यहाँ रखा है, वसन्त सेना कहती है, हा । तुमने ठीक जाना । अतः स्पष्ट रूप से यहाँ विप्रलम्भ श्रृगार की ही झलक है ।

द्वितीय दृश्य मे द्यूतकर एव माथुर सवाहक को खोजते हैं जो उल्टे पैरो से एक मन्दिर मे प्रवेश कर प्रतिमा के रूप मे स्थित हो जाता है । वे दोनो भी आकर मन्दिर मे ही जुआ खेलने लगते हैं । सवाहक भी अपने मन को वश मे न करके आकर खेलने लगता है और वे दोनो उसे पकड़ कर पीटते हैं और अपनी दस सुवर्ण मुद्रायें उसी समय मागते हैं । तभी दर्दुरक आकर उसकी रक्षा करता है । वह माथुर से झगडा करता है, उसे पीटता है और उसकी आँख मे धूल डाल कर सवाहक को भगा देता है और स्वय भी भाग जाता है । निश्चित रूप से इस दृश्य मे सहृदय हास्य-रस का ही अनुभव करते हैं ।

तृतीय दृश्य मे सवाहक वसन्तसेना के घर मे प्रवेश कर शरण की याचना करता है । सवाहक का परिचय प्राप्त करने पर वसन्तसेना उसे माथुर और द्यूतकर के ऋण से मुक्त कर देती है । वह अपनी चेटी से कहती है—'तद् गच्छ एतयोः सभिक द्यूतकरयो. 'अयमार्य एव प्रतिपादयति' इति इद हस्ताभरण त्व देहि ।'[5]

द्वितीय अक के अन्तिम दृश्य मे वसन्तसेना का चेट कर्णपूरक आकर उसे सूचित करता है कि आज उसने विन्ध्यपर्वत शिखर के सदृश विशाल मस्त गन्धगज के दातो के मध्य आये हुए परिव्राजक की रक्षा की है :—

---

(१) मृच्छकटिक. पृ० ९९ ।
(२) „ पृ० ९९ ।
(३) „ पृ० १०० ।
(४) „ १०१ ।
(५) „ .... पृ० ११२

'आहत्य सरोष त हस्तिन विन्ध्यशैलशिखराभम्।
मोचितो मया स दन्तान्तरसंस्थित परिव्राजकः॥'[1]

तृतीय अंक

'मृच्छकटिक' के प्रारम्भ मे अर्ध रात्रि व्यतीत हो जाने पर भी चारुदत्त के घर न आने पर उसका चेट चिन्ता व्यक्त करता है[2] तत्पश्चात् चारुदत्त और विदूषक प्रवेश करते हैं। चारुदत्त रेभिल के गीत एव वीणा की मुक्तकण्ठ से प्रशसा करता है[3]। विदूषक परिहास करते हुए कहता है, मुझे तो सस्कृत पढती हुई स्त्री एव काकली गान करते हुए पुरुष दोनो पर हँसी आती है।[4] जब चारुदत्त चेट से कहता है कि विदूषक को पैर धोने का जल दो तो वह कहता है मुझे जल से क्या प्रयोजन, पीटे हुए गधे के समान मैं पृथ्वी पर ही लोट जाऊँगा।[5] स्पष्ट रूप मे यहाँ हास्य रस ही परिलक्षित होता है। तत्पश्चात चारुदत्त और विदूषक सो जाते हैं।

अगले दृश्य मे शर्विलक चारुदत्त के भवन मे प्रवेश कर वसन्तसेना के आभूषणो की चोरी करता है उसके इस कृत्य पर प्रेक्षको को विस्मय होता है। स्वप्न में ही विदूषक कहता है कि हे मित्र तुम्हे गो और ब्राह्मण की शपथ यदि इस सुवर्णभाण्ड को ग्रहण न करो[6]। तत्पश्चात् रदनिका के द्वारा जगाये जाने पर और चोर के विषय मे बताने पर कहता है—

आ दास्या पुत्रि कि भणसि चौर कल्पयित्वा सन्धिर्निष्क्रान्त'

तृतीय अक के अतिम दृश्य मे चारुदत्त एव धूता की उदारता तथा अपनी कीर्ति के लिए चिन्ता प्रकट होती है। चारुदत्त अपने घर मे लगी सेंध की भी प्रशसा करता है। उसे इस बात का दुःख है कि चोर यहाँ से निराश हो गया होगा किन्तु सुवर्णभाण्ड की चोरी के विषय मे पता लगने पर वह प्रसन्न होकर विदूषक से कहता है—'वयस्य दिष्ट्या ते प्रिय निवेदयामि यदसौ कृतार्थो गत।'[7] उसे इस बात का दुःख है कि धरोहर के रूप मे स्वर्णभूषणो की चोरी पर कोई विश्वास नही करेगा, सब दरिद्र होने के कारण मुझे ही दोष देंगे—

'क श्रद्धास्यति भूतार्थं सर्वो मा तूलयिष्यति।
शङ्कनीया हि लोकेऽस्मिन् निष्प्रतापा दरिद्रता॥'[8]

(१) मृच्छकटिक, पृ० २/२०
(२) " पृ० १४७
(३) " पृ० १४७
(४) " पृ० १४८
(५) " पृ० १५३
(६) " पृ० १६८
(७) " पृ० १७९
(८) " ३/२४

किन्तु वह प्रतिज्ञा करता है कि भिक्षा के द्वारा भी धनोपार्जन कर धरोहर समान धन लौटा दूँगा—

'भैक्ष्येणाप्यर्जयिष्यामि पुनर्न्यासप्रतिक्रियाम् ।'[1]

धूता यह जानने पर कि धरोहर की चोरी हो गई है, मूर्च्छित हो जाती है। ...ना प्राप्त होने पर चारुदत्त की कुशलता का समाचार प्राप्त कर वह प्रसन्न होती ...किन्तु उसे पति के शरीर से अधिक उसके चरित्र की चिन्ता है—

'हञ्जे किं भणसि—'अपरिक्षत शरीरः आर्यपुत्र.' इति । वरमिदानीं स...रीरेण परिक्षत. न पुनश्चारित्रेण' ।[2] अतः पति के चरित्र की रक्षा के लिए वह अपनी ...मूल्य रत्नावली का भी बलिदान कर देती है। स्त्रीद्रव्य के द्वारा अनुकम्पित होने ...ा चारुदत्त को दु ख है किन्तु सुख एव दु ख में समान रहने वाली पत्नी प्राप्त करने ...या चरित्र की रक्षा का उसे अभिमान भी है।

चतुर्थ अक—प्रकरण के प्रारम्भिक दृश्य में वसन्त सेना स्वचित्रित चारुदत्त के ...चित्र के विषय में मदनिका से पूछती है—

'हञ्जे मदनिके ! अपि सुसदृशी इय चित्रकृतिः आर्य चारुदत्तस्य'[3] उत्तर देते हुए मदनिका कहती है—'सुसदृशी'

चेटी के द्वारा यह ज्ञात होने पर कि द्वार पर रथ उपस्थित है, वसन्त सेना उत्सुकतापूर्वक पूछती है—"किम् आर्य-चारुदत्तो मा नेष्यति ?" किन्तु चारुदत्त के स्थान पर शकार के विषय में ज्ञात कर वह क्रुद्ध होकर चेटी से कहती है—'अपेहि ! मा पुनरेव भणिष्यसि ।'

द्वितीय दृश्य में मदनिका तथा उसके प्रेमी शर्विलक का वार्तालाप है। यह ज्ञात होने पर कि उसने चारुदत्त के घर से वसन्तसेना के आभूषणों को चुराया है, मदनिका उससे कहती है कि वह इन आभूषणों को चारुदत्त की ओर से वसन्त सेना को वापस कर दे। दोनों के वार्तालाप में शृंगार भाव की भी झलक है।

तृतीय दृश्य में वसन्त सेना मदनिका को मुक्त कर शर्विलक की वधू के रूप में उसके साथ भेज देती है और कहती है—'साम्प्रत त्वमेव वन्दनीया सवृत्ता । तद्गच्छ, आरोह प्रवहणम्, स्मरसि माम् ।'[4] यहाँ वसन्तसेना के औदार्य एव उसके प्रति शर्विलक की कृतार्थता की अभिव्यक्ति होती है। मार्ग में यह ज्ञात होने पर कि राजा पालक ने उसके मित्र गोपालदारक आर्यक को कारागार में डाल दिया है क्योंकि ज्योतिषियों

---

(१) मृच्छकटिक पृ० ३/२६
(२) ,, पृ० १८३
(३) ,, पृ० १९०
(४) ,, पृ० २२३

ने भविष्यवाणी की थी कि वह राजा होगा । तब वह उत्साहपूर्वक घोषणा करता है—

'प्रियसुहृदमकारणे गृहीत, रिपुभिरसाधुभिराहितात्मशङ्कं ।
सरभसमभियत्य मोचयामि, स्थितमिव राहुमुखे शशाङ्कबिम्बम् ॥'[1]

यहाँ वस्तुत वीर रस का ही परिपाक हुआ है ।

चतुर्थ अक के अन्तिम दृश्य मे विदूषक वसन्तसेना के कुबेर के सदृश भवन के आठ प्रकोष्ठों मे अतुल सम्पत्ति को देख कर विस्मित हो जाता है। अत यहाँ अदमुत रस का ही आभास होता है । वसन्तसेना की स्थूलकाय माता को देखकर वह कहता है कि यदि यह मरे तो सहस्रो शृगालो के भोजन के लिए पर्याप्त होगी—

'यदि म्रियतेऽत्र माता भवति शृगालसहस्रपर्याप्ता ।'[2]

इसी प्रकार अनेक स्थल हैं जिनमे हास्य रस की चवणा होती है अत इस दृश्य म हास्य एव अदमुत दोनो का मिश्रित आस्वाद होता है ।

पचम अक—मृच्छकटिक मे पचम अक के प्रथम दृश्य मे विदूषक के द्वारा यह समाचार प्राप्त कर कि वसन्त सेना ने रत्नावली स्वीकार कर ली है चारुदत्त बहुत प्रसन्न होता है । यह जानने पर कि वह सूर्यास्त के पश्चात उससे मिलने आयेगी चारुदत्त कहता है—वयस्य ! आगच्छतु परितुष्टा यास्यति ।' विदूषक चारुदत्त से कहता है कि वेश्या तो धन से वश म की जाती है वह तो धनिक के पास ही रहती है—

'यस्यार्थास्तस्य सा कान्ता, धनहार्यो ह्यसौ जन "[3]

किन्तु चारुदत्त मन मे ही कहता है कि नहीं वसन्त सेना तो गुण के वशीभूत हो सकती है—(स्वगतम्) न गुण हार्यो ह्यसौ जन ।' किन्तु वह प्रकट रूप से विदूषक से कहता है—

वयमर्थै परित्यक्ता ननु त्यक्तैव सा मया ।[4]

यहा निश्चित रूप से चारुदत्त का वसन्तसेना के प्रति औत्सुक्य प्रकट होता है ।

द्वितीय दृश्य म वसन्त सेना का चेट प्रवेश करता है । वह अपनी प्रशसा करते हुए कहता है कि मैं गध के समान गाना गाता हूँ गन्धर्व, तुम्बुरु और देवर्षि नारद भी मेरे सामने क्या हैं—गीत गायामि गदभस्यानुरूप, को मे गाने तुम्बुरुर्नारदो

(१) मृच्छकटिक पृ० ४/२७
(२) ४/२९
(३) , ५/१
(४) " ५/१

।'। वह चारुदत्त की वाटिका में आकर ककड़ी मार कर विदूषक को संकेत देता तत्पश्चात् वसन्त सेना के आगमन की सूचना विषयक चेट और विदूषक के संवाद ग़स्य रस का ही आस्वाद होता है।

तृतीय दृश्य में उज्ज्वल अभिसारिका-वेश-धारिणी उत्कंठिता वसन्तसेना तथा दुर्दिन का वर्णन करते हुए चारुदत्त के घर जाते हैं। अभिसार विषयक अपनी ा के विषय में वसन्तसेना कहती है—

'मेघा वर्षन्तु गर्जन्तु मुञ्चन्त्वशनिमेव वा।
गणयन्ति न शीतोष्णं रमणाभिमुखाः स्त्रियः ॥'[2]

वस्तुतः यह वर्णन अगले दृश्य में होने वाले चारुदत्त और वसन्तसेना के समा- ा की पृष्ठभूमि के रूप मे ही है।

पचन अंक के अन्तिम दृश्य मे चारुदत्त और वसन्तसेना का एक बार फिर लन होता है। वसन्त सेना को देख कर स्तन पर गिरती हुई वर्षा की बूँदो के पय में चारुदत्त कहता है कि यह स्तन सिंहासनारूढ युवराज के सदृश अभिषिक्त । गया है—

'वर्षोदकमुद्गिरता श्रवणान्तविलम्बिना कदम्बेन।
एकः स्तनोऽभिषिक्तो नृपसुत इव यौवराज्यस्थः ॥'[3]

अपने घर आई हुई वसन्तसेना के शीतल अंगों का आलिंगन करके वह अपने ो धन्य मानता हुआ कहता है—

'धन्यानि तेषां खलु जीवितानि ये कामिनीनां गृहमागतानाम्।
आर्द्राणि मेघोदकशीतलानि गात्राणि गात्रेषु परिष्वजन्ति ॥'[4]

अतः स्पष्ट रूप से इस दृश्य मे सम्भोग शृंगार का पूर्ण परिपाक दृष्टिगोचर ोता है।

षष्ठ अङ्क—षष्ठ अंक के प्रथम दृश्य मे वसन्तसेना और चेटी परस्पर वार्ता- लाप करती हैं। वसन्तसेना चारुदत्त से मिलने को बहुत उत्सुक है। चेटी से यह जान- कर कि उसे भी पुष्पकरण्डक उद्यान में चारुदत्त से मिलने जाना है, वह बहुत प्रसन्न होती है और चेटी का आलिंगन कर लेती है। चारुदत्त के भवन मे आभ्यन्तर चतुः- शालक मे स्वयं प्रविष्ट होने पर वसन्तसेना को आश्चर्य एव आनन्द दोनो की अनुभूति

१—मृच्छकटिक पृ०...५/११
२— „ ५।१६
३— „ ५।४९
४— „ ५।३८

होती है।[1] इसी दृश्य मे धूता की उदारता एव पतिभक्ति की सूचना भी हमें प्राप्त होती है। वसन्तसेना ने द्वारा भेजी गई अपनी ही रत्नावली को अस्वीकार करती हुई वह वसन्तसेना से कहलाती है—

'आर्यपुत्रेण युष्माक प्रसादीकृता न युक्त ममैता गृहीतुम् । आर्य पुत्र एव मम आभरणविशेष इति जानातु भवती।'[2]

द्वितीय दृश्य मे रोहसेन को लेकर रदनिका प्रवेश करती है। रोहसेन सुवर्ण की गाड़ी से खेलने का आग्रह करता है। वसन्तसेना उसे सोने की गाड़ी बनवाने के लिए अपने आभूषण देती है—

'तदगृहाणैतमलङ्करणम् सौवर्णशकटिकां घटय।'[3]

यहाँ वसन्तसेना की उदारता एव चारुदत्त के प्रति उसकी उत्सुकता तथा प्रेम अभिव्यक्त होते हैं।

तृतीय दृश्य मे दैवदुर्विपाक वश वसन्तसेना चारुदत्त के रथ के स्थान पर शकार के रथ पर चढ जाती है। रथ पर चढते समय भविष्य मे अनिष्ट का सूचक उसका वाम नेत्र स्पन्दित होता है।[4] भावी अनर्थ की आशका से पाठक भी यहाँ उद्विग्न हो उठते हैं।

अन्तिम दृश्य मे पालक के कारागार से भागा हुआ आर्यक प्रवेश करता है, वह चारुदत्त के रथ पर चढ जाता है। मार्ग मे चन्दनक और वीरक उसे रोकते हैं। चन्दनक द्वारा रथ की तलाशी लेने पर आर्यक उससे शरण की याचना करता है। चन्दनक उसे अभयदान दे देता है। तत्पश्चात् चन्दनक और वीरक मे झगडा होता है। चन्दनक वीरक की नाई जाति का सकेत करता है तथा वीरक चन्दनक की चमार जाति का। यहाँ हास्य रस की ही चर्वणा होती है। चन्दनक वीरक को पीटता है और अपशब्द कहता है तथा आर्यक को अपना खड्ग दे देता है। खड्ग प्राप्त कर आर्यक मे उत्साह का सचार होता है और वीरता को प्रकट करने वाली उसकी दाहिनी भुजा भी फड़कने लगती है—'अये! शस्त्र मया प्राप्त स्पन्दते दक्षिणो भुजः।'[5]

सप्तम अक—सप्तम अक अन्य अकों की अपेक्षाकृत छोटा है। इसम पुष्पकरण्डक जीर्णोद्यान मे वसन्तसेना की प्रतीक्षा करते हुए चारुदत्त के समीप चेट रथ लाता है, जिसमे आर्यक बैठा हुआ है। चारुदत्त को देखकर वह उससे शरण याचना

१—मृच्छकटिक पृ० ३१५
२— ,, पृ० ३१७
३— ,, पृ० ३२१
४—मृच्छकटिक पृ० ३२६।
५—मृच्छकटिक पृ० ३५४।

करता है । चारुदत्त उसे रक्षा का वचन देता है—

'अपि प्राणानह जह्या न तु त्वां शरणागतम्'[1]

वह उसे बन्धन मुक्त भी करता है। इस अक मे चारुदत्त का औदार्य एव आर्यक की कृतज्ञता प्रकट होती है।

अष्टम अङ्क—अष्टम अक के प्रथम दृश्य मे भिक्षु प्रवेश करता है वह अज्ञानियो को धर्माचरण करने को प्रेरित करता है—'अज्ञा: । कुरुत धर्मसचयम् ।' वह बौद्ध धर्म के सिद्धान्तो को प्रतिपादित करते हुए कहता है—

'पञ्चजना येन मारिताः स्त्रिय मारयित्वा गामोरक्षितः।
अवलश्च चाण्डालो मारितः अवश्य स नरः स्वर्ग गाहते ॥
शिरो मुण्डितं तुण्ड मुण्डित चित्त न मुण्डित किं मुण्डितम् ।
यस्य पुनश्च चित्त मुण्डित साधु सुष्ठु शिरस्तस्य मुण्डितम् ॥'[2]

यहाँ वस्तुतः शान्त रस का ही आस्वाद होता है। इसी दृश्य मे शकार आकर भिक्षु को अकारण ही पीटता है। अत. पाठको की सहानुभूति भिक्षु के साथ ही रहती है। इस दृश्य में भय का सचार भी होता है। भिक्षु शकार का स्वागत करता है और उसे उपासक कह कर सम्बोधित करता है—'स्वागतम् । प्रसीदतु उपासक.' किन्तु मूर्ख शकार कहता है—'उपासक इति मा भणति । किमह नापित. ।'[3]

इसी प्रकार भिक्षु के द्वारा 'त्व धन्य , त्व पुण्य.' यह कहने पर शकार कहता है ··· 'भाव ! धन्य. पुण्य इति मा भणति । किमह श्रावक', कोष्ठक ,कुम्भकारो वा ?, शकार की इस मूर्खता पर प्रेक्षक बहुत हसते हैं अत. यहाँ हास्य रस का उदय होता है।

द्वितीय दृश्य मे रथ परिवर्तन के कारण अपने रथ पर आरूढ वसन्तसेना को देखकर शकार उसे राक्षसी अथवा चोर समझकर डर जाता है और विट से कहता है— 'भाव ! भाव ! म्रियसे म्रियसे । प्रवहणाधिरूढा राक्षसी चौरो वा प्रतिवमति-यदि राक्षसी, तदा उभावपि मुषितौ, अथ चोरः तदा उभावपि खादितौ ।'[4] इससे पूर्व वह अपने चेट को एक टीले पर चढा कर गाडी लाने को कहता है तथा गाडी के सकुशल आ जाने पर चेट से कहता है—

'न छिन्नौ गावौ ? न मृताः रज्जवः ; त्वमपि न मृतः ?'[5]

१—मृच्छकटिक पृ० ७१६
२—मृच्छकटिक ८।२-३
३—मृच्छकटिक, पृ० ३७७
४—मृच्छकटिक पृ० ३९६—३९७
५—मृच्छकटिक पृ० ३९५

शकार के इस प्रकार मूर्खता पूर्ण वचनो को सुन कर हास्य रस की ही अनुभूति होती है । यह जानने पर कि यह वसन्तसेना है वह उससे अपना प्रणय निवेदन करता है—

'एष पतामि चरणयोर्विशालनेत्रे । हस्ताञ्जलि दशनखे तव शुद्धदन्ति । यत्तव मयापकृत मदनातुरेण तत्क्षामितासि वरगात्रि। तवास्मि दासः।'[1]

यहाँ वस्तुत. शृङ्गाराभास है । किन्तु वसन्तसेना क्रोधपूर्वक उसके प्रस्ताव को अस्वीकार कर देती है ।[2] शकार अपने अपमान से क्रुद्ध होकर वसन्तसेना को मारने का निश्चय कर लेता है—

'य. स मम वचनेनापमानेन तदा रोषाग्नि· सन्धुक्षित·, अद्य एतया पाद प्रहारेणानेन प्रज्वलित., तत् साम्प्रत मारयाम्येनाम् ।'[3] यहा उग्रता का आभास होता है। वह विट और चेट को लालच देता है कि वे वसन्तसेना की हत्या कर दें किन्तु उनके द्वारा इस घृणित कार्य को अस्वीकार कर देने पर उन्हे दूर भेज कर वह वसन्तसेना की हत्या के उद्देश्य से उसका गला दबा देता है और वह मूर्च्छित होकर गिर पड़ती है ।[4] शकार के इस घृणित एव नीच कार्य के कारण यहाँ वीभत्स रस ही अभिव्यक्त होता है। तृतीय दृश्य मे विट वसन्तसेना को मृत समझ कर करुण विलाप करता है ।[5] शकार के इस इस दुष्कर्म के कारण दु.खी होकर वह जाना चाहता है किन्तु शकार वसन्तसेना की हत्या का अपराध उस पर आरोपित करते हुए कहता है·· ····'मदीये पुष्पकरण्डक जीर्णोद्याने वसन्तसेना मारयित्वा कस्मिन् पलायसे । एहि, मम आवुत्तस्य अग्रतो व्यवहार देहि ।'[6] किन्तु विट के खड्ग खीच लेने पर भयभीत होकर वह उसे जाने देता है । वस्तुत. यहाँ प्रेक्षकों को विषाद और निर्वेद का ही आस्वाद होता है।

अष्टम अक के अन्तिम दृश्य मे भिक्षु जीर्णोद्यान मे आकर मूर्च्छित वसन्तसेना के ऊपर अपने चीवर से जल निचोड़ता है जिससे वह चैतन्य प्राप्त करती है । भिक्षु अपने वस्त्र से उसके ऊपर हवा भी करता है ।[7] वह भिक्षु का सवाहक है, जिसकी वसन्तसेना आभूषण देकर द्यूतकर और माथुर से रक्षा की थी। इस दृश्य मे पाठक

१—मृच्छकटिक पृ० ८।१८
२—मृच्छकटिक पृ०४०५
३—मृच्छकटिक ४०९
४—मृच्छकटिक ४२९
५—मृच्छकटिक ८।३८
६—मृच्छकटिक पृ० ४४०
७—मृच्छकटिक, पृ० ४४७

भिक्षु की दयाशीलता एव वसन्तसेना की ग्लानि का ही अनुभव करता है ।

नवम अङ्क—नवम अङ्क मे शकार न्यायालय म जाकर वसन्तसेना की हत्या का झूठा अभियोग चारुदत्त पर लगाता है । वह न्यायाधीश के समक्ष कहता है– केनापि कुपुत्रेण अथ कल्पवतस्य कारणात् शून्य पुष्पकरण्डक जीर्णोद्यान प्रवेश्य बाहुपाशबलात्कारेण वसन्तसेना मारिता, न मया ।[1] न्यायाधीश यह जानने के लिए कि वसन्तसेना कहाँ और किसके साथ गई थी, उसकी मा को बुलाते हैं । वह सूचित करती है कि उसकी पुत्री अपने यौवन सुख का अनुभव करने चारुदत्त के घर गई थी । इस पर शकार कहता है 'श्रुतमार्य. ? लिख्यन्तामतान्यक्षराणि । चारुदत्तेन सह मम विवाद ।'[2] यह अभियोग आन वाले दृश्या मे अधिकाधिक प्रमाणित होता जाता है । चारुदत्त स्वय स्वीकार करता है कि वसन्तसेना उसकी मित्र है । यह अपने घर चली गई थी । तभी न्यायालय म वीरक उपस्थित होता है । वह बताता है कि वसन्तसेना चारुदत्त के रथ से ही गई थी । अधिकरणिक के आदेश से पुष्पकरण्डक जीर्णोद्यान जाकर वह इस बात का समर्थन करता है कि वहा एक स्त्री मृत पडी है— 'दृष्ट मया स्त्रीकलेवर यहाँ वीभत्स का अनुभव होता है-तभी विदूषक वसन्तसेना के उन आभूषणों के साथ न्यायालय म आता है, जिन्हे उसने रोहसेन को सोने की गाडी बनवाने के लिए दिया था । उसका शकार से झगडा होता है विदूषक की बगल से आभूषण गिर पडते हैं और चारुदत्त पर यह अभियोग सिद्ध हो जाता है कि उसने आभूषणो के लिए ही वसन्तसेना की हत्या की । चारुदत्त अपने मित्र मैत्रेय,पत्नी धूता और पुत्र रोहसेन का स्मरण कर विलाप करता है ।[3] अधिकरणिक मनु के अनुसार चारुदत्त को सपत्ति सहित राष्ट्र निर्वासन का दण्ड देते हैं ।[4] किन्तु राजा पालक उसे प्राणदण्ड देता है

येन अथकल्पवतस्य कारणात वसन्तसेना व्यापादिना, त तान्येव आभरणानि गले बद्ध्वा, डिण्डिम ताडयित्वा, दक्षिणश्मशान नीत्वा, शूले भङ्क्त ।[5] अत यह स्पष्ट है कि इस अक म प्रेक्षको को चिन्ता तथा करुण की ही अनुभूति होती है । अत यहाँ करुण रस ही प्रधान है ।

दशम अक–दशक अक के प्रारम्भ म तो करुण रस की पराकाष्ठा है,किन्तु अन्त मे नायक-नायिका मिलन के कारण सुखान्त परिणति होने से पाठक हर्ष का ही अनुभव करते है । प्रथम दृश्य म वध्य स्थान को ले जाते हुए चारुदत्त को देखकर महलो म स्थित स्त्रिया खिडकियो से मुख निकाल कर हा चारुदत्त !' यह कह कर विलाप करती हुई अश्रुधारा बहाती हैं–

१—मृच्छकटिक, पृ० ४६५ ।
२—मृच्छकटिक, पृ० ४७१ ।
३—मृच्छकटिक ९।२९
४—मृच्छकटिक ९।३९
५—मृच्छकटिक, पृ० ५१६ ।

'एताः पुनर्हर्म्यगता स्त्रियो मा वातायनार्धेन विनि. सृतास्याः ।
हा ! चारुदत्तेत्यभिभाषमाणा वाष्प प्रणालीभिरिवोत्सृजन्ति ॥'[1]

यज्ञानुष्ठानो के द्वारा पवित्र कुल तथा प्रियतमा वसन्तसेना का स्मरण कर चारुदत्त अत्यधिक दुखी होता है। तभी विदूषक मैत्रेय रोहसेन को लेकर प्रवेश करता है। रोहसेन चाण्डालो से मार्मिक प्रार्थना करता है कि तुम मुझे मार डालो किन्तु मेरे पिता को छोड़ दो—

'व्यापादयत माम्, मुञ्चत आवुकम् ।'[2]

इससे अधिक करुण दृश्य और क्या हो सकता है। इसी प्रकार विदूषक भी चाण्डालो से प्रार्थना करता है—'भो भद्रमुखौ ! मुञ्चत प्रियवयस्य चारुदत्तम्, मां व्यापादयत् ।' तभी शकार का चेट स्थावरक आकर यह निवेदन करता है कि शकार ने गला दबा कर वसन्तसेना की हत्या की है, चारुदत्त ने नही। यहाँ चारुदत्त की प्राणरक्षा की पाठको को आशा हो जाती है, किन्तु शकार की दुष्टता के समक्ष चेट का यह प्रयत्न भी निष्फल हो जाता है और पाठक फिर एक बार करुण रस के प्रवाह मे ही प्रवाहित होने लगते हैं। सम्मुख श्मशान भूमि को देख कर चारुदत्त अपने दुर्भाग्य पर विलाप करता है—'हा हतोऽस्मि मन्द भाग्य ।' मरने से पूर्व चारुदत्त देवी का स्मरण करता है। चाण्डाल उससे कहता है—

'आर्य चारुदत्त ! उत्तानो भूत्वा सम तिष्ठ। एक प्रहारेण मारयित्वा त्वा स्वर्गं नयाव ।'

प्रहार करने को उद्यत चाण्डाल के हाथ से खड्ग गिर जाता है। सौभाग्य से उसी समय भिक्षु और वसन्तसेना उपस्थित हो जाते है और चारुदत्त की प्राण रक्षा होती है। उसी समय शर्विलक आकर घोषणा करता है कि साधु चरित्र युक्त आर्यक ने अपने कुल और सम्मान की रक्षा करते हुए दुष्ट पालक की हत्या कर दी।[3] वह वेणा नदी-तट पर स्थित कुशावती के राज्य को भी चारुदत्त को दे देता है। इस दृश्य मे वस्तुत पाठकों को विस्मय एव हर्ष का आस्वाद होता है। शकार यह देख कर भाग जाता है, किन्तु सेवको के द्वारा भुजायें बांध कर उसे लाया जाता है। तभी नागरिक उसका वध करने की प्रार्थना करते हैं—'व्यापादयत किं निमित्त पातकी जीव्यते ?'[4] । अन्त मे वह चारुदत्त की शरण मे जाता है और उससे अपनी जीवन रक्षा की प्रार्थना करता है अपनी महानता के अनुरूप ही चारुदत्त उसे जीवनदान

१–मृच्छकटिक, पृ० १०/११ ।
२– " पृ० ५६६ ।
३– " पृ० ५८२ ।
४–मृच्छकटिक, पृ० ५८७ ।

देता है। यहाँ चारुदत्त का औदार्य ही प्रकट होता है।

तत्पश्चात् नेपथ्य में हुई घोषणा से ज्ञात होता है कि चारुदत्त की पत्नी धूता अपने प्राण देने के लिए अग्नि में प्रवेश करती है[1]। यह सुन कर चारुदत्त बड़ा उद्विग्न होता है और मूर्छित हो जाता है। अगले दृश्य में अग्नि में प्रवेश करती हुई धूता उसके वस्त्र खींचता हुआ रोहसेन, विदूषक एवं रदनिका प्रवेश करते हैं। रोहसेन माता से प्रार्थना करता है कि मैं तुम्हारे बिना किस प्रकार जीवित रहूँगा, मेरा पालन करो—'मातरार्ये ! प्रतिपालय माम् त्वया विना न शक्नोमि जीवितं धारयितुम्[2]।' विदूषक स्वयं उससे पहले अग्नि में प्रवेश करने की प्रार्थना करता है। यहाँ भी वस्तुतः करुण रस की चरम सीमा ही है। उसी समय सहसा चारुदत्त प्रवेश कर अपनी बाहुओं में पुत्र को उठा कर आलिङ्गन करता है। धूता की जीवन रक्षा से सभी प्रसन्न होते हैं। वसन्तसेना और धूता परस्पर आलिंगन करती हैं। शर्विलक घोषणा करता है कि राजा आर्यक ने सन्तुष्ट होकर वसन्तसेना को वधू शब्द से भूषित किया है—'आर्ये वसन्तसेने ! परितुष्टो राजा भवतीं वधूशब्देनानुगृह्णाति।'' यही वस्तुतः फलागम है। चारुदत्त की इच्छानुसार भिक्षु को सभी विहारों का कुलपति, चाण्डालों को समस्त चाण्डालों का अधिपति तथा चन्दनक को पृथिवीदण्डपालक नियुक्त किया जाता है। यहाँ हर्ष का ही आस्वाद होता है। चारुदत्त की इस उक्ति से कि मुझे मेरी प्रियतमा वसन्तसेना फिर प्राप्त हो गई—'प्राप्ता भूयः प्रियेयम्'' यहाँ सम्भोग शृंगार की ही अनुभूति होती है।

रस सम्बन्धी उपर्युक्त विवेचन से यह सिद्ध होता है कि 'मृच्छकटिक' में अङ्गी रस शृंगार ही है। शृंगार रस विभिन्न रूपों को धारण करता है। वह प्रारम्भ में सम्भोग फिर विप्रलम्भ उसके पश्चात् फिर सम्भोग और बाद में विप्रलंभ रूप को धारण कर अन्त में सम्भोग में परिवर्तित हो जाता है। यहाँ करुण, हास्य, भयानक, बीभत्स, अद्भुत, वीर तथा शान्त का अङ्ग-रस के रूप में चित्रण हुआ है।

अष्टम विवेक

'मृच्छकटिक' का मूल्याङ्कन

प्रकरण के रूप में—नाट्यशास्त्र के आचार्यों द्वारा निर्देशित नियमों के अनुसार 'मृच्छकटिक' प्रकरण की कोटि में आता है। कथानक कल्पित एवं लौकिक है।

१—मृच्छकटिक,पृ० ५८९।
२— " पृ० ५९३।
३— " पृ० ५९८।
४—मृच्छकटिक . १०।५८।

नायक दरिद्र ब्राह्मण युवक चारुदत्त है जो धीर प्रशान्त है। उसके जीवन मे अनेक विघ्न आते हैं, किन्तु वह धर्म, अर्थ तथा काम मे तत्पर रहता है। प्रकरण की नायिका कुलजा अथवा वेश्या तथा कही दोनो होती हैं। 'मृच्छकटिक' मे दो नायिकायें हैं- चारुदत्त की पत्नी धूता कुलजा है तथा वसन्तसेना वेश्या। प्रधान रस शृगार है। धूर्त द्यूतकार, विट, चेट आदि की योजना के कारण 'सकीर्ण' प्रकरण है। 'मृच्छकटिक' मे दस अक है। 'साहित्यदर्पणकार' विश्वनाथ कविराज के अनुसार प्रकरण का नाम नायक एव नायिका के सम्मिलित नाम पर होना चाहिए जैसे 'मालती-माधवम्' किन्तु 'मृच्छकटिक' का नाम छठे अक मे वर्णित एक विशेष घटना के आधार पर। दशरूपककार धनजय के अनुसार नायक को प्रकरण के प्रत्येक अक मे उपस्थित होना चाहिए किन्तु चारुदत्त 'मृच्छकटिक' के द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठ तथा अष्टम अको मे अनुपस्थित रहता है। भरतमुनि एव धनजय के अनुसार प्रकरण मे कुलजा एव वेश्या दोनो का रगमच पर मिलन नही होना चाहिए किन्तु 'मृच्छकटिक' मे वसन्तसेना और धूता दोनो परस्पर मिलती है और एक दूसरे का स्वागत करती हैं। 'मृच्छकटिक' के निर्माणकाल मे नाट्य सम्बन्धी नियमो को निर्धारित नही किया गया था, अत इनमे ये अनियमिततायें प्राप्त होती है, किन्तु फिर भी सकीर्ण प्रकरण का 'मृच्छकटिक' से उपयुक्त अन्य कोई उदाहरण प्राप्त नही होता।

परिवर्तित वातावरण एवं परम्परा का उल्लघन—'मृच्छकटिक' मे हमे सस्कृत के अन्य रूपको की अपेक्षा एक परिवर्तित वातावरण प्राप्त होता है। शूद्रक ने रूपक साहित्य से सम्बन्धित कुछ परम्पराओ का पालन नही किया है जिससे सस्कृत रूपको मे 'मृच्छकटिक' की एक अद्वितीय स्थिति है। शूद्रक ने अपने प्रकरण के नवीन वातावरण एव कथावस्तु की विशेष स्थिति के सम्बन्ध मे सूत्रधार के माध्यम से स्पष्ट सकेत किया है—'अन्यदिव सविधानक वर्तते—इद नवमिव सविधानकं वर्तते।' उनका यह कथन सर्वथा उचित भी है। 'मृच्छकटिक' सस्कृत साहित्य का सर्वश्रेष्ठ यथार्थवादी प्रकरण है जिसमे पात्र एव घटनाओं को वास्तविक जगत से ग्रहण किया गया है। नाट्यशास्त्र के नियमो के अनुसार रगमच पर वध, शयन, आलिगन आदि के दृश्य वर्जित होते हैं किन्तु इस प्रकरण मे ऐसे दृश्यो की योजना की गई है। 'मृच्छकटिक' मे शकार वसन्तसेना का गला घोट देता है। यद्यपि वह मरती नही है, किन्तु उस समय तो उसकी हत्या हुई ही जान पडती है। प्रकरण मे चारुदत्त तथा विदूषक मच पर ही शयन करते हैं जिससे शर्विलक को आभूषण चुराने का अवसर प्राप्त हो जाता है। दुर्दिन मे वर्षा में भीग कर आई हुई वसन्तसेना का चारुदत्त मंच पर ही आलिगन करता है। रगमच पर युद्ध आदि के दृश्य सर्वथा वर्जित होते हैं किन्तु माथुर और द्यूतकर सवाहक को इतना पीटते हैं कि उसकी नासिका से रक्त प्रवाहित होने लगता है और वह मूच्छित हो जाता है। प्रकरण के

प्रत्येक अक मे नायक को उपस्थित न कर शूद्रक ने परम्परा का उल्लघन किया है। नायक और नायिका के सम्मिलित नाम पर अपने प्रकरण का नामकरण न कर शूद्रक ने स्पष्ट ही परम्परा का पालन नहीं किया है। अन्य रूपकों की परम्परा के विपरीत 'मृच्छकटिक' मे सूत्रधार प्राकृत का प्रयोग करता है। वेश्यायें प्रायः धन के लिए धनिकों से दिखावटी और झूठा प्रेम करती हैं किन्तु इस प्रकरण में एक धनिक गणिका वसन्तसेना निर्धन ब्राह्मण युवक चारुदत्त से उसके गुणों से आकृष्ट होकर सच्चा प्रेम करती है। एक रोचक बात यह और है कि प्राय. प्रेम-व्यापार में प्रेमी-प्रेमिका को प्राप्त करने का प्रयत्न करता है किन्तु इस प्रकरण मे प्रेमिका प्रेम व्यापार मे अधिक सक्रिय है। इनके अतिरिक्त इस प्रकरण के चारुदत्त और शर्विलक जैसे ब्राह्मण वेश्याओ से विवाह करते हैं, ब्राह्मण शर्विलक चोरी करता है तथा चन्दनक और वीरक जैसे शूद्र राज्य के उच्च पदो पर आसीन हैं। इन तथ्यों से यह स्पष्ट है कि रूपक का वातावरण सामान्य रूपकों की अपेक्षा सर्वथा परिवर्तित है तथा रूपक साहित्य के परम्परागत नियमों का भी इनमे पूर्णत. पालन नहीं किया गया है।

एक साहसपूर्ण नवीन प्रयोग—शूद्रक के पूर्व सस्कृत रूपक, समाज के उच्चवर्ग के कुछ विद्वानो एव धनिको के मनोरजन का ही एक साधन, माना जाता था। जन-साधारण विशेष उत्सवो के अवसर पर मन्दिर आदि कुछ सार्वजनिक स्थानो म होने वाले नाटकीय कार्यक्रमो मे ही भाग लेते थे। ऐसे कार्यक्रम बहुत कम होते थे तथा इनका विशेष महत्व नहीं था। अत. नाटककार केवल विद्वानो के द्वारा अपनी कृति की प्रशसा प्राप्त करने को सर्वदा उत्सुक रहते थे। कालिदास ने इस विषय मे स्पष्ट कहा है कि जब तक विद्वान सन्तुष्ट न हो जाएँ तब तक मैं अपने अभिनय कौशल को सफल नहीं समझता—'आ परितोषाद् विदुषा न साधुमन्ये प्रयोगविज्ञानम्'।[1] अत. नाटककार प्रायः अपनी रचनाओं को समाज के उच्च वर्ग के लिए ही लिखते थे। जन-साधारण का बौद्धिक स्तर कुछ निम्न था तथा उनकी रुचि भी भिन्न होती थी अत. प्राय. वे भाण आदि मे मनोरजन प्राप्त करते थे। शूद्रक ने सर्वप्रथम यह एक नवीन एव साहसपूर्ण प्रयोग किया कि वे सस्कृत रूपक का कुछ शिक्षित विद्वानों एव उच्चवर्ग के व्यक्तियों से जन साधारण के समक्ष लाये तथा उन्होंने इसे भी उनके मनोरजन का एक साधन बनाया। अपूर्ण 'चारुदत्त' की कथा को अपनी कल्पना शक्ति से पूर्ण कर उन्होंने उसे उनके मनोरजन योग्य बनाया। इस विषय मे भट महोदय का यह विचार है—

The motive behind this bolt experiment is thus the desire to

१–अभिज्ञान शाकुन्तल, १/२।

take the dignified drama from the select coterie to the masses. For this purpose, Sudrak must have found Bhas's Charudatta a very convenient piece. It Contained the elements which Sudrak wanted to bring on the stage. It was necessary only to improve and elaborate the original at places, and add a few things in between the material already existing.[1]

यथार्थ जीवन पर आधारित —शूद्रक से पूर्व संस्कृत रूपक पुराण, इतिहास आदि पर आधारित रहता था। वास्तविक जीवन की घटनाओं से वह सर्वथा दूर था। प्रायः राजकीय जीवन का उसमें चित्रण रहता था, किन्तु शूद्रक ने सर्वप्रथम संस्कृत रूपक में वास्तविक जीवन के पात्रों एवं घटनाओं का चित्रण किया है। कथानक की विशेषता यह है कि वह किसी साधारण व्यक्ति से सम्बन्धित न होकर मध्यम श्रेणी के एक साधारण व्यक्ति से सम्बद्ध है। इसमें मध्यम वर्ग की दुर्बलताओं का दिग्दर्शन कराया गया है, अतः यह आदर्श की अपेक्षा यथार्थ पर अधिक आधारित है। इस विषय में भी भट महोदय कहते हैं कि—

It is apparently for the first time that a serious, full fledged drama is presented with incidents and characters drawn from real, familiar life and invested with sentiments whose broad appeal to the larger masses was certainty.[2]

सार्वदेशिकता एवं भारतीयता —डा० राइडर महोदय शूद्रक और कालिदास और भवभूति तथा उनके नाटकों के मुख्य पात्रों में अन्तर स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि कालीदास एवं भवभूति हिन्दू नाटककार हैं। 'शाकुन्तल' और 'उत्तर रामचरित' का भारत के अतिरिक्त अन्यत्र कहीं नहीं लिखा जा सकता था। भारतीय नाटककारों में केवल शूद्रक ही सार्वदेशिक नाटककार हैं। शकुन्तला एक हिन्दू कन्या है, माधव एक हिन्दू नायक है, किन्तु संस्थानक, मैत्रेय तथा मदनिका संसार के नागरिक हैं। किन्तु राइडर के इस मत का खंडन करते हुए कीथ कहते हैं कि—

'यह दावा स्वीकार्य नहीं है। मृच्छकटिक अपने पूर्ण रूप में एक ऐसा रूपक है जो भारतीय विचारधारा और जीवन से ओत-प्रोत है। उपर्युक्त तीनों पात्रों में से कोई ऐसा नहीं है जो कालीदास द्वारा उद्भावित कतिपय पात्रों की अपेक्षा अधिक विश्व नागरिक होने का दावा कर सके।'[3]

१–निरेम टु मृच्छकटिक–पृ० ५–६

२–निरेम टु मृच्छकटिक पृ० ५।

३–मृच्छकटिक–भूमिका, पृ० १८–१९

राइडर के मत से करमरकर महोदय भी सहमत नही हैं। उनका विचार है कि मदनिका वसन्तसेना से अधिक सार्वदेशिक नही है। मैत्रेय और सस्थानक भी प्रमुख रूप से हिन्दू हैं। इस विषय मे वे कहते हैं —

It is very difficult to agree with the learned Doctor. The atmosphere in the Mrikshakatic is hardly different from that in the Shakuntala Madanika is no more cosmopolitan than Vasan tsena is Similarly Matrai and Sansthanak are essentially of the same Hindu stuff, breathing the same atmosphere though their actsare rather out of the way Dr Rider has clearly missed the whole point here.[1]

मौलिकता—साहित्य मे मौलिकता का तात्पर्य केवल कथावस्तु की कल्पना से ही नही होता। वस्तुत साहित्यकार की मौलिकता तो कथावस्तु को एक विशेष रूप देने म होती है। साहित्यकार के मस्तिष्क पर जीवन के विविध अनुभवो तथा ससार की अनेक घटनाओ और वस्तुओ का प्रभाव पडता है। वह अनेक कवियो एव लेखको से प्रभावित होता है किन्तु वह अपनी विषय-वस्तु का चित्रण अपने विचारो प्रवृत्तियो तथा धारणाओ के अनुरूप करता है। यह साहित्यकार की मौलिकता होती है। शूद्रक अनेक कवियो एव विशेष रूप से भास से बहुत अधिक प्रभावित हुए हैं। 'मृच्छकटिक' के प्रथम चार अ क तो पूर्णत 'चारुदत्त' की कथावस्तु पर आधारित है, कि इन बातो मे उन्होने अपनी मौलिकता का प्रदर्शन किया है यथा —

(१) उन्होने चारुदत्त तथा वसन्तसेना की प्रणय कथा के साथ आर्यक और पालक से सम्बन्धित राजनीतिक कथा का भी चित्रण किया है। दोनो कथाओ को एक दूसरे से पृथक नही किया जा सकता। नायक और नायिका का भाग्य नगर के राजनीतिक भाग्य से एकात्म हो गया है। इस विषय मे कीथ का यह कथन है —

"लेखक को इस बात की मौलिकता का श्रेय दिया जा सकता है कि उसने राजनैतिक वैदग्ध्य प्रयोग और काम चरित्र का सम्मिश्रण किया है, जिसम रूपक को विशेष महत्व प्रदान किया है।

(२) शूद्रक का चरित्र-चित्रण भी मौलिक है। अनेक पात्र उनकी मौलिक कल्पना शक्ति एव रचनात्मक कला का परिचय देते हैं। भट महोदय का विचार है कि 'मृच्छकटिक' के पात्र सामान्यत सस्कृत नाटको के परम्परागत रगमच के पात्र नही हैं।—

The Characters that move in Mrakshakatic are not to be

१—सस्कृत नाटक—पृ० १३१

easily found on the Conventional stage of the Sanskrit drama.[1]

संस्कृत नाटकों में प्रायः उच्च वर्ग के पात्रों का चित्रण होता है किन्तु मृच्छकटिक में यथार्थ जगत के अनेक सामान्य कोटि के पात्रों का भी चित्रण है जिनकी अपनी व्यक्तिगत विशेषतायें हैं।

(३) 'मृच्छकटिक' के द्वितीय अंक का जुआरियों का दृश्य शूद्रक की मौलिक कल्पना का परिचायक है।

(४) 'मृच्छकटिक' का हास्य भी उनकी मौलिकता को ही प्रकट करता है।

अभिनेयता —संस्कृत काव्य दो प्रकार के होते हैं—दृश्य और श्रव्य। दृश्य काव्य का आनन्द उनका दर्शन करके ही प्राप्त किया जा सकता है। अतः अभिनेयता उनका प्रधान गुण होता है। 'मृच्छकटिक' दृश्य-काव्य के अन्तर्गत आता है।

शूद्रक के समय नाट्य-सिद्धान्त तथा नाट्यकला का पूर्ण विकास नहीं हुआ था। अतः इनमें वध आदि कुछ दृश्य-नियमों के विरुद्ध है, किन्तु इससे इनकी अभिनेयता में कोई प्रभाव नहीं पड़ता। वध के विषय में यह ध्यान रखना चाहिये कि शूद्रक ने केवल पापियों का वध ही मंच पर दिखाया है, जिसका प्रेक्षकों पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। यत्र तत्र तथा कुछ अमूर्त पदार्थ मंच पर आकर मानव के सदृश व्यवहार करते हैं। यदि इनकी सूचना मात्र ही दे दी जाती तो अधिक अच्छा था।

रूपक की अभिनेयता के लिए आवश्यक है कि उसका कथानक अधिक विस्तृत न हो, संवाद छोटे हों तथा उसके दृश्यों का विभाजन रंगमंच के अनुकूल हो। इन दृष्टियों से मृच्छकटिक पर विचार करते हैं तो यह निष्कर्ष निकलता है—'मृच्छकटिक' की कथावस्तु आवश्यकता से अधिक विस्तृत है तथा उसका अभिनय एक ही बैठक में नहीं किया जा सकता। प्रकरण में गतिशीलता है किन्तु कथानक पूर्णतः संश्लिष्ट नहीं है। चतुर्थ में विदूषक वसन्तसेना के भवन का विस्तृत वर्णन करता है जो अभिनेयता की दृष्टि से अनावश्यक है। पंचम अंक का वर्षा-वर्णन भी अधिक विस्तृत है। द्वितीय अंक में संवाहक भिक्षु होने का निश्चय करके वसन्तसेना के भवन से बाहर निकलता है तथा तुरन्त ही कर्णपूरक द्वारा भिक्षु वेष में उसकी वसन्तसेना के हाथों से रक्षा की जाती है। अष्टम अंक के अन्त में शकार पुष्पकरण्डक उद्यान से यह कहकर बाहर जाता है—'साम्प्रतं अधिकरणं गत्वा व्यवहारं लेखयामि' किन्तु वह न्यायालय दूसरे दिन जाता है। नवम अंक में वसन्तसेना से प्रेम के विषय में न्यायाधीशों द्वारा बार बार पूछे जाने पर भी चारुदत्त मौन रहता है। कुछ स्थलों

१– दि मेन ट्र मृच्छकटिक पृ० ८।

पर सवाद आवश्यकता से कुछ अधिक विस्तृत हो गय हैं। प्रथम अक के अन्त मे चारुदत्त वसन्तसेना को पहुँचान उसके घर जाता है. किन्तु लम्बे मार्ग में कोई कथोपकथन नही होता। प्रकरण म दृश्या का उचित विभाजन नही है। एक समय में ही अनेक दृश्यो की योजना है। उदाहरण मे लिए प्रथम अक में चारुदत्त के घर का दृश्य तथा शकार और विट के द्वारा पीछा की जाती हुई वसन्तसेना का राजमार्ग का दृश्य दोनो एक समय में ही रगमच पर दिखाये जाते हैं। प्रकरण की कथा अत्यन्त रोचक है। अभिनेयता सम्बन्धी कुछ दोषो का निराकरण करके उसे रगमच के अधिक उपयुक्त बनाया जा सकता है। दृश्य विभाजन के क्रम मे कुछ परिवर्तन करके उसे अभिनय के अधिक अनुकूल बनाया जा सकता है। विस्तृत वर्णन से सम्बन्धित स्थलो को हटाया जा सकता है विशाल रगमच का निर्माण करक कुछ ऐसी भी व्यवस्था की जा सकती है कि एक साथ कई दृश्यो को दिखाया जा सके प्रकरण के सवाद ता प्राय अभिनय के अनुकूल ही हैं। भाषा भी रगमच के उपयुक्त है। कार्य-व्यापार मे गतिशीलता है। पात्रो की वेशभूषा आदि का उचित निर्देश किया जा सकता है। कुछ उचित परिवर्तन करके कथावस्तु को आधुनिक रगमच पर अभिनय के अधिक योग्य बनाया जा सकता है।

पात्रो की विविधता—शूद्रक की रचनाओं की एक मुख्य विशेषता उनके पात्रों की विविधता है। इस विषय म शूद्रक भास के ऋणी हैं। कीथ का स्पष्ट मत है कि—'इस रूपक के पात्रो की विविधता निर्विवाद रूप से प्रशसनीय है, परन्तु उसका आशिक श्रेय भास का है, उनके उत्तरवर्ती शूद्रक को नही।'[1] पात्र अपना निजी व्यक्तित्व लेकर उपस्थित होते है। वे प्रतिनिधि पात्र नही होते। इस विषय मे शूद्रक की तुलना शेक्सपियर से भी की जा सकती है। राइडर महोदय के अनुसार भी पात्रो का वैविध्य 'मृच्छकटिक' की एक प्रमुख विशेषता है। 'मृच्छकटिक' म जुआरियों का दृश्य तथा राजनीतिक उप कथानक है तथा चारुदत्त एव वसन्तसेना के प्रेम से सम्बन्धित मुख्य कथानक भी पूर्ण है, अत उसमे द्यूतकर, माथुर, दर्दुरक आर्यक, पालक, चन्दनक, वीरक, अधिकरणिक, श्रेष्ठि, कायस्थ, शोधनक, तथा चाण्डाल आदि पात्र 'चारुदत्त' से अधिक हैं।

प्रेम एव राजनीति युक्त कथानक—शूद्रक ने भास के 'चारुदत्त' के प्रणय सम्बन्धी कथानक मे गोपालदारक आर्यक तथा पालक के राजनैतिक उप कथानक का बडा गौरवपूर्ण सामजस्य स्थापित किया है। अत 'मृच्छकटिक' का महत्व बढ गया है। इस विषय मे कीथ स्पष्ट कहते हैं -'लेखक की इस बात की मौलिकता का श्रेय दिया जा सकता है कि उसने राजनैतिक वैदग्ध प्रयोग और कामचरित्र का सम्मिश्रण किया है, जिसने रूपक का विशेष महत्व प्रदान किया है।'[2]

---

१ —संस्कृत नाटक—पृ० १३८। २—संस्कृत नाटक—पृ० १३१।

वस्तुत प्रेम और राजनीति के इस समिश्रण से 'मृच्छकटिक' का कथानक अत्यधिक विस्तृत हो गया है । इसका विभाजन दस अंको मे किया गया है तथा केवल सप्तम अक को छोडकर अन्य सबमे कई-कई दृश्य है । वस्तुत 'मृच्छकटिक' मे दो नाटको की कथावस्तु है । राइडर महोदय का इस विषय मे यह कथन है:—

obviously, it is too long indeed, we have in the little playcart the material for two play.

वस्तुत: 'मृच्छकटिक' एक जन-काव्य है जिसमे प्रेम अपनी पराकाष्ठा पर पहुँच गया है । इसमे निश्छल एव निस्वार्थ प्रेम का चित्रण किया गया है । इसका प्रेम वास्तविक और रचनात्मक है । बसन्त सेना एक गणिका होते हुए भी निर्धन किन्तु गुणी ब्राह्मण युवक चारुदत्त से निष्कपट एव वास्तविक प्रेम करती है । ब्राह्मणी धूता एक पतिव्रता भारतीय नारी है, जो पति के यश की रक्षा के लिए अपनी बहुमूल्य रत्नावली का भी बलिदान कर देती है । मदनिका अपनी स्वामिनी वसन्त सेना से इतना प्रेम करती है कि वह अपनी दासता से मुक्ति के लिए प्राप्त एकमात्र अवसर को भी खोने को प्रस्तुत है । विदूषक अपने परम मित्र 'चारुदत्त' के लिए अपना जीवन भी बलिदान करने को प्रस्तुत है । चारुदत्त का पुत्र रोहसेन अपने पिता की जीवन रक्षा के लिए अपने प्राण भी प्रस्तुत करना चाहता है । शर्विलक अपने मित्र आर्यक की प्राण रक्षा के लिए अपनी नव-विवाहिता पत्नी को भी छोडकर चला जाता है । अत जागीरदार महोदय के अनुसार 'मृच्छकटिक' एक प्रेम प्रधान कथा न होकर साक्षात् प्रेम की ही कथा है । इस रचनात्मक प्रेम के सम्पर्क मे जो भी आता है, उसे जीवन दायिनी शक्ति प्राप्त होती है । वस्तुत वह एक प्रेम-प्रधान समाज का निर्माण करता है । इस विषय मे वे कहते है '—

But the Mrakshakatic, as said above, is not a love,story but a story of love This love is all creative It creates itself before it creates all Whatever it touches it Vitalises and is ever vitalizing It builds a home, is sets up a society

गतिशीलता—प्रकरण का कथानक घटनाओ के सघात से पूर्ण है । कथानक अनेक घटनाओ के मध्य सचरित होकर भी अपनी गतिशीलता की रक्षा करता है । प्रकरणकारो ने रस-सिद्धि एव भाव-व्यजना के लिए वर्णन विस्तार का प्राय. परिहार ही किया है किन्तु दो स्थल ऐसे हैं जहाँ वर्णन विस्तार के कारण गतिशीलता मे बाधा पहुँचती है । ये स्थल हैं बसन्त सेना के भवन के आठ प्रकोष्ठो का वर्णन तथा वसन्त सेना के अभिसार के समय वर्षा वर्णन । काव्यात्मकता की दृष्टि से तो ये स्थल बहुत सुन्दर हैं किन्तु इनसे गत्यात्मकता मे व्यवधान ही उपस्थित होता है । कथानक

(१) ड्रामा इन सस्कृत लिट्रेचर पेज १०७ ।

सवादा की अपेक्षा कार्य व्यापार स ही अधिक गतिशीलता प्राप्त करता है।

घटनाओं की विविधता—'मृच्छकटिक' की एक विशेषता है, उसकी घटनाओ की विविधता। दुष्ट शकार एव विट के द्वारा वसन्तसेना का अनुसरण, नायक, नायिका का प्रेम-व्यापार, गणिका, दासी मदनिका एव ब्राह्मण शर्विलक का विवाह, रात्रि म सेंध लगा कर चोरी, दुष्ट हाथी से भिक्षु की जीवन रक्षा, जुआरियो का राजमार्ग पर झगडा, वसन्त सेना का वर्षा म अभिसरण, आयक का कारागृह से भागना, गाडियो की अदलाबदली, नगर-रक्षको का परस्पर झगडना, शकार के द्वारा वसन्तसेना का निर्दयतापूर्वक गला घाटना, न्यायालय का कारुणिक दृश्य, चारुदत्त को वधस्थल ले जाया जाना, राज्यक्रान्ति, चारुदत्त एव धूता की प्राणरक्षा आदि कुछ घटनायें एसी हैं जो केवल मृच्छकटिक म हैं अन्य रूपको म अप्राप्त हैं।

नाटकीय महत्व की घटनायें तथा अर्थोपक्षेपको का अभाव—'मृच्छकटिक' की एक विशेषता यह है कि इनम अर्थोपक्षेपका का अभाव है। प्रवेशक तथा विष्कम्भक का तो पूर्ण अभाव है, चूलिका यत्र-तत्र प्राप्त होती है। शूद्रक न केवल अत्यधिक नाटकीय महत्व की घटनाओ को ही कथावस्तु के विकास के लिए चुना है तथा अनावश्यक एव महत्वहीन घटनाआ का सर्वथा परिहार किया है। वस्तुत अर्थोपक्षेपक दो अका के मध्य सूच्य वस्तु की सूचना दन के लिए हाता है जिसका रगमच पर अभिनय नही होता किन्तु कथावस्तु के विकास के लिए उसका ज्ञान परमावश्यक होता है। शूद्रक ने ऐसी समस्त आवश्यक घटनाओ को या तो रगमच पर अभिनीत करा दिया है अथवा उनका सकेत कर दिया है। अत अर्थोपक्षेका की आवश्यकता ही नहीं है। इस विषय म डा० दवस्थली का यह स्पष्ट मत है —

Sudrak has chosen only such events as are of high dramatic significance and avoided altogether everything dry and insipid with the result that the Mrakshakatic has no interludes at all Whatever incidents are necessary have been actually represented on the stage or in some cases hinted at in the actual scenes without having recourse to interludes [1]

छोटी वस्तुओं एव घटनाओ का प्रभावोत्पादक प्रयोग—इसम छाटी एव महत्वहीन प्रतीत होने वाली वस्तुओ का नाटकीय दृष्टि स बडा प्रभावोत्पादक एव सफल प्रयाग किया गया है। जाती कुसुमवासित प्रावारक, सुवर्णाभूषण तथा रत्नावली आदि वस्तुआ का कथानक के विकास म बडा महत्व है। अपन मित्र जूर्णवृद्ध स उपहार म प्राप्त प्रावारक का चारुदत्त रदनिका क धाखे स वसन्त सेना का दे दता

---

(१) इन्ट्रोडक्शन टु दि स्टडी आफ मृच्छकटिक, पृ० ११५।

है। प्रावारक की सुगन्ध चारुदत्त के प्रति वसन्तसेना से आकर्षण को बढा देती है। इस प्रावारक को चारुदत्त कर्णपूरक को एक उन्मत्त हाथी से भिक्षु की जीवन रक्षा करने के कारण उसकी वीरता से प्रभावित होकर दे देता है। यह चारुदत्त की दानशीलता को प्रकट करता है। इस प्रावारक को वसन्त सेना ले लेती है,जो चारुदत्त के प्रति उसके प्रगाढ प्रेम का द्योतक है। सुवर्णाभूषणो की चोरी के पश्चात् धूता अपनी मातृगृह से प्राप्त बहुमूल्य रत्नावली को चारुदत्त के समीप भेज देती है, जिसे वह आभूषणो के स्थान पर वसन्त सेना को भिजवा देता है। धूता का यह बलिदान वस्तुत उसकी पति-भक्ति का द्योतक है। इसी प्रकार यह चारुदत्त की सदाशयता एव ईमादारी का भी प्रतीक है इसके अतिरिक्त यह चारुदत्त के समीप आने के लिए वसन्तसेना को एक अवसर भी प्रदान करती है और चारुदत्त के प्रति उसके प्रेम को द्विगुणित कर देती है। सुवणाभूषण दो प्रकार का कार्य करते हैं। प्रथम पाँच अको मे तो वे वसन्त सेना और चारुदत्त को मिलन के अवसर प्रदान करते हैं तथा उनके परस्पर प्रेम को दृढ करते हैं किन्तु षष्ठ अक मे वे रोहसेन द्वारा वसन्तसेना को माता रूप मे स्वीकार करने मे बाधक हो जाते है। सुवर्णशकटिका बनवाने के लिए वसत सेना उन्हे रोहसेन को दे देती है किन्तु चारुदत्त द्वारा विदूषक से उन्हें वसन्त सेना को वापस करने को दिये जाने पर तथा न्यायालय मे विदूषक की बगल मे गिर जाने पर वे वह प्रमाणित करने मे सहायक होते है कि चारुदत्त ने इनके लिए ही वसन्तसेना की हत्या की। परिणामस्वरूप चारुदत्त को मृत्युदण्ड दे दिया जाता है।

प्रकरण के द्वितीय अक मे वसन्त सेना सवाहक को ऋण-मुक्त करके उसकी जुआरियो से रक्षा करती है तथा इसके बदले मे अष्टम अक मे भिक्षु-वेशधारी सवाहक के द्वारा उसकी प्राण रक्षा की जाती है। प्रवहण-विपर्यय की घटना का कथानक के विकास मे अत्यधिक महत्व है। शर्विलक से सम्बन्धित घटना प्रकरण के मुख्य कथानक तथा राजनैतिक उपकथानक को परस्पर जोडती है। इसी प्रकार तेज वर्षा से पुष्पकरण्डक उद्यान मे एक वृक्ष के गिरने से किसी स्त्री का दब जाना, चन्दनक के द्वारा वीरक की पीटा जाना तथा उसका न्यायालय मे आना और न्यायाधीश की आज्ञा से पुष्पकरण्डक उद्यान जाकर उस अज्ञात मृत स्त्री को वसन्त सेना मान कर साक्षी देना आदि घटनाओ का भी कथानक के विकास मे बडा महत्वपूर्ण योगदान है।

गम्भीर एव हास्य प्रधान अथवा शान्त एव अशान्त दृश्यों का क्रमश प्रयोग — इसमे गम्भीर एव साधारण अथवा हास्य प्रधान तथा शान्ति पूर्ण एव अशान्ति पूर्ण दृश्यो का एक के बाद एक के रूप मे प्रयोग किया गया है। उदाहरण के लिए प्रथम

अक मे चारुदत्त एव विदूषक के निर्धनता सम्बन्धी वार्तालाप के पश्चात् शकार और विट के द्वारा पीछा की जाती हुई वसन्तसेना का दृश्य, द्वितीय अक मे वसन्तसेना और मदनिका के वार्तालाप के पश्चात् सवाहक, माथुर, द्यूतकर तथा दर्दुरक का दृश्य। तृतीय अक मे चारुदत्त और विदूषक के सगीत गोष्ठी से आने और सोने के पश्चात् शर्विलक के सेंध लगाने का दृश्य। चतुर्थ अक मे शर्विलक एव मदनिका के विदा के दृश्य के पश्चात् राज्य क्रान्ति की घोषणा का दृश्य। अष्टम अक मे बौद्ध भिक्षु के पुष्पकरण्डक उद्यान मे प्रवेश करने के पश्चात् शकार द्वारा वसन्तसेना के गला घोटने का दृश्य। इसी प्रकार अन्य अकों मे भी दृश्यो का ऐसा ही क्रम दृष्टि-गोचर होता है। इन परस्पर विरोधी वातावरण को प्रदर्शित करने वाले दृश्यो के समान ही परस्पर विरोधी गुणो वाले पात्रो का भी चित्रण किया गया है जैसे :—चारुदत्त एव शकार, दर्दुरक एव सवाहक, वीरक एव चन्दनक तथा शकार एव विट।

यथार्थवादी प्रकरण—मृच्छकटिक यथार्थवादी प्रकरण है। इसकी कथावस्तु मध्यम वर्ग से चुनी गई है। इससे पूर्व सस्कृत रूपकों मे प्राय राजाओं की कथा ही मुख्य कथानक के रूप मे चित्रित होती थी किन्तु यहाँ सर्व प्रथम कथावस्तु को यथार्थ जगत् से चुना गया है। इस विषय से डा० भोलाशकर व्यास का यह स्पष्ट मत है कि—'मृच्छकटिक की सबसे बडी विशेषता यह है कि इस रूपक मे सस्कृत नाटक-साहित्य सर्व प्रथम राजाओ की कथा को छोडकर मध्यवर्ग से कथावस्तु को चुनता है। उज्जयिनी के मध्यवर्ग-समाज की दैनन्दिन चर्या को रूपक का आधार बनाकर कवि ने इसे अत्यधिक स्वाभाविकता दे दी है। मृच्छकटिक सस्कृत का एकमात्र यथार्थ-वादी नाटक है। कालिदास और भवभूति मे हमे काव्य और भावना का उदात्त वातावरण मिलता है, जबकि मृच्छकटिक मे जीवन की कठोर वास्तविकता के दर्शन होते हैं।'[1]

'मृच्छकटिक' मे हमे उज्जयिनी के मध्यवर्ग के जीवन का यथार्थ एव स्वाभाविक वर्णन प्राप्त होता है। इसमे चोर, जुआरी, धूर्त, गणिका, विट, चेट, राज्य-कर्मचारी भिक्षु, पतिव्रता पत्नी, तथा उदार एव निर्धन ब्राह्मण आदि का चित्रण किया गया है। ये सब देव अथवा दानव नहीं, अपितु इस लोक के ही प्राणी हैं। उनका आचार व्यवहार, सुख-दुख, रुचि-अरुचि आदि साधारण व्यक्ति के समान ही है। वे अपने स्तर के अनुरूप लोक-भाषा का ही व्यवहार करते हैं। 'मृच्छकटिक' की यथार्थवादी प्रवृत्ति एव वातावरण के विषय मे अपने विचार प्रकट करते हुए भट महोदय कहते हैं—

१-प्रिफेस टु मृच्छकटिक—पेज १४।

The whole atmosphere of the play is filled with such realistic suggestions and draft touches that it almost looks like a slice-cut from real life

इसके अतिरिक्त शकार और विट के द्वारा वसन्तसेना का पीछा, शर्विलक द्वारा चोरी, न्यायालय का दृश्य तथा राज्य क्रान्ति आदि घटनायें भी इसके यथार्थवादी वातावरण का ही संकेत करती हैं।

तत्कालीन दशा—नाटककार कवि अथवा साहित्यकार अपने युग का प्रतिनिधि होता है। अपने युग की विभिन्न अवस्थाओं को वह अपनी लेखनी द्वारा प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप मे अभिव्यक्त करता है। 'मृच्छकटिक' भी तत्कालीन राजनैतिक सामाजिक तथा धार्मिक दशाओ पर प्रकाश डालते है। राजनैतिक उपकथानक, जुआरियो का दृश्य, न्यायालय का दृश्य तथा विशाल आकार होने से 'मृच्छकटिक' इन दशाओ पर अधिक विस्तार से प्रकाश डालता है।

उस समय देश मे राजनैतिक अस्थिरता थी। राज्य क्रान्तियो से राज्य परिवतन प्राय. होते रहते थे। इस विषय मे जागीरदार महोदय का यह विचार है—

Political revolutions, however, seem to have been such simple affairs in those days as to occur any and every day It was as easy perhaps to occupy a throne in those days as it is for any bully in these days, to occupy a real in third class railway-compartment[1]

राजा नैतिक आदर्श से च्युत हो गये थे। उनकी विलासिता एव अदूरदर्शिता के कारण देश मे अराजकता फैली थी। उनके सम्बन्धी भी प्रजा पर अत्याचार करते थे। राज्य कर्मचारी परस्पर ईर्ष्या-द्वेष रखते थे। राजा के प्रति षड्यन्त्र होते रहते थे। न्याय का अन्तिम निर्णय राजा ही करता था। न्याय-व्यवस्था दोषपूर्ण थी। निरपराध व्यक्तियो को प्राणदण्ड तक दिया जा सकता था। ब्राह्मणो को प्राय प्राणदण्ड निषिद्ध था।

तत्कालीन सामाजिक दशा भी श्लाघ्य नही थी। ब्राह्मणो का सम्मान होता था। वे व्यापार भी करते थे। विदेशो से व्यापार होता था। बहु विवाह प्रथा थी। असवर्ण विवाह भी होते थे। सती प्रथा प्रचलित थी। गणिकाओ को कुलवधू का पद भी दिया जा सकता था। उस समय जुयें की प्रथा भी थी। जुआरियो के अपने नियम होते थे। दास प्रथा प्रचलित थी। धन देकर उन्हें दासता से मुक्त भी किया जा सकता था। आर्थिक रूप से देश समृद्ध था। सुवर्ण की प्रचुरता थी। वेश्यायें बहुत सम्पन्न थीं। रात्रि म राजमार्गो पर चलना सुरक्षित नही था। नाट्य-

१–ड्रामा इन संस्कृत लिट्रेचर—पृ० १०१।

कला, संगीतकला, चित्रकला, मूर्तिकला उन्नत अवस्था मे थी। यहाँ तक कि चोरी भी एक कला थी।

वैदिक धर्म तथा बौद्ध धर्म दोनो का प्रचार था। यज्ञ, देव पूजा, बलि उपवास आदि पर लोग विश्वास करते थे। भिक्षु प्रायः सयमी होते थे। भिक्षुणियाँ भी विहारो मे निवास करती थी। प्रायः लोग अपशकुनो पर विश्वास करते थे। चाण्डाल और चोर भी अपने देवी-देवताओं पर विश्वास करते थे।

प्रकृति वर्णन—प्रकरण मे हमे प्रकृति का स्वतंत्र रूप दृष्टिगोचर नही होता। इनमे प्रकृति वर्णन का प्रायः अभाव ही है। प्रथम अक के अन्तिम श्लोक मे चन्दोदय तथा तृतीय अक के तीसरे श्लोक मे चन्द्रमा के अस्त होने के वर्णन के अतिरिक्त भी कुछ ऐसे स्थल हैं जिनमे शूद्रक ने प्रकृति का चित्रण किया है। इसमे पचम अक का वर्षा वर्णन तथा अष्टम अक के पुष्प करण्डक उद्यान का वर्णन विशेष महत्वपूर्ण है। कुछ आलोचको का विचार है कि शूद्रक ने जान-बूझ कर प्रकृति वर्णन के इन प्राप्य अवसरों का लाभ नही उठाया है किन्तु वास्तविकता यह है कि शूद्रक की दृष्टि विशेष रूप से नाटकीयता पर केन्द्रित रही है। प्रकृति वर्णन के विस्तार से प्रकरण की स्वाभाविक गति मे शिथिलता उत्पन्न हो जाती है। इन स्थलों पर कवि की प्रतिभा के कारण कवित्व जनित रस की धारा तो अवश्य प्रवाहित होने लगी है किन्तु उनमे नाट्यकला सम्बन्धी शिथिलता आ गई है। शूद्रक ने इन वर्णनो से यह सिद्ध कर दिया है कि उनके हृदय मे भी प्रकृति के प्रति अनुराग है तथा अपनी रचनाओं मे वे उसके वर्णन के प्रति उदासीन नही हैं।

भाषा शैली—भाषा शैली सरल एव रोचक है। वह नाट्य के सर्वथा अनुकूल है। प्रकरण मे प्रायः समास प्रधान भाषा को नही अपनाया गया है शूद्रक की शैली मे स्वाभाविक सरलता विद्यमान है। कीथ का यह स्पष्ट मत है कि रूपक (मृच्छकटिक) की सापेक्ष सरलता का श्रेय भी उन्ही (भास) को मिलना चाहिये। कालिदास की शैली मे शूद्रक की अपेक्षा कुछ जटिलता पाई जाती है तथा भवभूति की शैली मे इसकी मात्रा और अधिक है।[1] प्रकरण की शैली मे वैदर्भी रीति का प्रयोग किया गया है। नाट्यकार ने कृत्रिमता का समावेश करके शैली को दुरूह नही बनाया है। माधुर्य एव प्रसाद गुण की प्रचुरता है। शब्द योजना पात्रानुकूल है। शूद्रक ने कुछ विशेष स्थलो पर नीतिपरक वाक्यावली का प्रयोग किया है। अतः स्वभावतः अनेक स्मरणीय सूक्तियो से 'मृच्छकटिक' सुशोभित है। कुछ स्थलों पर तो सम्पूर्ण पद्य ही सूक्तिमय हो उठे हैं। ऐसे सूक्तिमय पद्यो मे कहीं तो जीवन को सफल बनाने के लिए शिक्षायें दी गयी हैं, कही आदर्श की उदात्त भावनायें हैं तथा

१–प्रिफेस टु मृच्छकटिक—पृ० १४।

कहीं काव्य सौन्दय है। भाषा में कुछ अपाणिनीय प्रयोग प्राप्त होते हैं। 'शूद्रक' की कल्पनायें भी अधिक कोमल और सुकुमार हैं। वसन्तसेना के भवन के आठ प्रकोष्ठों के वर्णन में अवश्य समास प्रधान एवं क्लिष्ट भाषा का प्रयोग किया गया है, अन्यथा अन्यत्र भाषा सरल, सरस एवं मधुर ही है।

प्राकृत की दृष्टि से तो सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रकरण है जितनी प्रकार की प्राकृतों का प्रयोग इसमें किया गया है, उतना किसी अन्य रूपक में नहीं। शौरसेनी, अवन्तिका, मागधी, प्राच्या, शकारी, चाण्डाली तथा ढक्की इन सात प्रकार की प्राकृतों अथवा अपभ्रंशों का प्रयोग इसमें किया गया है। पात्र नाट्यशास्त्र के नियमों एवं अपनी स्थिति के अनुसार प्राकृत का प्रयोग करते हैं।

संवाद सरल और संक्षिप्त हैं उनमें वाग्विदग्धता तथा व्यंग्य का भी दर्शन प्राप्त होता है। ये संवाद पात्रों की स्थिति के सर्वथा अनुकूल होते हैं तथा उनकी चरित्रगत विशेषताओं एवं स्वभाव पर भी प्रकाश डालते हैं। ये संवाद स्वाभाविक हैं तथा उनमें अनेक सूक्तियों का प्रयोग किया गया है।

शूद्रक के इस प्रकरण में स्वाभाविक ढंग से अनेक अलंकार आ गये हैं। किसी भी स्थल पर बलपूर्वक अलंकारों को लादा नहीं गया है। प्रकरणकार ने जान-बूझकर अपनी भाषा को अनावश्यक, अवांछित एवं अस्वाभाविक अलंकारों से अलङ्कृत करने का प्रयत्न नहीं किया है। ये अलंकार अर्थ-सौन्दर्य की वृद्धि में सर्वत्र सहायक हैं। उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक आदि साम्यमूलक अलंकारों के अतिरिक्त अर्थान्तरन्यास, दृष्टान्त, अन्योक्ति अप्रस्तुत प्रशंसा, काव्यलिंग तथा समासोक्ति आदि अलंकार शूद्रक को प्रिय हैं।

प्रकरण में शूद्रक ने अनेक छन्दों का बड़ा सफल प्रयोग किया है। अनुष्टुप्, वसन्ततिलका, शार्दूलविक्रीडित तथा उपजाति विशेष प्रिय हैं, इनके अतिरिक्त इन्द्रवज्रा, उपेन्द्र वज्रा, वंशस्थ, मालिनी, पुष्पिताग्रा, आर्या, प्रहर्षिणी, शिखरिणी, स्रग्धरा आदि छन्दों का भी प्रकरण में सफल प्रयोग किया गया है।

भारतीय नाट्यशास्त्र के नियमों के अनुसार रस रूपक का मुख्य तत्व है। प्रधान कथानक चारुदत्त एवं वसन्तसेना के प्रणय से सम्बन्धित है, अतः शृंगार इसका प्रधान रस है, अन्य रस गौण हैं। शृंगार के संभोग एवं विप्रलम्भ दोनों पक्षों का इनमें चित्रण है। चारुदत्त के दारिद्र्य वर्णन, संवाहक के भूमिपतन, द्यूत तथा वसन्तसेना की मूर्च्छा की घटना में करुण रस का चित्रण है। चारुदत्त की मृत्युदण्ड की घोषणा तथा रोहसेन और मैत्रेय के रुदन तो करुण में रस की पराकाष्ठा ही है। हास्य रस की दृष्टि से संस्कृत साहित्य का सर्वश्रेष्ठ रूपक है। हास्य की व्यंजना मुख्य रूप से चार प्रकार से की गई है—विनोदी पात्रों द्वारा, विनोदपूर्ण परिस्थितियों द्वारा व्यंग्योक्तियों द्वारा तथा विचित्र प्रश्नोत्तरों द्वारा। इनके अतिरिक्त भयानक

तथा अद्‌भुत अलकार रूपक मे प्राप्त होते है किन्तु वीभत्स एव शान्त 'मृच्छकटिक' मे ही। 'मृच्छकटिक' मे प्राय समस्त नव रसो की अभिव्यजना होती है।

नाट्यकला एव नाटकीय सविधान—नाट्यकला की दृष्टि से 'मृच्छकटिक' नि सदेह सफल प्रकरण है। मृच्छकटिक' का वस्तु विन्यास पौर्वत्य नाट्य कला के साथ पाश्चात्य नाट्य कला के भी अनुरूप है। इसकी गतिशीलता पाश्चात्य नाट्य साहित्य की कौमेडी के सदृश मनोरजक है। पाश्चात्य नाटक समीक्षा के अनुसार नाटक की कथा के विकास के पाच भाग होते है—आरम्भ, आरोह, केन्द्र, अवरोह तथा परिणाम। कथानक मे पाचो भाग स्पष्ट रूप से प्राप्त होते है। नाट्यशास्त्र की दृष्टि से सफल रूपक के लिए आवश्यक पाच अर्थ-प्रकृतियो, पाँच कार्यावस्थाओं एवं पाच सधियो का भी 'मृच्छकटिक' मे समुचित समावेश है। कथानक रोचक है, उसमें घटनाओ का धात-प्रतिघात तथा नाट्य-नियमो का निर्वाह परिलक्षित होता है। कुछ स्थलो पर वर्णन प्रचुरता प्राप्त होती है जो प्रकरण की स्वाभाविक गतिशीलता म व्यतिक्रम उत्पन्न करती है। किन्तु ऐसे स्थल बहुत कम हैं। प्रकरण के कुछ अको मे दृश्यो की विविधता प्राप्त होती है, जिससे अभिनय की दृष्टि से रगमच पर व्यवस्था करने मे कुछ असुविधा होती है।

कुछ आलोचको का विचार है कि 'मृच्छकटिक' ग्रीक नाटको के सविधान से प्रभावित हैं तथा शकार एव उसकी बहन जो राजा पालक की रखैल है, दोनो यूनानी पात्र हैं। यह सम्भव है कि इस प्रकरण की रचना करते समय शूद्रक का ध्यान ग्रीक नाटको पर रहा हो। जहाँ तक अन्विति-त्रय का प्रश्न है, शूद्रक ने कार्यान्विति का स्वाभाविक रूप से सफल निर्वाह किया है। ग्रीक नाटकों के नियमो के पालन की दृष्टि से नही। समय एव स्थान की अन्वितियो का भी सस्कृत नाट्य नियमो के अनुसार पालन किया गया है।

'मृच्छकटिक' सकीर्ण प्रकरण है। शृगार रस प्रधान होने से इसम कैशिकी वृत्ति है। यह प्रकरण नायक प्रधान न होकर नायिका प्रधान है। इनका नायक धीर प्रशान्त एव नायिका गणिका है। इनके पात्र दिव्य अथवा अर्धदिव्य नही, अपितु इस लोक के ही मध्यमवर्ग के पात्र है। वे व्यक्ति हैं प्रतिनिधि नही। चारुदत्त तथा वसन्तसेना के प्रणय सम्बन्धी मुख्य कथानक तथा राजनैतिक उप-कथानक के अतिरिक्त शर्विलक-मदनिका प्रणय सम्बन्धी कथा भी है।

रचना सविधान की दृष्टि से 'मृच्छकटिक' म नान्दी-पाठ है। 'मृच्छकटिक' म आमुख है। कवि शूद्रक का परिचय है। चूलिका के अतिरिक्त अन्य अर्थोपक्षेक प्रकरण मे प्राप्त नही होते। पताका स्थानको का प्रकरण मे उचित प्रयोग किया गया है। 'मृच्छकटिक' के प्रत्येक अ क का शूद्रक ने विशेष घटनाओ अथवा पात्रो के आधार

पर नामकरण किया है। 'मृच्छकटिक' मे भरत वाक्य है। अभिनेयता एव सरलता सब का प्रधान गुण है। कही भी वर्णन की अधिकता नही है और न कही कथावस्तु का अनावश्यक विस्तार है। सवाद सक्षिप्त, सरल एव स्वाभाविक है। नाटकीय दृष्टि से उनके सभी व्यवस्थित एव सुसघटित हैं। शूद्रक की नाट्यकला वस्तुत श्लाघनीय एव नाटकीय रचना सविधान स्पृहरणीय है।

———

॥ अथ ॥

मृच्छकटिकम्

प्रथमोऽङ्कः

पर्यङ्कग्रन्थिबन्ध द्विगुणितभुजगाश्लेषसंवीतजानो—
रन्तःप्राणावरोधव्युपरतसकलज्ञानरुद्धेन्द्रियस्य ।
आत्मन्यात्मानमेव व्यपगतकरणं पश्यतस्तत्त्वदृष्ट्या
शम्भोर्वः पातु शून्येक्षणघटितलयब्रह्मलग्नः समाधिः ॥१॥

अन्वय —पर्यङ्कग्रन्थिबन्धद्विगुणितभुजगाश्लेषसंवीत जानो, अन्तः प्राणावरोध-व्युपरत सकलज्ञानरुद्धेन्द्रियस्य, तत्त्वदृष्ट्या, आत्मनि, व्यपगतकरणम्, आत्मानम्, एव, पश्यतः, शम्भोः, शून्येक्षणघटितलयब्रह्मलग्नः, समाधिः, वः, पातु ॥१॥

पदार्थ —पर्यङ्कग्रन्थिबन्धद्विगुणितभुजगाश्लेषसंवीत जानो =पर्यङ्क नाम वाले योगासन विशेष के लिए सन्धिस्थल पर गाँठ बाधने मे द्विगुणित सर्प के लिपटने से बँधे हुये घुटनो वाले, अन्तः प्राणावरोध व्युपरतसकलज्ञानरुद्धेन्द्रियस्य=भीतर ही प्राणवायु को रोक देने से सम्पूर्ण ज्ञान के विश्रान्त हो जाने से संयत इन्द्रियों वाले, तत्त्वदृष्ट्या=यथार्थ ज्ञान रूपी दृष्टि से, आत्मनि=अपने अन्दर, व्यपगतकरणम्= इन्द्रिय व्यापारनिरोधपूर्वक, आत्मानम्=परमात्मा को, एव=ही, पश्यतः=देखने वाले, शम्भोः=शंकर की, शून्येक्षणघटितलयब्रह्मलग्नः=निराकार के दर्शन से होने वाली एकाग्रता के कारण ब्रह्म मे लगी हुई, समाधिः=तल्लीनता, वः=आप लोगो की, पातु=रक्षा करे ॥१॥

अनुवाद—पर्यङ्क नामक आसन-विशेष मे द्विगुणित सर्प के लिपटने से बँधे हुये घुटनो वाले, भीतर ही प्राणवायु को रोक देने से सम्पूर्ण (बाह्य) ज्ञान के विश्रान्त हो जाने से संयत इन्द्रियो वाले, यथार्थ ज्ञान रूपी दृष्टि से, अपने, इन्द्रिय व्यापार निरोधपूर्वक, परमात्मा को, ही, देखने वाले, भगवान शंकर की, निराकार के साक्षात्कार से होने वाली एकाग्रता के कारण ब्रह्म मे तल्लीनता आप लोगो की रक्षा करे ॥१॥

संस्कृत टीका—पर्यङ्कग्रन्थिबन्धद्विगुणितभुजगाश्लेष संवीत जानो.=योगासन-

विशेष सन्धिनिर्माण द्विगुणीकृतसर्पवेष्टनस्थगितजानुद्वयस्य, अन्त प्राणावरोधव्युपरत सकलज्ञानरुद्धेन्द्रियस्य=हृदयाभ्यन्तर प्राणनिरोधविश्रान्तसमस्तबोधवशीकृतकरणस्य, तत्त्वदृष्ट्या=सम्यक बोधदृष्ट्या, आत्मनि=स्वविषये, व्यपगतकरणम्=शान्तेन्द्रियम् आत्मानम्=विशुद्धचैतन्यम् एव पश्यत =साक्षात्कुर्वतः, शम्भो =शिवस्य, शून्येक्षण-घटितलयब्रह्मलग्न =निराकारदर्शनसम्पादितप्रवणताब्रह्मचिन्तनसम्पन्न', समाधि = चित्तवृत्तिनिरोध , व.=युष्मान्, पातु=रक्षतु ।

समास एव व्याकरण—पर्यङ्क—पर्यङ्कस्य ग्रन्थे बन्धेन द्विगुणितस्य भुजगस्य आश्लेषेण सवीते जानुनी यस्य तस्य । अन्तः प्राणा —अन्त प्राणानाम् अवरोधेन व्यु-परतम् यत् सकल ज्ञान तेन रुद्धानि इन्द्रियाणि यस्य तस्य । व्यपगतकरणम्=व्यपगत करण यस्य तम् अथवा व्यपगतानि करणानि यस्मात् तम् । शून्येक्षणघटितलयब्रह्म-लग्न =शून्यस्य ईक्षणेन घटित य लय यस्मिन् स चासौ ब्रह्मलग्न. अथवा शून्येन ईक्षणेन घटित य लय तेन ब्रह्मणि लग्न ।

इन्द्रिय=इन्द्र+घच् । व्यपगतकरणम्—वि+अप+गम्+क्त । कृ+ल्युट् । पश्यत —दृश्+शतृ । समाधि =सम्+आ+धा+कि । व —युष्मद् शब्द का द्वितीया बहुबचन । पातु=पा+लोट् ।

विवृति

पर्यङ्क—यह योगाभ्यास का एक आसन है । कुमार सम्भव ३/४५ मे मल्लिनाथ ने इसकी व्याख्या की है—'वीरासन' प्रो० पराञ्जपे ने लिखा है कि यहाँ पर यह वीरासन नही अपितु योगपट्टक है यद्यपि प्रो० काले ने पर्यङ्क को वीरासन माना है। शिवपुराण मे पर्यङ्क का सुन्दर वर्णन है । 'आत्मानम्'—यहाँ पर आत्मानम् का अर्थ है विशुद्ध चैतन्य योगसूत्र १/३ के अनुसार अर्थ होता है आत्मस्वरूप—'तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम् ।

छन्द—प्रस्तुत पद्य मे स्रग्धरा छन्द है—'म्रभ्नैर्यानां त्रयेणत्रिमुनियति युता स्रग्धरा कीर्तितेयम् ।'

अलकार, रस, रीति एव गुण—प्रस्तुत पद्य मे प्रकारान्तर से प्रकृत अर्थ की सूचना होने के कारण पर्यायोक्तअलकार है । कुछ टीकाकारो ने आडम्बर बन्ध होने से गौड़ी रीति प्रस्तुत पद्य मे कहा है । प्रो० पराञ्जपे ने इसमे पाञ्चाली रीति ही मानी है और पद्य मे शान्त रस स्वीकार कर रीति को रसानुकूल कहा है । विकटबन्ध स्वीकार करने वाले टीकाकारो ने पद्य मे ओज गुण कहा है । 'पर्यायोक्त यदा भङ्ग्या गम्यमे-वाभिधीयते' पर्यायोक्त अलकार कहते हैं ।

प्रस्तुत पद्य मे प्रकृत राजा की न्याय प्रक्रिया रूप वस्तु-व्यञ्जना भी है। कुछ टीकाकारो ने कविनिष्ठ शकर विषयक रति की प्रधानता पद्य में कही है । तत्व दृष्टि का भी विवेचन वृहदारण्य उपनिषद ४/३ मे अत्यन्त विस्तृत है वहीं से यह

विचार लिया गया है। यथा—यद् वै तन्नपश्यति पश्यन् वै तन्न पश्यति नहि द्रष्टु दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वात् ।

अपि च ।

और भी—

पातु वो नीलकण्ठस्य कण्ठः श्यामाम्बुदोपमः ।
गौरीभुजलता यत्र विद्युल्लेखेव राजते ॥२॥

अन्वय —यत्र, गौरीभुजलता, विद्युल्लेखा, इव, राजते, (स.), श्यामाम्बुदोपम, नीलकण्ठस्य, कण्ठ, व, पातु ॥२॥

पदार्थ —यत्र = जिसमे, गौरीभुजलता = पार्वती की बाहुरूपी लता, विद्युल्लेखा = बिजली की पंक्ति, इव = यथा, राजते = शोभित होती है, श्यामाम्बुदोपम = कृष्ण मेघ के समान, नीलकण्ठस्य = शकर का, कण्ठ = गल प्रदेश, व = आप लोगों की, पातु = रक्षा करे ।

अनुवाद—जिस (कण्ठ) मे पार्वती की (गौर) बाहु-लता बिजली की रेखा के समान सुशोभित होती है (वह) नीले मेघ के तुल्य शकर का गल प्रदेश आप सब की रक्षा करे ।

संस्कृत टीका—यत्र = यस्मिन्, गौरीभुजलता = जगदम्बाबाहुवल्ली, विद्युल्लेखा = तडित्पंक्ति, इव, राजते = सुशोभते, (स), श्यामाम्बुदोपम = नीलजलदतुल्य, नीलकण्ठस्य = शङ्करस्य, कण्ठ = गलप्रदेश = व = युष्मान्, पातु = रक्षतु ।

समास एवं व्याकरण—गौरी० – गौर्य भुज एव लता । विद्युल्लेखा–विद्युत लेखा । श्याम०–श्याम अम्बुद एव उपमा यस्य स । नीलकण्ठस्य–नीलः कण्ठ यस्य तस्य । राजते–राज् + लट् ।

विवृति

प्रस्तुत पद्य मे एक सुन्दर वर्णन है जो कि नान्दी की मूल वस्तु को प्रस्तुत करता है। पद्य के शब्द-कण्ठ और भुजलता, श्यामाम्बुद और विद्युल्लेखा पञ्चम अङ्क के उस दृश्य को सूचित करते हैं जब वर्षा और विद्युत के बीच मे नायिका नायक के गले मे हाथ रखती है । यह पद्य ससार की कालिमा और पवित्र एव निर्मल प्रेम के आनन्द का भी सूचित करता है । यह १/७ 'तयोरिद सत् सुरतोत्सवाश्रयम् नयप्रचारम् व्यवहार दुष्टताम् ।' को भी अभिव्यक्त करता है । बीज रूप से चारुदत्त और वसन्तसेना के प्रेम का प्रकटीकरण भी नीलकण्ठ के कण्ठ और गौरी की भुजलता से हो जाता है । नीलाम्बुद से आछन्न समय म वसन्तसेना का अभिसरण भी सूचित हुआ है । शकारादि की दुष्टता एव वसन्तसेना की निश्छलता भी शुभ्रता एव श्यामता से सूचित होती है ।

छन्द—पद्य मे पथ्यावक्त्र छन्द है । जिसका लक्षण है—'युजोश्चतुर्थतोजेन पथ्यावक्त्र प्रकीर्तितम् ।'

अलकार, रस, रीति एव गुण—(१) पद्य मे 'कण्ठस्य कण्ठ' लाटानुप्रास है। 'गौरी भुजलता' मे रूपक अलकार है। विद्युल्लेखा इव' मे उपमा है। 'रूपक रूपिता रोपात विषये निरपह्नवे।' 'उपमा यत्र सादृश्यलक्ष्मीरुल्लसतिद्वयो।' 'वर्णसाम्यमनुप्रास'। (२) पद्य मे नाटकीय कथावस्तु की व्यञ्जना है। (३) लाटी रीति है पराञ्जपे ने इस पद्य मे वैदर्भी रीति कहा है जो कि शृगार रस के उपयुक्त है। (४) प्रसाद गुण है (५) पद्य मे शृगार रस की मनोहर अभिव्यक्ति हुई है।

विशेष—पृथ्वीधर लिखते है—'यत्रकवि आत्मबुद्धयावस्तुशरीरञ्च नायक ञ्चैव। विरचयति समुत्पाद्य तत् गेय प्रकरण नाम॥'

जहाँ पर कवि स्वय कथावस्तु और नायक की कल्पना कर रूपक लिखता है उसे प्रकरण कहते हैं इसमें ४ वृत्तियाँ, पञ्च सन्धियाँ और आठ रस तथा दश अङ्क होते हैं। प्रकरण मे यहाँ चार प्राकृत भाषायें—शौरसेनी, अवन्तिका, प्राची और मागधी तथा चार अपभ्रश भाषाये—शकारी, चाण्डाली, शावरी और ढक्कदेशीय है इनमे शाबरी भाषा का प्रयोग मृच्छकटिक मे नही है। कुछ विद्वानो ने ७ प्राकृत भाषायें और ७ अपभ्रश भाषायें स्वीकार किया है। यथा—'मागध्यवन्तिजाप्राच्या शौरसेन्यर्धमागधी। बाह्लीकादाक्षिणात्या च सप्त भाषा प्रकीर्तिता'॥' महाराष्ट्री का काव्य मे ही प्रयोग होता है। अपभ्रश मे 'शकाराभीरचाण्डालशबरद्राविडोड्रजा। हीनावनेचराणाञ्च विभाषा सप्तकीर्तिता॥' वनेचरो की ढक्क भाषा होती है। सूत्रधार, नटी, रदनिका, मदनिका, वसन्तसेना, उसकी माता, चेटी, कर्णपूरक, चारुदत्त की पत्नी, शोधनक और श्रेष्ठी ये ११ पात्र शौरसेनी बोलते हैं। वीरक और चन्दनक अवन्ति भाषा बोलते हैं, विदूषक प्राच्य भाषा बोलता है, सवाहक और तीनो चेट, भिक्षु और चारुदत्त का पुत्र ये छह मागधी बोलते हैं। शकारी भाषा राष्ट्रीय बोलता है चाण्डाली भाषा दोनो चाण्डाल बोलते है। ढक्क भाषा माथुर और द्यूतकर बोलते हैं।

(नान्द्यन्ते।)

(नान्दी पाठ के पश्चात।)

विवृति

नान्दी— 'नन्दन्ति देवता अस्यामिति नान्दी'।

'आशीर्वचनसयुक्ता स्तुतिर्यस्मात्प्रयुज्यते।
देवद्विजनृपादीना तस्मान्नान्दीति सज्ञिता॥'
'यस्या बीजस्य विन्यासो ह्यभिधेयस्य वस्तुनः।
श्लेषेण वा समासोक्त्या नान्दी पत्रावलीति सा॥'

'आशीर्वचनसयुक्तः श्लोकः काव्यार्थसूचकः । नान्दीति कथ्यते प्राज्ञैः' ।

जिसमे आशीर्वचन के साथ स्तुति प्रयुक्त होती है। उसे नान्दी कहते हैं इसमें देव, द्विज, नृप आदि को प्रसन्न किया जाता है। इसमे काव्यार्थ की सूचना भी दी जाती है। मृच्छकटिक मे आठ पदो वाली पत्रावली नामक नान्दी है। नान्दी का पाठ सूत्रधार करता है कहीं-कहीं १२ पदो वाली नान्दी भी देखी गई है सूत्रधार की परिभाषा है—'नाट्योपकरणादीनिसूत्रमित्यभिधीयते । सूत्र धारयतीत्यर्थे सूत्रधारो निगद्यते ॥'

नाट्य का प्रबन्धक सूत्रधार कहलाता है नान्दी भी पूर्वरङ्ग का एक भाग है। पूर्वरङ्ग का वर्णन भरत नाट्यशास्त्र के पञ्चम अध्याय मे विस्तार के साथ है। पूर्वरङ्ग के अनेक अगो म से नान्दी और प्ररोचना अब शेष हैं। प्रस्तावना का उल्लेख भी बाद म प्राप्त होता है। स्थापक और प्रस्तावना का उल्लेख प्राचीन परम्परा मे नहीं प्राप्त होता है। नन्द+अच्=नन्द एव नान्द (अण्), नान्द+ई=नान्दी।

सूत्रधार.—अलमनेन परिषत्कुतूहलविमर्दकारिणा परिश्रमण । एवमहमार्यमिश्रान्प्रणिपत्य विज्ञापयामि—यदिद वय मृच्छकटिकं नाम प्रकरण प्रयोक्तु व्यवसिता। एतत्कवि किल—

सूत्रधार—सभ्यजनो के औत्सुक्य के विघातक इस परिश्रम को बन्द करो। इस प्रकार मैं सम्माननीय आपको प्रणाम करके निवेदन करता हूँ कि—हम लोग इस मृच्छकटिक नामक प्रकरण का अभिनय करने के लिये तत्पर हैं। इसके प्रणेता कवि—

विवृति .

(१) यहाँ पर प्ररोचना है दशरूपक के अनुसार—'उन्मुखीकरण तत्र प्रशसात. प्ररोचना ।' ३/६ । श्री हर्ष की रत्नावली की भाँति यहाँ भी कवि की प्रशसा आगे की जा रही है। (२) यद्यपि प्राय सभी सस्करणों मे मृच्छकटिक ही नाम आया है किन्तु नाट्य दर्पण और भाव प्रकाशन म मृच्छकटी अथवा मृच्छकटिका नाम प्राप्त होता है। रदनिका के द्वारा निर्मित मिट्टी की छोटी गाड़ी (अङ्क छठा) रोहसेन का मनोरजन नहीं कर पाती है तब वसन्तसेना उसे अपने आभूषण देती है। शूद्रक ने इसी को अपने प्रकरण का नाम रखने के लिए ग्रहण किया।

मृद शकटिका अस्मिन् अथवा मृच्छकटवद् इति मृच्छकटिकम् अथवा मृद शकट मृच्छकटम्, मृच्छकटम् अत्र अस्ति इति अथवा मृन्निर्मित शकटिका मृच्छकटिका सा अस्ति अस्मिन्निति अथवा मृद शकटिका अस्मिन्निति। पाणिनि के 'अत इनि ठनौ' सूत्र का उपयोग किया गया है। (३) प्रकरण—दशरूपक के अनुसार—'अथ प्रकरणो वृत्तमुत्पाद्यम् न लोकसश्रयम् । अमात्य विप्रवणिजामेकम् कुर्याच्च नायकम् धीरप्रशान्त

सापाय धमकामार्थतत्पर शेषम् नाटकवत् सन्धिप्रवेशकरसादिकम् । नायिका तु द्विधा नेतु कुलस्त्री गणिका तथा ।' (४) आय— कर्तव्यमाचरन् कामम् अकर्तव्यमनाचरन् । तिष्ठति प्रकृताचारे स वै आय इति स्मृत ।' मिश्र शब्द विद्वानो के लिये सम्मान का सूचक है (५) बिमर्दकारिण =विमर्द+कृ+णिनि । (६) इस प्रकरण मे कथा कवि कल्पित है शृगार प्रधान रस है धीर प्रशान्त, ब्राह्मण चारुदत्त नायक है वसत सेना वेश्या नायिका है । चारुदत्त ब्राह्मणी धूता कुलजा प्रतिन यिका है । (७) परि षत्०—परिषदा कुतूहलस्य विमर्दकारिणा=सभासदो की उत्सुकता को नष्ट करने वाले । अनेन=नान्दी पाठ से । आयमिश्रान=आदरणीय सदस्यो को, आर्येषु मिश्रा तान् । विज्ञापयामि=निवदन करता हूँ । प्रयोक्तुम=अभिनय करने के लिए । व्यव सिता =तत्पर हैं । किल = निश्चय ।

द्विरदेन्द्रगतिश्चकोरनेत्र परिपूर्णेन्दुमुख सुविग्रहश्च ।
द्विजमुख्यतम कविर्बभूव प्रथित शूद्रक इत्यगाधसत्त्व ॥३॥

अन्वय—द्विरदेन्द्रगति चकोरनेत्र, परिपूर्णेन्दुमुख, सुविग्रह, च, द्विजमुख्य तम, अगाधसत्व, शूद्रक प्रथित, कवि बभूव ॥३॥

पदार्थ—द्विरदेन्द्रगति =गजराज सदृशगमन करने वाले चकोर नेत्र = चकोरनेत्र, परिपूर्ण-दुमुख =सम्पूर्ण चन्द्रमा के तुल्य मुख वाले, सुविग्रह =सुन्दर शरीर वाले च, द्विजमुख्यतम =क्षत्रियो मे शिरोमणि, अगाधसत्व =असीम बल शाली शूद्रक =शूद्रक नाम के, प्रथित =प्रसिद्ध, कवि = रचयिता, बभूव = हुये ।

अनुवाद—गजराज के समान गति वाले, चकोर के सदृश नेत्रो वाले, अखण्ड चन्द्रमा के तुल्य मुख वाले सुन्दर शरीर वाले क्षत्रियो मे शिरोमणि तथा असीम बलशाली शूद्रक (नाम स) प्रसिद्ध कवि हुये ।

संस्कृत टीका—द्विरदेन्द्रगति = गजपतिगमन, चकोरनेत्र = चकोर लोचन परिपूर्णेन्दुमुख = अखण्ड सुधाकर वदन, सुविग्रह = शोभनशरीर, च, द्विजमुख्यतम = क्षत्रजातिश्रेष्ठ, अगाधसत्व = विपुलबल, शूद्रक = एतन्नामक, प्रथित = प्रसिद्ध कवि = काव्यकलाकुशल बभूव = जात ।

समास एवं व्याकरण—द्विरद०—द्वौ रदौ यस्य स द्विरद द्विरदेषु इन्द्र इव द्विरदेन्द्र तस्य गतिरिव गति यस्य स । चकोर नेत्र- चकोरस्य नेत्रे इव नेत्र यस्य स । परि०—परिपूर्ण इन्दु इव मुख यस्य स । सुविग्रह -शोभन विग्रह यस्य स । द्विज०—द्विजेषु मुख्यतम अगाधसत्व =अगाध सत्व यस्य स । प्रथित =प्रथ्+क्त । कवि-कु+इ । बभूव-भू+लिट् ।

विवृति

(१) मुख्य रूप से प्ररोचना यही प्रारम्भ है कवि की प्रशसा इसमे है ।

(२) प्रस्तुत पद्य मे उपमा अलङ्कार है। (३) माल भारिणी छन्द हैं- 'विषमेऽससजायदा'गुरु'चेत् समरा येन तु मालभारिणीयम् (४) माधुर्यगुण और वैदर्भी रीति है (५) शूद्रक नाम छान्दोग्य० ४/२/३ तथा ब्रह्मसूत्र २/३/३५ से सम्बन्ध नही रखता है। (६) पणिनि के गणपाठ के अनुसार शूद्रक शब्द गोत्र से सम्बन्ध रख सकता है।

ऋग्वेदं सामवेद गणितमथ कला वैशिकीं हस्तिशिक्षां
ज्ञात्वा शर्वप्रसादाद्व्यपगततिमिरे चक्षुषी चोपलभ्य ।
राजान वीक्ष्य पुत्र परमसमुदयेनाश्वमेधेन चेष्ट्वा
लब्ध्वा चायु: शताब्द दशदिनसहित शूद्रकोऽग्नि प्रविष्टः ॥४॥

अन्वयः- ऋग्वेदम्, सामवेदम्, गणितम्, अथ, कलाम्, वैशिकीम्, हस्तिशिक्षाम्, ज्ञात्वा, शर्वप्रसादात्, व्यपगततिमिरे, चक्षुषी, च, उपलभ्य, पुत्रम्, राजानम्, वीक्ष्य, परमसमुदयेन, अश्वमेधेन, च, इष्ट्वा दशदिनसहितम्, शताब्दम्, आयु, च, लब्ध्वा, शूद्रक, अग्निम्, प्रविष्ट ॥४॥

पदार्थ.—ऋग्वेदम्=ऋग्वेद को, सामवेदम्=सामवेद को, गणितम्= गणित को, अथ=और, कलाम् = कलाओ को, वैशिकीम्= नाट्य शास्त्र को, हस्तिशिक्षाम्= गजशास्त्र को, ज्ञात्वा=जानकर, शर्वप्रसादात्= शिव की कृपा से, व्यपगत तिमिरे=अज्ञानान्धकार से शून्य, चक्षुषी=नयनो को, उपलभ्य=प्राप्त कर, पुत्रम्= सुत को, राजानम्=राजा के रूप मे, वीक्ष्य=देखकर, परमसमुदयेन=महान् उत्साह से, अश्वमेधेन=अश्वमेध यज्ञ से, इष्ट्वा = यज्ञ कर, दशदिनसहितम्= दशदिन अधिक, शताब्दम्=सौ वर्ष, आयु=उम्र, लब्ध्वा=पाकर, शूद्रकः=शूद्रक, अग्निम्= वह्नि मे, प्रविष्ट.= प्रविष्ट हो गया।

अनुवादः—ऋग्वेदम्, सामवेद, गणित और कलायें, नाटयशास्त्र एव गजशास्त्र को जानकर शकर की कृपा से अज्ञानान्धकार से मुक्त नयनो को प्राप्त करके, अपने तनय को नृप के रूप मे देख कर परमोत्साह से अश्वमेध यज्ञ को करके दशदिन अधिक सौ वर्ष की आयु को पाकर (भोग कर) शूद्रक अग्नि मे प्रविष्ट हो गये।

संस्कृत टीका.-ऋग्वेदम्, सामवेदम्, गणितम्, अथ, कलाम्=नृत्यगीतादिरूपाम्, वैशिकीम्=नाट्यशास्त्रम् हस्तिशिक्षाम्= गजशास्त्रम् ज्ञात्वा=अधिगत्य, शर्वप्रसादात्=महादेवानुग्रहात् व्यपगततिमिरे=निवृताज्ञानान्धकारे, चक्षुषी=नयने, च, उपलभ्य=प्राप्य, पुत्रम्=सतम, राजानम्=नृपासनासीनम्, वीक्ष्य=दृष्ट्वा, परमसमुदयेन=महदुत्कर्षेण, अश्वमेधेन=एतन्नामयज्ञेन, च, इष्ट्वा=याग सम्पाद्य, दशदिनसहितम्=दशदिवसाधिकम्, शताब्दम्=शतवर्षमितम्, आयु.=जीवनम्. च, लब्ध्वा =समधिगत्य, शूद्रकः=कवि. अग्निम्=जातवेदसम्, प्रविष्टः=निविष्टः ।

समास एवं व्याकरण— (१) शर्व०-शर्वस्य प्रसाद शर्वप्रसादः तस्मात् ।

व्यपगत०— व्यपगत तिमिर ययो ते । परम०— परम समुदय यस्मात् यस्य यत्र वा तेन । (२) वैशिकीम्– वेश्+ठक् +ङीप् । वीक्ष्य= वि+ईक्ष्+ क्त्वा(ल्यप्) । इष्ट्वा=यज्+क्त्वा । लब्ध्वा—लभ्+क्त्वा । प्रविष्ट –प्र+विश+क्त ।

विवृति

(१) स्त्रग्धरा छन्द है । (२) वेश शब्द के अर्थ हैं-(क) वेश्यालय । (ख) काम शास्त्र (ग) नेपथ्य । यहाँ पर नेपथ्य अथ है । नेपथ्य सम्बन्धी कला अर्थात् नाटयशास्त्र (३) ज्ञात होता है कि शूद्रक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अपनी मृत्यु के विषय मे जानते थे और एक निणय ले चुके थे इसीलिये उन्होने स्वय 'अग्नि प्रविष्ट' लिखा है । अथवा ज्ञानाग्नि प्रवेश अथ लिया जायेगा अर्थात् ब्रह्मानन्दानुभूति प्राप्त किया । गीता मे कहा भी गया है—

ज्ञानाग्नि सवकर्माणि भस्मसात कुरुतेऽजु न । कुछ विद्वानो का कहना है कि शूद्रक के पुत्र से अभीष्ट धन प्राप्ति के लिये कीर्ति की उपेक्षा करके इसी कविवर ने मृच्छकटिक प्रकरण लिख कर शूद्रक के नाम से प्रसिद्ध कर दिया गया—धावक कवि ने रत्नावली श्री हृष को समर्पित कर दी थी । कि तु यह सब कवि सम्प्रदाय है । वस्तुत शूद्रक का व्यक्तित्व एक समस्या है कुछ विद्वानो का कहना है कि भविष्य काल मे प्रविष्ट क्त प्रत्यय है । कुछ विद्वान् इस श्लोक को प्रक्षिप्त मानते है परा ञ्जपे अग्नि प्रविष्ट को अमरेष्वगण्यत की भाति इसे मुहावरा स्वीकार करते हैं ।

समर व्यसनी प्रमादशून्य ककुदो वेदविदा तपोधनश्च ।
परवारणबाहुयुद्ध लुब्ध क्षितिपाल किल शूद्रको बभूव ॥५॥

अन्वय —शूद्रक समर व्यसनी प्रमाद शून्य वेदविदाम्, ककुद, तपोधन च, परवारणबाहुयुद्धलुब्ध , क्षितिपाल , बभूव किल ॥५॥

पदाथ —शूद्रक =इस नाम वाला कवि समरव्यसनी= सग्राम मे कुशल प्रमाद शून्य=आलस्य रहित, वेदविदाम्=वेद ज्ञाताओ मे, ककुद =श्रेष्ठ तपोधन =तपस्वी, च परवारणबाहुयुद्धलुब्ध =शत्रुओ के गजो से मल्लयुद्ध के अभिलाषी, क्षितिपाल =पृथ्वी के स्वामी, बभूव=हुये किल=निश्चय ही ।

अनुवाद –शूद्रक युद्ध प्रिय आलस्य रहित वेद के विद्वानो म श्रेष्ठ, तपस्वी तथा शत्रुओ के गजो से मल्लयुद्ध के लोभी नरेश हुये (हैं) ।

सस्कृत टीका –शूद्रक =नरेश , समर व्यसनी=युद्ध प्रशक्त , प्रमादशून्य = आलस्य रहित , वेदविदाम्=श्रुतिज्ञातृणाम, ककुद =प्रधान, तपोधन =तपस्वी, च, परवारणबाहुयुद्धलुब्ध = शत्रुगजमल्ल युद्धाभिलाषी, क्षितिपाल = पृथ्वीरक्षक, बभूव=अभवत्, किल—प्रसिद्धो ।

समास एव व्याकरण — (१) समर०–समरेषु व्यसनी । प्रमाद०–प्रमादेन

शून्य । तपाधन –तप एव धनम् यस्य स परवारण०–परेषाम् वारणे स मल्लयुद्धे लुब्ध अथवा परेषाम् वारणरूपे बाहुयुद्धे लुब्ध । (२) 'प्रमादोऽनवधानता' इत्यमर । प्राधान्ये राजलिङ्गे च वृषाङ्गे ककुदोऽस्त्रियाम्' इत्यमर ।

(३) वि+ अस्+ल्युट्+इनि=व्यसनी । लुब्ध –लुभ्+क्त । भू+लिट् ।

विवृति

(१) मालभारिणी छन्द है । (२) प्रस्तुत पद्य से राजा की सर्वगुण सम्पन्नता व्यञ्जित होती है । यह वस्तु व्यञ्जना है । (३) 'अग्नि प्रविष्ट' की नाति बभूव में भी भूतकालिक क्रिया से सम्बन्धित समाधान अपेक्षित है ।

अस्या च तत्कृतौ,—

और उनकी इस कृति (मृच्छकटिक) म—

अवन्तिपुर्यां द्विजसार्थवाहो युवा दरिद्र किल चारुदत्त ।
गुणानुरक्ता गणिका च यस्य वसन्तशोभेव वसन्तसेना ॥६॥

अन्वय —अवन्तिपुर्याम, द्विजसार्थवाह, दरिद्र, युवा, चारुदत्त, किल, यस्य, गुणानुरक्ता, वसन्तशोभा, इव, वसन्तसेना, गणिका, च (आसीत) ॥६॥

पदार्थ –अवन्तिपुर्याम=उज्जयिनी नगरी म, द्विजसार्थवाह =ब्राह्मण व्यापारी, दरिद्र =निधन, युवा=युवक, चारुदत्त =चारुदत्त नामवाला, किल=प्रसिद्धि म, यस्य=जिसके, गुणानुरक्ता=गुणा स आकर्षित, वसन्तशोभा=मधुऋतु की सुषमा, इव=भाँति, वसन्तसेना=नाम वाली, गणिका=वेश्या ।

अनुवाद—उज्जयिनी नगरी म ब्राह्मण व्यापारी, निधन युवक चारुदत्त था, जिसक गुणों स आकर्षित वसन्तकालीन सुषमा के समान वसन्तसना नामक वेश्या थी ।

संस्कृत टीका—अवन्तिपुर्याम्=उज्जयिन्याम्, द्विजसार्थवाह =विप्रवाणिज्यपर, दरिद्र=धन रहित, युवा=तरुण, चारुदत्त=एतन्नामक, नायक, किल, यस्य=चारुदत्तस्य, गुणानुरक्ता=सौन्दर्यादिवशगत, वसन्तशोभा=मधुकान्ति, इव, वसन्तसेना=एतन्नामिका, नायिका, गणिका=वेश्या, च ।

समास एव व्याकरण—द्विज०–सार्थम् वहतीति सार्थवाह द्विजश्चासौ सार्थवाहश्चेति अथवा द्विजाना सार्थम् वहति इति स चासौ । गुणानुरक्ता–गुणै अनुरक्ता । वसन्तशोभा—वसन्तस्य शोभा इव ।

विवृति

(१) पद्य म उपमा अलकार है । (२) श्लोक म उपेन्द्र वज्रा छन्द है—'उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ ।' (३) लाटी रीति है (४) प्रसाद गुण है । (५) वसन्तसेना की सौन्दर्यशालिता रूप वस्तु व्यञ्जना है । (६) सार्थो वणिक समूहे स्यात् अपि सघातमात्रके ।' इति मदिनी (७) 'वारस्त्री गणिका वेश्या' इत्यमर ।

(८) अवन्ति एक जनपद है जिसकी राजधानी उज्जयिनी थी।

तयोरिद सत्सुरतोत्सवाश्रय नयप्रचार व्यवहारदुष्टताम्।
खलस्वभाव भवितव्यता तथा चकार सर्वं किल शूद्रको नृपः ॥७॥

अन्वय—इदम्, तयोः, सत्सुरतोत्सवाश्रयम् [अस्ति], शूद्रक, नृप, [अत्र], नयप्रचारम्, व्यवहारदुष्टताम्, खल स्वभावम्, तथा, भवितव्यताम्, [एतत्], सर्वम्, चकार, किल ॥७॥

पदार्थ—इदम्=यह, तयो=उन दोनो के, सत्सुरतोत्सवाश्रयम्=उदात्त विलासलीला पर आश्रित, शूद्रक=शूद्रक नाम वाले, नृप.=भूपति, नय प्रचारम्=नीति का आचरण, व्यवहार दुष्टताम्=विवाद की दोषपूर्णता को, खलस्वभावम्=दुष्ट की प्रकृति को, तथा=और, भवितव्यताम्=होनहार को, सर्वम्=सब को, चकार=प्रस्तुत किया है।

अनुवाद—यह (मृच्छकटिक) उन दोनो की उदात्त विलास लीला को आश्रित करके है, शूद्रक राजा ने नीति के आचरण, विवाद की दोषपूर्णता, दुष्ट का चरित्र और भावी (इन) सबको प्रस्तुत किया है।

संस्कृत टीका—इदम्=मृच्छकटिकम्, तयो=वसन्तसेनाचारुदत्तयो सत्सुरतोत्सवाश्रयम्=उदात्तविलासलीलाश्रित, शूद्रक=एतन्नामक, नृप=राजा, नयप्रचारम्=नीति प्रख्यातिम्, व्यवहारदुष्टताम्=विवाद दोषपूर्णताम्, खलस्वभावम्=दुष्ट प्रकृतिम्, तथा=च, भवितव्यताम्=नियतिम्, सर्वम्=निखिलम्, चकार=निर्ममौ, किल।

समास एव व्याकरण—(१) सत्सुरत०—सुरतम् एव उत्सव इति, सत् य सुरतोत्सव, स आश्रय यस्य तम्। नय प्रचारम्=नयस्य प्रचारम्। व्यवहार०—व्यवहारस्य दुष्टताम्। खल०—खलानाम् स्वभावम्। (२) प्रचार-प्र+चर्+घञ्। भवितव्यताम्=भू+तव्य+तल्+टाप्। चकार-कृ+लिट्।

विवृति

(१) वशस्थ छन्द है। 'जतो तु वशस्थमुदीरितम् जरौ' (२) स्वभावोक्ति अलकार है 'स्वभावोक्तिस्तु डिम्भादे स्वक्रियारूपवर्णनम्'। (३) इस श्लोक मे अत्र इस पद के अभाव के कारण न्यून पदत्व दोष है। (४) वेश्या के साथ ब्राह्मण का सुरतोत्सव सत् कैसे कहा जा सकता है? क्योकि ब्राह्मणो मे गान्धर्व विवाह नही होता है। (५) पराञ्जपे के अनुसार किल ऐतिह्य प्रकट करता है। (६) प्रथम पक्ति म 'इदम्' शब्द 'सत्सुरतोत्सवाश्रयम्' का विशेषण प्रतीत हाता है जो कि असम्यक् है।

(परिक्रम्यावलोक्य च) अये, शून्येयमस्मत्सगीतशाला। क्व नु गता. कुशीलवा

भविष्यन्ति । (विचिन्त्य) आ, ज्ञातम् ।

(घूमकर और देखकर) अरे ! हमारी संगीतशाला (तो) शून्य है । नट और चारण न जाने कहाँ चले गये ? (विचार कर) हाँ, जान लिया;

शून्यमपुत्रस्य गृहं चिरशून्यं नास्ति यस्य सन्मित्रम् ।
मूर्खस्य दिशः शून्याः सर्वं शून्यं दरिद्रस्य ॥८॥

अन्वयः—अपुत्रस्य, गृहम्, शून्यम्, यस्य, सन्मित्रम्, न.अस्ति, [तस्य, गृहम्], चिर शून्यम्, [अस्ति], मूर्खस्य, दिशः शून्या· [सन्ति], दरिद्रस्य, सर्वम्, शून्यम् [भवति] ॥८॥

पदार्थ—अपुत्रस्य=नि.सन्तान का, गृहम्=घर, शून्यम्=सूना, यस्य= जिसका, सन्मित्रम्=अच्छा साथी, न अस्ति=नहीं है । चिरशून्यम्=सदैव सूना, मूर्खस्य=बुद्धि हीन की, दिशः=दिशायें, शून्याः=सूनी, दरिद्रस्य=निर्धन की, सर्वम्=सब कुछ, शून्यम्=सूना ।

अनुवाद—निः सन्तान का घर सूना है, जिसका अच्छा मित्र नहीं होता है, (उसका) सम्पूर्ण समय सूना है, निर्बुद्धि के (लिये) सभी दिशायें सूनी हैं (और) निर्धन के लिए सब कुछ सूना होता है ।

संस्कृत टीका—अपुत्रस्य=निःसन्तानस्य, गृहम्=सदनम्, शून्यम्=रिक्तम्, यस्य=जनस्य, सन्मित्रम्=श्रेष्ठसुहृत्, न अस्ति=न विद्यते, [तस्य] चिरशून्यम्= दीर्घशून्यम्, मूर्खस्य=निर्बुद्धे, दिशः=काष्ठा·, शून्याः=रिक्ताः, दरिद्रस्य=निर्धनस्य, सर्वम्=निखिलम्, शून्यम्=रिक्तम् दुःखकरम् ।

समास एवं व्याकरण—(१) अपुत्रस्य–नास्ति पुत्रः यस्य स·, तस्य । (२) अस्ति–अस्+लट् । पुत्र–पुत्+त्रै+क । 'पुन्नाम्नः नरकात् यस्मात् त्रायते पितर तस्मात् पुत्रः इति प्रोक्तः' । —मनु० । मित्र–'तन्मित्रमापदि सुखे च समक्रियम् यत् ।' —भर्तृ० ।

विवृति

(१) अप्रस्तुत निर्धनता से प्रस्तुत संगीतशाला की शून्यता का वर्णन होने के कारण अप्रस्तुत प्रशंसा अलंकार है । कुछ विद्वान् दीपक अलङ्कार भी कहते हैं । कुछ टीकाकार व्यतिरेक अलङ्कार मानते हैं । (२) आर्या छन्द है 'यस्याः पादे प्रथमे द्वादश मात्रास्तथा तृतीयेऽपि अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश सार्या ।' (३) प्रसाद गुण है । (४) लाटी रीति है । (५) 'अप्रस्तुतात् प्रस्तुतं चेत् गम्यते पञ्चधा ततः । अप्रस्तुत प्रशंसा स्यात्०' । कृतं च संगीतकं मया । अनेन चिरसंगीतोपसनेन ग्रीष्मसमये प्रचण्डदिनकरकिरणोच्छुष्कपुष्कर बीजमिव प्रचलित तारके क्षुधा ममाक्षिणी खटखटायेते । तद्यावद्गृहिणीमाहूय पृच्छामि, अस्ति किंचित्प्रातराशो न वेति ।

एषोऽस्मिभो , कार्यं वशात्प्रयोगवशाच्च प्राकृतभाषी संवृत्त । अविद, अविद भो ! चिरसगीतोपासनेन शुष्कपुष्करनालानीव मे बुभुक्षया म्लानान्यङ्गानि । तद्यावद्गृह गत्वा जानामि, अस्ति किमपि कुटुम्बिन्या उपपादित न वेति । इद तदस्माक गृहम्, तत्प्रविशामि । आश्चर्यम् ! किं नु खल्वस्माक गृहेऽपरमिव सविधानक वर्तते । आयत-मितराडुलोदकप्रवाहा रथ्या, लोह कटाह परिवर्तन कृष्णसारा कृतविशेषकेव युवत्य-धिकतर शोभते भूमि । स्निग्धगन्धेनोद्दीप्यमानेवाधिकं बाधते मा बुभुक्षा । तत्किं पूर्वार्जित निधानमुत्पन्न भवेत् । अथवाहमेव बुभुक्षात ओदन मय जीवलोक पश्यामि । नास्ति किल प्रातराशोऽस्माक गृहे । प्राणाधिक बाधते मा बुभुक्षा । इह सर्वं नवमिव सविधानक वर्तते । एका वर्णक पिनष्टि, अपरा सुमनसो ग्रथ्नाति । किन्विदम् ? भवतु, कुटुम्बिनी शब्दाप्य परमार्थं ज्ञास्यामि । आर्ये ! इतस्तावत् । [अविद अविद भो ! चिरसंगीदोवासणेण सुक्ख पोक्ख रणालाइं विअ मे बुभुक्खाए मिलाणाइ अगाइ । ता जाव गेहं गदुअ जाणामि, अत्थि किं पि कुडुबिणीए उववादिद ण वेत्ति । (परिक्रम्यावलोक्य च) एद त अम्हाण गेह, ता पविसामि । (प्रविश्यावलोक्य च) हीमाणहे, किं णु खु अम्हाण गेहे अवर विअ सविहाणअ वट्टदि । आआमितडुलोद अप्पवाहारच्छा, लोहकडाहपरिअत्तणकसणसारा किदविसेसआ विअ जुअदी अहिं-अदर सोहदि भूमी । सिणिद्धगधेण उद्दीविअ ती विअ अधिअ बाधेदि म बुभुक्खा । ता किं पुव्वविढत्त णिहाण उप्पराण भवे । आदु अहं ज्जेव्व बुभुक्खादो ओदाणमअ जीअलोअ पेक्खामि । णत्थि किल पादरासो अम्हाण गेहे । पाणज्चअ बाधेदि म बुभुक्खा । इध सव्व णव विअ सविहाण वट्टदि । एक्का वराणअ पीसदि, अवरा सुमणाओ गुफदि । (विचिन्त्य) किं राणेद । भोदु । कुडुबिणिं सद्दाविअ परमत्थ जाणिस्स । (नेपथ्याभिमुखमवलोक्य) अज्जे ! इदो दाव ।

अनुवाद—मैंने सङ्गीत कर लिया । इस बहुत देर तक की सङ्गीत साधना से-ग्रीष्म ऋतु मे तीक्ष्ण सूर्य की रश्मियो से सूखे हुए कमल के बीज के सदृश, भूख से चञ्चल पुतलियो वाली मेरी आखे खट २ कर रही हैं । इसलिए पत्नी को बुला कर पूछता हूँ कि कुछ जलपान है अथवा नही । यह (मैं) कार्य वश एव प्रयोग (बात चीत) की अपेक्षा के कारण प्राकृत बोलने वाला हो गया हूँ । अरे ! अरे ! अधिक समय तक सगीत का कार्य करने से भूख से मेरे अ ग सूखे कमल दण्ड के सदृश विवर्ण हो गये है । तो तब तक मैं घर जाकर पता लगाता हूँ कि गृहिणी ने कुछ (भोजन के लिए) बनाया भी है या नही । (घूम कर और देख कर) तो, यही हमारा घर है, इसलिए प्रवेश करता हूं । (प्रवेश कर और देखकर) आश्चर्य है ! हमारे घर मे तो कुछ दूसरा ही आयोजन हो रहा है । विस्तृत चावलो के जल के प्रवाह से गली व्याप्त है । लोहे की कडाही के माजने से काली चित्रित भूमि तिलक रचना से सुशोभित तरुणी के समान सुशोभित हो रही है । (पकवान की)

मधुर गन्ध से प्रदीप्त होकर भूख मुझे और भी पीडित कर रही है। तो क्या पूर्वसञ्चित कोष मिल गया है ? अथवा क्षुधार्त मैं ही सम्पूर्ण जगत् को अन्नमय देख रहा हूँ। हमारे घर में कलेवा (तो) है ही नही। भूख के कारण मेरा प्राण निकलना चाहता है। यहाँ सब नवीन ही आयोजन हो रहा है। एक सुगन्धित द्रव्य पीस रही है, दूसरी फूलो को गूँथ रही है। (सोचकर) यह क्या है ? अच्छा, गृहिणी को बुलाकर यथार्थ बात जान लूँ। (नेपथ्य की ओर देखकर) आर्ये ! इधर आओ।

विवृति

(१) सगीतकम्=नृत्य, गान और वाद्य। चिरसगीतोपासनेन=बहुत देर तक सगीत का अभ्यास करने से। 'नृत्य गीत तथा वाद्य त्रय सङ्गीतमुच्यते।' सगीतरत्नाकर। (२) प्रचण्ड=प्रदीप्त, दिनकर=सूर्य, किरण=कर, उच्छुष्क=सूखे हुये, पुष्कर=कमल, बीजम्=बीज (फल), क्षुधा=भूख, प्रचलित=चञ्चल, तारके=पुतलियाँ। अक्षिणी=नेत्र, खट-खटायेते=खटखटा रही हैं। प्रातराश=कलेवा, कार्यवसात्=प्रयोजन के कारण, प्रयोगवशात्=अभिनय के नियम के कारण, प्राकृतभापी=प्राकृत बोलने वाला, सम्वृत=हो गया हूँ। (३) चिरम् सङ्गीतस्य उपासनेन। (४) प्रचण्डस्य दिनकरस्य किरणै उच्छुष्कम् यत पुष्करस्य बीजम् तदिव। (५) प्रचलिते तारकेययोस्ते। (६) प्रात अश्यते असौ इति प्रातराश। (७) खटखटायते=खटखटा+क्यप्+लट्। खटत् शब्द से डाच् प्रत्यय होकर तथा द्वित्व होकर खटखटा शब्द बनता है। (८) प्राकृतभापी='स्त्रीपु ना प्राकृत वदेत्' पृथ्वीधर स्त्रियो के साथ नाट्य नियमानुसार पुरुष प्राकृत भाषा बोलता है। कभी-कभी प्रसगानुसार स्त्री भी संस्कृत बोलती है। यथा—वसन्तसेना का वर्षा वर्णन उत्तररामचरित मे है—कार्यवशादहतदानीतन सवृत्त। (९) अविद अविद-निर्वेद, खेद और आश्चर्य सूचक अव्यय है। (१०) शुष्क=सूखे, पुष्कर=कमल, नाल=दण्ड। शुष्क यत् पुष्कर तस्य नालानि इव। बुभुक्षया=भूख से। ग्लानानि=शिथिल। कुटुम्बिन्या=पत्नी। 'भार्या जाया पु भूम्नि दारा स्यात्तु कुटुम्बिनी।' इत्यमर। उपपादितम्=बनाया। अपरम्=दूसरा, सविधानकम्=आयोजन। रथ्या=गली, आयामित=फैले, तण्डुल=चावल, उदक=जल, प्रवाह=बहाव। आयामिन तण्डुलोदकाना प्रवाहा यस्यां तथा भूता (११) लोह=लोहा, कटाह=कडाही, परिवर्तन=घुमाने से, कृष्णसारा=चितकबरी। लोहस्य कटाहस्य परिवर्तनेन कृष्णसारा। कृतविशेषका=तिलक लगाय हुए। उपमा अलकार है—युवती इव। (१२) स्निग्धगन्धेन=सुन्दर गन्ध से। उद्दीप्यमाना=बढी हुई, बाधते=पीडित कर रही है। पूर्वार्जितम्=पूर्वजों से सचित, पूर्व० अर्जितम्। निधानम्=कोश (खजाना)। उत्पन्नम्=सुलभ। वर्णकम्=सुगन्धितममाला। अपरा=दूसरी, पिनष्टि=पीस रही है, ग्रथ्नाति=गूँथ रही है, शब्दाप्य—बुलाकर, परमार्थत=वस्तुत, इतस्तावत्=इधर आओ।

(१३) स्निह्+क्त=स्निग्ध । नि+धा+ल्युट्=निधान । (१४) तावत्—वाक्यालङ्कारे । (१५) नेपथ्य—नाटक मे भाग लेने वाले जहाँ सज्जा करते है और जहाँ से रगमच पर आवागमन करते हैं, उसे नेपथ्य कहते हैं । 'नेपथ्य स्याज्जवनिका ।' (१६) 'वाच्यौ नटीसूत्रधारौ आर्यनाम्ना परस्परम्' नटी और सूत्रधार एक दूसरे को सम्बोधन मे आर्य कहते हैं । (१७) 'सविधानकम्—भास ने सविधा शब्द का प्रयोग किया है । (१८) प्राणाधिकम्—के स्थान पर कही कही प्राणात्ययम् भी पाठ है । (१८) ओदनमय जीवलोक पश्यामि–'सर्वमपि जीवलोक गरुडमयम् पश्यामि ।' नागानन्द ।

नटी—(प्रविश्य ।) आर्य ! इयमस्मि । [अज्ज ! इअ म्हि ।]

नटी—(प्रवेश कर) आर्य ! यह (मैं) हूँ ।

सूत्रधार—आर्ये ! स्वागत ते । [अज्जे ! साअद दे ।]

सूत्रधार—आर्ये ! तुम्हारा स्वागत है ।

नटी—आज्ञापयत्वार्य को नियोगोऽनुष्ठीयतामिति । [आणवेदु अज्जो को णिओओ अणुचिट्ठीअदु त्ति ।]

नटी—आर्य आज्ञा दे, किस आज्ञा का पालन किया जाय ?

सूत्रधार—आर्ये (चिरसगीदोवासणेण' इत्यादि पठित्वा ।) अस्ति किमप्यस्माक गेहेऽशितव्य न वेति ।

[अज्जे, अस्थि किं पि अह्माण गेहे असिदव्व ण वेत्ति ।]

सूत्रधार—आर्ये, (अधिक समय तक सगीत का सेवन करने से, इत्यादि को पढकर) हमारे घर मे खाने के योग्य कुछ है अथवा नही ?

नटी—आर्य, सर्वमस्ति । [अज्ज सव्व अत्थि ।]

नटी —आर्य, सब कुछ है ।

सूत्रधार—किं किमस्ति । [किं किं अत्थि ।]

सूत्रधार—क्या क्या है ?

नटी—तद्यथा–गुडोदन घृत दधि तण्डुला आर्येणात्तव्य रसायन सर्वमस्तीति । एव तव देवा आशासन्ताम् । [त जधा–गुडोदण घिअ दहिं तण्डुलाइ अज्जेण अत्तव्व रसाअण सव्व अत्थि त्ति । एव दे देवा आसासेदु ।]

नटी—तो, जैसे–गुडभात, घी, दही, चावल–आय के खाने योग्य सरस पदार्थ सब हैं । इस प्रकार आपके देवता आशीर्वाद दें ।

सूत्रधारः—किमस्माक गेहे सर्वमस्ति । अथवा परिहससि ।] किं अह्माण गेहे सव्व अत्थि । आदु परिहससि ।]

सूत्रधार—क्या हमारे घर म सबकुछ है अथवा परिहास करती है ?

नटी—(स्वागतम्) परिहसिष्यामि तावत् । (प्रकाशम्) आर्य, अस्त्यापणे । [परिहसिस्स दाव । अज्ज, अत्थि आवणे ।]

नटी—(अपने मन म) तो परिहास करूँगी (प्रकट रूप म) आर्य, बाजार म है ।

सूत्रधार —(सक्रोधम्) आः अनार्ये, एवं तवाशाछेत्स्यति । अभाव च गमिष्यसि । यदिदानीमहं वरण्डलम्बुक इव दूरमुत्क्षिप्य पातितः । [सक्रोधम्]

आः अणज्जे, एव्व दे आसा छिज्जिस्सदि । अभाव अ गमिस्ससि । ज दाणि अहं वरण्डलम्बुओ विअ दूर उक्खिविअ पाडिदो ।]

सूत्रधार—(क्रोध के साथ) ऐ अनार्ये, इसी प्रकार तरी आशा नष्ट हो जायगी और अभाव (नाश) को प्राप्त होगी । क्योकि इस समय मैं (ढेंकुली के) लम्बे लट्ठे से (एक कान पर) बँधे मिट्टी के बडे ढेले की भाति ऊँचा उठाकर पटक दिया गया हूँ ।

नटी—मर्षतु मर्षत्वार्य । परिहास खल्वेष [मरिसेदु मरिसेदु अज्जो । परिहासो क्खु एसो ।]

नटी—आर्य, क्षमा करें, क्षमा करें । वास्तव म यह परिहास (मजाक) था ।

सूत्रधार—तत्किं पुनरिद नवमिव सविधानकं वर्तते । एका वर्णकं पिनष्टि अपरा सुमनसो गुम्फति, इयं च पञ्चवर्णकुसुमोपहारशोभिता भूमि ।

[ता किं उण इद पाव विअ सविहाणअ वट्टदि । एक्का वण्णअ पीसेदि, अवरा सुमणाओ गुम्फेदि, इअ अ पञ्चवण्णकुसुमोवहारसोहिदा भूमी ।]

सूत्रधार—तो क्यों फिर यह नवीन-सा आयोजन है । एक (स्त्री) सुगन्धित पदार्थ पीसती है, दूसरी पुष्पों को गूँथती है और यह पांच रंग के पुष्पोहार से सुशोभित भूमि है ।

नटी—आर्योपवासो गृहीत [अज्ज उववासो गहिदो ।]

नटी—आज उपवास ग्रहण किया है ।

सूत्रधार –किं नामधेयोऽयमुपवास । [किं णामधेओ अअ उववासो ।]

सूत्रधार—किस नाम वाला यह उपवास है ?

नटी—अभिरूपपतिर्नाम [अहिरूअवदी णाम ।]

नटी—'अभिरूपपति' नाम है ।

सूत्रधारः—आर्ये, इहलौकिकोऽथवा पारलौकिक । [अज्जे, इहलोइओ आदु पारलोइओ ।]

सूत्रधार—आर्ये, (यह) एहिलौकिक है या पारलौकिक ?

नटी—आर्य, पारलौकिक । [अज्ज, पारलोइओ ।]

नटी—आर्य, पारलौकिक ।

सूत्रधार –(सरोषम् ।) प्रेक्षन्ता प्रेक्षन्तामार्यमिश्रा । मदीयेन भक्तपरिव्ययेन पारलौकिका भर्तान्विष्यत । [पेक्खन्तु पक्खन्तु अज्जमिस्सा । ममकेरकेण भत्तपरिव्व-

एण पारलोइओ भत्ता अण्णेसिअदि ।]

सूत्रधार-(क्रोध के साथ) देखिये, देखिये, सज्जनगण ! मेरा भात व्यय कर पारलौकिक पति ढूँढा जा रहा है ।

विवृति

(१) नियोग =आदेश । अनुष्ठीयताम्=पालन किया जाय । अशितव्यम्= खाने योग्य, गेहे=घर मे, गुडौदनम्=गुड और चावल, अत्तव्यम्=खाने योग्य, रसायनम्=स्वादिष्ट भोजन, आशासन्ताम्=आशीर्वाद दें । परिहससि=हँसी कर रही हो । (२) रसायनम् रसानाम् अयनम् इति । स्वगतम्—'अश्राव्य खलु यद्वस्तु तदिह स्वगत मतम् । सर्वश्राव्य प्रकाश स्यात् ।' सा० द० । (३) आ—अरी, अनार्ये=दुष्टे । छेत्स्यति=नष्ट होगी । अभावम्=विनाश को, गमिष्यसि=प्राप्त होगी, इदानीम्=इस समय, वरण्डलम्बुक=ढेंकुली के लट्ठे से बधा मिट्टी का ढेला, अथवा पत्थर का ढेला । दूरम्=ऊँचे, उत्क्षिप्य=उछालकर, पातित.=गिराया गया । अर्थात् आशा दिलाकर निराश किया गया । (४) वरण्डलम्बुक=इसके टीकाकारो ने कई अर्थ किये हैं—(अ) ढेंकुली के लट्ठे मे बँधा मिट्टी का लोदा । ढेकुली कुएँ से जल निकालने के काम आती है । (ब) डाट के आधार के लिए निर्मित ढोला । (स) लटकला हुआ घास का गठ्ठर । (५) अभाव गमिष्यसि—इससे वसन्त सेना के 'प्रवहणविपर्यासमाटेनयो सूचनम्' इति पृथ्वीधर । (६) वर्णकम्पिनष्टि से चारुदत्त के विनाश हेतु शकारकृत प्रयास की सूचना होती है । सुमनसो गुम्फति वध्यमाला की विज्ञप्ति करता है । 'पञ्चवर्णकुसुमोपहार' से पाच सुखद घटनाओ की अभिव्यक्ति है (क) चारुदत्त के चरित्र की पवित्रता । (ख) चारुदत्त द्वारा शकार को अभयदान । (ख) आर्यक का राज्यलाभ । (घ) नायक-नायिका मिलन । (ङ) शर्विलक से सख्य (७) पञ्चवर्ण=पाँचरग, कुसुमोपहार=फूल चढाना, शोभिता= सज्जित । पञ्चवर्णाना कुसुमानाम् उपहारेण शोभिता । (८) अभिरूपपति = अनुकूल स्वामी, इहलौकिक =इस लोक मे होने वाला, पारलौकिक =परलोक मे मिलने वाला, भर्ता=स्वामी, भक्तपरिव्ययेन=चावल के खर्च से, अन्विष्यते=ढूँढा जाता है । (९) अनुष्ठीयताम्—अनु+स्था+यक् (कर्म)+लोट् । अशितव्यम्— अश्+तव्य । आशासन्ताम्—आ+शास+लोट् (इच्छार्थक) आशसन्तु पाठ भी है— आ+शस्+लोट् (स्तुति अर्थ) (१०) इहलौकिकः—इसके स्थान पर पाणिनि के अनुसार—इह+लोक+ठञ्=ऐहलौकिक होना चाहिये ।

नटी—आर्य, प्रसीद प्रसीद । त्वमेव जन्मान्तरे भविष्यसीति । [अज्ज, पसीद पसीद । तुम ज्जेव जम्मन्तरे भविस्ससि त्ति ।]

नटी—आर्य, प्रसन्न हो जाइये, प्रसन्न हो जाइये, आप ही दूसरे जन्म मे (पति) होंगे (इसलिए व्रत कर रही हूँ ।)

सूत्रधार—अयमुपवास. केन तवोपदिष्टः । [अअ उववासो केण दे उवदिट्टो ।]

सूत्रधार–यह व्रत किसने तुम्हें वताया ?

नटी–आर्यस्यैव प्रियवयस्येन जूर्णवृद्धेन। [अज्जस्स ज्जेव पिअवअस्सेन जूण्णवुड्ढेण।]

नटी—आपके ही प्रिय मित्र "जूणवृद्ध" ने।

सूत्रधार —(सकोपम् ।) आ दास्या पुत्र जूर्णवृद्ध, कदा नु खलु त्वा कुपितेन राज्ञा पालकेन नववधूकेशहस्तमिव सुगन्ध छेद्यमान प्रेक्षिष्ये ।

[आ दासीए पुत्ता जुण्णवुड्ढा, कदा णु क्खु तुम कुविदेण रण्णा पालएण णववहूकेसहत्थ विअ सुअन्ध कप्पिज्जन्त पेक्खिस्सम् ।]

सूत्रधार—(क्रोधपूर्वक) अरे दासीपुत्र जूर्णवृद्ध, कब मैं वास्तव म तुझे क्रोधित राजा, 'पालक' द्वारा नववधू के सुवासित केशपाश की भाँति विच्छिन्न किया जाता हुआ देखूँगा।

नटी—प्रसीदत्वार्य । आर्यस्यैव पारलौकिकोऽयमुपवास । [पसीददु अज्जो। अज्जस्स ज्जेव पारलोइओ अअ उववासो।] (इति पादयोः पतति।)

नटी—आर्य, प्रसन्न हो। आपके लिए ही यह पारलौकिक उपवास है। [चरणो मे गिर पडती है।]

सूत्रधार —आर्य, उत्तिष्ठ। कथयात्रोपवासे केन कार्यम्। [अज्जे, उट्ठेहि। अधेहि एत्थ उववासे केण कज्जम्।]

सूत्रधार–आर्य, उठो। बताओ कि इस उपवास मे किस (व्यक्ति) से प्रयोजन?

नटी—अस्मादृशजनयोग्येन। ब्राह्मणनोपनिमन्त्रितेन। [अह्मारिसजणजोग्गेण बह्मणेण उवणिमन्तिदेण।]

नटी–अपने अनुरूप ब्राह्मण को निमन्त्रित करने से।

सूत्रधार —अनो गच्छत्वार्या। अहमप्यस्मादृशजनयोग्य ब्राह्मणमुपनिमन्त्रयामि। [अदो गच्छदु अज्जा। अहपि अह्मारिसजणजोग्ग बह्मण उवणिमन्तेमि।]

सूत्रधार–अच्छा, आर्य (तुम) जाओ। मैं भी अपने योग्य ब्राह्मण को निमन्त्रित करता हूँ।

नटी—यदार्य आज्ञापयति। [ज अज्जो आणवेदि।] (इति निष्क्रान्ता)।

नटी—जो आर्य आज्ञा देते हैं। (चली जाती है।)

सूत्रधार —(परिक्रम्य।) आश्चर्यम्। तस्मात्कथ मयैव सुसमृद्धायामुज्जयिन्यामस्मादृशजनयोग्यो ब्राह्मणोऽन्वेपितव्य । (विलोक्य) एप चारुदत्तस्य मित्र मैत्रेय इत एवागच्छति। भवतु। प्रक्ष्यामि तावत्। अद्य मैत्रेय, अस्माक गृहेऽग्रितुमग्रणीर्भवत्वार्य।

[हीमाणहे। ता कध मए एव्व सुसमिद्धाए उज्जइणीए अह्मारिसजणजोग्गो बह्मणो अण्णेसिदव्वो। एसो चारुदत्तस्स मित्त मित्तेओ इदो जेव्व आअच्छदि। भोदु। पुच्छिस्स दाव। अज्ज मित्तेअ, अह्माण गेहे असिदु अग्गणी भोदु अज्जो।]

सूत्रधार—(घूम कर) आश्चर्य ! तो किस प्रकार मेरे द्वारा सुसम्पन्न 'उज्जयिनी' मे अपने अनुरूप ब्राह्मण को ढूँढा जाय ? यह 'चारुदत्त' का मित्र 'मैत्रेय' इधर ही आ रहा है। अस्तु (इससे) पूछूँ तो। आर्य मैत्रेय, आज आप हमारे घर भोजन करने के लिये अग्रेसर हो।

(नपथ्ये)

(नेपथ्य मे।)

भो, अन्य ब्राह्मणमुपनिमन्त्रयतु भवान्। व्यापृत इदानीमहम्। [भो, अण्ण वह्माण उवणिमन्तेदु भवम्। वावुडो दाणि अहम्।]

अरे ! आप दूसरे ब्राह्मण को निमन्त्रित करें। इस समय मैं व्यस्त हूँ।

सूत्रधार—आर्य सपन्न भोजन नि सपत्न च। अपि च दक्षिणापि ते भविष्यति। [अज्ज, सपण्ण भोअण णीसवत्त अ। अवि अ दक्खिणा वि दे भविस्सदि।]

सूत्रधार—आर्य, भोजन तैयार है तथा दूसरा विपक्षी भी नही, और दक्षिणा भी तुम्हारी होगी।

(पुनर्नेपथ्ये)

(फिर नेपथ्य से)

भो, इदानी प्रथममेव प्रत्यादिष्टोऽसि, तत्कि इदानी ते निर्बन्ध पदे पदे मामनुरोद्धम्। [भो, दाणि पढम ज्जेव पच्चादिट्ठोसि, ता को दाणि दे णिब्बन्धो पदे पदे म अनुबन्धेदुम्।]

अरे ! अभी पहले ही निषेध कर दिया है, तो इस समय 'पद पद पर मेरा अनुरोध करने वाला' (यह) तुम्हारा कैसा हठ है ?

सूत्रधार—प्रत्यादिष्टोऽस्म्येतेन। भवतु। अन्य ब्राह्मणमुपनिमन्त्रयामि। [पच्चादिट्ठोम्हि एदिणा। भोदु। अण्ण बम्हण उवणिमन्तेमि।] (इति निष्क्रान्त.।)

सूत्रधार—इसने निषेध कर दिया है। अस्तु, दूसरे ब्राह्मण को निमन्त्रित करता हूँ। (चला जाता है।)

(इत्यामुखम्)

(आमुख समाप्त)

विवृति

(१) जन्मान्तरे=दूसरे जन्म मे, उपोषिता=उपवासी, उपदिष्ट=बतलाया गया। प्रसीद प्रसीद=आदर मे द्विरुक्ति। ससुगन्धम्=सुगन्धित, शोभनो गन्धो यस्यतम्। नववधूकेशहस्तम्=नई दुलहिन के जूडे को, नववध्वा केशहस्तम्, छिद्यमानम्=काटे जाते हुये, अस्मादृशजनयोग्येन=अपने जैसे लोगो के योग्य, उप

निमन्त्रयामि=निमन्त्रित करता हूँ। सुसमृद्धायाम्=धनधान्य से पूरित अशितुम्=खाने के लिए, अग्रणी=अग्रसर, नेपथ्ये=पर्दे मे, व्यापृत=व्यस्त, सम्पन्नम्=बना, नि मपत्नम्=बिना विरोधी के, प्रत्यादिष्ट=मना किया गया, अनुरोद्धुम्=आग्रह करने के लिए, निर्बन्ध=हठ। (३) जूणवृद्ध अथवा चूर्णवृद्ध दोनो नाम प्रयुक्त प्राप्त होते हैं। (४) उज्जयिनी की समृद्धि का वर्णन मेघदूत म भी है। (५) छेद्यमानम् अन्तिम अक के चारुदत्त का निग्रह सूचित होता है। (६) नेपथ्ये='अतर्जवनिका-मार्तृनेपथ्यम्।' नेपथ्यरङ्ग' इतिमेदिनी। (७) प्रत्यादेशो निराकृति' इत्यमर। (८) 'पूर्वजन्मनि या विद्या पूर्वजन्मनि यद्धनम्। पूर्वजन्मनि या नारी अग्रे धावति धावति। (९) अग्रणी=अग्रे नयतीति। (१०) मनु और याज्ञवल्क्य नटा के यहाँ ब्राह्मणो को भोजन निषिद्ध करते हैं—४/२१८-१५ मनु०। १/१६१ याज्ञ०। (११) अग्र+नी+क्विप्। (१२) कहीं-कहीं नि सपत्नम के स्थान पर नि स्रावम् पाठ भी है, जिसका अर्थ है—घृतादिसहिततण्डुलपात्र। (१३) ब्राह्मणो को भोजन के पश्चात् दिया जान वाला द्रव्य दक्षिणा कहलाता है। (१४) आमुख– नटी विदूषको वापि पारिपार्श्विकएव वा। सूत्रधारेण सहिता सलाप यत्र कुर्वते। चित्रैर्वाक्यै स्वकार्योत्थै प्रस्तुताक्षेपिभिर्मिथ। आमुखतत्तुविज्ञेय नाम्ना प्रस्तावनापि सा।' सा० द०। सूत्रधार यहाँ नटी के साथ वार्तालाप करता हुआ वस्तु का सकेत करता है। आमुख-भारतीवृत्ति का एक अग है। सूत्रधार का यह वाग व्यापार प्राय सस्कृत म होता है। भारतीवृत्ति के ४ अग होते हैं—प्ररोचना, वीथी, प्रहसन और आमुख। कुछ टीकाकार इस कथाद्धात और कुछ प्रयोगातिशय आमुख (प्रस्तावना) प्रकार कहत हैं।

[प्रविश्य प्रावारहस्त ।]

[उत्तरीय हाथ मे लिए प्रवेश कर]

मैत्रेय—['अन्य ब्राह्मण' इति पूर्वोक्त पठित्वा] अथवा मयापि मैत्रेयेण पर-स्यामन्त्रणकानि समीहितव्यानि। हा अवस्थे, तुलयसि। यो नामाह तत्रभवतश्चारु-दत्तस्य ऋद्धयाहाराश्र प्रयत्नसिद्धैरुग्दारसुरभिगन्धिभिर्मोदकैरेवाशितोऽभ्यन्तरचतु शाल-कद्वार उपविष्टो मल्लकशतपरिवृतश्चित्रकर इवाङ्गुलीभि स्पृष्ट्वा स्पृष्ट्वापनयामि। नगरचत्वर वृषभ इव रोमन्थायमानस्तिष्ठामि। स इदानीमह तस्य दरिद्रतया यत्र तत्र चरित्वा गृहपारावत् इवावासनिमित्तमत्रागच्छामि। एष चार्य चारुदत्तस्य प्रिय वयस्येन जूर्णवृद्धेन जाती कुसुम वासित प्रावारकोऽनुप्रेषित सिद्धीकृतदेवकार्यस्यार्य-चारुदत्तस्यापनेतव्य इति। तद्यावदार्यचारुदत्त पश्यामि। (परिक्रम्यावलोक्य च।) एष चारुदत्त सिद्धीकृतदेवकार्यो गृहदेवताना बलि हरन्नित एवागच्छति।

[अथवा, मए वि मित्तेएण परस्स आमन्तणआइ पच्छिदव्वाइ। हा अवत्थे,

तुलीअसि । जो णाम अह तत्तभवदो चारुदत्तस्स रिद्धीए अहोरत्त पअत्तणसिद्धेहिं उग्गार सुरहिगन्धेहिं मोदकेहिं ज्जेव असिदो अब्भन्तर चदुस्साल अदुआए उवविट्ठो मल्लअसदपरिवुदो चित्तअरो विअ अगुलीहिं छिविअ छिविअ अवणेमि । णअरचत्तरवुसहो विअ रोमन्थाअमाणो चिट्ठामि । सो दाणि अह तस्स दलिद्दाए जहिं तहिं चरिअ गहपारावदो विअ आवासणिमित्तं इध आ अच्छामि । एसोअ अज्ज चारुदत्तस्स पिअवअस्सेण जुण्णवुड्ढेण जादीकुसुमवासिदो पावारओ अणुप्पेसिदो सिद्धीकिददेवकज्जस्स अज्ज चारुदत्तस्स उवणेदव्वोत्ति । ता जाव अज्ज चारुदत्त पक्खामि । एसो चारुदत्तो सिद्धिकिददवकज्जो गिहदेवदाण वलि हरेन्तो इदोज्जेव आअच्छदि ।]

मैत्रेय—['अन्य ब्राम्हणम्" इत्यादि पूर्वोक्त वाक्य को पढकर] अथवा मुझ मैत्रेय को भी दूसरो के निमन्त्रण की कामना करनी चाहिए ? हा (निर्धन) अवस्थ ! (मेरी) परीक्षा ले रही हो । जो मैं श्रद्धेय चारुदत्त के समृद्धिकाल में रात-दिन यत्नपूर्वक तैयार किय गये, उदगार (डकार) में सुगन्धि लाने वाले, ऐसे मोदकों को खाकर, भीतरी चतुःशाला के द्वार पर बैठा हुआ सैकड़ो व्यञ्जन पात्रों चित्रकार की भाँति अङ्गुलियो से छू-छू कर छोडता रहा, नगर प्राङ्गण के साँड की भाँति जुगाली करता बैठा रहता वही इस समय में उस (चारुदत्त) की निर्धनता के कारण जहाँ-तहाँ चुनकर पालतू कबूतर की भाँति निवास-मात्र के हेतु यहाँ आता हूँ । आर्य "चारुदत्त के प्रियमित्र "जूर्णवृद्ध' ने जाति पुष्पों (चमेली) से सुवासित दुपट्टा भेजा है कि देवकार्य-सम्पादित करने वाले आर्य चारुदत्त के पास ले जाओ । तो तब तक आर्य चारुदत्त को देखता हूँ [घूमकर और देखकर] यह चारुदत्त देवपूजा से निवृत्त होकर गृह-देवताओं की बलि लिए हुए इधर ही आ रहे है ।

(तत प्रविशति यथा निर्दिष्ट, चारुदत्तो रदनिका च ।)

(इसके बाद पूर्व निर्दिष्ट चारुदत्त और रदनिका प्रवेश करते हैं ।)

विवृति

(१) प्रावारहस्त =हाथ मे उत्तरीय लिए । आमन्त्रकानि=निमन्त्रण । समीहितव्यानि=वाञ्छित होने चाहिए । तुलयसि =परीक्षा ले रही हो । ऋद्ध्या=सम्पन्नता मे, प्रयत्न सिद्धैः =प्रयास पूर्वक बनाये गये । उद्गार-सुरभिगन्धिभिः=डकार लेने मे सुगन्धियुक्त । मोदकैः =लड्डुओं से । अशित —तृप्त । अभ्यन्तरचतुःशालकद्वारे=भीतरी बैठक के दरवाजे पर । मल्लकशतपरिवृत =व्यञ्जन अथवा रंग के सैकड़ो पात्रो से घिरा हुआ । चित्रकर =चित्रलेखक । अपनयामि=दूर करता हूँ । नगर चत्वर-वृषभ नगर की चौक का बैल । रोमन्थायमान —जुगाली करता हुआ । गृहपारावत =घर का कबूतर । आवासनिमित्तम्=बसेरा के लिए । जाती = चमेली । सिद्धीकृत—सम्पादित । उपनेतव्य=देना चाहिए । मनिर्येदम्– दुःख

साथ। बलिम्=पूजा। हरन्=लिए हुए। इत=इधर। यथा-निर्दिष्ट=जैसा कहा गया है। (२) प्रावार हस्त यस्य असौ। आमन्त्र्यत यस्य तानि आमन्त्रणकानि। उद्गारेषु सुरभि गन्ध यथा तै। अभ्यन्तर यत् चतुशालकम् तस्य द्वारे। मल्लकानाम् शतन परिवृत नगरस्य चत्वरस्य वृषम। जात्या कुसुमै वासित सिद्धीकृतम् देवकार्यम् यन तस्य। निर्वेदन सहितम्। (३) तुला+णिच्+लट्=तुल्यसि। प्र+आ+वृ+घञ। चतु शालकम् म स्वार्थे क। रोमन्थ+क्यङ्+शानच्=रोमन्थायमान। आमन्त्रणम् म कृत्यल्युटो बहुलम् स ल्युट् तत कुत्सित अर्थ म क प्रत्यय। तुलयसि=तत्करोति तदाचष्ट स णिच् तलयसि भी प्रयाग बनगा। अमित=अस्+क्त+अच्। 'अर्श आदिभ्य'। मल्लक ह्रस्वार्थे कन्। रञ्जीवश्चित्रकर इत्यमर। अङ्गनम् चत्वराजिरे इत्यमर.। रोमन्थ स्यात् पशूद्गारो। अनकार्थकध्वनिमञ्जरी। (८) यहाँ वसन्तसना और चारुदत्त क आग होन वाले समागम रूप फल का कारण परस्पर अनुराग रूप बीज नाम अर्थ प्रकृति है। 'बीज बिन्दु पताका च प्रकरी कार्यमव च। अर्थ प्रकृतय पञ्च ज्ञात्वा योज्या यथाविधि।"—साहित्यदर्पण। (५) 'अल्पमात्र समुद्दिष्ट बहुधा यत्प्रसर्पति। फलस्य प्रथमा हेतुर्बीज तदभिधीयत।" (६) "भवदारम्भ औत्सुक्य यन्मुख्यफलसिद्धय"। "यत्र बीजसमुत्पत्तिर्नानार्थ रससम्भवा। प्रारम्भण समायुक्ता तन्मुख परिकीर्तितम्।" चारुदत्त वसन्तसना के भावि समागम रूप प्रधान फल की सिद्धि क लिए वसन्तसेना का चारुदत्त के हाथ म अलङ्कार निक्षेप रूप उत्सुकता आरम्भ नामक अवस्था है। (७) "प्राच्या विदूषकादीनाम्"—सा० द०। विदूषक प्राच्या भाषा बोलता है। (८) इस अ क म विविध महत्वपूर्ण चरित्रों का सुन्दर प्रस्तुतीकरण है। प्रथम अ क की घटना एक अथवा दो घण्टा म सायकाल प्रथम दिन क कार्य व्यापार म हुई है यथा 'अन्यच्च एतस्या प्रदोष वेलायाम्" और भी 'मारुताभिलापो प्रदोषसमय।"

चारुदत्त—(ऊर्ध्वमवलोक्य सनिर्वेद नि श्वस्य।)

चारुदत्त—(ऊपर को देखकर और दु ख के साथ निश्वास लेकर)

यासा बलि सपदि मद्गृहदेहलीना
हसैश्च सारसगणैश्च विलुप्तपूर्व।
तास्वेव सप्रति विरूढतृणाकुरासु
बीजाञ्जलि पतति कीटमुखावलीढ ॥९॥

अन्वय—यासाम्, मद्गृहदेहलीनाम्, बलि, सपदि, हसै, च सारसगणै· विलुप्तपूर्व, सम्प्रति, विरूढतृणाकुरासु, तासु, एव, कीटमुखावलीढ, बीजाञ्जलि, पतति ॥९॥

पदार्थ—यासाम्=जिन, मद्गृहदेहलीनाम्=मेरे भवन की देहलियो की,

बलि =पूजा, सपदि=शीघ्र, हसैं =मरालो से, च, सारसगणैं =सारसो के समूहो से, विलुप्तपूर्व =पहले अदृश्य कर दी जाती थी, सम्प्रति=इस समय, विरूढतृणाकुरासु—उगे हुये घास के अंकुरो वाली, तासु=देहलियो पर, एव=ही, कीटमुखावलीढ =कीडो के मुखो द्वारा खण्डित, बीजाञ्जलि =अन्न की अञ्जलि, पतति= गिरती है।

अनुवाद—जिन मेरे भवन की देहलियो पर पूजा का द्रव्य शीघ्र ही हसो और सारस समूहों द्वारा पहले खा लिया जाता था, इस समय उगी हुई दूर्वा के अकुरो से युक्त उन देहलियो पर ही कीडो के मुखो द्वारा खण्डित, अन्न की अञ्जलि गिरती है।

सस्कृत टीका—यासाम, मद्गृहदेहलीनाम्=चारुदत्तभवनद्वारपिण्डिकानाम्, बलि =पूजोपहार, सपदि=शीघ्रम एव, हसैं =मरालैं, च, सारसगणैं =पक्षि विशेष समूहे, विलुप्त पूर्व =भक्षि पूव, सम्प्रति=इदानीम्, विरूढतृणाकुरासु, उत्पन्नदूर्वांकुरासु, तासु=प्रसिद्धासु, एव, कीटमुखावलीढ=कीटवदनार्वमुक्त, बीजाञ्जलि =धान्याञ्जलि, पतति=पतित अस्ति।

समास एव व्याकरण—(१) मद०—मम् गृहाणि मदगृहाणि तेषा य देहल्य तासाम्। सारसगणैं =सारसानाम् गणैं। विलुप्तपूर्व =पूर्वम् विलुप्त इति। विरूढतृणाकुरासु=विरूढा तृणाकुरा यासु तासु। कीट०=कीटानाम् मुखे अवलीढ। बीजाञ्जलि =बीजानाम् अञ्जलि। (२) अवलीढ =अव+लिह्+क्त। विलुप्त =वि+लुप्+क्त। पतति=पत्+लट। बलि =बल्+इन्।

विवृति

(१) वसन्ततिलका छन्द है—'उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ ग।' (२) पर्याय अलङ्कार है—'क्वचिदेकमनेकस्मिन्ननेकमचैतगमक्रमात्। भवति क्रियतेवा चेत् पर्याय इष्यते।' यहाँ पर दारिद्र रूप कारण के तृणाकुरउत्पत्ति बीजाञ्जलि प्रपात रूप कार्य से पर्याय अलङ्कार है। कुछ टीकाकार तुल्ययोगिता अलङ्कार भी कहते हैं। (३) प्रसाद गुण है। (४) पाञ्चाली रीति है। (५) मारकण्डय पुराण के अनुसार—दद्यात् धात्रे विधात्रे च बलि द्वारे गृहस्य च।' (६) आचार्य वामन ने इस पद्य को काव्यालङ्कार वृत्तिसूत्र मे उद्धृत किया है। (७) रघुवश—'हर्म्यप्रसरूढतृणाकुरेषु।' ६/४७।

(इति मन्द मन्द परिक्रम्योपविशति।)

(ऐसा कहकर धनै धनै घूमकर बैठ जाता है।)

विदूषक—एष आर्य चारुदत्त। तद्यावत्साप्रतमुपसर्पामि। (उपसृत्य।) स्वस्ति भवते। वर्धना भवान्। [एसो अज्ज चारुदत्तो। ता जाव सपद उवसप्पामि। सोत्थि भवदे। वड्ढदु भवम्]

विदूषक—यह आप चारुदत्त हैं। तो मैं अब इनके समीप चलता हूँ। (समीप जाकर) आपका कल्याण हो! आपका अभ्युदय हो!

चारुदत्त—अये, सर्वकालमित्र मैत्रेय प्राप्त। सखे, स्वागतम्। आस्यताम्।

चारुदत्त—अरे! सब समय के मित्र मैत्रेय आ गए। मित्र, स्वागत है। बैठिये।

विदूषक—यद्भवानाज्ञापयति। (उपविश्य।) भो वयस्य, एष ते प्रियवयस्येन जूर्णवृद्धेन जातीकुसुमवासित प्रावारकोऽनुप्रेषित सिद्धीकृतदेवकार्यस्यार्य चारुदत्तस्य त्वयोपनेतव्य इति। [ज भव आणवेदि। भो वयस्स, एसो दे पिअवअस्सेण जुण्णवुड्ढेण जादीकुसुमवासिदो पावारओ अणुप्पेसिदो सिद्धीकिददेवकज्जस्स अज्जचारुदत्तस्स तुए उवणेदव्वात्ति।] (समर्पयति।)

विदूषक—जैसी आप आज्ञा देते हैं। (बैठकर) हे मित्र, यह तुम्हारे प्रिय सखा 'जूर्णवृद्ध' ने जाती-पुष्पा (चमेली) से सुवासित उत्तरीय भेजा है (और कहा है कि—) देवताओं की पूजा से निवृत्त आर्य 'चारुदत्त' को दे देना।

[चारुदत्तो गृहीत्वा सचिन्त स्थित।]

['चारुदत्त' लेकर चिन्तित हो जाता है।]

विदूषक—भो, किमिदं चिन्त्यते। [भो, किं इदं चिन्तीअदि।]

विदूषक—अरे, यह क्या सोच रहे हो?

विवृति

(१) साम्प्रतम्=अब। उपसर्पामि=समीप जाता हूँ। सर्वकालमित्रम्=सम्पत्ति और विपत्ति दोनों में साथ देने वाला। सर्वेषु एव हि कालेषु मित्रम्। (२) आस्यताम्=बैठिए।

चारुदत्त—वयस्य,

चारुदत्त—मित्र!

सुखं हि दुःखान्यनुभूय शोभते घनान्धकारेष्विव दीपदर्शनम्।
सुखात्तु यो याति नरो दरिद्रतां धृतः शरीरेण मृतः स जीवति ॥१०॥

अन्वय—घनान्धकारेषु, दीपदर्शनम्, इव, दुःखानि, अनुभूय, सुखम्, हि, शोभते, य, नर, सुखात् दरिद्रताम्, याति, स, शरीरेण, धृत, अपि, मृत, [इव], जीवति ॥१०॥

पदार्थ—घनान्धकारेषु=गहन अन्धकार में, दीपदर्शनम्=दीपक का प्रकाश, इव=भाँति, दुःखानि=कष्ट, अनुभूय=अनुभव करके, सुखम्=आनन्द, हि=निश्चय, शोभते=सुशोभित होना है, य=जो, नर=मनुष्य, सुखात्=आनन्द से, दरिद्रताम्=निर्धनता को, याति=जाता है स=वह शरीरेण=शरीर, धृत=धारी, अपि=होते हुए भी मृत=मृतक, जीवति=जीवित रहता है।

अनुवाद :—सघन अन्धकार में दीपक के प्रकाश के सदृश, कष्टों को अनुभव कर सुख सुशोभित होता है, जो मनुष्य समृद्धि से निर्धनता को जाता है वह शरीर को धारण करते हुए मृतक के समान जीवित रहता है ।

संस्कृत टीका —घनान्धकारेषु-गहनतिमिरेषु, दीपदर्शनम्=प्रदीपप्रकाश, इव दुःखानि=कष्टानि, अनुभूय=उपभोगं कृत्वा, सुखम्=आनन्द, हि=निश्चयेन शोभते=विराजते, य=जन, नरः=मनुष्यः, सुखात्=सुखभोगात्, दरिद्रताम्=निर्धनताम्, याति=आप्नोति, स=जन, शरीरेण=देहेन, धृत=युत, अपि, मृत=निर्जीव, जीवति=श्वसिति ।

समास एवं व्याकरण —(१) घन-घना ये अन्धकारा तेषु । दीपदर्शनम्-दीपस्य दर्शनम् । (२) दर्शन-दृश+ल्युट् । अनुभूय-अनु+भू+क्त्वा (ल्यप्) । दुःख दुस्+खन्+ड अथवा दुःख+अच् । शोभते शुभ+लट । याति-या+लट् । जीवति-जीव+लट । मृत=मृ+क्त । धृत-धृ+क्त । सुखम-सुख्+अच् । शरीर-शृ+ईरन् ।

विवृति

(१) इस श्लोक में पूर्वार्द्ध में उपमा अलङ्कार और उत्तरार्ध में अप्रस्तुत प्रशंसा एवं विरोधाभास अलंकार हैं। (२) प्रसाद गुण है (३) लाटी रीति है। (४) वंशस्थ छन्द । (५) यहाँ पर एक कर्ता न होने से अनुभूय में क्त्वा प्रत्यय चिन्तनीय है। (६) न्यून पदता दोष इस पद्य में है। (७) अनियमाख्य दोष भी है। (८) 'यदेवोपनतम् दुःखात् सुखम् तद्रसवत्तरम्' । विक्र० ३/१/२ ।

विदूषक भो वयस्य, मरणाद्दारिद्र्याद्वा कतरस्ते रोचते । [भो वअस्स, मरणादो दालिद्दादो वा कदर दे रोअदि ।

विदूषक—हे मित्र, मरण या दरिद्रता में से कौन-सा तुम्हें अच्छा लगता है ?

चारुदत्त —वयस्य, ?

चारुदत्त —मित्र ?

दारिद्र्यान्मरणाद्वा मरण मम रोचते न दारिद्र्यम् ।
अल्पक्लेश मरण दारिद्र्यमनन्तक दुःखम् ॥ ११ ॥

अन्वय —दारिद्र्यात, मरणात्, वा, मम, मरणम्, रोचते, दारिद्र्यम्, न, [यत] मरणम्, अल्पक्लेशम्, [अस्ति], दारिद्र्यम्, अनन्तकम्, दुःखम् [अस्ति] ॥११॥

पदार्थ —दारिद्र्यात्=निर्धनता से, मरणात्=मृत्यु से, वा=अथवा, मम=मुझे, मरणम्=मृत्यु, रोचते=अच्छी लगती है दारिद्र्यम्=गरीबी, न=

नहीं, मरणम्=मृत्यु, अल्पक्लेशम्=न्यूनदुःखद, अनन्तकम्=असीम, दुःखम्=कष्ट।

विट—(अपने आप) यह मूर्ख जो बात छोड़ने की है वही कह रहा है! क्या वसन्तसेना आर्य चारुदत्त से प्रेम करती है? वस्तुतः यह ठीक ही कहा गया है। कि—"रत्न की संगति रत्न से ही होती है।" तो जाने दो। इस मूर्ख से क्या प्रयोजन? (प्रकट रूप से) काणेलीपुत्र! (व्यभिचारिणी पुत्र!), बायीं ओर उस

सार्थवाह (चारुदत्त) का घर है।

शकार —अथ किम्। वामतस्तस्य गृहम्। [अव इं। व.मदो तदश घलम्।]

शकार—और क्या ? बायी ओर उसका घर है।

वसन्तसेना—(स्वगतम्) आश्चर्यम्। वामतस्तस्य गृहमिति यत्सत्यम्, अपराध्यतापि दुर्जनेनोपकृतम्, येन प्रियसगमः प्रापित । [अम्महे। वामदो तदश गेह त्ति ज शच्चम्, अवरज्झन्तेण वि दुज्जणेण उवकिदम्, जेण पिअशङ्गम पाविदम्।]

वसन्तसेना—(अपने आप) आश्चर्य है। बायी ओर उसका घर है, सच तो यह है कि अपराध करते हुए भी दुष्ट ने उपकार किया है, जिसने प्रिय समागम तो प्राप्त कराया।

शकार —भाव भाव, बलीयसि खल्वन्धकारे माषराशि प्रविष्टेव मसीगुटिका दृश्यमानैव प्रनष्टा वसन्तसेना। [भावे भावे, बलिए क्खु अन्धआले माशलाशिपविट्टा विअ मशिगुडिआ दीशन्दी ज्जेव पणट्टा वशन्तशेणिआ।]

शकार—भाव ! भाव !! गहन अन्धकार मे उडद के ढेर मे प्रविष्ट हुई स्याही की टिक्की की भांति दिखाई देती हुई ही वसन्तसेना तिरोहित हो गई।

विट —अहो, बलवानन्धकार । तथाहि।

विट—ओह ! बड़ा घना अन्धकार है, क्योंकि—

विवृति

बलात्कार = जबर्दस्ती। गर्भदासी = नीच। कामदेवायतनोद्यानात् = अनङ्ग-मन्दिर के उपवन से । परिभ्रश्यति = छूटती है । परिहर्तव्यम् = त्यागने योग्य। उदाहरति = कह रहा है। सगच्छने = मिलता है। काणेलीमात = कुलटा का पुत्र। अपराध्यता = अपकार करते हुए। बलीयसि = घने । माषराशिप्रविष्ट = उडद के समूह मे गिरी हुई। मसीगुटिका = स्याही की टिकिया। प्रनष्ट = विलुप्त हो गई। (२) गुण खलु—'चारुदत्त' भासकृत नाटक मे आया है—कुलपुत्रजनस्य शीलपरितोषोपजीविनी गणिका खल्वहम्।' (३) गर्भदासी — इसका प्रयोग अपशब्द के रूप मे होता है। (४) कामदेवस्य आयतनम् तस्य उद्यानम् तस्मात्। (५) अनुरक्त — यहाँ पर उपदेशन नामक नाट्यालङ्कार है—'शिक्षा स्यादुपदेशनम्।' सा० द०। (६) रत्नम्०—'समानशीलव्यसनेषु सख्यम्' (७) सस्कृत नाटको मे एव कथाओ मे कामदेव मन्दिर और उद्यान का युवक युवतियो के सन्दर्भ मे वर्णन प्राप्त होता है। (८) काणेली मात यस्य तत्सम्बुद्धौ। काणेली = अविवाहिता (९) वसन्तसेना (स्वगतम्) आश्चर्यम्०—यहा पर आनन्द नामक निर्वहण का अङ्ग प्रदर्शित है—'आनन्दो वाञ्छितागमः।'—सा० द०। (१०) उद्+आ+हृ+लट् = उदाहरति। अप्+राध्+शतृ+तृतीया = अपराध्यता । (११) माषाणाम् राशौ प्रविष्ट । (१२) 'मसीगुटिका इव'—उपमालङ्कार।

आलोकविशाला मे सहसा तिमिरप्रवेशविच्छिन्ना ।
उन्मीलितापि दृष्टिर्निमीलितेवान्धकारेण ॥३३॥

अन्वयः—आलोकविशाला, मे, दृष्टिः, सहसा, तिमिरप्रवेशविच्छिन्ना, [जाता], उन्मीलिता, अपि, [दृष्टिः] अन्धकारेण, निमीलिता, इव, [भवति] ॥३३॥

पदार्थः—आलोकविशाला=प्रकाश मे विस्तृत (दूर तक देखने में समर्थ), मे=मेरी, दृष्टिः=नेत्र, सहसा=अकस्मात्, तिमिरप्रवेशविच्छिन्ना=अन्धकार में प्रविष्ट होने से आच्छन्न, उन्मीलिता=खुली हुई, अपि=भी, अन्धकारेण=अन्धेरे से, निमीलिता=बन्द, इव=भाँति ।

अनुवादः—प्रकाश मे आयत मेरी दृष्टि अकस्मात् अन्धकार में प्रविष्ट होने से आच्छन्न हो गयी है । अनावृत भी मेरे नेत्र अन्धकार से मानो आवृत कर दिये गये हैं ।

संस्कृत टीका—आलोकविशाला=दर्शन महती, मे=मम, दृष्टिः=चक्षुः, सहसा=झटिति, तिमिरप्रवेशविच्छिन्ना=अन्धकारप्रवेशविनष्टा, उन्मीलिता=अवलोकनाय व्यापारिता, अपि, अन्धकारेण=तिमिरेण, निमीलिता=मुद्रिता, इव ।

समास एवं व्याकरण—(१) आलोक०—आलोके विशाला इति । तिमिर०—तिमिरे प्रवेशेन विच्छिन्ना इति अथवा तिमिरस्य प्रवेशेन विच्छिन्ना । (२) आ+लोक्+घञ् । प्रवेश=प्र+विश्+घञ् । विच्छिन्न=वि+छिद्+क्त । उन्मीलिता=उद्+मील्+क्त । निमीलिता = नि+मील्+क्त । दृष्टिः= दृश्+क्तिन् ।

विवृति

(१) श्लोक मे उत्प्रेक्षा अलङ्कार है । (२) आर्या छन्द है । (३) 'सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत् ।' उत्प्रेक्षा ॥ 'यस्याः पादे प्रथमे द्वादशमात्रास्तथा तृतीयेऽपि । अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश सार्या ॥'

अपि च ।

और भी—

लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः ।
असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्विफलतां गता ॥३४॥

अन्वयः—तमः, अङ्गानि, लिम्पति, इव, नभः, अञ्जनम्, वर्षति, इव, दृष्टिः, असत्पुरुषसेवा, इव, विफलताम्, गता ॥३४॥

पदार्थः—तमः=अन्धकार, अङ्गानि=अङ्गो को, लिम्पति=व्याप्त कर रहा

है, इव=भाँति नभ=आकाश, अञ्जनम्=काजल, वर्षति=वर्षा कर रहा है, दृष्टि=नेत्र, असत्पुरुषसेवा=दुष्ट मनुष्यों की सेवा की, इव=भाँति, विफलताम्=निष्फलता, गता=प्राप्त हुई है।

अनुवाद—अन्धकार अङ्गों को अवलिप्त सा कर रहा है, आकाश मानो कज्जल की वर्षा कर रहा है, नेत्र दुर्जन की सेवा के सदृश निष्फल हो रहे हैं।

संस्कृत टीका—तम=अन्धकार, अङ्गानि=शरीरम्, लिम्पति=लेपनम् क्रियते इव, नभ=आकाशम्, अञ्जनम्=कज्जलम्, वर्षति=वृष्टिं करोति, इव, दृष्टि=चक्षु, असत्पुरुषसेवा=दुर्जनपरिचर्या, इव, विफलताम्=फलशून्यताम्, गता=प्राप्ता।

समास एवं व्याकरण— (१) असत्०-असत् पुरुषस्य सेवा। (२) लिम्पति लिम्प्+लट्। वर्षति=वृष्+लट्। अञ्जनम्-अञ्ज्+ल्युट्। दृष्टि-दृश्+क्तिन्। गता-गम्+क्त+टाप्।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य मे पूर्वार्द्ध मे उत्प्रेक्षा और उत्तरार्द्ध मे उपमा अलङ्कार है। (२) माधुर्य गुण है। (३) वैदर्भी रीति है। (४) अनुष्टुप् छन्द है। "श्लोके षष्ठ गुरुज्ञेयम् सर्वत्र लघुपञ्चमम्। द्विचतुष्पादयोर्ह्रस्व सप्तमम् दीर्घमन्ययो।" (५) मम्मट ने काव्यप्रकाश मे इसे संसृष्टि के उदाहरण मे प्रस्तुत किया है। (६) दण्डी ने अपने काव्यादर्श मे उद्धृत करते हुए कहा है कि पूर्वार्द्ध मे कुछ लोगो को उपमा की भ्रान्ति हो गई है। वस्तुत वहाँ उत्प्रेक्षा ही है। (७) प्रो० पिशेल ने इस श्लोक के आधार पर कहा है कि मृच्छकटिक के रचयिता दण्डी है।

शकार—भाव भाव, अन्विष्यामि वसन्तसेनिकाम्। [भावे भावे, अण्णेशामि वशन्तशेणिअम्।]

शकार—भाव ! भाव !! वसन्तसेना को खोज रहा हूँ।

विट—काणेलीमात, अस्ति किंचिच्चिह्न यदुपलक्षयसि।

विट—काणेलीपुत्र ! कुछ चिह्न है जो (वसन्तसेना को) खोज रहे हो ?

शकार—भाव भाव, किमिव। [भावे भावे, किं विअ।]

शकार—भाव ! भाव !! कैसा (चिह्न) ?

विट—भूषणशब्द सौरभ्यानुविद्ध माल्यगन्ध वा।

विट—आभूषणो की खनखनाहट अथवा सुगन्धयुक्त माला की गन्ध ?

शकार—शृणोमि माल्यगन्धम्, अन्धकारपूरितया पुनर्नासिकया न सुव्यक्त पश्यामि भूषणशब्दम्। [शुणामि मल्लगन्धम्, अन्धआलपुलिदाए उण णाशिआए ण शुव्वत्त पेक्खामि भूशणशद्दम्।]

कारेण, न=नहि, दृश्यसे=अवलोक्यसे, तु=किन्तु, हे भीरु !=हे भयशीले। माल्यसमुद्भव =माल्यनिर्गत, अयम्=अनुभवगोचर, गन्ध =सौरभ, त्वाम्, सूचयिष्यति=ज्ञापयिष्यति, च, मुखराणि=वाचालानि, नूपुराणि = अलङ्कार विशेषाणि, च ॥

समास एवं व्याकरण—(१) जल०-जलम् ददाति इति जलद तस्य उदरे य सन्धि तत्र लीना। प्रदोष०—प्रदोषस्य तिमिर तेन। माल्यसमुद्भव =माल्यात समुद्भव यस्य स । (२) जलद-जल+दा+क। सन्धि-सम्+धा+कि। सौदामिनी-सुदामन्+अण्+ङीप् (पृषो०)। दृश्यसे-दृश्+यक+लट्। सूचयिष्यति-सूच्+णिच्+लृट्।

विवृति

(१) सौदामिनी इव मे श्रौती उपमा है। (२) सूचयिष्यति एक क्रिया के कारण तुल्ययोगिता अलङ्कार है। (३) अनुमान अलङ्कार भी कुछ टीकाकार कहते है। (४) आत्म रक्षार्थ अवसरानुकूल कुछ करो यह व्यञ्जना है। (५) वसन्त तिलका छन्द है। (५) मेघदूत—'सौदामन्या कनकनिकषस्निग्धया दर्शयोर्वीम्।'

श्रुत वसन्तसेने।

सुना, वसन्तसेना !

वसन्तसेना—(स्वगतम्) श्रुत गृहीत च। (नाट्येन नूपुराण्युत्सार्य माल्यानि चापनीय किंचित्परिक्रम्यहस्तेन परामृश्य) अहो, भित्तिपरामर्शसूचित पक्षद्वारक खल्वेतत्। जानामि च सयोगेन गेहस्य सवृत्त पक्षद्वारकम्। [सुद गहिद अ। अम्मो, भित्तिपरामरिससूइद पक्खदुआरअं क्खु एदम्। जाणामि अ सजोएण गेहस्य सवुद पक्खदुआरअम्।]

वसन्तसेना—(अपने आप) सुना और समझ भी लिया। (अभिनय से नूपुरों को उतार कर और मालाओं का दूर कर, कुछ घूम कर हाथ से छूकर) अहो! दीवार के स्पर्श से ज्ञात हुआ कि यह अवश्य ही बगल का दरवाजा (खिडकी) है और लगता है कि सयोगवश घर का पक्षद्वार [खिडकी] बन्द है।

चारुदत्त—वयस्य, समाप्तजपोऽस्मि। तत्साप्रत गच्छ। मातृभ्यो बलिमुपहर। चारुदत्त—मित्र ! मैं भजन कर चुका हूँ। तो अब जाओ। मातृ-देवियों के लिए बलि (पूजा) ले जाओ।

विदूषक—भो, न गमिष्यामि। [भो, ण गमिस्सम्।]

विदूषक—अजी, मैं नहीं जाऊँगा।

चारुदत्त—धिक्कष्टम्।

चारुदत्त—हा ! खेद है। –

विवृति

(१) गृहतीम्=समझ लिया गया। भित्तिपरामर्शसूचितम्=दीवाल के स्पर्श से ज्ञात होता है। पक्षद्वारकम्=बगल का दरवाजा। सयोगेन=स्पर्श से। सवृतम्=बन्द। (२) भित्ते परामर्शेन सूचितमिति। समाप्त जप येन स =समाप्तजप। (३) सयोगेन का अर्थ कुछ लोगो ने किवाडो के मिलन से और कुछ विद्वानो ने दैवयोग से किया है।

दारिद्र्यात्पुरुषस्य बान्धवजनो वाक्ये न सतिष्ठते
सुस्निग्धा विमुखीभवन्ति सुहृद स्फारीभवन्त्यापद ।
सत्त्व ह्रासमुपैति शीलशशिन कान्ति परिम्लायते
पाप कर्म च यत्परैरपि कृत तत्तस्य सभाव्यते ॥३६॥

अन्वय—दारिद्र्यात्, बान्धवजन, पुरुषस्य वाक्ये, न सन्तिष्ठते, सुस्निग्धा, सुहृद, विमुखीभवन्ति, आपद, स्फारीभवन्ति, सत्वम्, ह्रासम्, उपैति, शीलशशिन, कान्ति, परिम्लायते, च, यत्, पापम्, कर्म, परै अपि कृतम्, तत्, तस्य, सम्भाव्यते ॥३६॥

पदार्थ—दारिद्र्यात्=निर्धनता के कारण, बान्धवजन=बन्धु लोग भी, पुरुषस्य=दरिद्र मनुष्य के, वाक्ये=वचन मे, न, सन्तिष्ठते,=रहते हैं, सुस्निग्धा.=अत्यन्त प्रेमी, सुहृद=मित्र, विमुखीभवन्ति=उदासीन हो जाते हैं, आपद=विपत्तियाँ, स्फारीभवन्ति=अधिक हो जाती है, सत्वम्=बल, ह्रासम्=क्षीण, उपैति=हो जाता है, शीलशशिन=आचार रूपी चन्द्रमा, कान्ति=आभा, परिम्लायते=मलिन हो जाती है, च=और, यत्=जो, पापम्=बुरा, कर्म=कार्य वा, परै=दूसरो से, अपि=भी, कृतम्=किया गया, तत्=पाप कर्म, तस्य=निर्धन का, सम्भाव्यते=समझा जाता है।

अनुवाद—निर्धनता के कारण बन्धुजन भी (दरिद्र) पुरुष के कथन मे नही रहते, अत्यन्त प्रेमी मित्र भी उदासीन हो जाते है तथा विपत्तियाँ बढ जाती है, शक्ति क्षीण हो जाती है, आचार रूपी चन्द्रमा की आभा मलिन पड जाती है और जो बुरा कार्य दूसरो से भी किया गया (है) वह निर्धन का (किया गया) समझा जाता है।

सस्कृत टीका—दारिद्र्यात्=धनाभावात्, बान्धवजन=ज्ञातिजन, पुरुषस्य=दरिद्रस्य, वाक्ये=वचने, न, सन्तिष्ठते=तिष्ठति, सुस्निग्धा=प्रीतिपूरिता, सुहृद=मित्राणि, विमुखीभवन्ति=प्रतिकूलम्, आचरन्ति, आपद=विपत्तय, स्फारीभवन्ति=विस्तारम् गच्छन्ति, सत्वम्=बलम्, ह्रासम्=क्षीणताम्, उपैति=गच्छति, शीलशशिन=आचारचन्द्रस्य, कान्ति=शोभा, परिम्लायते=क्षीणा सञ्जायते, च, यत्, पापम्=निन्दितम् कर्म=चौर्यादिकम्, परै=अन्यै, अपि कृतम्=विहितम्, तत=

पापम्, तस्य=दरिद्रस्य, सम्भाव्यते=आशङ्क्यते ।

समास एव व्याकरण – (१) शील०—शीलम् एव शशी शीलशशी तस्य। (२) दारिद्र्यम्=दरिद्र+ष्यञ् । सन्तिष्ठते—सम्+स्था+लट् । विमुखीभवन्ति-विमुख+च्वि+भू+लट् । स्फारीभवन्ति—स्फार+च्वि+भू+लट् । उपैति - उप+इ+लट् । परिम्लायत-परि+म्लै+यक्+लट् । कृतम्-कृ+क्त । शशी=शश+इन । कान्ति —कम्+क्तिन् । सम्भाव्यते=सम्+भू+णिच्+यक्+लट् ।

विवृति

(१) अप्रस्तुत जन सामान्य से प्रस्तुत चारुदत्त की प्रतीति से अप्रस्तुत प्रशंसा अलकार तथा कष्ट रूप कार्य के प्रति अनेक कारणो के कथन से समुच्चय अलकार। (२) शीलशशी मे रूपक अलङ्कार है। (३) शार्दूलविक्रीडित छन्द है- सूर्याश्वैर्यदि म सजौ सततगा शार्दूलविक्रीडितम् । (४) दारिद्र्य दोषो गुणराशिनाशी। सुभाषित ।

अपि च–

और भी–

सङ्ग नैव हि कश्चिदस्य कुरुते सभापते नादरात्
सम्प्राप्तो गृहमुत्सवेषु धनिना सावज्ञमालोक्यते ।
दूरादेव महाजनस्य विहरत्यल्पच्छदो लज्जया
मन्ये निर्धनता प्रकाममपर षष्ठ महापातकम् ॥३७॥

अन्वय – हि, कश्चित्, अस्य, सङ्गम्, न, एव, कुरुते, आदरात्, न सम्भाषते, उत्सवेषु, धनिनाम्, गृहम्, सम्प्राप्त , सावज्ञम्, आलोक्यते, अल्पच्छद , (दरिद्र), लज्जया, महाजनस्य, दूरात्, एव, विहरति, (अत अहम्) मन्ये, निर्धनता, अपरम् प्रकामम्, षष्ठम्, महापातकम् (अस्ति) ॥३७॥

पदार्थ – हि=क्योकि, कश्चित्=कोई भी, अस्य=दरिद्र का, सङ्गम्=ससर्ग न=नही, एव=ही, कुरुते=करता है, आदरात्=आदर से, सम्भाषते=बोलता है, उत्सवेषु=उत्सवो मे, धनिनाम्=धनवानो के, गृहम्=घर को, सम्प्राप्त=पहुँचा हुआ, सावज्ञम्=तिरस्कार के साथ, अवलोक्यते=देखा जाता है, अल्पच्छद= अल्पवस्त्र, लज्जया=लज्जावश, महाजनस्य=धनवान का, दूरात=दूर मे, एव= ही, विहरति=चलता है, मन्ये=मानता है, निर्धनता=दरिद्रता, अपरम्=अतिरिक्त, प्रकामम्=महा, षष्ठम् = छठा,=महापातकम्=भयकर पाप ।

अनुवाद — कोई भी इसकी सगति नही करता है, सम्मान से न बोलता है। उत्सवों म धनवानो के भवनों को गया हुआ तिरस्कार के साथ देखा जाता है। थोड़े वस्त्र होने स लज्जा के कारण सम्भ्रान्त लोगो से दूर ही चलना है । मानता हूँ

दरिद्रता अतिरिक्त बड़ा छठा महापाप है।

संस्कृत टीका:—हि=यतः, कश्चित्=कोऽपि, अस्य=निर्धनस्य, सङ्गम्=सङ्गतिम्, न=नहि, एव, कुरुते=ससज्जते, आदरात्=सम्मानात्, न, सम्भाषते=आलपति, उत्सवेषु=आनन्दावसरेषु, धनिनाम्=विभववताम्, गृहम्=सदनम्, सम्प्राप्तः=समायातः, सावज्ञम्=सावहेलनम्, अवलोक्यते=दृश्यते, अल्पच्छदः=लघुवस्त्रः लज्जया=त्रपया, महाजनस्य=धनवतः, दूरात्, एव, विहरति=चलति, मन्ये=स्वीकरोमि, निर्धनता=दरिद्रता, अपरम्=भिन्नम्, प्रकामम्=अतिरिक्तम्, षष्ठम् महापातकम्=प्रबलपापम्।

समास एवं व्याकरण:– (१) अल्प०–अल्प छदः यस्य सः। (२) सङ्गम्=सञ्ज+घञ्। कुरुते=कृ+लट्। सम्भाषते=सम्+भाष्+लट्। सम्प्राप्तः=सम्+प्र+आप्+क्त। आलोक्यते=आ+लोक्+यक्+लट्। विहरति=वि+हृ+लट्। मन्ये=मन्+लट्।

विवृति

(१) मनु ने पाँच महापातक कहे हैं—"ब्रह्महत्या, सुरापानम्, गुर्वङ्गनागमः। महान्तिपातकान्याहुः संसर्गश्चापि तैः सह॥" (२) दरिद्र को छठे पातक के रूप में उत्प्रेक्षा की गई है उत्प्रेक्षा अलङ्कार है। (३) प्रसाद गुण है। (४) लाटी रीति है। (५) शार्दूलविक्रीडित छन्द है। (६) कुछ टीकाकारों के कारण अप्रस्तुत प्रशंसा, समुच्चय और काव्यलिङ्ग अलङ्कार भी हैं। (७) कुरुते के साथ आलोक्यते क्रिया विरुद्धवाच्य होने से भग्न प्रक्रमता दोष है। (८) तीसरे चरण में यकार न कहने से न्यूनपदता दोष है।

अपि च।

और भी।

दारिद्र्य ! शोचामि भवन्तमेवमस्मच्छरीरे सुहृदित्युषित्वा।
विपन्नदेहे मयि मन्दभाग्ये ममेति चिन्ता क्व गमिष्यसि त्वम्॥३८॥

अन्वय–हे दारिद्र्य ! भवन्तम्, एवम्, शोचामि, [यत्], अस्मच्छरीरे, सुहृद्, इति, उषित्वा, मयि, मन्दभाग्ये, विपन्नदेहे, [सति], त्वम्, क्व, गमिष्यसि, इति, मम, चिन्ता (अस्ति)॥३८॥

पदार्थ—हे दारिद्र्य ! हे निर्धनता ! भवन्तम्=तुमको, एवम्=इस प्रकार शोचामि=दुखी होता हूँ, अस्मच्छरीरे=मेरी देह में, सुहृद्=मित्र, उषित्वा=वास करके, मयि=मुझ मन्दभाग्ये=भाग्यहीन, विपन्नदेहे=मरने पर, त्वम्=तुम, क्व=कहाँ, गमिष्यसि=जाओगी, मम=मेरी, चिन्ता=दुख।

अनुवाद – हे निर्धनता ! तुम्हारे (विषय मे) दु खी हो रहा हूँ कि मेरे शरीर मे मित्र की भाँति वास करके, मुझ भाग्यहीन के मर जाने पर तुम कहाँ जाओगी, यह मुझे चिन्ता है ।

सस्कृत टीका—हे दारिद्रय ! हे निर्धनते ! भवन्तम्=त्वाम्, एवम्=इत्थम्, शोचामि=दु खी भवामि, अस्मच्छरीरे=ममकलेवरे, सुहृद्=मित्रम्, इति, उषित्वा =वासम् विधाय, मयि=चारुदत्ते, मन्दभाग्ये=भाग्यहीने, विपन्नदेहे=मृते, त्वम्= भवान्, क्व=कुत्र, गमिष्यसि=यास्यसि, इति=ईदृशी, मम=चारुदत्तस्य, चिन्ता= भावना ।

समास एव व्याकरण—(१) विपन्नदेहे—विपन्न देह यस्य तस्मिन् । (२) शोचामि—शुच्+लट् ।'विपन्न—वि+पद्+क्त । उषित्वा=वस्+क्त्वा,गमिष्यसि= गम्+लृट् ।

विवृति

(१) चारुदत्त के औदार्य गुण की अभिव्यञ्जना होती है । (२) यहा वस्तु ध्वनि है । (३) दारिद्र्य नपु सक के लिए भवन्तम् पुल्लिङ्ग का प्रयोग च्युतसस्कार दोष है । (४) इन्द्रवज्रा और उपेन्द्र वज्रा के मेल से उपजाति छन्द है "अनन्तरोदी-रित लक्ष्मभाजौ पादौयदीयावुपजातयस्ताः ।"

विदूषक—(सवैलक्ष्यम्) भो वयस्य, यदि मया गन्तव्यम्, तदेषापि मम सहा-यिनी रदनिका भवतु । [भो वअस्स, जइ मए गन्तव्वम्, ता एसा वि मे सहाइणी रदणिआ भोदु] ।

विदूषक—(लज्जा के साथ) हे मित्र ! यदि मुझे जाना चाहिये, तो यह रद-निका भी मरी महायिका होवे ।

चारुदत्त —रदनिके, मैत्रेयमनुगच्छ ।

चारुदत्त—रदनिके ! मैत्रेय का अनुगमन करो ।

चेटी—यदार्य आज्ञापयति । [ज अज्जा आणवेदि ।]

चेटी—जो आर्य आज्ञा देते हैं !

विदूषक —भवति रदनिके, गृहाण बलिं प्रदीप च । अहमपावृत पक्षद्वारक करोमि । [भोदि रदणिए गेण्ह बलि पदीव अ । अह अपावुद पक्खदुआरअ करोमि । (तथा करोति ।)

विदूषक—ऐ रदनिके ! बलि और दीपक को ले लो । मैं पक्षद्वार (खिड़की) खोलता हूँ । (वैसा करता है ।)

वसन्तसेना—ममाभ्युपपत्तिनिमित्तमिवापावृत पक्षद्वारकम् । तद्यावत्प्रविशामि । (दृष्ट्वा) हा धिक् हा धिक् । कथ प्रदीप. । [मम अब्भुववत्तिणिमित्त विअ अवावुद

पक्खदुआरअम् । ता जाव पविसामि । हद्धी हद्धी । कध पदीवो ।] (पटान्तेन निर्वाप्य प्रविष्टा ।)

वसन्तसेना— मेरे पर अनुकम्पा करने के लिये मानो बगल का द्वार (खिडकी) खुला है तो जब तक प्रवेश करती हूँ । (देख कर) खेद है ! खेद है ! क्या दीपक है ? (अञ्चल से दीप बुझा कर प्रविष्ट हो जाती है)।

चारुदत्त —मैत्रेय, किमेतत् ।

चारुदत्त—मैत्रेय ! यह क्या ?

विदूषक —अपावृतपक्षद्वारेण पिण्डीभूतेन वातेन निर्वापित प्रदीप भवति रदनिके, निष्काम त्व पक्षद्वारकेण। अहमप्यभ्यन्तरचतु शालातः प्रदीप प्रज्वाल्यागच्छामि। [अवावुदपक्खदुआरएण पिण्डीभूदेण वादेण णिव्वाविदो पदीवो। भोदि रदणिए, णिक्कम तुम पक्खदुआरएण । अहपि अब्भन्तरचदुस्सालादो पदीव पज्जालिअ आअच्छामि ।] (इति निष्क्रान्त ।)

विदूषक—पक्षद्वार के खुलने के कारण एकत्रित पवन के वेग से दीपक बुझ गया है। रदनिके ! तुम पक्षद्वार से बाहर निकलो ! मैं भी अन्दर के घर से दीपक जलाकर आता हूँ। (निकल जाता है)।

शकार —भाव भाव, अन्वेषयामि वसन्तसेनिकाम्। [भावे भावे, अण्णेशामि वशन्तशेणिअम् ।]

शकार—भाव ! भाव !! वसन्तसेना को ढूँढता हूँ !

विट —अन्विष्यतामन्विष्यताम् ।

विट—ढूँढो ! ढूँढो !

शकार—(तथाकृत्वा)भाव भाव,गृहीता गृहीता।[भावे भावे, गहिदा गहिदा ।]

शकार—(वैसा करके) भाव ! भाव !! पकड ली ! पकड ली।

विट —मूर्ख, नन्वहम् ।

विट—मूर्ख ! (यह तो) मैं हूँ !

शकार —इतस्तावद्भूत्वा एकान्ते भावस्तिष्ठतु। (पुनरन्विष्य चेट गृहीत्वा) भाव भाव, गृहीता गृहीता। [इदो दाव भविअ एअन्ते भावे चिट्ठदु। भावे भावे, गहिदा गहिदा ।]

शकार—तो आप इधर होकर एकान्त म खडे हो जायँ। (फिर खोजकर चेट को पकड कर) भाव ! भाव !! पकड ली ! पकड ली !

चेट —भट्टारक, चेटोहम्। [भट्टके, चेडे हगे ।]

चेट—स्वामिन् ! मैं (तो) 'चेट' हूँ।

शकार —इतोभावः, इतश्चेट । भावश्चेट, चेटो भाव । युवा तावदेकान्ते तिष्ठतम् ।(पुनरन्विष्य रदनिका, केशेषु गृहीत्वा)भाव भाव,साम्प्रत गृहीता गृहीता वसन्त-

सेनिका । [इदो भावे, इदो चेडे । भावे चडे, चेडे भावे । तुम्हे दाव एअन्ते चिट्ठ । भावे भावे, शपद गहिदा गहिदा वशन्तशेणिआ ।]

शकार—इधर 'भाव' (विट), इधर 'चेट' । 'भाव' ! 'चेट' ! 'चेट !' 'भाव' ! तुम दोनो तो एकान्त मे खड़े रहो ! (फिर ढूँढकर 'रदनिका' के केशो को पकड़ कर) भाव ! भाव !! अब वसन्तसेना पकड़ ली !

विवृति

(१) सवैलक्ष्यम्=लज्जापूर्वक । अपावृतम्=खुला हुआ । अभ्युपपत्तिनिमित्तम्=दया करने के लिए । पिण्डीभूतेन=एकत्रित हुए । अपावृतपक्षद्वारेण=खुले दरवाजे से । वातेन=हवा से । निर्वापित=बुझा दिया गया । (२) विलक्ष्यस्य भाव वैलक्ष्यम् तेन सहितम्सवैलक्ष्यम् यथा स्यात् तथा । अभ्युपपत्तेः निमित्तम् । 'अभ्युपपत्तिरनुग्रह' इत्यमरः । अपावृतम् च तत्पक्षद्वारम् तेन ।

अंधआले पलाअंती मल्लगंधेण शूइदा ।
केशविंदे पलामिश्टा चाणक्केणेव्व दोव्वदी ॥३९॥
[अन्धकारे पलायमाना माल्यगन्धेन सूचिता ।
केशवृन्दे परामृष्टा चाणक्येनेव द्रौपदी ॥]

अन्वय—अन्धकारे, पलायमाना, माल्यगन्धेन सूचिता, [वसन्तसेना], चाणक्येन, द्रौपदी, इव, केशवृन्दे, परामृष्टा ॥३९॥

पदार्थ—अन्धकारे=अन्धेरे मे, पलायमाना=भागती हुई, माल्यगन्धेन=माला की सुगन्ध से, सूचिता=पहचानी गयी, चाणक्येन=चाणक्य से, द्रौपदी=पाञ्चाली, इव=भाँति, केशवृन्दे=केशो मे, परामृष्टा=पकड़ ली गई ।

अनुवाद—अन्धेरे मे भागती हुई एव माला की सुगन्ध से पहचान ली गई (वसन्तसेना) चाणक्य के द्वारा द्रौपदी की भाँति (मेरे द्वारा) केशो से पकड़ ली गई ।

संस्कृत टीका—अन्धकारे=तमसि, पलायमाना=धावन्ती, माल्यगन्धेन=सुकसौरभेण, सूचिता=सकेतिता, चाणक्येन=कौटिल्येन, द्रौपदी=द्रुपदपुत्री, इव, केशवृन्दे=कचकलापे, परामृष्टा=वृता ।

समास एवं व्याकरण—(१) माल्यगन्धेन—माल्यस्य गन्ध माल्यगन्धः तेन । (२)पलायमाना=परा+अय्+शानच्+टाप् । सूचिता=सूच+क्त । परामृष्टा—परा+मृष्+क्त+टाप् । द्रौपदी=द्रुपद+अण्+ङीप् ।

विवृति

(१) चाणक्येन—चाणक्य अभी कलियुग का व्यक्ति है जो कि चन्द्रगुप्त

४०० ई० पू० का मन्त्री था। जबकि द्रौपदी द्वापर युग की है दोनो म समय का बहुत अन्तर है यह उपमा व्याघात है जो कि शकार जैसे मूर्ख के लिए क्षन्तव्य है। (२) द्रौपदी—'अहल्या द्रौपदी सीता तारा मन्दोदरी तथा। पञ्चकन्या स्मरेन्नित्य महापातकनाशिनी।' (३) अनुष्टुप् छन्द है। (४) 'श्लोके षष्ठ गुरुज्ञेय सर्वत्र लघु-पञ्चमम्। द्विचतुष्पादयोर्ह्रस्व सप्तमम्दीर्घमन्ययो।'

विट —

विट—

एषासि वयसो दर्पात्कुलपुत्रानुसारिणी।
केशेषु कुसुमाढ्येषु सेवितव्येषु कर्षिता ॥४०॥

अन्वय—वयस, दर्पात्, कुलपुत्रानुसारिणी, एषा, (त्वम्), पुष्पाढ्येषु, सेवितव्येषु, केशेषु, कर्षिता, असि ॥४०॥

पदार्थ—वयस—आयु के, दर्पात्=अभिमान से, कुलपुत्रानुसारिणी=कुलीन (सु) पुत्र का अनुसरण करने वाली, एषा=यह, पुष्पाढ्येषु=सुमनो से सजे हुये, सेवितव्येषु=सेवन के योग्य, केशेषु=बालो म, कर्षिता=खीची जा रही, असि=हो।

अनुवाद—तरुणाई के अभिमान से कुलीन सुपुत्र चारुदत्त का अनुसरण करने वाली यह तुम सुमन सुसज्जित एव सेवन योग्य केशो से (पकडी गई) खीची जा रही हो।

सस्कृत टीका—वयस—अवस्थाया, दर्पात्=अहङ्कारात्, कुलपुत्रानुसारिणी=सद् वशमुतानुगमनशीला, एषा=वसन्तसेना, पुष्पाढ्येषु=कुसुमयुक्तेषु, केशेषु=कचेषु, कर्षिता=हठात् आकृष्टा, असि।

समास एव व्याकरण—(१) कुल०—कुलस्य पुत्रम् कुलपुत्रम् तमनुसरतीति। पुष्पाढ्येषु=पुष्पस्य आढ्यषु (२) सेवितव्य—सेव+तव्यत्। असि=अस्+लट्। अनुसारिणी=अनु+सृ+णिनि+ङीप्।

विवृति

(१) अनुष्टुप् छन्द है। (२) अनुप्रास अलङ्कार है।

शकार—

शकार—

एशाशि वाशू शिलशि गाहीदा केशेशु बालेशु शिलोलुहेशु।
अक्कोश विक्कोश लवहिचड शभु शिव शकलमीशल वा ॥४१॥
[एषासि वासु शिरसि गृहीता केशेषु बालेषु शिरोरुहेषु।
आक्रोश विक्रोश लपाधिचण्ड शभु शिव शकरमीश्वर वा ॥]

अन्वय —हे वासु ! एपा, (त्वम्) शिरसि, केशेषु, बालेषु, शिरोरुहेषु, गृहीता, असि, (सम्प्रति), आक्रोश, विक्रोश, वा, शम्भुम्, शिवम्, शङ्करम्, ईश्वरम्, अधिचण्डम्, लप ॥४१॥

पदार्थ —हे वासु ! = हे बाले ! एषा = यह, शिरसि = शिर मे, केशेषु = बालो म, बालेषु = कचो मे, शिरोरुहेषु = केशो मे, गृहीता = पकडी गई, असि = हो, आक्रोश = अपशब्द कहो, विक्रोश = चिल्लाओ, वा = अथवा, शम्भुम् = शङ्कर को, शिवम् = महादेव को, शङ्करम् = उमापति को, ईश्वरम् = महादेव को, अधिचण्डम् = बलपूर्वक, लप = पुकारो ।

अनुवाद —हे बाले ! यह (तुम) शिर के बालो, कचो, केशो मे पकडी गई हो, अपशब्द कहो, चिल्लाओ अथवा शङ्कर, महादेव, उमापति, शिव को बलपूर्वक पुकारो ।

सस्कृत टीका—हे वासु ! = हे बाले ! एपा = वसन्तसेना, शिरसि = मूर्धनि, केशेषु = कचेषु, बालेषु = कुन्तलेषु शिरोरुहेषु = केशेषु, गृहीता = परामृष्टा असि, आक्रोश = शापदेहि, विक्रोश = आह्वय, वा, शम्भुम = शिवम, शिवम् = शङ्करम्, शङ्करम् = महादवम्, ईश्वरम् = परमेश्वरम् = अधिचण्डम = भीषणम्, लप = विलाप कुरु ।

समास एव व्याकरण–(१) शिरोरुहेषु–शिरसि रुहा, तेष । (२) गृहीता = ग्रह् + क्त + टाप् । असि—अस् + लट् । आक्रोश आ + क्रुश् + लोट् । विक्रोश–वि + क्रुश् + लोट् । लप–लप् + लोट् । शङ्करम–शम + कृ + अच् । शम्भुम्—शम् + भू + डु । शिवम् = शो + वन् ।

विवृति

(१) 'एकोदेव केशवो वा शिवो वा ।'–भर्तृहरि । (२) 'बाला स्यात् वासु ।' इत्यमर । (३) 'चिकुर कुन्तलो बाल कच केश शिरोरुह ।' इत्यमर. । (४) इन्द्र वज्रा छन्द है—स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौग ।' (५) शकार की मूर्खता के कारण पुनरुक्तियाँ क्षम्य हैं । (६) चण्डम क्रिया–विशेषण है ।

रदनिका–(सभयम्) किमार्यमिश्रैर्व्यवसितम् । [कि अज्जमिस्सेहि ववसिदम् ।]

रदनिका–(भयपूर्वक) (आप) सम्माननीयो न (यह) क्या किया ?

विट–कामेलीमात , अन्य एवैष स्वरसयाग ।

विट—काणेलीपुत्र ! यह तो दूसरा ही शब्द है ।

शकार —भाव भाव, यथा दधिउरपरिपुष्याया मार्जारिकाया स्वरपरिवृत्ति भवति, तथा दास्या पुत्र्या स्वरपरिवृत्ति कृता । [भाव भाव, जधा दहियर—पति पुदाए मज्जालिए शलपलिवत्ते होदि, तथा दाशीए धीए शल–पलिवत्ते कडे ।]

शकार—भाव ! भाव ! ! जिस प्रकार दही की मलाई की अभिलाषिणी बिल्ली के स्वर म परिवर्तन हो जाता है, उसी प्रकार दासी की पुत्री (दुष्ट वसन्तसेना) न स्वर बदल लिया है।

विट—कथ स्वरपरिवर्त कृत । अहा चित्रम् । अथवा किमत्र चित्रम ।

विट—स्वर-परिवर्तन कैसे कर लिया ? अहो आश्चर्य है ! या इसम आश्चर्य ही क्या है ?

विवृति

(१) आर्य मिश्रं =मान्यवरो स । व्यवसितम्=किया गया । स्वरसयोग= ध्वनि । स्वरपरिवृत्ति =स्वर म परिवर्तन (२) आर्याश्चे मिश्रा तै अथवा आर्येषु मिश्रा तै । (३) दधि सरपरिलुब्धाया=दही के ऊपर के मक्खन की अभिलाषिणी । दध्न सर. दधिसर तस्मिन् परिलुब्धाया । (४) मार्जारिकाया =बिल्ली के । (५) व्यवसितम्-वि+ अव्+सो+क्त ।

इय रङ्गप्रवेशेन कलाना चोपशिक्षया ।
वञ्चनापण्डितत्वेन स्वरनैपुण्यमाश्रिता ॥४२॥

अन्वय —इयम्, रङ्गप्रवेशेन, कलानाम्, उपशिक्षया, वञ्चनापण्डितत्वेन, च, स्वरनैपुण्यम्, आश्रिता ॥४२॥

पदार्थ –इयम्=वसन्तसना, रङ्गप्रवशेन=नाट्यशाला मे प्रवेश से, कलानाम् =कलाओ की, उपशिक्षया=शिक्षा के द्वारा, वञ्चनापण्डितत्वेन=ठगने म निपुणता प्राप्त कर लेन मे, च=और, स्वरनैपुण्यम=स्वर सम्बन्धी दक्षता, आश्रिता= प्राप्त कर ली ।

अनुवाद —यह वसन्तसेना नाट्यशाला म प्रवेश तथा कलाओ के अभ्यास के कारण एव ठगने म दक्षता प्राप्त कर लने मे स्वर सम्बन्धी कौशल नी प्राप्त कर चुकी है ।

सस्कृत टीका–इय =वसन्तसेना, रङ्गप्रवेशेन=नाट्यशाला प्रवेशेन, कलानाम्=विविध भङ्गीनाम्, उपशिक्षया=अभ्यासेन, वञ्चनापण्डितत्वेन= छलविद्या निपुणेन, स्वरनैपुण्यम्=ध्वनि परिवर्तन पटुताम्, आश्रिता=प्राप्ता ।

समास एव व्याकरण-(१) रङ्गप्रवशेन=रङ्गे प्रवेश रङ्गप्रवेश तेन । वञ्चना०-वञ्चनाम् पण्डितत्वम् तेन । (२) नैपुण्यम्-निपुण+ष्यञ् । आश्रिता— आ+श्रि+क्त+टाप् । कला-कल्+कच्+टाप् । प्रवेश=प्र+विश्+घञ् । रङ्ग–रञ्ज्+घञ् ।

विवृति

(१) शाकुन्तल—'अहा रागवद्धचित्तवृत्ति आलिखित इव सर्वतोरङ्ग ।'

(२) कला—साठ कलायें शास्त्रों में कही गई है ये सङ्गीत, नृत्य आदि ललित कलायें हैं, चन्द्रमा की षोडश कला कही गई है। (३) पद्य में काव्यलिङ्ग अलङ्कार है। (४) कुछ टीकाकार समुच्चय अलङ्कार भी कहते है। (५) अनुष्टुप् छन्द है।

(प्रविश्य ।)

(प्रवेश कर)

विदूषक—आश्चर्यं भो, प्रदोषमन्दमारुतेन पशुवन्धोपनीतस्येव छागलस्य हृदयम्, फुरफुरायते प्रदीप.। (उपसृत्य रदनिका दृष्ट्वा) भो रदनिके। [ही ही भो·, पदोसमन्द मारुदेण पशुबन्धोवणीदस्स विअ छागलस्य हिअअम् फुरफुराअदि पदीवो। भो रदणिए।]

विदूषक—अरे आश्चर्य है! रात्रि के प्रथम पहर की मन्द-मन्द समीर से पशुओ के वध्यस्थान पर ले जाये गये बकरे के हृदय की भांति, दीपक फुर-फुर कर (कांप) रहा है! (समीप आकर रदनिका को देख कर) हे रदनिके!

शकार.—भाव भाव, मनुष्यो मनुष्य। [भावे भावे, मणुश्शे मणुश्शे।]

शकार—भाव! भाव! मनुष्य! मनुष्य!

विदूषक – युक्त नेदम्, सदृश नेदम्, यदार्यचारदत्तस्य दरिद्रतया सांप्रत परपुरुषा गेह प्रविशन्ति। [जुत्त णेदम् सरिस णेदम्, ज अज्जचारुदत्तस्य दलिद्ददाए सपद परपुरिसा गेह पविशन्ति।]

विदूषक-यह उचित नही, यह योग्य नही कि आर्य चारुदत्त की निर्धनता के कारण आजकल दूसरे लोग घर मे प्रवेश करते हैं।

रदनिका—आर्य मैत्रेय, प्रेक्षस्व मे परिभवम्। [अज्ज मित्तेअ, पेक्ख परिहवम्।]

रदनिका—आर्य मैत्रेय, ! मेरा अपमान (तो) देखो!

विदूषक: - किं तव परिभवः। अथवास्माकम् [किं तव परिहवो। आदु अह्माणम्।]

विदूषक—क्या तुम्हारा अपमान अथवा हमारा?

रदनिका—ननु युष्माकमेव। [ण तुह्माण ज्जेव।]

रदनिका—तुम्हारा ही।

विदूषक –किमय बलात्कारः [किं एसो बलक्कारो।]

विदूषक—क्या यह बलात्कार?

रदनिका—अथ किम्। [अध इ।]

रदनिका—और क्या?

विदूषकः—सत्यम् । (सच्चम्)

विदूषक–सच ?

रदनिका—सत्यम् । [सच्चम् ।]

रदनिका—सच ।

विदूषक.—(सक्रोध दण्डकाष्ठमुद्यम्य) मा तावत् । भोः स्वके गेहे कुक्कुरोऽपि तावच्चण्डो भवति, किं पुनरहं ब्राह्मणः । तदेतेनास्मादृशजनभागधेयकुटिलेन दण्ड-काष्ठेन दुष्टस्येव शुष्कवेणुकस्य मस्तकं ते प्रहारैः कुट्टयिष्यामि । मा दाव । भो, सकेगे हे कुक्कुरो वि दाव चण्डो भोदि, किं उण अहं बह्मणो । ता एदिणा अह्मारिसज-णभाअधेअकुडिलेण दण्डकट्ठेण दुट्टस्सविअ सुक्खाण वेणुअस्स मत्थअं दे पहारेहिं कुट्टइस्सम् ।]

विदूषक—(क्रोधपूर्वक लकड़ी का डण्डा तानकर) ऐसा मत कहो ! अरे ! "अपने घर मे तो कुत्ता भी घोर हो जाता है", फिर मैं ब्राह्मण तो क्या ? इसलिए इस हमारे भाग्य जैसे टेढ़े-मेढे काठ के डण्डे से विकृत (दुष्ट) सूखे बाँस के समान तेरे मस्तक को प्रहारो से चकनाचूर कर डालूँगा ।

विटः—महाब्राह्मण, मर्षय मर्षय ।

विट—महाब्राह्मण ! क्षमा करो ! क्षमा करो !

विदूषक :— (विटं दृष्ट्वा) नात्र एषोऽपराध्यति । (शकारं दृष्ट्वा) एष खल्व-त्रापराध्यति । अरे रे राजश्यालक संस्थानक दुर्जन दुर्मनुष्य, युक्त नेदम् । यद्यपि नाम तत्रभवानार्यचारुदत्तो दरिद्रः संवृत्तः । तत्किं तस्य गुणैर्नालंकृतोज्जयिनी । येन तस्य गृहं प्रविश्य परिजनस्येदृश उपमर्दः क्रियते । [ण एत्थ एसो अवरज्झदि । एसो क्खु एत्थ अवरज्झदि । अरे रे राअसालअ सट्ठाणअ दुज्जण दुम्मणुस्स, जुत्तं णेदम् । जइ वि णाम तत्तभवं अज्जचारुदत्तो दलिद्दो संवुत्तो, ता किं तस्स गुणेहिं ण अलंकिदा उज्जइणी ।जेण तस्स गेहं पविसिअपरिअणस्स ईरिसो उवमद्दो करीअदि ।]

विदूषक–(विट को देखकर) यह अपराधकर्ता नहीं है । (शकार को देख कर) निश्चय ही यह अपराधी है । अरे ! राजश्यालक ! संस्थानक ! दुष्ट ! नीच मनुष्य ! यह उचित नही है । यद्यपि पूजनीय आर्य चारुदत्त निर्धन हो गये हैं तथापि क्या उनके गुणो से उज्जयिनी विभूषित नही है ? जिससे उनके घर में घुस कर सेवको का इस प्रकार अपमान कर रहा है ?

विवृति

(१) 'प्रदोष मन्दमारुतेन—रात्रि के प्रथम पहर की धीमी वायु से । पशुबन्धो पनीतस्य=बलिपशु बाँध ने के खूँटे के पास ले जाये गये । छागलस्य=बकरे के । फुरफु-फुरायते-काँप रहा है (फुर-फुर कर रहा है)। परिभवः=अनादर । चण्ड=भयङ्कर ।

सदृशम्+योग्य । दरिद्रतया=निर्धनता से । अस्माद्भाग्यभागधेयकुटिलेन= हम लोगों के भाग्य के समान वक्र । दुष्टस्य=दोषयुक्त । शुष्कवेणुकस्य=सूखे हुए बाँस के । कुट्टयिष्यामि=कूट डालूँगा । महाब्राह्मण=अधम ब्राह्मण । (२) 'सल्ये तैले तथा मानसे वैद्ये ज्योतिषके द्विजे । यात्रायां पथि—निद्रायां महच्छब्दो न दीयते ।' (३) सस्थानक शकार का नाम है । (४) उपमर्द =अनादर । (५) पशुः बध्यते अत्र इति पशुबन्ध तस्य उपनीतस्य (६) अस्माद्‌राजनानां भागधेयवत् कुटिलेन । (७) 'असिजीवी मसीजीवी देवलोग्रामयाचक । धावक पाचकश्चैतान् षड्विप्रान् नाभिवादयेत् । (८) विदूषक की उक्ति कुट्टयिष्यामि में विमर्श सन्धि का सफेट नामक अंग है-'सफेटो रोषमाषणात् ।' (९) फुरफुरायते खटखटायते की भाँति प्रयोग है।

मा दुग्गदो त्ति परिहवो णत्थि कदन्तस्स दुग्गदो णाम ।

चारित्तेण विहीणो अड्ढो वि अ दुग्गदो होइ ॥४३॥

[मा दुर्गत इति परिभवो नास्ति कृतान्तस्य दुर्गतो नाम ।

चारित्र्येण विहीन आढ्योऽपि च दुर्गतो भवति ॥]

अन्वयः—(अयम्) दुर्गत, इति, परिभव, मा, (कर्तव्य), कृतान्तस्य (समीप), दुर्गत, न, अस्ति, नाम च चारित्र्येण, विहीन, आढ्य, अपि, दुर्गत भवति ॥४३॥

पदार्थ —=दुगत =निर्धन, इति=इसलिए,परिभव =तिरस्कार, मा=नहीं, कृतान्तस्य=यमराज क दुर्गत =निर्धन, न=नही, अस्ति=है, नाम=सम्भवत, च=और, चारित्र्यण=चरित्र से, विहीन =रहित, आढ्य =धनिक, अपि=भी, दुर्गत =निर्धन, भवति—होता है ।

अनुवाद —निर्धन है इसलिए तिरस्कार न करो, यमराज के (निकट मे) निर्धन (कोई) नहीं है तथा सदाचार स रहित धनवान भी दुर्दशा को प्राप्त होता है ।

सस्कृत टोका—दुर्गत =निर्धन, इति=अस्मात् हेतो, परिभव =तिरस्कार, मा =न, कृतान्तस्य=यमराजस्य, दुर्गत, न, अस्ति, नाम, च,चारित्र्यण=शिष्टाचारेण, विहीन =शून्य, आढ्यः=धनिक, अपि, दुगत =दरिद्र, भवति=जायते ।

समास एव व्याकरण—(१) दुर्गत =दुर्+गम्+क्त । परिभव =परि+भू+अप् । अस्ति+अस्+लट् । विहीन =वि+हा+क्त । भवति=भू+लट् । चारित्र्य—चरित्र=ष्यञ् । आढ्य—आ+ध्यै+क (पृषो०)

विवृति

(१) 'आढ्योऽभिजनवानस्मि कोऽन्योऽस्ति सदृशो मया ।'—भग० (२) नाम सम्भावना अर्थ म अव्यय है (३) पद्य म सामर्थ्यलिङ्ग और अप्रस्तुत प्रशंसा अलङ्कार

है। (४) गाथा छन्द है। (५) आर्या छन्द इसलिए नही है कि प्रथम पाद मे १३ मात्रायें आ जाती हैं गाथा का लक्षण है—'विषमाक्षरपादत्वात् पादौ रसमञ्जसमधर्मवत्। यत् छन्दसि नोक्तमत्त गाथेति तत् सूरिभि कथितम्।' (६) पद्य मे शकार की दुष्टता तथा राजा पालक का बल दोनो दुर्गति को प्राप्त होंगे यह वस्तु—व्यञ्जना है।

विट—(सवैलक्ष्यम्।) महाब्राह्मण, मर्षय मर्षय।अन्यजनशङ्कया खल्विदमनुष्ठितम्, न दर्पात्। पश्य।

विट—(लज्जापूर्वक) महाब्राह्मण! क्षमा करो! क्षमा करो! दूसरे व्यक्ति (वसन्तसेना) के भ्रम से ऐसा अनुचित कार्य हो गया, अहङ्कार से नही।

देखो—सकामान्विष्यतेऽस्माभि —

हमारे द्वारा एक कामासक्ता (युवती) खोजी जा रही है।

विदूषक—किमियम्। [किं इअम।]

विदूषक—क्या यह (रदनिका)?

विट—शान्त पापम्।

विट—पाप शान्त हो।

काचित्स्वाधीनयौवना।

सा नष्टा शङ्कया तस्या प्राप्तेय शीलवञ्चना ॥४४॥

अन्वय—अस्माभि, सकामा, स्वाधीनयौवना, काचित्, अन्विष्यते, सा, नष्टा, तस्या, शङ्कया, इयम्, शीलवञ्चना, प्राप्ता ॥४४॥

पदार्थ—अस्माभि =हम लोगो से, सकामा=कामासक्त, स्वाधीनयौवना=अपने यौवन की स्वामिनी, काचित्=कोई युवती, अन्विष्यते=खोजी जा रही है, सा=वह, नष्टा=अदृश हो गई, तस्या =उसी की, शङ्कया=भ्रान्ति से इयम्=यह, शीलवञ्चना=चारित्रिक पतन, प्राप्ता=हुआ।

अनुवाद —हम लोगों से कामासक्त एव अपने यौवन की स्वामिनी कोई तरुणी खोजी जा रही है, वह अदृश्य हो गई उसकी भ्रान्ति से यह चारित्रिक धोखा हो गया।

संस्कृत टीका—अस्माभि =शकारादिभि, सकामा=कामासक्ता, स्वाधीनयौवना=स्वेच्छानुचरितयौवना, काचित्, अन्विष्यते=निभाल्यते, सा = रमणी, नष्टा=पलायिता, तस्या =रमण्या, शङ्कया=भ्रान्त्या, इयम्=प्रस्तुत, शीलवञ्चना=सदाचारप्रतारणा, प्राप्ता=सञ्जाता।

समास एव व्याकरण—(१) स्वाधीन०—स्वाधीनम् यौवनम् यस्या सा। शील०—शीलस्य वञ्चना शीलवञ्चना। (२) अन्विष्यते—अनु+इष्+यक्+लट् वञ्चना—वञ्च्+ल्युट्। टाप्। नष्टा—नश्+क्त+टाप्। प्राप्ता—प्र+आप्+क्त+टाप्।

विवृति

(१) पथ्यावक्त्र छन्द है–'युजोर्जेन सरित् भर्तुः । पथ्यावक्त्रम् प्रकीर्तितम्।' (२) हम निर्दोष है, यह व्यञ्जना होती है। (३) 'वञ्चना परिहर्तव्या बहुदोषा हि शर्वरी।' मृच्छ०।

सर्वथा इदमनुनयसर्वस्व गृह्यताम्। (इति खड्गमुत्सृज्य कृताञ्जलिः पादयो पतति।

सर्वथा इस विनय के सर्वस्वभूत (प्रणाम को) स्वीकार करिये! (ऐसा कहकर तलवार त्यागकर, हाथ जोडकर पैरो पर गिर पडता है।)

विदूषक :—सत्पुरुष, उत्तिष्ठोत्तिष्ठ। अजानता मया त्वमुपालब्ध। साम्प्रत पुनर्जानन्ननुनयामि।[सपुरिस, उट्ठेहि उट्ठेहि। अआणन्तेण मए तुम उवालद्धे। सपद उण जाणन्तो अणुणेमि।]

विदूषक—हे सज्जन! उठो, उठो। अनजाने मे ही मैंने तुम्हे उपालम्भ दिया है। इस समय तो (निर्दोष) जानकर (आपसे) विनय करता हूँ।

विट—ननु भवानेवात्रानुनेय। तदुत्तिष्ठामि समयत।

विट—यहाँ तो आप ही विनय के पात्र हैं। तो एक शर्त पर उठता हूँ।

विदूषकः—भणतु भवान्। [भणादु भवम्।]

विदूषक—आप कहे।

विट—यदीम वृत्तान्तमार्यचारुदत्तस्य नाख्यास्यसि।

विट—यदि इस घटना को "आर्य चारुदत्त" से नही कहेगे।

विदूषक -न कथयिष्यामि। [न कधइस्सम्।]

विदूषक—नही कहूँगा।

विवृति

(१) अनुनयसर्वस्वम्=सबसे बड़ी मनुहार। उपालब्ध=उलाहना। अनुनयामि=मनाता हूँ। अनुनेय=मनाने योग्य। समयत=शर्त से। (२) अनुनयस्य-सर्वस्वम् (३) समयत–'समय सत्यथाचार काल सिद्धान्तसम्पद.।' इति विश्व। 'क्रियाबन्ध' इति पृथ्वीधर। समयत। इति केचित्। (४) अनुनयामि—अनु+नी+लट्।

> एष ते प्रणयो विप्र! शिरसा धार्यं ते मया।
> गुण शस्त्रैर्वयं येन शस्त्रवन्तोऽपि निर्जिताः॥४५॥

अन्वय—हे विप्र! एष, ते, प्रणय, मया, शिरसा, धार्यते, येन शस्त्रवन्त, अपि, वयम्, गुणशस्त्रैः, निर्जिताः॥ ४५॥

पदार्थ.—हे विप्र!=हे ब्राह्मण! एष=यह, ते=तुम्हारा, प्रणय=प्रेम, मया=मुझसे, शिरसा=मस्तक से, धार्यते=धारण किया जाता है, येन=जिससे

शस्त्रवन्तः=शस्त्र युक्त, अपि=भी, वयम्=हम, गुणशस्त्रैः=गुण रूपी आयुधो से, निर्जिता=पराजित कर दिये गये हैं।

अनुवाद —हे द्विज! यह तुम्हारा प्रेम मैं शिर से धारण करता हूँ। जिससे कि शस्त्रधारी भी हम लोग (आपके) गुण रूपी आयुधो से हरा दिये गये।

संस्कृत टीका —हे विप्र!=हे द्विज!, एष=अयम्, ते=तव, प्रणय=प्रीति, मया=विटेन, शिरसा=मस्तकेन, धार्यते=स्वीक्रियते, येन=कारणेन, शस्त्रवन्त=आयुधयुक्ता, अपि, वयम्=विटादय, गुणशस्त्रैः=गुणायुधैः, निर्जिता=पराजिता।

समास एव व्याकरण —(१) गुण०–गुणा एव शस्त्राणि तैः (२) धार्यते–धृति+णिच्+यक्+लट्। निर्जिता —निर्+जि+क्त।

विवृति

(१) गुणशस्त्रैः मे रूपक अलङ्कार है। (२) पथ्यावक्त्र छन्द है। (३) कुछ टीकाकार परिणाम अलङ्कार कहते हैं।

शकार —(सासूयम्) किंनिमित्त पुनर्भाव, एतस्य दुष्ट बटुकस्य कृपणाञ्जलिं कृत्वा पादयोर्निपतित। (किंणिमित्त उण भावे, एदश्श दुट्टबडुअश्श किविणअञ्जलिं कदुअ पाएशु णिवडिदे।)

शकार —(ईर्ष्या सहित) भाव! किसलिए आप इस दुष्ट ब्राह्मण को हाथ जोड कर चरणो पर गिर पडे?

विटः—भीतोऽस्मि।

विट —डर गया हूँ।

शकार —कस्मात्त्व भीत.। (कश्श तुम भीदे।)

शकार—आप किससे डर गये?

विट —तस्य चारुदत्तस्य गुणेभ्य।

विट —उस चारुदत्त के गुणो से।

शकारः—के तस्य गुणा यस्य गृह प्रविश्याशितव्यमपि नास्ति। (के तश्श गुणा जश्श गेह पविशिअ अशिदव्व पि णत्थि।)

शकार —कौन से उसके गुण हैं? जिसके घर मे घुसने पर भोजन भी नही है।

विट —मा मैवम्।

विट —ऐसा मत कहो!

विवृति

(१) सासूयम्=ईर्ष्यापूर्वक। दुष्टबटुकस्य=दुष्टब्राह्मण। कृपणाञ्जलिम्=दीनतापूर्वक जोडे गये हाथ। असितव्यम्=भोजन। (२) असूयया सहितम् सासूयम्।

'गुणेषु दोषा विष्करणम् असूया ।' (३) अश्+तव्य—अशितव्य । (४) कहीं कहीं 'आह्निक द्रव्यम्' भी पाठ है। इसका अर्थ होता है दैनिक वस्तु । (५) 'कस्मात्त्व भीत' मे 'भी' के योग में पञ्चमी । (६) प्रविश्य—प्र+विश्+क्त्वा+ल्यप् ।

सोऽस्मद्विधाना प्रणयै कृशीकृतो
न तेन कश्चिद्विभवैर्विमानित. ।
निदाघकालेष्विव सोदको ह्रदो
नृणा स तृष्णामपनीय शुष्कवान् ॥४६॥

अन्वय –स , अस्मद्विधानाम्, प्रणयैः कृशीकृतः, तेन, कश्चित्, विभवैः, न, विमानित नृणाम्, तृष्णाम्, अपनीय, स निदाघकालेषु, सोदक , ह्रद , इव, शुष्कवान् ॥४६॥

पदार्थ —स —वह, अस्मद्विधानाम्=हम जैसे, प्रणयैः =स्नेहो से, कृशीकृत =धनहीन कर दिये गये, तेन=उनसे, कश्चित्=कोई, विभवैः =धनो से, न, विमानितः=तिरस्कृत किया गया, नृणाम्=मनुष्यो की, तृष्णाम्=प्यास, अपनीय= दूर कर, स.=वह, निदाघकालेषु=ग्रीष्म के समय मे, सोदक =जलयुक्त, ह्रद = सरोवर, इव=भाँति, शुष्कवान=सूख गया ।

अनुवाद —वह हम जैसे जनो के स्नेहो से निर्धन किये गये । चारुदत्त के द्वारा कोई समृद्धि से तिरस्कृत नही हुआ, मनुष्यो की प्यास दूर कर वह ग्रीष्म ऋतु मे जलयुक्त जलाशय की भाँति सूख गया ।

संस्कृत टीका —सः=चारुदत्त , अस्मद्विधानाम्=मादृशानाम्, प्रणयैः = प्रार्थनाभि , कृशीकृत =धनरहितः विहित , तेन=चारुदत्तेन, कश्चित्=कोऽपि, विभवैः =समृद्धिभि , न=नहि, विमानित =तिरस्कृत , नृणाम्=मनुष्याणाम्, तृष्णाम्=अभिलाषाम् पिपासाम् वा, अपनीय=दूरीकृत्य, स =चारुदत्त , निदाघ-कालेषु=ग्रीष्मदिवसेषु, सोदक =जलयुक्त , ह्रद =जलाधार., इव, शुष्कवान्= क्षीण सञ्जात ।

समास एव व्याकरण— (१) अस्मद्०–अस्माकम् विधा इव विधा येषा तेषाम् । निदाघ०–निदाघस्य काल निदाघकाल तेषु । (२) प्रणय–प्र+नि+अच् । विमानित —वि+मन्+णिच्+क्त । कृशीकृत —कृश्+च्वि+कृ+क्त । ह्रद = अपनीय—अप्+नी+क्त्वा—ल्यप् । तृष्ण –तृष्+न+टाप् । शुष्कवान–शुष्क+ तवतु ।

विवृति

(१) 'तृष्णाम् छिन्धि' । -भर्तृहरि । (२) 'तृष्णा छिनत्त्यात्मनः' ।-हितोपदेश (३) 'साधारणोऽस्य प्रणय ' ।-शाकुन्तल । (४) 'अलङ्कृतोऽस्मि स्वय ग्राह प्रणयेन भवता । मृच्छ० । (५) 'सर्वाधिनो मे प्रणय विहन्तुम्' । रघु० । (६) श्लोक मे उपमा अलङ्कार है । (७) उपजाति छन्द है ।

शकार —कः स गर्भदास्या पुत्र । [(सामर्षम् ।) के शे गब्भदासीए पुत्ते ।]

शकार —(क्रोधपूर्वक) कौन है वह जन्मदासी का पुत्र ?

शूले विक्कते पड्वे शेदकेद्
पुत्ते लाधाए लावणे इ ददत्ते ।
आहो कुतीए तेण लामेण जादे
अश्शत्थामे धम्मपुत्ते जडाऊ ॥४७॥

[शूरो विक्रान्त पाण्डव श्वेतकेतु पुत्रो राधाया रावण इन्द्रदत्त ।
आहो कुन्त्यास्तेन रामेण जात अश्वत्थामा धर्मपुत्रो जटायु ॥]

अन्वय —विक्रान्त, शूर, (स, किम्) पाण्डव, श्वेतकेतु, इन्द्रदत्त, राधाया, पुत्रः, रावण, आहो, तेन, रामेण, जात', कुन्त्या (पुत्र), अश्वत्थामा, (वा) धर्मपुत्र, जटायु ॥ ४७ ॥

पदार्थ —विक्रान्त =पराक्रमी, शूर =वीर, पाण्डव =पाण्डु का तनय, श्वेतकेतु =श्वेतकेतु इन्ददत्त =इन्द्र से प्रदत्त, राधाया =राधा का पुत्रः=सुत, रावण =दशानन, आहो=अथवा, तेन=उस, रामेण=रघुनन्दन से, जात =उत्पन्न, कुन्त्या=कुन्ती का, अश्वत्थामा, धर्म पुत्र =यमराज का सुत, जटायुः=गृद्धराज।

अनुवाद —पराक्रमी, वीर, पाण्डु का पुत्र श्वेतकेतु है ? अथवा इन्द्र का दिया हुआ राधा का पुत्र रावण है ? अथवा विख्यात रघुनन्दन स उत्पन्न कुन्ती का सुत अश्वत्थामा है ? अथवा धम का तनय जटायु है ?

संस्कृत टीका —विक्रान्त =पराक्रमशील., शूर =भट, पाण्डव =पाण्डुपुत्र', श्वेतकेतु =औद्दालकि', इन्द्रदत्त =देवराजप्रदत्त राधायाः, पुत्र.=सुत, रावण =दशानन, आहो=अथवा, तेन=विख्यातेन, रामेण=दाशरथिना, जात =उत्पन्न, कुन्त्या =पृथाया, अश्वत्थामा=द्रौणि, धर्मपुत्र =धर्मतनय, जटायु =पक्षिराज ।

समास एव व्याकरण —(१) धर्मपुत्र —धर्मस्य पुत्रः धर्मपुत्र । (२) विक्रान्त —वि+क्रम्+क्त। राम—रम्+घञ्। रावण —रु+णिच्+ल्युट्। रावयति सर्वाणि इति रावण । रमन्ते अस्मिन् इति राम ।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य शकार—पुराण का एक सुन्दर उदाहरण है। (२) शकार के वचन होन से क्षमतव्य है (३) पद्य मे वैश्व देवी छन्द है—'वाणाश्वै छिन्न वैश्व देवी म मौ यौ'।

विट·—मूख, आर्यचारुदत्त खल्वसौ ।

विट—मूर्ख ! यह ता "आर्य चारुदत्त" हैं।

दीनाना कल्पवृक्ष स्वगुणफलनत. सज्जनाना कुटुम्बी
आदर्श शिक्षिताना सुचरितनिकष शीलवेलासमुद्र ।
सत्कर्ता नावमन्ता पुरुपगुणनिधिर्दक्षिणोदारसत्वो
ह्येक श्लाध्य सजीवत्यधिकगुणतया चोच्छ्वसन्तीव चान्ये ॥४८॥

अन्वय — दीनानाम्, स्वगुणफलनतः, कल्पवृक्ष, सज्जनानाम्, कुटुम्बी, शिक्षितानाम्, आदर्श, सुचरितनिकष, शीलवेलासमुद्र, सत्कर्ता, न, अवमन्ता; पुरुषगुणनिधि, दक्षिणोदारसत्त्व., हि, अधिक गुणतया, श्लाध्य, एक, स, जीवति, अन्ये, उच्छ्वसन्ति, इव, च ॥४८॥

पदार्थ — दीनानाम् = दरिद्रों के, स्व गुणफलनत = अपने गुण रूपी फलो से नम्र, कल्पवृक्ष = कल्पतरु, सज्जनानाम् = साधुओ के, कुटुम्बी = बान्धव, शिक्षितानाम् = पढे-लिखे जनो के, आदर्श = मानदण्ड, सुचरितनिकष = सदाचारियो की कसौटी, शीलवेलासमुद्र = सच्चरित्रता रूपी मर्यादा के सिन्धु, सत्कर्ता = आदर करने वाले, न, अवमन्ता = तिरस्कार करने वाले, पुरुषगुणनिधि = मानवीय गुणो के निधान, दक्षिणोदारसत्व = कुशल और उदार प्रकृति वाले, हि = निश्चय ही, अधिक गुणतया = गुणो के उत्कर्ष के कारण, श्लाध्य = प्रशसनीय, एक = एकाकी, स = वह, जीवति = जी रहे हैं, अन्ये = दूसरे, उच्छ्वसन्ति = श्वास लेते हैं, इव = भांति, च = और।

अनुवाद — अकिञ्चनो के (लिए) अपने गुण रूपी फलो (के भार) से विनम्र कल्पतरु हैं, साधुओं के बान्धव है, शिक्षितो के मानदण्ड हैं, पुण्यवानो की कसौटी है, सदाचार की मर्यादा के सागर हैं, सम्मान करने वाले हैं, तिरस्कार करने वाले नही हैं, मानवोचित गुणो के निधान हैं, कुशल, सरल एव उदार प्रकृति वाले हैं, निश्चय ही गुणो के उत्कर्ष के कारण वन्दनीय एकाकी वह (सफल) जीवन हैं, दूसरे जन तो मानो श्वास लेते हैं।

सस्कृत टीका—दीनानाम् = दरिद्राणाम्, स्वगुणफलनत = निजगुण परिपाक-नम्र. कल्पवृक्ष = कल्पतरु, सज्जनानाम् = सत्पुरुषाणाम्, कुटुम्बी = बान्धव, शिक्षितानाम् = विदुषाम्, आदर्श = दृष्टान्तभूत, सुचरितनिकष = पुण्यवताम् परीक्षापाषाण, शीलवेलासमुद्र = सदाचार मर्यादासिन्धु, सत्कर्ता = सत्कारकारक, न, अवमन्ता = अपमानकर्ता, पुरुषगुणनिधि = मानवीयगुणालय, दक्षिणोदारसत्व = सरलोदारस्वभाव, हि = खलु, अधिकगुणतया = गुणोत्कर्षेण, श्लाध्य = अभिनन्दनीय, एक. = केवल, स = चारुदत्त, जीवति = प्राणान् धारयति, अन्ये = अपरे, उच्छ्वसन्ति = उच्छ्वासम् कुर्वन्ति, इव, च।

समास एव व्याकरण-(१) स्व०—स्वस्य गुणानाम् फलै नत । अथवा स्व-

स्य गुणा एव फलानि तैः नत । कल्पवृक्ष —कल्पस्य वृक्ष । अथवा कल्पपूर्ण वृक्ष । सुचरित० — सुचरितानाम् निकष , निकष्यते अस्मिनिति निकष । शील०-शीलम् एव वेला तस्या समुद्र । पुरुष०—पुरुषाणाम् ये गुणा तेषाम् निधि । दक्षिणोदार-सत्व –दक्षिणाम् च उदारम् च सत्वम् यस्य स ।

(२) नत.—नम्+क्त। आदर्श —आ+ दृश+घञ् । सत्कर्ता सत्+ कृ+ तृच् । अवमन्ता–अव+मन्+तृच् । श्लाघ्य –श्लाघ्+ ण्यत् । शील–शील् +अच् । जीवति-जीव+लट् । उच्छ्वसन्ति–उद्+श्वस्+लट् ।

विवृति

(१) उल्लेख, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा अलङ्कार हैं। (२) चारुदत्त का अनेक प्रकार से उल्लेख है अत उल्लेख अलङ्कार है। 'एकस्यानेकधोल्लेखो य स उल्लेख उच्यते ।' (३) चतुर्थ चरण म क्रियोत्प्रेक्षा है। (४) शीलवेलासमुद्र म रूपक है। (५) गुण—कीर्तन नामक नाट्यालङ्कार है। 'गुणानाम् कीर्तनम् यत्तु तदेव गुणकीर्तनम् ।' (६) धीर प्रशान्त नायक का सुन्दर वर्णन है। (७) स्रग्धरा छन्द है। 'म्रभ्नैर्यानाम ।' त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम् ।' (८) प्रसाद गुण है।(९) वैदर्भी रीति है। (१०) 'पञ्चैतेदेवतरवो मन्दार पारिजातक । सन्तान कल्पवृक्षश्च पुंसिवा हरिचन्दनम् । (११) 'यस्मिन् जीवति जीवन्ति बहव स तु जीवति ।' इति न्याय । (१२) 'Glass of fashion (Hamlet III)। 'Gl ·s of learning ।

तदितो गच्छाम ।

तो यहाँ स चलें ।

शकार –अगृहीत्वा वसन्त सेनाम् । [आगेण्हिअ वशन्तशेणिअम् ।]

शकार—"वसन्तसेना" को विना लिये ?

विट –नष्टा वसन्तसेना ।

विट— 'वसन्तसेना" अदृश्य हो गई ।

शकार –कथमिव । [कथ विअ ।]

शकार—कैसे ?

विट —

विट—

अन्धस्य दृष्टिरिव पुष्टिरिवातुरस्य
मूर्खस्य बुद्धिरिव सिद्धिरिवालसस्य ।
स्वल्पस्मृतेर्व्यसनिन परमेव विद्या
त्वा प्राप्य सा रतिरिवारिजने प्रनष्टा ॥४९॥

अन्वय –सा, त्वाम् प्राप्य, अन्धस्य, दृष्टि , इव, आतुरस्य, पुष्टि , इव, मूर्खस्य, बुद्धि , इव, अलसस्य, सिद्धि , इव, अल्पस्मृते , व्यसनिन', परमा, विद्या, इव,

अरिजन, रति, इव, प्रनष्टा ॥४९॥

पदार्थ –मा=वसन्तसेना, त्वाम्=तुमको, प्राप्य=पाकर, अन्धस्य=अन्धे के दृष्टि=नेत्र, इव=सदृश, आतुरस्य=रुग्ण के, पुष्टि=बल, इव=सदृश, मूर्खस्य=मूर्ख की, बुद्धि=मेधा, अलसस्य=आलसी की, सिद्धि=सफलता, अल्पस्मृते=न्यूनस्मरणसामर्थ्य वाले, व्यसनिन=कामुक की, परमा= उत्तम, विद्या=ज्ञान, अरिजने=शत्रुओं में रति=अनुराग प्रनष्टा=लुप्त हो गई।

अनुवाद–वह (वसन्तसेना) तुमको पाकर नेत्रविहीन की दृष्टि के सदृश, रुग्ण के बल के तुल्य मूर्ख की मेधा की भाँति, मन्द की सफलता के सदृश, क्षीण स्मरण शक्ति वाले कामुक की उत्तम विद्या की भाँति और शत्रुओं में अनुराग के समान लुप्त हो गई।

संस्कृत टीका–मा= गणिका, त्वाम्=शकारम्, प्राप्य=लब्ध्वा, अन्धस्य=नेत्रशक्तिविहीनस्य, दृष्टि=दर्शनशक्तिः, इव, आतुरस्य=रोगग्रस्तस्य, पुष्टि=शक्ति, इव मूर्खस्य=अज्ञस्य बुधि=मेधा, इव, अलसस्य= मन्दस्य, सिद्धि=कार्यसाफल्यम् इव, अल्पस्मृत=न्यूनस्मरणशक्ति, व्यसनिन=कामुकस्य, परमा=उत्कृष्टा, विद्या=ज्ञानम इव अरिजने=परे, रति=प्रीति, इव, प्रनष्टा=अदर्शनम् गता।

समास एवं व्याकरण–(१) अल्पस्मृत=अल्पा स्मृति यस्य तस्य। व्यसनिन-व्यसनम् अस्ति अस्य इति व्यसनी तस्य। (२) प्राप्य—प्र+ आप्+क्त्वा—ल्यप्। दृष्टि=दृश्+क्तिन्। पुष्टि पुष्+क्तिन्। बुद्धि—बुध+क्तिन्। सिद्धि—सिध्+क्तिन। रति–रम्+क्तिन्। प्रनष्टा–प्र+नश+क्त+टाप्। विद्या–विद+क्यप्+टाप्।

विवृति

(१) यहाँ पर एक ही वसन्तसेना के कई उपमान होने से मालोपमा अलङ्कार है। मालोपमा यदेकस्योपमानम् बहुदृश्यते। (२) वसन्ततिलका छन्द है। 'उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ ग।

शकार –अगृहीत्वा वसन्तसेना न गमिष्यामि।[अगण्हिअ वसन्तसेणिअं ण गमिस्सम्।)

शकार— वसन्तसेना' को बिना लिये नहीं जाऊँगा।

विट –एतदपि न श्रुतं त्वया।

विट—वह भी नहीं सुना तुमने–

आलाने गृह्यते हस्ती वाजी वल्गासु गृह्यते।
हृदये गृह्यते नारी यदीदं नास्ति गम्यताम् ॥५०॥

अन्वयः–हस्ती, आलाने, गृह्यते, वाजी, वल्गासु, गृह्यते, नारी, हृदये, गृह्यते, यदि, इदम्, नास्ति, (तदा), गम्यताम् ॥५०॥

पदार्थ.—हस्ती=गज, आलाने=स्तम्भ मे, गृह्यते=बाँधा जाता है। वाजी=अश्व, वल्गासु=लगाम मे, गृह्यते=रोका जाता है, नारी=स्त्री, हृदये=हृदय से, गृह्यते=वशीभूत होती है, यदि, इदम्=ऐसा, नास्ति=नही है, गम्यताम्=जाओ।

अनुवाद.—गज स्तम्भ मे बांधा जाता है, अश्व लगाम से रोका जाता है और स्त्री हृदय से वश मे की जाती है। यदि ऐसा नही है, तो जाइये।

संस्कृत टीका-हस्ती=गज, आलाने=बन्धस्तम्भे, गृह्यते=वशीक्रियते, वाजी=अश्वः, वल्गासु=मुखरज्जुसु, गृह्यते=निरुध्यते, नारी=स्त्री, हृदये=अन्तःकरणे, गृह्यते=स्वाधीनीक्रियते, यदि, इदम्=पूर्वोक्तम्, धारणाम्, नास्ति=न विद्यते, गम्यताम्=निवर्त्यताम्।

समास एवं व्याकरण-(१) गृह्यते-ग्रह्+यक्+लट्। नास्ति-न+अस्+लट्। गम्यताम्-गम्+यक्+लोट्। आलान आ+ली+ल्युट्। वाजी-वाजि+इनि।

विवृति

(१) 'न गर्दभा. वाजिधुरम् वहन्ति।' मृच्छ०। (२) 'आलान बन्धनस्तम्भ.' इत्यमर। (३) निदर्शना अलङ्कार है। (४) कुछ टीकाकार एक ही क्रिया गृह्यते से हस्ति, वाजि, और स्त्री से सम्बन्ध होने से दीपक अलङ्कार कहते हैं–। 'अप्रस्तुत प्रस्तुतयोर्दीपक तु निगद्यते।' (५) उदाहरण नामक नाट्य लक्षण भी है। (६) यहा पर गृह्यते क्रिया के तीन बार पठन के कारण अनवीकृत दोष है तथा हस्ति, वाजी और स्त्री इत्यादि पुल्लिङ्ग स्त्रीलिङ्ग निर्देश से भग्न प्रक्रमता दोष भी है। (७) (७) पथ्यावक्त्र छन्द है।

शकार—यदि गच्छसि, गच्छ त्वम्। अहं न गमिष्यामि। (यदि गच्छशि, गच्छ तुमम्। हगे ण गमिश्शम्।)

शकार—यदि जाते हो तुम आओ मैं नहीं जाऊँगा।

विटः-एवम्। गच्छामि। (इति निष्क्रान्त.।)

विट-अच्छा, जाता हू। (निकल जाता है)।

शकार-गत खलु भावोऽभावम्। (विदूषकमुद्दिश्य) अर काकपदशीर्षमस्तक दुष्टवटुक, उपविशोपविश। (गडे बलु भावे अभावम्। अले काकपदशीशमश्तका दुट्टवडुका, उवविश उवविश।)

शकार—भाव (विट) तो अभाव को प्राप्त हुए। (विदूषक को लक्ष्य कर)

अरे ! कौए के पञ्जों के समान शिर वाले दुष्ट ब्राह्मण ! बैठ ! बैठ !

विदूषक–उपवेशिता एव वयम् । [उववेसिदा ज्जेव अम्हे]

विदूषक–हम तो बैठा ही रक्खे हैं ।

शकार—केन । (केण ।)

शकार—किसने ?

विदूषक – कृतान्तेन । (कअन्तेण ।)

विदूषक—यमराज ने ?

शकार —उत्तिष्ठोत्तिष्ठ । (उट्ठेहि उट्ठहि ।)

शकार—उठ ! उठ !

विदूषक —उत्थास्याम । (उट्ठिस्सामो ।)

विदूषक–उठेंगे ।

शकार –कदा । (कदा ।)

शकार— कब ।

विदूषक –यदा पुनरपि दैवमनुकूल भविष्यति । (जदा पुणे वि देव्व अणुऊल भविस्सदि ।)

विदूषक—*जब फिर भी भाग्य अनुकूल होगा ।*

शकार –अरे, रुदिहि रुदिहि । (अले, लोद लोद ।)

शकार–अरे ! रोओ ! रोओ !

विदूषक –रोदिता एव वयम । (रोदाविदा ज्जेव अम्हे ।)

विदूषक–हम तो रुलाए जा चुके ।

शकार –केन । (केण ।)

शकार– किससे ?

विदूषक —दुगत्या । [दुगादीए ।]

विदूषक—दुगति से ।

शकार —अरे, हस हम । [अले हश हश ।]

शकार—अरे ! हँस ! हंस !

विदूषक – हसिष्याम । [हसिस्सामो ।]

विदूषक–हँसेंगे ।

शकार —कदा । [कदा ।]

शकार—कब ।

विदूषक —पुनरपि ऋद्धयार्य चारुदत्तस्य । [पुणो वि ऋद्धीए अज्जचारुदत्तस ।]

विदूषक—पुन आर्य चारुदत्त की समृद्धि से ।

शकार—अरे दुष्टवटुक, भणिष्यसि मम वचनेन त दरिद्र चारुदत्तकम्—'एषा ससुवर्णा सहिरण्या नवनाटकदर्शनोत्थिता सूत्रधारीव वसन्तसेनानाम्नी गणिकादारिका कामदेवायतनोद्यानात्प्रभृति त्वामनुरक्तास्माभिर्बलात्कारानुनीयमाना तव गेहं प्रविष्टा । तद्यदि मम हस्ते स्वयमेव प्रस्थाप्यैना समर्पयसि, ततोऽधिकरण व्यवहार विना लघु निर्यातयतस्तव मयानुवद्धा प्रीतिर्भविष्यति । अथवानिर्यातयतो मरणान्तिक वैर भविष्यति । अपि च प्रेक्षस्व । [अले दुट्टवडुका, भणेशि मम वअणेण त दलिद्दचालुदत्तकम्—'एशा शशुवण्णा शहिलण्णा णवणाउअदशणुट्ठिदा शुत्तदालि व्व वसन्तशेणा णाम गणिआदालिआ कामदेवाअदणुज्जाणादो पहुदि तुम अणुलत्ता अम्हेहिं बलक्कालाणुणीअमाणा तुह गेह पविट्टा । ता जइ मम हत्थे शअ ज्जेव पट्टाविअ एण शमप्पेशि, तदो अधिअलणे ववहाल विणा लहु णिज्जादमाणाह तव मए अणुवद्धा पीदी हुविश्शदि । आदु अणिज्जादमाणाह मलणन्तिके वेले हुविश्शदि । अवि अपेक्ख ।]

शकार—अरे ! दुष्ट ब्राम्हण ! मेरे कथनानुसार उस दरिद्र चारुदत्त से कहना—'यह सुन्दर वर्ण (रग) वाली, सोने (के आभूषणो) वाली, नवीन नाटक देखकर उठी हुई सूत्रधारी के समान वसन्तसेना नाम की वेश्या—पुत्री कामदेवायतनोद्यान (मे जाने) से लेकर तुझम अनुरक्त है, हमारे द्वारा बलात्कारपूर्वक पीछा की जाती हुई तुम्हारे घर म घुस गई है । तो यदि मेरे हाथ मे स्वय ही भेज कर इसको सौंप देते हो तो न्यायालय म अभियोग (मुकदमे) के बिना शीघ्र ही तेरी मेरे साथ घनिष्ठ मित्रता हो जायेगी, अथवा (वसन्तसेना को) न लौटाने पर मृत्युपर्यन्त शत्रुता हो जायगी ।

और भी देखो—

विवृति

(१) भाव =आदरणीय । अभावम्=विलोप । काकपदशीर्षमस्तक=कौवे के पैर के समान क्षीण मस्तक वाले । कृतान्तेन=दैव से । दुर्गत्या=दुर्दशा से । ऋद्धया=सम्पत्ति से । बलात्कारानुनीयमाना=जबर्दस्ती विनय की गई । अधिकरणे=न्यायालय म । व्यवहारम्=अभियोग । लघु=जल्दी । निर्यातयत =लौटाते हुए । अनुवद्धा=दृढ । (२) काकपदवत् शीर्षं मस्तक च यस्य तत्सम्बोधने । बलात्कारेण अनुनीयमाना । (३) ससुवर्णा=सोने के गहनों से सजी । नवनाटकदर्शनोत्थिता=नवीन नाटक के अभिनय के लिए आई हुई । नवनाटकस्य दर्शनाय उत्थिता । सूत्रधारी=नटी । गणिकादारिका=वेश्या । (४) 'पुनरपि ऋद्धया' यहाँ पर प्रसगवश चरित्र के कथन से प्रकरी नामक कार्यावस्था है ।(५) 'विवादो व्यवहार. स्यात्'। (६) 'निर्यातनम् वैरशुद्धौ दाने न्यासार्पणेऽपि च ।' इति हेमचन्द्रः । (७) बल्+अत्+क्विप्+कृ+अण्=बलात्कार ।

कश्चालुका गोच्छडलित्तवेंटा
शाके अ शुक्खे तलिदे हु मशे ।
भत्ते अ हेमतिअलत्ति शिद्धे
लीणे अ वेले ण हु होदि पूदी ।।५१।।

[कूष्माण्डी गोमयलिप्तवृन्ता शाकं च शुष्कं तलितं खलु मासम् ।
भक्तं च हैमन्तिकरात्रिसिद्धं लीनायां च वेलायां न खलु भवति पूतिः ।।]

अन्वय—गोमयलिप्तवृन्ता, कूष्माण्डी, शुष्कम्, शाकम्, च, तलितम्, मासम्, खलु, हैमन्तिकरात्रिसिद्धम्, भक्तम्, च, वेलायाम्, लीनायाम्, च न, खलु, पूतिः, भवति ।।५१।।

पदार्थ—गोमयलिप्तवृन्ता=गोबर से लिपी हुई डाली वाली, कूष्माण्डी=कुम्हडी, शुष्कम=सूखा, शाकम्=साग, तलितम्=तला हुआ, मासम्=मास, खलु=निश्चय, हैमन्तिकरात्रिसिद्धम्=हेमन्त ऋतु की रात मे पकाया गया, भक्तम्=भात, वेलायाम्=समय, लीनायाम्=बीत जाने पर, च=भी, न=नही, निश्चय, पूतिः=दुर्गन्धयुक्त, भवति=होते हैं ।

अनुवाद—गोबर से लिपी हुई डाली वाली कुम्हडी, सूखा हुआ साग, तला हुआ मास और हेमन्त ऋतु की रात म पका हुआ भात समय बीत जाने पर भी दुर्गन्धयुक्त नही होता है ।

संस्कृत टीका—गोमयलिप्तवृन्ता=गोपुरीषवेष्टितवन्धास्थानम्, कूष्माण्डी=लघुकर्कारु, शुष्कम्=रसहीनम्, शाकम्, च, तलितम्=समृष्टम्, मासम्, खलु=निश्चयेन, हैमन्तिकरात्रिसिद्धम्=हेमन्तनिशापरिपक्वम्, भक्तम्=अन्नम्, च, वेलायाम्=काले, लीनायाम्=व्यतीते, च, न=नहि, खलु, पूतिः=दुर्गन्धयुतम्, भवति=जायते ।

समास एवं व्याकरण—(१) गोमय०—गोमयेन लिप्तम् वृन्तम् यस्या. सा । हैमन्तिक०—हेमन्तऋतुभवायाम् रात्रौ सिद्धमिति । (२) कूष्माण्डी—कूष्माण्ड+ङीप् । शुष्कम्—शुष्+क्त । लीनायाम्—ली+क्त+टाप् । भवति—भू+लट् ।

विवृति

(१) अप्रस्तुत प्रशसा अलङ्कार है । (२) इन्द्रवजा छन्द है । (३) कुछ टीकाकार तुल्ययोगिता अलङ्कार भी कहते हैं ।

शोभन भणिष्यति, मकपट भणिष्यसि । तथा भणिष्यसि यथाहमात्मकीयाया प्रासादबालाग्रकपोतपालिकायामुपविष्ट. शृणोमि । अन्यथा यदि भणसि, तदा कपाटप्रविष्टकपित्थगुलिकमिव मस्तकं ते मडमडायिष्यामि । [शोहतक भणेदि, लहतक भणेधि । तथा भणेधि जधा हगे अत्तणकेलिकाए पाशादबालग्गकवोदवालिआए उव-

विट्ठे शुणामि । अण्णघा जदि भणेशि, ता कवालपविट्ठकविट्ठगुडिअ विअ मश्तअ दे मडमडाइश्शम् ।

भली-भांति कहोगे, कपटपूर्वक कहोगे । उस प्रकार कहोगे जिससे मैं अपने राजभवन के नूतन अग्रभाग वाले कबूतरो के पालने के स्थान पर बैठा हुआ सुनता रहूँ । किसी दूसरे प्रकार से यदि कहा, तो किवाडो म फँसे हुए कैथ के गोले के समान तरे सिर का 'मडमडा' (कूट) दूँगा ।

विदूषक—भणिष्यामि [भणिस्सम् ।]

विदूषक—कहूँगा ।

शकार—(अपवार्य) चेट गत सत्यमेव भाव । [चेडे, गडे शच्चक ज्जेव भावे ।]

शकार—(अलग हट कर) चेट ! सचमुच ही विट चला गया ?

चेट—अथ किम् । [अघ इ ।]

चेट—और क्या ?

शकार—तच्छीघ्रमपक्रमाव । [ता शिग्घ अवक्कमम्ह ।]

शकार—तो शीघ्र ही चलते हैं ।

चेट—तद्गृह्णातु भट्टारकोऽसिम् । [ता गेण्हदु भट्टके असिम् ।]

चेट—तो स्वामी तलवार ग्रहण करे ।

शकार—तवैव हस्त तिष्ठतु । [तव ज्जेव हत्थे चिट्ठदु ।]

शकार—तुम्हारे ही हाथ म रहे ।

चेट—एप भट्टारक । गृह्णात्वेन भट्टारकोऽसिम् । [एशे भट्टालके । गण्हदु ण भट्टक असिम् ।]

चेट—स्वामिन् ! यह है । आप इस तलवार को ले लें ।

विवृति

(१) शोभनम्=भली प्रकार । सकपटम्=चालाकी से । आत्मकीयाम्= अपनी । प्रासादबालाग्रकपोतपालिकायाम्=राजभवन की नूतन कपोतपालिका पर । उपविष्ट=बैठा हुआ । कपाट प्रविष्टकपित्थगुल्मिकम्=किवाड के बीच मे रखे हुए कैथा के समान । मडमडायिष्यामि=मडमडा डालूँगा अर्थात चूरा कर दूँगा । (२) प्रासादस्य बालम् अग्रम् यस्या सा, कपोतपालिका (कपोतानाम् पालिका इति तस्याम्) । बालाग्रम्—कोश के अनुसार बालाग्र शब्द का अर्थ है मत्तवारण और कपोतपालिका का अर्थ है कबूतर पालने का स्थान—'कपोतपालिकाया तु विटङ्क पुनपुसकम् । (३) 'लघुक्षिप्रतर द्रुतम्' इत्यमर । (४) अपवार्य—'रहस्य तु यदन्यस्य परावृत्य प्रकाशते तद्भवेदपवारितम् ।' सा० द० ।

शकार —(विपरीत गृहीत्वा ।)
शकार—(उलटी पकड कर)—

णिव्वक्कल मूलकपेशिवण्ण खधेण घेत्तण अ कोशशुत्त।
कुक्केहि कुक्कीहि अ वुक्कअ ते जघा शिआले शलण पलामि ॥५२
[निर्वल्कल मूलकपेशिवर्णं स्कन्धेन गृहीत्वा च कोशसुप्तम्।
कुक्कुरै कुक्करीभिश्च बुक्कयमानो यथा शृगाल शरण प्रयामि ॥]

अन्वय—निर्वल्कलम्, मूलकपेशिवर्णम्, कोशसुप्तम्, (असिम्), स्कन्धेन, गृहीत्वा, च, कुक्कुरै, कुक्कुरीभि, च, बुक्कयमान, शृगाल, यथा, शरणम्, प्रयामि ॥५२॥

पदार्थ—निर्वल्कलम्=नग्न, मूलकपेशिवर्णम्=मूली के छिलके के तुल्य वर्ण वाली, कोशसुप्तम्=म्यान मे स्थित (तलवार को), स्कन्धेन=कन्धे पर, गृहीत्वा=रखकर, च=और, कुक्कुरै=कुत्तो से, कुक्कुरीभि—कुतियो से, च= और, बुक्कयमान.=भौंका गया, शृगाल=गीदड, यथा=भाँति, शरणम्=घर को, प्रयामि=जा रहा हूँ।

अनुवाद—नग्न एव मूली के छिलके के तुल्य वर्ण वाली, म्यान म स्थित खड्ग को कन्धे पर रख कर, कुत्तो और कुतियो से भौंका (शब्द किया) गया, सियार के सदृश वासस्थान को जा रहा हूँ।

सस्कृत टीका—निर्वल्कलम्=त्वक्रहितम्, मूलकपेशिवर्णम्=शुभ्रोज्ज्वलम्, कोशसुप्तम्=कोशस्थितम् (खडगम्), स्कन्धेन=अशदेशेन, गृहीत्वा=धृत्वा, च, कुक्कुरै=श्वभि, कुक्कुरीभि=शुनीभि, च, बुक्कयमान=अनुशब्दायमान, शृगाल=जम्बुक, शरणम्=गृहम्, प्रयामि=व्रजामि।

समास एव व्याकरण—(१) निर्वल्कलम्—वल्कलात् निर्गतम् इति। मूल०— मूलकस्य पेशि इव वर्ण यस्य तम्। (२) सुप्तम्—सुप्+क्त। गृहीत्वा—ग्रह्+ क्त्वा। बुक्कयमान—बुक्क+शानच्। प्रयामि=प्र+या+लट्।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य में उपमा अलकार है। (२) उपजाति छन्द है। (३) शरणम् गृहरक्षित्रो' इत्यमर'। (४) यहाँ 'निर्वल्कलम्' और 'कोशगुप्त' दोनो शब्दो का विरोध दूर करने के लिए यह कहा जा सकता है कि शकार न कन्धे पर रखने से पहले तलवार का कोश म रख लिया था।

(परिक्रम्य निष्क्रान्तौ।)
(घूमकर निकल जाते हैं)

विदूषक.—भवति रदनिके, न खलु तेऽयमपमानस्तत्रभवतश्चारुदत्तस्य निवेदयितव्यः । दौर्गत्यपीडितस्य मन्ये द्विगुणतरा पीडा भविष्यति । [भोदि रदणिए, ण क्खु दे अअं अवमाणो तत्तभवदो चारुदत्तस्स णिवेदइदव्वो । दोग्गच्चपीडिअस्स मण्णे दिउणदरा पीडा हुविस्सदि ।]

विदूषक—अरी रदनिके ! अपने इस अपमान को आर्य चारुदत्त से न कहना! मैं समझता हूँ कि दरिद्रता से पीडित (आर्य चारुदत्त की) पीड़ा दुगुनी हो जायेगी ।

रदनिका—आर्य मैत्रेय, रदनिका खल्वहं संयतमुखी । [अज्ज मित्तेअ, रदणिआ क्खु अहं सजदमुही ।]

रदनिका—आर्य मैत्रेय ! मैं 'रदनिका' मुख (जिव्हा) को वश में रखने वाली हूँ ।

विदूषक.—एवमिदम् । [एव ण्णेदम् ।]

विदूषक—ऐसा ही है ।

चारुदत्त.—(वसन्तसेनामुद्दिश्य ।) रदनिके, मारुताभिलाषी प्रदोषसमयशीतार्तो रोहसेनः । तत. प्रवेश्यतामभ्यन्तरमयम् । अनेन प्रावारकेण छादयैनम् । (इति प्रावारक प्रयच्छति ।)

चारुदत्त—(वसन्तसेना को लक्ष्य कर) रदनिके ! वायु (सेवन) का इच्छुक रोहसेन सायकालीन ठण्ड से पीड़ित है । अत. अन्दर ले जाओ । इस उत्तरीय से इसे ढँक दो । (ऐसा कहकर उत्तरीय प्रदान करता है) ।

वसन्तसेना--(स्वगतम्) कथ परिजन इति मामत्रगच्छति । [प्रावारक गृहीत्वा समाघ्राय च स्वगत सस्पृहम्] आश्चर्यम्, जातीकुसुमवासित. प्रावारकः । अनुदासीनमस्य यौवन प्रति भासते । [कध परिअणोत्ति म अवगच्छदि । अम्हहे, जादीकुसुमवासिदो पावारओ । अणुदासीण से ज्जोव्वण पडिभासेदि । [अपवारितकेन प्रावृणोति] ।

वसन्तसेना—[अपने आप] क्या मुझे परिजन समझ रहे हैं ? [उत्तरीय ले करके सूँघ कर उत्कण्ठा सहित स्वय ही] आश्चर्य है ! जाति पुष्पो [चमेली] से सुवासित उत्तरीय है । उदासीनता रहित इसका यौवन प्रतीत होता है ।

[अलग हटकर अपने आप को ढँक लेती है]

चारुदत्तः—ननु रदनिके, रोहसेन गृहीत्वाभ्यन्तर प्रविश ।

चारुदत्त—अरी रदनिके ! रोहसेन को लेकर अन्दर जाओ ।

वसन्तसेना—[स्वगतम्] मन्दभागिनी खल्वहं तवाभ्यन्तरस्य ।

[मन्दभाइणी क्खु अहं तुम्हे सब्भन्तरस्स ।]

वसन्तसेना—[अपने आप] मैं तुम्हारे घर आने में मन्दभागिनी हूँ ।

चारुदत्तः—ननु रदनिके, प्रतिवचनमपि नास्ति । कष्टम् ।

चारुदत्त—अरी रदनिके ! उत्तर भी नहीं है। खेद है !—

विवृति

(१) दौर्गत्य पीडितस्य=दुर्दशा से दुखी। द्विगुणतरा=दुगुनी। सयत-मुखी=जिह्वा पर सयमवाली। मारुताभिलाषी=हवा का इच्छुक। प्रदोष समय-शीतार्ता=रात्रि के प्रथम पहर की ठण्ड से पीडित। रोहसेन=चारुदत्त का पुत्र। प्रावारकेण=उत्तरीय से। अनुदासीनम्=नहीं तटस्थ। अपवारितकेन=दृष्टि से ओझल होकर। अभ्यन्तरम्=गृह के भीतर। प्रतिवचनम्=उत्तर। परिजन=सेवक। (२) रदनिका—यह सेविका का नाम है। (३) अनुदासीनम से ज्ञात होता है कि चारुदत्त अब भी विलास प्रिय है। (४) प्रावृणोति—से ज्ञात होता है कि वसन्तसेना के हृदय मे चारुदत्त के प्रति गाढ अनुराग है। उसके उत्तरीय को ओढने म वह आनन्द का अनुभव करती है। (५) 'तवाभ्यन्तरस्य'—मे गहरी अभिव्यञ्जना है। मैं अभागिनी हूँ यह मार्मिक भावना व्यक्त होती है। इस शब्द का अर्थ है घर के भीतर—तथा हृदय के भीतर। (६) रदनिका- रदन्+ठन्+टाप्। (७) रोह-तीति रोहा तादृशी सेना यस्य असौ रोहसेन। रुह+अच्+टाप्=रोहा। (८) 'सुमनामालती जाति" इत्यमर। (९) "नाकामी मण्डनप्रिय।" (१०) वसन्तसेना की उक्तियो मे चारुदत्त के प्रति अतिशय अनुराग द्योतित होने के कारण परिकर नामक मुख सन्धि का अङ्ग है। 'समुपन्नार्थबाहुल्यम् ज्ञेय परिकर इति।"

यदा तु भाग्य क्षय पीडिता दशा
नर कृतान्तोपहिता प्रपद्यते।
तदास्य मित्राण्यपि यान्त्यमित्रता
चिरानुरक्तोऽपि विरज्यते जन ॥५३॥

अन्वय—यदा, तु, नर, कृतान्तोपहिताम्, भाग्यक्षयपीडिताम्, दशाम्, प्रपद्यते, तदा, अस्य, मित्राणि, अपि, अमित्रताम्, यान्ति, चिरानुरक्त, जन, अपि, विरज्यते ॥५३॥

पदार्थ—यदा=जब, नर=मनुष्य, कृतान्तोपहिताम्=दैव के द्वारा प्राप्त करायी गयी, भाग्यक्षयपीडिताम्=पुण्यो के नष्ट हो जाने से दलित, दशाम्=अवस्था को, प्रपद्यते=प्राप्त हो जाता है, तदा=तब, अस्य=इसके, मित्राणि=सुहृद, अपि=भी, अमित्रताम्=शत्रुता को, यान्ति=प्राप्त हो जाते हैं, चिरानुरक्त=दीर्घकाल से स्नेह करने वाला, जन=व्यक्ति, विरज्यते=विमुख हो जाता है।

अनुवाद—जब मनुष्य दैव के द्वारा प्राप्त कराई गई एव पुण्यो के नष्ट हो जाने से दलित दशा को प्राप्त हो जाता है, तब इसके सुहृद भी शत्रुता को प्राप्त

हो जाते हैं तथा दीर्घकाल से स्नेह करने वाला व्यक्ति भी विमुख हो जाता है।

संस्कृत टीका—यदा=यस्मिन् काले, तु, नरः=मनुष्यः, कृतान्तोपहिताम्=दैवप्रापिताम्, भाग्यक्षयपीडिताम्=पुण्यनाशदलिताम्, दशा=स्थितिम्, प्रपद्यते=लभते, तदा=तस्मिन् काले, अस्य=मनुष्यस्य, मित्राणि=सखायः, अपि, अमित्रताम्=शत्रुताम्, यान्ति=व्रजन्ति, चिरानुरक्तः=दीर्घकालिकप्रीतिभाजनभूत, जनः=मानव, अपि, विरज्यते=विमुखः भवति।

समास एवं व्याकरण—(१) कृतान्त०—कृतान्तेन उपहिताम्। भाग्य०—भाग्यस्य क्षयेन पीडिताम्। चिर०—चिरेण अनुरक्तः। अथवा चिरात् अनुरक्तः। (२) उपहिताम्—उप्+धा+क्त+टाप्। प्रपद्यते—प्र+पद्+लट्। पीडित् पीड्+क्त। यदा—यद्+दाच्। तदा—तद्+दाच्। यान्ति—या+लट्। विरज्यते—वि+रञ्ज्+लट्। अनुरक्तः—अनु+रञ्ज+क्त।

विवृति

(१) अप्रस्तुत मित्र आदि के वर्णन प्रस्तुत रदनिका की प्रतीति होने के कारण अप्रस्तुत प्रशंसा अलंकार और अनुरक्त भी विरक्त होता है यह विरोधाभास। (२) यान्ति क्रिया के बाद विरज्यते क्रिया होने से भग्नप्रक्रमता दोष है। (३) वंशस्थ छन्द है।

(रदनिकामुपसृत्य।)

(रदनिका के पास जाकर)

विदूषक—भोः इयं सा रदनिका। [भो, इअं सा रदणिआ।]

विदूषक—अरे! यह तो वह रदनिका है।

चारुदत्त.—इयं सा रदनिका। इयमपरा का।

चारुदत्त—यह तो वह रदनिका है। यह दूसरी कौन है?—

अविज्ञातावसक्तेन दूषिता मम वाससा।

वसन्तसेना—(स्वगतम्) ननु भूषिता। [ण भूसिदा।]

वसन्तसेना—(अपने आप) अपितु भूषित हूँ।

चारुदत्तः—

छादिता शरदभ्रेण चन्द्रलेखेव दृश्यते ॥५४॥

अन्वयः—(या), अविज्ञातावसक्तेन, मम, वाससा, दूषिता, (तथा), शरदभ्रेण, छादिता, चन्द्रलेखा, इव, दृश्यते ॥५४॥

पदार्थ.—अविज्ञातावसक्तेन—अज्ञान मे स्पर्श किये हुये, मम=मेरे, वाससा=पट से, दूषिता=दूषित, शरदभ्रेण—शरद् ऋतु के जलद से, छादिता=आच्छन्न, चन्द्रलेखा=चन्द्रकला, इव=भाँति, दृश्यते=दिखलाई देती है।

अनुवाद — (जो) अज्ञान मे स्पर्श किये हुये मेरे पट से दूषित हो गई, (और जो) शरद् ऋतु के जलद से आवर्त चन्द्रकला के सदृश दिखलाई देती है।

संस्कृत टीका — अविज्ञातावसक्तेन=अज्ञानस्पृष्टेन, मम = चारुदत्तस्य, वाससा=पटेन, दूषिता=उत्पन्नदोषा, शरदभ्रेण=शरद्कालिकजलदेन, छादिता=आवृता, चन्द्रलेखा=चन्द्रकला, इव, दृश्यते=अवलोक्यते।

समास एवं व्याकरण—(१) अविज्ञाता०-अविज्ञातायाम् अवसक्तेन। अथवा अविज्ञातम् यथा तथा अवसक्तेन। चन्द्रलेखा-चन्द्रस्य लेखा (२) अविज्ञातनञ्+विअ्+ज्ञा+क्त। शरदभ्रेण-शरद अभ्र शरदभ्र तेन। अवसक्त अव+सञ्ज+क्त। छादिता-छद्+णिच्+क्त+टाप्। दृश्यते-दृश+यक्+लट्।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य मे उपमा अलकार है। (२) पथ्यावक्त्र छन्द है।

अथवा, न युक्त परकलत्रदर्शनम्।

अथवा, दूसरे की स्त्री को देखना उचित नही।

विदूषक—भो, अल परकलत्रदर्शनशङ्कया। एषा वसन्तसेना कामदेवायतनोद्यानात्प्रभृति त्वामनुरक्ता। [भो, अल परकलत्रदसणसङ्काए। एसा वसन्तसेणा कामदेवाअदनुज्जाणादो पहुदि भवन्तमणुरत्ता।]

विदूषक—अरे! पर-स्त्री-दर्शन की शङ्का मत करो। यह वसन्तसेना कामदेवायतनोद्यान से तुझमे अनुरक्त है।

विवृति

(१) परकलत्रदर्शनशङ्कया=दूसरे की स्त्री को देखने की शङ्का। (२) कामदेवायतनोद्यानात्=कामदेव मन्दिर के उपवन से। (३) न युक्त परकलत्रदर्शनम् =तुलना-'अनिर्वर्णनीय परकलत्रम्'-शाकु०।

चारुदत्त—इय वसन्तसेना। (स्वगतम्।)

चारुदत्त-(अपने आप) यह वसन्तसेना है?—

यया मे जनित कामः क्षीणे विभवविस्तरे।
क्रोध कुपुरुषस्येव स्वगात्रेष्वेव सीदति॥५५॥

अन्वय—विभवविस्तरे, क्षीणे, यया, जनित, मे, काम, कुपुरुषस्य, क्रोध, इव, स्वगात्रेषु, एव, सीदति॥५५॥

पदार्थ—विभवविस्तरे=धन के कोश के, क्षीणे=नष्ट हो जाने पर, यया=जिस वसन्तसेना से, जनित=उत्पन्न की गई, मे=मेरी, काम=वासना, कुपुरुषस्य—कायर मनुष्य के, क्रोध इव—कोप की भाँति, स्वगात्रेषु—अपने शरीर मे, एव—ही, सीदति—विलीन हो जाती है।

अनुवाद —धन की अधिकता के न रह जाने पर वसन्तसेना के द्वारा उत्पन्न किया गया मेरा काम-भाव कायर पुरुष के कोप की भांति अपने शरीर मे ही विलीन हो जाता है।

संस्कृत टीका — विभवविस्तरे=प्रचुरधने, क्षीणे= विनष्टे, यया=वसन्तसेनया. जनित =प्रकटित, मे=मम, काम =कामभाव, कुपुरुषस्य=निन्दित-मनुष्यस्य, क्रोध =कोप, इव, स्वगात्रेषु=स्वशरीरेषु, एव, सीदति=विनाशम् गच्छति।

समास एवं व्याकरण — (१) विभव०—विभवस्य विस्तरे। (२) कुपुरुषस्य—कुत्सित पुरुष कुपुरुष तस्य (३) विभव—वि+भू+अच्। (४) विस्तर—वि+स्तृ+अप्। (५) जनित —जन्+णिच्+क्त (६) सीदति—षद्+लट्।

विवृति

(१) उपमा अलकार है। [२] पथ्यावक्त्र छन्द है। [३] 'णम् मूसिदेति' इत्यादि वसन्तसेना के कथन से और 'यया मे जनित'। इत्यादि चारुदत्त के कथन से दोनो के परस्पर अनुराग के अतिशय का वर्णन होने से परिन्यास नामक मुख सन्धि का अङ्ग है। [४] काले के अनुसार विदूषक के कथन 'अल परकलत्रशङ्कया' से श्लोक के पहिले तक 'नायकोपकारिकाया अर्थसम्पत्ते अवगमात्' प्रथम पताका-स्थानक है।

विदूषक —भो वयस्य, एष खलु राजश्यालो भणति। [भो वअस्स, एसो क्खु राअसालो भणादि।]

विदूषक—हे सुहृद ! यह राजश्याल (शकार) कहता है।

चारुदत्त –किम्।

चारुदत्त–क्या ?

विदूषक —एषा ससुवर्णा सहिरण्या नवनाटकदर्शनोत्थिता सूत्रधारीव वसन्तसेनानाम्नी गणिकादारिका कामदेवायतनोद्यानात्प्रभृति त्वामनुरक्तास्माभिर्बलात्कारानुनीयमाना तव गृह प्रविष्टा। [एसा ससुवण्णा सहिलण्णा णवणाडअदसणुट्ठिदा सुत्तधालि व्व वसन्तसेणा णाम गणिआदालिआ कामदेवाअदणुज्जाणादो पहुदि तुम अणुलत्ता अम्हेहिं बलक्कालाणुणीअमाणा तुह गेह पविट्ठा।]

विदूषक—यह सुन्दर वर्ण (रग) वाली, सोने (के आभूषणो) वाली नवीन नाटक देखकर उठी हुई सूत्रधारी के समान वसन्तसेना नाम की वेश्या-पुत्री कामदेवायतनोद्यान से लेकर तुझमे अनुरक्त है, हमारे द्वारा बलात्कारपूर्वक पीछा की जाती हुई (भी) तेरे घर मे घुस गई है—

वसन्तसेना— (स्वगतम्) बलात्कारानुनीयमानेति यत्सत्यम्, अलङ्कृतास्म्य-

तैरक्षरैः । [वलक्कालाणुणीअमाणेत्ति ज सच्चम् अलकिदह्मि एदेहिं अक्खरेहिं ।]

वसन्तसेना–(अपने आप) 'बलात्कारपूर्वक पीछा की जाती हुई' यदि यह सत्य है तो मैं इन शब्दों से अलङ्कृत हो गई।

विदूषक :—तद्यदि मम हस्ते स्वयमेव प्रस्थाप्यैनां समर्पयसि, ततोऽधिकरणे व्यवहारं विना लघु निर्यातयतस्तव मयानुबद्धा प्रीतिर्भविष्यति । अन्यथा मरणान्तिकं वैरं भविष्यति । [ताजइ मम हत्थे सअं ज्जेव पट्ठाविअ एणं समप्पेसि, तदो अधिअलणे ववहालं विणा लहुं णिज्जदमाणाहं तव मए अणुबद्धा पीदी हुविस्सदि । अण्णधा मलणन्तिके वेले हुविस्सदि ।]

विदूषक—तो यदि मेरे हाथ में स्वयं ही भेज कर इस (वसन्तसेना) को समर्पित कर देते हो तो न्यायालय में अभियोग (मुकदमे) के बिना शीघ्र ही तेरी मेरे साथ घनिष्ठ मित्रता हो जायेगी । अन्यथा मृत्युपर्यन्त शत्रुता हो जायेगी।

चारुदत्त –(सावज्ञम् ।) अज्ञोऽसौ । (स्वगतम् ।) अये, कथं देवतोपस्थानयोग्या युवतिरियम् । तेन खलु तस्या वेलायाम् ।

चारुदत्त—(अनादरपूर्वक) यह (शकार) मूर्ख है। (अपने आप) अरे! कैसी देवता के समान उपासना योग्य यह युवती है ! जिससे कि उस समय—

विवृति

(१) 'अलङ्कृता अस्मि'=सौभाग्यशालिनी हूँ। प्रस्थाप्य=देकर, निर्यातय–लौटाने वाले। अनुबद्ध=प्रबल। आमरणम्=मृत्युपर्यन्त। सावज्ञम्=तिरस्कार के साथ। अज्ञ=मूर्ख। देवतोपस्थानयोग्या=देवता के समान पूजा के योग्य। वेलायाम्=समय में।

प्रविश गृहमिति प्रतोद्यमाना
न चलति भाग्यकृतां दशामवेक्ष्य ।
पुरुषपरिचयेन च प्रगल्भं
न वदति यद्यपि भाषते बहूनि ॥५६॥

अन्वय–गृहम्, प्रविश, इति, प्रतोद्यमाना, भाग्यकृताम्, दशाम्, अवेक्ष्य, न, चलति, यद्यपि, बहूनि, भाषते, पुरुषपरिचयेन, प्रगल्भम्, न, च, वदति ॥५६॥

पदार्थ –गृहम्=घर में, प्रविश=प्रवेश करो, इति=इस प्रकार, प्रतोद्यमाना=प्रेरित की गई, भाग्यकृताम् = विधि से विहित, दशाम् = अवस्था को, अवेक्ष्य = अवलोकन कर, न=नहीं, चलति=जाती है, बहूनि=बहुत, भाषते=बोलने वाली है, पुरुष परिचयेन = मनुष्यों के समक्ष, प्रगल्भम् = धृष्टता के साथ, वदति = बोलती है।

अनुवाद :—'घर में प्रवेश करो' इस प्रकार प्रेरित की गई (भी) विधि–

विहित (दुर्) अवस्था को देख कर नही जाती है। यद्यपि बहुत बोलने वाली है (फिर भी) पुरुषो के समक्ष निर्लज्जतापूर्वक नहीं बोलती है।

संस्कृत टीका—गृहम् = गेहम्, प्रविश = आगच्छ, इति, प्रतोद्यमाना = प्रेर्यमाणा, भाग्यकृताम् = विधिविहिताम्, दशाम् = अवस्थाम्, अवेक्ष्य = विचार्य, न = नहि, चलति = गच्छति, यद्यपि, बहूनि = अधिकानि, भाषते = जल्पति, पुरुषपरिचयेन = पुरुषसंसर्गेण, प्रगल्भम् = धृष्टम्, न, च, वदति = वक्ति।

समास एवं व्याकरण—(१) भाग्य०—भाग्येन कृताम् (२) पुरुष०—पुरुषस्य परिचयेन (३) प्रविश = प्र + विश् + लोट्! (४) कृताम्—कृ + क्त + टाप् (५) अवेक्ष्य — अव् + ईक्ष + क्त्वा — ल्यप्। (६) प्रतोद्यमाना—प्र + तुद् + णिच् + यक् + शानच् + टाप्।

विवृति

(१) इस श्लोक का अर्थ एवं अन्वय विवादास्पद है। (२) प्रस्तुत पद्य से ध्वनित होता है कि वसन्तसेना मे सौन्दर्यातिशय के साथ-साथ लज्जा का योग स्वर्ण मे सुगन्ध है। (३) परस्मैपद की क्रिया के साथ भाषते आत्मनेपद की क्रिया का योग भग्नप्रक्रमता दोष है। (४) पुष्पिताग्रा छन्द है—'अयुजिनयुगरेफतोयकारो युजि च नजौ जरगाश्चपुष्पिताग्रा।' (५) भाग्यकृता दशाम्—तुलना—'मन्दभागिनी खल्वहम् तवाभ्यन्तरस्य।'

(प्रकाशम्।) भवति वसन्तसेने, अनेनाविज्ञानादपरिज्ञातपरिजनोपचारेणापराद्धोऽस्मि। शिरसा भवतीमनुनयामि।

(प्रकट रूप मे) मानिनि! वसन्तसेने!! इस प्रकार अज्ञान के कारण ठीक से न जानी गई सेवक की भाँति व्यवहार करने से मैं अपराधी हूँ इसलिए मैं शिर से प्रणाम कर आपसे अनुनय करता हूँ।

वसन्तसेना—एतेनानुचितभूमिकारोहणेनापराद्धार्य शीर्षेण प्रणम्य प्रसादयामि। [एदिणा अणुचिदभूमिआरोहणेण अवरज्झा अज्ज सीसेण पणमिअ पसादेमि।]

वसन्तसेना—(बिना आपकी आज्ञा के) अनुचित इस भूमि (भवन मे) पर चले आने के कारण अपराधिनी मे शिर से प्रणाम कर आर्य (आप) को प्रसन्न करती हूँ।

विदूषक :— भोः, द्वावपि युवा सुख प्रणम्य कलमकेदारावन्योन्य शीर्षेण शीर्षं समामतौ। अहमप्यमुना करभजानुसदृशेन शीर्षेण द्वावपि युवा प्रसादयामि। [भो, दुवेवि तुम्हे सुख पणमिअ कलमकेदरा अण्णोण्ण सीसेण सीस समाअदा। अह पि इमिणा करहजाणुसरिसेण सीसेण दुवेवि तुम्हे पसादेमि।] (इत्युत्तिष्ठति।)

विदूषक—अरे! आप दोनो ने तो सुख पूर्वक प्रणाम कर धान की बालो की

भांति सिर से सिर मिला दिया। मैं भी ऊँट के बच्चे की जङ्घा के समान अपने सिर से आप दोनो को ही प्रसन्न करता हूँ। (उठता है।)

चारुदत्त –भवतु तिष्ठतु प्रणय ।

चारुदत्त–अस्तु प्रणय को रहने दो।

वसन्तसेना–(स्वगतम्) चतुरो मधुराश्चायमुपन्यास । न युक्तमद्येदृशेनेहागतया मया प्रतिवस्तुम् । भवतु । एवं तावद्भणिष्यामि ।(प्रकाशम्)आर्य, यद्येवमहमार्यस्यानुग्राह्या तदिच्छाम्यहमिममलकारकमार्यस्य गेहे निक्षेप्तुम् । अलकारस्य निमित्तमेते पापा अनुसरन्ति। [चदुरो मधुरो अ अअं उवण्णासो । ण जुत्तं अज्ज एरिसेण इध आअदाए मए पडिवासिदुम् । भोदु । एव्वं दाव भणिस्सम् । अज्ज, जइ एव्वं अहं इमं अज्जस्स अणुग्गज्झा ता इच्छे अहं इमं अलकारअं अज्जस्स गेहे णिक्खिविदुम् । अलकारस्स णिमित्तं एदे पावा अणुसरन्ति ।]

वसन्तसेना—(अपने आप) यह वाक्य विन्यास प्रौढ एव मधुर है। इस प्रकार आयी हुई मेरे द्वारा आज (यहाँ) रहना उचित नहीं है। अस्तु, तो इस प्रकार कहूँगी। (प्रकट रूप से) आर्य! यदि इस प्रकार मैं आर्य के द्वारा अनुग्रह की पात्र हूँ तो मैं इस आभूषण को श्रीमान् जी के घर मे धरोहर (गिरवी) रखना चाहती हूँ, आभूषणो के कारण ये पापी मेरा पीछा कर रहे हैं।

विवृति

(१) अविज्ञानात्=अज्ञान से । अपरिज्ञातपरिजनोपचारेण=अनजान मे तुम्हारे साथ दासी का सा व्यवहार करने के कारण। अनुचितभूमिकारोहणेण=बिना सूचित पक्षद्वार से प्रवेश करने के कारण अथवा वेश्या होकर ब्राह्मण के घर मे प्रवेश करने स। अनुनयामि=मनाता हूँ। प्रसादयामि=प्रसन्न करती हूँ। कलमकेदारौ=धान की दो क्यारियाँ। करभजानुसदृशेन=ऊँट के बच्चे के घुटने के समान। प्रणय =प्रेम। उपन्यास = प्रस्ताव, औपचारिकता । अनुग्राह्या = कृपापात्री। निक्षेप्तुम्=धरोहर। पापा =दुष्ट लोग । अपरिज्ञातपरिजनोपचारेण—अपरिज्ञातः य परिजनोपचार तेन। (२) अनुचिताया भूमिकायामारोहणेन । (३) कलमकेदारौ—कलमानाम् केदारौ। शालय कलमाद्यास्च' इत्यमर । 'वप्र केदार क्षेत्रम्।' इत्यमर । (४) करभस्य जानु तत्सदृशेन। (५) प्रणय—पूर्वापर के अनुसार प्रणय शब्द से सम्भोग प्रार्थना व्यक्त की गई है। चारुदत्त नाटक म इस प्रकार उक्ति है—'अदक्षिण खलु प्रथमदर्शने यदृच्छागतया इह वस्तुम्।' काले क अनुसार— 'यह प्रेम स्थिर रहे एसी गूढ व्यञ्जना है।' (६) यहाँ मुख सन्धि का युक्ति नामक अङ्ग है— सम्प्रधारणमर्थानाम् युक्तिरिति।' सा० द० (७) एतेन—वसन्तसेना की इस उक्ति स अनुनय नामक नाट्यलक्षण व्यक्त होता है—'वाक्यै स्निग्धै. अनुनया भवदर्थस्य साधनम्।'

चारुदत्त –अयोग्यमिदं न्यासस्य गृहम्।

चारुदत्त—'धरोहर' रखने योग्य यह घर नहीं है।

वसन्तसेना–आर्य, अलीकम्। पुरुषेषु न्यासा निक्षिप्यन्ते, न पुनर्गेहेषु। [अज्ज, अलीअम्। पुरुसेसु णासा णिक्खिविअन्ति, ण उण गेहेसु।]

वसन्तसेना–आर्य! झूठ है।"पुरुषों मे धरोहर रखी जाती है–न कि घरों मे।"

चारुदत्त :–मैत्रेय, गृह्यताममलकारः।

चारुदत्त–मैत्रेय ! यह आभूषण ले लो !

वसन्तसेना–अनुगृहीतास्मि। [अणुग्गहीदह्मि।] (इत्यलकारमर्पयति।)

वसन्तसेना—मैं कृतार्थ हो गई हूँ। (आभूषण देती है)।

विदूषकः–(गृहीत्वा) स्वस्ति भवत्यै। [सात्थि भोदीए।]

विदूषक–(लेकर) आपका कल्याण हो !

चारुदत्तः–धिङ् मूर्ख, न्यासः खल्वयम्।

चारुदत्त–धिक्कार मूर्ख ! यह तो धरोहर है।

विदूषक.–(अपवार्य) यद्येव तदा चोरोह्रियताम् ! [जइ एव्व ता चोरेहि हरिज्जउ।]

विदूषक–(अलग हट कर) यदि ऐसा है तो चोर चुरा ले ?

चारुदत्त–अचिरेणैव कालेन।

चारुदत्त–स्वल्प समय मे ही–

विदूषक.–एषोऽस्या अस्माकं विन्यासः। [एसो से अह्माण विण्णासो।[

विदूषक–यह इसकी हमारे पास विशेष धरोहर है।

चारुदत्त —निर्यातयिष्ये।

चारुदत्त—लौटा दूँगा।

वसन्तसेना—आर्य,इच्छाम्यहमनेनार्येणानुगम्यमाना। स्वक गेह गन्तुम्।[अज्ज, इच्छे अहम्, इमिणा अज्जेण अणुगच्छिज्जन्ती सक गेहं गन्तुम्।]

वसन्तसेना–आर्य ! मैं इस आर्य के द्वारा अनुगमन करते हुए अपने घर जाना चाहती हूँ।

चारुदत्त.—मैत्रेय, अनुगच्छ तत्रभवतीम्।

चारुदत्त–मैत्रेय ! आपका अनुगमन करो।

विवृति

(१) न्यासाः=धरोहर। निक्षिप्यन्ते=रखे जाते हैं। पुरुषेषु=पुरुषों के विश्वास पर। भवत्यै=आपके लिए। स्वस्ति=कल्याण हो। मैत्रेय समझता है कि वसन्तसेना पुरस्कार दे रही है। "यद्येवम्' अर्थात् यदि न्यास है निर्यातयिष्ये=लौटा दूँगा। विन्यास.=विशेष धरोहर। स्वकम्=अपने। (२) 'अलीकन्तु अप्रिये अनृते' इत्यमरः। (३) यहाँ पर तृतीय पताका–स्थानक है।

विदूषक—त्वमेवैतां कलहंसगामिनीमनुगच्छन्राजहंस एव शोभसे । पुनर्ब्राह्मणो यत्र तत्र जनैश्चतुष्पथोपनीत उपहार कुक्कुरैरिव खाद्यमानो विपत्स्ये । [तुमं ज्जेव एदं कलहंसगामिणी अणुगच्छन्तो राअहंसो विअ सोहसि । अहं उण ब्रह्मणो जहिं जणेहिं चउप्पहोवणीदो उवहारो कुक्करेहिं विअ खज्जमाणो विवज्जिस्सम् ।]

विदूषक—तुम ही इस हंसगामिनी का अनुगमन करते हुये राजहंस की भाँति सुशोभित होते हो । फिर मैं (बेचारा) ब्राह्मण हूँ, जहाँ तहाँ मनुष्यो द्वारा चौराहे पर लाए हुए उपहार की भाति कुत्तो के द्वारा खाने पर बडी विपत्ति मे पड जाऊँगा ।

चारुदत्त —एवं भवतु । स्वयमेवानुगच्छामि तत्रभवतीम् । तद्राजमार्गविश्वास-योग्या प्रज्वाल्यन्तां प्रदीपिका' ।

चारुदत्त—ऐसा ही हो ! स्वयं ही सम्माननीया का अनुगमन करता हूँ । तो राजपथ मे विश्वसनीय दीपिका' (लालटेन, डिबिया आदि) को जलवाओ ।

विदूषक —वर्धमानक, प्रज्वालय प्रदीपिकान् । [वड्ढमाणअ, पज्जालेहि पदी-विआओ ।]

विदूषक—वधमानक ! दीपिका को जलाओ ।

चेटी—(जनान्तिकम्)अरे तैलेन विना प्रदीपिका प्रज्वाल्यन्ते ।[अले, तेल्लेण विणा पदीविआओ पज्जालीअन्ति ।]

चेटी—(अलग से) अरे ! तेल के बिना दीपिकायें जलाई जाती है ?

विदूषक —(जनान्तिकम्) आश्चर्यम ता खल्वस्माक प्रदीपिका अपमानित-निर्धनकामुका इव गणिका नि स्नेहा इदानी संवृत्ता [ही, ताओ क्खु अम्हाण पदीवि-आओ अवमाणिदनिद्धणकामुआ विअ गणिआ णिस्सिणेहाओ दाणिं संवुत्ता ।]

विदूषक—(अलग से) आश्चर्य ! वस्तुत व हमारी दीपिकायें दरिद्र कामुको को अपमानित करने वाली वेश्या की भाँति स्नेह—(तेल) रहित हो गई हैं ।

चारुदत्त —मैत्रेय, भवतु । कृत प्रदीपिकाभि । पश्य ।

चारुदत्त—मैत्रेय ! रहने दो ! प्रदीपिकाओ की आवश्यकता नही है । देखो—

विवृति

चतुष्पथोपनीत =चौराहे पर रखा हुआ । उपहार =पूजा सामग्री । कुक्कुरैं —कुत्तों से । विपत्स्ये=मारा जाऊँगा । राजमार्ग विश्वासयोग्या =सड़क मे विश्व-सनीय । प्रदीपिका =दिये (दीपक) । कृतम्=व्यर्थ । अपमानितनिर्धनकामुका — गरीब कामी व्यक्तियो को निरस्कृत करने वाली । (२) चतुष्पथोपनीत—चतुष्पथे उपनीत । (३) राजमार्गे विश्वासयोग्या इति । (४) 'स्नेह स्यात्तु सि तैलादिरस-इन्येच सौहृदे ।' इति मेदिनी । (५) निर्गत स्नेह यास्य ता निस्नेह । (६) 'कृत पर्याप्तयो कृतम्' इत्यमर ।

उदयति हि शशाङ्कः कामिनीगण्डपाण्डु—
ग्रहगणपरिवारो राजमार्गप्रदीपः ।
तिमिरनिकरमध्ये रश्मयो यस्य गौरा.
स्रुतजल इव पङ्के क्षीरधारा. पतन्ति ॥५७॥

अन्वय —हि, कामिनीगण्डपाण्डु, ग्रहगणपरिवार, राजमार्गप्रदीप, शशाङ्क, उदयति, यस्य, गौरा, रश्मय, स्रुतजले, पङ्के, क्षीरधारा, इव, तिमिरनिकरमध्ये, पतन्ति ॥५७॥

पदार्थ —हि=क्योकि, कामिनीगण्डपाण्डु =तरुणी के कपोल के सदृश, ग्रहगणपरिवार =नक्षत्रमण्डल रूपी कुटुम्बवाला, राजमार्ग प्रदीप =राजपथ दीपक, शशाङ्क =शशी, उदयति=उदित हो रहा है, यस्य=जिसके,गौरा =धवल,रश्मय= किरणे, स्र तजले=शुष्कसलिलवाले, पङ्के =कीचड मे, क्षीरधारा =दुग्ध की धाराओ की, इव=भाति, तिमिरनिकरमध्ये=अन्धकार समूह के बीच मे, पतन्ति = गिर रही हैं।

अनुवाद—तरुणी के कपोल के तुल्य धवल, नक्षत्रमण्डल रूपी कुटुम्ब वाला एव राजपथ का प्रकाशक सुधाशु उदित हो रहा है जिसकी उज्ज्वल किरणे, शुष्क सलिल वाले कर्दम (कीचड) मे, दुग्ध की धाराओ की भांति अन्धकार की राशि के मध्य मे गिर रही हैं।

संस्कृत टीका—हि=यत, कामिनीगण्डपाण्डु =तरुणीकपोलधवल, ग्रहगणपरिवार =नक्षत्रमण्डलसहचर, राजमार्गप्रदीप =राजपथप्रकाशक, शशाङ्क =चन्द्र, उदयति=समुदेति, यस्य=चन्द्रस्य, गौरा =श्वेता, रश्मय =किरणा, स्रुतजले= निर्गतजले, पङ्के=कर्दमे, क्षीरधारा =दुग्धधाराः, तिमिरनिकरमध्य=तम समूहाभ्यन्तरे, पतन्ति ।

समास एव व्याकरण-(१)कामिनी-कामिन्याः गण्डवत् पाण्डु इति।(२)ग्रह० ग्रहाणाम् गणा एव परिवार यस्य सः (३) राज०–राज्ञ मार्ग राजमार्ग राजमार्गस्य प्रदीप । (४) स्रुतजले–स्रुतानि जलानि यस्मात् तादृशे। (५) तिमिर०–तिमिरस्य निकरस्य मध्ये। (६) कामिनी–कम्+णिनि+ङीप्। (७) परिवार–परि+वृ+घञ्। (८) पतन्ति–पत्+लट्।

विवृति

(१) 'पङ्कोऽस्त्री शादकर्दमौ' इत्यमर । (२) 'हरिण पाण्डुर पाण्डु' इत्यमर (३) 'गौर पीतेऽरुणेश्वेते' इति मेदिनी। (४) कामिनी गण्ड पाण्डु मे लुप्तोपमा, द्वितीय चरण म रूपक, उत्तरार्द्ध मे श्रौती उपमा अलकार हैं।(५)मालिनी छन्द है। 'ननमयययुतेय मालिनी भोगिलोकै' । [६] अत्यन्त प्रशसनीय प्रकृति चित्रण है ।

[सानुरागम् ।] भवति वसन्तसेने, इद भवत्या गृहम् । प्रविशतु भवती ।
(प्रेम पूर्वक) अयि वसन्तसेने ! यह आपका घर है । आप प्रवेश करो ।

(वसन्तसेना सानुरागमवलोकयन्ती निष्क्रान्ता ।)

[वसन्तसेना प्रेमपूर्वक देखती हुई निकल जाती है ।]

चारुदत्तः—वयस्य, गता वसन्तसेना । तदेहि । गृहमेव गच्छाव ।
चारुदत्त—मित्र ! वसन्तसेना चली गई । तो आओ, घर को ही चलें ।

राजमार्गो हि शून्योऽय रक्षिण सचरन्ति च ।
वञ्चना परिहर्तव्या बहुदोषा हि शर्वरी ॥५८॥

अन्वय —हि, अयम, राजमार्ग , शून्य , च, रक्षिण , सञ्चरन्ति, वञ्चना, परिहर्तव्या, हि शर्वरी, बहुदोषा, (भवति) ॥५॥

पदार्थ —हि = क्योकि, अयम् = यह, राजमार्ग = राजपथ, शून्य = निर्जन, च = और, रक्षिण = पहरेदार, सञ्चरन्ति = चल रहे हैं, वञ्चना = ठगी, परिहर्तव्या = बचाना चाहिए, हि = क्योकि, शर्वरी = रात, बहुदोषा = बहुत दोषो से युक्त ।

अनुवाद.—यह राजपथ निर्जन है एव प्रहरी घूम रहे हैं, चोरी [ठगी] बचाना चाहिये क्योकि रात्रि बहुत दोषवती होती है ।

सस्कृत टीका—हि = यत , अयम, राजमार्ग = राजपथ. शून्य = निर्जन. च, रक्षिण = प्रहरिण , सञ्चरन्ति = इतस्तत गच्छन्ति, वञ्चना = प्रतारणा , परिहर्तव्या = वारणीया , हि = यत , शर्वरी = रात्रि , बहुदोषा = अनेकोपद्रवा (भवति)

समास एव व्याकरण—१–राजमार्ग–राज्ञ मार्ग २–बहुदोषा = बहवो दोषाः यस्या तादृशी । ३-सञ्चरन्ति-सम् + चर् + लट् । ४-रक्षिण –रक्ष् + णिनि । ५-शर्वरी –शृ + वनिप् + ङीप् (वनोरच) । ६-शून्य –शूना + यक् । ७—वञ्चना-वञ्च् + ल्युट् + टाप् । ८-परिहर्तव्या–परि + हृ + तव्य + टाप् ।

विवृति

१–'शून्येषु शूरा न के ।'–वाक्य० । २–शशिन पुनरेति शर्वरी ।' रघु० । ३–चतुर्थ पाद से तृतीय पाद का समर्थन करने के कारण अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है इसमे सामान्य से विशेष का समर्थन है । कुछ टीकाकार काव्यलिङ्ग अलकार भी कहते हैं क्योकि वञ्चना परिहर्तव्या के प्रति शून्यादि हेतु हैं । ४—पथ्यावक्त्र छन्द है–युजोर्‌जेन सरिद्‌भर्तु पथ्यावक्त्रम् प्रकीर्तितम् ।' ५—'सामान्य वा विशेषो व यदन्येन समर्थ्यते । सोऽर्थान्तरन्यास ००० ।'

(परिक्रम्य ।) इद च सुवर्णभाण्ड रक्षितव्य त्वया रात्रौ, वर्धमानकेनापि दिवा ।
(घूम कर) और इस 'स्वर्ण-पात्र की रात्रि मे तुम्हे तथा दिन मे वर्धमानक को रक्षा करनी चाहिये ।

विदूषक —यथा भवानाज्ञापयति । (जधा भव आणवेदि ।)

विदूषक—जैसी आप आज्ञा देते हैं ।

(इति निष्क्रान्तौ ।)
(दोनो निकल जाते हैं ।)

विवृति

१—इस अक का अलङ्कार न्यास नामक नाम सार्थक है। वसन्तसेना ने चारुदत्त के प्रति गुणो से आकृष्ट होकर चारुदत्त के घर मे आवागमन बढाने के लिए धरोहर रूप से अपने अलङ्कारो को रख दिया है। इस अङ्क की यही केन्द्रीभूत घटना है। अनेक स्थलो पर वसन्तसेना और चारुदत्त के अनुराग की अभिव्यञ्जना हुई है।

इति मृच्छकटिकेऽलकारन्यासो नाम प्रथमोऽङ्क ।

मृच्छकटिक का अलकार-न्यास नामक प्रथम अक समाप्त ।

द्वितीयोऽङ्कः

(प्रविश्य ।)
(प्रवेश कर)

चेटी— मात्रार्यासकाशं सदेशेन प्रेषितास्मि । तद्यावत्प्रविश्यार्यासकाश गच्छामि। एषार्या हृदयेन किमप्यालिखन्ती तिष्ठति। तद्यावदुपसर्पामि। [अत्ताए अज्ज आमआस सदेसेण पेसिदम्हि। ता जाव पविसिअ अज्जआसआस गच्छामि । (परिक्रम्या वलोक्य च ।) एसा अज्जआ हिअएण किंपि आलिहन्ती चिट्ठदि । ता जाव उवसप्पामि ।]

चेटी— मां ने आर्या (वसन्तसेना) के समीप सन्देश देकर भेजा है। तो जब तक प्रवेश कर आर्या के पास जाती हूँ (घूमकर और देखकर) ये आर्या हृदय से कुछ सोचती हुई बैठी है। तो जब तक उनके निकट जाती हूँ।

(तत प्रविशत्यासनस्था सोत्कण्ठा वसन्तसेना मदनिका च ।)

(तदनन्तर आसन पर बैठी हुई उत्कण्ठित वसन्तसेना और मदनिका प्रविष्ट होती हैं।)

वसन्तसेना— चेटि, ततस्तत । [हञ्जे, तदो तदा ।]

वसन्तसेना— सखि ! उसके पश्चात् ?

चेटी— आर्ये, न किमपि मन्त्रयसि किं ततस्तत । [अज्जए ण किंपि मन्तेसि । किं तदो तदो ।]

चेटी— आर्ये ! कुछ भी नहीं कहती हो, 'उसके पश्चात्' क्या ?

वसन्तसेना— किं मया भणितम् । [किं मए भणिदम् ।]

वसन्तसेना— मैंने क्या कहा ?

चेटी— ततस्तत इति । [तदो तदो त्ति ।]

चेटी— 'तदनन्तर ।'

वसन्तसेना— (सभ्रूक्षेपम्) आम्एवम् । [आ, एवम् ।]

वसन्तसेना— (भौं घुमाकर) अच्छा, ऐसा !

(उपसृत्य ।)

(निकट जाकर)

प्रथमा चेटी— आर्ये, माता दिशति— 'स्नाता भूत्वा देवताना पूजा निर्वर्तय' इति । [अज्जए, अत्ता आदि सदि— 'ण्हादा भविअ देवदाणं पूअ णिव्वत्तेहि त्ति ।]

पहली चेटी— आर्ये ! माता जी आज्ञा देती हैं— 'स्नान करके देव-पूजा सम्पादित कर दें ।

वसन्तसेना— चेटि, विज्ञापय मातरम्- 'अद्य न स्नास्यामि । तद्ब्राह्मण एव पूजा निर्वर्तयतु' इति । [हञ्जे, विण्णवेहि अत्तम्— 'अज्ज ण ण्हाइस्सम् । ता बह्मणो ज्जेव पूअ णिव्वत्तेदु' त्ति ।]

वसन्तसेना— सखि ! माता जी से कहो कि— 'आज मैं स्नान नहीं करूँगी ।' इसलिए ब्राह्मण ही पूजा कर दें ।

विवृति

(१) मात्रा=माता के द्वारा । आर्यासकाशम्=पूज्य वसन्तसेना के पास । सदेशेन=सन्देश के प्रयोजन से (हेतु मे तृतीया विभक्ति है ।) आलिखन्ती=चित्रित करती हुई । उपसर्पामि=निकट जाती हूँ । सोत्कण्ठा=उत्सुक । मन्त्रयसि=कहती हो । आम्=अच्छा । निर्वर्तयतु=सम्पन्न कर ले । (२) हञ्जे-यह चेटी का सम्बोधन है । (३) सोत्कण्ठा— 'इष्टानवाप्तेरौत्सुक्य कालक्षेपा सहिष्णुता । चित्ततापत्वरास्वेददीर्घनि श्वसितादिकृत् ।' (४) उद् + कण्ठ + अ + टाप्=उत्कण्ठा (५) 'हण्डे हञ्जे हलाह्वान नीचा चेटीं सखी प्रति ।' इत्यमर ।

चेटी— यदार्याज्ञापयति । [ज अज्जआ आणवेदि ।] (इति निष्क्रान्ता ।)

चेटी— जो आर्या आज्ञा देती हैं । (निकल जाती है)

मदनिका— आर्ये, स्नेह पृच्छति, न पुरोभागिता, तत्किं न्विदम् । [अज्जए, सिणेहो पुच्छदि ण पुरोभाइदा ता किं णेदम् ।]

मदनिका— आर्ये ! स्नेहवश पूछती हूँ– दोषदृष्टि से नही, यह क्या बात है?

वसन्तसेना— मदनिके कीदृशीं मा प्रेक्षसे । [मदणिए, केरिसिं म पेक्खसि ।]

वसन्तसेना— मदनिके । कैसी मुझे देखती हो ?

मदनिके— आर्यायाः शून्यहृदयत्वेन जानामि हृदयगत कमप्यार्याभिलषतीति । [अज्जआए सुण्णहिअअत्तणेण जाणामि हिअअगद कपि अज्जआ अहिलसदि त्ति ।]

मदनिका— आर्या के 'शून्य हृदयता' से जानती हूँ कि हृदयस्थ किसी (प्रेमी) को आर्या चाहती हैं।

वसन्तसेना— सुष्ठु त्वया ज्ञातम् । परहृदयग्रहणपण्डिता मदनिका खलु त्वम् । [सुट्ठु तुए जाणिदम् । परहिअअग्गणपण्डिआ मदणिआ क्खु तुमम् ।]

वसन्तसेना— तूने ठीक जाना ! दूसरे के हृदय (की बातों) को परखने मे विदुषी 'मदनिका' हो तुम ।

मदनिका—प्रियं मे प्रियम् । कामः खलु नामैष भगवान् । अनुगृहीतो महोत्सवस्तरुणजनस्य । तत्कथयत्वार्या, किं राजा राजवल्लभो वा सेव्यते । [पिअं मे पिअम् । कामो क्खु णाम एसो भअवं । अणुगहिदो महूसवो तरुणजणस्स । ता कधेदु अज्जआ, किं राआ राअवल्लहो वा सेवीअदि ।

मदनिका— मेरा बहुत प्रिय । यह तो भगवान कामदेव हैं, युवकों का महोत्सव आपके द्वारा अनुगृहीत हो गया है । तो आर्या बताइये कि क्या राजा अथवा राजा का प्रिय चाहा जा रहा है ?

वसन्तसेना— चेटि, रन्तुमिच्छामि, न सेवितुम् । [हञ्जे, रमिदुमिच्छामि, ण सेविदुम् ।]

वसन्तसेना— सखि ! रमण करना चाहती हूँ, न कि सेवा करना ।

मदनिका— विद्याविशेषालङ्कृतः किं कोऽपि ब्राह्मणयुवा काम्यते । [विज्जाविसेसालंकिदो किं कोवि ब्रह्मणजुआ कामीअदि ।]

मदनिका— विद्या-विनय आदि गुणों से विभूषित क्या किसी ब्राह्मण युवक की कामना करती हो ?

वसन्तसेना— पूजनीयो मे ब्राह्मण जनः । [पूअणीओ मे बह्मणजणो ।]

वसन्तसेना— ब्राह्मणगण तो पूजनीय हैं । (सेवनीय नहीं ।)

मदनिका— किमनेकनगराभिगमनजनितविभवविस्तारो वाणिजयुवा वा काम्यते । [किं अणेअणअराहिगमणजणिद विहववित्थारो वाणिअजुआ वा कामीअदि ।]

मदनिका— क्या अनेक नगरों मे गमन से अपने वैभव का विस्तार करने वाले किसी वणिक् युवक की कामना करती हो ?

वसन्तसेना— चेटि, उपारूढस्नेहमपि प्रणयिजनं परित्यज्य देशान्तरगमनेन वाणिजजनो महद्वियोगजं दुःखमुत्पादयति । [हञ्जे, उवारूढसिणेहं पि पणइजणं परिच्चइअ देसन्तरगमणेण वाणिअजणो महन्तं विओअजं दुक्खं उप्पादेदि ।]

वसन्तसेना— सखि ! प्रेम उत्पन्न करके प्रेमीजन को त्याग कर विदेश चले जाने से व्यापारी लोग महान् विरह जनित दुःख उत्पन्न कर देते हैं ।

मदनिका— आर्ये, न राजा, न राजवल्लभः न ब्राह्मण, न वाणिजजनः । तत्क

इदानी न भर्तृदारिकया काम्यते। [अज्जए, ण राआ, ण राअवल्लहो, ण बह्मणो, ण वाणिअजणो। ता को दाणि सो भट्टिदारिआए कामीअदि।

मदनिका– आर्ये! न राजा, न राजप्रेमी, न ब्राह्मण, न वणिक् ही। तो कौन है वह जिसे अब स्वामिनी चाहती है?

वसन्तसेना– चेटि, त्वं मया सह कामदेवायतनोद्यानं गतासी। [हञ्जे, तुमं मए सह कामदेवाअदणुज्जाणं गदा आसि।

वसन्तसेना– सखि! तू मेरे साथ नाम देवायतन उद्यान' गई थी?

मदनिका– आर्ये गतास्मि। [अज्जए, गदह्मि।]

मदनिका– आर्ये! गई थी।

वसन्तसेना– तथापि मामुदासीनेव पृच्छसि। [तह वि मं उदासीणा विअ पुच्छसि।]

वसन्तसेना– तो भी अनजान सी मुझसे पूँछ रही हो।

मदनिका– ज्ञातम्। किं स एव येनार्या शरणागताभ्युपपन्ना। [जाणिदम्। किं सो ज्जेव जेण अज्जआ सरणागदा अब्भुववण्णा।]

मदनिका– जान गई। क्या वही जिसने आर्या को शरण देकर कृपा की थी?

वसन्तसेना– किं नामधेयः खलु स। [किं णामहेओ क्खु सो।]

वसन्तसेना– किस नाम वाला वह है?

मदनिका– स खलु श्रेष्ठिचत्वरे प्रतिवसति। (सो क्खु सेट्ठिचत्तरे पडिवसदि।)

मदनिका– वह सेठो के चबूतरे पर रहते हैं।

वसन्तसेना– अयि नामास्य पृच्छसि। (अइ णाम से पुच्छिदासि।)

वसन्तसेना– अरी! मैंने उसका नाम पूँछा है।

मदनिका– स खलु आर्ये सुगृहीतनामधेय आर्यचारुदत्तोनाम। (सो क्खु अज्जए सुगहीदणामहेओ अज्जचारुदत्तो णाम।)

मदनिका– आर्ये! वह स्वनामधन्य आर्य चारुदत्त हैं।

विवृति

(१) स्नेह पृच्छति=स्नेह पूछने की प्रेरणा देता है। पुरोभागिता=दोष देखना। शून्यहृदयत्वेन=हृदय के सूना होने में। परहृदय ग्रहण पण्डिता=दूसरे के हृदय के भावों को जानने में दक्ष तथा दूसरे के हृदय को वशीभूत करने में चतुर। (२) मदनिका –चेटी का नाम है। काम से युक्तता नाम की सार्थकता है। (३) तरुण –युवक। अनुगृहीत –कामदेव द्वारा अनुगृहीत हुआ। विद्या विशेषालङ्कृता=विशिष्ट विद्या को जानने वाला। गम्यते=गमन करना अभीष्ट है। रन्तुम्=रमण करने के लिए। अनेक नगराभिगमनजनितविभव विस्तार =बहुत से नगरों में जाकर

असीमित धन पैदा करने वाला । उपारूढस्नेहम्=बढ़ा हुआ है स्नेह जिसका । वियोगजम्=विरह से उत्पन्न । उदासीनता=अनजान सी । शरणागत=शरण में आई हुई । अभ्युपन्ना=स्वीकार की गई । श्रेष्ठिचत्वरे=धनवानों की चौक में । सुगृहीतनामधेयः=स्वनाम धन्य । (४) पुरोभागः अस्य अस्तीति पुरोभागी तस्य भावः पुरोभागिता । 'दोषैकदृक् पुरोभागी' इत्यमरः । (५) मदनम् अस्या अस्तीति मदनिका । (६) परहृदय०— 'सहचारी विजानीयात् धूर्तताम् महचारिणः । खग एव विजानाति खगस्य चरणौ सखे ।' (७) रम्+तुमुन् रन्तुम् । (८) कुछ टीकाकारों ने 'रन्तुमिच्छामि से लेकर भर्तृदारिकया काम्यते' तक का पाठ प्रक्षिप्त माना है । (९) 'श्रेष्ठ मस्ति इति श्रेष्ठिनः तेषां चत्वरे– श्रेष्ठि चत्वरे । (१०) सुगृहीतम् नामधेयम् यस्य स. । 'अभिधानम् च नाम धेय च' इत्यमरः । 'स सुगृहीतनामा स्यात् यः प्रातः अनुकीर्त्यते ।' इत्यमरः । (११) अभि+उप+पद्+क्त+टाप्—अभ्युपपन्ना । (१२) श्रेष्ठ धनादि अस्य अस्तीति श्रेष्ठी । श्रेष्ठ+इन् । (१३) 'वैदेहकः सार्थवाहः नैगमो वाणिजो वणिक्' इत्यमरः । (१४) 'राजा भट्टारको देव. तत्सुता भर्तृदारिका ।' इत्यमरः ।

वसन्तसेना— (सहर्षम्) साधु मदनिके, साधु । सुष्ठु त्वया ज्ञातम् । (साहु मदणिए, साहु । सुट्ठु तुए जाणिदम् ।)

वसन्तसेना— (प्रसन्नता के साथ) वाह ! मदनिके ! वाह ! तुमने ठीक जाना ।

मदनिका— (स्वगतम्) एवं तावत् । (प्रकाशम्) आर्ये दरिद्रः खलु स श्रूयते । (एव्व दाव । अज्जए, दलिद्दो क्खु सो सुणीअदि ।)

मदनिका— (अपने आप) तो ऐसा है । (प्रकट रूप से) आर्ये ! "वह तो दरिद्र है" ऐसा सुना जाता है ।

वसन्तसेना— अत एव काम्यते । दरिद्रपुरुषसंक्रान्तमनाः खलु गणिका लोकेऽवचनीया भवति । (अदोज्जेव कामीअदि । दलिद्दपुरिससंकन्तमणा क्खु गणिआ लोए अवअणीआ भोदि ।)

वसन्तसेना— इसीलिए, चाहा जाता है । निर्धन मनुष्य में मन लगाने (स्नेह करने) वाली वेश्या नि.सन्देह लोक में अनिन्दनीय होती है ।

मदनिका— आर्ये, किं हीनकुसुमं सहकार पादपं मधुकर्यः पुनः सेवन्ते । (अज्जए, किं हीण कुसुमं सहआर पादवं महुअरीओ उण सेवन्ति ।)

मदनिका— आर्ये ! क्या बौर रहित आम्रवृक्ष का मधुकरियाँ सेवन करती हैं ।

वसन्तसेना— अत एवता मधुकर्य उच्यन्ते । (अदोज्जेव ताओ महुअरीओ वुच्चन्ति ।)

वसन्तसेना— इसीलिये तो 'मधुकरी' कही जाती हैं ।

मदनिका— आर्ये, यदि स मनीषितस्तत्किमर्थमिदानीं सहसा नाभिसार्यते । (अज्जए, जइ सो मणीसिदो ता कीस दाणिं सहसा ण अहिसारीअदि ।

मदनिका– आर्ये, ! यदि वह अभीप्सित (प्रेमी) है तो क्यो नही इसी समय तुरन्त अभिसार करती है ?

वसन्तसेना– चेटि, सहसाभिसार्यमाणः प्रत्युपकारदुर्बलतया, मा तावत्, जनो दुर्लभदर्शन· पुनर्भविष्यति। (हञ्जे, सहसा अहिसारिअन्तो पच्चुअआरदुब्बलदाए, मा दाव, जणो दुल्लहदसणो पुणो भविस्सदि।)

वसन्तसेना– सखि ? सहसा सगम करने से प्रत्युपकार करने मे असमर्थ होने के कारण, ऐसा न हो, कि फिर इस जन (आर्य चारुदत्त) का दर्शन दुर्लभ हो जायेगा।

मदनिका– किमत एव सोऽलकारस्तस्य हस्ते निक्षिप्त.। (किं अदो ज्जेव सो अलकारओ तस्स हत्थे णिक्खित्तो।)

मदनिका– क्या इसीलिए वह आभूषण उनके हाथ मे दे दिया है ?

वसन्तसेना– चेटि, सुष्ठु त्वया ज्ञातम्। (हञ्जे, सुट्ठु दे जाणिदम्।)

वसन्तसेना– सखि ! तुमने ठीक समझा।

(नेपथ्ये ।)
(नेपथ्य मे)

अरे भट्टारक, दशसुवर्णस्य रुद्धो द्यूतकर. प्रपलायित प्रपलायितः। तद्गृहाण गृहाण। तिष्ठ तिष्ठ। दूरात्प्रदृष्टोऽसि। (अले भट्टा, दशसुवण्णाह लुद्ध. जूदकव पपलीणु पपलीणु। ता गेण्ह गेण्ह। चिट्ठ-चिट्ठ। दूलात्पदिट्ठोसि।

अरे स्वामी ! दश-सुवर्ण मोहरो का धारक रोका हुआ जुआरी भाग गया, भाग गया। तो (उसे) पकड़ो ! पकड़ो ! ठहरो ! ठहरो ! दूर से ही दिखलायी पड़ गया है।

(प्रविश्यापटीक्षेपेण सभ्रान्त ।)
(बिना पर्दा गिरे घबराते हुए प्रवेश कर)

सवाहक – आश्चर्यम्। कष्ट एष द्यूतकरभाव.। (हीमाणहे। कट्टे एशे जुदिअलभावे।)

सवाहक– आश्चर्य है। यह जुआरीपन भी कष्टप्रद है।

विवृति

(१) दरिद्र पुरुष सक्रान्तमना =गरीब व्यक्ति से स्नेह करने वाले। अवचनीय=नही निन्दनीय। मधुकर्य.=भ्रमरियाँ। उच्यन्ते=कही जाती हैं। मनीषित: =मनचाहा। अभिसार्यते=चुपचाप मिले जाते हैं। प्रत्युपकारदुर्बलतया=बदला चुकाने मे अयोग्य होने से। दुर्लभदर्शन =मिलने मे कठिन। भट्टारक=स्वामी। दशसुवर्णस्य=दशस्वर्ण मुद्रायें, रुद्ध =रोका गया। द्यूतकरः=जुआरी। प्रपलायितः =भाग गया। (२) दरिद्रपुरुषे सक्रान्तम् मन· यस्या· सा। (३) हीनानि कुसुमानि

यस्य तम् । (४) सहकारपादपम्=आम का पेड़ । (५) मधुकुर्वन्तीति मधुकर्यं । विल्सन के अनुसार याचक अर्थ भी होगा । पृथ्वीधर ने मत्ता अर्थ किया है । (६) मनस ईप्सित मनीषित । (७) प्रत्युपकारे दुर्बलतया । (८) 'मधुकर्यं उच्यन्ते' यहाँ पर अक्षर सघात नामक नाट्य लक्षण है । 'वर्णनाक्षरसघात चित्रार्थैरक्षरैमितैं ।'— सा० द० । (९) दुर्लभ दर्शन यस्य स दुर्लभदर्शन । (१०) काम के वशीभूत होकर प्रेमिका का छिपकर प्रेमी से मिलना अभिसार कहलाता है और स्त्री अभिसारिका कही जाती है । 'अभिसारयते कान्तम् या मन्मथवशवद । स्वय वा अभिसरत्येषा धीरैरुक्ताभिसारिका ।' (११) 'श्रिया दुराप कथमीप्सितो भवत् ।'–शाकु० । (१२) अतएव=विश्वास पैदा करने के लिए । (१३) अपटीक्षेपेण=बिना पर्दा गिराये । 'पटीक्षेप न कर्तव्य आर्तराजप्रवेशने' इति मतं । आर्त सवाहक का प्रवेश बिना पर्दा गिराये हुआ है । (१४) वसन्तसेना के कथन हज्जे–से लेकर 'सुष्ठु से ज्ञातम्' तक उद्भेद् नामक मुख सधि का अङ्ग है । क्योंकि अनुराग रूप बीजार्थ का नायिका म फिर से प्रकटीकरण हुआ है–'बीजार्थस्य प्ररोह स्यात् उद्भेद इति ।'–सा० द० । यद्यपि परिभावना नामक अङ्ग के पहले होने से क्रम मे विपर्यय हो गया है ।

नवबन्धनमुक्तयेव गर्दभ्या हा ताडितोऽस्मि गर्दभ्या ।
अङ्गराजमुक्तयेव हा शक्त्या घटोत्कच इव घातितोऽस्मि शक्त्या ॥

[णवबंधणमुक्काए विअ
गद्दहीए हा ताडिदो म्हि गद्दहीए ।
अ गलाअमुक्काए विअ शत्तीए
घडुक्को विअ घादिदो म्हि शत्तीए ॥१॥]

अन्वय —हा !, नवबन्धनमुक्तया, गर्दभ्या, इव, गर्दभ्या, ताडित, अस्मि, हा ! अङ्गराजमुक्तया, शक्त्या, घटोत्कच , इव, शक्त्या, घातित , अस्मि ॥१॥

पदार्थ —हा !=हाय !, नवबन्धनमुक्तया=नवीन बन्धन से खुली हुई, गर्दभ्या=गधी क, इव=सदृश, गदभ्या=कौडी के द्वारा, ताडित =मारा गया, अस्मि=हूँ, हा !=हाय !, अङ्गराजमुक्त्या=कर्ण के द्वारा छोडी गई, शक्त्या= शक्ति (अस्त्र) से, घटोत्कच =हिडिम्बापुत्र, इव=सदृश, शक्त्या=पासे की चाल से, घातित =मारा गया, अस्मि—हूँ ।

अनुवाद —हाय ! नवीन बन्धन से स्वतन्त्र हुई गधी के तुल्य कौडी से आहत हुआ हूँ, हाय ! कर्ण के द्वारा छोडी गई शक्ति (अस्त्र) से भीम पुत्र (घटोत्कच) के सदृश (मैं) पासे की चाल से मार दिया गया हूँ ।

सस्कृत टीका.—हा ! =कष्टम् ! नवबन्धनमुक्तया=नवीनपाशस्वतन्त्रया, गर्दभ्या=रासभस्त्रिया, इव, गर्दभ्या=वराटिकया, ताडित =आहत , अस्मि, हा !

=खेदे ! अङ्गराजमुक्तया=कर्णप्रहितया, शक्त्या=अस्त्रेण, घटोत्कच =भीम सुत, इव, शक्त्या=द्यूतवरादिकया, घातित =मारित अस्मि ।

समास एव व्याकरण– (१) नव०–नवबन्धनात् मुक्तया । (२) अङ्गराज-मुक्तया–अङ्गराजेन मुक्तया । (३) अङ्गराज–अङ्गानाम् राज । (४) मुक्तया–मुच् +क्त+टाप् ।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य में दो श्रौती उपमायें है। (२) यमक भी दो है। (३) इसमे चित्र जाति छन्द है। (४) सवाहक मागध भाषा बोलता है। (५) अङ्गराज–महाभारत के अनुस र हिडिम्बा राक्षसी से उत्पन्न भीम के पुत्र घटोत्कच ने एक रात्रि म कौरव सेना का विनाश प्रस्तुत कर दिया। तब कर्ण न एकघ्नी' नामक अमाव शक्ति से उसे मार दिया था।

लेखक व्यापृतहृदय सभिक दृष्टवा झटिति प्रभ्रष्ट ।
इदानी मार्गनिपतित क नु खलु शरण प्रपद्ये ॥
[लेख अवावडहिअअ शहिअ दट्ठूण झत्ति पब्भट्ठे ।
एण्हि मग्गणिवडिदे क णु खु शलण पपज्जे ॥२॥]

अन्वय–लेखकव्यापृतहृदयम्, सभिकम्, दृष्ट्वा, झटिति, प्रभ्रष्ट, इदानीम्, मार्गनिपतित, (अहम्) नु कम खलु, शरणम्, प्रपद्ये ॥२॥

पदार्थ–लेखकव्यापृतहृदयम्=लिखने मे सलग्न चित्त वाले, सभिकम्=द्यूताध्यक्ष को, दृष्ट्वा=देखकर, झटिति=जल्दी, प्रभ्रष्ट=निकल गया, इदानीम् =इस समय, मार्गनिपतित =पथ पर पहुँच आया, नु=अरे, कम्=किसको, खलु =निश्चय, शरणम्=आश्रय, प्रपद्ये=पाऊँ ।

अनुवाद–लिखने मे सलग्न चित्त वाले द्यूताध्यक्ष को देखकर शीघ्र ही निकल भागा (मैं) इस समय पथ पर आ गया हूँ, अरे ! किसके आश्रय मे जाऊँ ।

सस्कृत टीका–लेखकव्यापृतहृदयम्=लेखनसलग्नचेत, सभिकम्=द्यूतकार कम्, दृष्ट्वा=निरीक्ष्य, झटिति=शीघ्रम्, प्रभ्रष्ट=पलायित, इदानीम्=साम्प्रतम् मार्गनिपतित=राजपथे आगत, (अहम्) नु=अरे ! कम्=मनुष्यम् खलु, शरणम् =रक्षकम्, प्रपद्ये=श्रये ।

समास एव व्याकरण– १ लेखक०–लेख एव लेखक तस्मिन् व्यापृतम् हृदयम यस्य तम् । २. मार्गनिपतित=मार्गे निपतित । ३ दृष्ट्वा=दृश्+क्त्वा, सभिकम्–सभा+ठन् । ४ प्रभ्रष्ट–प्र+भ्रश्+क्त । ५ प्रपद्ये–प्र+पद्+लट् ।

विवृति

(१) गाथा छन्द है–विषमाक्षरपादत्वात् पादौ रसमञ्जसम् धमवत् यच्छन्द-

सिनोक्तमत्र गाथेति तत्सूरिभि. कथितम् ।'

(२) 'सभिकः द्यूतकारक.' इत्यमर. ।

तद्यावदेतौ सभिकद्यूतकरावन्यतो मामन्विष्यतः, तावदहं विपरीताभ्यां पादाभ्यामेतच्छून्यदेवकुलं प्रविश्य देवीभविष्यामि । [ता जाव एदे शहिअजूदिअला अण्णदो म अण्णेशन्ति, ताव हक्के विप्पडीवेहिं पादेहिं एद शुण्णदेउलं पविशिअ देवीभविरशम् ।] (बहुविध नाट्य कृत्वा स्थितः ।) तो जब तक ये सभिक और जुआरी दूसरी ओर मुझको खोजते हैं, तब तक मै उलटे पैरो से इस शून्य देव-मन्दिर मे प्रवेश कर "देव" (की प्रतिमा) बन जाऊँ । (विविध प्रकार से अभिनय करके वैसा हो जाता है) ।

(ततः प्रविशति माथुरो द्यूतकरश्च ।)

(तदनन्तर माथुर और द्यूतकर का प्रवेश होता है ।)

माथुर'–अरे भट्टारक, दशसुवर्णस्य रुद्धो द्यूतकरः प्रपलायित. । तद्गृहाण गृहाण । तिष्ठ तिष्ठ । दूरात्प्रदृष्टोसि । [अले भट्टा, दशसुवण्णाह लुद्धु जूदकरु पपलीणु पपलीणु । ता गेण्ह गेण्ह । चिट्ठ चिट्ठ । दूरात्पदिट्टोर्ऽसि ।

माथुर–अरे स्वामी ! दश–सुवर्ण मोहरो का धारक रोका हुआ जुआरी भाग गया, भाग गया । तो पकड़ो ! पकड़ो ! ठहरो ! ठहरो ! दूर से ही दिखाई पड़ गया है ।

विवृति

(१) अन्यतः=दूसरी ओर । (२) विपरीताभ्याम्=उल्टे । (३) पादाभ्याम् =पैरो से । (४) देवकुलम्=मन्दिर मे । (५) देवीभविष्यामि=देव हो जाऊँगा । माथुरः=जुआरियो का अगुआ । द्यूतकर =जुआरी । दूरात् प्रदृष्ट =दूर से देख लिया गया । (६)'न देवः अदेवः, अदेव. देवः सम्पद्यमान. भविष्यामि । देव+च्वि+भू+लृट् । (७) यहाँ पर कपट से अन्य रूप करने के कारण कपट नामक नाट्यालङ्कार है । 'कपट मायया यत्र रूपमन्यत् विभाव्यते ।'–सा० द० ।

द्यूतकर —

द्यूतकर—

यदि व्रजसि पातालमिन्द्रं शरणं च साम्प्रतं यासि ।
सभिकं वर्जयित्वैकं रुद्रोऽपि न रक्षितुं तरति ॥
[जइ वज्जसि पादाल इदं शलणं च सपदं जासि ।
सहिअं वज्जिअ एकं रुद्दो वि ण रक्खिदुं तरइ ॥३॥]

अन्वय.—यदि, पातालम्, व्रजसि, इन्द्रम्, शरणम्, च, यासि, (किन्तु), एकम्, सभिकम्, वर्जयित्वा, रुद्रः, अपि, (त्वाम्) रक्षितुम्, न तरति ॥३॥

पदार्थ.—यदि=यदि, पातालम्=पाताल को, व्रजसि=जाते हो, इन्द्रम्=

इन्द्र, शरणम्=शरण, यासि=जाते हो, एकम्=एकमात्र, सभिकम्=सभिक को, (माथुर को) वर्जयित्वा=छोड़कर, रुद्र=शङ्कर, अपि=भी, रक्षितुम्=बचाने के लिए, न=नहीं, तरति=समर्थ हैं।

अनुवाद—यदि पाताल मे जाते हो अथवा इन्द्र की शरण मे जाते हो (तो भी) सभिक (माथुर) को छोडकर शकर भी रक्षा करने लिए सामर्थ्यवान नही हैं।

संस्कृत टीका:— यदि=चेत (त्वम्), पातालम्=अधोलोकम्, व्रजसि=गच्छसि, (वा) इन्द्रम्=देवेशम्, शरणम्=रक्षकम्, च, यासि=गच्छसि तु एकम्=केवलम्, सभिकम्=द्यूताध्यक्षम, वर्जयित्वा=हित्वा, रुद्र=महादेव, अपि, (त्वाम्) रक्षितुम्=पातुम्, न=नहि, तरति=समर्थं भवति।

समास एवं व्याकरण—(१) व्रजसि—व्रज्+लट्। यासि—या+लट्। रक्षितुम्=रक्ष+तुमुन्। तरति=तृ+लट् इन्द्र—इन्द्+रन् (इदि ऐश्वर्ये)। सभिकम्—सभा+ ईक।(२) सभिकम्—सभा(द्यूतम्)प्रयोजनम् अस्य सभिक।

विवृति

(१) मनु के अनुसार द्यूतकराध्यक्ष को दण्ड देना चाहिए। ९/२२१, मनु० 'अर्थशास्त्र याज्ञवल्क्य, नारद, बृहस्पति, अग्निपुराण सभिक को राजरक्षित मानते हैं।' —पराञ्जपे। (२) ब्रह्मा, स्वयम्भुव, चतुराननो वा। रुद्रस्त्रिनेत्रस्त्रिपुरान्तको वा। इन्द्रो महेन्द्र सुरनायको वा त्रातुम् न शक्ता युधिरामवध्यम्।' (३) पद्य मे आर्या छन्द है।

माथुर —

माथुर—

कुत्र कुत्र सुसभिकविप्रलम्भक! पलायसे रे भयपरिवेपिताङ्गक!।
पदे पदे समविषम स्खलन्कुल यशोऽतिकृष्ण कुर्वन्॥

[कहिं कहिं सुसहिअवप्पलभआ
पलासि ले भअपलि वेविदगआ।
पदे पदे समविसम खलतआ
कुल जस अइकसण कलॅतआ॥४॥]

अन्वय—हे सुसभिक विप्रलम्भक! भयपरिवेपिताङ्गक! कुलम्, यश, अति कृष्णम्, कुवन्, पदे, पदे, समविषमम्, स्खलन्, कुत्र, कुत्र, पलायसे॥४॥

पदार्थ—हे सुसभिक विप्रलम्भक!=हे उत्तम द्यूताध्यक्ष को ठगने वाले, भयपरिवेपिताङ्गक=भय के मारे प्रकम्पित शरीर वाले, कुलम्=वश को, यश=कीर्ति को, अतिकृष्णम्=अत्यन्त मलिन, कुर्वन्—करते हुए, पदे पदे—पग-पग पर, सम-

विषमम—ऊँचे नीचे, स्खलन्—लड़खड़ाते हुए, कुत्र, कुत्र—कहाँ कहाँ, पलायसे—भाग रहे हो ।

अनुवादः—हे श्रेष्ठ समिक के वञ्चक ! तथा डर के मारे प्रकम्पित अंगो वाले ! वंश को एवं कीर्ति को अत्यन्त मलिन करते हुए और पग-पग पर ऊँचे नीचे लड़खड़ाते हुए कहाँ-कहाँ भाग रहे हो ।

संस्कृत टीका—हे सुसमिक विप्रलम्भक !=हे द्यूताध्यक्ष प्रतारक !, भयपरिवेपिताङ्गक != हे भीतिकम्पितशरीर !, कुलम्=वंशम्, यश=कीर्तिम्, अतिकृष्णम्=बहुमलिनम् कुर्वन्=विदधत्, पदे, पदे=प्रतिपादन्यासम्, समविषमम्=उच्चावचम्, स्खलन्=पतन्, कुत्र, कुत्र पलायसे=गच्छसि ।

समास एवं व्याकरण-सुसमिक०—शोभन समिक सुसमिक, विप्रलम्भयति इति विप्रलम्भक सुसमिकस्य विप्रलम्भक तत्सम्बुद्धौ । भय०—भयेन परिवेपितानि अङ्गानि यस्य तत्सम्बुद्धौ । (२) विप्रलम्भक-वि+लम्+ण्वुल् (मुमागम) । कुर्वन्-कृ+शतृ । स्खलन्-स्खल्+शतृ ।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य मे रुचिरा छन्द है-'जभौ सजौ गिति रुचिराचतुरग्रहैं ।'

द्यूतकर-(पदवीक्ष्य ।) एष व्रजति । इयं प्रनष्टा पदवी । (एसो वज्जदि । इअं पणट्टा पदवी ।

द्यूतकर-(पद चिन्ह देख कर) यह जा रहा है । यह पद पंक्ति अदृश्य हो गयी ।

माथुर -(आलोक्य सवितर्कम्) अरे विप्रतीपौ पादौ । प्रतिमाशून्यं देवकुलम् । (विचिन्त्य) धूर्तो द्यूतकरो विप्रतीपाभ्यां पादाभ्यां देवकुलं प्रविष्ट । (अले, विप्पदीवु पादु । पडिमाशुण्णु देउलु । (धुत्त् जूदकरु पिप्पदीवेहिं पादेहिं देउल पविट्ठो ।)

माथुर—(देखकर तर्क पूर्वक) अरे ! उलटे पैर हैं ! मूर्ति रहित देव-मन्दिर! (विचार कर) धूर्त जुआरी उलटे पैरो से देव मन्दिर म घुस गया है ।

द्यूतकर —ततोऽनुसराव । [ता अणुसरेम्ह ।]

द्यूतकर—इसलिए अनुसरण करते हैं ।

माथुर —एवं भवतु । [एव्वं भोदु ।]

माथुर —ऐसा ही हो ।

(उभौ देवकुलप्रवेशं निरूपयत । दृष्ट्वान्योन्यं संज्ञाप्य ।)

(दोनो देव मन्दिर मे प्रवेश का अभिनय करते हैं । देखकर परस्पर संकेत कर)

द्यूतकर —कथं काष्ठमयी प्रतिमा । [कधं कट्ठमयी पडिमा ।]

द्यूतकर—क्या काठ की मूर्ति है ?

माथुर—अरे, न खलु न खलु । शैल प्रतिमा । (इति बहुविध चालयति । सज्ञाप्य च) एव भवतु । एहि । द्यूतेन क्रीडाव. । [अले, णहु णहु । शैलपाडिमा । एव्व भोदु । एहि । जूदं किलेह्य ।] (इति बहुविध द्यूत क्रीडति ।)

माथुर—अरे ! नहीं ! पत्थर की मूर्ति (है)। (ऐसा कह कर विविध प्रकार से हिलाता है और सकेत करके) ऐसा ही करें। आओ ! जुआ खेलते हैं। (ऐसा कह कर नाना प्रकार से जुआ खेलते हैं ।)

विवृति

(१) पदवी=पदपंक्ति । प्रनष्टा=अदृश्य हो गई। विप्रतीपौ=उल्टे। संज्ञाप्य=सकेत करके, शैलप्रतिमा=पत्थर की मूर्ति । द्यूतेच्छाविकारसवरणम= जुआ खेलने की इच्छा की चञ्चलता को रोक। (२) 'अयनम् वर्त्म मार्गाध्वपन्थान पदवी सृति' इत्यमर । (३) शैली च असौ प्रतिमा च शैलप्रतिमा। (४) तुलना— 'कच्चिदासादिता तस्य दुरात्मन कौरवाधमस्य पदवी ।'—वेणीसहार। (५) यहाँ पर परिभावना नामक मुख सन्धि का अङ्ग है। 'कुतूहलोत्तरा वाच प्रोक्ता तु परिभावना ।'—सा० द० ।

सवाहक.—(द्यूतेच्छाविकारसवरण बहुविध कृत्वा स्वगतम् ।) अरे, [अले,]

सवाहक—(जुआ की इच्छा से उत्पन्न होने वाले भावों को विविध प्रकार से रोक कर अपने आप) अरे !

कत्ताशद्दे णिण्णाणअदश हलइ हडक मनुश्शश्श ।
ढक्काशद्देव्व णडाधिवश्श पब्भट्टलज्जश्श ।।५।।
[कत्ताशब्दो निर्नाणकस्य हरति हृदय मनष्यस्य ।
ढक्काशब्द इव नराधिपस्य प्रभ्रष्टराज्यस्य ।।

अन्वय—कत्ताशब्द, निर्नाणकस्य, मनुष्यस्य, प्रभ्रष्टराज्यस्य, नराधिपस्य, ढक्काशब्द, इव, हृदयम्, हरति ।।५।।

पदार्थ—कत्ताशब्द =कौडी की ध्वनि, निर्नाणकस्य=निर्धन के, प्रभ्रष्टराज्यस्य=राज्यच्युत, नराधिपस्य=राजा के, ढक्काशब्द =भेरी की ध्वनि, इव= भाँति, हृदयम्=मन को, हरति=आकर्षित करता है ।

अनुवाद—कौडी की ध्वनि निर्धन मनुष्य के, राज्यच्युत राजा की भेरी ध्वनि की भाति हृदय को आकर्षित करती है ।

संस्कृत टीका—कत्ताशब्द =कत्ताध्वनि, निर्नाणकस्य=निर्धनस्य, मनुष्यस्य=जनस्य, प्रभ्रष्टराज्यस्य=नष्टश्रिय, नराधिपस्य=राज्ञ, ढक्काशब्द'=भेरीरव, इव, हृदयम्=चेत', हरति=आकर्षति ।

समास एव व्याकरण—(१) कत्ता०—कत्ताया. शब्द. । निर्नाणकस्य—न

वणक नाणक, नि (नास्ति) नाणकम् यस्य स निर्नाणक तस्य। प्रभ्रष्ट०प्रभ्रष्टम् राज्यम् यस्य तस्य । नरा०—नराणाम् अधिप तस्य । ढक्काशब्द =ढक्काया शब्द । (२) हरति—हृ+लट् । ढक्का—ढक् इति शब्देन कायति—ढक्+कै+क +टाप् ।

विवृति

(१) उपमा अलकार है (२) अप्रस्तुत—प्रशसा अलकार है। (३) विपुला छन्द है—'उल्लङ्घ्यगणत्रयमादिमम शकलयोर्द्वयामवति पाद । यस्यास्ता पिङ्गलनागो विपुलामिति समाख्याति ।' (४) 'कुकूय कुत्सितावद्यखेटगर्ह्यणिका समा ।' इत्यमर । (५) ढक्का—बडा ढोल—न ते हुडुक्केन न सोपि ढक्कया न मद लैं सापि न तेऽपि ढक्कया'—नैषध० १५/१७ । (६) कत्ताशब्द का प्रयोग केवल मृच्छकटिक म मिलता है।

जाणामि ण कीलिश्श शुमेलुशिहलपघण शण्णिहं जूअ ।
तह वि हु कोइलमहुले कत्ताशद्दे मण हलदि ॥६॥
[जानामि न क्रीडिष्यामि सुमेरुशिखरपतनसंनिभ द्यूतम् ।
तथापि खलु कोकिलमधुर कत्ताशब्दो मनो हरति ॥]

अन्वय—द्यूतम्, सुमेरुशिखरपतनसन्निभम्, जानामि, (अत) न, क्रीडिष्यामि, तथापि, कोकिलमधुर, कत्ताशब्द, खलु, मन, हरति ॥६॥

पदार्थ—द्यूतम्=जुए को, सुमेरुशिखरपतनसंनिभम्=सुमरु गिरि क शृङ्ग से गिरने के समान, जानामि=मानता हूँ, न क्रीडिष्यामि=नही खलूँगा, तथापि= फिर भी, कोकिलमधुर =कोयल की कूक के सदृश मीठी, कत्ताशब्द =कौडी की ध्वनि, खलु=निश्चय ही, मन =मन को, हरति=आकृष्ट कर लेती है ।

अनुवाद—जुए को सुमेरु गिरि के शृङ्ग से गिरने के समान समझता हूँ (इसलिये) नही खलूँगा, फिर भी कोयल की कूक क तुल्य मीठी कौडी की ध्वनि हृदय को हर लेती है ।

सस्कृत टीका—द्यूतम्=अक्षक्रीडनम, सुमेरुशिखरपतनसन्निभम्=हेमाद्रिशृङ्ग-भ्रंशनम, जानामि=अवगच्छामि, अत न=नहि, क्रीडिष्यामि=देविष्यामि तथापि, कोकिलमधुर =पिकरव इव, कत्ताशब्द =कत्तारव, खलु=निश्चयन, मन =चेत, हरति=आकर्षति ।

समास एव व्याकरण—(१) सुमरु०—सुमेरो शिखरात् पतनम तेन सन्निभम् । कोकिल०-कोकिल इव (लक्षणया बोध्य) कोकिलशब्द इव, मधुर । (२) जानामि-ज्ञा+लट् । क्रीडिष्यामि—क्रीड्+लृट् । हरति—हृ+लट ।

विवृति

(१) श्लोक मे उपमा अलकार है (२) विपुला छन्द है (३) कुछ टीकाकार आर्या छन्द मानते हैं। (४) सुमेरु पर्वत पुराणो मे सुवर्ण का कहा गया है और इसे सबसे ऊँचा पर्वत माना गया है इसके चारों ओर सूर्यादि ग्रह घूमते रहते हैं।

द्यूतकर—मम पाठे, मम पाठे। [मम पाठे, मम पाठे।]

द्यूतकर—मेरा दांव ! मेरा दाव !

माथुर—न खलु। मम पाठे मम पाठे। [ण हु। मम पाठे, मम पाठे।]

माथुर—नहीं, मेरा दांव है, मेरा दाव है।

सवाहक—(अन्यत सह सोपसृत्य।) ननु मम पाठे। [ण मम पाठे।]

सवाहक—(दूसरी ओर से सहसा पास आकर) दाव तो मेरा है।

द्यूतकर—लब्ध पुरुष। [लद्धे गोहे।]

द्यूतकर—(अपराधी) मनुष्य मिल गया।

माथुर—(*गृहीत्वा*) *अरे लुप्तदण्डक, गृहीतोऽसि। प्रयच्छ तद्दशसुवर्णम्।* [अले पेदण्डा, गहीदोसि। पअच्छ त दशसुवण्णम्।]

माथुर—(पकड कर) अरे ! दण्ड (हारा हुआ धन) न देने वाले, पकड लिये गये हो, तो वह दश सुवर्ण दो।

सवाहकः—अद्य दास्यामि। [अज्ज दइस्सम्।]

सवाहक—आज दूँगा।

माथुर—अधुना प्रयच्छ। [अहुणा पअच्छ।]

माथुर—अभी दो।

सवाहक—दास्यामि। प्रसाद कुरु। [दइस्सम्। पसाद कलेहि।]

सवाहक—दूँगा। प्रसन्न होइए।

माथुर—अरे, ननु साप्रत प्रयच्छ। [अले, ण सपद पअच्छ।]

माथुर—अरे ! इसी समय दो।

सवाहक—शिरः पतति। [शिलु पडदि।] (इति भूमौ पतति।)

सवाहक—शिर चक्कर खा रहा है। (पृथ्वी पर गिर पडता है।)

(*उभौ बहुविध ताडयत।*)

(दोनो विविध प्रकार से पीटते हैं)।

माथुर—एष त्व खलु द्यूतकरमण्डल्या बद्धोऽसि। [एसु तुम हु जूदिअलमण्ड-लीए बद्धोसि।]

माथुर—यह तुम जुआरियो की टोली के द्वारा पकड लिये गए हो।

सवाहक—(उत्थाय सविषादम्) कथ द्यूतकर मण्डल्या बद्धोऽस्मि। कष्टम्, एषोऽस्माक द्यूतकराणामलघनीय समय। तस्मात्कुतो दास्यामि। [कघ जूदिअल-

मण्डलीए वद्धो ह्मि । ही, एशे अह्माण जूदिअलाण अलघणीए शमए । ता कुदो दइश्शम् ।

संवाहक—(उठकर विषादपूर्वक) क्या जुआरिओ की मण्डली के द्वारा निगृहीत हूँ ? खेद है ! यह हम जुआरिओ का उल्लंघन न करने योग्य समय (नियम) है। इसलिए कहाँ से दूँगा।

माथुर—अरे, गण्ड क्रियता क्रियताम् । [अले गण्डे कुलु कुलु ।]

माथुर—अरे ! शर्त मान लो।

संवाहक—एव करोमि । (द्यूतकरमुपस्पृश्य ।) अर्धं तुभ्य ददामि, अर्धं मे मुञ्चतु । [एव्व कलेमि । अद्ध ते देमि, अद्ध मे मुञ्चदु ।]

संवाहक—ऐसा ही करता हूँ । (द्यूतकर को छूकर) आधा तुम्हें देता हूँ, आधा मेरे लिए छोड दें।

द्यूतकर—एव भवतु । [एव्व भोदु ।)

द्यूतकर—ऐसा ही सही !

संवाहक—(सभिकमुपगम्य ।) अर्धस्य गण्ड करोमि । अर्धमपि म आर्यो मुञ्चतु । (अद्धश्श गण्डे कलेमि । अद्ध पि मे अज्जो मुञ्चदु ।)

संवाहक—(सभिक के समीप जाकर) आधे की शर्त करता हूँ । आर्य ! आधा मेरे लिए भी छोड दे !

माथुर—को दोष । एव भवतु । (को दोसु । एव्व भोदु ।)

माथुर—क्या हर्ज है ? ऐसा ही सही ।

संवाहक—(प्रकाशम्) आर्य, अर्धं त्वया मुक्तम् । (अज्ज, अद्धे तुए मुक्के ।)

संवाहक—(प्रकट रूप म) आर्य ! आधा तुमने छोड दिया ?

माथुर—मुक्तम् । (मुक्के ।)

माथुर—छोड दिया ।

संवाहक—(द्यूतकर प्रति) अर्धं त्वयापि मुक्तम् । (अद्धे तुए वि मुक्के ।)

संवाहक—(जुआरी से) आधा तुमने भी छोड दिया ?

द्यूतकर—मुक्तम् । (मुक्के ।)

द्यूतकर—छोड दिया ।

संवाहक—साप्रत गमिष्यामि । (सपद गमिश्शम् ।)

संवाहक—इस समय (मैं) जाता हूँ ।

माथुर—प्रयच्छ त दशसुवर्णम् । कुत्र गच्छसि । (पअच्छ त दशसुवण्णम्, कहिं गच्छसि ।)

माथुर—उन दस मोहरो को दो ! कहाँ जाते हो ?

विवृति

(१) पाठे=दाँव । लुप्तदण्ड=हारा हुआ द्रव्य न देने वाले । पतति= घूमता है । अलघनीया=जिसका उल्लघन न हो सके । समय=नियम । गण्ड= प्रबन्ध । साम्प्रतम्=अब । (२) लुप्त दण्ड येन तत्सम्बुद्धौ । (३) द्यूतकर मण्डल्या—द्यूतकराणा मण्डली तया । (४) 'समया शपथाचारकालसिद्धान्तसविदः' इत्यमर । (५) 'प्राप्ते नपतिना भागे प्रसिद्धे धूर्तमण्डली । जित ससभिके स्थाने दापयेदन्यथा न तु ।'—याज्ञ०

सवाहक—प्रेक्षध्व प्रेक्षध्व भट्टारका । हा, साप्रतमेव एकस्यार्धो गण्ड कृत, *अपरस्यार्ध मुक्तम् । तथापि माम बल साप्रतमेव याचते ।* (पेक्खध पेक्खध भट्टालआ। हा, सपद ज्जेव एक्काह अद्धे गण्डे कडे, अवलाह अद्धे मुक्के । तहवि म अबल शपद ज्जेव मग्गदि ।)

सवाहक—महानुभावो ! देखिये ! देखिये ! हा ! अभी ही तो एक ने आधे की शर्त की है, दूसरे ने आधा छोड दिया है । फिर भी मुझ दुर्बल से इस समय माँग रहे हो ।

माथुर—(गृहीत्वा) धूर्त, माथुरोऽह निपुण । अत्र नाह धूर्तयामि । तत्प्रयच्छ त लुप्तदण्डक, सर्वं सुवर्णं साप्रतम् । (धुत्त, माथुरु अह णिअणु । एत्थ तुए ण अह धुत्तिज्जामि । ता पअच्छ त पेदण्डआ, सव्व सुवण्ण सपदम् ।)

माथुर—(पकडकर) अरे धूर्त ! मैं चतुर माथुर हूँ । यहाँ मैं धूर्तता नही कर रहा हूँ । इसलिए दण्ड न देने वाले (ठग) ! वहसभी सोना इसी समय दे !

सवाहक—कुतो दास्यामि । (कुदो दइश्शम् ।)

सवाहक—कहाँ से दूँगा ?

माथुर—पितर विक्रीय प्रयच्छ । (पिदरु विक्किणिज्ज पअच्छ ।)

माथुर—पिता को बचकर दे !

सवाहकः—कुतो मे पिता । (कुदो मे पिदा ।)

सवाहक—मेरे पिता कहाँ है ?

माथुर—मातर विक्रीय प्रयच्छ । (मादरु विक्किणिज्ज पअच्छ ।)

माथुर—माता को वेचकर दे !

सवाहक—कुतो मे माता । (कुदो मे मादा ।)

सवाहक—मेरी माता कहा है ?

माथुर—आत्मान विक्रीय प्रयच्छ । (अप्पाण विक्किणिअ पअच्छ ।)

माथुर—अपने को बचकर दे !

सवाहक—कुरुत प्रसादम् । नयत मा राजमार्गम् । (कलेध पशादम् । णेध

म लाजमग्गम् ।)

सवाहक—कृपा कीजिये । मुझे राजपथ (सड़क) पर ले चलें ।

माथुर-प्रसर । [पसरू ।]

माथुर-चलो ।

वसन्तसेना—चेटि गृहाणैतमलंकारम्। चारुदत्तमभिरन्तुं गच्छाम। [हञ्जे,

गेण्ह एद अलकारअम् । चारुदत्त अहिरमिदुं गच्छह्म ।]

वसन्तसेना—चेटी ! इस आभूषण को ले लो । 'चारुदत्त' से रमण करने के लिये चलती हूँ ।

चेटि-आर्ये, पश्य पश्य । उन्नमत्यकालदुर्दिनम् । [अज्जए, पेक्ख पेक्ख । उण्णमदि अकालदुद्दिणम् ।]

चेटि—आर्ये ! देखिये, देखिये । असमय में दुर्दिन (बादल) उमड़ रहा है ।

(१) उपलक्षितम्=पहचाना गया (२) विश्रम्भात्=विश्वास के कारण। (३) राजवार्ताहारी=राजाओ का सन्देश पहुँचाने वाला । (४) शौण्डीरतया=उदारता के कारण । (५) हीनकुसुमात्=पुष्पों से रहित । (६) सहकारपादपः=आम के पेड से । (७) मकरन्दबिन्दवः=फूलो के रस की बूँदे । (८) अन्यत्=और कुछ । (९) गणिकाप्रसङ्गात्=वेश्या के ससर्ग से । (१०) अकालदुर्दिनम्=असमय का दुर्दिन । 'मेघच्छन्नेऽह्निदुर्दिनम्' इत्यमर. । (११)वर्षम्=वर्षा ।वृष+अच्
वसन्तसेना—

वसन्तसेना—

उदयन्तु नाम मेघा भवतु निशा वर्षमविरतं पततु ।
गणयामि नैव सर्वं दयिताभिमुखेन हृदयेन ॥३३॥

अन्वय:-मेघा', उदयन्तु, नाम, निशा, भवतु, अविरतम्, वर्षं, पततु, (अहं) दयिताभिमुखेन, हृदयेन, सर्वं, नैव, गणयामि ॥३३॥

पदार्थ:-मेघा =घटाएँ, उदयन्तु=घिर आये, अविरतम्=निरन्तर, वर्षम्=वर्षा, पततु=पडे, दयिताभिमुखेन=प्रियतम की ओर लगे हुये या उत्सुक ।

अनुवाद:—बादल भले ही घिर आयें, रात्रि हो जाये, निरन्तर वर्षा होती रहे, प्रियतमोन्मुख हृदय से (इन) सब (बाधाओ) को (मैं कुछ) नही गिनती ।'

संस्कृत टीका-मेघा'=जलदा., उदयन्तु=आविर्भवन्तु, नामेति स्वीकारे, निशा=रात्रि', भवतु=अस्तु, अविरतम्=निरन्तरम्, वर्षम्=वृष्टि, पततु=भवत्वित्यर्थः, दयिताभिमुखेन=प्रियतममिलनोत्सुकेन, हृदयेन=चेतसा, सर्वम्=निखिलम् (मेघादिजनित विघ्नम्), नैव गणयामि=नैव मन्ये ।

समास एवं व्याकरण-(१) उदयन्तु-उद्+इ+अच् । भवतु-भू+लोट् । पततु—पत्+लोट् । दयिता-दय्+क्त : गणयामि-गण्+लट् । वर्षम्-वृष्+अच् (प्र० नपु०) ।

विवृत्ति

(१) प्रस्तुत वर्णन अग्रिम अङ्क की अवतारणा का कार्य करता है । (२) आर्या छन्द है । लक्षण—यस्या. पादे प्रथमे द्वादशमात्रास्तथा तृतीयेऽपि । अष्टादश-

द्वितीये चतुर्थके पचदश साऽऽर्या ॥' (३) यह अक मदनिका और शर्विलक की कथा की प्रधानता के कारण उन्ही दोनो के नाम पर है। (४) अकालदुर्दिनम् और उदयन्तु नाम इन पदो से पञ्चम अक की वर्षा की सूचना का सकेत मिलता है।

चेटि, हार गृहीत्वा शीघ्रमागच्छ। [हञ्जे, हार गेण्हिअ लहु आअच्छ।]

चेटी! हार लेकर शीघ्र आओ!

(इति निष्क्रान्ता सर्वे।)

(सब निकल जाते हैं।)

मदनिकाशर्विलको नाम चतुर्थोऽङ्क।

मदनिका और शर्विलक नामक चौथा अक समाप्त।

पञ्चमोऽङ्क

(तत प्रविशत्यासनस्थ सोत्कण्ठश्चारुदत्त ।)

[तदनन्तर आसन पर बैठे हुए उत्कण्ठित चारुदत्त' का प्रवेश होता है।]

चारुदत्त — (ऊर्ध्वमवलोक्य।) उन्नमत्यकालदुर्दिनम्। यदेतत

चारुदत्त—(ऊपर देखकर) असमयदुर्दिन (बादल) उमड रहा है। जो यह-

आलोकित गृहशिखण्डिभिरुत्कलापै—
हंसैर्यियासुभिरपाकृतमुन्मनस्कै ।
आकालिक सपदि दुर्दिनमन्तरीक्ष—
मुत्कण्ठितस्य हृदय च सम रुणद्धि ॥१॥

अन्वय—उत्कलापै, गृहशिखण्डिभि, आलोकित, यियासुभि, उन्मनस्कै, हसै, अपाकृतम्, आकालिकम्, दुर्दिनम्, सपदि अन्तरीक्षम्, उत्कण्ठितस्य, हृदयम्, च, समम्, रुणद्धि ॥१॥

पदार्थ —उत्कलापै =ऊपर की ओर पख किये हुये, गृहशिखण्डिभि,=घर के पालतू मोरो के द्वारा, आलोकितम्=देखा गया, यियासुभि =जाने की इच्छा वाले, उन्मनस्कै =खिन्न मन वाले, हसै =हसों के द्वारा, अपाकृतम्=तिरस्कृत किया गया, आकालिकम्=असमय मे उत्पन्न, दुर्दिनम्=बादलो से ढका दिन, सपदि=शीघ्र ही, अन्तरीक्षम्=आकाश को, उत्कण्ठितस्य=विरही के, हृदयम्=हृदय को, समम्=साथ-साथ, रुणद्धि=ढँक रहा है।

अनुवाद—ऊपर पङ्ख वाले पालतू मयूरो के द्वारा (प्रसन्नतापूर्वक) देखा गया तथा (मानसरोवर को) जाने के इच्छुक खिन्न-चित्त हसो के द्वारा तिरस्कृत किया गया कुसमय का दुर्दिन शीघ्रता से आकाश एव उत्कण्ठित (विरही) के हृदय को साथ-साथ आच्छन्न कर रहा है।

सस्कृत टीका—उत्कलापै =ऊर्ध्वमुत्थापितपुच्छै, गृहशिखण्डिभि = गृह-

पालितमयूरैः, आलोकितम्=दृष्टम्, यियासुभिः=जिगमिषुभि, उन्मनस्कै=खिन्नचित्तैः, हंसैः=मरालैः, अपाकृतम्=तिरस्कृतम, आकालिकम्=असमयोत्पन्नम्, दुर्दिनम्=मेघावरणम्, सपदि=झटिति, अन्तरीक्षम्=आकाशम्, उत्कण्ठितस्य=विरहातुरस्य, हृदयञ्च=चेतश्च, समम्=साकम्, रुणद्धि=आवृणोति ।

समास एवं व्याकरण—(१) उत्कलापैः-उद्गत कलाप येषा तैः। (२) शिखंडी-शिखंड+इनि । यियासुभि—यातुमिच्छव यियासवः या+सन्, द्वित्वादि+उ, तैः। (३) उन्मनस्कैः—उद्गतम् मन येषा ते (ब० स०) । (४) अपाकृतम्-अप+आ+कृ+क्त। आकालिकम्—अकाल+ठञ्। अन्तरीक्षम्—अन्तः स्वर्ग-पृथिव्योर्मध्ये ईक्ष्यते—इति—अन्तर्+ईक्ष+घञ्, पृषो० ह्रस्व. वा। उत्कण्ठित—उद्+कण्ठ्+क्त। (५) शिखण्डिभि —शिखण्ड अस्यास्तीति शिखण्डी ।

विवृति

दर्शन से प्रकट होना है किन्तु दाहिनी आँख के फड़कने से फिर उसमें कमी आती है 'नाद्यापि आगच्छति' से चारुदत्त का अन्वेषण और 'अज्जमित्तेअ कहिं तुम्हाण०' से वसन्तसेना का अन्वेषण तथा मिलनरूप कार्य का अन्वेषण एवं बाद में आरम्भ, यत्नादि मे प्राप्त्याशा नामक तृतीया कार्यावस्था है। 'उपायापाय शङ्काभ्याम् प्राप्त्याशा प्राप्तिसम्भवः।"—सा० द० ॥

अपि च।

और भी—

मेघो जलार्द्रमहिषोदरभृङ्गनीलो
विद्युत्प्रभारचितपीतपटोत्तरीय ।
आभाति संहतबलाकगृहीतशङ्खः
खं केशवोऽपर इवाक्रमितुं प्रवृत्तः ॥२॥

अन्वय—जलार्द्रमहिषोदरभृङ्गनीलः, विद्युत्प्रभारचितपीतपटोत्तरीयः, संहतबलाकगृहीतशङ्खः, अपरः, केशवः, इव, खम्, आक्रमितुम्, प्रवृत्तः, मेघः, आभाति ॥२॥

पदार्थ—जलार्द्र०=जल में गीले भैंस के पेट एवं भ्रमर के समान नीला, (विष्णु-पक्ष मे भी यही अर्थ होगा।) विद्युत्प्रभा०=बिजली की चमक से बने हुए (मानो) पीले वस्त्र का दुपट्टा धारण करने वाला (विष्णु-पक्ष में विद्युत्प्रभा-तुल्य बने हुए पीताम्बर का उत्तरीय धारण करने वाले), संहतबलाक०=एकत्रित बक-पंक्ति रूपी शङ्ख धारण करने वाला। विष्णु पक्ष मे एकत्रित बक-पंक्ति तुल्य (श्वेत) शङ्ख धारण करने वाले), केशव=विष्णु, खम्=आकाश को, आक्रमितुम्=लाँघने के लिए, प्रवृत्त=तैयार, मेघ=बादल, आभाति=शोभित हो रहा है।

अनुवाद—जल से भीगे हुये भैंसे के उदर एवं भ्रमर के समान नीलवर्ण, बिजली की प्रभा से निर्मित पीताम्बर का दुपट्टा धारण करने वाला [विष्णु पक्ष में—विद्युत्प्रभातुल्य निर्मित पीताम्बर का दुपट्टा धारण करने वाले] एकत्रित बक-पंक्ति रूपी शङ्ख ग्रहण करने वाला [विष्णु पक्ष मे—एकत्रित बक-पंक्ति रूपी (धवल पाञ्चजन्य नामक) शंख धारण करने वाले] दूसरे विष्णु के समान आकाश को व्याप्त करने को उद्यत मेघ सुशोभित हो रहा है।

संस्कृत टीका—जलार्द्रमहिषो०—सलिलसिक्तसैरिभकुक्षिद्विरेफश्याम विद्युत्प्र-भारचितपीतपटोत्तरीय—तडित्कान्तिकृतपीताम्बोत्तरीय, संहतबलाक०—सङ्गतबक-पंक्तिधृतशंख, अपरः—द्वितीय, केशव—विष्णु, इव—यथा, खम्—आकाशम्, आक्रमितुम्—व्याप्तुम्, प्रवृत्त—उद्यत।

समास एवं व्याकरण—(१) जलार्द्र०—जलेन आर्द्रस्य महिषस्य उदरम् भृङ्गः

च तद्वशील: । विद्युत्प्रभा०—विद्युतः प्रभया रचितम् कृतम् पीताम्बरस्योत्तरीयम् येन तादृशः (विष्णु पक्षे–विद्युतः प्रभावत् रचितम् तादृशम् पीतपटोत्तरीयम् यस्य तादृशः) । संहतबलाक०—सहता बलाका एव गृहीता शङ्खो येन तादृशः (विष्णु पक्षे–सहतबलाकवत् गृहीतः शङ्खः पाञ्चजन्यो येन तादृशः) । केशव०–प्रशस्ताः केशाः सन्ति अस्येति केशवः । केश+वः । 'केशाद्वोऽन्यतरस्याम्' इति सूत्रेण । आक्रमितुम्—आ+क्रम्+तुमुन् । प्रवृत्तः-प्र+वृत्+क्त । आभाति—आ+भा+लट् ।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य मे समान विशेषणो के द्वारा विष्णु के श्याम शरीर से मेघ की समता दिखलाई गई है । [क] जलार्द्र०, [ख] विद्युत्०, [ग] सहत०, ये तीनो विशेषण दोनों पक्षो मे लागू होते हैं । (२) जलार्द्र०—इस विशेषण से (महिषोदर) की घनी कालिमा सूचित की गई है । (३) सहतबलाक०–बलाकायें मेघों के साथ पक्तिवद्ध या समूह रूप में ही चलती हैं । भावमाम्य—आवद्धमालाः ·········बलाकाः (मेघ० १/१०) बलाकासमुदाय की समता विष्णु के पाञ्चजन्य नामक शख से दिखलाई गई है । (४) गर्भाधानक्षणपरिचयान्नूनमाबद्धमालाः, से- विष्यन्ते नयनसुभगं खे भवन्तं बलाका । (मेघ०) (५) पौराणिक कथा है कि राजा बलि का निग्रह करने के लिए श्री विष्णु ने वामनावतार धारण करके बलि से तीन पग भूमि की याचना की । बलि के स्वीकार कर लेने पर भागवान ने एक पग मे पृथ्वी को, दूसरे पग मे आकाश को और तीसरे पग मे बलि के शरीर को ही आक्रान्त कर लिया । (६) 'लुलापो महिषो वाहद्विषत्कासरसैरिभाः' इत्यमरः । (७) तडित्सौदामिनीविद्युच्चञ्चलाचपला अपि' इत्यमरः । (८) श्लोक के प्रथम चरण मे उपमा, दूसरे चरण मे विद्युत्प्रभा मे पीतपटोत्तरीय एव तीसरे चरण मे बलाका मे शख का अभेद रूप से आरोप करने के कारण रूपक तथा मेघ मे दूसरे केशव का संशय होने से उत्प्रेक्षालकार है । (९) इस प्रकार इन अलकारों के परस्पर सापेक्ष होने से इस श्लोक मे सङ्कर अलङ्कार है । (१०) प्रसाद गुण है । (११) वैदर्भी रीति है । (१२) वसन्ततिलका छन्द है । (१३) बलिबावन की पौराणिक कथा यहाँ सङ्केतित है ।

अपि च ।

और भी—

केशवगात्रश्यामः कुटिलबलाकावलीरचितशङ्खः ।
विद्युद्गुणकौशेयश्चक्रधर इवोन्नतो मेघः ॥३॥

अन्वय—केशवगात्रश्याम, कुटिलबलाकावलीरचितशङ्खः, विद्युद्गुणकौशेयः, मेघः, चक्रधरः, इव, उन्नतः ॥३॥

पदार्थ —केशवगात्रश्याम =विष्णु के शरीर के समान साँवला, कुटिलबलाकावलीरचितशख =जिसने बगुलों की टेढ़ी पंक्तियों के समूह से शख बनाया है। विद्युद्गुणकौशेय =जिसने बिजली की रेखा रूपी रेशमी वस्त्र (पीताम्बर) धारण कर रखा है। मेघ =बादल, चक्रधर =श्रीकृष्ण, उन्नत =उमड रहा है।

अन्वाद —विष्णु के शरीर के समान श्यामवर्ण, वक्र बकपंक्तियों के समूह द्वारा शख की रचना करने वाला तथा बिजली का रेखा रूपी पीताम्बर धारण करने वाला मेघ चक्रधारी विष्णु के समान उठ रहा है।

संस्कृत टीका – केशवगात्रश्याम.-विष्णुशरीरवन्नील, कुटिल वलाकावली०-वक्रबकपंक्तिसमूहनिर्मितशख, विद्युद्०=तडित्सूत्रचीनवस्त्रविशेष, मेघ-जलद, चक्रधर-विष्णु, इव, उन्नत-आकारो समुद्गत ।

समास एव व्याकरण—(१) केशवस्य गात्रवत श्याम । कुटिल०-कुटिला बलाकावलो तेन रचित शख यन तादृश । विद्युद्गुण०-विद्युद्गुण सा एव कौशेयम् यस्य तादृश । चक्रधर-चक्रस्य धर (षष्ठी तत्पु०) (२) धरतीति धरा-धृ+अच् । बलाका-बल+अक्+अच् 'स्त्रियाम् टाप् च'। कौशेयम्-कोशस्य विकार-ढञ्।

विवृति

(१) सेविष्यन्ते नयनसुभग खे भवन्त बलाका (मेघ० ११९) (२) निर्निमिकौशेयमुपात्तबाणमभ्यगनेपथ्य—मलचकार। (३) द्वितीय श्लोक मे उत्कर्ष ही यहाँ भङ्ग्यन्तर से कहा गया है। (४) यहाँ पर 'केशव०' इत्यादि प्रथम चरण मे, विद्युद्गुण इत्यादि द्वितीय चरण म लुप्तोपमा है, (५) मेघ की चक्रधर के साथ समानता बतलाने के कारण श्रौती उपमा अलकार है। (६) सङ्कर अलकार भी है। (७) आर्या छन्द है। लक्षण—यस्या पादे प्रथमे द्वादशमात्रास्तथा तृतीयेऽपि, अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पचदश साऽऽर्या। (८) बलि-बावन की पौराणिक=कथा का सकेत है। (९) कुछ टीकाकारो का कहना है कि द्वितीय श्लोक के भाव का ही इस श्लोक म वणन है अत पुनरुक्तता है।

एता निषिक्तरजतद्रवसंनिकाशा
धारा जवेन पतिता जलदोदरेभ्य ।
विद्युत्प्रदीपशिखया क्षणदृष्टनष्टा-
श्छिन्ना इवाम्बरपटस्य दशा पतन्ति ॥४॥

अन्वय —निषिक्तरजतद्रवसंनिकाशा, जल्दोदरेभ्य, जवेन, पतिता, विद्युत्प्रदीपशिखयाक्षणदृष्टनष्टा, एता, धारा, अम्बरपटस्य, छिन्ना, दशा, इव पतन्ति ॥४॥

पदार्थ–निषिक्तरजत० =पिघली हुई चाँदी के द्रव के तुल्य, जलदोदरेभ्य = मेघ के गर्भ से, जवेन=वेग से, पतिता =गिरती हुई, विद्युत्प्रदीपशिखया–विजली रूपी दीपशिखा से, क्षणदृष्टनष्टा =क्षण भर के लिए दिखलाई देकर नष्ट हो जाने वाली, एता =ये, धारा =धारायें, अम्बरपटस्य=आकाशरूपी वस्त्र के, छिन्ना = टूटे हुए दशा =छोर (के), इव=समान, पतन्ति=गिर रही हैं।

अनुवाद–पिघले हुए चाँदी के द्रव के समान, मेघ के गर्भ से वेगपूर्वक गिरती हुई विजली रूपी दीपशिखा के द्वारा क्षणभर दिखाई देकर अदृश्य हो जाने वाली ये धारायें आकाश रूपी वस्त्र के टूटे हुये छोर के समान गिर रही हैं।

संस्कृत टीका–निषिक्त० = तरलीकृतद्रवीभूतरौप्यतुल्या, जलदोदरेभ्य ॥ मेघमध्येभ्य, जवेन=वेगेन, पतिता =च्युता, विद्युत्प्रदीपशिखया=तडित्दीपाग्र-ज्योत्या, क्षणदृष्टनष्टा =क्षणावलोकिततिरोहिता, एता =दृश्यमाना, धारा = जलधारा, अम्बरपटस्य=आकाश-वस्त्रस्य, छिन्ना =त्रुटिन =दशा =प्रान्तभागा, इव=यथा, पतन्ति=क्षरन्तीत्यर्थ।

समास एवं व्याकरण–(१) निषिक्तरजत०–निषिक्ता रजतद्रवा तत्सन्निकाशा। जलदोदरेभ्य–जलदस्य उदरेभ्य। विद्युत्प्रदीपशिखया–विद्युदेव प्रदीपशिखा तया। क्षणदृष्टनष्टा–क्षणम् दृष्टा तत नष्टा। अम्बरपटस्य–अम्बरमेव पट तस्य। (२) निषिक्तम्–नि+सिच्+क्त। छिन्ना–छिद्+क्त। रजत–रन्ज्+अतच्, नलोप। प्रदीप–प्र+दीप्+णिच्+क। अम्बरम्–अम्ब+रा+क। पट–पट् वेष्टने करणे घञर्थे क.। पतन्ति–पत्+लट्।

विवृति

(१) नष्टदृष्ट के स्थान पर दृष्टनष्टा पाठ अधिक सुन्दर है। (२) दशा–छोर। भाव यह है कि ये जलधारायें नहीं हैं, प्रत्युत आकाश वस्त्र के छोर ही जीर्ण होने के कारण टूट-टूट कर गिर रहे हैं। (३) 'अम्बर व्योम्नि वाससि' इत्यमर। (४) प्रस्तुत पद्य मे उपमा, पुनरुक्तवदाभास, रूपक और उत्प्रेक्षालङ्कार हैं। (५) वसन्ततिलका छन्द है। छन्द का लक्षण–'उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ ग।"

ससक्तैरिव चक्रवाकमिथुनैर्हंसै प्रडीनैरिव
व्याविद्धैरिव मीनचक्रमकरैर्हर्म्यैरिव प्रोच्छ्रितै।
तैस्तैराकृति विस्तरैरनुगतैर्मेघै समभ्युन्नतै
पत्रच्छेद्यमिवेह भाति गगन विश्लेषितैर्वायुना॥५॥

अन्वय–ससक्तै, चक्रवाकमिथुनै, इव, प्रडीनै, हसै, इव, व्याविद्धै, मीन-

चक्रमकरैं, इव, प्रोच्छ्रितैं, हर्म्यैं, इव, तैं, तैं, आकृतिविस्तरैं, वायुना, विश्लेषितैः, अनुगतैं, समभ्युन्नतैं, मेघैः, इह, गगन, पत्रच्छेदम्, इव, भाति ॥५॥

पदार्थ —ससक्तैं =आपस मे मिले हुये, चक्रवाकमिथुनै =चकवा—चकई के जोडो के, प्रडीनैं =उडते हुये, व्याविद्धैं =इधर-उधर फेंके गये, मीनचक्रमकरैं = मछलियो के झुण्ड तथा ग्राहो के, प्रोच्छ्रितैं =अत्यन्त ऊँचे, हर्म्यैं =महलो के, आकृति विस्तरैं =आकार से फैलने वाले, वायुना =हवा से, विश्लेषितैं =छिन्न-भिन्न, अनुगतैं =अनुगामी, अर्थात् एक दूसरे के पीछे चलने वाले, पत्रच्छेदम् =चित्र।

अनुवाद —परस्पर सटे हुए चक्रवाक युगल के समान, उडते हुए हसो के समान, (समुद्र-तरगो से इधर-उधर) फेंके हुए मत्स्य-समुदाय और मगरो के समान, अत्यन्त उच्च भवनो के समान विभिन्न विस्तृत आकारो को प्राप्त करन वाले, वायु द्वारा छिन्न-भिन्न, उमडत हुए मेघो के द्वारा यहाँ आकाश (पत्र-छेद विधि द्वारा) चित्रित-सा सुशोभित हो रहा है।

सस्कृत टीका—ससक्तैं =परस्परमिलितैं, चक्रवाकमिथुनैं =कोकयुगलैं, इव = यथा, प्रडीनैं =उड्डीनैं, हसैः =मरालैः, इव, व्याविद्धैं =प्रक्षिप्तैं भ्रान्तैं वा, मीनचक्रमकरैं =मत्स्यसमूहग्राहैः, इव, प्रोच्छ्रितैं =अत्युन्नतैं, हर्म्यैं =प्रासादैं, इव, तैं तैं =नानाविधैं, आकृतिविस्तरैं =आकारविस्तृतैं, वायुना =पवनेन, विश्लेषितैं =भेद प्रापितैं, अनुगतैं =युक्तैं, समभ्युन्नतैं =अत्युन्नतैं, मेघैं =वलाहकैं, इह =अस्मिन् स्थाने, गगनम् =व्योम, पत्रच्छेदम् =आलख्यलिखितम्, इव, भाति = राजत।

समास एव व्याकरण-(१) मीन०—मीनचक्रैं मकरैं। आकृति०—आकृतिभिः विस्तर येषा तथाभूतैं। पत्रच्छेदम्—पत्रस्य छेद तेन घटितम्। (२) ससक्तैं — सम्+सञ्ज्+क्त। प्रडीनैं —प्र+डी+क्त।

व्याविद्धैं—वि+आ+व्यध्+क्त। हर्म्यैं —हृ+यत्, मुट् च। विश्लेषितैं — वि+श्लिष्+णिच्+क्त। समभ्युन्नतैं —सम्+अभि+उद्+नम्+क्त। पत्रम्— पत्+ष्ट्रन्। छेद —छिद्+घञ्। भाति—भा+लट्।

विवृति

(१) पत्राणा छेदाऽस्मिन्नस्तीति पत्रच्छेद पत्राकाराणा लोहदार्वादिफलकाना बहुविधाकारकर्तनेन निष्पाद्यमान चित्र पत्रच्छेद्यमित्युच्यते।—श्री निवासाचार्य (२) पत्र खण्डो द्वारा चन्दन के लेपन इत्यादि से शरीर के अङ्गो (मुखादि) पर जो चित्रण किया जाता है वह पत्रच्छेद कहलाता है। (३) प्रस्तुत पद्य मे विविध आकृतियो वाले मेघो से चित्रित आकाश का स्वाभाविक वर्णन किया गया है। (४) आकृति विस्तरैं अनुगतैं' का करण कारक है, *आकृतिविस्तरैं अनुगता तैं*—(*आकार के*

विस्तार से युक्त) मेघों द्वारा। (५) 'कोकश्चक्रवाको रथाङ्गाह्वयनामक' इत्यमरः। (६) 'प्रडीनोड्डीन—सडीनान्येता. खगगतिक्रिया' इत्यमर। (७) प्रस्तुतश्लोक मे उपमालङ्कार है। (८) शार्दूलविक्रीडित छन्द है। छन्द का लक्षण—'सूर्याश्वैर्यदि मे सजो सततगा शार्दूलविक्रीडितम्। (९) कुछ टीकाकारो के अनुसार श्लोक म उत्प्रेक्षालङ्कार है—'सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य परात्मना।'

एतत्तद्धृतराष्ट्रवक्त्रसदृश मेघान्धकार नभो
हृष्टो गर्जति चातिदर्पितबलो दुर्योधनो वा शिखी।
अक्षद्यूतजितो युधिष्ठिर इवाध्वान गत. कोकिलो
हसा. सप्रति पाण्डवा इव वनादज्ञातचर्यां गताः॥६॥

अन्वय —मेघान्धकारम्, एतत्, नभ, तद्धृतराष्ट्रवक्त्रसदृश, (वर्तते) अतिदर्पितबल, शिखी, दुर्योधन, वा, हृष्ट, (सन्), गर्जति, कोकिल, अक्षद्यूतजित, युधिष्ठिर, इव, अध्वान, गत, सम्प्रति, हसा, पाण्डवा, इव, वनात्, अज्ञातचर्यां, गता ॥६॥

पदार्थ —मेघान्धकारम्=मेघो के कारण अन्धकारयुक्त, । तद्धृतराष्ट्र॰= उस धृतराष्ट्र के मुख के समान, अतिदर्पितबल =मयूर पक्ष मे—जिसका रूप अत्यन्त गर्वित है। दुर्योधन पक्ष म—जिसकी सेना अत्यन्त गर्वित है, शिखी=मोर, वा= की तरह, हृष्ट =प्रसन्न, कोकिल =कोयल, अक्षद्यूतजित =पाँसे के द्वारा जुए मे हारे हुए, अध्वानम=(युधिष्ठिर-पक्ष मे) वन-मार्ग को, (कोकिल पक्ष मे) ध्वनि—शून्यता या मौन को, वनात्=(हस-पक्ष म) जल से। (पाण्डव पक्ष मे) जङ्गल से। अज्ञातचर्याम्=अज्ञात-वास (पाण्डव पक्ष मे विराट् मे राज्य मे, हस-पक्ष म मानसरोवर मे)।

अनुवाद—बादलो से अँधेरा यह आकाश उस (प्रसिद्ध) धृतराष्ट्र के मुख के समान है, अत्यन्त अहकार युक्त रूप वाला मोर (अत्यन्त अभिमानी सेना वाले) दुर्योधन के समान गरज रहा है, कोयल पाँसे के द्वारा जुये मे हारे हुये युधिष्ठिर के समान मौन (युधिष्ठिर पक्ष म वन-मार्ग को प्राप्त) हो गई है। इस समय हस पाण्डवो के समान वन (हस-पक्ष मे जल, पाण्डव-पक्ष म वनवास) से अज्ञातवास (अर्थात् मानसरोवर) को चले गये हैं।

सस्कृत टीका—मेघान्धकारम्=बलाहकतम, एतत्=इदम्, नभ= गगनम्, तद्धृतराष्ट्र॰=प्रसिद्धधृतराष्ट्रराज्यतुल्यम्, (वर्तते), अतिदर्पितबल =अखर्वगर्वसार, शिखी=मयूर, दुर्योधन =धृतराष्ट्रसुत, वा, हृष्ट =सन्तुष्ट, (सन्), गर्जति=केका करोति, कोकिल =पिक, अक्षद्यूतजित =पाशकक्रीडनजित, युधिष्ठिर =पाण्डुसुत, इव, अध्वानम्=शब्दरहितम् निर्जनस्थानम्, गत.=प्राप्त:,

सम्प्रति=अधुना, हसा=मराला, पाण्डवा=पाण्डुपुत्रा, इव, वनात्=अरण्यात्, अज्ञातचर्याम्=अज्ञातवासम्, गता—प्राप्ता ॥

समास एव व्याकरण–(१) मेघान्धकारम्–मेघै अन्धकारम् यस्मिन् तादृशम् । तद्धृतराष्ट्र०–तस्य धृतराष्ट्रस्य वक्त्रेण सदृशम् । अति०–अतिदर्पितम् बलम् यस्य तथाविध । अक्ष०—अक्षद्यूते जित । शिखी–प्रशस्ता शिखा अस्ति अस्य इति शिखी । अध्वानम्–न ध्वानम् अध्वानम् (न० स०) शिखी–शिखा+इनि । अध्वानम्–नञ्+ध्वन्+घञ्+विभक्ति । हृष्ट–हृष्+क्त । गर्जति–गर्ज्+लट् । कोकिल–कुक्+इलच् । पाण्डव—पाण्डो अपत्यम्—पाण्डु+अण् ।

विवृति

(१) धृतराष्ट्रवक्त्र–के स्थान पर धृतराष्ट्रचक्र (=धृतराष्ट्रचक्र का राज्यचक्र) पाठ उपयुक्त है, क्योकि इस श्लोक मे वर्णित अन्य समानतायें धृतराष्ट्र के राज्य मे ही मिलती हैं, मुख मे नही। (२) नेत्रो के न होने से धृतराष्ट्र का मुख अन्धकार पूर्ण था। उसी तरह आकाश मे भी बादलो के कारण सूर्य-चन्द्रमा रूपी दोनो नेत्रों के नष्ट हो जाने से अँधेरा हो गया है। (३) 'बल गन्ध-रूपे' इति मेदिनी (४) वा–'वा स्यात् विकल्पोपमयोरेवार्थेऽपि' इति विश्व. । यह अव्यय है। (५) 'वने सलिलकानने' इत्यमर । (६) कवि–प्रसिद्धि है कि वर्षाऋतु मे हस मानसरोवर को चला जाता है। (७) अज्ञात—चर्या–(i) विराट के राज्य मे अज्ञातवास को (ii) जनसाधारण से अज्ञात मानसरोवर पर विचरण (चर्या) को।) (८) प्रस्तुत पद्य मे हस आदि की पाण्डव आदि के साथ समानता बतलाने के कारण आर्थी उपमा एव पूर्णोपमालङ्कार है। उपमालङ्कार का लक्षण–'साम्य वाच्यमवैधर्म्य वाक्यैक्ये उपमाद्वयो"। (९) शार्दूलविक्रीडित छन्द है।

(विचिन्त्य)। चिरं खलु कालो मैत्रेयस्य वसन्तसेनाया सकाश गतस्य। *नाद्यापि आगच्छति।*

[सोच कर] वसन्तसेना' के पास गये हुये 'मैत्रेय' को बहुत देर हो गई। अभी तक नही आये हैं।

(प्रविश्य।)

(प्रवेश कर)

विदूषक—अहो गणिकाया लोभोऽदक्षिणता च। यतो न कथापि कृतान्या। अनेकधा स्नेहानुसार भणित्वा किमपि, एवमेव गृहीता रत्नावली। एतावत्या ऋद्धया न तयाह मणित–'आर्यमैत्रेय, विश्रम्यताम्। मल्लकेन पानीयमपि पीत्वा गम्यताम्' इति। तन्मा तावद्दास्या पुत्र्या गणिकाया मुखमपि द्रक्ष्यामि। (सनिर्वेदम्) सुष्ठु खलूच्यते–अकन्दसमुत्थिता पद्मिनी, अवञ्चको वणिक्, अचौरः सुवर्णकार, अकलहो

ग्रामसमागमः । अलुब्धा गणिकेति दुष्करमेते संभाव्यन्ते' । तत्प्रियवयस्यं गत्वास्माद् गणिकाप्रसंगान्निवर्तयामि । (परिक्रम्य दृष्ट्वा) कथं प्रियवयस्यो वृक्षवाटिकायामुपविष्टस्तिष्ठति । तद्यावदुपसर्पामि । (उपसृत्य) स्वस्ति भवते । वर्धतां भवान् । [अहो गणिआए लोभो अदक्खिणदा अ, जदो ण कधा वि किदा अण्णा । अण्णं कहा सिणेहाणुसारं भणिअ किं पि, एवमेव गहिदा रअणावली । एत्तिआए इद्धीए ण तए अह भणिदो—'अज्जमित्तेअ, वीसमीअदु । मल्लकेण पाणीअं पि पिविअ गच्छीअदु' त्ति । ता मा दाव दासीए धीआए गणिआए मुहं पि पेक्खिस्सम् । सुठ्ठु क्खु वुच्चदि–'अकन्दसमुत्थिता पउमिणी, अवञ्चओ वाणिओ, अचोरो, सुवण्णआरो, अकलहो गामसमागमो, अलुद्धा गणिआ त्ति दुक्करं एदे संभावीअन्ति' । ता पिअवअस्सं गदुअ इमादो गणिआपसंगादो णिवत्तावेमि । कधं पिअवअस्सो रुक्खवाडिआए उवविट्ठो चिट्ठदि । ता जाव उवसप्पामि । सोत्थि भवदे । वड्ढदु भवम् ।]

विदूषक–ओह् ! वेश्या (वसन्त सेना) का लालच और अनुदारता ? (तो देखो) क्योंकि (आभूषण लेने के सिवाय) दूसरी बात भी नहीं की ? अनेक प्रकार से प्रेमानुकूल कुछ कह कर ऐसे ही 'रत्नावली' ले ली । इतना धन होने पर भी उसने मुझसे कहा तक नहीं कि–'आर्य मैत्रेय ! आराम कीजिये । 'मल्लक' (पात्र-विशेष) से तो पानी पीकर जाइये । अतः मैं (उस) दासी की लड़की वेश्या का मुँह भी नहीं देखूँगा । (ग्लानिपूर्वक) ठीक ही कहा जाता है–'बिना जड़ के उगी हुई कमलिनी, न ठगने वाला बनिया, न चुराने वाला सुनार, विवाद-रहित ग्राम-सम्मेलन और निर्लोभी वेश्या–इनकी सम्भावना करना कठिन है ।' तो जाकर प्रिय मित्र को (इस) वेश्या के संसर्ग से अलग करता हूँ । [घूमकर और देखकर] क्या प्रिय मित्र वृक्ष-वाटिका में बैठे हुए हैं ? इसलिए उनके पास जाता हूँ । (पास जाकर) आपका कल्याण हो ! आपकी वृद्धि हो !

चारुदत्तः–(विलोक्य ।) अये, सुहृन्मे मैत्रेयः प्राप्तः । वयस्य, स्वागतम् । आस्यताम् ।

चारुदत्त–[देखकर] अरे ! मेरे मित्र 'मैत्रेय' आ गये ! मित्र स्वागत है । बैठिये ।

विदूषकः–उपविष्टोऽस्मि । [उवविट्ठो ह्मि ।]

विदूषक–बैठ गया हूँ ।

चारुदत्त–वयस्य, कथय तत्कार्यम् ।

चारुदत्त–मित्र ! उस काम को बतलाओ ।

विदूषकः–तत्खलु कार्यं विनष्टम् । [तं क्खु कज्जं विणट्ठम् ।]

विदूषक–वह काम तो बिगड़ गया ।

चारुदत्तः–किं तया न गृहीता रत्नावली ।

चारुदत्त–क्या उसने रत्नावली नहीं ली ?

विदूषक —कुतोऽस्माकमेतावद्भागधेयम् । नवनलिनकोमलमञ्जलिं मस्तके कृत्वा प्रतीष्टा । [कुदो अह्माण एत्तिअं भाअधेअम् । णवणलिणकोमलं अञ्जलिं मत्थए कदुअ पडिच्छिआ ।]

विदूषक—हम लोगो का इतना सौभाग्य कहाँ ? नये कमल के समान कोमल अञ्जलि मस्तक पर करके (उसने रत्नावली) ले ली।

चारुदत्त —तत्किं ब्रवीषि विनष्टमिति ।

चारुदत्त—तब क्यो कहते हो–कि बिगड गया।

विदूषक–भो, कथं न विनष्टम्, यदभुक्तपीतस्य चौरैरपहृतस्याल्पमूल्यस्य सुवर्णभाण्डस्य कारणाच्चतुःसमुद्रसारभूता रत्नमाला हारिता। [भो, कघं ण विणट्ठम्, जं अभुत्तपीदस्स चोरेहिं अवहिदस्स अप्पमुल्लस्स सुवण्णभण्डअस्स कारणादो चदुस्समुद्दसारभूदा रअणमाला हारिदा।]

विदूषक–अजी ! क्यो नही बिगड गया, जो बिना खाये-पिये, चोरो द्वारा चुराये गये, कम कीमत वाले स्वर्ण-पात्र के कारण चारो समुद्रो की सारभूत 'रत्नावली' खो दिया ?

विवृति

(१) अदक्षिणता=कृपणता। (२) अनेकधा=अनेक प्रकार से। (३) एवमेव=ऐसे ही। (४) ऋद्धया=सम्पत्ति स। (५) मल्लकेन=विशिष्ट पात्र से। (६) अकन्दसमुत्थिता=बिना जड के उगी हुई। (७) पद्मिनी=कमल की लता। (८) अवञ्चक =न ठगने वाला। (९) अकलह =बिना झगडा वाला। (१०) ग्रामसभागम =गँवारो का सम्मेलन। (११) अलुब्ध =निर्लोभ। (१२) प्रतीष्टा–ले ली। (१३) दुष्करम्=कठिन। (१४) भागधेयम्–भाग्य। (१५) नवनलिन कोमलम्=नये कमल के समान कोमल। (१६) अभुक्तपीतस्य=न खाये न पिये गये।

चारुदत्त —वयस्य, मा मैवम् ।

चारुदत्त—मित्र ! नही ऐसा नही,

य समालम्ब्य विश्वास न्यासोऽस्मासु तया कृत ।
तस्यैतन्महतो मूल्य प्रत्ययस्यैव दीयते ॥ ७ ॥

अन्वय–तया, य, विश्वास, समालम्ब्य, अस्मासु, न्यास, कृत, तस्य महत, प्रत्ययस्य, एव, एतत्, मूल्य, प्रदीयते ॥७॥

पदार्थ—तया=उस वसन्तसेना के द्वारा, यम्=जिस, विश्वासम्=विश्वास को, समालम्ब्य=पकड कर, अस्मासु=हम लोगो मे, न्यास =धरोहर, कृत =की गई, तस्य=उस, महत =बहुत बडे, प्रत्ययस्य=विश्वास की, एव=ही, एतत्=यह, मूल्यम्=कीमत, प्रदीयते=दी जा रही है।

अनुवाद—उसने जिस विश्वास का अवलम्बन कर हमारे पास धरोहर रखी, उस महान् विश्वास का ही यह मूल्य दिया जा रहा है।

संस्कृत टीका—तय'=वसन्तसेनया, मम्=दृढम्, विश्वासम्=प्रत्ययम्, समालम्ब्य=आश्रित्य, अस्मासु=भादृशधनरहितासु, न्यास =निक्षेप, कृत.=विहित, तस्य=पूर्वोक्तस्य, महत =प्रधान भूतस्य, प्रत्ययस्य=विश्वासस्य, एव, एतत्= रत्नावलीस्वरूपम्, मूल्यम्=अर्घ', प्रदीयते=समर्प्यते।

समास एवं व्याकरण—(१) मूल्यम्—मूल+यत्। न्यास -नि+अस्+घञ्। महत —मह+अति। प्रदीयते-प्र+दा+यक्+लट्। समालम्ब्य—सम्+आ+लम्ब्+क्त्वा→ल्यप्।

विवृत्ति

(१) प्रस्तुत पद्य म अतिशयोक्ति अलङ्कार है। महत प्रत्ययस्य-महान् विश्वास का। चूँकि निर्धन होने पर भी मुझ पर उसने विश्वास किया, अत उसका यह विश्वास-कार्य महान् है।

(२) अनुष्टुप् छन्द है। छन्द का लक्षण—"श्लोके षष्ठ गुरु ज्ञेय सर्वत्र लघु पचमम्। द्विचतुष्पादयोर्ह्रस्व सप्तम दीर्घमन्ययो ॥"

विदूषक—भो वयस्य, एतदपि मे द्वितीयं सतापकारण यत्सखीजनदत्तसज्ञया पटान्तापवारित मुख कृत्वाहमुपहसित। तदह ब्राह्मणो भूत्वेदानी भवन्त शीर्षेण पतित्वा विज्ञापयामि—'निवर्त्यतामात्मास्मादबहुप्रत्यवायाद् गणिकाप्रसङ्गात्'। गणिका नाम पादुकान्तरप्रविष्टेव लेष्टुका दु खेन पुनर्निराक्रियते। अपि च भो वयस्य, गणिका हस्ती कायस्थो भिक्षुश्चाटो रासभश्च यत्रैते निवसन्ति तत्र दुष्टा अपि न जायन्ते। [भो वअस्स, एद पि मे दुदिअ सतावकारण ज सहीअणदिण्णसण्णाए पडन्तोवारिद मुह कदुअ अह उवहसिदो। ता अह वह्मणो भविअ दाणि भवन्त सीसेण पडिअ विण्णवेमि—'णिवत्तीअदु अप्पा इमादो वहुपच्चावाआदो गणिआपसङ्गादो'। गणिआ णाम पादुअन्तरप्पविट्ठा विअ लेट्ठुआ दुक्खेण उण णिराकरी अदि। अवि अ भो वअस्स, गणिआ हत्थी काअत्थओ भिक्खु चाटो रासहो अ जहिं एदे णिवसन्ति तहिं दुट्ठा वि ण जाअन्ति।]

विदूषक—हे मित्र! यह भी मेरा दूसरा सन्ताप का कारण है कि सखियो को सङ्केत कर, आचल से मुँह ढक कर मेरी हँसी की। इसलिये मैं ब्राह्मण होकर (भी आपके पैरो पर) इस समय शिर से गिर कर आपसे विनती करता हूँ कि—'आप अपने को बहुत विघ्नो वाले इस वेश्या-सङ्ग से हटा लें।' वेश्या तो जूते के भीतर घुसी हुई ककडी के समान बाद मे बडी कठिनता से निकाली जाती है। और भी, हे मित्र! वेश्या, हाथी, कायस्थ, भिक्षुक, धूर्त और गधा—जहाँ ये रहते हैं वहाँ दुष्ट भी नही जाते (सज्जनो का तो कहना ही क्या?)।

विवृति

(१) सन्तापकारणम्=दुःख का कारण । (२) सखीजन०=सखी लोगों को संकेत करने वाली । (३) पटान्त०=आँचल से ढका हुआ । (४) बहुप्रत्य०=बहुत दोषों से युक्त वेश्या के संग से । (५) लेष्टुका=ककड़ी । (६) चाट=ठग । (७) रासभ=गधा । (८) परिवादम्=निन्दा को । (९) अवस्थया=हालत से । (१०) उक्त्वा=कह कर, वच्+क्त्वा ।

चारुदत्त—वयस्य, अलमिदानीं सर्वं परिवादमुक्त्वा । अवस्थयैवास्मि नीवारित । पश्य ।

चारुदत्त—मित्र ! इस समय सब निन्दा को कहना व्यर्थ है । (मैं तो) अवस्था (दरिद्र) के द्वारा ही रोक दिया गया हूँ । देखो—

वेगं करोति तुरगस्त्वरितं प्रयातुं
प्राणव्ययान्न चरणास्तु तथा वहन्ति ।
सर्वत्र यान्ति पुरुषस्य चलाः स्वभावा
खिन्नास्ततो हृदयमेव पुनर्विशन्ति ॥८॥

अन्वय—तुरग, त्वरित, प्रयातु वेग, करोति, तु, प्राणव्ययात्, (तस्य), चरणा, तथा, न वहन्ति, (इत्थ), पुरुषस्य, चला, स्वभावा, सर्वत्र, यान्ति (किन्तु), तत, खिन्ना, पुन हृदयम्, एव, विशन्ति ॥८॥

पदार्थ—तुरग=अश्व, त्वरितम्=शीघ्र, प्रयातुम्=जाने के लिए, प्राणव्ययात्=शक्ति के क्षय से, न वहन्ति=नहीं ढोते है, नहीं चलते हैं, चला=चञ्चल, खिन्न=उदास होकर, हृदयमेव=हृदय में ही, विशन्ति=घुस जाते है ।

अनुवाद—अश्व शीघ्र जाने के लिये वेग (धारण) करता है, किन्तु प्राण-शक्ति का क्षय होने के कारण (उसके) पैर वैसे (वेग से) नहीं चलते हैं । मनुष्य की चञ्चल मनोवृत्तियाँ सब स्थानों पर जाती हैं, (किन्तु) वहाँ से खिन्न होकर फिर हृदय में ही प्रविष्ट हो जाती हैं ।

संस्कृत टीका—तुरग=अश्व, त्वरितम्=शीघ्रम्, प्रयातुम्=गन्तुम्, वेगम्=जवम्, करोति=विदधाति, तु=किन्तु, प्राणव्ययात्=बलक्षयात्, (तस्य) चरणा=पादा, तथा=तेन प्रकारेण, न वहन्ति=न चलन्ति, (इत्थम्) पुरुषस्य=जनस्य, चला=चञ्चला, स्वभावा=मनोवृत्तय, सर्वत्र=प्राप्याप्राप्यविषयेषु, यान्ति=गच्छन्ति, (किन्तु) तत=तस्मात्, खिन्ना=दुःखिता, पुन=मुहु, हृदयमेव=चेत एव, विशन्ति=विलीयन्ते ।

समास एवं व्याकरण-(१) तुरग.-तुरेण वेगेन गच्छति इति तुरगः । (२) तुरग-तुर+गम्+ड । त्वरितम्-(अव्य०) त्वर्+क्त+सु) । प्रयातुम्-प्र+या+तुमुन् । करोति-कृ+लट् । चरणाः-चर्+ल्युट् । वहन्ति-वह्+लट् । यान्ति-या+लट् । विशन्ति-विश्+लट् ।

विवृति

(१) 'शक्तिः पराक्रमः प्राणः' इत्यमरः । (२) दरिद्र की सारी इच्छायें धन के बिना उसके मन में ही उत्पन्न होकर विलीन हो जाती हैं । उसी प्रकार वसन्तसेना को प्राप्त करने की मेरी इच्छायें सामर्थ्याभाव से मन में ही सड़ जाती हैं । अन्यत्र भी कहा गया है-"उत्पद्यन्ते विलीयन्ते दरिद्राणां मनोरथाः । बालवैधव्यदग्धानां कामिनीनां कुचाविव ॥" प्रस्तुत पद्य में सामान्य से विशेष चारुदत्त की प्रतीति होने से अप्रस्तुत प्रशंसा अलङ्कार है । (४) दृष्टान्तालङ्कार भी है । लक्षण-"दृष्टान्तस्तु सधर्मस्य वस्तुनः प्रतिबिम्बनम्' । (५) प्रसाद गुण है । (६) वसन्ततिलका छन्द है । लक्षण-'उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ गः ।'

अपि च वयस्य,

और भी, मित्र !

यस्यार्थस्तस्य सा कान्ता धनहार्यो ह्यसौ जनः ।
(स्वगतम् ।) न गुणहार्यो ह्यसौ जनः । (प्रकाशम् ।)
वयमर्थैः परित्यक्ता ननु त्यक्तैव सा मया ॥९॥

अन्वय.-यस्य अर्थाः, (सन्ति), तस्य, सा, कान्ता, (अस्ति), हि, असौ, जनः, धनहार्यः, (अस्ति), वय, अर्थैः, परित्यक्ताः, (अतः), ननु, सा, मया, त्यक्ता एव ॥९॥

पदार्थ.-यस्य=जिसके, अर्थाः=धन, कान्ता=प्रिया, असौ=वह, जनः=व्यक्ति अर्थात् वसन्त सेना, धनहार्यः=धन के द्वारा वश में करने योग्य, परित्यक्ताः=छोड़ दिये गये (हैं), ननु=अवश्य ही, सा=वह, मया=मेरे द्वारा, त्यक्ता=छोड़ी गयी, एव=ही ।

अनुवादः-जिसकी सम्पत्ति है उसी की वह कामिनी है । क्योंकि वह व्यक्ति (वसन्तसेना) धन से वश में करने योग्य है ।

[अपने आप] नहीं, वह व्यक्ति गुणों से वश में करने योग्य है । [प्रकट रूप से] हमें धन ने त्याग दिया है । (अतएव) मेरे द्वारा तो वह (वसन्तसेना) त्याग ही दी गई है ।

संस्कृत टीका.-यस्य=जनस्य, अर्थाः=धनानि, तस्य=जनस्य अर्थवत् इत्यर्थः, =सावसन्तसेना, कान्ता=कामिनी, हि=यतः, असौ जनः=वसन्तसेना, धनहार्यः=

अर्थवशीकर्तुंयोग्य वयम्, अर्थ =धनै, परित्यक्ता = विरहिता, ननु=निश्चितमेव, सा=वसन्तसेना, मया=चारुदत्तेन, त्यक्ता एव=परित्यक्ता एव ।

समास एवं व्याकरण–(१) धनहार्यं –धनेन हार्यं (तृ० त०) । (२) कान्ता–कम्+क्त+टाप् । (३) हार्य –हृ+ण्यत् ।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य मे 'सा मया त्यक्तैव' इस वाक्यार्थ के प्रति अर्थाभाव को कारणत्वेन उपन्यस्त किया गया है । अत काव्य लिङ्ग अलकार है । लक्षण–'हेतोर्वाक्यपदार्थत्वेकाव्यलिङ्गम् निगद्यते' । (२) अनुष्टुप छन्द है । (३) यहाँ अभूताहरण नामक गर्भ सन्धि का अङ्ग है—तत्र व्याजाश्रय वाक्यमभूताहरण मतम् ।' सा० द० । (४) 'वयम्' 'मया' यह वचन भेद होने से भग्नप्रक्रमता दोष है ।

विदूषक—(अधोऽवलोक्यस्वगतम्) यथैव ऊर्ध्वं प्रेक्ष्य दीर्घं निश्वसिति, तथा तकयामि मया विनिवार्यमाणस्याधिकतर वृद्धास्योत्कण्ठा । तत्सुष्ठु खल्वेवमुच्यते–'कामो वाम' इति । (प्रकाशम्)भो वयस्य, भणित च तया—भण चारुदत्तम्—'अद्य प्रदोषे मयात्रागन्तव्यम्' इति । तत्तर्कयामि रत्नावल्या अपरितुष्टापर याचितुमागमिष्यतीति । [जधा एसो उद्ध पेक्खिअ दीह णिस्ससदि, तधा तक्केमिमए विणिवारिअन्तस्स अधिअदर वड्ढिदा से उक्कण्ठा । ता सुट्‌ठुक्खु एव्व वुच्चदि–'कामो वामो' त्ति । भो वअस्स, भणिद अ ताए–भणेहि चारुदत्तम्–'अज्ज पओसे मए एत्थ आअन्तव्व' त्ति । ता तक्केमि रअणावलीए अपरितुट्ठाअवरं मग्गिदु आअमिस्सदि त्ति ।]

विदूषक—(नीचे देख कर अपने आप) जैसे यह ऊपर को देखकर लम्बी आहे भर रहे हैं, उससे अनुमान करता हूँ कि मेरे द्वारा निषेध करने पर इनकी उत्कण्ठा अधिक बढ गई है । तो वास्तव मे यह ठीक ही कहा जाता है कि—'काम वाम (उल्टा) होता है ।' (प्रकट रूप मे) हे मित्र ! और उसने कहा है–'चारुदत्त से कहना कि आज सायकाल मुझे यहाँ (चारुदत्त के घर) आना है ।' तो अनुमान करता हूँ कि 'रत्नावली' से सन्तुष्ट न होकर और (धन) माँगने आयेगी

चारुदत्त—वयस्य, आगच्छतु । परितुष्टा यास्यति ।

चारुदत्त—मित्र ! आने दो, सन्तुष्ट होकर जायेगी ।

विवृति

(१) विनिवार्यमाणास्य=रोके गये, वि+नि+वृ+णिच्+लट् (कर्म० मे) शानच् । (२) उत्कण्ठा=बेचैनी । (३) वृद्धा=बढी हुई । (४) कामो वाम = काम प्रतिकूल होता है ।

चेट—(प्रविश्य) अवेत मानवा, [अवेध माणहे ।]

चेट–[प्रवेश कर] मनुष्यो ! समझो (कि)

यथा यथा वर्षत्यभ्रखण्ड तथा नथा तिम्यति पृष्ठचर्म ।
यथा यथा लगति शीतवातस्तथा तथा वेपते मे हृदयम् ॥१०॥
[जधा जधा वश्शदि अब्भखण्डे तधा तधा तिम्मदि पुट्ठिचम्मे ।
जधा जधा लग्गदि शीक्वादे तधा तधा वेवदि मे हलक्के ॥१०॥]

अन्वय—यथा, यथा, अभ्रखण्ड, वर्षति, तथा, तथा, पृष्ठचर्म, तिम्यति, यथा, यथा, शीतवात, लगति, तथा, तथा, मे, हृदय, वेपत ॥१०॥

पदार्थ—यथा=जैसे, अभ्रखण्डम्=बादलो का टुकड़ा, वर्षति=बरस रहा है, तथा=वैसे, पृष्ठचर्म=पीठ का चमड़ा, तिम्यति=भीग रहा है, शीतवात=ठण्डी हवा, लगति=लग रही है, वेपते=कांप रहा है ।

अनुवाद—जैसे-जैसे मेघ खण्ड बरस रहा है, वैसे-वैसे पीठ की त्वचा भीग रही है । जैसे—जैसे शीतल वायु लग रही है, वैसे-वैसे मेरा हृदय कांप रहा है ।

संस्कृत टीका—यथा-यथा, अभ्रखण्डम्-मेघखण्डम्, वर्षति-जल मुञ्चति, तथा-तथा, पृष्ठचर्म पश्चाद्भाग इत्यर्थ, तिम्यति—आर्द्रतां प्राप्नोति । यथा-यथा, शीतवात—शीतल—वायु, लगति—गात्रम् स्पृशति, तथा-तथा, मे-मम्, हृदयम्—चित्तम्, वपते-कम्पते ।

समास एव व्याकरण—(१) अभ्रखण्डम्—अभ्रस्य खण्डम् । पृष्ठचर्म-पृष्ठस्य (पश्चाद्भागस्य) चर्म इति । (२) अभ्रम्—अभ्र+अच् । खण्डम्—खण्ड्+घञ् । वर्षति—वर्ष+लट् । पृष्ठम्-पृष् स्पृश् वा थक्, नि० साधु, । चर्मन्-चर्+मनिन् । वेपते-वेप्+लट् ।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य म स्वभावोक्ति अलकार है । (२) उपेन्द्रवज्रा छन्द है । लक्षण—उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ' । (३) स्वभावोक्तिस्तु डिम्भादे स्वक्रियारूप वर्णनम्' ।

(प्रहस्य ।)
(हँसकर ।)

वश वादयामि सप्तच्छिद्र सुशब्द वीणा वादयामि सप्ततन्त्री नदन्तीम् ।
गीत गायामि गर्दभस्यानुरूप को मे गाने तुम्बुरुर्नारदो वा ॥ ११॥
[वश वाए शतच्छिद शुशद्द' वीण वाए शत्ततति णदति ।
गीअ गाए गद्दहश्शाणुलूअ के मे गाणे तु वुलू णालदे वा ॥ ११ ॥]

अन्वय- सप्तछिद्र, सुशब्द, वश, वादयामि, सप्ततन्त्रीं, नदन्तीम्, वीणा, वादयामि, गदभस्य अनुरुप, गीत गायामि, मे, गाने, तुम्बुरु, वा, नारद, क ? ॥ ११ ॥

पदार्थ — सप्तछिद्रम्=सात छेदो से युक्त, सुशब्दम्=सुन्दर शब्दो से युक्त, वशम्=बासुरी को, वादयामि=बजाता हूँ, सप्ततन्त्रीम्=सात तारो (से बजने) वाली, नदन्तीम्=झकार करती हुई, अनुरूपम्=समान, गायामि=गाता हूँ, तुम्बुरु=तुम्बुरु नामक गन्धर्व, जो महान सङ्गीतकार माना जाता है। नारद =ब्रह्मा के पुत्र देवर्षि नारद, जो वीणावादन मे श्रेष्ठ हैं।

अनुवाद — सात छेदो वाली तथा सुन्दर शब्द वाली बाँसुरी बजाता हूँ। सात तारो वाली झङ्कार करती हुई वीणा बजाता हूँ। गधे के समान गीत गाता हूँ। मेरे गाने पर तुम्बुरु और नारद कौन है ? (अर्थात् मेरे गाने के समक्ष वे भी तुच्छ हैं)

संस्कृत टीका— सप्तछिद्रम्—सप्तरन्ध्रम्, सुशब्दम्—शाभनशब्दयुक्तम्, वशम्—वेणुम्, वादयामि—ध्वनितम् करोमि, सप्ततन्त्रीम-सप्ततन्तुवतीम्, नदन्तीम्—रणन्तीम्, वीणाम्— विपञ्चीम् वादयामि, गर्दभस्य— खरस्य, अनुरूपम्— योग्यम्, गीतम्—गानम्, गायामि— नदामि, मे— मम, गाने— गीतारावने, तुम्बुरु—देव समाया गायक विशेष, वा— अथवा, नारद —देवर्षि, क ? कीदृग्गुण युक्त ? तुच्छ इत्यर्थ ।

समास एव व्याकरण— (१) सप्तछिद्रम्—सप्तसख्याकानि छिद्राणि यत्र तादृशम्। सप्ततन्त्रीम— सप्ततन्त्र्य यस्या तादृशीम्। अनुरूपम्— रूपस्य योग्यम्। (२) नदन्तीम्—नद्+लट्+शतृ+ङीप्। सप्तन—सप्+तनिन्। तन्त्री— तन्त्+ई, तन्त्रि+ङीप्। नारद — नरस्य धर्मो नारम्, तत् ददाति— दा+क। वीणा— वेतिवृद्धिमात्रमपगच्छति— वी+न, नि०, णत्वम्।

विवृति

(१) सुशब्दम— यह वशम का विशेषण है अथवा वादयामि का क्रिया-विशेपण है। (२) चेट के कहने का तात्पर्य यह है कि गायन— वादन मे तुम्बुरु ही लोक प्रसिद्ध हैं, किन्तु ये दोनो मेरी समता करने मे असमर्थ हैं। (३) प्रस्तुत पद्य मे उपमान तुम्बुरु आदि से उपमेय चेट की श्रेष्ठता बतलाने के कारण व्यतिरेकालकार है। (४) उपजाति छन्द है। लक्षण— 'स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौग। उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ। अनन्तरोदीरितिलक्ष्मभाजौ पादौयदीयावुपजातयस्ता ॥

आज्ञप्तोऽस्म्यार्यया वसन्तसेनया— 'कुम्भीलक, गच्छत्वम्। ममागमनमार्यचारुदत्तस्य निवेदय' इति। तद्यावदार्यचारुदत्तस्य गेह गच्छामि। (परिक्रम्यप्रविष्टकेन दृष्ट्वा) एष चारुदत्तो वृक्षवाटिकाया तिष्ठति। एषोऽपि स दुष्टबटुक तद्यावदुपसर्पामि। कथमाच्छादित द्वार वृक्षवाटिकाया। भवतु। एतस्य दुष्ट बटुकस्य सज्ञा ददामि। [आणत्तह्मि अज्जआए वशन्तशेणाए— 'कुम्भीलआ, गच्छ तुमम्। मम आगमण अज्जचारुदत्तश्श णिवेदेहि' त्ति। ता जाव अज्जचारुदत्तश्श गेह गच्छामि। एशे चालुदत्ते रुक्खवाडिआए चिट्ठदि। एशे वि शे दुट्टवडुके। ता जाव उवशप्पेमि।

कध ढक्किदे दुवाले रुक्खवाडिआए । भोदु । एदस्स दुट्टबडुकस्स सण्ण देमि ।]
(इति लोष्टगुटिका क्षिपति ।)

'आर्या वसन्तसेना' के द्वारा (मुझे) आज्ञा दी गई है कि– "कुम्भीलक ! जा मेरा आना 'आर्य चारुदत्त' से निवेदन करो।" तो जब तक 'आर्य चारुदत्त' के घर जाता हूँ। [घूमकर प्रवश द्वार से देख कर] ये चारुदत्त वृक्ष–वाटिका म बैठे हैं। यह वह 'दुष्ट ब्राह्मण' ('विदूषक') भी। तो जब तक पास चलता हूँ। क्या वृक्ष–वाटिका का द्वार बन्द है ? अच्छा, इस दुष्ट ब्राह्मण को सङ्केत करता हूँ। [कङ्कडियाँ फेंकता है।]

विदूषक –अये, क इदानीमेष प्राकारवेष्टितमिव कपित्थ मा लोष्टकैस्ताडयति। [अए, को दाणि एसो पाआरवेट्टिद विअ कइत्थ म लोट्टकेहि ताडेदि।]

विदूषक– अरे ! कौन यह चहारदीवारी से घिरे हुए 'कैथ' के समान मुझे कङ्कडियो से मार रहा है ?

चारुदत्त – आरामप्रासादवेदिकाया क्रीडद्भि पारावतै पातित भवेत्।

चारुदत्त– (कदाचित्) उपवन के भवन की चौकी पर खेलते हुए कबूतरो ने गिराया हो।

विदूषक – दास्या पुत्र दुष्टपारावत, तिष्ठ यावदेतेन दण्डकाष्ठेन सुपक्वमिव चूतफलमस्मात्प्रासादाद्भूमौ पातयिष्यामि। [दासीए पुत्त दुट्टपारावअ, चिट्ठ चिट्ठ। जाव एदिणा दण्डकट्ठेण सुपक्क विअ चूअफल इमादो पासादादो भूमीए पाडइस्सम्।]
(इति दण्डकाष्ठमुद्यम्य धावति।)

विदूषक– दासी के बच्चे, दुष्ट कबूतर ! ठहर ठहर, जब तक इस लकडी के डण्डे से खूब पके हुए आम के समान, (तुझे) इस भवन से भूमि पर गिरा दूँ। [एसा कह कर लकडी का डण्डा उठाकर दौडता है।]

चारुदत्त – (यज्ञोपवीतम् आकृष्य।) वयस्य, उपविश। किमनेन। तिष्ठतु दयितासहितस्तपस्वी पारावत।

चारुदत्त - [जनेऊ को खीचकर]। मित्र ! बैठो ! इससे क्या ? प्रेमिका के साथ बचारा कबूतर बैठे।

चेट – कथ पारावत पश्यति। मा न पश्यति। भवतु। अपरया लोष्टगुटिकया पुनरपि ताडयिष्यामि। [कध पारावद पेक्खदि। म ण पेक्खदि। भोदु। अवराए लोट्टगुडिकाए पुणो वि ताडइस्सम्।] (तथा करोति।)

चेट– क्या कबूतर को देखते हो ? मुझे नही देखत ? अच्छा, दूसरी कङ्कडी से फिर मारूँगा। [वैसा करता है।]

विदूषक – (दिशोऽवलोक्य।) कथ कुम्भीलक। तद्यावदुपसर्पामि। (उपसृत्य।

द्वारमुद्घाट्य ।) अरे कुम्भीलक, प्रविश । स्वागत ते । [कध कुम्भीलओ । ता जाव उवसप्पामि । अरे कुम्भीलअ, पविश । साअद दे ।]

विदूषक-- [चारो ओर देखकर] क्या 'कुम्भीलक' है ? तो जब तक पास जाता हूँ । [पास मे जाकर, दरवाजा खोलकर] अरे कुम्भीलक ! भीतर आओ, तुम्हारा स्वागत है ।

चेट -- (प्रविश्य) आर्य, वन्दे । [अज्ज, वन्दामि ।]

चेट-- [प्रवेश कर] आर्य प्रणाम करता हूँ ।

विदूषक -- अरे, कुत्र त्वमीदृशे दुर्दिनेऽन्धकार आगत । अरे, कहिं तुम ईदिसे दुद्दिणे अन्धआरे आअदो ।]

विदूषक-- अरे ! ऐसे अन्धकारपूर्ण दुर्दिन मे तुम कहाँ आ गये ?

चेट -- अरे, एषा सा । [अले, एषा शा ।]

चेट-- अरे ! यह वह (है) ।

विदूषक -- केषा का [का एसा का ।]

विदूषक-- कौन यह कौन ?

चेट -- एषा सा । [एशा शा ।]

चेट-- यह वह (है) ।

विदूषक -- किमिदानी दास्या पुत्र, दुर्भिक्षकाले वृद्धरङ्क इवोर्ध्वक श्वासायसे-- 'एषा सा सा' इति । [कि दाणि दासीए पुत्ता, दुब्भिक्खकाले वुड्ढरङ्को विअ उद्धक सासाअसि-- एसा सा से' त्ति ।]

विदूषक-- दासी का बेटा ! इस समय क्यो, अकाल के समय बूढे गरीब के समान, लम्बी साँस ले रहा है-- 'यह वह वह ।'

चेट - अरे त्वमपीदानीमिन्द्रमहकामुक इव सुष्ठु कि काकायसे-- 'का का' इति । [अले, तुम पि दाणि इन्दमहकामुको विअ सुट्ठु कि काकाअसि--'का के' त्ति ।]

चेट-- अरे ! तुम भी इस समय इन्द्रोत्सव के इच्छुक कौवे के समान अच्छा का का (कौन कौन या काँव-काँव) क्यो कर रहे हो ?

विदूषक -- तत्कथय । [ता कहेहि ।]

विदूषक— तो कहो ।

चेट -- (स्वगतम्) भवतु । एव भणिष्यामि । अरे, प्रश्न ते दास्यामि । [भोदु । एव्व भणिश्शम् । (प्रकाशम्) अले, पण्ह दे दइश्शम् ।]

चेट-- [अपने आप] अच्छा, इस प्रकार कहूँगा । (प्रकट रूप मे) अरे ! तुमको एक प्रश्न दूँगा ।

विदूषक -- अह ते मस्तके पाद दास्यामि । [अह दे मुण्डे गोड्ड दइश्शम् ।]

विदूषक-- मै तेरे सिर पर लात दूंगा ।

चेट– अरे, जानीहि तावत्, तेन हि कस्मिन्काले चूता मुकुलिता भवन्ति । [अले, जाणाहि दाव, तेण हि कश्शि काले चूआ मोलेन्ति ।]

चेट– अरे ! समझो तो, किस समय में आम मञ्जरीयुक्त होते हैं ?

विदूषक – अरे, दास्याः पुत्र, ग्रीष्मे । [अरे दासीए पुत्ता, गिह्मे ।]

विदूषक– अरे दासी के बच्चे ! गर्मी मे ।

चेटः– (सहासम्) अरे, नहि नहि । [अले, णहि णहि ।]

चेट– [हँसी के साथ] अजी ! नही नही ।]

विदूषक.– (स्वगतम्) किमिदानीमत्र कथयिष्यामि । (विचिन्त्य) भवतु चारुदत्तं गत्वा प्रक्ष्यामि । (प्रकाशम्) अरे, मुहूर्तक तिष्ठ । (चारुदत्तमुपसृत्य) भो वयस्य, प्रक्ष्यामि तावत्, कस्मिन्काले चूता मुकुलिता भवन्ति । [किं दाणिं एत्थ कहिस्सम् । भोदु । चारुदत्तं गदुअ पुच्छिस्सम् । अरे, मुहुत्तअ चिट्ठ । भो वअस्स, पुच्छिस्स दाव, कस्सि काले,चूआ मोलेन्ति ।]

विदूषक– [अपने आप] अब यहाँ क्या कहूँगा ? [सोचकर] अच्छा, 'चारुदत्त' से जाकर पूछूगा । [प्रकट रूप मे] अरे ! क्षण भर ठहर । [चारुदत्त के पास जाकर] हे मित्र ! जरा पूछता हूँ किस समय आम में मञ्जरियाँ लगती हैं ?

चारुदत्तः– मूर्ख, वसन्ते ।

चारुदत्त– मूर्ख ! वसन्त मे ।

विदूषक.– (चेट मुपगम्य) मूर्ख, वसन्ते । [मुक्ख, वसन्ते ।]

विदूषक– [चेट के समीप जाकर] मूर्ख ! वसन्त मे ।

चेट.– द्वितीय ते प्रश्न दास्यामि । सुसमृद्धाना ग्रामाणा का रक्षा करोति । [दुदिअ दे पण्ह् दइश्शम् । शुशमिद्धाण गामाण का लक्खअ कलेदि ।]

चेट– दूसरा सवाल तुम्हें दूँगा । सम्पत्तिशाली गाँवो की रक्षा कौन करता है ?

विदूषक – अरे, रथ्या । [अरे, रच्छा ।]

विदूषक– अरे ! गली ।

चेटः–(सहासम् ।) अरे नहि नहि । [अले णहि णहि ।]

चेट–[हँसी के साथ] अरे ! नही नही ।

विदूषकः–भवतु । सशये पतितोऽस्मि । (विचिन्त्य) भवतु चारुदत्त पुनरपि प्रक्ष्यामि । [भोदु । ससए पडिदह्मि । भोदु । चारुदत्त पुणो वि पुच्छिस्सम् ।] (पुनर्निवृत्य चारुदत्त तथैवोदाहरति ।)

विदूषक–अच्छा, सन्देह मे पड़ गया हूँ । [सोचकर] अच्छा, चारुदत्त से फिर भी पूछूँगा । [फिर लौटकर चारुदत्त से उसी प्रकार कहता है ।]

चारुदत्तः–वयस्य, सेना ।

चारुदत्त–मित्र ! सेना ।

विदूषक –(चेटमुपगम्य) अरे दास्याः पुत्र, सेना । [अरे दासीए पुत्ता, सेणा।]

विदूषक–[चेट के निकट जाकर] अरे ! दासी के बच्चे ! सेना ।

चेट –अरे, द्वे अप्येकस्मिन्कृत्वा शीघ्रं भण । [अले, दुवे वि एक्कस्सिं कदुअ शिग्घं मणाहि ।]

चेट—अरे ! दोनो को एक मे मिलाकर शीघ्र कहो !

विदूषक –सेनावसन्ते । [सेणावसन्ते ।]

विदूषक–'सेनावसन्त' ।

चेट –ननु परिवर्त्य मण । [ण पलिवत्तिअ मणाहि ।]

चेट—अजी ! पलटकर बोलो ।

विदूषक –सेनावसन्ते । [(कायेन परिवृत्य ।) सेणावसन्ते ।]

विदूषक–[शरीर से उलटकर] 'सेनावसन्त'।

चेटः –अरे मूर्ख बटुक, पदे परिवर्तय । [अले मुक्ख वडुका, पदाइ पलिवत्तावेहि ।]

चेट–अरे मूर्ख ब्राह्मण के बच्चे ! पद (शब्द) मे परिवर्तन करो ।

विदूषक.—(पादौपरिवर्त्य) सेनावसन्ते । [सेणावसन्ते ।]

विदूषक–[पैरो को घुमाकर] 'सेनावसन्त' ।

विट –अरे मूर्ख, अक्षरपदे परिवर्तय । [अले मुक्ख, अक्खलपदाइ पलिवत्तावेहि।]

विट–अरे मूर्ख ! अक्षर वाले पद (शब्द) मे परिवर्तन करो ।

विदूषक —(विचिन्त्य) वसन्तसेना । [वसन्तसेणा ।]

विदूषक—[सोचकर] 'वसन्तसेना' ।

चेटः–एषा सागता । [एशा शा आअदा ।]

चेट–यह वह आयी है ।

विदूषक –तद्यावच्चारुदत्तस्य निवेदयामि । (उपसृत्य) भो चारुदत्त, धनिकस्त आगतः। [ता जाव चारुदत्तस्स णिवेदेमि । भो चारुदत्त, धणिओ दे आअदो ।]

विदूषक–तो जब तक चारुदत्त से निवेदन करता हूं । [पास जाकर] हे चारुदत्त ! तुम्हारा महाजन आया है ।

चारुदत्त —कुतोऽस्मत्कुले धनिक ।

चारुदत्त–हमारे कुल मे महाजन कहाँ से आया ?

विदूषक –यदि कुले नास्ति, तद्द्वारेऽस्ति एषा वसन्तसेनागता । [जइ कुले णत्थि, ता दुवारे अत्थि । एसा वसन्तसेणा आअदा ।]

विदूषक—यदि कुल मे नही है, तो दरवाजे पर है । *यह वसन्तसेना आई है ।*

चारुदत्त—वयस्य, किं मा प्रतारयसि ।

चारुदत्त—मित्र ! क्या मुझे ठगते हो ?

विदूषक—यदि मे वचने न प्रत्ययसे, तदिमं कुम्भीलकं पृच्छ । अरे दास्याः पुत्र कुम्भीलक, उपसर्प । [जइ मे वअणे ण पत्तिआअसि, ता एदं कुम्भीलअं पुच्छ । अरे दासीए पुत्ता कुम्भीलअ, उवसप्प ।]

विदूषक—यदि मेरी बात पर विश्वास नहीं है तो इस 'कुम्भीलक' से पूछ लो । अरे दासी के बच्चे कुम्भीलक ! पास आओ ।

चेट—(उपसृत्य) आर्य, वन्दे । [अज्ज, वन्दामि ।]

चेट—[समीप जाकर] आर्य ! प्रणाम करता हूँ ।

चारुदत्त—भद्र स्वागतम् । कथय सत्यं प्राप्ता वसन्तसेना ।

चारुदत्त—सौम्य ! स्वागत है ! कहो, सचमुच वसन्तसेना आ गई ?

चेट—एषा सागता वसन्तसेना । [एसा सा आअदा वसन्तसेणा ।]

चेट—यह वह वसन्तसेना आ गई ।

चारुदत्त—(सहर्षम् ।) भद्र, न कदाचित्प्रियवचनं निष्फलीकृतं मया । तद्गृह्यतां पारितोषिकम् । (इत्युत्तरीयं प्रयच्छति ।)

चारुदत्त—[प्रसन्नतापूर्वक] भद्र ! कभी प्रिय वचन मैंने निष्फल नहीं किया तो पुरस्कार लो !

चेट—(गृहीत्वा प्रणम्य सपरितोषम्) यावदार्यायै निवेदयामि । [अज्जआए णिवेदेमि ।] (इति निष्क्रान्तः ।)

चेट—[लेकर प्रणाम करके, सन्तोषपूर्वक] जब तक आर्या (वसन्तसेना) से निवेदन करता हूँ । [निकल जाता है ।]

विदूषक—भो, अपि जानासि, किं निमित्तमीदृशे दुर्दिन आगतेति । [भो, अवि जाणासि, किंणिमित्तं ईदिसे दुद्दिणे आअदेत्ति ।]

विदूषक—अरे ! जानते हो, किस कारण ऐसे दुर्दिन में आई है ?

चारुदत्तः—वयस्य, न सम्यगवधारयामि ।

चारुदत्त—मित्र ! ठीक-ठीक नहीं समझ पाता ।

विदूषकः—मया ज्ञातम् । अल्पमूल्या रत्नावली, बहुमूल्यं सुवर्णभाण्डमिति न परितुष्टापरं याचितुमागता । [मए जाणिदम् । अप्पमुल्ला रअणावली, बहुमुल्लं सुवण्णभडअं त्ति ण परितुट्टा अवरं मग्गिदुं आअदा ।]

विदूषक—मैं समझ गया । रत्नावली कम कीमत की है, स्वर्णपात्र अधिक कीमत का है, इसलिए सन्तुष्ट न होकर कुछ और माँगने आई है ।

चारुदत्त—(स्वगतम् ।) परितुष्टा यास्यति ।

चारुदत्त—[अपने आप] सन्तुष्ट होकर जायेगी ।

विदूषक –(चेटमुपगम्य) अरे दास्या पुत्र, सेना । [अरे दासीए पुत्ता, सेणा।]

विदूषक–[चेट के निकट जाकर] अरे ! दासी के बच्चे ! सेना ।

चेट –अरे, द्वे अप्येकस्मिन्कृत्वा शीघ्रं भण । [अले, दुवे वि एक्कस्सिं कदुअ शिग्घ भणाहि ।]

चेट—अरे ! दोनो को एक में मिलाकर शीघ्र कहो !

विदूषक –सेनावसन्ते । [सेणावसन्ते ।]

विदूषक– सेनावसन्त' ।

चेट —ननु परिवर्त्य भण । [ण पलिवत्तिअ भणाहि ।]

चेट—अजी ! पलटकर बोलो !

विदूषक –सेनावसन्ते । [(कायेन परिवृत्य ।) सेणावसन्ते ।]

विदूषक–[शरीर से उलटकर] 'सेनावसन्त'।

चेट –अरे मूर्ख बटुक, पदे परिवर्तय । [अले मुक्ख बडुका, पदाइ पलिवत्तावेहि ।]

चेट–अरे मूर्ख ब्राह्मण के बच्चे ! पद (शब्द) मे परिवर्तन करो ।

विदूषक –(पादौपरिवर्त्य) सेनावसन्ते । [सेणावसन्ते ।]

विदूषक–[पैरों को घुमाकर] सेनावसन्त' ।

विट –अरे मूर्ख, अक्षरपदे परिवर्तय । [अले मुक्ख, अक्खलपदाइ पलिवत्तावेहि।]

विट–अरे मूर्ख ! अक्षर वाले पद (शब्द) मे परिवर्तन करो ।

विदूषक –(विचिन्त्य) वसन्तसेना । [वसन्तसेणा ।]

विदूषक—[सोचकर] 'वसन्तसेना' ।

चेट –एषा सागता । [एशा शा आअदा ।]

चेट–यह वह आयी है ।

विदूषक –तद्यावच्चारुदत्तस्य निवेदयामि । (उपसृत्य) भो चारुदत्त, धनिकस्त आगत । [ता जाव चारुदत्तस्स णिवेदेमि । भो चारुदत्त, धणिओ दे आअदो ।]

विदूषक–तो जब तक चारुदत्त से निवेदन करता हूँ। [पास जाकर] हे चारुदत्त ! तुम्हारा महाजन आया है ।

चारुदत्त —कुतोऽस्मत्कुले धनिक ।

चारुदत्त–हमारे कुल मे महाजन कहाँ से आया ?

विदूषक –यदि कुले नास्ति, तद्द्वारेऽस्ति एषा वसन्तसेनागता । [जइ कुले णत्थि, ता दुवारे अत्थि । एसा वसन्तसेणा आअदा ।]

विदूषक—यदि कुल मे नही है, तो दरवाजे पर है । यह वसन्तसेना आई है ।

चारुदत्त—वयस्य, किं मां प्रतारयसि ।

चारुदत्त—मित्र ! क्या मुझे ठगते हो ?

विदूषकः—यदि मे वचने न प्रत्ययसे, तदिमं कुम्भीलकं पृच्छ । अरे दास्याः पुत्र कुम्भीलक, उपसर्प । [जइ मे वअणे ण पत्तिआअसि, ता एदं कुम्भीलअं पुच्छ । अरे दासीए पुत्ता कुम्भीलअ, उवसप्प ।]

विदूषक—यदि मेरी बात पर विश्वास नहीं है तो इस 'कुम्भीलक' से पूछ लो । अरे दासी के बच्चे कुम्भीलक ! पास आओ ।

चेट—(उपसृत्य) आर्य, वन्दे । [अज्ज, वन्दामि ।]

चेट—[समीप जाकर] आर्य ! प्रणाम करता हूँ ।

चारुदत्त—भद्र स्वागतम् । कथय सत्यं प्राप्ता वसन्तसेना ।

चारुदत्त—सौम्य ! स्वागत है ! कहो, सचमुच वसन्तसेना आ गई ?

चेट—एषा आगता वसन्तसेना । [एसा आअदा वसन्तसेणा ।]

चेट—यह वह वसन्तसेना आ गई ।

चारुदत्त—(सहर्षम् ।) भद्र, न कदाचित्प्रियवचनं निष्फलीकृतं मया । तद्गृह्यतां पारितोषिकम् । (इत्युत्तरीयं प्रयच्छति ।)

चारुदत्त—[प्रसन्नतापूर्वक] भद्र ! कभी प्रिय वचन मैंने निष्फल नहीं किया तो पुरस्कार लो !

चेट—(गृहीत्वा प्रणम्य सपरितोषम्) यावदार्यायै निवेदयामि । [अज्जआए णिवेदेमि ।] (इति निष्क्रान्तः ।)

चेट—[लेकर प्रणाम करके, सन्तोषपूर्वक] जब तक आर्या (वसन्तसेना) से निवेदन करता हूँ । [निकल जाता है ।]

विदूषक—भो, अपि जानासि, किं निमित्तमीदृशे दुर्दिन आगतेति । [भो, अवि जाणासि, किंणिमित्तं ईदिसे दुद्दिणे आअदेत्ति ।]

विदूषक—अरे ! जानते हो, किस कारण ऐसे दुर्दिन में आई है ?

चारुदत्तः—वयस्य, न सम्यगवधारयामि ।

चारुदत्त—मित्र ! ठीक-ठीक नहीं समझ पाता ।

विदूषकः—मया ज्ञातम् । अल्पमूल्या रत्नावली, बहुमूल्यं सुवर्णभाण्डमिति न परितुष्टापरं याचितुमागता । [मए जाणिदम् । अप्पमुल्ला रअणावली, बहुमुल्लं सुवण्णभंडअं त्ति ण परितुट्टा अवरं मग्गिदुं आअदा ।]

विदूषक—मैं समझ गया । रत्नावली कम कीमत की है, स्वर्णपात्र अधिक कीमत का है, इसलिए सन्तुष्ट न होकर कुछ और माँगने आई है ।

चारुदत्त—(स्वगतम् ।) परितुष्टा यास्यति ।

चारुदत्त—[अपने आप] सन्तुष्ट होकर जायेगी ।

(तत प्रविशत्युज्ज्वलाभिसारिकावेशेन वसन्तसेना, सोत्कण्ठा छत्रधारिणी, विटश्च ।)

[तदनन्तर शुक्लाभिसारिका के वेश मे उत्कण्ठित 'वसन्तसेना', छत्रधारिणी (सेविका) और विट प्रवेश करते हैं ।]

विवृति

(१) प्रविष्टकेन=प्रवेश द्वार से। (२) सञ्ज्ञाम्=सङ्केत को। (३) लोष्ट-गुटिका=ककडियाँ। (४) प्रकारवेष्टितम्=चहारदीवारी से घिरे हुए। (५) कपित्थम्=कैथा। (६) आराम०=बगीचे के महल की चौकी पर। (७) पारावतै= कबूतरो से। (८) चूतफलम्=आम का फल। (९) उद्यम्य=उठाकर, उद्+यम् +क्त्वा→ल्यप्। (१०) तपस्वी=बेचारा। (११) दयितासहित=स्त्री के साथ। (१२) दुर्दिनेअन्धकारे=अन्धकार पूर्ण बुरे दिन मे। (१३) वृद्धारङ्क=बूढा निर्धन व्यक्ति। (१४) ऊर्ध्वकम् श्वासायते=ऊपर को सांस ले रहे हो (१५) इन्द्रमहका-मुकः=इन्द्रोत्सव का इच्छुक कौवा। (१६) काकायसे=कौवे के समान हो रहा है, काक+क्यङ्+लट् (नामधातु)। काक इव आचरसि इति। (१७) मुकुलिता= बौरो से युक्त, मुकुला सञ्जाता इति, मुकुल+इतच्। (१८) सुसमृद्धानाम्=धन-धान्य से पूर्ण। (१९) रथ्या=गली, रथानाम् समूह रथ्या यह भी अर्थ होता है, रथ+यत्+टाप्। (२०) परिवर्त्य=उलट कर परि+वृत्+णिच्+क्त्वा+ ल्यप्। (२१) उदाहरति=कहता है, उद्+आ+हृ+लट्। (२२) पदे=सुबन्त रूप मे। (२३) प्रतारयसि=छल रहे हो, प्र+तृ+णिच्+लट्। (२४) अवधा-रयामि=जानता हूँ अव+धृ+णिच्+लट्। (२५) उज्ज्वला०=अभिसारिका श्वेत वेश मे। काम से पीडित जो स्त्री स्वय अपने प्रिय से मिलने जाती है अथवा अपने प्रेमी को बुलाती है वह अभिसारिका कहलाती है। वह कृष्णपक्ष मे काला वस्त्र पहनती है और शुक्ल पक्ष मे शुभ्र वस्त्र पहनती है। "अभिसारयते कान्तम् या मन्म-थवशंवदा। स्वयं वाभिसरत्येषा धीरैरुक्ताभिसारिका ॥" यहाँ वसन्तसेना अभिसा-रिका है।

रतिक्षेत्रे, सलील, गच्छन्ती, एषा, अपद्मा, श्रीः, अनङ्गस्य, ललित, प्रहरण, कुलस्त्रीणा, शोकः, मदनवरवृक्षस्य, कुसुमम् (अस्ति) ॥१२॥

पदार्थ--रतिसमयलज्जाप्रणयिनी=सम्भोगकाल मे लज्जा से प्रेम करने वाली, प्रियपथिकसार्थै=प्रियपथिको या प्रेमियो के समूहो के द्वारा, अनुगत.=पीछा की गई, रङ्गे=रङ्गभूमि मे, रतिक्षेत्रे=सम्भोग के स्थान मे अर्थात् सङ्केत के स्थान मे, सलीलम=विलासिता या हावभाव के साथ, गच्छन्ती=जाती हुई, एषा=यह वसन्तसेना, अपद्मा=विना कमल वाली, श्री=लक्ष्मी, अनङ्गस्य=कामदेव का, ललितम्=सुकुमार, प्रहरणम्=अस्त्र, कुलस्त्रीणाम्=कुलीन स्त्रियों का, शोकः=दु ख, मदनवरवृक्षस्य=कामदेवरूपी उत्तम वृक्ष का, कुसुमम्=फूल ।

अनुवाद :–सम्भोगकाल मे लज्जा से प्रेम करने वाली, प्रियपथिको के समूहो से अनुगमन की जाने वाली, रङ्गभूमि की भाँति, कामक्षेत्ररूपी रगभूमि मे विलासपूर्वक गमन करती हुई यह विना कमल की लक्ष्मी है, कामदेव का सुकुमार अस्त्र है, कुलीन स्त्रियों का (साक्षात्) शोक है, कन्दर्परूपी श्रेष्ठ वृक्ष का पुष्प है ।

संस्कृत टीका—रतिसमय०=अभिसरणकालव्रीडाप्रीतिमती, प्रियपथिकसार्थैः=अभीष्टपान्थसमूहैः, अनुगतः=अनुसृतः, रङ्गे=रङ्गालये, रतिक्षेत्रे=सुरतस्थाने, सलीलम्=सविलासम्, गच्छन्ती=व्रजन्ती, एषा=इयम्, अपद्मा=कमलोत्पत्तिरहिता, श्रीः=लक्ष्मीः, अनङ्गस्य=कामदेवस्य, ललितम्=सुन्दरम्, प्रहरणम्=अस्त्रम, कुलस्त्रीणाम्=कुलाङ्गनानाम्, शोकः=सन्तापः, मदनवरवृक्षस्य=कामश्रेष्ठपादपस्य, कुसुमम्=पुष्पम् (अस्ति) ॥

समास एव व्याकरण—(१) रतिसमय०-रतिसमये लज्जायाम् प्रणयिनी । प्रियपथिक०-प्रियैः पथिकसार्थैः । अपद्मा—नास्ति पद्म यस्याः तादृशी । मदनवरवृक्षस्य--मदनः एव वरवृक्षः तस्य । (२) प्रहरणम्-प्र+हृ+ल्युट् । शोकः-शुच्+घञ् । प्रणयिनी-प्रणय+इनि । रङ्ग—रञ्ज् (भावे) घञ् । सलीलम्—सहलीलया, बहु०म० । अनु+गम्+क्त=अनुगत. । गच्छन्ती—गम्+लट्+शतृ+ङीप् ।

विवृति

(१) वेश्या निर्लज्ज होती है, किन्तु यह सलज्जा है, क्योकि यह एक ही पुरुष चारुदत्त के प्रति अनुरक्त है । इससे इसकी शालीनता ध्वनित होती है । (२) जब यह रङ्गभूमि मे विलासपूर्वक जाती है, तो इसके सैकड़ो प्रिय कामुक इसके पीछे-पीछे चलने लगते हैं । (३) मामियमभ्युपतिष्ठति देवी विनियादुपस्थिता प्रियया । विस्मृतहस्तकमलया नरेन्द्र लक्ष्म्या वसुमतीव ॥ मालविका० ॥ ये वसन्तसेना साक्षात् लक्ष्मी ही है । अन्तर केवल इतना है, कि इसकी उत्पत्ति कमल से नही हुई है और लक्ष्मी की कमलोत्पत्ति तो प्रसिद्ध ही है । (४) अनङ्गस्य ललितम् प्रहरणम्–भावसाम्य–

'उर्वशी सुकुमारम् प्रहरणम् महेन्द्रस्य ।' विक्रमा० च० । (५) प्रहरणम्—अस्त्र-भावसाम्य–'मदनस्य जैत्रमस्त्रम्' मालविका० २, ६ । (६) कुलस्त्रीणाम् शोक.—इस अति सुन्दरी को देखकर कुलपुत्र वेश्यागामी हो जाते हैं, अत उनकी वधुओं का शोकातुर होना उचित ही है । (७) कुसुमम्—क्योंकि वह तरुणों को इसी प्रकार अपनी ओर खींचती थी, जैसे पुष्प भ्रमरों को । व्याख्याकारों ने इस पद्य का अर्थ अनेक प्रकार से किया है । किन्हीं के अनुसार—'सलीलम् गच्छन्ती' यह पृथक् विशेषण है-जिसका अर्थ है—चारुदत्त के घर लीला पूर्वक जाती हुई, किन्तु क्या वर्षाकाल में लीलापूर्वक गमन सम्भव है ? अत. इस पद्य का अर्थ विवादास्पद ही है । (८) प्रस्तुत पद्य में रूपक, परिणाम तथा विरोधाभास अलकारों का सन्देह सङ्कर अलङ्कार है । (i) उपमेये उपमानारोपात् रूपकम्, (ii) कस्यचिदम् शस्त्राधिक्ये चाधिकारूढ-रूपकम्, (iii) प्रकृतकार्यसाधकत्वे परिणामालकार । (९) प्रयुक्त छन्द का नाम है–शिखरिणी । लक्षण–'रसैः रुद्रैश्छिन्ना यमन सभलाग शिखरिणी' ।

वसन्तसेने, पश्य पश्य ।

वसन्तसेने ! देखो ! देखो !

गर्जन्ति शैलशिखरेषु विलम्बिबिम्बा
मेघा वियुक्तवनिताहृदयानुकाराः ।
येषा रवेण सहसोत्पतितैर्मयूरैं
खं वीज्यते मणिमयैरिव तालवृन्तैः ॥१३॥

अन्वयः—वियुक्तवनिताहृदयानुकाराः, शैलशिखरेषु, विलम्बिबिम्बाः मेघा, गर्जन्ति, येषा, रवेण, सहसा, उत्पतितैः, मयूरैं, मणिमयैं, तालवृन्तैः, खम्, वीज्यते, इव ॥१३॥

पदार्थ—वियुक्त० = वियोगिनी महिलाओं के हृदय क समान, शैलशिखरेषु = पर्वत की चोटियों पर, विलम्बिबिम्बा = लटकती हुई आकृति वाले, मेघा. = बादल, गर्जन्ति = गरज रहे हैं, येषाम् = जिनके, रवेण = गरज से, सहसा = एकाएक, उत्पतितै. = उड़े हुए, मयूरैः = मोरों के द्वारा, मणिमयैं = मणि के बने हुए, तालवृन्तैः = पङ्खों से, खम् = आकाश को, वीज्यते = हवा किया जा रहा है, इव = मानो ।

अनुवाद—विरहिणी वनिताओं के हृदय का अनुकरण करने वाले, पर्वत शिखरों पर लटकती हुई आकृति वाले मेघ गरज रहे हैं । जिनके शब्द से एकाएक उड़े हुए मयूरों के द्वारा मणिमय तालवृन्तों (ताड़ के बने पङ्खों) से मानो आकाश को पङ्खा झला जा रहा है ।

संस्कृत टीका—वियुक्तवनिता० = विरहपीडिताङ्गनाचेतोनुसारा, शैलशिखरेषु = पर्वतशृङ्गेषु, विलम्बिबिम्बा. = लम्बमानमण्डला', मेघा = वारिवाहाः, गर्जन्ति =

शब्दायन्त, यथा=मधानाम्, रवण=शब्दन, एट्टमा=झटिति, उत्पतितैं=उड्डीनैं, मयूरैं=बर्हिमि, मणिमयैं=मणिखचितैं, तालवृन्तैं=व्यजनैं, खम्=गगनम्, वीज्यते इव।

समास एव व्याकरण--वियुक्तवनिता०-वियुक्तानां वनितानाम् हृदयमनुकुर्वन्ति इति तथाविधा। शैल०-शैलाना शिखरेषु इति। विलम्बिविम्बा -विलम्बि विम्बम् यषाम तादृशा। (२) अनुकारा -अनु+कृत+अण्। वनिता-वन्+उक्त+टाप्। शैल-शिला+अण्। शिखरम्-शिखा अस्त्यस्य-अरच् आ-लोप.। बिम्बा-वि+वन्+नि० साधु। गर्जन्ति-गज्+लट्। रव -रु+अप्। ताल -तल्+अण्। वृन्तम् वृ+क्त, नि० मुम्। वीज्यत-चुरा० उभय० वीज्+लट्।

विवृति

अनुवाद– यदि कोप करती हो तो (समझो) प्रेम नहीं है, अथवा कोप के बिना रति सुख कहाँ ? (अतएव) तुम कोप करो और प्रिय को भी कुपित करो। तुम प्रसन्न हो और (प्रिय को) प्रसन्न करो ।।

संस्कृत टीका–यदि=चेत्, कुप्यसि=कोपम् करोषि, रतिः=अनुरागः, न=नहि, अस्ति=जायते, अथवा=आहोस्वित्, कोपेन=रोषेण, विना=अन्तरेण, कामः=कामक्रीडाप्रमोदः, कुतः ?, (अतः) त्वम्=भवती, कुप्य=कोपम् कुरु च, कान्तम् ?, वल्लभम्, च, कोपय=कोपयुक्तम् कुरु, त्वम्, प्रसीद=प्रसन्ना भव, च (कान्तम्), प्रसादय च=प्रसन्न कुरु च ।।

समास एवं व्याकरण– (१) रति.— रम्+क्तिन् । काम.— कम्+घञ् । कान्तम्— कन् (म्)+क्त । प्रसीद— प्र+सद्+लोट् (सीदादेश.) । प्रसादय— प्र+सद्+णिच्+लोट् ।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य में प्रयुक्त 'कोपय' शब्द का तात्पर्य यह है कि तुम प्रियतम से रतिकलह करते रहना ताकि सम्भोग का पूरा आनन्द ले सको। (२) यहाँ 'त्वं कुप्य' 'कान्तमपि कोपय' इत्यादि में कोप क्रिया का दोनों में कारण होने से अन्योन्यालङ्कार है। लक्षण– 'अन्योन्यामुभयोरेकक्रियायाः कारण मिथः ।'– सा० द० (३) शिक्षा नामक नाट्यालङ्कार है। लक्षण— 'शिक्षा स्यादुपदेशनम् ।' (४) श्लोक में प्रयुक्त छन्द का नाम है— आर्यागीति । लक्षण—"आर्या प्रथमदलोक्तं यदि कथमपि लक्षणं भवेदुभयोः । दलयो. कृतयति शोभां गीतिं गीतवान् भुजङ्गेशः ।"

भवतु । एवं तावत् । भो भोः, निवेद्यतामार्यचारुदत्ताय ।

अच्छा, ऐसा ही। अरे ! अरे ! 'आर्य चारुदत्त' से निवेदन कर दो—

एषा फुल्लकदम्बनीपसुरभौ काले घनोद्भासिते
कान्तस्यालयमागता समदना हृष्टा जलार्द्रालका ।
विद्युद्वारिदगर्जितैः सचकिता त्वद्दर्शनाकाङ्क्षिणी
पादौ नूपुरलग्नकर्दमधरौ प्रक्षालयन्ती स्थिता ॥ ३५ ॥

अन्वय- फुल्लकदम्बनीपसुरभौ, घनोद्भासिते, काले, समदना, हृष्टा, जलार्द्रालका, विद्युद्वारिदगर्जितैः, सचकिता, त्वद्दर्शनाकाङ्क्षिणी, कान्तस्य, आलयम्, आगता एषा, नूपुरलग्नकर्दमधरौ, पादौ, प्रक्षालयन्ती, स्थिता ॥ ३५ ॥

पदार्थ— फुल्लकदम्ब०=विकसित कदम्बपुष्पों से युक्त कदम्बवृक्षों या विकसित कदम्बों एवं नीपों (धाराकदम्बों अथवा बन्धूकों) के कारण सुगन्धित, घनोद्भासिते=बादलों से सुशोभित, समदना=काम से पीडित, हृष्टा=प्रसन्न, जलार्द्रालिका=जिसके घुंघराले बाल पानी से भीग गये हैं, विद्युद्वारिद०=बिजली और बादलों के गरजने से, सचकिता=भयभीत, त्वद्दर्शना०=तुम्हारे दर्शन की इच्छुक, कान्तस्य=प्रिय के, आलयम्=घर को, नूपुर०=पायलों में लगे हुये कीचड को धारण करने वाले, प्रक्षालयन्ती=धोती हुई। स्थिता=खडी है।

अनुवाद— प्रफुल्लित कदम्ब तथा नीप से सुगन्धित, मेघों से सुशोभित समय में कामात, हृषित, जल से गीले कुन्तलों वाली, बिजली एवं मेघ— गर्जन से भयभीत, तुम्हारे दर्शन की अभिलाषिणी प्रिय के घर आई यह (वसन्तसेना) नूपुर में लगे हुए पंक को धारण करने वाले पैरों को धोती हुई (द्वार पर) खडी है।

संस्कृत टीका—फुल्लकदम्ब०=विकसितकदम्बनीपपुष्पसुगन्धिते, घनोद्भासिते =मेघोल्लसिते, काले=वर्षाकाले, समदना=कामविह्वला, हृष्टा=प्रसन्ना, जलार्द्रालिका=सलिलसिक्तचूर्णकुन्तला, विद्युद्वारिद=तडिद्मेघगर्जनैः, सचकिता=भयभीता, त्वद्दर्शना०=तव दर्शनाभिलाषिणी, कान्तस्य=प्रियस्य, आलयम्=गृहम्, आगता=समुपस्थिता (सती), एषा=वसन्तसेना, नूपुर०=मञ्जीरसश्लिष्टपङ्कपूर्णौ, पादौ=चरणौ प्रक्षालयन्ती=धावयन्ती, स्थिता=वर्तमानास्ति ॥

समास एवं व्याकरण- (१) फुल्ल०— फुल्लानि कदम्बानि येषु तादृशैः नीपैः अथवा कदम्बैः नीपैः सुरभिः तस्मिन्। घनोद्भासिते— घनैः उद्भासिते। समदना— मदनेन सहिता। जलार्द्रालिका— जलेन आर्द्रा अलका यस्या तादृशी। विद्युद्वारिद०— विद्युद्भिः वारिदानाम गर्जितैः च। त्वद्दर्शना०— तव दर्शनम् आकाङ्क्षते इति तथाविधा। नूपुर०— नूपुरयो लग्नं कर्दमं तम् धरति इति नूपुरलग्नकर्दमधर तौ। (२) आकाङ्क्षिणी—आ+काङ्क्ष्+णिनि कर्तरि ताच्छील्ये+ङीप्। धरौ=धृ+अच्। प्रक्षालयन्ती—प्र+क्षल्+णिच्+लट्—शतृ+ङीप्।

विवृति

(१) "कदम्ब और नीप पर्यायवाची शब्द हैं, अत यहां 'कदम्ब' शब्द इस नाम के पुष्प के लिये तथा 'नीप' शब्द इस नाम के वृक्ष के लिये आया है, यह सगत प्रतीत होता है। अथवा यहां 'नीप' शब्द 'बन्धूक' के लिए आया है।"—काले। (२) प्रस्तुत पद्य म स्वमावोक्ति अलङ्कार है। (३) श्लोक म प्रयुक्त छन्द का नाम है शार्दूलविक्रीडित। लक्षण "सूर्याश्वैर्यदि म सजौ सततगा शार्दूलविक्रीडितम्।" (४) 'पादाङ्गद तुलाकोटिर्मञ्जीरो नूपुर' इत्यमर।

चारुदत्त— (आकर्ण्य।) वयस्य, ज्ञायता किमेतदिति।

चारुदत्त— [सुनकर] मित्र! मालूम करो कि— यह क्या है?'

विदूषक— यद्भवानाज्ञापयति। (वसन्तसेनामुपगम्य! सादरम्।) स्वस्ति भवत्यै। [ज मव आणवदि। सोत्थि भोदीए।]

विदूषक— जो आप आज्ञा देते हैं। [वसन्तसेना के समीप जाकर, आदर के साथ] आपका कल्याण हो!

वसन्तसेना— आर्य, वन्दे। स्वागतमार्यस्य। (विट प्रति)' भाव एषा छत्र धारिका भावस्यैव भवतु। [अज्ज, वन्दामि। साअद अज्जस्स। भाव, एसा छत्तधारिआ भावस्स ज्जेव भोदु।]

वसन्तसेना— आर्य! प्रणाम करती हूँ। आपका स्वागत है। [विट से] विद्वन्! यह छत्रधारिणी (सेविका) आपकी ही हो।

विवृति

(१) छत्रधारिका=छत्र को धारण करने वाली। (२) भावस्यैव=आप ही की।

विट— (स्वगतम्।) अनेनोपायेन निपुण प्रेषितोऽस्मि। (प्रकाशम्।) एव भवतु। भवति वसन्तसेन,

विट— [अपने आप] इस उपाय से चतुरतापूर्वक भेज दिया गया हूँ। [प्रकट रूप म] ऐसा ही हो। सुश्री वसन्तसेने!

साटोपकूटकपटानृतजन्मभूमे
शाठ्यात्मकस्य रतिकेलिकृतालयस्य।
वेश्यापणस्य सुरतोत्सवसग्रहस्य
दाक्षिण्यपण्यसुखनिष्क्रयसिद्धिरस्तु॥ ३६॥

अन्वय— साटोपकूटकपटानृतजन्मभूमे शाठ्यात्मकस्य, रतिकेलिकृतालयस्य, सुरतोत्सवसग्रहस्य, वेश्यापणस्य, दाक्षिण्यपण्यसुखनिष्क्रयसिद्धि, अस्तु॥ ३६॥

पदार्थ – साटोपकूट० = गर्व के सहित माया छल एवं झूठ के जन्म स्थान, शाठ्यात्मकस्य = धूर्तता रूप आत्मा या स्वभाव वाले, रतिकेलि० = सम्भोग कीडा ने जिसको आश्रय बनाया है, सुरतो० = रमण के सुख के सग्रह वाले, वेश्यापणस्य = वेश्या रूपी बाजार का या वेश्या– व्यवहार का, दाक्षिण्य० = उदारता से बिकने वाली वस्तु की सुख के साथ लेन-देन अथवा कीमत की सिद्धि, अस्तु = होवे।

अनुवाद – दम्भसहित माया, कपट तथा असत्य के उत्पत्ति–केन्द्र, धूर्तता के स्वरूप, रतिक्रीडा के आश्रय, सम्भोग रूप उत्सव के सचय-स्थान बने हुए वेश्या रूपी बाजार की उदारतारूपी विक्रेय वस्तु के द्वारा ही मूल्य सिद्धि होवे।

सस्कृत टीका– साटोप० = सदम्भमायाछद्मिथ्याभाषणोद्गमस्थानस्य, शाठ्यात्मकस्य = धूर्ततास्वरूपस्य, रतिकेलि० = कामक्रीडाविहिताश्रयस्य, सुरतोत्सव० = रमणानन्दसञ्चयस्य, वेश्यापणस्य = वेश्याव्यवहारस्य, दाक्षिण्य० = औदार्यक्रयसुख साफल्यसम्पत्ति, अस्तु = भवतु।

समास एवं व्याकरण– (१) साटोप०– आटोप तेन सहितम् साटोपम् कूटम् कपटम् अनृतम् एषाम् जन्मभूमे। शाठ्यात्मकस्य– शाठ्यम् आत्मा यस्य तस्य। रति केलि०– रतिकेलि तया कृतः यः आश्रय तस्य। सुरतोत्सव०– सुरतमेव उत्सव तस्य सग्रहः यस्मिन् तथा भूतस्य। (२) निष्क्रय – निस्+क्री+अच्। आटोप.– आ+ तुप्+घञ् पृषो० टत्वम्। कूट+कूट+अच्। शाठ्यम्– शठ+ष्यञ्। दाक्षिण्यम्– दक्षिण+ष्यञ्। पण्य–पण+ यत्। सिद्धि – सिध्+क्तिन्। (३) वेश्यापणस्य– वेश्यारूप आपण च (वेश्यारूपी बाजार का) (काले) अथवा वेश्याया पण• तस्य, (वेश्या से प्रेम-व्यवहार का)। दाक्षिण्य०– यह पाठान्तर है पण्यरूप सुख पण्यसुखम् दाक्षिण्येन यत्पण्यसुखम् तस्य निष्क्रय मूल्यम् तस्य सिद्धिः अथवा दाक्षिण्यम् परचित्तानुरञ्जनमेव यत्पण्यम् विक्रेयवस्तु तस्य सुखेन अनायासेन निष्क्रयसिद्धि मूल्यप्राप्ति अस्तु।

विवृत्ति

(१) प्रस्तुत पद्य मे विट आशीर्वाद देता है कि तुम दोनो आनन्द करो, किन्तु तुम्हारा प्रिय निर्धन है, अतएव लोभ न करके उदारतापूर्वक ही सम्भोग सुख प्राप्त करना। (२) वसन्ततिलका छन्द है। लक्षण– "उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ ग ॥"

(इति निष्क्रान्तो विट ।)

[विट निकल जाता है।]

वसन्तसेना—आर्य मैत्रेय, कुत्र युष्माक द्यूतकर। [अज्ज मित्तेअ, कहिं तुह्माण जूदिअरो।]

वसन्तसेना—आर्य मैत्रेय ! आपके जुआरी (चारुदत्त) कहाँ हैं ?

विदूषक.—(स्वगतम्) आश्चर्य भोः द्यूतकर इति भणन्त्यालकृतः प्रियवयस्यः । (प्रकाशम्) भवति, एष खलु शुष्कवृक्षवाटिकायाम् । [ही ही भो, जूदिअरो त्ति भणन्तीए अलंकिदो पिअवअस्सो । भोदि, एसो क्खु सुक्खरुक्खवाडिआए ।]

विदूषक—[अपने आप] अजी! आश्चर्य है ! 'द्यूतकर' यह कहती हुई इसने प्रियमित्र को आभूषित कर दिया । [प्रकट रूप में] महोदये ! यह सूखे वृक्षों वाली फुलवाड़ी (वाटिका) मे हैं ।

वसन्तसेना—आर्य, का युष्माकं शुष्कवृक्षवाटिकोच्यते । [अज्ज, का तुह्माण सुक्खरुक्खवाडिआ वुच्चदि ।]

वसन्तसेना—आर्य ! कौन-सा आपका सूखे वृक्षो वाला उद्यान कहा जाता है ?

विदूषकः—भवति, यत्र न खाद्यते । न पीयते । [भोदि, जहिं ण खाई आदि । ण पीईअदि ।]

विदूषक—महोदये ! जहाँ न खाया जाता है न पिया जाता है ।

(वसन्तसेना स्मितं करोति ।)

['वसन्तसेना' मुस्कराती है ।]

विदूषक.—तस्मात्प्रविशतु भवती । [ता पविसदु भोदी ।]

विदूषक—तो आप प्रवेश कीजिये ।

वसन्तसेना—(जनान्तिकम्) अत्र प्रविश्य किं मया भणितव्यम् । [एत्थ, पविसिअ, किं मए भणिदव्वम् ।]

वसन्तसेना—(अलग से) यहाँ प्रवेश कर मुझे क्या कहना चाहिए ?

चेटी—द्यूतकर, अपि सुखस्ते प्रदोष इति [जूदिअर, अवि सुहो दे पदोसो त्ति ।]

चेटी—'द्यूतकर ! आपका सायङ्काल तो सुखकर है ?'

वसन्तसेना—अपि पारयिष्यामि । [अवि पारइस्सम् ।]

वसन्तसेना—(ऐसा कहने में) समर्थ भी होऊँगी ?

चेटी—अवसर एव पारयिष्यति । [अवसरोज्जेव पारइस्सदि ।]

चेटी—अवसर ही समर्थ बना देगा ।

विदूषकः—प्रविशतु भवती । [पविसदु भोदी ।]

विदूषक—आप प्रवेश कीजिए ।

वसन्तसेना—अयि द्यूतकर, अपि सुखस्ते प्रदोषः । [(प्रविश्योपसृत्य च । पुष्पैस्ताडयन्ती ।) अइ जूदिअर, अवि सुहो दे पदोसो ।]

वसन्तसेना—[प्रवेशकर और पास जाकर फूलो से मारती हुई] द्यूतकर जी । आप का सायंकाल तो सुखकर है ?

विवृति

(१) शुष्कवृक्षवाटिकायाम्=सूखे वृक्षों के बगीचे में। (२) भणितव्यम्=कहना चाहिए, भण+तव्यत्। (३) अपिपारयिष्यामि--क्या समर्थ होऊँगी। (४) सुख=सुखकारक, सुख्+अच्। सुखमस्ति अस्मिन् इति। (५) प्रदोष=सायकाल। 'प्रदोषो रजनीमुखम्' इत्यमर।

चारुदत्त-(अवलोक्य।) अये, वसन्तसेना प्राप्ता। (सहर्षमुत्थाय।) अयि प्रिये,।

चारुदत्त-[देखकर] अरे! वसन्तसेना आ गई! [प्रसन्नता के साथ उठकर] हे प्रिये!

सदा प्रदोषो मम याति जाग्रत
सदा च मे निःश्वसतो गता निशा।
त्वया समेतस्य विशाललोचने
ममाद्य शोकान्तकरः प्रदोषकः ॥३७॥

अन्वय—सदा, जाग्रत, (एव) मम, प्रदोष याति, सदा निश्वसत। (एव) मे, निशा गता हे विशाललोचने! अद्य, त्वया, समेतस्य, मम, प्रदोषक शोकान्तकर, (भवति) ॥३७॥

पदार्थ-जाग्रत=जागते हुये, निश्वसत=आहे भरते हुए, हे विशाल लोचने=हे बडी-बडी आँखो वाली! समेतस्य=मिलने पर, प्रदोषक=सायकाल, शोकान्तकर=दुखो का समाप्त करने वाला।

अनुवाद—सदा जागते हुये मेरा प्रदोष (रात्रि का प्रथम प्रहर) बीतता है, सदा आहें भरते (ही) मेरी रात बीती है। हे विशाल नेत्रे! आज तुमसे युक्त होने पर मेरा प्रदोष शोक का अन्त करने वाला है।

संस्कृत टीका—सदा=सर्वदा, जाग्रत=अप्राप्तनिद्रस्य (एव), मम=चारुदत्तस्य, प्रदोष=रात्रे प्रथमो भाग, याति=गच्छति, सदा च, निश्वसत=तव विरहदीर्घम् श्वसत (एव), मे=मम, निशा=रात्रि, गता=याता। हे विशाललोचने!=हे दीर्घनयने!, अद्य=अस्मिन् दिने, त्वया=भवत्या, समेतस्य=सयुक्तस्य, मम, प्रदोषक=सन्ध्यासमय, शोकान्तकर=शोकविनाशक।

समास एव व्याकरण—(१) विशाललोचने--विशाले लोचने यस्या सा (ब०स०), तत्सम्बुद्धौ। शोकान्तकर-शोकस्य अन्तकर। (२) जाग्रत—जागृ+लट्-शतृ=जाग्रन् तस्य। निःश्वसत-निस्+श्वस्+लट्—शतृ=निश्वसन्, तस्य। प्रदोषक-प्रदोष एव प्रदोषक, प्रदोष+कन्।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य में दो बार 'सदा' शब्द का प्रयोग करने के कारण नयापन न होने का (अनवीकृतत्व) दोष है। (२) वंशस्थ छन्द है। लक्षण-'जतौ तु वंशस्थ मुदीरितं जरौ' ॥

तत्स्वागतं भवत्यै। इदमासनम्। अत्रोपविश्यताम्।

तो आपका स्वागत है। यह आसन है। यहाँ बैठिये।

विदूषकः—इदमासनम् उपविशतु भवती। [इद आसणम्। उवविसदु भोदी।]

विदूषक—यह आसन है। आप बैठिये।

(वसन्तसेनासीना। ततः सर्वे उपविशन्ति।)

[वसन्तसेना अभिनयपूर्वक बैठती है। इसके बाद सभी बैठते हैं।]

चारुदत्त:-वयस्य, पश्य पश्य।

चारुदत्त-मित्र! देखो, देखो—

वर्षोदकमुद्गिरता श्रवणान्तविलम्बिना कदम्बेन।
एकः स्तनोऽभिषिक्तो नृपसुत इव यौवराजस्थः ॥३८॥

अन्वय—वर्षोदकम्, उद्गिरता, श्रवणान्तविलम्बिना, कदम्बेन, एकः, स्तनः, यौवराज्यस्थ., नृपसुत., इव, अभिषिक्तः ॥३८॥

पदार्थ.-वर्षोदकम्=वर्षा के जल को, उद्गिरता=गिराते हुए, श्रवणान्तविलम्बिना=कान के छोर पर लटकने वाले, कदम्बेन=कदम्ब के फूल के द्वारा, यौवराज्यस्थः=युवराज-पद पर बैठे हुये, नृपसुत=राजकुमार, अभिषिक्तः=अभिषेक या स्नान कराया गया।

अनुवादः—वर्षा के जल को गिराते हुये कान के छोर पर लटकते हुये कदम्ब (के फूल) ने एक स्तन को युवराज पद पर बैठे हुये राजकुमार के समान अभिषिक्त कर दिया है।

संस्कृत टीका—वर्षोदकम्=वृष्टिसलिलम्, उद्गिरता=सम्पातयता, श्रवणान्तविलम्बिना=कर्णप्रान्तदेशविलम्बमानेन, कदम्बेन=नीपपुष्पेण, एकः, स्तनः=कुच, यौवराज्यस्थः=युवराजपदे स्थित, नृपसुत.=राजपुत्रः, इव=यथा, अभिषिक्त.=अभिषेकम् प्रापितः सिञ्चितः इत्यर्थः।

समास एवं व्याकरण—(१) वर्षोदकम्-वर्षस्य उदकम्। श्रवण०-श्रवणस्य अन्ते विलम्बते तेन विलम्बिना। (२) उद्गिरता—उद्+गृ+लट्-शतृ=उद्गिरन्, तेन। यौवराज्यस्थः—युवा चासौ राजा युवराजः (कर्म०स०), युवराजस्य भावः यौवराज्यम् युवराज+ष्यञ्, यौवराज्ये तिष्ठतीति यौवराज्य+स्था+क। अभिषिक्त.-अभि+सिच्+क्त।

विवृति

(१) 'विलम्बिना कदम्बेन' मे छेकानुप्रासालङ्कार है । (२) 'नृपसुत इव' मे श्रौती उपमालङ्कार है । (३) आर्या छन्द है । लक्षण—"यस्या पादे प्रथमे द्वादश मात्रास्तथा तृतीयेऽपि । अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पचदश साऽऽर्या ॥" (४) माधुर्य गुण और प्रसाद गुण है । "चित्त व्याप्नोति य क्षिप्र शुष्केन्धनमिवानल । स प्रसाद ।" सा०द० ॥ (५) यहाँ भूषण नामक नाट्य लक्षण है—'गुणै सालङ्कारैर्योगस्तु भूषणम् ।" सा०द०॥

तद्वयस्य, विलन्ने वाससी वसन्तसेनाया । अन्ये प्रधानवाससी समुपनीयेतामिति ।

तो मित्र ! वसन्तसेना के दोनो वस्त्र (धोती एव ओढनी) भीग गये है ! दूसरे दो अच्छे वस्त्र ले आओ ।

विदूषक —यद्भवानाज्ञापयति । [ज भव आणवेदि ।]

विदूषक—जो आप आज्ञा करते हैं ।

चेटी–आर्य मैत्रेय, तिष्ठ त्वम् । अहमेवार्यां शुश्रूषयिष्यामि । [अज्ज मित्तेअ, चिट्ठ तुमम् । अह ज्जेव अज्जअ सुस्सूसइस्सम् ।] (तथा करोति ।)

चेटी–आर्य मैत्रेय ! तुम ठहरो । मैं ही आर्या की सेवा करूँगी । [वैसा करती है ।]

विदूषक –भो वयस्य, पृच्छामि तावत्तत्रभवती किमपि । [(अपवारितकेन ।) भो वअस्स, पुच्छामि दाव तत्यभोदिं किं पि ।]

विदूषक–[अलग हटकर] हे मित्र ! तब माननीया (वसन्तसेना) से कुछ पूछता हूँ ।

चारुदत्त –एव क्रियताम् ।

चारुदत्त–ऐसा ही करो (पूछो) ।

विदूषक –(प्रकाशम्) अथ किंनिमित्त पुनरीदृशे प्रनष्टचन्द्रालोके दुर्दिनान्धकार आगता भवती । [अध किंणिमित्त उण ईदिसे पणट्टचन्दालोए दुद्दिण अन्धआरे आअदा भोदी ।]

विदूषक–[प्रकट रूप मे] ऐसे चाँदनी से रहित अन्धकारपूर्ण दुर्दिन मे आपके आगमन का क्या कारण है ?

चेटी–आर्ये, ऋजुको ब्राह्मणः । [अज्जए, उजुओ बम्हणो ।]

चेटी–आर्ये ! (यह) ब्राह्मण सीधा है ।

विदूषक.–ननु निपुण इति भण । ण णिउणोत्ति मणाहि ।]

विदूषक–नहीं 'निपुण' ऐसा कह !

चेटी—एषा खल्वार्या एव प्रष्टुमागता—'कियत्तस्या रत्नावल्या मूल्यम्' इति। [एसा क्खु अज्जआ एव्व पुच्छिदु आअदा—'केत्तिअ ताए रअणावलीए मुल्ल त्ति ।]

चेटी—यह आर्या वास्तव मे यह पूछने आई हैं—उस रत्नावली की कितनी कीमत है ?

विदूषक.—(जनान्तिकम् ।) भो, भणित मया, यथाल्पमूल्या रत्नावली, बहुमूल्य सुवर्णभाण्डम् । न परितुष्टा । अपर याचितुमागता । [भो, भणिद मए, जधा अप्पमुल्ला रअणावली, बहुमुल्ल सुवण्णभण्डअम् । ण परितुट्ठा । अवर मग्गिदु आअदा ।]

विदूषक—[अलग से] अरे ! मैंने कह दिया कि रत्नावली कम कीमत की है, स्वर्णपात्र अधिक मूल्यवान् है । (उससे) सन्तुष्ट नही हुई, (अतः) और मांगने आई है ।

चेटी—सा खल्वार्यया आत्मीयेति भणित्वा द्यूते हारिता । स च सभिको राजवार्ताहारी न ज्ञायते कुत्र गत इति । [सा क्खु अज्जआए अत्तण केरकेत्ति भणिअ जुदे हारिदा । सो अ सहिओ राअवात्थहारी ण जाणी अदि कहिं गदो त्ति ।]

चेटी—उसे 'आर्या' ने अपनी समझकर जुए मे हरा दी और वह राजा का सन्देश वाहक द्यूताध्यक्ष पता नहीं, कहाँ गया ?

विदूषकः—भवति, मन्त्रितमेव मन्त्र्यते । [भोदि, मन्तिद ज्जेव मन्तीअदि ।]

विदूषक—श्रीमती जी ! (यह तो आप) कही हुई बात ही कहती हैं ।

चेटी—यावत्सोऽन्विष्यते तावादिदमेव गृहाण सुवर्णभाण्डम् । [जाव सो अण्णेसीअदि ताव एद ज्जेव गेण्ह सुवण्णभण्डअम् ।] (इति दर्शयति)

चेटी—जब तक वह ढूंढा जा रहा है तब तक इसी स्वर्ण-पात्र को ले लें । [दिखाती है ।]

[विदूषको विचारयति ।]

[विदूषक विचार करता है ।]

चेटी—अतिमात्रमार्यो निध्यायति । तत्कि दृष्टपूर्वं ते । [अदिमेत अज्जो णिज्झाअदि । ता कि दिट्ठपुरुव्व दे ।]

चेटी—आर्य बहुत ध्यान से देख रहे है । तो क्या आपका पहले से देखा हुआ है ?

विदूषकः—भवति, शिल्पकुशलतयाववध्नाति दृष्टिम् । [भोदि, सिप्पकुसलदाए ओबन्देदि दिट्ठिम् ।]

विदूषक—अरी ! अच्छी कारीगरी के कारण (यह पात्र मेरी) दृष्टि को आकृष्ट कर रहा है ।

चेटी—आर्य, वञ्चितोऽसि दृष्ट्या । तदेवेद सुवर्णभाण्डम् । [अज्ज, वञ्चिदोसि दिट्ठीए । त ज्जेव एद सुवण्णभण्डअम् ।]

चेटी—आर्य ! (आण्की) आँखे धोखा दे रही हैं। यह वही स्वर्ण-पात्र है।

विदूषक—(सहर्षम्) भो वयस्य, तदेवेद सुवर्णभाण्डम्, यदस्माक गृहे चौरैरपहृतम्। भो वअस्स, त ज्जेव एद सुवण्णभण्डअम्, ज अम्हाण गेहे चोरेहि अवहिदम्।]

विदूषक—[प्रसन्नता के साथ] हे मित्र ! यह वही स्वर्ण-पात्र है, जिसे हमारे घर मे चोरो ने चुराया था।

विवृति

(१) क्लिन्ने=भीगे हुए। क्लिद्+क्त। (२) प्रधान वाससी=दो मुख्य वस्त्र। (३) शुश्रूषयिष्यामि=सेवा करूँगी। श्रु+सन् (द्वित्व+णिच्+लृट्)। (४) अपवारितकेन=अलग से। (५) अपवारित और जनान्तिक पारिभाषिक शब्द हैं। "तद्भवदपवारितम्। रहस्यन्तु यदन्यस्य परावृत्य प्रकाश्यते। त्रिपताककरेणान्यानपवार्यान्तिराकथाम्।" सा० द०॥ (६) प्रनष्टचन्द्रालोके=नष्ट हो गया है चन्द्रमा का प्रकाश जिसमे। (७) ऋजुक=सरल। (८) निपुण=चतुर। (९) मन्त्रितम्=कहे गये को। (१०) अतिमात्रम्=बहुत। (११) निध्यायति=ध्यान से देख रहे हैं। (१२) शिल्पकुशलतया=अच्छी कारीगरी के कारण। (१३) अवबध्नाति=आकृष्ट कर रहा है।

चारुदत्त—वयस्य,

चारुदत्त—मित्र !

योऽस्माभिश्चिन्तितो व्याज कर्तुं न्यासप्रतिक्रियाम्।

स एव प्रस्तुतोऽस्माक किंतु सत्य विडम्बना ॥३९॥

अन्वय—अस्माभि, न्यासप्रतिक्रियाम्, कर्तुं, य, व्याज, चिन्तित, स, एव, अस्माक, प्रस्तुत, (किन्तु), सत्यम, (इय) विडम्बना, (अस्ति) ॥३९॥

पदार्थ—अस्माभि=हमारे द्वारा, न्यासप्रतिक्रियाम्=धरोहर की क्षतिपूर्ति को, कर्तुम्=करने के लिए, व्याज=बहाना, चिन्तित=सोचा गया था, प्रस्तुत=उपस्थित, विडम्बना=प्रतारणा या जालसाजी।

अनुवाद—हमने धरोहर की क्षतिपूर्ति करने के लिए जो बहाना सोचा था, वही हमारे सामने उपस्थित है (किन्तु) वास्तव मे (यह) विडम्बना है।

सस्कृत टीका—अस्माभि=चारुदत्ताद्यै, न्यासप्रतिक्रियाम्=निक्षेपप्रतिशोधम्, कर्तुम्=विधातुम्, य, व्याज=छलम्, चिन्तित=विचारित स=व्याज, एव, अस्माकम्=अस्माक समक्षमित्यर्थ, प्रस्तुत=उपस्थित, (किन्तु) सत्यम्=वस्तुत, (इयम्) विडम्बना=प्रतारणा (अस्ति)॥

समास एव व्याकरण—(१) न्यासप्रतिक्रियायाम्—न्यासस्य प्रतिक्रियाम्। (२) प्रतिक्रिया—प्रति+कृ+श, इयङ्+टाप्। विडम्बना—विडम्ब+णिच्+ल्यु→

अन+टाप्। न्यास-नि+सस्+घञ्। व्याज -वि+अज्+घञ्। चिन्तित-चिन्त्+क्त। प्रस्तुतः-प्र+स्तु+क्त। सत्यम्-सन्+यत्।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य में चारुदत्त के कहने का तात्पर्य यह है कि यह वही सुवर्ण-भाण्ड नहीं है जो हमारे घर से चोरी गया है, किन्तु हम लोगों के आश्वासन के लिए उसने दूसरा आभूषण ला रखा है। (२) 'मनुष्य जैसा कर्म दूसरे के लिए करता है वैसा ही उसके सामने आ जाता है" इसके अनुसार हमने छल किया और हमारे सामने छल ही आ गया है किन्तु यह सब धोखा मात्र ही है। (३) 'कपटोऽस्त्री व्याजदम्भो-पधयश्छद्मकैतवे' इत्यमरः। (४) पथ्यावक्त्र छन्द है। लक्षण-"युजोश्चतुर्थतो जेन, पथ्यावक्त्र प्रकीर्तितम्।"

विदूषक—भो वयस्य, सत्यं शपे ब्राह्मण्येन। [भो वअस्स, सच्चं सवामि बम्हणेण।]

विदूषक—हे मित्र! ब्राह्मणत्व की शपथ खाता हूँ कि यह सत्य है।

चारुदत्त—प्रियं नः प्रियम्।

चारुदत्त—प्रिय! हमारा प्रिय!

विदूषक—(जनान्तिकम्।) भोः पृच्छामि ननु कुत इदं समासादितमिति। [भो, पुच्छामि ण कुदो एदं समासादिदं त्ति।]

विदूषक—[अलग से] अजी! पूछता हूँ कि-'यह कहाँ से मिला'

चारुदत्तः—को दोषः।

चारुदत्त—क्या बुराई है?

विदूषकः—(चेट्याः कर्णे।) एवमिव। [एव्वं विअ।]

विदूषक—[चेटी के कान में] ऐसा ही है?

चेटी—(विदूषकस्य कर्णे।) एवमिव [एव्वं विअ।]

चेटी—[विदूषक के कान में] ऐसा ही है।

चारुदत्तः—किमिदं कथ्यते। किं वयं बाह्याः।

चारुदत्त—यह क्या कह रहे हो? क्या हम बाहरी हैं?

विदूषकः—(चारुदत्तस्य कर्णे।) एवमिव। [एव्वं विअ।]

विदूषक—[चारुदत्त के कान में] ऐसा ही है।

चारुदत्तः—भद्रे, सत्यं तदेवेदं सुवर्णभाण्डम्।

चारुदत्त—कल्याणी! सचमुच यह वही स्वर्ण-पात्र है?

चेटी—आर्य, अथ किम्। [अज्ज, अध इ।]

चेटी—आर्य! और क्या?

चारुदत्तः—भद्रे, न कदाचित्प्रियनिवेदनं निष्फलीकृतं मया। तद्गृह्यतां पारि-

तोषिकमिदमङ्गुलीयकम् । (इत्यनङ्गुलीयक हस्तमवलोक्य लज्जा नाटयति ।)

चारुदत्त–कल्याणी ! मैंने कभी शुभ समाचार को निष्फल नहीं किया । तो पुरस्कार रूप मे यह अँगूठा लो । (ऐसा कहकर बिना अँगूठी के हाथ को देखकर लज्जा का अभिनय करता है ।)

वसन्तसेना–(आत्मगतम्) अत एव काम्यसे । [अदो ज्जेव कामीअसि ।]

वसन्तसेना–[अपने आप] इसीलिये (मैं इनको) चाहती हूँ ।

विवृति

(१) ब्राह्मण्येन=ब्राह्मणत्व से । ब्राह्मण+ष्यञ्, ब्राह्मस्य भाव ब्राह्मण्यम् तेन । (२) शपे=सौगन्ध खाता हूँ । (३) एवमिव=घटना बताती है । (४) प्रियनिवेदनम्=प्रिय बात कहना, (५) निष्फलीकृतम्=निष्फल किया है । (६) अनङ्गुलीयकम्=अँगूठी से रहित ।

चारुदत्तः–(जनान्तिकम् ।) भो', कष्टम् ।

चारुदत्त–[अलग से] अरे ! दुख है–

धनैर्वियुक्तस्य नरस्य लोके किं जीवितेनादित एव तावत् ।
यस्य प्रतीकारनिरर्थकत्वात्कोपप्रसादा विफलीभवन्ति ॥४०॥

अन्वय–लोके, धनै , वियुक्तस्य, नरस्य, आदित , एव, जीवितेन, किं तावत्, प्रतिकारनिरर्थकत्वात्, यस्य, कोपप्रसादा , विफली भवन्ति ॥४०॥

पदार्थः–लोके=ससार मे, धनै =धनो से, वियुक्तस्य=हीन, नरस्य=मनुष्य के, आदित =जन्म से, जीवितेन=जीने से, प्रतिकार०=प्रतीकार करने या बदला चुकाने मे असमर्थ होने के कारण, कोपप्रसादा =क्रोध और प्रसन्नता, विफलीभवन्ति निष्फल होते हैं ।

अनुवाद–ससार मे निर्धन मनुष्य के जन्म से ही जीने से क्या लाभ ? प्रतीकार करने मे असमर्थ होने के कारण जिसके कोप और अनुग्रह निष्फल होते हैं ॥

सस्कृत टीका–लोके=ससारे, धनैः=अर्थैं, वियुक्तस्य=रहितस्य, नरस्य=जनस्य, आदित एव=जन्मत एव, जीवितेन=जीवनेन, किं तावत्=किं फलमित्यर्थ, प्रतीकारनिरर्थकत्वात्=प्रतिशोधासमर्थत्वात्, यस्य=धनरहितस्य जनस्य, कोपप्रसादा क्रोधानुग्रहा , विफलीभवन्ति=व्यर्था जायन्ते ॥

समास एव व्याकरण–(१) प्रतीकार निरर्थकत्वात्–प्रतीकारे निरर्थकत्वात् । कोपप्रसादा –कोपा प्रासादाश्च । (२) जीवितेन – जीव्+क्त, भावे नपुसके । विफलीभवन्ति–विफल+च्वि, ईत्व+भू+लट्–अन्ति । (३) आदित–आ+दा+कि+तसिल् ।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य मे 'आदित =ज मत एव जीवितेन' इस प्रकार का अन्वय

है किन्तु कुछ व्याख्याकारो के अनुसार 'आदित एव' का सम्बन्ध 'विफलीभवन्ति' के साथ है, अर्थात् वह अपने क्रोध और प्रसाद को प्रकट करने के लिए कुछ करने म पहले से ही असमर्थ होता है। (२) श्लोक के पूर्वार्द्ध म निर्धन सामान्य से प्रस्तुत निर्धन चारुदत्त विशेष की प्रतीति होने से अप्रस्तुत प्रशसा अलङ्कार है। (३) जीवन की व्यर्थता के प्रति क्रोध और प्रसन्नता की प्रतीकार शक्ति के हेतु रूप से कथन के कारण वाक्यार्थ हेतु काव्यलिङ्ग अलङ्कार है। इस प्रकार पूर्वार्द्ध म अप्रस्तुत प्रशसा और उत्तरार्द्ध मे काव्यलिङ्ग अलङ्कार है। (४) वसन्ततिलका छन्द है।

अपि च।

और भी -

पक्षविकलश्च पक्षी शुष्कश्च् तरु सरश्च् जलहीनम्।
सर्पश्चोद्धृतदष्ट्रस्तुल्य लोके दरिद्रश्च ॥४१॥

अन्वय–लोके, पक्षविकल, च, शुष्क, तरु, च, जलहीन, सरः, च, उद्धृतदष्ट्र, सर्प, च, दरिद्र, च, [एतत, सर्वं] तुल्यम् ॥४१॥

पदार्थ–पक्षविकल =पखो से रहित, शुष्क =सूखा,सर =सरोवर, उद्धृत-दष्ट्र =जिसका दात उखाड लिया गया हो

अनुवाद–ससार म पङ्खविहीन पक्षी, सूखा वृक्ष, जलरहित सरोवर तथा दाँत उखाडा हुआ सर्प एव निर्धन (व्यक्ति ये सब) एक जैसे हैं।

सस्कृत टीका–लोके=ससारे, पक्षविकल =पक्षविहीन, पक्षी=खग, च, शुष्क =नीरस, तरु =वृक्ष च, जलहीनम्=सलिलशून्यम्,सर =सरसी,च,उद्धृत-दष्ट्र =निष्कासितदन्त, सर्प =उरग, दरिद्र =निर्धन च, तुल्यम्=समानम्।

समास एव व्याकरण–(१) पक्षविकल =पक्षाभ्याम् विकल। जलहीनम्-जलेन हीनम्। उद्धृतदष्ट्र =उद्धृता दष्ट्रा यस्य तथाभूत। (२) शुष्क-शुष+क्त, 'शुष क' इति सूत्रेण तस्य क। उद्धृत–उद्+हृ(धृ)+क्त। दष्ट्र –दश+ष्ट्रन्+टाप्। दरिद्र –दरिद्रा+क।

विवृति

(१) प्रस्तुत श्लोक म मालोपमालङ्कार है। (२)दरिद्र इस सामान्य कथन से विशेष चारुदत्त की प्रतीति होने से अप्रस्तुत प्रशसा अलङ्कार है। (३)इस प्रकार परस्पर इन दोनो अलकारो का सकर है। [४] आर्या छन्द है। लक्षण-"यस्या पादे प्रथमे द्वादशमात्रास्तया तृतीयेऽपि। अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश साऽऽर्या॥"

अपि च।

और भी–

शून्यैर्गृहै खलु समा पुरुषा दरिद्रा
कूपैश्च तोयरहितैस्तरुभिश्च शीर्णै।

यद्दृष्टपूर्वजनसगमविस्मृताना—
नेव भवन्ति विफला परितोपकाला ॥४२॥

अन्वय—दरिद्रा, पुरुषा, खलु, शून्यैः, गृहैः, तोयरहितैः, कूपैः, च, शीर्णैः, तरुभि, च समा, (भवन्ति), यत् दृष्टपूर्वजनसगमविस्मृताना, (तेषा), परितोपकाला, एव, विफला, भवन्ति ॥४२॥

पदार्थ—दरिद्राः=निर्धन, पुरुषा=मनुष्य, खलु=वस्तुत, शून्यै=सूने, तोयरहितै=पानी से रहित, शीर्णै=सूखे, तरुभि=पेडो से, समा=समान, दृष्टपूर्वजनसगमविस्मृतानाम्=पहले के परिचित जनो के मिलने से, परितोपकाला=सन्तोष के समय, विफला=व्यर्थ ॥

अनुवाद—दरिद्र मनुष्य वस्तुत सूने घरो जल रहित कूओ और जर्जर वृक्षो के समान है क्योकि पूर्व परिचित जनो के मिलन से (प्रसन्नता के कारण अपनी निर्धनता को) भूल जाने वाले लोगो के सन्तोष के समय इसी प्रकार निष्फल हो जाते है।

सस्कृत टीका—दरिद्रा—निर्धना, पुरुषा=मनुष्या, खलु=निश्चयेन, शून्यै=निर्जनै, गृहै=गेहै, तोयरहितै=जलहीनै, कूपै=उदपानै, च, शीर्णै=पत्रादिरहितै, तरुभि=वृक्षै, च, समा=तुल्या भवन्तीति शेष, यत्=यस्मात्, दृष्टपूर्वजन०=पूर्वपरिचितलोकमिलनविस्मृतनिज दैन्यानाम्, (तेषाम्), परितोषकाला=सन्तोपसमया, एवम्=अनेन प्रकारेण, विफला=निष्फला, भवन्ति=जायन्ते ॥

समास एव व्याकरण—(१) दृष्टपूर्वजन०-पूर्वम् दृष्टपूर्वा (सुप्सुपा स०), तादृशा जनाः (कर्म० स०), तेषा सगम (प० त०) तेन, विस्मृता (सुप्सुपा स०), तेषाम्। (२) वि+स्मृ+क्त भावे=विस्मृतम्। तत् अस्ति एषाम् इति विस्मृता+अच्, तेषाम। शीर्ण—शृ+क्त। परितोष—परि+तुष्+घञ्। कूप—कु+पक्, दीर्घश्च।

विवृति

(१) 'शून्यगृहेषु भिक्षवादीनामिव निर्जलेषु कूपेषु तृषितानामिव शीर्णतरुषु पक्षिणामिव च नास्ति कृतार्थत्वमर्थिनामिति भाव।'—श्रीनिवासाचार्य। (२) प्रस्तुत पद्य मे मालोपमालङ्कार है। (३) अप्रस्तुत प्रशसा अलकार भी है। (४) वसन्ततिलका छन्द है। लक्षण—"उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौगः।

विदूषक—भो, अलमतिमात्र सतापितेन। (प्रकाश सपरिहासम्।) भवति, समप्यता मम स्नानशाटिका। [भो, अल अदिमेत्त सतप्पिदेण। भोदि, समप्पीअदु ममकेरिआ ण्हाणसाडिया।]

विदूषक—अजी! अधिक सन्ताप करना व्यर्थ है। [प्रकट रूप मे, हँसी के साथ] श्रीमती जी! मेरी स्नान की धोती दे दीजिए।

वसन्तसेना—आर्य चारुदत्त, युक्तं नेदमनया रत्नावल्या इम जनं तूलयितुम् । [अज्ज चारुदत्त, जुत्तं णेदं इमाए रअणावलीए इमं जणं तुलइदुम् ।]

वसन्तसेना—आर्य चारुदत्त ! इस रत्नावली से इस जन को (मुझे) तौलना ठीक नही ।

विवृति

(१) स्नानशाटिका—नहाने की साड़ी या धोती ।

चारुदत्तः-(सविलक्षस्मितम् ।) वसन्तसेने, पश्य पश्य ।

चारुदत्त—[लज्जापूर्वक मुस्कराकर] वसन्तसेना ! देखो ! देखो !

कः श्रद्धास्यति भूतार्थं सर्वो मां तूलयिष्यति ।
शङ्कनीया हि लोकेऽस्मिन्निष्प्रतापा दरिद्रता ॥४३॥

अन्वयः—कः, भूतार्थं, श्रद्धास्यति, सर्वः मा, तूलयिष्यति, हि अस्मिन्, लोके, निष्प्रतापा, दरिद्रता, शङ्कनीया, (भवति) ॥४३॥

पदार्थः—कः=कौन, भूतार्थम्=सच्ची बात की, श्रद्धास्यति=मानेगा, निष्प्रतापा=तेजहीन, शङ्कनीया=शङ्का करने योग्य या शङ्का का विषय ।

अनुवादः—कौन वास्तविकता पर विश्वास करेगा ? सब मुझे तुच्छ (अपराधी) समझेंगे । क्योंकि इस संसार मे तेज विहीन निर्धनता सन्देहास्पद होती है ।

संस्कृत टीका—कः=जनः, भूतार्थम्=सत्यम्, सुवर्णभाण्ड चोरैरपहृतमित्येवम् रूपमिति भावः, श्रद्धास्यति=विश्वसिष्यति, सर्वः=सकलः, (जनः), माम्=चारुदत्तम्, तूलयिष्यति=तूलवत् लघूकरिष्यति, हि=यतः, अस्मिन्=एतस्मिन्, लोके=संसारे, निष्प्रतापा=तेजशून्याः, दरिद्रता=निर्धनता, शङ्कनीया=शङ्कायोग्या (भवति) ॥

समास एवं व्याकरण—(१) तूलयिष्यति–तूलवत् करिष्यति इति । निष्प्रतापा-निर्गतः प्रतापो यस्याः सा (प्रा० ब० स०) । (२) तूलयिष्यति–तूल+णिच् (नाम धातु)+लृट् ।

विवृति

(१) 'तूलयिष्यति' के स्थान पर 'तुलयिष्यति' यह पाठ भी मिलता है । (२) 'दरिद्रता शङ्का के योग्य होती है' इस सामान्य वचन से 'अतः सभी मुझे तुच्छ समझेंगे' इस विशेष बात का समर्थन होने से अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है । (३) प्रस्तुत पद्य में अनुष्टुप् छन्द है । लक्षण–'श्लोके षष्ठं गुरु ज्ञेयं सर्वत्र लघु पञ्चमम् । द्विचतुष्पादयोर्ह्रस्वं सप्तमं दीर्घमन्ययोः ।"

विदूषकः—चेटि, किं भवत्या इहैव सुप्तव्यम् । [हञ्जे, किं भोदीए इधज्जेव सुविदव्वम् ।]

विदूषक - हञ्जे । क्या आपको यही सोना है ।

चेटी–(विहस्य) आर्य मैत्रेय, अतिमात्रमिदानीमृजुमात्मानं दर्शयसि । [अज्ज मित्तेअ आदिमेत्तं दाणिं उजुअं अत्ताणअं दसेसि ।]

चेटी–[हँस कर] आर्य मैत्रेय ! इस समय अपने को अत्यन्त सीधा प्रदर्शित कर रहे हो ।

विदूषक –भो वयस्य, एष खल्वपसारयन्निव सुखोपविष्टं जनं पुनरपि विस्तारिवारि धाराभिः प्रविष्टः पर्जन्यः । [भो वअस्य, एसो क्खु ओसारअन्तो विअ सुहोवविट्ट जणं पुणोवि वित्थारिवारिधाराहिं पविट्टो पज्जण्णो ।]

विदूषक–हे मित्र ! यह मेघ आनन्द से बैठे हुये लोगों को हटाता हुआ सा मोटी जलधाराओं से (युक्त होकर) फिर आ गया ।

विवृति

(१) सुप्तव्यम्=सोया जायेगा । (२) सुखोपविष्टम्=आनन्द से बैठे हुए (३) जनम्=व्यक्ति को । (४) अपसारयन्=हटाता हुआ, अप+सृ+णिच्+लट् [शतृ] । (५) पर्जन्य =बादल । (६) विस्तारिवारिधाराभि =फैलने वाले पानी की धाराओं से । (७) प्रविष्टः=आ गया, प्र+विश्+क्त ।

चारुदत्त –सम्यगाह भवान् ।

चारुदत्त—आपने ठीक कहा–

> अमूर्हि भित्वा जलदान्तराणि पङ्कान्तराणीव मृणालसूच्यः ।
> पतन्ति चन्द्रव्यसनाद्विमुक्ता दिवोऽश्रुधारा इव वारिधाराः ॥४४॥

अन्वय —हि, अमू, वारिधारा, मृणालसूच्य, पङ्कान्तराणि, इव, जलदान्तराणि, भित्वा, चन्द्रव्यसनात्, विमुक्ता, दिवः, अश्रुधारा, इव, पतन्ति ॥४४॥

पदार्थ—वारिधारा =जल की धारायें, मृणालसूच्य =कमललता की जड़ के अङ्कुर, पङ्कान्तराणि=कीचड़ के भीतरी भाग को, जलदान्तराणि=बादलों के गर्भों या पेटों को, भित्वा=चीर कर, चन्द्रव्यसनात्=चन्द्रमा के (आच्छादन रूप) संकट या विपत्ति से, विमुक्ता =छोड़ी गई या बहाई गयी, दिव =आकाश की, अश्रुधारा =आँसुओं की धाराओं (के), इव=समान, पतन्ति=गिर रही हैं ।

अनुवाद—निश्चय ही ये जल धारायें कीचड़ के भीतरी भाग को भेदकर निकले हुए मृणाल के अङ्कुर के समान मेघों के पेट को विदीर्णकर [प्रिय] चन्द्रमा के आच्छादन रूप और पक्षान्तर में नायिका के पति के मर जाने रूप संकट के कारण निकली हुई आकाश [पक्षान्तर में नायिका] की अश्रु धाराओं के समान गिर रही है ॥

संस्कृत टीका—हि=निश्चयेन, अमू =पुरो दृश्यमाना, वारिधारा =जल-

धाराः, मृणालसूच्यः=कमलनालाङ्कुराः, पक्षान्तराणि=कर्दमस्यान्तराणीव, जलदान्तराणि=मेघमध्यमागान्, भित्वा=विदारणं कृत्वा, चन्द्रव्यसनात्=चन्द्रापत्तेः स्वामिनः विपत्तेश्च,विमुक्ताः=पतिताः दिवः=गगनस्य, अश्रुधाराः=नेत्राम्बुधाराः, इव=तद्वत्, पतन्ति=स्रवन्ति ।।

समास एवं व्याकरण—(१) मृणालसूच्य :—मृणालस्य सूच्यः । पङ्कान्तराणि-पङ्कस्य अन्तराणि । जलदान्तराणि—जलदस्य अन्तराणि चन्द्रव्यसनात्-चन्द्रस्य व्यसनात् । मृणालः—मृण्+कालन् । पकः—पंच् विस्तारे कर्मणि करणे वा घञ्, कुत्वम् भित्वा—भिद्+क्त्वा । व्यसनात्—वि+अस्+ल्युट् । विमुक्ताः—वि+मुच+क्त ।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य के 'पङ्कान्तराणीव' इस अंश मे श्रौती उपमालङ्कार है । (२) 'दिवोऽश्रुधारा इव' मे जात्युत्प्रेक्षालङ्कार है । (३) चन्द्रमा मे नायक के कार्य एवं द्यौ मे नायिका के कार्य का आरोप करने के कारण समासोक्ति अलंकार है ।(४) श्लोक मे प्रयुक्त छन्द का नाम है...उपजाति । लक्षण—"अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ पादौ यदीयावुपजातयस्ताः ।।"

अपि च ।

और भी—

धाराभिरार्यजनचित्तसुनिर्मलाभि—

श्चण्डाभिरर्जुनशरप्रतिकर्कशाभिः ।

मेघाः स्रवन्ति बलदेवपटप्रकाशाः

शक्रस्य मौक्तिकनिधानमिवोद्गिरन्तः ।।४५।।

अन्वय—बलदेवपटप्रकाशाः, मेघाः, आर्यजनचित्तसुनिर्मलाभिः, अर्जुनशरप्रतिकर्कशाभिः, चण्डाभिः, धाराभिः, शक्रस्य, मौक्तिकनिधानम्, उद्गिरन्तः, इव, स्रवन्ति ।।४५।।

पदार्थः-बलदेव०=बलदेव जी के वस्त्रो के समान कान्ति वाले अर्थात् नीले, आर्यजन०=आर्यों या सज्जनो के चित्त के समान विमल, अर्जुन०=अर्जुन के तीरों के तुल्य कठोर, चण्डाभिः=तीखी, धाराभिः=धाराओ के द्वारा, शक्रस्य=इन्द्र के, मौक्तिकनिधानम्=मोतियो के कोष या खजाने को, उद्गिरन्तः=उगलते या बिखेरते हुए, स्रवन्ति=झर रहे हैं ।

अनुवाद—बलराम के वस्त्र के समान कान्ति वाले मेघ सज्जनों के चित्त के तुल्य विमल, अर्जुन के बाणों के सदृश कठोर एवं तीक्ष्ण धाराओं से मानों इन्द्र के मुक्ता कोष को बिखराते हुए झर रहे हैं ।

संस्कृत टीका-बलदेवपटप्रकाशाः=बलरामवस्त्रवन्नीलाः, मेघाः=जलदाः

आर्यजन० = साधुजनान्त करणविमलाभिः, अर्जुनशर० = पार्थबाणसदृशकठिनाभिः, चण्डाभि = तीक्ष्णाभिः, धाराभि = वृष्टिभि, शक्रस्य = इन्द्रस्य, मौक्तिकनिधानम्, = मुक्तानिधिम्, उद्गिरन्त = नि सारयन्त, इव, स्रवन्ति = वर्षन्ति ।

समास एव व्याकरण—(१) बलदेव०-बलदेवस्य पटवत् प्रकाश येषाम् तादृशा । आर्यजन० = आर्यजनस्य चित्तवत् सुनिर्मला तादृशीभि । अर्जुनशर० = अर्जुनस्य शरवत् प्रतिकर्कशाभि । मौक्तिक०-मौक्तिकानाम् निधानम् ।(२) उद्गिरन्त - उद् + गी + लट् (शतृ) । स्रवन्ति-स्रु + लट् ।

विवृति

(१) प्रस्तुत श्लोक मे मालोपमालङ्कार है, उत्प्रेक्षालङ्कार, लुप्तोपमालङ्कार हैं (२) वसन्ततिलका छन्द है। लक्षण-"उक्ता वसन्ततिलका तभजाजगौग ।" (३) मेघा स्रवन्ति इस बात की समाप्ति होने पर भी चतुर्थ चरण के उपादान होने के कारण समाप्तपुनरात्तता दोष है ।

प्रिये, पश्य पश्य ।

प्रिये ! देखो ! देखो !

एतै पिष्टतमालवर्णकनिभैरालिप्तमम्भोधरै
सासक्तैरुपवीजित सुरभिभि शीतै प्रदोषानिलै. ।
एषाम्भोदसमागमप्रणयिनी स्वच्छन्दमभ्यागता
रक्ता कान्तमिवाम्बर प्रियतया विद्युत्समालिङ्गति ।।४६।।

अन्वय—अम्भोदसमागमप्रणयिनी, स्वच्छन्दम, आगता, रक्ता, प्रियतमा, इव, एषा विद्युत्, पिष्टतमालवर्णकनिभै, एतै, अम्भोधरै, आलिप्तम्, ससक्तै, सुरभिभि, शीतै, प्रदोषानिलै, उपवीजितम्, च कान्तम्, इव, अम्बरम्, समालिङ्गति ।।४६।।

पदार्थ—अम्भोद० = मेघो के समागम की इच्छुक अथवा मेघोदय के कारण प्रियतम की इच्छा वाली, स्वच्छन्दम = अपनी इच्छानुसार, आगता = आई हुई, रक्ता = रक्त वर्ण वाली अथवा अनुरागवाली, प्रियतमा = प्रेयसी, इव = जैसी, एषा = यह, विद्युत = बिजली, पिष्टतमाल० = पिसे हुए तमाल के रग के सदृश, एतै = इन, अम्भोधरै = मेघो से, आलिप्तम् = लेपन किये हुये, ससक्तै = सदा बहने वाली, सुरभिभि = सुगन्धियो से, शीतै = शीतल, प्रदोषानिलै = सायङ्कालीन पवन से, उपवीजितम् = पखा डुलाई गई, च = और, कान्तमिव = प्रेमी की भाति, अम्बरम् = आकाश को समालिङ्गति = अपने अङ्गो से लिपटा रही है ।

अनुवाद—मेघ के समागम से प्रेम करने वाली (प्रियतमा-पक्ष मे बादल के उमडने से उत्कण्ठित), स्वेच्छा से आई हुई, रक्तवर्ण वाली (प्रियतमा-पक्ष मे अनुरक्त) प्रियतमा के सदृश यह बिजली पिसे हुए तमाल के लेप के समान इन मेघो से अनु-

लिप्त (आच्छन्न) कान्त-पक्ष मे कस्तूरी आदि अंगरागो से आलिप्त) घनीभूत, सुगन्धित एव शीतल सायकालिक समीरण से पंखा झले जाते हुए प्रियतम सदृश आकाश का आलिङ्गन कर रही है।

संस्कृत टीका—अम्भोद०=मेघोदयस्नेहशालिनी, स्वच्छन्दम्=स्वेच्छया, आगता=प्राप्ता उदिता वा, रक्ता=अनुरागिणी रक्तवर्णा वा, प्रियतमा=प्रेयसी, इव=यथा, एषा=इयम्, विद्युत्=तडित्, पिष्टतमाल०=पाषाणमर्दिततमालपत्र-विलेपनसदृशैः,एतैः=एभिः अम्भोधरैः=जलदैः,आलिप्तम=अनुलिप्तम्,सघनैः=घनीभूतैः, सुरभिभिः=सुगन्धिभिः, शीतैः=शीतलैः, प्रदोषानिलैः=सायन्तनपवनैः, उपवीजितम्=विहितव्यजनम्, च, कान्तम्=प्रणयिनम्, इव=यथा, अम्बरम्=गगनम्, समालिङ्गति=आश्लिष्यति व्याप्नोति वा ॥

समास एवं व्याकरण—(१) अम्भोद०=अम्भोदेन सह समागम. तस्मिन् प्रणयिनी (नायिका पक्षे—अम्भोदस्य समागमात् प्रणयिनी)। पिष्टतमाल०-पिष्टम् यत् तमालवर्णकम् तन्निभैः (२) अम्भोधरैः-धरन्तीति धराः, धृ+अच्, अम्भसः धराः अम्भोधराः (ष० त०), तैः

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य में विद्युत मे नायिका के व्यापारो का आरोप किया गया तथा उसके आकाश (नायक) का आलिङ्गन करने का वर्णन किया गया है।'आलिप्त एव 'उपवीजित' शब्दो से ज्ञात होता है कि नायक (आकाश) काम ज्वर से पीडित है। (२) जिस प्रकार कोई कामिनी सङ्गम की इच्छा से सुगन्धित एवं सुसज्जित प्रियतम का आलिङ्गन करती है वैसे ही बिजली भी प्रियतम—आकाश का आलिङ्गन कर रही है। इसी प्रकार वसन्तसेना भी आलिङ्गन करे, यह ध्वनित होता है। (३) 'वर्णक स्याद्विलेपनम्' इत्यमर.। (४) प्रस्तुत श्लोक में उपमालङ्कार है। (५) आकाश मे नायक के व्यापार का तथा बिजली मे नायिका के व्यापार का आरोप करने के कारण समासोक्ति अलङ्कार है। (६) श्लोक के प्रथम चरण में लुप्तोपमालङ्कार है। (७) 'कान्तमिव' मे श्रौती उपमालकार है। (८) शार्दूलविक्रीडित छन्द है। लक्षण-"सूर्याश्वैर्यदि मः सजौ सततगाः शार्दूलविक्रीडितम्।"

(वसन्तसेना शृंगार भाव नाटयन्ती चारुदत्तमालिङ्गति।)

[वसन्तसेना शृंगार भाव का अभिनय करती हुई चारुदत्त का आलिङ्गन करती है।]

चारुदत्तः—(स्पर्शं नाटयन्प्रत्यालिङ्ग्य।)

चारुदत्त–[स्पर्श का अभिनय करते हुए बदले में आलिङ्गन करके।]

भो मेघ! गम्भीरतरं नद त्वं तव प्रसादात्स्मरपीडितं मे।
सस्पर्शरोमाञ्चितजातरागं कदम्बपुष्पत्वमुपैति गात्रम् ॥४७

अन्वयः—भो मेघ ! त्वं गम्भीरतरम्, नद, तव, प्रसादात्, स्मरपीडितम्, म, गात्रम्, स्पर्शरोमाञ्चितजातरागम्, (सत्), कदम्बपुष्पत्वम्, उपैति ॥४७॥

पदार्थ—भो मेघ !=ऐ बादल !, त्वम्=तू, गम्भीरतरम्=और अधिक गम्भीरतापूर्वक, नद=गरज, तव=तेरी, प्रसादात्=कृपा से, स्मरपीडितम्=कामदेव के द्वारा सताया गया, मे=मेरा, गात्रम्=शरीर, स्पर्शरोमाञ्चित०=स्पर्श से (अर्थात् वसन्त सेना के आलिङ्गन से) रोमाञ्चित और उत्पन्न राग या वासना वाला, कदम्बपुष्पत्वम्=कदम्ब के फूल की तुलना को, उपैति=प्राप्त हो रहा है।

अनुवाद—हे मेघ ! तुम और अधिक गम्भीर गर्जन करो, तुम्हारी कृपा से काम पीडित मेरा शरीर (वसन्त सेना के) स्पर्श से रोमाञ्चित एवं उत्पन्न आसक्ति वाला (होकर) कदम्ब पुष्प की समानता को प्राप्त हो रहा है।

संस्कृत टीका—हे मेघ ! हे पयोद ! त्वम्=भवान्, गम्भीरतरम्=घोरतरम्, नद=गर्ज, तव=ते, प्रसादात्=अनुग्रहात्, स्मरपीडितम्=कामसन्तप्तम्, मे=मम, गात्रम्=शरीरम्, स्पर्शरोमाञ्चित०=वसन्तसेनाश्लेषपुलकितोत्पन्नानुरागम्, (सत्), कदम्बपुष्पत्वम्=नीपकुसुमत्वम्, उपैति=प्राप्नोति ॥

समास एवं व्याकरण—(१) स्मरपीडितम्=स्मरेण पीडितम्। स्पर्श०=सरपर्शेण रोमाञ्चितम् तस्मात् जात अनुराग यस्मिन् तथा भूतम्। कदम्बपुष्पत्वम्-कदम्बस्य पुष्पत्वम्। (२) रोमाञ्चित-रोमाञ्च+इतच्। उपैति-उप+इ+लट्। पीडित-पीड्+क्त।

विवृति

(१) यहाँ कदम्ब पुष्प के रूप से बिम्बानुबिम्ब दर्शन के कारण निदर्शनालङ्कार है। (२) वह सादृश्य आक्षेप के कारण असम्भवद्वस्तु सम्बन्धरूप है।

'सम्भवन्वस्तुसम्बन्ध. असम्भवन्वापि कुत्रचित्। बिम्बानुबिम्बत्वम् बोधयेत् सा निदर्शना।" सा० द० ॥ (३) उपजाति छन्द है।

विदूषक—दास्याः पुत्र दुर्दिन, अनार्यं इदानीमसि त्वम्, यदत्रभवती विद्युता भीषयसि। [दासीए पुत्त दुद्दिण, अणज्जो दाणिं सि तुमम्, ज अत्तभोदिं विज्जुआए भाआवेसि।]

विदूषक—दासी के पुत्र दुर्दिन ! तुम अशिष्ट हो, जो इस समय माननीया (वसन्त सेना) को बिजली से डरा रहे हो।

चारुदत्त—वयस्य, नार्हस्युपालब्धुम्।

चारुदत्त-मित्र ! (दुर्दिन को) उलाहना देना उचित नहीं।

वर्षशतमस्तु दुर्दिनमविरतधारं शतह्रदा स्फुरतु।

अस्मद्विधदुर्लभया यदहं प्रियया परिष्वक्तः ॥४८॥

अन्वय-अविरतधार, दुर्दिन, वर्षशतम्, अस्तु, शतह्रदा, स्फुरतु, यत्, अहम्,

अस्मद्विधदुर्लभया, प्रियया, परिष्वक्तः ॥४८॥

पदार्थ—अविरतधारम्=जिसमे निरन्तर जल की धारायें हो, दुर्दिनम्=बदली, वर्षशतम्=सौ वर्ष, शतह्रदा=विद्युत्, स्फरतु=चमके, अस्मद्विध०=हम जैसे गरीबो के लिये दुर्लभ, परिष्वक्तः=आलिङ्गनबद्ध ।

अनुवाद—निरन्तर धाराओ से युक्त दुर्दिन सौ वर्ष तक रहे । विद्युत् चमकती रहे क्योकि मैं, हमारे जैसे (अकिञ्चन्) के लिए दुर्लभ प्रियतमा के द्वारा आलिङ्गित हुआ हूँ ॥

संस्कृत टीका—अविरतधारम्=अविच्छिन्नवर्षम्, दुर्दिनम्=मेघाच्छन्नमहः, वर्षशतम्=बहुकालम्, अस्तु=भवतु, शतह्रदा=तडित्, स्फरतु=स्फुरणम् करोति, यत्=यस्मात्, अहम्=चारुदत्त, अस्मद्विध०=अस्मादृशदुष्प्रापया, प्रियया=वसन्तसेनया, परिष्वक्त=आलिङ्गित ।

समास एवं व्याकरण—(१) अविरतधारम्—अविरता धारा. यस्मिन् तादृशम् । वर्षशतम=वर्षाणाम् शतम् । अस्मद्विध०=अस्मद्विधानाम् दुर्लभया । (२) अस्तु-अस्+लोट् । स्फुरतु-स्फुर्+लोट् । परिष्वक्त—परि+ष्वञ्ज्+क्त । (३) शतह्रदा-शतम् ह्रादा यस्या सा ।

विवृति

(१) आर्या छन्द है । लक्षण—"यस्या पादे प्रथमे द्वादशमात्रास्तया तृतीयेऽपि । अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश साऽऽर्या ॥"

अपि च । वयस्य,

और भी, मित्र ।

धन्यानि तेषा खलु जीवितानि ये कामिनीना गृहमागतानाम् ।
आर्द्राणि मेघोदकशीतलानि गात्राणि गात्रेषु परिष्वजन्ति ॥४९॥

अन्वय—तेषा, जीवितानि, खलु, धन्यानि, ये, गृहम्, आगताना, कामिनीनां, मेघोदकशीतलानि, गात्राणि, गात्रेषु, परिष्वजन्ति ॥४९॥

पदार्थ—जीवितानि=जीवन, खलु=निश्चय ही, धन्यानि=कृतार्थ, आगतानाम्=आई हुई, कामिनीनाम्=कामपीडिताओं के मेघोदकशीतलानि=बादल के जल से शीतल, गात्राणि=अङ्गों को, परिष्वजन्ति=आलिङ्गनबद्ध करते हैं ।

अनुवाद—उनके जीवन निश्चय ही सफल हैं जो घर में आई हुई रमणियों के बादल के जल से शीतल अङ्गों मे (भर कर) आलिंगन करते हैं ।

संस्कृत टीका—तेषाम्=जनानाम्, जीवितानि=जीवनानि, खलु=निश्चयेन, धन्यानि=सफलानि, कृतार्थानि वा, ये=जना, गृहम्=भवनम्, आगतानाम्=प्राप्तानाम्, कामिनीनाम्=कामार्तानाम्, मेघोदकशीतलानि=वारिदवारिशीतानि, गात्राणि=

अगानि, गात्रेषु = अंगेषु, परिष्वजन्ति = गाढमाश्लिष्यन्ति ।

समास एवं व्याकरण—(१) मेघोदक०—मेघोदकेन शीतलानि इति । (२) परिष्वजन्ति–'ष्वञ्ज्' धातु आत्मनेपदी है किन्तु यहाँ पर परस्मैपद में प्रयोग हुआ है। सम्भवतः 'अनुदात्तेत्त्वलक्षणम् आत्मनेपदम् अनित्यम्' परिभाषा के कारण ऐसा हुआ है । परि+ष्वञ्ज्+लट् । जीवितानि–जीव+क्त । कामिनी–काम+इनि+ङीप् । भूयान् कामः यस्याः सा कामिनी तासाम् ।

विवृति

(१) श्लोक में अप्रस्तुत प्रशंसा अलकार है । (२) इन्द्रवज्रा छन्द है । लक्षण—"स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ ग ।"

प्रिये वसन्तसेने,

प्रिय वसन्तसेना !

स्तम्भेषु प्रचलितवेदिसचयान्तं
शीर्णत्वात्कथमपि धार्यते वितानम् ।
एषा च स्फुटितसुधाद्रवानुलेपा–
त्संक्लिन्ना सलिलभरेण चित्रभित्तिः ॥५०॥

अन्वयः–प्रचलितवेदिसञ्चयान्तं, वितानम्, शीर्णत्वात्, स्तम्भेषु, कथमपि, धार्यते । एषा चित्रभित्तिः, च, स्फुटितसुधाद्रवानुलेपात्, सलिलभरेण, संक्लिन्ना, (जाता) ॥५०॥

पदार्थः–प्रचलित० = वेदिका के समूह में जिसका छोर हिल रहा है, वितानम् = चँदोवा, शीर्णत्वात् = अत्यन्त जीर्ण होने से, स्तम्भेषु = खम्भों पर, कथमपि = किसी प्रकार से धार्यते = धारण किया जाता है, चित्रभित्ति = चित्रों से युक्त दीवाल, स्फुटित० = गले हुये चूने की पुताई के घुल जाने से, सलिलभरेण = जल के वेग से, संक्लिन्ना = भीगी हुई ॥

अनुवाद—वेदी के समूह में हिलते हुए छोर वाला चँदोवा जर्जर हो जाने के कारण खम्भों पर किसी प्रकार धारण किया जा रहा है । और यह चित्रित दीवाल चूने की पुताई के गल जाने से जल के वेग के कारण पूर्णतया भीगी हो गयी है ।

संस्कृत टीका – प्रचलित० = कम्पितवेदिसमूहप्रान्तभागम्, वितानम् = चन्द्रातप, शीर्णत्वात् = जीर्णत्वात्, स्तम्भेषु = स्थूणासु, कथमपि = कठिनतया, धार्यते = स्थाप्यते । एषा = इयम्, चित्रभित्ति = चित्रकुड्यम्, च, स्फुटित० = गलितसुधाचूर्णविलेपनात्, सलिलभरेण — जलवेगेन, संक्लिन्ना = आर्द्रा, (जाता) ॥

समास एवं व्याकरण—(१) प्रचलित०–प्रचलित. वेदिसचये अन्त. यस्य तथाभूतम् । स्फुटित०–स्फुटित. य. सुधाद्रवः तस्य अनुलेपात् । सलिलभरेण–

सलिलस्य भरेण । (२) क्षीर्णत्वात्—क्षृ+क्त+त्व । सक्लिन्ना-सम्+क्लिद्+क्त+टाप् ।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य मे प्रहर्षिणी छन्द है । लक्षण—"याशाभिर्मनजरगा प्रहर्षिणीयम् ।"

(उर्ध्वमवलोक्य ।) अये इन्द्रधनुः । प्रिये, पश्य पश्य ।

[ऊपर की ओर देखकर] अरे ! इन्द्रधनुष ! प्रिये ! देखो ! देखो !

विद्यु ज्जिह्वनेदं महेन्द्रचापोच्छ्रितायतभुजेन ।
जलधरविवृद्धहनुना विजृम्भितमिवान्तरिक्षेण ॥५१॥

अन्वय—विद्युज्जिह्वेन, महेन्द्रचापोच्छ्रयायतभुजेन, जलधर विवृद्धहनुना, अन्तरिक्षेण, विजृम्भितम्, इव ॥५१॥

पदार्थ—विद्युज्जिह्वेन=बिजली ही जिसकी जीभ है, महेन्द्र०=इन्द्रधनुष रूपी ऊपर उठी हुई एव लम्बी बाहु वाले, जलधर०=मेघ रूपी बढ़ी हुई ठुड्डी है जिसकी, अन्तरिक्षेण=आकाश के द्वारा, विजृम्भितम्=मानो जम्भाई ली गयी ।

अनुवाद-तडित् रूपी जिह्वा वाले, इन्द्रधनुष रूपी उन्नत एव विशाल बाहु वाले तथा मेघ रूपी बढ़ी हुई ठोढी वाले आकाश ने मानो जमुहाई ली है । ·

संस्कृत टीका—विद्युज्जिह्वेन=तडिद्रसनेन, महेन्द्र०=इन्द्रकोदण्डोन्नतविशालभुजेन, जलधर०=मेघलम्बितचिबुकेन, अन्तरिक्षेण=आकाशेन, विजृम्भितम्=मुखव्यादानम्, इव (कृतम्) ॥

समास एवं व्याकरण—(१) विद्युज्जिह्वेन विद्युद् एव जिह्वा यस्य तादृशेन । महेन्द्र०—महेन्द्रचापम् एव उच्छ्रितो आयतो च भुजो यस्य तादृशेन । जलधर०—जलधरः एव विवृद्धा हनुः यस्य तादृशेन ।

विवृति

(१) रूपक और उत्प्रेक्षालङ्कार है । (२) 'विद्युत्' आदि मे जिह्वा आदि का आरोप होने से रूपकालङ्कार है । (३) आर्या छन्द है । (४) "गतानाशम् तारा० ।" ५/२५ ॥ और "पतन्ति चन्द्रव्यसनात् ।" ५/४४ ॥ मे ताराओं एव चन्द्र का वर्णन कर ५/५१ ॥ मे इन्द्रधनुष का वर्णन असङ्गत प्रतीत होता है क्योंकि इन्द्रधनुष दिन मे ही दिखलाई देता है । (५) कुछ टीकाकारों के मत मे समासोक्ति अलङ्कार भी है ॥

तदेहि । अभ्यन्तरमेव प्रविशाव. (इत्युत्थाय परिक्रामति ।)

अत. आओ ! अन्दर ही प्रवेश करें ! [उठकर घूमता है ।]

तालीषु तार विटपेषु मन्द्र शिलासु रुक्ष सलिलेषु चण्डम् ।
संगीतवीणा इव ताड्यमानास्तालानुसारेण पतन्ति धारा· ॥५२॥

अन्वय –धारा , तालीषु, तार विटपेषु, मन्द्र, शिलासु, रुक्ष, सलिलेषु, चण्डम्, ताड्यमाना , संगीतवीणाः, इव, तालानुसारेण, पतन्ति ॥५२॥

पदार्थ –धारा =जल की धारायें, तालीषु=ताल के पत्तो पर अथवा वनो पर, तारम्=ऊँचे स्वर से, विटपेषु=वृक्षो की डालियो पर, मन्द्रम्=गम्भीर, शिलासु=चट्टानो पर, रुक्षम=कर्कश, ताड्यमाना =बजायी जाती हुयी, चण्डम्=तीक्ष्ण, तालानुसारेण=उच्चमन्दकठोरादिस्वरो के अनुसार, पतन्ति=गिर रही हैं ।

अनुवाद —जलधारायें ताल के पत्तो पर उच्चता से, वृक्षो की शाखाओ पर गम्भीरता से चट्टानो पर कर्कशता से और जल मे तीक्ष्णता से आहत होती हुई सङ्गीत की वीणा के सदृश तालस्वरानुसार गिर रही हैं ।।

संस्कृत टीका– धारा =जलधारा , तालीषु=तालपत्रेषु, तारम्=उच्चैः, विटपेषु=वृक्षशाखासु मन्द्रम्=गम्भीरम शिलासु=पाषाणेषु, रुक्षम्=अतिकठिनम्, सलिलेषु=वारिषु, चण्डम्=तीव्रम्, ताड्यमाना =वाद्यमाना , सङ्गीतवीणा =सङ्गीततन्त्र्य·, इव, तालानसारेण=तालानुकूलेन, पतन्ति=क्षरन्ति ॥

समास एव व्याकरण—(१) सङ्गीतवीणा –सङ्गीतस्य वीणाः । तालानुसारेण- तालस्य अनसारेण । (२) ताड्यमाना –तड्+णिच्+शानच+टाप् । धारा –धृ+णिच्+अच्+टाप् । पतन्ति–पत्+लट् ।

(१) प्रस्तुत पद्य म उपमालङ्कार है । (२) उपजाति छन्द है । (३) जिस प्रकार वीणा उच्च, मन्द, तीक्ष्णादि स्वरो से बजाई जाती है उसी प्रकार जलधारायें विभिन्न स्थानो म तालस्वरानुसार गिर रही हैं । (४) इस अङ्क का विस्तृत दुर्दिन वर्णन कवि ने विशेष सतर्कता के साथ नही किया है । स्थान, समय आदि का विचार उसे नहीं रहा है । कवि ने सभी प्रकार के दुर्दिनो का वर्णन प्रस्तुत किया है ।

(इति निष्क्रान्ता सर्वे ।)

[सब निकल जाते हैं ।]

दुर्दिनो नाम पञ्चमोऽङ्कः ।

दुर्दिन नामक पञ्चम अङ्क समाप्त ।

षष्ठोऽङ्कः ।

छठा अङ्क ।

(ततः प्रविशति चेटी ।)

[तत्पश्चात् चेटी प्रवेश करती है ।]

चेटी— कथमद्याप्यार्या न विबुध्यते । भवतु । प्रविश्य प्रतिबोधयिष्यामि [कध अज्ज वि अज्जआ ण विबुज्झदि । भोदु । पविसिअ पडिबोधइस्सम् ।] (इति नाट्येन परिक्रामति ।)

चेटी— क्या अब भी आर्या (वसन्तसेना) नहीं जाग रही हैं ? अच्छा, प्रवेश करके जगा दूँगी । [अभिनयपूर्वक घूमती है] ।

(तत प्रविशत्याच्छादितशरीरा प्रसुप्ता वसन्तसेना ।)

[तत्पश्चात् ढके हुये शरीर वाली सोई हुई वसन्तसेना प्रवेश करती है ।]

चेटी— उत्तिष्ठत्तूत्तिष्ठत्वार्या । प्रभात सवृत्तम् । (निरूप्य ।) [उत्येदु उत्येदु अज्जआ । पभाद सवुत्तम् ।]

चेटी— [देख कर] आर्ये ! उठिये ! उठिये ! प्रात काल हो गया ।

वसन्तसेना— कथ रात्रिरेव प्रभात सवृत्तम् । (प्रतिबुद्ध्य ।) [कध रत्ति ज्जेव पभाद सवुत्तम् ।]

वसन्तसेना— [जागकर] क्या रात ही प्रात हो गयी ?

चेटी— अस्माकमेतत्प्रभातम् । आर्याया पुना रात्रिरेव । [अम्हाण एसो पभादो । अज्जआए उण रत्ति ज्जेव ।]

चेटी— हमारा तो यह प्रात काल है । किन्तु आर्या (आप) की रात्रि ही है

वसन्तसेना— चेटि, कुतः पुनर्युष्माक द्यूतकर । [हञ्जे, कहिं उण तुम्हाण जूदिअरो ।]

वसन्तसेना— चेटी ! कहाँ हैं तुम्हारे द्यूतकर (आर्यचारुदत्त) ?

चेटी— आर्ये,वर्धमानक समादिश्य पुष्पकरण्डक जीर्णोद्यान गत आर्यचारुदत्त ।

[अज्जए, वड्ढमाणअ समादिसिअ पुप्फकरण्डअ जिण्णुज्जाण गदो अज्ज-चारुदत्तो ।]

चेटी— आर्ये ! वर्धमानक को आदेश देकर आर्य चारुदत्त पुष्पकरण्डक (नामक) पुरातन उपवन में गये हैं ।

वसन्तसेना— किं समादिश्य । [किं समादिसिअ ।]

वसन्तसेना— क्या आदेश देकर ?

चेटी— योजय रात्रौ प्रवहणम्, वसन्तसेना गच्छत्विति । [जोएहि रत्तीए पवहणम्, वसन्तसेना गच्छदुत्ति ।]

चेटी— रात्रि मे बैल गाड़ी ठीक कर लो (जिससे) वसन्तसेना चली जाय।

वसन्तसेना— चेटि, कुत्र मया गन्तव्यम्। [हञ्जे कहिं मए गन्तव्वम्।]

वसन्तसेना— चेटी ! मुझे कहा जाना है ?

चेटी— आर्ये, यत्र चारुदत्त। [अज्जए, जहिं चारुदत्तो।]

चेटी— आर्ये ! जहा चारुदत्त है ?

वसन्तसेना— चेटि, सुष्ठु न निध्यातो रात्रौ। तदद्य प्रत्यक्षं प्रेक्षिष्ये। चेटि, किं प्रविष्टाहमिहाभ्यन्तरचतुःशालकम्। (चेटी परिष्वज्य।) [हञ्जे, सुट्ठु ण णिज्झाइदो रत्तीए। ता अज्ज पच्चक्खं पेक्खिस्सम्। हञ्जे, किं पविट्ठा अहं इह अब्भन्तरचदुस्सालअम्।]

वसन्तसेना— [चेटी का आलिङ्गन करके] चेटी ! रात्रि मे (उन्हे) भली भाँति नही देखा था ? अत आज प्रत्यक्ष देखूँगी। चेटी ! क्या मैं यहाँ भीतरी चतुःशाला (या अन्तःपुर) मे प्रविष्ट हो गई हूँ।

चेटी— न केवलमभ्यन्तरचतुःशालकम्। सर्वजनस्यापि हृदयं प्रविष्टा। [ण केवलं अब्भन्तरचदुस्सालअम्। सव्वजणस्स बिहिअअं पविट्ठा।]

चेटी— न केवल भीतरी चतुःशाला मे ही (किन्तु) सभी लोगो के हृदय मे भी प्रविष्ट हो गई हो।

वसन्तसेना— अपि सतप्यते चारुदत्तस्य परिजन। [अवि सतप्पदि चारुदत्तस्स परिअणो।]

वसन्तसेना— क्या चारुदत्त का परिवार (हमारे आगमन से) दुःखी है ?

चेटी— सतप्स्यति। [सतप्पिस्सदि।]

चेटी— दुःखी होगा।

वसन्तसेना— कदा। [कदा।]

वसन्तसेना— कब ?

चेटी— यदार्या गमिष्यति। [जदो अज्जआ गमिस्सदि।]

चेटी— जब आर्या चली जायेंगी।

वसन्तसेना— तदा मया प्रथमं सतप्तव्यम्। चेटि, गृहाणैमा रत्नावलीम्। मम भगिन्या आर्याधूतायै गत्वा समर्पय। वक्तव्यं च— अहं श्रीचारुदत्तस्य गुणनिर्जिता दासी, तदा युष्माकमपि। तदेषा तवैव कण्ठाभरणं भवतु रत्नावली'। [तदो मए पढमं सतप्पिदव्वम्। (सानुनयम्।) हञ्जे, गण्ह एदं रअणावलिम्। मम बहिणीआए अज्जाधूदाए गदुअ समप्पेहि। भणिदव्वं च— 'अहं सिरिचारुदत्तस्स गुणणिज्जिदा दासी, तदा तुम्हाणं पि। ता एसा तुह ज्जेव कण्ठाहरणं होदु रअणावली।]

वसन्तसेना— तब (चारुदत्त के परिवार से पृथक् होने पर) मुझे पहले सतप्त

होना है (विनय सहित) चेटि ! इस रत्नावली को ले जो, जाकर मेरी बहिन आर्या धूता को समर्पित कर दो और कहना— "मैं श्री चारुदत्त के गुणों से वशीभूत दासी हूँ, तब आपकी भी (दासी हूँ) । अतः यह रत्नावली आपके ही कण्ठ का आभूषण होवे ।"

चेटी— आर्ये, कुपिष्यति चारुदत्त आर्यायै तावत् । [अज्जए, कुपिस्सदि चारुदत्तो अज्जाए दाव ।]

चेटी— आर्ये ! तब चारुदत्त आर्या पर कुपित होंगे ।

विवृति

(१) चेटी– चारुदत्त की सेविका । (२) विबुध्यते=जाग रही है । (३) प्रतिबोधयिष्यामि=जगाऊँगी । (४) पुष्पकरण्डकम्=उद्यान का नाम, जिसका अर्थ होता है पुष्पों की डलिया । करण्ड: यस्मिन् तत् करण्डकम्, पुष्पाणाम् करण्डकम्, इति । (५) रात्रिरेव प्रभातम् संवृत्तम्=रात ही प्रभात हो गयी । अर्थात् रात्रि को ही प्रभात कहा जाता है क्या ? (६) अस्माकम् एवत्=हमारा तो यह प्रभात है । (७) परिष्वज्य=आलिङ्गन करके । (८) निध्यातः=देखे गये । (९) संतप्तव्यम्=दुखी होना । (१०) अपि संतप्यते=क्या खिन्न है ? (११) गुणनिर्जिता= गुणों से वश मे की गई । (१२) कण्ठाभरणम्=गले का आभूषण । (१३) कुपिष्यति=अप्रसन्न होंगे । (१४) परि+ष्वञ्ज्+क्त्वा→ल्यप्=परिष्वज्य । निध्यातः— नि+ध्यै+क्त । संतप्तव्यम्=सम्+तप्+तव्यत् । निर्जिता— निर्+जि+क्त+टाप् । गुणैः निर्जिता इति गुणनिर्जिता ।

वसन्तसेना— गच्छ । न कुपिष्यति । [गच्छ । ण कुपिस्सदि ।]

वसन्तसेना— जाओ । नहीं कुपित होंगे ।

चेटी– (गृहीत्वा ।) यदाज्ञापयति । आर्ये, भणत्यार्या धूता–आर्यपुत्रेण युष्माकं प्रसादीकृता । न युक्तं ममैतां ग्रहीतुम् । आर्यपुत्र एव ममाभरणविशेष इति जानातु भवती । [जं अज्जा आणवेदि । (इति निष्क्रम्य पुनः प्रविश्य ।) अज्जए, भणादि अज्जा धूदा— 'अज्जउत्तेण तुम्हाणं पसादीकिदा । ण जुत्तं मम एदं गेण्हिदुम् । अज्जउत्तो ज्जेव मम आहरणविसेसो त्ति जाणादु भोदी' ।]

चेटी— [लेकर] जो आज्ञा करती हैं । (बाहर निकल कर पुनः प्रविष्ट होती है) आर्ये ! आर्याधूता कहती हैं— "आर्यपुत्र ने आपको (यह रत्नावली) प्रसन्न होकर प्रदान की है, (अतः) मेरा इसे लेना उचित नहीं है । आर्यपुत्र ही मेरे विशेष आभूषण हैं, यह आप जान लें ।"

(ततः प्रविशति दारकं गृहीत्वा रदनिका ।)

[तदनन्तर बालक को लेकर रदनिका प्रवेश करती है ।]

रदनिका— एहि वत्स, शकटिकया क्रीडाव । [एहि वच्छ, सअडिआए कीलम्ह।]

रदनिका— आओ बेटे ! (हम दोनों) गाडी से खेलते हैं।

दारक :— रदनिके, किं ममैतया मृत्तिकाशकटिकया। तामेव सौवर्णशकटिकां देहि। [(सकरुणम्।) रदणिए, किं मम एदाए मट्टिआसअडिआए। तज्जेव सोवण्णसअडिअं देहि।]

दारक :— [करुणा सहित] रदनिके ! मुझे इस मिट्टी की गाडी से क्या (करना)? वही सोने की गाडी दो।

रदनिका— जात, कुतोऽस्माकं सुवर्णव्यवहारः। तातस्य पुनरपि ऋद्ध्या सुवर्णशकटिकया क्रीडिष्यसि। तद्यावद्विनोदयाम्येनम्। आर्याया वसन्तसेनायाः समीपमुपसर्पिष्यामि। आर्ये, प्रणमामि। [(सनिर्वेदं निःश्वस्य।) जाद, कुदो अम्हाणं सुवण्णववहारो। तादस्स पुणोवि रिद्धीए सुवण्णसअडिआए कीलिस्ससि। ता जाव विणोदेमि णम्। अज्जआ वसन्तसेणाए समीवं उवसप्पिस्सम् (उपसृत्य) अज्जए, पणमामि।]

रदनिका— [दुःखपूर्वक लम्बी साँस लेकर] पुत्र ! हमारे यहाँ सोने का व्यवहार कहाँ? (अपने) पिता जी के पुनः समृद्धि से (युक्त होने पर) सोने की गाडी से खेलना। तो जब तक इसको बहलाती हूँ। आर्या वसन्तसेना के पास चलूँगी ! आर्ये ! प्रणाम करती हूँ।

वसन्तसेना— रदनिके, स्वागतं ते। कस्य पुनरयं दारकः। अनलङ्कृतशरीरोऽपि चन्द्रमुख आनन्दयति मम हृदयम्। [रदणिए, साअदं दे। कस्स उण अअं दारओ। अणलंकिदसरीरो वि चन्दमुहो आणन्देदि मम हिअअम्।]

वसन्तसेना— रदनिके ! तुम्हारा स्वागत है। यह बालक किसका है? आभूषणहीन शरीर होने पर भी चाँद-सा मुखड़ा (यह) मेरे हृदय को आनन्दित कर रहा है।

रदनिका— एष खल्वार्यचारुदत्तस्य पुत्रो रोहसेनो नाम। [एसो क्खु अज्जचारुदत्तस्स पुत्तो रोहसेणो णाम।]

रदनिका— यह आर्य चारुदत्त का पुत्र रोहसेन है।

वसन्तसेना— एहि मे पुत्रक, आलिङ्ग। अनुकृतमनेन पितू रूपम्। (बाहू प्रसार्य।) एहि मे पुत्तअ, आलिङ्ग। इत्यङ्के उपवेश्य। अणुकिदं अणेण पिदुणो रूवम्।]

वसन्तसेना— [बाहों को फैला कर] आओ मेरे बेटे ! आलिङ्गन करो। [गोदी में बैठाकर] इसने पिता के रूप का अनुकरण किया है।

रदनिका— न केवलं रूपम्, शीलमपि तर्कयामि। एतेनार्यचारुदत्त आत्मानं विनोदयति। [ण केवलं रूवम्, सीलं पि तक्केमि। एदिणा अज्जचारुदत्तो अत्ताणअं विणोदेदि।]

रदनिका– न केवल रूप ही, स्वभाव भी– (ऐसा मैं) अनुमान करती हूँ। इसम आर्य चारुदत्त अपना विनोद करते हैं।

वसन्तसेना– अथ किंनिमित्तमेष रोदिति। [अध किंणिमित्त एसो रोअदि।]

वसन्तसेना– फिर किसलिये यह रो रहा है ?

रदनिका–एतेन प्रतिवेशिकगृहपतिदारकस्य सुवर्णशकटिकया क्रीडितम। तेन च सा नीता। तत पुनस्ता याचतो मयेय मृत्तिकाशकटिका कृत्वा दत्ता। ततो भणति– 'रदनिके, किं ममैतया मृत्तिकाशकटिकया। तामव सौवर्णशकटिका देहि' इति। [एदिणा पडिवेसिअगहवइदारअकेरिआए सुवण्णसअडिआए कीलिदम्। तेण अ सा णीदा। तदो उण त मग्गन्तस्स मए इअ मट्टिआसअडिया कदुअ दिण्णा। तदो भणादि– 'रदणिए, किं मम एदाए मट्टिआसअडिआए। त ज्जेव सावण्णसअडिअ देहि' त्ति।]

रदनिका– इसने पडोसी गृह-स्वामी के बालक का सोन की गाडी स खेला है और वह उसन ले ली। तब पुन उस (सोन की गाडी) का मांगन पर मैंन यह मिट्टी की गाडी बनाकर दे दी। तभी से यह कह रहा है– 'रदनिके ! मुझे इस मिट्टी की गाडी स क्या ? वही सोन की गाडी दो।'

विवृति

(१) प्रसादीकृता– प्रसन्नतापूर्वक दिया गया। प्रसाद+च्वि+कृ+क्त+टाप्। (२) आभरणविशेष — उत्तम आभूषण, 'भर्त्ता हि परम नार्या भूषणम् भूषणैर्विना'। भारतीय स्त्री का आदर्श व्यक्त हुआ है। (३) दारकम्=बालक को (४) शकटिकया=खेलन की गाडी स। (५) सनिर्वेदम्=दु ख क साथ। (६) सुवर्णव्यवहार=सोना कहाँ ? (७) ऋद्ध्या=धन स। (८) अनलङ्कृतशरीर =आभूषण स रहित शरीर वाला। (९) अनुकृतम्०=नकल किया गया। (१०) प्रतिवेशिकगृहपतिदारकस्य=पडोसी गृह-स्वामी के बच्च को। प्रतिवेश (पडोस) अस्यास्तीति प्रतिवेशी स एव प्रतिवेशिक. प्रतिवेशिक गृहपति, तस्य दारक, प्रति+वश+इनि+कन्+ (११; याचत – माँगते हुए। सम्बन्ध मात्र की विवक्षा म षष्ठी है, नहीं तर दत्त क योग म चतुर्थी होनी चाहिए।

चन्दनक—क्यों तुम्हें सन्देह (उत्पन्न हो गया है)?

विवृति

(१) सभयम्=यहाँ पर 'भ्रंश' नामक नाट्यलक्षण है क्योंकि आर्या कहना चाहिये भय के कारण आर्य कहा गया है। (२) युक्तम्=उचित, युज्+क्त। (३) परिभूता=अपमानित हुई, परि+भू+क्त। (४) संशय=सन्देह, सम्+शी+अच्।

वीरक—

वीरक—

सम्भ्रमघर्घरकण्ठस्त्वमपि जातोऽसि यत्त्वया भणितम्।
दृष्टो मया खल्वार्यः पुनरप्यार्या वसन्तसेनेति॥
[सभमघग्घरकण्ठो तुम पि जादो सि ज तुए भणिद।
दिट्ठो भए खु अज्जो पुणो वि अज्जा वसन्तसेणेत्ति॥२०॥

अन्वय—त्वम् अपि सम्भ्रमघर्घरकण्ठ, जात, असि, यत्, त्वया, (पूर्वम्) भणितम्, मया, खलु, आर्य, दृष्ट, पुनरपि, आर्या, वसन्तसेना इति॥२०॥

पदार्थ—सम्भ्रमघर्घरकण्ठ=घबराहट के कारण घर्घराहटपूर्ण कण्ठ वाले या भरायी हुई आवाज वाले, भणितम्=कहा गया, दृष्ट=देखा गया।

अनुवाद—तुम भी घबराहट के कारण घर्घर ध्वनि से युक्त कण्ठ वाले हो गये हो क्योंकि तुमने (पहले) कहा (कि) मैंने आर्य को देखा (तथा बाद में) आर्या वसन्तसेना (देख ली) ऐसा कहा॥

संस्कृत टीका—त्वम्=चन्दनक, अपि सम्भ्रमघर्घरकण्ठ=उद्वेगेन घर्घरस्वर, जात=सम्पन्न, असि=वर्तसे, यत्=यस्मात्, त्वया=चन्दनकेन, भणितम्=कथितम्, मया, खलु=अवश्यम्, आर्य=पुरुष विशेष, दृष्ट=अवलोकित, पुनरपि=भूयोऽपि, आर्या=मान्या, वसन्तसेना, इति=इत्थम्॥

समास एवं व्याकरण—(१) सम्भ्रम०–सम्भ्रमेण घर्घर कण्ठ यस्य तादृश । (२) जात —जन् + क्त । असि—अस् + लट् । भणितम —भण् + क्त । दृष्ट—दृश् + क्त ।

विवृति

(१) वीरक के कथन का तात्पर्य यह है कि इन दोनो परस्पर-विरोधी वाक्यो का तथा तेरी आकृति से मुझे सन्देह हो गया है । (२) प्रस्तुत पद्य मे गीति छन्द है । लक्षण—'आर्याप्रथमार्द्धसम यस्या॰ अपरार्द्धमाह ता गीतिम् ॥'

अत्र मेऽप्रत्यय । [एत्थ मे अप्पच्चओ ।]

यही पर मुझे विश्वास नही है ।

चन्दनक —अरे, कोऽप्रत्ययस्तव । वय दाक्षिणात्या अव्यक्तभाषिण । खष खत्ति-कड कडठ्ठोबिल कर्णाट कर्ण प्रावरण द्राविड-चोल-चीन-बर्बर-खेर खान मुख-मधुघातप्रभृतीना म्लेच्छजातीनामनकदेश भाषाभिज्ञा यथेष्ट मन्त्रयाम, दृष्टो दृष्टा वा, आर्य आर्या वा । [अरे, को अपच्चओ तुह । वअ दक्खिणत्ता अवत्तभासिणो । खस-खत्ति खडो खडट्टोविलअ-कण्णाट कण्ण-प्पावरणअ दविड चोल-चीण बर्बर-खेर-खान-मुख मधुगादपहुदाण मिलिच्छजादीण अणअ देसभासाभिण्णा जहेट्ठ मन्तआम, दिट्ठो दिट्ठा वा अज्जो अज्जआ वा ।]

चन्दनक—अरे ! तुम्हे क्या विश्वास नही है । हम दक्षिण के निवासी अस्पष्ट बोलने वाले होते है । खष, खत्ति कड, कड्ट्टोबिल, कर्णाट, कर्णप्रावरण, द्राविड, चोल, चीन, बबर, खेर, खान, मुख, मधुघात आदि म्लेच्छ जातियो की अनेक देशो की भाषा के ज्ञाता (हम) यथेच्छ भाषण करते हैं—देख लिया या देख ली, आर्य या आर्या ।

वीरक —नन्वहमपि प्रलोक यामि । राजाज्ञैषा । अह राज्ञ प्रत्ययित । [ण अहं पि पलोएमि । राअण्णा एसा । अहं रण्णो पच्चइदो ।]

वीरक—तो मैं भी देखता हूँ । यह राजा की आज्ञा है । मैं राजा का विश्वास पात्र हूँ ।

चन्दनक —तत्किमहमप्रत्ययित सवृत्त । [ता किं अह अप्पच्चइदो सवुत्तो ।]

चन्दनक—तो क्या मैं अविश्वसनीय हो गया ?

वीरक —ननु स्वामिनियोग । [ण सामिणिओओ ।]

वीरक—तो भी स्वामी की आज्ञा है ।

त्व प्रलोकयसि । कस्त्वम् । [अज्जगोवाल दारओ अज्जचारुदत्तस्स पवहण अहिरुहिअ अवक्कमदि त्ति जइ कहिज्जदि, तदो अज्जचारुदत्तो रण्णा सासिज्जइ । ता को एत्थ उवाओ । कण्णाटकलहप्पओअ करेमि । अरे वीरअ, मए चन्दणकेण पलोइद पुणो वि तुम पलोएसि । का तुमम् ।]

चन्दनक— (अपने आप) 'आर्य गोपाल–पुत्र आर्य चारुदत्त की गाडी पर चढ कर भाग रहा है' यदि यह कह दिया जाता है तो आर्य चारुदत्त राजा द्वारा दण्डित होते हैं । तो इसमे क्या उपाय है ? विचार कर कर्णाटक देश का झगडा (बनावटी कलह) प्रारम्भ करता हूँ । [प्रकट रूप मे] अरे वीरक ! मुझ चन्दनक द्वारा देखे गये को तुम पुन देख रहे हो ? कौन हो (तुम दुबारा देखने वाले ?)

वीरक — अरे, त्वमपि कः । [अरे, तुम पि को ।]

वीरक—अरे ! तुम्हीं कौन हो ?

चन्दनक —पूज्यमानो मान्यमानस्त्वमात्मनो जातिं न स्मरसि ।

[पूइज्जन्तो माणिज्जन्तो तुम अप्पणो जादि ण सुमरेसि ।]

चन्दनक—पूजनीय और सम्माननीय तुम अपनी जाति का स्मरण नही करते ।

वीरक — (सक्रोधम् ।) अरे, का मम जाति । [अरे, का मह जादी ।]

वीरक—[क्रोध के साथ] अरे ! कौन मेरी जाति है ?

चन्दनक.— को भणतु । [को भणउ ।]

चन्दनक— कौन कहे ?

वीरक —भणतु । [भणउ ।]

वीरक— कहो ।

विवृति

(१) अप्रत्ययः=अविश्वास, 'प्रत्ययोऽधीनशपथज्ञान विश्वासहेतुषु' इत्यमर । न प्रत्यय. अप्रत्यय । (२) दाक्षिणात्या =दक्षिण के निवासी, दक्षिणा+त्यक् । (३) अव्यक्त भाषिण =स्पष्टवक्ता, अव्यक्तम् भाषितुम् शीलमेषाम् इति अव्यक्तभाषिण । अव्यक्त+भाष्+ णिनि (कर्त्ता मे) (४) म्लेच्छ जातीनाम्=असस्कृत भाषा बोलने वाली जाति । (५) यथेष्टम्=जैसा चाहते हैं वैसा (६) मन्त्रयाम = बोलते हैं, मन्त्+लट् । (७) प्रत्ययित =विश्वासपात्र । (८) संवृत्त =हो गया । (९) स्वामिनियोगः=स्वामी का आदेश । (१०) शासते=दण्डित किये जाते हैं । (११) कर्णाटकलहप्रयोगम्=कर्णाटक प्रदेश का झगडा अर्थात् बनावटी लडाई (१२) जातिम्=जाति को, 'जाति सामान्यजन्मनो , इत्यमर ।

चन्दनक — अथवा • भणामि । [अहवा ण भणामि ।]

चन्दनक — अथवा नही कहता ।

जानन्नपि खलु जाति तव च न भणामि शीलविभवेन ।
तिष्ठतु ममैव मनसि किं च कपित्थेन भग्नेन ॥२१॥
[जाणतो वि हु जादिं तुज्झ अ ण भणामि सीलविहवेण ।
चिट्ठउ महच्चिअ मणे किं च कइत्थेण भग्गेण ॥२१॥]

अन्वय — तव, जातिम्, खलु, जानन्, अपि, शीलविभवेन, न, भणामि,(सा) मम्, एव, मनसि, तिष्ठतु, कपित्थेन, भग्नेन, च, किम् ॥२१॥

पदार्थ —जातिम्=जाति को, जानन्=जानते हुए, शीलविभवेन= शीलसम्पन्नता या शील-संकोच के कारण, भणामि= कहता हूँ, कपित्थेन=कैथ, भग्नेन= ताडने से, किम्=क्या लाभ ?

अनुवाद — तेरी जाति निश्चित रूप से जानते हुये भी शील–सम्पन्नता (या सङ्कोच) के कारण नही कह रहा हूँ। (तुम्हारी जाति का नाम) मेरे ही मन मे रहे, कठबेल फोडने से क्या लाभ ।

संस्कृत टीका—तव=ते, जातिम्=गोत्रम् खलु=निश्चयेन, जानन् अपि= विदन् अपि, शीलविभवेन=आत्मन साधुस्वभावसम्पत्या,न= नहि,भणामि=वदामि, (सा जाति) मम= चन्दनकस्य, एव मनसि=चेतसि, तिष्ठतु=आस्ताम्, कपित्थेन= दधित्थेन, भग्नेन=स्फुटितेन, च, किम्=क लाभः ?

समास एवं व्याकरण—(१)शीलविभवेन–शीलस्य विभवेन । (२) जातिम्= जन्+क्तिन् । जानन्–ज्ञा+शतृ । भणामि—भण्+लट् तिष्ठतु+स्था+लोट् । भग्नेन- भञ्ज+क्त ।

विवृति

(१) 'जाति सामान्यजन्मनो' इत्यमर । (२) 'जातिश्छन्दसि सामान्ये मालत्या गोत्रजन्मनो' इति विश्व । (३) 'कपित्थे स्युर्दधित्थग्राहिमन्मथा । तस्मिन्दधिफल पुष्प फलदन्तशठावपि'इत्यमर (४) कपित्थेन भग्नेन किम्- कठबेल के फोडने से भीतर से तुच्छ गूदा निकलता है उसी प्रकार तुम भी सेनापतित्व के चाकचिक्य से युक्त होने पर भी (तुम्हारी) तुच्छ जाति के प्रकट हो जाने से तुम तिरस्कार भाजन बन जाओगे। (५) प्रस्तुत पद्य म दृष्टान्तालङ्कार है। लक्षण— "दृष्टान्तस्तु सधर्मस्य वस्तुन प्रतिबिम्बनात् ।" (६) श्लोक मे प्रयुक्त छन्द का नाम है—आर्या । लक्षण– "यस्याः पादे प्रथमे द्वादशमात्रास्तथा तृतीयेऽपि । अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश साऽऽर्या ॥"

वीरक —ननु भणतु भणतु । [ण भणउ भणउ ।]
वीरक—नही, कहो, कहो ।

(चन्दनक. संज्ञा ददाति ।)

[चन्दनक (उस्तरा पैमाने का) सङ्केत देता है]

वीरक —अरे, किं न्विदम् । (अरे, किं णेदम् ।)

वीरक—अरे ! यह क्या है ?

चन्दनक —

चन्दनक—

शीर्ण शिलातलहस्त पुरुषाणा कूर्चग्रन्थिमस्थापन ।
कर्तरी व्यापृत हस्तस्त्वमपि सेनापतिर्जात ॥२२॥

[सिण्णसिलाअलहत्थो पुरिमाण कुच्चगठिसठवणो ।
कत्तरिवावुदहत्थो तुम पि सेणावई जादो ॥२२॥

अन्वय —शीर्णशिलातलहस्त , पुरुषाणाम्, कूर्चग्रन्थिमस्थापन , कर्तरीव्यापृत-हस्त त्वम्, अपि, सेनापति , जात- ॥२२॥

पदार्थ —शीर्णशिलातलहस्त =टूटे पत्थर के टुकडे का हाथ से रखने वाला या मग्न शिलातल पर हाथ रखने वाला, पुरुषाणाम् =पुरुषा की, कूर्चग्रन्थिसस्थापन = दाढी की गाँठ छीलने वाला या एकत्रित की हुई दाढी रखने वाला, कर्तरीव्यापृतहस्त =कैंची (चलाने) म व्यस्त हाथ वाला या कैंची से सटे हुये हाथ वाला, जात =हो गये हो ।

अनुवाद —टूटे पत्थर का टुकडा (उस्तरा पैमाने के लिये) हाथ म रखने वाला पुरुषो की दाढी काटने वाला तथा कैंची (चलाने) म व्यस्त हाथ वाला तू (नाई) भी सेनापति हो गया ॥

सस्कृत टीका— शीर्णशिलातलहस्तं = भग्नप्रस्तरखण्डकर, पुरुषाणाम् = नृणाम्, कूर्चग्रन्थिसस्थापन =श्मश्रुगुच्छसहर्ता, कर्तरी व्यापृतहस्त =क्षुरसमासक्तकर त्वमपि=त्व नापित. भूत्वा अपि इत्यर्थ सेनापति =बलाध्यक्ष , जात = सवृत ।

समास एव व्याकरण—(१) शीर्णशिलातलहस्त – शीर्णम् शिलातलम् हस्ते यस्य तादृश । कूर्चग्रन्थिसस्थापन – कूर्चानाम् ग्रन्थे सस्थापनम् येन तादृश अथवा कूर्चग्रन्थिम् सम्यक् स्थापयति इति सः तादृश । कर्तरीव्यापृतहस्त – कर्तर्या व्यापृत हस्त यस्य तादृश अथवा कर्तरीव्यापृत हस्त यस्य तथाभूत । (२) सस्थापन – सम्+स्था+णिच्, पुक्+युच् । शीर्ण —शृ+क्त । सस्थापन – सम्+स्था+णिच् +ल्युट्=(पुक्) । व्यापृत—वि+आपृ+क्त ।

टिप्पणी

(१) कूर्चमस्त्री भ्रुवोर्मध्ये कठिनश्मश्रुकैतवे' इति मेदिनी । (२) प्रस्तुत पद्य म प्रयुक्त विशेषणो से नाई की जाति प्रकट की गई है । (३)'गहण' नामक नाट्य लक्षण है । 'दूषणोद्घोषणायान्तु भर्त्सना गर्हणन्तु तत्' ।सा० द०। (४)आर्या छन्द है ।

लक्षण—"यस्या पादे प्रथमे द्वादशमात्रास्तया तृतीयेऽपि । अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश साऽऽर्या।"

वीरक—अरे चन्दनक त्वमपि मान्यमान, आत्मनो जाति न स्मरसि ।[अरे चन्दणआ, तुम पि माणिज्जन्ता अप्पणो केरिक जादिं ण सुमरसि ।]

वीरक—अरे चन्दनक ! तुमभी (अपने को बड़ा) मानते हुए अपनी जाति का स्मरण नहीं करते हो ?

चन्दनक—अरे, का मम चन्दनकस्य चन्द्रविशुद्धस्य जाति । [अरे, का मह चन्दणअस्स चन्द विसुद्धस्स जादी ।]

चन्दनक--अरे ! चन्द्रमा के समान शुभ्र मुझ चन्दनक की क्या जाति ?

वीरक—को भणतु । (को भणउ ।)

वीरक—कौन कहे ?

चन्दनक—भणतु, भणतु । [भणउ, भणउ ।]

चन्दनक--कहो कहो ।

(वीरको नाट्यन संज्ञा ददाति ।)

(वीरक अभिनय पूर्वक सङ्केत देता है)

चन्दनक — अरे, किं न्विदम् । (अरे, किं णेदम ।)

चन्दनक—अरे ! यह क्या है ?

विवृति

(१) मन्यमान —मानते हुए । (२) चन्द्रविशुद्धस्य=चन्द्रमा के समान निर्मल चन्द्र इव विशुद्ध तस्य । (३) सज्ञाम्=सङ्केत ।

वीरक—अरे, श्रणु श्रणु । [अरे, सुणाहि सुणाहि ।]

वीरक—अरे ! सुनो, सुनो—

जातिस्तव विशुद्धा माता भेरी पितापि ते पटह् ।
दुर्मुख ! करटकभ्राता त्वमपि सेनापतिर्जात ॥२३॥
[जादी तुज्झ विसुद्धा मादा भेरी पिदा वि दे पडहो ।
दुम्मुह ! करडअभादा तुम पि सेणावई जादो ॥२३॥]

अन्वय—तव, जाति , विशुद्धा, भेरी, ते, माता, पिता, अपि, पटह, हे दुर्मुख । करटकभ्राता, त्वम्, अपि, सेनापति, जात ॥ २३॥

पदार्थ—विशुद्धा = बडी पवित्र है, भेरी = दुन्दुभि, पटह् =तासा, हे दुर्मुख ! =हे कटु बोलने वाले, करटकभ्राता=करटक (चमडे से मढे हुए वाद्य विशेष) के भाई ।

अनुवाद—तुम्हारी जाति (सचमुच) विशुद्ध है, दुन्दुभि तुम्हारी माता,

पिता भी ढोल है, हे कटुभाषी ! करटक के भाई तुम (चमार होकर) भी सेनापति हो गये।

संस्कृत टीका—तव=ते, जातिः=गोत्रम्, विशुद्धा=सर्वथाशुद्धा, भेरी=वाद्यविशेष, ते=तव, माता=जननी, पिता=जनक, अपि, पटह:=ढक्का (ढोल), हे दुर्मुख ! हे कटुवादिन्, करटकभ्राता=वाद्यविशेषसहोदर, त्वम् अपि=भवान् अपि, सेनापति=बलाधिपतिः, जात=सवृत ।

समास एव व्याकरण-(१) करटकभ्राता-करटक तस्य भ्राता। (२) जाति—जन्+क्तिन्। (३) विशुद्धा-वि+शुध्+क्त+टाप्। जात-जन्+क्त।

विवृति

(१) प्रस्तुत कथन व्यग्यपूर्ण है। भाव यह है कि सर्वदा चमड़े से ही स्नेह करता है। तेरी सूरत से भी घृणा होने लगती है, जरा अपना मुख शीशे म तो देख ! मुझे बड़ा आश्चर्य है कि तुझ जैसा 'चर्मकार' भी सेनापति हो गया ! (२) प्रस्तुत पद्य मे प्रयुक्त विशेषणो के द्वारा वीरक ने चन्दनक की चर्मकार जाति प्रकट की है। (३) श्लोक म प्रयुक्त छन्द का नाम है—गाथा

चन्दनक—(सक्रोधम् ।) अह चन्दनकश्चर्मकार, तत्प्रलोकय प्रवहणम्। [अह चन्दणओ, चम्मारओ, ता पलोएहि पवहणम् ।]

चन्दनक-[क्रोधपूर्वक] मैं चन्दनक चमार हूँ तो देख ले गाडी को।

वीरक—अरे प्रवहणवाहक, परिवर्तय प्रवहणम्। प्रलोकयिष्यामि। [अरे, पवहणवाहआ, पडिवत्तावेहि पवहणम्। पलोइस्सम्।]

वीरक-अरे गाडीवान ! गाडी को घुमाओ, (मैं) देखूँगा।

(चेटस्तथा करोति। वीरक प्रवहणमारोढुमिच्छति। चन्दनक सहसा केशेपु गृहीत्वा पातयति, पादेन ताडयति च ।)

[चेट वैसा करता है, वीरक गाडी पर चढना चाहता है, चन्दनक अचानक बाल पकडकर गिरा देता है और पैर से पीटता है।]

वीरक—(सक्रोधमुत्थाय ।) अरे, अहत्वया विश्वस्तो राजाज्ञप्ति कुर्वन्सहसा केशेपु गृहीत्वा पादेन ताडित। तच्छृणु रे, अधिकरणमध्ये यदि ते चतुरङ्ग न कल्पयामि, तदा न भवामि वीरक। [अरे, अह तुए वसत्थो राआण्णत्ति करेन्तो सहसा केसेसु गण्हिअ पादेन ताडिदो। ता सुणु रे, अहिअरणमज्झे जइ दे चउरङ्ग ण कप्पावमि, तदो ण होमि वीरओ।]

वीरक-[क्रोधपूर्वक उठकर] अरे ! राजा की आज्ञा का पालन करते हुए मुझ विश्वसनीय (कर्मचारी) को तुमने एकाएक बाल पकडकर पैर से पीटा है। तो सुन रे ! न्यायालय मे यदि तुझे चतुरङ्ग दण्ड न दिलवाऊँ तो मैं वीरक नही।

चन्दनक—अरे, राजकुलमधिकरण वा व्रज। किं त्वया शुनकसदृशेन। [अरे,

राअउल अहिअरण वा वच्च । किं तुए सुणअसरिसेण ।]

चन्दनक—अरे राजदरबार मे या न्यायालय मे जा । कुत्ते के समान तुझसे क्या ?

वीरक—तथा । (इति निष्क्रान्तः ।)

वीरक—अच्छा । [बाहर निकल जाता है]

चन्दनक—(दिशोऽवलोक्य ।) गच्छ रे प्रवहणवाहक, गच्छ । यदि कोऽपि पृच्छति तदा भण—'चन्दनक वीरकाभ्यामवलोकितं प्रवहणं व्रजति' । आर्ये वसन्तसेने, इदं चाभिज्ञानं ते ददामि । (इति खड्गं प्रयच्छति ।) [गच्छ रे पवहणवाहआ गच्छ । जइ को वि पुच्छेदि तदो भणेसि—'चन्दणअवीरएहिं अवलोइदं पवहणं वच्चइ । अज्जे वसन्तसेणे, इमं च अहिण्णाणं दे देमि ।]

चन्दनक—[चारो ओर देखकर] जाओ रे गाडीवान ! जाओ ! यदि कोई पूछे तो कह देना (कि)—'चन्दनक और वीरक द्वारा देखी गयी गाडी जा रही है।' आर्या वसन्तसेना ! यह निशानी तुम्हे देता हूँ । [तलवार दे देता है]

(१) सक्रोधम्=क्रोधपूर्वक । (२) परिवर्तय=घुमाओ । (३) राजाज्ञप्तिम्=राजा के आदेश को । (४) कुर्वन्=करते हुए । (५) केशेषु गृहीत्वा=बालों को पकड़कर । (६) अधिकरणमध्ये=न्यायालय मे । (७) चतुरङ्ग=चौरङ्ग-दण्ड । (i) मस्तकमुण्डन (ii) बेंत से मारना । (iii) धन लेना । (iv) बहिष्कार । (८) कुछ टीकाकारों ने चतुरङ्ग का अर्थ दो हाथ दो पैर किया है । (९) कल्पयामि=कर दूँगा । (१०) शुनकशब्दसेन-कुत्ते जैसा । (११) अभिज्ञानम्-पहिचान का चिह्न ।

आर्यक—(खड्गं गृहीत्वा सहर्षमात्मगतम् ।)

आर्यक—[तलवार लेकर, प्रसन्नतापूर्वक अपने आप]

अये शस्त्रं मया प्राप्तं स्पन्दते दक्षिणो भुजः ।
अनुकूलं च सकलं हन्त संरक्षितो ह्यहम् ॥२४॥

अन्वय—अये, मया, शस्त्रम्, प्राप्तम्, दक्षिण, भुजः, स्पन्दते, सकलम्, अनुकूलम्, हन्त ! अहम्, हि, संरक्षितः ॥२४॥

पदार्थ—स्पन्दते भुजः=बाँह फड़क रही है हन्त=यहाँ हर्षसूचक अव्यय है।

अनुवाद—अहो मैंने शस्त्र प्राप्त कर लिया, (मेरी) दाहिनी भुजा फड़क रही है । (अतः) सब कुछ अनुकूल है, वाह ! मैं बाल-बाल बच गया ।

संस्कृत टीका—अये -हर्षे सूचकमव्ययमिदमत्र, मया=आर्यकेण, शस्त्रम्=आयुधम्, प्राप्तम्—उपलब्धम्, दक्षिणः—वामेतर, भुजः=बाहुः, स्पन्दते=स्फुरति, सकलम् -निखिलम्, अनुकूलम्,=अभिमतम् मत्कार्यसिद्धिप्रदः, हन्त—इति हर्षे, अहम्=आर्यकः हि निश्चयेन, संरक्षितः=सम्यक् रक्षितः ।

समास एव व्याकरण-(१) प्राप्ताम्-प्र+आप्+क्त । स्पन्दते-स्पन्द्+लट् । सरक्षित-सम्+रक्ष्+क्त ।

विवृति

(१) पुरुष की दाहिनी भुजा का फड़कना शुभसूचक है । (२) 'हन्त हर्षे-ऽनुकम्पायाम्' इत्यमर । (३) भावी कल्याण के प्रति अनेक कारणो का कथन करने से समुच्चय अलङ्कार है । (४) कुछ टीकाकारो के अनुसार समाधिनामक अलङ्कार है । लक्षण-"समाधिः सुकरे कार्ये दैवाद्वस्त्वन्तरागमात् ।" (५) श्लोक म प्रयुक्त छन्द का नाम है—पथ्यावक्त्र । लक्षण- 'युजोश्चतुर्थतो जेन, पथ्यावक्त्र प्रकीर्तितम् ।'

चन्दनक —आर्ये, [अज्जए,]

चन्दनक—आर्ये

अत्र मया विज्ञप्ता प्रत्ययिता चन्दनमपि स्मरसि ।
न भणाम्येष लुब्ध स्नेहस्य रसेन ब्रूम ॥२५॥
[एत्थ मए विण्णविदा पच्चइदा चदण पि सुमरेसि
ण भणामि एस लुद्धो णेहस्स रसेण बोल्लामो ॥२५॥]

अन्वय — अत्र, मया, विज्ञप्ता, प्रत्ययिता, (त्वम्), चन्दनम, अपि, स्मरसि, एष, लुब्ध सन्, न, भणामि, (किन्तु) स्नेहस्य, रसेन, ब्रूम ॥२५॥

पदार्थ —अत्र=इस विपत्ति के समय म, विज्ञप्ता=निवेदित या सूचित या परिचित, प्रत्ययिता=जिस मैने रक्षा का विश्वास दिलाया है अथवा जिसके विषय मे सिद्ध का वचन सत्य हो गया है, लुब्ध=लोभ से ग्रस्त, स्नेहस्य रसन=स्नेह के रस या भाव क कारण ।

अनुवाद — यहाँ मेरे द्वारा निवेदित (आप) विश्वस्त होकर चन्दनक का भी स्मरण रखना । मै यह लोभवश नही कहता, अपितु स्नेह-भाव के कारण कर रहा हूँ ।

संस्कृत टीका—अत्र=अस्मिन् विपत्तिकाले, मया=चन्दनकेन, विज्ञप्ता=सूचिता, परिचिता वा, प्रत्ययिता=सञ्जातप्रत्यया, (त्वम्) चन्दनम्=माम्, अपि, स्मरसि=स्मरिष्यसि, एष=अहम् लुब्ध=धनादिलोभ युक्त, (सन्) न भणामि=न कथयामि, (किन्तु) स्नेहस्य=प्रेम्ण, रसेन=भावेन, ब्रूम=कथयाम ।

समास एव व्याकरण-(१) प्रत्ययिता—प्रत्यय सञ्जात अस्या इति । (२) विज्ञप्ता—वि+ज्ञप्+क्त+टाप् । प्रत्ययिता—प्रत्यय+इतच्+टाप् । लुब्ध=लुभ्+क्त ।

विवृति

(१) स्नेहस्य रसेन—तात्पर्य यह है कि राजा होने पर आपस मुझे बड़ा पद

पाना है, इस लोभ से मैं नहीं कह रहा हूँ। मैं केवल प्रेमवश ऐसा कह रहा हूं। (२) प्रस्तुत पद्य मे प्रयुक्त छन्द का नाम है–गाथा।

आर्यक —

आर्यक—

चन्दनश्चन्द्रशीलाढयो दैवादद्य सुहृन्मम ।
चन्दन भोः स्मरिष्यामि सिद्धादेशस्तथा यदि ॥२६॥

अन्वय—चन्द्रशीलाढय चन्दन, दैवात्, अद्य, मम, सुहृत्, (जात), भो (मित्र!), यदि, सिद्धादेश, तथा (तदा), चन्दनम्, स्मरिष्यामि ॥२६॥

पदार्थ—चन्द्रशीलाढ्य = चन्द्रमा के समान (आह्लादक) स्वभाव से समृद्ध या युक्त, चन्दन = चन्दनक, दैवात् = सयोग या भाग्य से, सुहृत् = मित्र, सिद्धादेश = सिद्ध की भविष्यवाणी, स्मरिष्यामि = याद करूँगा। अर्थात् यदि मै राजा हो गया तो तुम्हारा अधिक ध्यान रखूंगा।

अनुवादः—चन्द्रमा के समान (शीतल) स्वभाव वाला चन्दनक सौभाग्यवश आज मेरा मित्र है। हे (मित्र), यदि सिद्ध की वाणी वैसी (सत्य) हुई तो चन्दनक का स्मरण रक्खूंगा।

संस्कृत टीकाः—चन्द्रशीलाढयः = हिमांशुवत् शीतलस्वभावयुक्तः, चन्दन = चन्दनक, दैवात् = सौभाग्यात्, अद्य = अस्मिन् दिने, मम = आर्यकस्य, सुहृत् = मित्रम्, (जात) भोः = हे (मित्र), यदि = चेत्, सिद्धादेश = सिद्धकथनम्, तथा = सत्यम्, (तदा) चन्दनम् = त्वामित्यर्थ, स्मरिष्यामि = स्मरणम् करिष्यामि।

समास एवं व्याकरण–(१) सिद्ध–सिध् + क्त। आदेश—आ + दिश् + घञ्। स्मरिष्यामि–स्मृ + लृट्। आढच—आ + ध्यै + क।

विवृति

(१) 'शील' स्वभावे सद्वृत्ते' इत्यमर। (२) प्रस्तुत पद्य म उपमालङ्कार है। (३) पथ्यावक्त्र छन्द है। लक्षण–'युजोश्चतुर्थतो जेन, पथ्यावक्त्र प्रकीर्तितम्।'

चन्दनक —

चन्दनक–

अभय तव ददातु हरो विष्णुर्ब्रह्मा रविश्च चन्द्रश्च ।
हत्वा शत्रुपक्ष शुम्भनिशुम्भौ यथा देवी ॥२७॥
[अभअ तुह देट हरो विण्हू वम्हा रवो अ चदो अ ।
हत्तूण सत्तुवक्ख सु भणिसु भे जधा देवी ॥२७॥]

अन्वय–यहर, विष्णु, ब्रह्मा, रवि, चन्द्र च, तव अभयम्, ददातु, शत्रुपक्षम्, हत्वा, (तथैव, यशो लभस्व), यथा, शुम्भनिशुम्भौ (हत्वा), देवी (प्राप्तवती) ॥२७॥

पदार्थ.—हर=शङ्कर, विष्णु=हरि, ब्रह्मा=सृष्टिकर्ता, शत्रुपक्षम्=शत्रु के दल को, शुम्भनिशुम्भौ=शुम्भ एव निशुम्भ को।

अनुवाद–शिव, विष्णु, ब्रह्मा, सूर्य और चन्द्रमा तुम्हें अभय प्रदान करें। शत्रु-पक्ष को मारकर उसी प्रकार (यश प्राप्त करो) जिस प्रकार शुम्भ-निशुम्भ को मारकर दुर्गादेवी ने (प्राप्त किया था)॥

संस्कृत टीका—हर=शङ्कर, विष्णु=हरि:, ब्रह्मा=पद्मयोनि, रवि= दिनकर, चन्द्र=निशाकरश्च, तव=आर्यस्य, अभयम्=अभीतिम्, ददातु= प्रयच्छतु, शत्रुपक्षम्=रिपुकुलम्, हत्वा=विनाश्य (तथैव यशो लभस्व), यथा=येन प्रकारेण, शुम्भनिशुम्भौ=शुम्भनिशुम्भाख्यदैत्यौ, (हत्वा) देवी=चण्डिका (अलभत)॥

समास एवं व्याकरण–(१) शुम्भ–शुम्भ्+अच्। निशुम्भ–नि+शुम्भ्+ घञ्। ददातु–दा+लोट। हत्वा–हन्+क्त्वा।

विवृति

(१) निष्क्रमत —निकलते हुए । (२) प्रियवयस्य –प्रियमित्र । (३) पृष्ठ एव–पीछे ही । (४) अनुलग्न —लगा हुआ । (५) प्रधान दण्डधारक —प्रधान रक्षाधिकारी । (६) राज प्रत्ययकार —राजा का विश्वास पात्र । राज प्रत्यय, तम् करोति इति । राजप्रत्यय+कृ+अण् । (७) विरोधित —विरुद्ध कर लिया । वि+रुध्+णिच्+क्त ।

सप्तमोऽङ्कः

(तत प्रविशति चारुदत्तो विदूषकश्च ।)

(इसके पश्चात् चारुदत्त और विदूषक प्रवेश करते हैं ।)

विदूषक —भो पश्य पश्य पुष्पकरण्डक जीर्णोद्यानस्य सश्रीकताम् । [भो, पेक्ख, पेक्ख पुप्फकरण्डअजिण्णुज्जाणस्स सस्सिरीअदाम् ।]

विदूषक–अहा देखिए, देखिए पुष्पकरण्डक प्राचीन उपवन की सुन्दरता ।

चारुदत्त —वयस्य, एवमेतत् । तथाहि ।

चारुदत्त—मित्र, ऐसा ही है । क्योंकि–

वणिज इव भान्ति तरव पण्यानीव स्थितानि कुसुमानि ।
शुल्कमिव साधयन्तो मधुकरपुरुषा प्रविचरन्ति ॥१॥

अन्वय –तरवः वणिज इव भान्ति, कुसुमानि पण्यानि इव स्थितानि, मधुकर पुरुषा शुल्कम् साधयन्त इव विचरन्ति ।

पदार्थः–तरव =वृक्ष, वणिज =बनियों, भान्ति=शोभित हो रहे हैं, कुसुमानि=फूल, पण्यानि=बेची जाने वाली वस्तु, साधयन्त =लेते हुए, मधुकर पुरुषा =पुरुषों की भाँति भ्रमर, विचरन्ति=भ्रमण करते हैं ।

अनुवाद –वृक्ष वैश्यों की भाँति शोभित हो रहे हैं, पुष्प विक्रेय वस्तु तुल्य स्थित हैं, मनुष्यों की भाँति भ्रमर कर लेते हुए इधर उधर भ्रमण कर रहे हैं।

संस्कृत टीका–तरव =पादपा , वणिज =विक्रेतार , इव भान्ति=विराजन्ते, कुसुमानि=प्रसूनानि, पण्यानि इव=विक्रयवस्तूनि इव, स्थितानि=वर्तन्ते, मधुकर पुरुषा =भ्रमरशुल्कग्राहिण , (राज पुरुषा) शुल्कम्=करम्, साधयन्त =गृह्णन्त , इव प्रविचरन्ति=इतस्तत भ्रमन्ति ।

समास एवं व्याकरण–मधुकर पुरुषा इव इति । भान्ति–भा+लट् । स्थितानि–स्था+क्त । साधयन्त –साध् +णिच्+लट्+शतृ । प्रविचरन्ति–प्र+वि+चर्+लट् ।

विवृति

(१, प्रस्तुत पद्य म चार उपमायें हैं । (२) आर्या छन्द है । (३) 'घट्टादिदेय शुल्काऽस्त्री' इत्यमर ।

विदूषक – भो , इदमसस्काररमणीय शिलातलमुपविशतु भवान् । [भो, इम असक्काररमणीअ सिलाअल उवविसदु भवम ।]

विदूषक–मित्र ! बिना सस्कार के भी सुन्दर इस शिला खण्ड पर आप बैठ जाइये ।

चारुदत्त – (उपविश्य ।) वयस्य, चिरयति वर्धमानक ।

चारुदत्त–(बैठकर) मित्र ! वर्धमानक देर कर रहा है ।

विदूषक —भणितो मया वर्धमानक –'वस तसेना गृहीत्वा लघु लघ्वागच्छ' इति । [भणिदो मए वड्ढमाणअ–'वसन्तसेणिअ गेण्हिअ लहु लहु आअच्छ' त्ति ।]

विदूषक–मैने वर्धमानक से कहा था—'वसन्तसेना को लकर शीघ्र से शीघ्र लौटो ।'

विवृत्ति

(१) असस्काररमणीयम्–बिना घाये झाडे भी सुन्दर । सस्कारेण रमणीयम् सस्काररमणीयम्, न सस्कार रमणीयमिति । (२) चिरयति–देर कर रहा है। (३) लघु-शीघ्र ।

चारुदत्त –तत्किं चिरयति ।

चारुदत्त–तब क्यो विलम्ब करता है ।

किं यात्यस्य पुर शनै प्रवहण तस्यान्तर मार्गते
भग्नेऽक्षे परिवर्तन प्रकुरुते छिन्नोऽथ वा प्रग्रह ।
वर्त्मान्तोज्झितदारुवारितगतिर्मार्गान्तर याचते
स्वैर प्रेरितगोयुग किमथवा स्वच्छन्दमागच्छति ॥२॥

अन्वय —किम, अस्य, पुर , प्रवहणम्, शनै , याति, तस्य, अन्तरम्, मार्गते ? अक्षे, भग्ने, परिवर्तनम्, कुरुते ? अथवा, प्रग्रह , छिन्न ? (अथवा) 'वर्त्मान्ताज्झित दारुवारितगति (सन्), मार्गान्तरम्, याचते ? अथवा, स्वैरम्, प्रेरितगोयुग , स्वच्छन्दम् आगच्छति, किम् ? ॥२॥

शब्दार्थ —किम्=क्या, पुर =आगे, प्रवहणम्=गाडी, शनै =धीरे, अन्तरम्=अवकाश को, मार्गते=ढूंढ रहा है, अक्षे=धुरा के, भग्ने=टूट जाने पर, प्रग्रह =रस्सी, छिन्न =टूट गयी, वर्त्मान्तोज्झितदारुवारितगति =मार्ग के मध्य म छोड़े गये काठ से जिसकी गति रुक गई है, मार्गान्तरम्=दूसरे रास्ते को, याचते= ढूंढ रहा है, स्वैरम्=धीरे धीरे, प्रेरितगोयुग =बैलो को हांकने वाला, स्वच्छ दम्= मनमाने, आगच्छति=आ रहा है ।

अनुवाद—क्या इसके आगे (को.) वाहन धीरे-धीरे जा रहा है ? (और वह)

उसके आगे निकलने का स्थान अन्वेषित कर रहा है ? (अथवा) धुरी के टूट जाने से उसे बदल रहा है ? अथवा रस्सी टूट गयी है ? अथवा मार्ग में काट कर डाली गई लकड़ी से मार्ग अवरुद्ध हो जाने के कारण दूसरे मार्ग का अन्वेषण कर रहा है ? अथवा धीरे-धीरे बैलों को हाँकता हुआ (वह) स्वेच्छा से आ रहा है क्या ?

संस्कृत टीका—किम्, अस्य =वर्धमानकस्य, पुरः=अग्रे, प्रवहणम्=अपरम् शकटम्, शनैः=मन्दम् मन्दम् याति=गच्छति तस्य=अग्रेगच्छत प्रवहणस्य, अन्तरम्=निःसरणावकाशम्, मार्गति=अवलोकयति, अन्विष्यति, अक्षे=चक्रसयोजके, भग्ने=त्रुटिते, परिवर्तनम्=अन्यचक्रधारक नियोजनम्, कुरुते =विधत्ते, अथवा= वा, प्रग्रह = रज्जु, छिन्न =भग्न, अथवा=वा, वर्त्मान्तोज्झितदारुवारितगति = मार्गमध्यभागे परित्यक्तै काष्ठविशालैः अवरुद्धगमन सन्, मार्गान्तरम्=अपरम् पन्थानम्, याचते=अन्विष्यति, अथवा, स्वैरम्=शनैः शनैः, प्रेरितगोयुग =सञ्चालितवृषभद्वयम्, स्वच्छन्दम्=स्वेच्छापूर्वकम, आगच्छति=आयाति, किम् ।

समास व्याकरण—(१) वर्त्म०-वर्त्मन अन्ते उज्झितम् यत् दारु तेन वारिता गति यस्य तादृश. । (२) प्रेरित०-प्रेरितम् गोयुगम् यन तादृश । (३) भग्ने - भञ्ज+क्त । छिन्न -छिद्+क्त । याति-या+लट् । मार्गते-मार्ग+लट् । परिवर्तनम्-परि+वृत्+ल्युट् । प्रग्रह -प्र+ग्रह्+अप् ।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य मे कर्मान्तोज्झित पाठ भेद भी प्राप्त होता है । (२) श्लोक मे सन्देह नामक अलङ्कार है । (३) शार्दूलविक्रीडित छन्द है । लक्षण है-'सूर्याश्वैर्य दि म सजौ सततगा शार्दूलविक्रीडितम् ।'

(प्रविश्य गुप्तार्यकप्रवहणस्थ ।)

(छिपे हुए आर्यक की गाड़ी पर बैठे हुए प्रवेश करके ।)

चेट—यात गावौ, यातम् । [जाध गोणा, जाध ।]

चेट—चलो बैलो चलो ।

आर्यक —(स्वगतम् ।)

आर्यक—(मन में)

नरपति पुरुषाणा दर्शनाद्भीतभीतः
सनिगडचरणत्वात्सावशेषापसारः ।
अविदितमधिरूढो यामि साधोस्तु याने
परभृत इव नीडे रक्षितो वायसीभिः ॥३॥

अन्वय —नरपतिपुरुषाणाम्, दर्शनात्, भीतभीत., सनिगडचरणत्वात्, साव-

शेष पसार, (अहम्) वायसीभि., नीडे, रक्षितः, परभृतः, इव, साधो . याने, अविदितम्, (तु), अधिरूढः, (सन्), यामि ॥३॥

शब्दार्थ–नरपतिपुरुषाणाम् = राज पुरुषों के, दर्शनात् = देखने से, भीतभीतः = डरा हुआ, सनिगडचरणत्वात् = बेड़ी युक्त पैर होने के कारण, सावशेषापसार = पूर्णरूप से भाग निकलने में असमर्थ, वायसीभिः = कौओं की स्त्रियों से, नीडे = घोंसले में, रक्षितः = पाले गए, परभृत = कोयल, साधोः = सज्जन के, याने = वाहन पर, अविदितम् = छिपे रूप से, अधिरूढः = चढ़ा हुआ, यामि = जा रहा हूँ।

अनुवाद–राजपुरुषों के देखने से अत्यन्त डरा हुआ, एवं बेड़ियों से पैर जकड़े रहने के कारण पूर्णतया भागने में असमर्थ, (मैं) मादा कौवों द्वारा घोंसले में पाले गये कोयल के सदृश सज्जन (चारुदत्त) के वाहन पर गुप्त रूप से चढ़ कर जा रहा हूँ।

संस्कृत टीका–नरपति पुरुषाणाम् = राजरक्षिणाम्, दर्शनात् = दृष्टिगोचरत्वात्, भीतभीतः = अतित्रस्त., सनिगडचरणत्वात् = सशृंखलपादत्वात्, सावशेषापसारः = अल्पावशिष्टगमन शक्तिः, वायसीभि. = काकीभि., नीडे = कुलाये, रक्षित. = पालितः, परभृत. = कोकिलशावकः, इव, साधो = सज्जनस्य, याने = शकटे, अविदितम् = अज्ञातम् यथा स्यात् तथा, अधिरूढ. = अधिष्ठित., यामि—व्रजामि।

समास व्याकरण—नरपति० नरपतेः पुरुषाणाम् इति। सनिगड०–निगडेन सहितः सनिगड. चरणः यस्य तस्य भावः तत्त्वम् तस्मात्। सावशेष०–सावशेष. अपसारः यस्य स. तथोक्त.। परभृतः—परेण भृत. इति। भीतभीत–अतिशयने द्विउक्तिः। भी + क्त। अविदितम्–नञ् + विद् + क्त। क्रिया विशेषण है। अपसार – अप + सृ + घञ्। परभृत्–पर् + भृ + क्विप्। अधिरूढः–अधि + रुह् + क्त।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य में श्रौती उपमा अलंकार है। (२) मालिनी वृत्त है। 'नन मयय युतेयम् मालिनी भोगिलोकैः।' (३) कुलायो नीडमस्त्रियाम् इत्यमरः।

अहो, नगरारमुदूरमपक्रान्तोऽस्मि। तत्किमस्मात्प्रवहणादवतीर्य वृक्षवाटिकागहनं प्रविशामि। उताहो प्रवहणस्वामिनं पश्यामि। अथ वा कृतं वृक्षवाटिकागहनेन। अभ्युपपन्नवत्सलः खलु तत्रभवानार्यचारुदत्तः श्रूयते। तत्प्रत्यक्षीकृत्य गच्छामि।

अहो, नगर से बहुत दूर निकल आया हूँ, तो क्या इस गाड़ी से उतर कर वृक्षों के बगीचे की गुफा में घुस जाऊँ? अथवा वाहन के स्वामी का दर्शन करूँ? अथवा उद्यान के घने स्थान में नहीं जाऊँगा। सुना जाता है कि माननीय चारुदत्त शरणागत पर दया करने वाले हैं इसलिए (उनके) दर्शन करके जाऊँगा।

विवृति

(१) सुदूरम्—बहुत दूर। (२) अपक्रान्त –निकल आया। अप+क्रम्+क्त। (३) वृक्ष०-पेड़ों के बगीचे की गुफा मे।(४) उताहो–अथवा। (५) प्रवहणस्वामिनम्–गाड़ी के मालिक को। (६) कृतम्–व्यर्थ। (७) अभ्यु०–शरणागत पर दया करने वाले। (८) प्रत्यक्षीकृत्य—दर्शन करके। (९) वृक्ष वाटिका शब्द में वृक्ष शब्द अनावश्यक है।

स तावदस्माद्व्यसनार्णवोत्थित निरीक्ष्य साधुः समुपैति निर्वृतिम्।
शरीरमेतद्गतमीदृशीं दशा धृत मया तस्य महात्मनो गुणैः ॥४॥

अन्वय—तावत्, सः, साधु, अस्मात् व्यसनार्णवोत्थितम्, (माम्), निरीक्ष्य, निर्वृतिम्, समुपैति, ईदृशीम्, दशाम्, गतम्, एतत्, शरीरम्, मया, तस्य, महात्मनः, गुणैः, धृतम् ॥४॥

शब्दार्थ – व्यसनार्णवोत्थितम्=विपत्ति रूपी सागर से उबरे हुए, निरीक्ष्य=देखकर, निर्वृतिम्=सुख को, समुपैति=प्राप्त होंगे, ईदृशीम्=ऐसी, धृतम्=धारण किया गया।

अनुवाद—वे सज्जन इस विपत्ति सागर से उत्तीर्ण हुआ (मुझे) देखकर आनन्द को प्राप्त होंगे। ऐसी अवस्था को प्राप्त हुआ यह शरीर मैंने उस महात्मा के गुणों से ही धारण किया है।

संस्कृत टीका—तावत्, सः=चारुदत्ताख्यः, साधु =सज्जन, अस्मात्, व्यसनार्णवोत्थितम्=विपत्ति समुद्रोत्तीर्णम्, निरीक्ष्य=विलोक्य, निर्वृतिम्=आनन्दम्, समुपैति=समवाप्स्यति, ईदृशीम्=अनुभूयमानाम्, दशाम्=अवस्थाम्, गतम्=प्राप्तम, एतत्,=इदम्, शरीरम्=देह, मया=आर्यकेण, तस्य=प्रसिद्धस्य, महात्मनः=सज्जनस्य, गुणै =परोपकारादिभि, धृतम्=त्रातम्।

समास एवं व्याकरण—व्यसना०–व्यसनम् अर्णवः इव, तस्मात् उत्थितम् इति। उत्थितम् =उद्+स्था+क्त। निरीक्ष्य–निर्+ईक्ष्+क्त्वा (ल्यप्)। निर्वृतिम्=निर्+वृ+क्तिन्। समुपैति–सम्+उप्+इ+लट्।

विवृति

(१) प्रस्तुत पद्य में 'माम्' को न कहने से न्यूनपदता दोष की शंका की जाती है। (२) अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है। (३) वंशस्थ छन्द है। जतौ तु वंशस्थमुदीरितम् जरौ।

चेट—इदं तदुद्यानम्। यावदुपसर्पामि। (उपसृत्य।) आर्यमैत्रेय। [इमं उज्जाणम्। जाव उवसप्पामि। अज्जमित्तेअ।]

चेट—यह वह उपवन है । वही चलता हूँ । (समीप जाकर) आर्य मैत्रेय !

विदूषकः—भो., प्रियं ते निवेदयामि । वर्धमानको मन्त्रयति । आगतया वसन्तसेनया भवितव्यम् । [भो, पिअ दे णिवेदेमि । वड्ढमाणओ मन्तेदि । आगदाए वसन्तसेणाए होदव्वम् ।]

विदूषक—मित्र, मैं तुमको शुभ समाचार सुनाता हूँ । वर्धमानक पुकार रहा है । वसन्तसेना आ गई होगी ।

चारुदत्तः—प्रिय नः प्रियम् ।

चारुदत्त—प्रिय है, हमारा प्रिय है ।

विदूषक.—दास्याः पुत्र, किं चिरायितोऽसि । [दासीए पुत्ता, किं चिरइदोसि ।]

विदूषक—दासी के बेटे ! (तुमने) देर क्यों लगाई ?

चेटः—आर्यमैत्रेय, मा कुप्य । यानास्तरण विस्मृतमिति कृत्वा गतागतिं कुर्वश्चिरायितोऽस्मि । [अज्जमित्तेअ, मा कुप्प । जाणत्थलके विशुमलिदे त्ति कदुअ गदागदिं कलेन्ते चिलइदेह्मि ।].

चेट—आर्य मैत्रेय ! क्रोध मत करिये । गाड़ी का आच्छादन वस्त्र भूल गया था इसलिए पुनः आवागमन करते हुए देर हो गई ।

चारुदत्त.—वर्धमानक, परिवर्तय प्रवहणम् । सखे मैत्रेय, अवतारय वसन्तसेनाम् ।

चारुदत्तः—वर्धमानक ! गाड़ी को घुमाओ । मित्र मैत्रेय ! वसन्तसेना को उतारो ।

विदूषक.—किं निगडेन, बद्धावस्याः पादौ, येन स्वय नावतरति । (उत्थाय प्रवहणमुद्घाट्य ।) भोः, न वसन्तसेना, वसन्तसेनः खल्वेषः । [किं णिअडेण बद्धा । से गोड्डा, जेण सअ ण ओदरेदि । भो, ण वसन्तसेणा, वसन्तसेणो क्खु एसो ।]

विदूषक—क्या बेड़ी से बँधे हुए हैं इनके पैर ? जिमसे स्वय नही उतरती हैं । (उठकर, गाड़ी को उघाडकर) अरे वसन्तसेना नही, यह तो वसन्तसेन है ।

चारुदत्तः—वयस्य, अल परिहासेन । न कालमपेक्षते स्नेहः । अथ वा स्वमेवावतारयामि । (इत्युत्तिष्ठति ।)

चारुदत्त—मित्र ! परिहास रहने दो । अनुराग समय (विलम्ब) नहीं चाहता अथवा मैं स्वय उतारता हूँ । (यह कहकर उठता है) ।

आर्यकः—(दृष्ट्वा ।) अये अयमेव प्रवहणस्वामी । न केवल श्रुतिरमणीय दृष्टिरमणीयोऽपि । हन्त, रक्षितोऽस्मि ।

आर्यक—(देखकर) अरे ! यही गाड़ी के स्वामी हैं । केवल सुनने ही मे मनोरम नही हैं देखने मे भी सुन्दर हैं । अहा ! मैं सुरक्षित हूँ ।

विवृति

(१) प्रियम्–शुभ समाचार। (२) मन्त्रयति बोल रहा है। (३) दास्या–दासी के। (४) चिरायित–देर किया। चिरम् करोतिःइस अर्थ मे चिर्+क्यङ् (नाम धातु)+क्त। (५) कुप्य क्रोध करो। (६) इतिकृत्वा—इसलिए। (७) यानास्तरणम—गाडी का आच्छादन। (८) गतागतम्–जाना आना। (९) परिवर्तय घुमाओ। (१०) निगडेन—बेडी से। (११) नापेक्षते–नही चाहता। (१२) श्रुति रमणीय—सुनने मे सुन्दर (१३) रक्षित—बच गया।

चारदत्त — (प्रवहणमधिरुह्य दृष्ट्वा च।) अये, तत्कोऽयम्।

चारुदत्त—(गाडी पर चढकर और देखकर) अरे! तब यह कौन है?

करिकरसमबाहु सिंहपीनोन्नतास
पृथुतरसमवक्षास्ताम्रलोलायताक्ष।
कथमिदमसमान प्राप्त एवविधो यो
वहति निगडमेक पादलग्न महात्मा ॥५॥

अन्वय—करिकरसमबाहु, सिंहपीनोन्नतास, पृथुतरसमवक्षा, ताम्रलोलायताक्ष, य, एव विध, महात्मा, (अस्ति स) कथम्, इदम्, असमानम्, (बन्धनम्) प्राप्त, (सन्) पादलग्नम् एकम्, निगडम्, वहति ॥५॥

शब्दार्थ—करिकरसमबाहु =जिसकी भुजायें हाथी की सूड के समान हैं। सिंहपीनोन्नतास =सिंह के कन्धे के समान मोटे और ऊँचे कन्धो वाला। पृथुतरसम वक्षा =ऊँची एव समतल छाती वाला। ताम्रलोलायताक्ष =ताँबे के रग की चञ्चल तथा बडी बडी आँखो वाला। एव विधा=इस प्रकार। महात्मा=महापुरुष। असमानम्=अयोग्य। पादलग्नम्=पैर मे लगी हुई। निगडम्=बेडी। वहति= धारण करता है।

अनुवाद – हाथी की सूड के समान भुजा वाला, सिंह के सदृश मासल एव ऊँचे कन्धे वाला, विशाल तथा समतल वक्षस्थल वाला एव ताँबे के रग के चञ्चल तथा विशाल नेत्रो वाला—जो इस प्रकार महापुरुष है (वह) कैसे इस अनुचित अवस्था को प्राप्त कर पैर म लगी हुई एक बडी को धारण कर रहा है?

संस्कृत टीका—करिकरसमबाहु =गजशुण्डादण्डतुल्यभुज, सिंहपीनोन्नतास = मृगराजप्रपुष्टोच्छ्रित स्कन्ध, पृथुतरसमवक्षा =विशालसम्योरस्थल, ताम्रलोलायताक्ष =रक्तचपलनयन, य, एव विध =एव प्रकार, महात्मा=महापुरुष, कथम्= केन प्रकारेण, इदम्=एतत्, असमानम्=अयोग्यम्, प्राप्त =उपगत, पादलग्नम्= चरण सयुक्तम्, एकम्, निगडम्=शृखलम्, वहति=धारयति।

समास एव व्याकरण—करिकर०—करिण करण समौ बाहू यस्य स। सिंह०—

सिंहस्य इव पीनौ उन्नतौ असौ यस्यः सः । पृथु०—पृथुतरम् समम् वक्षः यस्य सः । ताम्र०—ताम्रे लोले आयते अक्षिणी यस्य स. । पादलग्नम्—पादे लग्नम् इति । प्राप्त—प्र+आप्+क्त । लग्नम्—लग्+क्त । वहति=वह्+लट् । .

विवृति

(१) इस पद्य मे उपमा अलंकार है । (२) मालिनी छन्द है । (३) प्रथम चरण मे दो लुप्तोपमा हैं । (४) 'लता विटपे एकावली लग्ना ।' मालती० । (५) विशेषणों से ज्ञात होता है कि आर्यक महापुरुषों के लक्षणो से युक्त था ।

तत. को भवान् ।

तब आप कौन हैं ?

आर्यकः—शरणागतो गोपालप्रकृतिरार्यकोऽस्मि ।

आर्यक—शरण मे आया हुआ गोप-बालक आर्यक हूँ ।

चारुदत्त.—किं घोषादानीय योऽसौ राज्ञा पालकेन बद्धः ।

चारुदत्त—क्या वही जिसे अहीरो के ग्राम से लाकर राजा पालक ने बन्धन मे डाला था ?

आर्यक —अथ किम् ।

आर्यक—और क्या ?

विवृति

(१) शरणागतः=शरण मे आया, शरणो आगतः इति । (२) गोपालप्रकृतिः अहीर-बालक 'गोपालस्य प्रकृति. अथवा गोपाल. प्रकृतिः यस्य स.'।

चारुदत्त.—

चारुदत्त—

विधिनैवोपनीतस्त्वं चक्षुर्विषयमागतः ।
अपि प्राणानहं जह्यां न तु त्वां शरणागतम् ॥६॥

अन्वय—विधिना, एव, उपनीत, त्वम्, मम), चक्षुर्विषयम्, आगतः, (असि)। अहम्, प्राणान्, अपि, जह्याम्, तु, शरणागतम्, त्वाम्, न ॥६॥

पदार्थः—विधिना=भाग्य से, एव=ही, उपनीत=लाये गये, चक्षुर्विषयम्=नेत्रो के दृश्य का, आगत=प्राप्त, प्राणान्=प्राणो को, जह्याम्=छोड़ दूँ, शरणागतम्=शरण मे आये हुए ।

अनुवाद—भाग्य के द्वारा ही लाये गये (मेरे) नयनों के विषय हुए हो । (चाहे) मैं, प्राणो का भी छोड़ दूँ, किन्तु शरण में आए हुए तुमको नही (छोड़ूँगा) ॥

संस्कृत टीका—विधिना=भाग्येन, एव, उपनीत=उपस्थापित, त्वम्=आर्यक., (मम), चक्षुर्विषयम्=नेत्रगोचरम्, आगतः=प्राप्तः, अहम्=चारुदत्त,

प्राणान्=जीवितम्, अपि, जह्याम्=त्यजेयम्, तु=किन्तु, शरणागतम्=शरणोपस्थितम्, त्वाम्=आर्यकम् न ॥

समास एवं व्याकरण- [१] चक्षुर्विषयम्— चक्षुषो विषयम् इति। शरणागतम्=शरणो आगतम् इति। [२] विधि- वि+धा+कि। उपनीत उप+नी+क्त। आगतः— आ+गम्+क्त। जह्याम् – हा+लिङ्।

विवृति

[१] पथ्यावक्त्र छन्द है। [२] व्यवसाय नामक विमर्श सन्धि का अङ्ग है। लक्षण— 'व्यवसायस्तु विरोध प्रतिज्ञाहेतु सम्भव।' सा० द० ॥

(आर्यको हर्षं नाटयति।)

[आर्यक प्रसन्नता का अभिनय करता है]

चारुदत्त — वर्धमानक, चरणान्निगडमपनय।

चारुदत्त— वधमानक ! पैर से बेडी खोल दो।

चेट — यदार्य आज्ञापयति। (तथा कृत्वा।) आर्य, अपनीतानि निगडानि।

[ज अज्जो आणवेदि। अज्ज, अवणीदाइ णिगलाइ।]

चेट— जो आर्य आज्ञा दें। [वैसा करके] आर्य ! बेड़ियाँ निकाल दी।

आर्यक – स्नेहमयान्यन्यानि दृढतराणि दत्तानि।

आर्यक- (किन्तु) दूसरी अधिक दृढ स्नेह की बेड़ियाँ दे दी।

विदूषक – सगच्छस्व निगडानि। एषोऽपि मुक्त.। साप्रत वय व्रजिष्यामः

[सगच्छेहि णिअडाइ। एसो वि मुक्को। सपद अह्मे वच्चिस्सामो।]

विदूषक— बेडियो को साथ ले लो। यह भी छूट गया। अब हम लोग चलेंगे।

चारुदत्त – धिक्शान्तम्।

चारुदत्त— धिक्, चुप रहो।

आर्यक – सखे चारुदत्त, अहमपि प्रणयेनेद प्रवहणमारूढ। तत्क्षन्तव्यम्।

आर्यक— मित्र चारुदत्त ! मैं भी प्रेम (या विश्वास) के कारण इस गाड़ी पर चढ़ गया था। सो क्षमा कर देना।

चारुदत्त – अलङ्कृतोऽस्मि स्वय ग्राहप्रणयेन भवता।

चारुदत्त— स्वय ग्रहण करने के स्नेह से (या ग्रहण करने के स्नेह वाले) आपके द्वारा मैं अलङ्कृत हो गया हूँ।

आर्यक — अभ्यनुज्ञातो भवता गन्तुमिच्छामि।

आर्यक— आपसे आज्ञा पाकर (मैं) जाना चाहता हूँ।

चारुदत्त — गम्यताम्।

चारुदत्त— जाइये।

आर्यक — भवतु अवतरामि ।

आर्यक— अच्छा उतरता हूँ ।

चारुदत्त — सखे, नावतरितव्यम् । प्रत्यग्रापनीतसयमनस्य भवतोऽलघुसंचारा गतिः । सुलभ पुरुष सचारेऽस्मिन्प्रदेशे प्रवहण विश्वासमुत्पादयति । तत् प्रवहणेनैव गम्यताम् ।

चारुदत्त— मित्र ! उतरना नही चाहिए । सद्यः बेड़ी से मुक्त किये गये आपकी चाल मन्द चरण— क्षेप वाली है । अनायास (राज) पुरुषो के गमनागमन से युक्त इस प्रदेश मे गाड़ी विश्वास उत्पन्न करती है । इसलिए गाड़ी से ही जाइये ।

विवृति

(१) अपनय=निकाल दो । (२) अपनीतानि=निकाल दी गई । (३) स्नेहमयानि=प्रेम से निर्मित । (४) दृढतराणि=अधिक शबल । (५) दत्तानि= पहना दी गई । (६) सगच्छस्व=धारण करो । (७) मुक्तः=छूट गया । (८) धिक् शान्तम्=चुप रहो । (९) स्वयग्राहप्रणयेन=स्वय ग्रहण करने के स्नेह से । (१०) अभ्यनुज्ञात.=आज्ञा पाया हुआ । (११) प्रत्यग्रापनीतसयमनस्य=तुरन्त हटाई गई बेड़ी वाला । (१२) लघुसचारा=जिसमे शीघ्रता से नही चला जा सकता है । (१३) सुलभपुरुषसचारे=जहाँ पर राज—पुरुषो का आवागमनहोता है ।

आर्यकः— यथाह भवान् ।

आर्यक— जैसा आप कहें ।

चारुदत्तः—

क्षेमेण व्रज बान्धवान्

आर्यक.—

ननु मया लब्धो भवान् बान्धवः

चारुदत्तः—

स्मर्तव्योऽस्मि कथान्तरेषु भवता

आर्यकः—

स्वात्मापि विस्मर्यते ? ।

चारुदत्तः—

त्वा रक्षन्तु पथि प्रयान्तममराः

आर्यकः—

सरक्षितोऽह त्वया

चारुदत्तः—

स्वैर्भाग्यैः परिरक्षितोऽसि

आर्यक —

ननु हे तत्रापि हेतुर्भवान् ॥ ७ ॥

अन्वय — क्षेमेण बान्धवान्, व्रज । ननु मया, भवान्, बान्धव, लब्ध भवता कथान्तरेषु स्मर्तव्य, अस्मि । स्वात्मा, अपि, विस्मर्यते ? । पथि, प्रयान्तम् त्वाम्, अमरा, रक्षन्तु । अहम् त्वया, संरक्षित । स्वैः, भाग्यैः, असि । ननु हे, तत्र, अपि, भवान्, हेतुः ॥ ७ ॥

पदार्थ — क्षेमेण = कुशलता के साथ, बान्धवान् = बन्धुओं या सगे सम्बन्धियों के पास, व्रज = जाओ, कथान्तरेषु = प्रसङ्गवश चलने वाली बातचीत में, स्मर्तव्य = याद किये जाने के योग्य, स्वात्मा = अपनी आत्मा, विस्मर्यते ? = क्या भुलाया जाता है ? पथि = रास्ते में, प्रयान्तम् = जाते हुये, अमरा = देवता लोग, रक्षन्तु = बचावें, अहम् = मैं (आर्यक), त्वया = तुम्हारे द्वारा, संरक्षित = बचाया गया (हूँ) स्वैः = अपने, भाग्यैः = भाग्यों के द्वारा, परिरक्षित = बचाये गये, ननु = निश्चय ही, हे = हे श्रद्धेय महानुभाव । भवान् = आप, हेतु = कारण (है) ॥

अनुवाद —

चारुदत्त — सकुशल बन्धु-बान्धवों के पास जाइये ।

आर्यक — निश्चय ही मैंने आपको (ही) बन्धु पा लिया ।

चारुदत्त — आप (कभी कभी) बात चीत में मेरा स्मरण करते रहना ।

आर्यक — क्या अपनी आत्मा भी भुलाई जाती है ?

चारुदत्त — मार्ग में जाते हुए तुम्हारी रक्षा देवगण करें ।

आर्यक — मैं आपके द्वारा संरक्षित हो गया हूँ

चारुदत्त — अपने भाग्य द्वारा रक्षित हुए हो ।

आर्यक — हे (भगवान् !) उसमें भी आप ही कारण हैं ॥

संस्कृत टीका — क्षेमेण = सकुशलम् बान्धवान् = स्वजनान्, व्रज = गच्छ, ननु = निश्चयेन मया = आर्यकेण, भवान् = चारुदत्त, बान्धव = बन्धु, लब्ध = प्राप्त भवता = त्वया, कथान्तरेषु = सामयिकवार्तासु, स्मर्तव्य = स्मरणीय, अस्मि = वर्ते, स्वात्मा अपि = स्वकीय आत्मा अपि, विस्मर्यते ? = विस्मरणीय भवति किम् ? पथि = मार्गे, प्रयान्तम् = गच्छन्तम्, त्वाम् = आर्यकम् अमरा = देवा, रक्षन्तु = रक्षाम् कुर्वन्तु अहम् = आर्यक, त्वया = चारुदत्तेन, संरक्षित = परित्रात, स्वैः = स्वकीयैः, भाग्यैः = भागधेयैः, परिरक्षित = सुरक्षित, असि = विद्यसे, ननु = निश्चयेन, हे = इति सम्बोधने, तत्रापि = भाग्यविहितरक्षणेऽपि, भवान् = त्वम्, हेतु = कारणम् ।

समास एवं व्याकरण — (१) व्रज — व्रज् + लोट् । लब्ध — लभ् + क्त । बान्धव — बन्धु + अण् । स्मर्तव्य — स्मृ + तव्यत् । अस्मि — अस् + लट् । रक्षन्तु —

या+लोट् । परिरक्षित— परि+रक्ष्+क्त । अस्ति— अस्+लट् ।

विवृति

(१) भाव यह है कि यदि आपकी गाडी मुझे न मिली होती तो मेरी रक्षा कहाँ से हो सकती थी, इसलिए भाग्य द्वारा की गई मेरी रक्षा में भी आप ही कारण हैं। (२) प्रस्तुत पद्य में विमर्श सन्धि है। साहित्य दर्पण के अनुसार सामान्य लक्षण— 'सन्धिरेकान्वये सति'। 'सन्धयो नाट्यमातर' इस नियम से नाटक में ५ सन्धियाँ निर्धारित होती हैं जैसे— मुखसन्धि, प्रतिमुखसन्धि, गर्भसन्धि, विमर्शसन्धि और उपसंहार सन्धि। विमर्शसन्धि का लक्षण— 'यत्र मुख्यफलोपाय, उद्भिन्नो गर्भतोऽधिक । शापाद्यै सान्तरायश्च, स विमर्श इति स्मृति ।" (३) प्रस्तुत श्लोक में शार्दूलविक्रीडित छन्द है। लक्षण— "सूर्याश्वैर्यदि म सजौ सततगा शार्दूलविक्रीडितम् ।"

चारुदत्त — यद्युद्यते पालके महती रक्षा न वर्तते, तच्छीघ्रमपक्रामतु भवान् ।

चारुदत्त— क्योंकि पालक द्वारा (पकड़ने के लिए) उद्यत रहने पर (आपकी) सुरक्षा नहीं है, अत आप शीघ्र चले जाइए।

आर्यक— एव पुनर्दर्शनाय । (इति निष्क्रान्त ।)

आर्यक— अच्छा, फिर दर्शन के लिए (आशा करता हुआ जाता हूँ) [निकल जाता है]

चारुदत्त —

चारुदत्त— कृत्वैव मनुजपतेर्महद्व्यलीक

स्थातु हि क्षणमपि न प्रशस्तमस्मिन् ।

मैत्रेय ! क्षिप निगड पुराणकूपे

पश्येयु क्षितिपतयो हि चारदृष्ट्या ॥ ८ ॥

अन्वय — एव, मनुजपते , महत्, व्यलीकम्, कृत्वा, अस्मिन्, (उद्याने), क्षणम्, अपि, स्थातुम्, न प्रशस्तम्, हि, मैत्रेय । निगडम्, पुराणकूपे, क्षिप, हि, क्षितिपतय , चारदृष्ट्या, पश्येयु ॥ ८ ॥

पदार्थ — मनुजपते =राजा की, व्यलीकम्=पीडा या अपराध को, स्थातुम्= रुकना, प्रशस्तम्=उचित, निगडम्=बेडी को, पुराणकूपे=पुराने कुयें म, क्षिप=फेंक दो, क्षितिपयः=राजा लोग, चारदृष्ट्या=दूत रूपी नेत्र से, पश्येयु =देखेंगे ।

अनुवाद — इस प्रकार नृपति (पालक) का महान् अनिष्ट करके यहाँ क्षण भर भी ठहरना उचित नहीं, अतएव हे मैत्रेय ! बेडी को पुराने कुये मे फेंक दो, क्योंकि राजागण दूत-रूपी दृष्टि से देख लेते हैं।

संस्कृत टीका– एवम्=इत्थम्, मनुजपते=नृपते पालकस्य, महत्=अधिकम् व्यलीकम्=पीडाम्, कृत्वा=विधाय, अस्मिन् एतस्मिन् उद्याने इति शेष, क्षणमपि=किञ्चित्कालमपि, स्थातुम्=वर्तितुम्, न प्रशस्तम्=न समीचीनम्, हि=इति पादपूरणे, मैत्रेय, निगडम्=शृङ्खलम्, पुराणकूपे=प्राचीनोदपाने, क्षिप=पातय, हि=यत, क्षितिपतय=भूपतय, चारदृष्ट्या=गूढपुरुषनेत्रेण, पश्येयु=अवलोकयेयु ॥

समास एव व्याकरण– (१) चारदृष्ट्या – चर एव चार चर+अण् स्वार्थे चार एव दृष्टि (मयूरव्यसकादित्वात् रूपकरूपसमास), तया। (२) व्यलीकम् वि+अल्+कीवन्। प्रशस्तम्– प्र+शस्+क्त।

विवृति

(१) 'पीडार्थेऽपि व्यलीक स्यात्' इत्यमरः। (२) व्यलीकमप्रियम् कार्यवैलक्ष्येष्वपि पीडने' इति विश्व। (३) 'पु स्येवान्धु प्रहि कूप उदपान तु पु सि वा' इत्यमर। (४) 'यथार्हवर्ण प्रणिधिरपसर्पश्चर स्पश। चारश्च गूढपुरुषश्च आप्त प्रत्ययितस्त्रिषु' इत्यमर। (५) 'राजानश्चारचक्षुष' इति नीति। (६) यहाँ चारदृष्टिकरणक क्षितिपति कर्तृक दर्शनरूप कारण होने से पुराणकूपाधिकरणनिगडकर्मक क्षेपण रूप कार्य का समर्थन होने से अर्थान्तरन्यासालङ्कार है। (७) अप्रस्तुत क्षितिपति सामान्य से प्रस्तुत पालक रूप क्षितिपति विशेष की प्रतीति होने से अप्रस्तुत प्रशसा अलङ्कार है। (८) 'चारदृष्ट्या' मे रूपकालङ्कार है। (९) इन सभी अलङ्कारो का परस्पर अङ्गाङ्गिभाव स सकर है। (१०) प्रहर्षिणी छन्द है। लक्षण "=याशाभिर्मनजरगा प्रहर्षिणीयम्।"

(वामाक्षिस्पन्दन सूचयित्वा।) सखे मैत्रेय, वसन्तसेना दर्शनोत्सुकोऽय जन। पश्य।

[बायीं आँख का फडकना सूचित करके] मित्र मैत्रेय। यह जन (मैं) वसन्तसेना को देखने के लिये उत्कण्ठित है। देखो—

अपश्यतोऽद्य ता कान्ता वाम स्फुरति लोचनम्।
अपकारणपरित्रस्त हृदय व्यथते मम ॥ ९॥

अन्वय – अद्य, ताम्, कान्ताम्, अपश्यत, मम, वामम्, लोचनम्, स्फुरति, अकारणपरित्रस्तम् मम्, हृदय, व्यथत ॥ ९ ॥

पदार्थ – अद्य=आज, ताम्=उस, कान्ताम्=प्रियतमा को, वामम्=बायीं लोचनम्=आँख, स्फुरति=फडक रही है, अकारणपरित्रस्तम्=बिना कारण के ही घबराया हुआ, व्यथते=पीडित हो रहा है।

अनुवाद– आज उस प्रियतमा को न देखते हुए मेरी बायीं आँख फडक रही है। अकारण ही भयभीत मेरा हृदय व्यथित हो रहा है।

संस्कृत टीका– अद्य=अस्मिन् दिने, ताम्=प्रसिद्धाम्, कान्ताम्=प्रियाम्, अपश्यतः=अनवलोकयतः, मम=चारुदत्तस्य, वामम्=दक्षिणेतरम्, लोचनम्=नेत्रम् स्फुरति=स्पन्दते, अकारण परित्रस्तम्=निष्कारणभयनीतम्, मम, हृदयम्=चेतः, व्यथते=पीडितम् भवति ।

समास एवं व्याकरण– (१) अकारणपरित्रस्तम्=अकारणम् परित्रस्तम् इति । (२) स्फुरति– स्फुर्+लट् । व्यथते— व्यथ्+लट् ।

विवृति

(१) 'वामाक्षिस्पन्दनमर्थनाश बन्धुवियोगं वा' इस गर्गवचन से पुरुष की बायीं आंख का फड़कना धननाश या बन्धुवियोग का सूचक माना गया है । यहाँ वसन्तसेना रूप बन्धु का वियोग ही प्रकट होता है । भट्टाचार्यः । [२] प्रस्तुत पद्य में कारण के अभाव में भी परत्रास और व्यथारूप कार्य की उत्पत्ति होने से विभावना अलङ्कार है । लक्षण— "विभावना विना हेतुं कार्योत्पत्तिः ।"

तदेहि । गच्छावः । [परिक्रम्य ।] कथमभिमुखमनाभ्युदयिक श्रमणकदर्शनम् । [विचार्य ।] प्रविशत्वयमनेन पथा । वयमप्यनेनैव पथा गच्छामः । [इति निष्क्रान्तः ।]

तो आओ, जाते हैं । [घूमकर] कैसे सामने ही अमङ्गलकारी बौद्धभिक्षु का दर्शन हो गया ? [विचार कर] यह इस मार्ग से प्रवेश करें । हम भी इस [दूसरे] मार्ग से जाते हैं । [निकल जाता है]

विवृति

[१] अनाभ्युदयिकम्=अमङ्गलकारी, अभ्युदयम् अर्हतीति आभ्युदयिकम् न आभ्युदयिकम् अनाभ्युदयिकम्, अभ्युदय+ठञ् । [२] श्रमणक दर्शनम्=बौद्धसन्यासी का दर्शन, श्रमणकस्य दर्शनम् । श्रमण का दर्शन अशुभ माना जाता है । 'अकेशं दुर्भगम् नग्नम् अनपत्य च पापिनम् । पश्यन्न शुभमाप्नोति यात्रायाम् प्रातरेव वा ।' —स्मृतिः ।

इत्यार्यकापहरणं नाम सप्तमोऽङ्कः ।

आर्यक– अपहरण नामक सप्तम अङ्क समाप्त ।

अष्टमोऽङ्क ।

(तत प्रविशत्यार्द्रचीवरहस्तो भिक्षु ।)

[तदनन्तर गीला वस्त्र हाथ में लिये हुये भिक्षु प्रवेश करता है ।]

भिक्षु—अज्ञा, कुरुत धर्मसञ्चयम् । [अज्ञा, कलेध धम्मशचयम् ।]

भिक्षु—अरे अज्ञानियो ! धर्म का उपार्जन करो !

सयच्छत निजोदर नित्य जाग्रत ध्यानपटहेन ।
विषमा इन्द्रियचौरा हरन्ति चिरसचित धर्मम् ॥१॥

[शजम्मध णिअपोट णिच्च जग्गेध झाणपडहेण ।
विशमा इ दिअचोला हलति चिलशचिद धम्म ॥१॥]

अन्वय—निजोदरम् सयच्छत ध्यानपटहेन, नित्यम्, जाग्रत, विषमा, इन्द्रियचौरा, चिरसञ्चितम् धर्मम् हरन्ति ॥१॥

पदार्थ—निजोदरम=अपने पेट को, सयच्छत=सयम या नियन्त्रण मे रखो अर्थात् कम खाओ, ध्यानपटहेन=ध्यानरूपी नगाडे से जाग्रत=जागते रहो, विषमा=बलशाली या भयङ्कर, इन्द्रियचौरा=इन्द्रिय रूपी चोर, चिरसञ्चितम=बहुत दिनो मे एकत्रित या अर्जित किए गये, धर्मम्=धर्म को, हरन्ति=छीन लेते हैं ।

अनुवाद—अपने उदर को सयमित करो, ध्यान रूपी नगाडे से सदा जागते रहो, (क्योकि) इन्द्रियरूपी भयङ्कर चोर बहुत दिनो से उपार्जित धर्म का अपहरण कर लेते हैं ।

सस्कृत टीका-निजोदरम=स्वजठरम् सयच्छत=सयत कुरुत, ध्यानपटहेन=परमतत्त्वचिन्तनप्रवाहरूपढक्कया, नित्यम्=सदा, जाग्रत=सावधाना भवत, विषमा=भयङ्करा, इन्द्रियचौरा=चक्षुरादिरूपचौरा, चिरसञ्चितम्=बहुकालेनोपार्जितम् धर्मम्=सुकृतम, हरन्ति=मुष्णन्ति ।

समास एव व्याकरण—निजोदरम्-निजम् उदरम् । ध्यानपटहेन-ध्यानम् एव पटह् तेन । इन्द्रियचौरा-इन्द्रियाणि एव चौरा । स च्छत-सम्+दाण्+लोट् । जाग्रत-जागृ+लाट् सञ्चितम्-सम्+चि+क्त । हरन्ति-हृ+लट् ।

विवृति

(१) उपमय ध्यान, इन्द्रिय एव धर्म म उपमान पटह, चोर तथा धन का आरोप करन स यहा रूपकालकार है । (२) जागरण के प्रति इन्द्रियचोर कर्तृक धर्मात्मक धनहरण का कारण होन म काव्यलिङ्ग अलकार है । (३) इन अलङ्कारो का परस्पर अङ्गाङ्गिभाव स सङ्कर है । (४) सब ओर स प्रथम इन्द्रिय निग्रह करना साधक का कार्य है 'इन्द्रियाणा हि चरता, यन्मनोऽनुविधीयते । तदस्य हरति प्रज्ञा,

वायुर्नाविमिवाम्भसि ।' (४) प्रस्तुत पद्य में आर्या छन्द है। लक्षण-'यस्या पादे प्रथमे द्वादशमात्रास्तथा तृतीयेऽपि। अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश साऽऽर्या ॥"

अपि च। अनित्यतां प्रेक्ष्य केवलं तावद्धर्माणां शरणमस्मि। [अवि अ। अणिच्चदाए पक्खिअ णवलं दाव धम्माणं शलणह्मि।]

और भी। अनित्यता को देखकर मैं केवल धर्म की शरण में आ गया हूँ।

पञ्चजना येन मारिताः स्त्रियं मारयित्वा ग्रामो रक्षितः।
अबलश्च चाण्डालो मारितोऽवश्यमपि स नरः स्वर्गं गाहते ॥२॥
[पञ्चजण जेण मालिदा इत्थिअं मालिअ गाम लक्खिदे।
अबले अ चंडाले मालिदे अवस वि शे णल शग्ग गाहदि ॥२॥]

अन्वय—येन, पञ्चजनाः, मारिताः, स्त्रियम्, मारयित्वा, ग्रामः, रक्षितः, अबलः, चाण्डालः, च, मारितः, सः, नरः, अवश्यम् स्वर्गम् गाहते ॥२॥

पदार्थ—पञ्चजनाः=पाँच व्यक्ति अर्थात् पाँच इन्द्रियाँ, मारिताः=मार दिया अर्थात् वश में कर लिया, स्त्रियम्=अविद्या को, मारयित्वा=मार कर, ग्रामः= शरीर या आत्मा, अबलः=निर्बल, चाण्डालः=अहङ्कार, मारितः=मारा गया, गाहते=अवगाहित करता है।

अनुवाद-जिसने पाँच जनों (इन्द्रियों) को मार दिया, (अविद्या रूपी) स्त्री को मार कर (शरीर रूपी) ग्राम की रक्षा कर ली और दुर्बल चाण्डाल (अहङ्कार) को भी विनष्ट कर दिया वह मनुष्य अवश्य ही स्वर्ग प्राप्त करता है।

संस्कृत टीका-येन=जनेन, पञ्चजनाः=पञ्चेन्द्रियाणि, मारिताः=वशीकृताः, स्त्रियम्=अविद्यामित्यर्थः, मारयित्वा=नाशयित्वा, ग्रामः शरीरम् आत्मा वा, रक्षितः=परित्रातः, अबलः=निर्बलः, चाण्डालः=अहङ्कार इत्यर्थः, च, मारितः—हतः, स नरः=स पुरुषः, अवश्यम्=निश्चितम्, स्वर्गम्=सुरलोकम्, गाहते=गच्छति।

समास एवं व्याकरण—(१) मारिताः-मृ+णिच्+क्त। मारयित्वा-मृ+णिच्+क्त्वा। गाहते-गाह्+लट्।

विवृति

(१) भाव यह है कि स्वर्ग प्राप्ति के लिए इन्द्रिय आदि को सावधानी से वश में करना आवश्यक है। (२) 'स्वरव्ययं स्वर्गनाकत्रिदिवत्रिदशालयाः। सुरलोको द्योदिवौ द्वे स्त्रियां क्लीबे त्रिविष्टपम्' इत्यमरः। (३) अविद्या' के स्थान पर स्त्रियम् पाठान्तर है उसका तात्पर्य भी 'अविद्या' ही है। (४) ग्राम-चेतनाविशिष्ट शरीर। (५) अबल श्च' के स्थान पर 'अबलश्च' पाठ उचित है। (६) प्रस्तुत पद्य

मे इन्द्रियादि को 'पञ्चजन' आदि से भिन्न होने पर भी अभेदेन वर्णित किया गया है। अतएव अतिशयोक्ति अलङ्कार है। (७) वैतालीय छन्द है। लक्षण-"षड्विषमे-ऽष्टौ समे कलास्ताश्च समे स्युर्नो निरन्तरा। न समाऽत्र पराश्रिता कला वैतालीये-ऽन्ते रलौ गुरुः॥" (८) कुछ टीकाकारो के अनुसार कथितपदत्व दोष सम्भव है।

शिरो मुण्डितं तुण्डं मुण्डितं चित्तं न मुण्डितं किमर्थं मुण्डितम्?।
यस्य पुनश्च चित्तं मुण्डितं साधु सुष्ठु शिरस्तस्य मुण्डितम्॥३॥
[शिलं मुंडिदे तुंडं मुंडिदे चित्तं ण मुंडिदं कीश मुंडिदे।
जाह उण अ चित्तं मुंडिदे शाहु शुट्ठु शिलं ताह मुंडिदे॥३॥]

अन्वय-शिर, मुण्डितम्, तुण्डम्, मुण्डितम्, (किन्तु, यदि) चित्तम्, न मुण्डि-तम्, (तदा) किमर्थम्, मुण्डितम्? पुन, यस्य, च, चित्तम्, साधु, मुण्डितम, तस्य, शिर, सुष्ठु, मुण्डितम्॥३॥

पदार्थ—शिर=शिर, मुण्डितम्=मुंडा हुआ (है), तुण्डम्=मुंह, चित्तम्=चित्त, किमर्थम्=किसलिए, साधु=अच्छी प्रकार से, सुष्ठु=भली-भाँति।

अनुवाद—शिर मुंडाया, मुंह मुंडा लिया, (किन्तु यदि) चित्त नहीं मुंडाया (पवित्र नहीं किया) यह मुंडाना किस काम का है? फिर जिनका चित्त भली प्रकार मुंड गया है (पवित्र हो गया है) उसका शिर भली-भाँति मुंड गया है।

संस्कृत टीका—शिरः=मस्तकम्, मुण्डितम्=केशरहितकृतम्, तुण्डम्=मुखम्, मुण्डितम्=श्मश्रुहीन कृतम्, (किन्तु, यदि) चित्तम्=चेत, न मुण्डितम्=न संयतीकृतम्, (तदा) किमर्थम्=कस्मै प्रयोजनाय, मुण्डितम्=केशकर्तनेनमवलो-मलीकृतम्? पुन=किन्तु, यस्य=जनस्य, च, चित्तम्=अन्त करणम्, साधु=सम्यक्, मुण्डितम्=विमलीकृतम्, तस्य=जनस्य, शिर=मस्तकम्, सुष्ठु=सम्यक्, मुण्डितम्।

समास एवं व्याकरण—(१) मुण्डितम्—मुण्ड्+क्त।

विवृति

(१) 'वक्त्रास्ये वदन तुण्डमानन लपन मुखम्' इत्यमर। (२) मुख का मुण्डन या तात्पर्य है श्मश्रु-च्छेदन से। क्योंकि मनु ने कहा है-'कृतकेशनखश्मश्रुः पात्री दण्डी कुसुम्भवान्। विचरन्नियतो नित्यं सर्वभूतान्यपीडयन्'॥ किन्तु चित्त शुद्धि के बिना यह सर्वतोभद्र कराना या सन्यास लेना व्यर्थ है–'चित्तशुद्धि विना सर्वा हस्तिस्नानमिव क्रिया' इत्यभियुक्तोक्ति। (३) प्रस्तुत पद्य में चित्तमुण्डन ही शिरो-मुण्डन है' इस प्रकार भेद में भी अभेद का अभिधान होने से अतिशयोक्ति अलङ्कार है। (४) वैतालीय छन्द है। लक्षण—"षड्विषमेऽष्टौ समे कलास्ताश्च समे स्युर्नो

निरन्तराः । न समाऽत्र पराश्रिता कला वैतालीयेऽन्ते रलौ गुरुः ॥"

गृहीतकषायोदकमेतच्चीवरम्, यावदेतद्राष्ट्रियश्यालकस्योद्याने प्रविश्य पुष्करिण्यां प्रक्षाल्य लघु लघ्वपक्रमिष्यामि । (परिक्रम्य तथा करोति ।) [गिह्दिकशाओदए एशे चीवले जाव एद लट्टिअशालकाहकेलके उज्जाणे पविशिअ पोक्खलिणीए पक्खालिअ लहु लहु अवक्कमिश्शम् ।]

यह वस्त्र गेरवे रंग से युक्त जल को ग्रहण कर चुका है, तो इसको राजा के साले के उद्यान में प्रवेश कर बावड़ी में धोकर शीघ्र से शीघ्र भाग जाऊँगा । [घूमकर वैसा ही करता है]

(नेपथ्ये ।)

[नेपथ्य में]

शकार :—तिष्ठ रे दुष्ट श्रमणक, तिष्ठ । [चिट्ठ ले दुट्ठश्शमणका, चिट्ठ ।]

शकार—ठहर रे दुष्ट सन्यासी ! ठहर !

भिक्षु :—(दृष्ट्वा सभयम् ।) आश्चर्यम् । एष स राजश्यालसंस्थानक आगतः । एकेन भिक्षुणापराधे कृतेऽन्यमपि यत्र तत्र भिक्षुं पश्यति, तत्र तत्र गामिव नासिकां विद्ध्वापवाहयति । तत्कुत्राशरणः शरणं गमिष्यामि । अथवा भट्टारक एव बुद्धो मे शरणम् । [ही अविद माणहे । एशे शे लाअशालशंठाणे आअदे । एक्केन भिक्खुणा अवलाहे किदे अण्ण पि जहिं जहिं भिक्खुं पेक्खदि, तहिं तहिं गोण विअ णाश विन्धिअ ओवाहेदि । ता कहिं अशलणे शलणं गमिश्शम् । अथवा भट्टालके ज्जेव बुद्धे मे शलणे ।]

भिक्षु—[देखकर भय के साथ] आश्चर्य है, यह वह राजा का साला संस्थापक आ गया । एक भिक्षुक के अपराध करने पर दूसरे भी भिक्षुक को जहाँ-जहाँ देखता है, वहाँ-वहाँ गौ के समान नासिका को छेद कर बाहर भगा देता है । तो असहाय मैं किसकी शरण में जाऊँ ? अथवा प्रभु बुद्ध ही मेरे रक्षक हैं ।

(प्रविश्य सखड्गेन विटेन सह ।)

[तलवार लिए हुए विट के साथ प्रवेश कर]

शकार :—तिष्ठ रे दुष्टश्रमणक, तिष्ठ । आपानकमध्यप्रविष्टस्येव रक्तमूलकस्य शीर्षं ते भङ्क्ष्यामि । (इति ताडयति ।) [चिट्ठ ले दुट्ठश्शमणका, चिट्ठ । आवाणअमज्झपविट्ठश्श विअ लत्तमूलअश्श शीशं दे भाडइश्शम् ।]

शकार—ठहर रे दुष्ट श्रमण ! ठहर ! मदिरालय में आयी हुई लाल मूली के तुल्य तेरे सिर को तोड़ूँगा । [यह कहकर पीटता है ।]

विवृति

(१) गृहीतकषायोदकम्—जितने गेरुवा रंग घोले गए सलिल को सोखा

है। (२) चीवरम्—कौपीन। (३) गृहीतम् कषायोदकम् येन तत्। 'सन्यासिवस्त्र कौपीनम् इति कथ्यते।' (४) राष्ट्रियश्यालकस्य—राजा के साले के (सस्थानक के)। 'राजश्यालस्तुराष्ट्रिय' इत्यमर। राष्ट्रिय शब्द राजा के साले का वाचक है। फिर भी, श्यालक का अधिक प्रयोग किया गया है। (५) लघु लघु—शीघ्रता से शीघ्रता से। (६) अपक्रमिष्यामि—भाग जाऊँगा। अप+क्रम्+लृट्। (७) नासाम्—नाक को। (८) विद्ध्वा-छेदकर। (९) अपवाहयति-बाहर निकाल देता है। (१०) अशरण—अनाथ। 'शरणगृहरक्षित्रो।' इत्यमर। (११) भट्टारक—स्वामी।' (१२) आपानकमध्यप्रविष्टस्य—मदिरा पान करने वालो के मध्य म आई हुई। आपीयते मद्यम् अस्मिन् इति आपानम्। आपानमेव आपानकम्, आ+पा+ल्युट्, स्वार्थे कन् आपान + कन्। 'आपानम् पान गोष्ठिका।' इत्यमर। रक्तमूलकस्य—लाल मूली के। (१३) शीर्षम्—सिर को।

विट—काणलीमात, न युक्त निर्वेदधृतकषाय भिक्षु ताडयितुम। तत्किमनेन। इद तावत्सुखोपगम्युद्यान पश्यतु भवान्।

विट पुश्चली के पुत्र! वैराग्य के कारण गेरुआ वस्त्र पहनने वाले भिक्षुक को मारना उचित नही है। तब इससे क्या लाभ? आप आनन्दपूर्वक सेवन करने योग्य उपवन को देखें।

— अशरणशरणप्रमोदभूतैर्वनतरुभि क्रियमाणचारुकर्म।
हृदयमिव दुरात्मनामगुप्त नवमिव राज्यमनिर्जितोपभोग्यम् ॥४॥

अन्वय —अशरणशरणप्रमोदभूतै, वनतरुभि, क्रियमाणचारुकर्म, दुरात्मनाम हृदयम्, इव, अगुप्तम् नवम् राज्यम्, इव, अनिर्जितोपभोग्यम्, (उद्यानम्, भवान् पश्यतु ॥४॥

पदार्थ —अशरणशरण०=बिना घर वालो के लिए आश्रय तथा आनन्दस्वरूप, वनतरुभि=वन वृक्षों के द्वारा, क्रियमाणचारुकर्म=जिसम सुन्दर काम किया जा रहा है। अर्थात् आश्रय छाया एव फल फूल दिये जा रहे हैं। दुरात्मनाम्=दुष्टों के, अगुप्तम्=असयत नवम्=नय, राज्यमिव=राज्य की भाँति, अनिर्जितोपभोग्यम्=भली भाँति वश म न किये गये और सबके उपभोग के योग्य।

अनुवाद —आश्रय विहीनो के लिए आश्रयस्वरूप तथा आनन्दस्वरूप वन-वृक्षों द्वारा जहाँ मनोहर कार्य किया जा रहा है, जो दुष्ट जनों के हृदय के सम अनियन्त्रित है तथा नवीन राज्य के समान भली-भाँति अविहृत न किया गया एव सबके उपभोग के योग्य है (उस उद्यान को देखें) ॥

